


परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)



महापुराण

भाग 3


ग्रन्थकर्त्ता
महाकवि पुष्पदन्त जी

अनुवादक
श्री देवेन्द्रकुमार जैन

सम्पादक
श्री पी. एल. वैद्य

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ
18, इन्स्टीट्यूशनल एरिया
लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : अपभ्रंश ग्रन्थांक 17

महाकइपुप्फयंतविरइउ

महापुराणु

[महाकवि पुष्पदन्तविरचित महापुराण]

तृतीय भाग

जीवन-चरित : तीर्थंकर अजितनाथ से मल्लिनाथ तक
(सन्धि 38 से 67)

अपभ्रंश मूल – सम्पादन

डॉ. पी. एल. वैद्य

हिन्दी - अनुवाद

डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन, इन्दौर

भारतीय ज्ञानपीठ

दूसरा संस्करण : 2001 □ मूल्य : 200 रुपये

भूमिका

पुष्पदन्तके महापुराणकी पहली जिल्दमें, कुल एक सौ दो सन्धियोंमें-से सैंतीस सन्धियाँ हैं, जो १९३७ में, ग्रन्थमालाके न्यासधारियोंके सदय संरक्षणमें, माणिकचन्द ग्रन्थमाला बम्बईके ३७वें क्रमांकके रूपमें प्रकाशित हुई थीं। अब मैं दूसरी जिल्द, जिसमें अगली सैंतालीस सन्धियाँ हैं उसी ग्रन्थमालाके ग्रन्थ क्रमांक इकतालीसवेंके रूपमें प्रकाशित कर रहा हूँ, वह भी, उक्त न्यासधारियों और बम्बई विश्वविद्यालयके संरक्षणमें। मैं-सोचता हूँ कि अबसे एक सालके भीतर महापुराणकी तीसरी और अन्तिम जिल्द प्रकाशित कर दी जाये।

यह मेरा सुखद कर्तव्य है कि मैं उन सबके बारेमें सोचूँ कि जिन्होंने इस दूसरी जिल्दके प्रकाशनमें मेरी सहायता की। सबसे पहले मैं माणिकचन्द दिगम्बर ग्रन्थमालाके कार्यकारी न्यासधारी श्री ठाकुरदास भगवानदास जवेरीको धन्यवाद देना चाहूँगा कि जिन्होंने ग्रन्थमालाकी धनराशि कम होते हुए भी, इसके प्रकाशनमें आर्थिक सहायता दी। ग्रन्थमालाके मन्त्री, पण्डित नाथूराम प्रेमी और हीरालाल जैन, प्रोफेसर किंग एडवर्ड कॉलेज अमरावतीके प्रति मैं अपनी विशेष हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ, पहली जिल्दके प्रकाशनके समय 'माला'की धनराशि लगभग समाप्त हो चुकी थी, और डर था कि शायद मुझे तीसरी जिल्दका, जो अधूरी है, काम छोड़ना पड़ेगा, परन्तु इन विद्वानोंने धन प्राप्त करनेके लिए आकाश-पाताल एक कर दिया, कि जो इसके प्रकाशनमें लगता। विशेषरूपसे मैं प्रोफेसर हीरालाल जैनको धन्यवाद देता हूँ कि जिन्होंने मेरे उपयोगके लिए उत्तरपुराणकी पाण्डुलिपि (जिसे आलोचनात्मक सामग्रीमें 'ए' प्रति कहा गया है।) और मास्टर मोतीलाल संघवी जैनके सम्प्रति पुस्तकालयसे, प्रभाचन्द्रके टिप्पण उपलब्ध कराये, उन्होंने कृपाकर तबतकके लिए मेरे अधिकारमें उसे दे दिया कि जबतक मैं मिलानके लिए उनका उपयोग करना चाहूँ। मैं मास्टर मोतीलालको धन्यवाद देता हूँ उनकी इस उदारताके लिए। श्री आर. जी. मराठे, एम. ए. ने जो मेरे भूतपूर्व शिष्य और इस समय विलिंगडन कॉलेज सांगलीमें अर्द्धमागधीके प्रोफेसर हैं, इस जिल्दके मिलानकार्यमें मेरी मदद की। उन्होंने जो सहायता की, उसके लिए वे धन्यवादके पात्र हैं। न्यू भारत प्रिंटिंग प्रेस बम्बईके श्री देसाई और उनके प्रूफरीडरोंके, इच्छासे काम करनेवाले स्टाफको मैं नहीं भूल सकता, कि जो इसकी शानदार साज-सज्जा और इसके निर्दोष प्रकाशनके लिए उत्तरदायी हैं। मुझे इस बातका उल्लेख विशेष रूपसे करना है कि इस जिल्दके अन्तमें जो शुद्धियोंकी सूची है वह उनकी उपेक्षाका परिणाम नहीं है, बल्कि वह उनका मेरी दृष्टिसे ओझल हो आनेका परिणाम है।

अन्तमें सम्पादक और प्रकाशक, विश्वविद्यालय बम्बईके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं, जिसने प्रतीक रूपमें ६५७) रु. मूलभूत सहायता की।

—पी. एल. वैद्य

मार्वल वाडिया कॉलेज
अगस्त : १९४०

परिचयात्मिका भूमिका

आलोचनात्मक सामग्री

पुष्पदन्तका 'महापुराण' अथवा त्रिषष्टिपुरुषगुणालंकार, जो इस जिल्दमें है, के., ए. और पी. पाण्डुलिपियोंपर आधारित है। इसका पूर्णरूपसे मिलान किया गया है। कभी-कभी पाठोंको निश्चित करनेके लिए, प्रभाचन्द्रके टिप्पणसे सहायता ली गयी है। मैं नीचे इस सामग्रीका सम्पूर्ण विवरण दे रहा हूं।

१. 'के' इस पाण्डुलिपिका मेरी पहली जिल्दके ७-८ पृष्ठोंपर पूरा विवरण है। उत्तरपुराणका हिस्सा पत्र क्रमांक २८९ से प्रारम्भ होता है, चूंकि आदिपुराणके दो पाठोंकी तुलनामें यह पाण्डुलिपि निश्चित रूपसे पुरानी है, अतः इस जिल्दके पाठोंकी रचनामें मैं इसपर 'निर्भर' रहा हूं। यह खेदकी बात है कि आदिपुराण-की 'जी' पाण्डुलिपिसे मिलती-जुलती पाण्डुलिपि इस जिल्दके लिए प्राप्त नहीं की जा सकी। मैं यहां यह कह सकता हूं कि उत्तरपुराणकी जो पाण्डुलिपियां मुझे ज्ञात हैं, बहुत थोड़ी हैं, आदिपुराणकी पाण्डुलिपियोंकी तुलनामें।

२. 'ए' यह पाण्डुलिपि मुझे प्रोफेसर हीरालाल जैन, किंग एडवर्ड कॉलिज अमरावतीने, मास्टर मोतीलाल संघवी जैन सन्मति, पुस्तकालय, जयपुरसे उपलब्ध करायी। इसमें ४२३ पन्ने हैं, जो १३ इंच लम्बे और ५ इंच चौड़े हैं। प्रत्येक पृष्ठपर ११ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ३६ अक्षर हैं। इस पाण्डुलिपिमें अपने मूलरूपमें वही पाठ हैं, जो 'पी' में हैं, परन्तु फिर भी किसी दूसरी पाण्डुलिपिके आधारपर पाठोंमें सुधार किया गया है, परन्तु वह मुझे उपलब्ध नहीं। इसका परिणाम यह है कि जो विभिन्न पाठ अंकित किये गये हैं वे संशोधित पाठोंके आधारपर हैं। आगे यह पाण्डुलिपि, (a) मूल पाण्डुलिपिके पन्नोंसे बनी है कि जिसके कुछ पन्ने खो गये हैं, और (b) कुछ नव पन्नोंसे बनी है जो भिन्न-भिन्न हाथोंसे लिखित नये पन्नोंसे बनी है, जो खोये हुए पन्नोंके स्थानपर जोड़े गये हैं। मेरा यह अनुमान, १८३-१८४ के पत्रांकके सन्दर्भसे समर्थित है जिसमें आधा पृष्ठ खाली है कि जिससे मैटर मूलभागके अगले पृष्ठ ३८५ के अक्षरसे प्रारम्भ किया जा सके। इस प्रकार जोड़े गये पृष्ठोंमें प्रति पृष्ठपर नौ पंक्तियां हैं, प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ३८ अक्षर हैं। इस पाण्डुलिपिके पाठ, 'के और पी' प्रतियोंके पाठों'से भिन्न हैं, यह इस तथ्यसे स्पष्ट है कि इसमें ४६,४७,४८ (पहली जिल्दकी भूमिका पृ. २७ देखिए) प्रशस्तिछेद हैं, जो उत्तरपुराणकी किसी भी पाण्डुलिपिसे नहीं मिलते। यह पाण्डुलिपि इस प्रकार प्रारम्भ होती है : ओं नमः वीतरागाय, नमो अंभाल्यसामिहो; और अन्त इस प्रकार है : 'इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरुसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंत-विरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए, महाकव्वे दुउत्तरसयमो परिच्छेओ समत्तो। संधि १०२। इति उत्तरपुराण समाप्त। शुभमस्तु। कल्याणमस्तु। संवत् १६१५ वर्षे, माघादि ६ शुक्रवासरे उत्तरपुराणं समर्सं। वाईहठो पठनार्थं ज्ञानावरणी कर्म क्षयार्थं ग्रंथ संख्या ॥१२०००॥

यद्यपि, यह अन्तिम पृष्ठ मूल पाण्डुलिपिका मूल पृष्ठ नहीं है, बल्कि नया लिखा गया है। इस पुष्पिकाके अनुसार पाण्डुलिपिकी तिथि माघकी छठ है, वि. संवत् १६१५ की, जो १५५८, ईसवीके लगभग है।

(पी) दक्खन कालेजके संग्रहकी इस पाण्डुलिपिका क्रमांक ११०६–१८८४–८७ है, जो अब भाण्डारकर संस्थान पूनामें जमा है। इसमें ६८१ पन्ने हैं, जो ११ + ४½ इंच हैं, प्रत्येकमें आठ पंक्तियां

और प्रत्येक पंक्तिमें ३३ अक्षर हैं। इसकी तिथि भाद्रपदकी पूर्णिमा है (अगस्त–सितम्बर); वि. स. १६३०, ई. १५७३ के लगभग। इस पाण्डुलिपिका अन्तिम पृष्ठ क्षतिग्रस्त है और इसलिए फिरसे लिखा गया, आषाढ़ शुक्ल छठीको (जुलाई) वि. सं. १९३४. ई. स. १८७७ के लगभग। इसमें पार्श्वभागमें संक्षिप्त टीका है। यह इस प्रकार प्रारम्भ होता है; ओं नमः वीतरागाय। नमो। बंभालयसमियहो। मूल पृष्ठका अन्त इस प्रकार है इय महापुराणे—दुइत्तरसमो परिच्छेओ समत्तो। दूसरे रूपमें पाठ इस प्रकार है : संवत् १६३० वर्षे भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे पूर्णिमातिथौ, के (वि वासरे उत्त), रा भाद्रपदा नक्षत्रे, नेमिनाथ चैत्यालये, श्रीमूलसंघे—बलात्कार छे कुंदकुंदाम्नये—स्थापन्न पृष्ठका अन्त इस प्रकार होता है। बलदेवदास टौंग्याका कारज, मीती अषाढ़ सुदी ६ समत १९३४ का सालम, श्री घीया मंडीका मंदिर पंचाइता मंदरने छडायो ॥ छ ॥ छ। छ ॥ इन बलदेवदासके पास क्षतिग्रस्त पन्ना दो हिस्सोंमें था, जिसका पहला हिस्सा, अभी भी, मूल पाण्डुलिपिके साथ संस्थानमें सुरक्षित है; मूल पृष्ठपर १६३० अंकित है, और मूल पृष्ठपर पट्टावलीवाला हिस्सा, किसी दूसरे हाथसे लिखा हुआ प्रतीत होता है।

उक्त तीन पाण्डुलिपियोंके सम्पूर्ण मिलानके अतिरिक्त प्रभाचन्द्रके टिप्पणका पूरा उपयोग किया गया है। इसकी पाण्डुलिपि, प्रोफेसर हीरालाल जैन ने, श्री मोतीलाल संघी जैन, जयपुरसे प्राप्त करायी। [illegible] इस पाण्डुलिपिमें ५९ पृष्ठ हैं। जो लम्बाई-चौड़ाईमें १२×५ इंच हैं; प्रत्येक पृष्ठमें १३ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्तिमें ३१ अक्षर हैं। यह प्रारम्भ होता है—ओं नमः सिद्धेभ्यः, बंमहो परमात्मनो। अन्त इस प्रकार होता है—श्रीविक्रमादित्य संवत्सरे वर्षाणामशीत्यधिक सहस्रे, महापुराण-विषम-पद विवरणं सागरसेन सैद्धान्तान् परिज्ञाय, मूल टिप्पणकां चालोक्य कृतमिदं समुच्चयटिप्पणं। अज्ञपातभीतेन श्रीमद्बलात्कार गण श्रीसंघाचार्य सत्कवि शिष्येण श्रीचन्द्रमुनिना निजदोर्दण्डाभिभूतरिपुराज्यविजयिनः श्रीभोजदेवस्य ॥१०२॥ इति उत्तर पुराण टिप्पणकं प्रभाचन्द्राचार्यविरचितं समाप्तं छे ॥ अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्रीनृपविक्रमादित्यगताब्दा संवत् १५७५ वर्षे भाद्रवा सुदि। बुद्धि दिने। कुरुजांगल देसे। सुलितान सिकन्दर पुत्र सुलितानाब्राहीम सुरत्राज प्रवर्तमाने श्रीकाष्ठासंघे माथुरान्वये पुष्करगणे भट्टारक श्रीगुणभद्रसूरिदेवाः। तदाम्नाये जैसवाल्ल चौ. टोडरमल्लु। इदं उत्तर पुराण टीका लिखापितं। शुभं भवतु। मांगल्यं ददाति, लेखकपाठकयोः।

ओम् सिद्धोंको नमस्कार, ब्रह्म और परमात्माको नमस्कार। श्री विक्रम संवत्के एक हजार अस्सी अधिक होने पर, महापुराणके विषम पदोंका विवरण, सागरसेन सैद्धान्तसे (?) को जानकर और मूल-टिप्पणियाँ देखकर, यह समुचा टिप्पण किया गया। अज्ञपात भीत श्रीमत् बलात्कार गणके श्रीसंघाचार्य सत्कवि शिष्य चन्द्रमुनिने, अपने बाहुदण्डसे अभिभूत शत्रुके राज्यको जीतनेवाले श्रीभोजदेवके। प्रभाचन्द्राचार्य द्वारा विरचित उत्तरपुराण टिप्पण समाप्त हुआ। अब इस संवत्सर नृप विक्रमादित्य गत १५७५ वर्ष भादों सुदी, बुधवार। कुरुजांगल देशमें सुलतान सिकन्दरके पुत्र सुलतान इब्राहीमके द्वारा सुराज्य स्थापित होने पर, श्रीकाष्ठासंघ, माथुरान्वय, पुष्करगण। भट्टारक श्रीगुणभद्र सूरीदेव, उनके आम्नायमें जैसवाल चौ. टोडरमल। यह उत्तरपुराण टीका लिखवाई। शुभ हो। मांगल्य देता है—लेखक और पाठकको।

इस पाण्डुलिपिकी पुष्पिका कुछ दिलचस्प समस्याएँ खड़ी करती हैं ? जिनका मैंने प्रथम जिल्दके पृ. [illegible] पर विस्तारसे विचार किया है। इसलिए यहाँ उनका फिरसे कथन और परीक्षण जरूरी नहीं है। मुझे यहाँ केवल यह कहना जरूरी है कि मैंने 'टी' का पूरा उपयोग किया है, और के. और पी. के हाशियों पर अंकित टीकाओंका भी, पाद-टिप्पणियोंकी रचनामें।

उत्तर पुराणकी एक और पाण्डुलिपि मुझे ज्ञात है। यह कारंजा (बरार) के बलात्कार गण जैन मन्दिरमें सुरक्षित है। सी. पी. एण्ड बरारके संस्कृत-प्राकृत कैटलागमें इसका क्रमांक ७०२९ है। यह क्रमांक

स्व. रायबहादुर हीरालालने दिया है। इस पाण्डुलिपिकी तिथि, संवत् १६०६, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अष्टमी, जो १५४९ ई. है। १९२७–१९२९ में मैंने व्यक्तिगत रूपसे कारंजा जाकर इस पाण्डुलिपिका परीक्षण किया है, और जाँचके तौर पर कुछ मिलान किया है। मुझे मन्दिरके न्यासधारियोंने यह वचन दिया था पाण्डुलिपि मुझे उधार दे दी जायेगी। लेकिन जब मुझे वास्तविक रूपसे इसकी जरूरत पड़ी, तो मैं न्यासधारियोंकी विचित्र मनोवृत्तिके कारण उसे प्राप्त नहीं कर सका। अपने जाँच मिलानसे, लगता है कि यह पाण्डुलिपि 'पी' पाण्डुलिपिके बहुत निकट है, जिसका कि इस संस्करणमें पूरा मिलान किया गया है।

इस जिल्दमें, मैंने अपने मूल पाठकी रचना ऊपर लिखित सामग्रीके आधारपर की है। ऐसे करते हुए मैं 'के' में सुरक्षित पाठोंपर अधिकतर निर्भर रहा हूँ जो उत्तरपुराणकी तीनों पाण्डुलिपियोंमें सबसे पुरानी है।

विषयसामग्रीकी संक्षेपिका

२. महापुराणकी इस दूसरी जिल्दमें महापुराण महाकाव्यकी ३७ से ८०—कुल चवालीस सन्धियाँ हैं, और बीस तीर्थंकरोंकी जीवनियोंका वर्णन करती हैं। अजितनाथसे प्रारम्भ होकर नमिनाथ तक, जो २१वें तीर्थंकर हैं। नौमेंसे आठ बलदेवों, वासुदेवों और प्रतिवासुदेवोंका वर्णन है। और बारह चक्रवर्तियोंमें-से दस चक्रवर्तियोंका, सगरसे लेकर जयसेन तक। इन जीवनियोंके वर्णनमें कविने परम्परासे प्राप्त सूचनाओं-से काम लिया है, वह अधिकतर गुणभद्रके संस्कृत उत्तरपुराणसे प्रभावित है, ऐसा प्रतीत होता है कि इन महापुरुषोंकी जीवनियोंका विस्तार, पुराने साधुओंने वर्गीकृत कर दिया था। परन्तु विषयवस्तुका उपयोग करते हुए व्यक्तिगत रूपसे कवि, विस्तृत वर्णनमें अपनी काव्य-प्रतिभाके उपयोगमें स्वतन्त्र थे। विमलसूरिने 'पउमचरिउ' में कहा है—

'आमावलिय निबद्धं आयरियपरम्परागयं सव्वं।
वोच्छामि पउमचरियं अहाणुपुव्वि समासेण॥

ऐसा लगता है कि यद्यपि, जैनोंके दोनों सम्प्रदायोंमें जानकारी अधिकतर वर्गीकृत और तालिकाबद्ध रूपमें परम्परासे प्राप्त है, और विषयवस्तुमें काफी समानता है। मैंने स्वयं कुछ तालिकाएँ बनायी हैं और उन्हें इस जिल्दके परिशिष्टमें दिया गया है। अब मैं सन्धियोंका संक्षेप देना शुरू करता हूँ कि जहाँ सन्धियोंका संक्षेप तालिकाके रूपमें देना सम्भव नहीं है।

XXXVIII—कवि प्रारम्भमें पाँच परमेष्ठियोंकी वन्दना करता है और दूसरे तीर्थंकर, अजितनाथ की जीवनीका वर्णन करते हुए, पाठकोंको काव्यरचना जारी रखनेका आश्वासन देता है। प्रारम्भ करनेके पहले, वह कहता है कि कुछ कारणोंसे उसका मन उदास था और इसलिए उसने कुछ समयके लिए काव्य रचना बन्द कर दी थी। एक दिन विद्याकी देवी सरस्वती उसके सामने स्वप्नमें प्रकट हुई और बोली, 'तुम अर्हंत्को नमस्कार करो। कवि जाग पड़ा पर उसे कोई भी दिखाई नहीं दिया। संकटके इस क्षणमें आश्रय-दाता भरत उसके घर आया और बोला कि क्या मैंने उसके प्रति कोई अपराध किया है कि जिसके कारण वह काव्यरचना जारी नहीं रख सका। भरतने उसे स्मरण दिलाया कि जीवन क्षणभंगुर है, और उसे अपनी काव्यप्रतिभाका पूरा-पूरा उपयोग करना चाहिए। तब कवि ने आश्रयदाता भरतसे कहा कि मैं अपने मनमें दुःखी हूँ, क्योंकि यह दुनिया दुष्टोंसे भरी है। और इसलिए काव्यरचना जारी रखनेकी कवि उसमें नहीं है। लेकिन अब वह उसकी प्रार्थनापर फिर काव्यरचना शुरू करेगा क्योंकि वह उसे इनकार नहीं कर सकता। कवि काव्यरचना प्रारम्भ करता है और अजितके जीवनका वर्णन करता है, विस्तारके लिए देखिए टिप्पण और तालिका। परिशिष्ट I, II, III में देखिए।

XXXIX—पूर्वविदेहमें राजा जयसेन था, पूर्व विदेहमें वत्सावती उसकी राजधानी थी। उसके रतिसेन और धृतिसेन—दो सुन्दर पुत्र थे। रतिसेन जल्दी मर गया। उसके पिता बहुत दुःखी हुए। वह सांसारिक जीवनसे विरक्त हो गये। पुत्रको राज्य देकर, मन्त्री महाबलके साथ मुनि बन गये। जयसेन और महाबल दोनोंने तपस्या की। मृत्युके बाद वे स्वर्गमें महाबल और मणिकेतु नामक देव हुए। इन दो देवोंने आपसमें यह प्रतिज्ञा की कि जो पहले धरतीपर उत्पन्न होगा, उसे दूसरा उच्चधर्मकी शिक्षा देगा। इनमें-से महाबल पहले धरतीपर सगर नामका राजा हुआ साकेतमें। और समयके दौरान चक्रवर्ती राजा बन गया। एक बार चतुर्मुख मुनिको केवलज्ञान प्राप्त हुआ, उस अवसरपर देव वहाँ आये। सगर भी वहाँ मुनिके प्रति अपनी श्रद्धा समर्पित करनेके लिए गया। मणिकेतुने राजा सगरको देखा। उस देव महाबलको दिया गया अपना वचन याद आया। इसपर मणिकेतुने सगरको संसारकी क्षणभंगुरता बतानेका प्रयास किया परन्तु उसने उसकी बातपर ध्यान नहीं दिया। मणिकेतु एक बार, सगरके प्रासादपर उसे समझाने आया, परन्तु इस बार भी वह असफल रहा। ठीक इसी समय, सगरके साठ हजार पुत्र, अपने पिताके पास आये, और उनसे कुछ काम बतानेके लिए कहा—क्योंकि वे आलस्यमें रहनेसे थक चुके हैं। सगरने पहले तो यह कहा कि ऐसा कोई काम करनेके लिए नहीं है। क्योंकि चक्र ने प्रत्येक द्वीप उनके लिये उपलब्ध कर दी है। लेकिन तब भी पुत्रोंने आग्रह किया—तो सगरने उनसे मन्दराचल आने और प्रथम चक्रवर्ती भरत द्वारा निर्मित चौबीस तीर्थंकरोंके मन्दिरोंकी सुरक्षाका प्रबन्ध करनेके लिए कहा। तब सगरके साठ हजार पुत्र अपने लक्ष्यपर गये। उन्होंने बहुत बड़ी खाई खोदी मन्दराचलके चारों ओर, और उसे गंगाके पानीसे भर दिया, जो नागलोकमें पहुँच गया। इस अवसरपर मणिकेतुने नई शैलीसे सगरको समझानेकी बात सोची। वह बहुत बड़ा नाग बन गया। उसने सगरके हजारों पुत्रोंको क्रुद्ध दृष्टिसे देखा, और उन्हें भस्मीभूत कर दिया; केवल भीम और भगीरथ जीवित बच सके। सगरको विनाशकी सूचना दी गयी, ब्राह्मणने उसे संसारकी क्षणभंगुरताके बारेमें बताया। सगरने भगीरथको गद्दी दी, और वह अपने पुत्र भीमके साथ मुनि हो गया। यह देखकर मणिकेतु बहुत प्रसन्न हुआ और उसने सगरको बताया कि किस प्रकार उसने विद्याके बलसे उसके पुत्रोंको मृत कर दिया था, तब सब पुत्र जीवित कर दिये गये परन्तु उन्होंने भी अपने पिताका अनुगमन किया—और मुनि बन गये। काफी समय बीतनेपर भगीरथ भी मुनि बन गया, और मुक्त हुआ।

XL, XLI, XLII, XLIII, और XLIV—सम्भव, अभिनन्दन, सुमति, पद्मप्रभ और सुपार्श्वकी जीवनियोंके लिये, तालिका देखिए।

XLV—यह सन्धि, आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभके पूर्वभवोंका वर्णन करती है। अपने इन पूर्वभवोंमें चन्द्रप्रभुकी आत्मा, पश्चिमी विदेहके सुगन्धदेशमें श्रीषेणराजा और रानी श्रीकान्ताके दम्पतिका पुत्र हुई। पवित्र जीवन बिताते हुए, वह अगले जन्ममें श्रीधरदेव, फिर अजितसेन नामसे, अलकादेशकी अयोध्यानगरीमें राजा अजितंजय और रानी अजितसेना दम्पति को सन्तान (पुत्र) हुई। यह अजितसेन चक्रवर्ती बना। उसका जीवन पवित्र था। अगले जन्ममें अच्युत स्वर्गमें अहमेन्द्र हुई। अगले जन्ममें वह पद्मनाभ, यह पद्मप्रभ-के रूपमें उत्पन्न हुई, कनकप्रभ और कनकमालाके पुत्रके रूपमें, मंगलावती क्षेत्रके वस्तुसंचय नगरमें। अगले जन्ममें उसका जन्म वैजयन्त स्वर्गमें अहमेन्द्रके रूपमें हुआ।

XLVI—चन्द्रप्रभके जीवनके लिए तालिका देखिए।

XLVII—सुविधि तीर्थंकरके जीवनके लिए तालिका देखिए।

XLVIII—बसवें तीर्थंकर शीतल, अपने पूर्व जीवनमें, सुसीमाके राजा पृथ्वीपाल थे। उसकी पत्नीका नाम वसन्तलक्ष्मी था, जो यौवनकी प्राथमिकतामें ही मर गयी। उसकी मृत्युसे प्रभावित हुए राजाने संन्यास ग्रहण कर लिया। अगले जन्ममें वह अरण स्वर्गमें देव हुआ। अगले जन्ममें वह शीतलके नामसे राजा

दृढ़रथ और रानी सुनन्दाका पुत्र हुआ राजभद्र नगरमें। कमलमें मरे हुए भौंरेको देखकर, उसके मनमें सांसारिक जीवनके प्रति घृणा हो गयी, उसने संन्यास ग्रहण कर लिया। तीर्थंकरकी सामान्य जीवन प्रक्रियामें गुजरते हुए उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। उनके निर्वाणके बाद, उपदेश देने और आचरण करनेवालोंके अभावमें जैनधर्मको बुरे दिन देखने पड़े। इस अवसरपर भद्रिलपुरमें मेघरथ नामका राजा था। वह उपयुक्त आदमियोंके लिए अपने धनका दान करना चाहता था, उसने मन्त्रियोंसे सलाह मांगी कि सबसे अच्छा दान क्या होगा। मन्त्रीने शास्त्रदानको दानका सर्वश्रेष्ठ रूप बताया। परन्तु राजाको यह सलाह पसन्द नहीं आयी। उसने मुण्डशालायन मन्त्रीसे पूछा, उसने राजासे कहा कि उसे ब्राह्मणोंको हाथी, गाय आदि दानमें देने चाहिए। राजाने सलाह मान ली जिसने केवल ब्राह्मणोंको सम्पन्न बनाया परन्तु उससे अच्छा नहीं हुआ।

IL—श्रेयांसकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

L, LI, LII—ये तीन सन्धियां प्रथम बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका वर्णन करती हैं। श्रेयांसके तीर्थंकालमें राजगृहमें राजा वसुभूति और रानी जैनी थे। राजाका विशाखभूति नामका छोटा भाई था, उसकी पत्नीका नाम लक्ष्मणा था। जैनीने वसुनन्दी पुत्रको जन्म दिया और लक्ष्मणाने विशाखनन्दीको। एक दिन राजाने शरद्के बादल आकाशमें विलीन होते हुए देखे, इससे राजाको संसारसे विरक्ति हो गयी। अपने छोटे भाई विशाखभूतिको राज्य देकर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। जब विशाखभूति राजा हुआ, तो विश्वनन्दी युवराज बन गया। एक दिन वह अपने प्रमद-उद्यान नन्दनवनमें गया। वह वहाँ स्त्रियोंके साथ आनन्द कर रहा था, विशाखनन्दीने उसे देख लिया। उसके मनमें उस उद्यानपर अधिकार करनेकी कल्पना आयी। वह अपने पिताके पास गया और उसने वह उद्यान उसे देनेके लिए उसपर दबाव डाला। राजाने ऐसा करना स्वीकार कर लिया। उसने विश्वनन्दीको बुलाया और उससे राज्यका भार लेनेके लिए कहा, उसने आगे बताया कि वह विद्रोह करनेवाली जातियोंके दमनके लिए सीमान्त प्रदेशपर जाना चाहता है। विश्वनन्दीको यह विचार अच्छा नहीं लगा कि उसके चाचा लड़ने जायें, उसने उनसे कहा कि वह खुद इस कार्यके लिए जाना पसन्द करेगा। विशाखभूतिने विश्वनन्दीकी यह बात मान ली। विश्वनन्दी चला गया। विश्वनन्दीकी अनुपस्थितिमें विशाखभूतिने नन्दनवन अपने पुत्र विशाखनन्दीके लिए दे दिया। अब विश्वनन्दी लौटा तो उसने पाया कि उद्यान विशाखनन्दीके अधिकारमें है। विश्वनन्दी अपने चाचा और चचेरे भाईपर क्रुद्ध हो उठा। उसने भाई पर आक्रमण करना चाहा, परन्तु वह वृक्षपर चढ़ गया, विश्वनन्दीने उसे विशाखनन्दी सहित उखाड़ दिया। उसने दोनोंको नष्ट करना चाहा, परन्तु विशाखनन्दी पत्थरके खम्भेपर चढ़ गया, विश्वनन्दीने उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये। तब विशाखनन्दी अपना जीवन बचानेके लिए भागा। इस बीच विश्वनन्दीको तरस आया कि उसने अपने भाईपर आक्रमण किया, उसने जैनमुनि बननेका निश्चय कर लिया। विशाखभूतिने भी विश्वनन्दीका अनुकरण करनेका निश्चय कर लिया। विशाखनन्दीको गद्दीपर स्थापित कर दिया। वनमें जाकर उसने तप किया। मरनेके बाद महाशुक्र स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। अब विशाखनन्दी एक शक्तिशाली शत्रुसे पराजित होकर राजधानीसे भागकर मथुरा गया और वहाँके राजाका मन्त्री बन गया। एक दिन, मुनि विश्वनन्दी (चचेरे भाई) चर्याके लिए सड़कपर आ रहे थे। ठीक ही में ब्यानेवाली जवान गायने उन्हें मार दिया जिससे वह गिर पड़े। महलकी छतसे विशाखनन्दीने यह देखा और उसने मुनिका अपमान किया। मुनि इसे सहन नहीं कर सके, उन्होंने संकल्प किया कि अगले जन्ममें मैं इस अपमानका बदला लूँगा। मरकर वह महाशुक्र स्वर्गमें देव हुए जहाँ उसके चाचा विशाखभूति थे। कुछ समय बाद विशाखनन्दी घृणासे अभिभूत हो उठा। उसने तप किया और वह भी महाशुक्र स्वर्गमें देव हुआ। अलका नगरीमें राजा मयूरग्रीव और उसकी पत्नी नीलांजनप्रभा रहती थी। अगले जन्ममें विशाखनन्दी उसका पुत्र हुआ—अश्वग्रीवके नाम से। अपने दुश्मनोंका सफाया कर, वह प्रतिवासुदेव तीन खण्ड धरतीका सम्राट्

अर्धचक्रवर्ती बन बैठा। पोदनपुरके राजाकी दो रानियाँ थीं—जयावती और मृगावती। जयावतीने जिस पुत्रको जन्म दिया, उसका नाम विजय था जो कि पूर्वजन्ममें विशाखभूति था। यह विजय, जैन पुराणविद्याके प्रथम बलदेव थे, उनका रंग गोरा था। मृगावतीने जिस बालकको जन्म दिया, उसका नाम त्रिपृष्ठ था जो कि अपने पूर्वजन्ममें विशाखनन्दी था। यह पहले वासुदेव थे, और इनका वर्ण काला था। ये दोनों सौतेले भाई एक दूसरेके प्रति प्रगाढ़ प्रेम रखते थे।

LI एक बार राजा प्रजापतिके पास यह समाचार आया कि एक भयंकर सिंह प्रजामें आतंक मचा रहा है। प्रजाने उससे इस अनर्थको हटानेकी प्रार्थना की। तत्पश्चात् राजा स्वयं जाकर सिंहको मारनेके लिए तैयार हो गया, जब कि विजयने उससे प्रार्थना की कि उसे इस कार्यके लिए जाने दिया जाये। पिताने उसे जानेकी अनुमति दे दी, उसका छोटा भाई भी उसके पीछे गया। दोनों सिंहकी गुफामें पहुँचे, योद्धाओंके शोरगुल और चिल्लाहटसे भड़ककर सिंह बाहर आया। वह विजयपर झपटनेवाला था कि त्रिपृष्ठने अपने दोनों बाहुओंमें सिंहके पंजे पकड़ लिये और उसके मुँहपर आघात किया। सिंह मरकर गिर गया।

एक दिन द्वारपाल पहुँचा और राजासे निवेदन करने लगा—कि द्वारपर एक विद्याधर है जो आपसे मिलना चाहता है। उसे राजाके सम्मुख उपस्थित किया गया। विद्याधरने राजा प्रजापतिसे कहा कि उसका नाम इन्द्र है और वह राजा ज्वलनजटीका दूत बनकर आया है। वह राजा और विजय तथा त्रिपृष्ठको विद्याधर-क्षेत्रके लिए निमन्त्रित करने आया है ताकि त्रिपृष्ठ पत्थरकी शिला उठाये, जिसका नाम कोटिशिला है, तथा अश्वग्रीव को मारे और उसकी कन्या स्वयंप्रभासे शादी करे, वह तीनखण्ड धरतीका राजा बने और राजा ज्वलनजटीको विजयार्ध पर्वतकी दोनों श्रेणियोंका राजा बनाये। प्रजापतिने निमन्त्रण स्वीकार कर लिया। वह विद्याधर क्षेत्रमें गया। ज्वलनजटीने उनका अच्छी तरह स्वागत किया। उससे अपने पुत्र अर्क-कीर्तिसे परिचय कराया। बातचीतके दौरान यह तय किया गया कि सबसे पहले त्रिपृष्ठ शिला उठाये जिससे उन्हें विश्वास हो सके कि वह अश्वग्रीवको मार सकता है। तत्पश्चात् वे सब उस जंगलमें गये, जहाँ कोटिशिला रखी हुई थी। उन्होंने त्रिपृष्ठसे शिला उठानेके लिए कहा। उसने आसानीसे उसे उठा दिया। ज्वलनजटी और दूसरोंने इतनी शक्तिके लिए उसकी प्रशंसा की। उसके बाद वे सब पोदनपुर लौट आये और उन्होंने त्रिपृष्ठ और स्वयंप्रभाके विवाहका उत्सव मनाया। विवाहका समाचार अश्वग्रीवके कानोंमें पड़ा, वह ज्वलनजटीके कार्यसे क्रुद्ध गया, कि उसने अपनी कन्याका विवाह जातिके बाहर किया—अर्थात् उसने एक मनुष्य त्रिपृष्ठको अपनी कन्या विवाह दी, बजाय विद्याधर अश्वग्रीवके। उसने मन्त्रियोंकी रायके विरुद्ध ज्वलनजटी और प्रजापतिपर चढ़ाई करनेके लिए कूच किया।

LII—चरोंने राजाको सेना और अश्वग्रीवके पोदनपुरके प्रवेशद्वार तक पहुँचनेकी सूचना दी। इसपर प्रजापतिने ज्वलनजटीसे परामर्श किया कि उन्हें किस प्रकार स्थितिका सामना करना चाहिए. जबकि विजयने कहा—मुझे विश्वास है कि त्रिपृष्ठ निश्चित रूपसे अश्वग्रीवको मार डालेगा। लड़ाई शुरू होनेके पहले अश्वग्रीवने दूत भेजा, त्रिपृष्ठके पास यह जाननेके लिए कि क्या वह अश्वग्रीवके साथ सन्धि करने और स्वयंप्रभा वापस करनेके लिए तैयार है। त्रिपृष्ठने प्रस्ताव ठुकरा दिया। युद्ध शुरू हो गया। देवीने त्रिपृष्ठको सारंग नामका धनुष, पांचजन्य नामका शंख, कौस्तुभ मणि और कुमुदनी गदा और विजयके लिए हल, मूसल और गदा दिया। सेनाएँ भिड़ीं और उनमें भयंकर युद्ध हुआ। युद्धके दौरान अश्वग्रीवने अपना चक्र त्रिपृष्ठपर फेंका, पर वह उनकी हानि नहीं कर सका, वह उसके हाथ में स्थित हो गया। उसने तब इसी चक्रका उपयोग अश्वग्रीवके विरुद्ध किया जिससे वह मारा गया। उसकी मृत्युके बाद त्रिपृष्ठ अर्धचक्रवर्ती बन गया। उसके शीघ्र बाद ज्वलनजटी अपनी राजधानी रथनूपुर नगर आ गया और लम्बे अरसे तक विजयार्ध पर्वतकी दोनों श्रेणियोंके ऊपर प्रभुसत्ताका भोग करता रहा, फिर साधु हो गया। राजा प्रजापतिने भी ऐसा ही किया। अब त्रिपृष्ठ सदैव आनन्दसे अतृप्त रहा। वह मरकर सातवें नरकमें गया। उसकी मृत्युके

बाद विजयने अपनी राजधानी श्रीविजय को सौंप दी और तपस्या कर मुक्ति प्राप्त की। स्वयंप्रभाने भी यही किया।

LIII—वासुपूज्यकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LIV—यह सन्धि बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवके दूसरे समूहका वर्णन करती है। विन्ध्यपुरमें विन्ध्यशक्ति राज्य करता था। कनकपुरका राजा सुषेण उसका मित्र था। सुषेणके पास गुणमंजरी नामकी सुन्दर वेश्या थी। विन्ध्यशक्तिने उसके पास दूत भेजा कि वेश्या उसे दे दी जाये। सुषेणने प्रार्थना ठुकरा दी। दोनों मित्रोंमें युद्ध छिड़ गया। सुषेण पराजित हुआ। मित्रकी पराजय सुनकर महापुरके वायुरथ सांसारिक जीवनसे विरक्त हो गया। वह मुनि बन गया। सुषेणने भी मुनिव्रतकी दीक्षा ले ली। उसने मरते समय अपने वैरका बदला लेनेका निदान बाँधा। वायुरथ और सुषेण दोनों प्राणत स्वर्गमें देव हुए। राजा विन्ध्यशक्ति भी किसी एक स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। अगले जन्ममें विन्ध्यशक्ति भोगवर्धनपुरके राजा श्रीधर और रानी श्रीमतीका पुत्र उत्पन्न हुआ। उसका नाम तारक था। समयकी अवधिमें वह अर्धचक्रवर्ती बन गया। वायुरथ और सुषेण राजा ब्रह्म एवं रानी सुभद्रा और उषादेवीके पुत्र हुए। अचल और द्विपृष्ठ उनके नाम थे जो बलदेव और वासुदेव थे। उनके पास श्रेष्ठ हाथी था। तारक उस हाथीको अपने पास रखना चाहता था और उसने द्विपृष्ठके पास हाथी देनेके लिए दूत भेजा। अचलने मना कर दिया। तारक और द्विपृष्ठमें संघर्ष हुआ, जिसमें तारक मारा गया। द्विपृष्ठ अर्धचक्रवर्ती बन गया। मृत्युके बाद तारक और द्विपृष्ठ नरक गये। अपने भाईकी मृत्यु देखकर अचलने जैन-दीक्षा ग्रहण कर ली और उसने संसारसे मुक्ति प्राप्त कर ली।

LV—तेरहवें तीर्थंकर विमलकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LVI—पश्चिमी विदेहके श्रीपुरमें राजा नन्दिमित्र था। एक दिन उसे संसारकी क्षण-भंगुरताका ज्ञान हो गया, सुखभोग छोड़कर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। मृत्युके अनन्तर वह अनुत्तर विमानमें देव हुआ। श्रावस्तीमें सुकेतु नामका राजा था। उसी नगरमें दूसरा राजा बली था। वे एक दिन जुआ खेले जिसमें सुकेतु सब कुछ हार गया। निराशामें वह मुनि बन गया। परन्तु तपस्या करते हुए उसने यह निदान बाँधा कि उसे बलीसे अगले जन्ममें बदला लेना चाहिए। मृत्युके बाद सुकेतु लान्तव स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। बली भी स्वर्गमें देव उत्पन्न हुआ। अपने अगले जन्मोंमें बली रत्नपुरके राजा समरकेशरी और रानी सुन्दरीका पुत्र हुआ। उसको मधु कहा गया। वह प्रतिवासुदेव और अर्धचक्रवर्ती था। नन्दिमित्र और सुकेतु द्वारावतीके राजा रुद्रकी पत्नियों सुभद्रा और पृथ्वीसे उत्पन्न हुए। उनके नाम थे धर्म (बलदेव) और स्वयम्भू (वासुदेव)। एक दिन स्वयम्भूने जब अपने महलकी छतपर बैठा हुआ था, शहरके बाहर सैनिक-शिविरको ठहरा हुआ देखा। उसने मन्त्रीसे पूछा कि यह सेना किसकी है। मन्त्रीने उससे कहा कि सामन्त शशिसोमने राजा मधुको उपहार भेजा है जिसमें हाथी-घोड़ा आदि हैं। स्वयम्भूने इसकी अनुमति नहीं दी। उसने शशिसोमको हरा दिया और उपहार छीन लिया। यह खबर मधुके कानों तक पहुँची। उसके बाद उसने स्वयम्भूपर हमला बोल दिया। बादमें जो लड़ाई हुई उसमें स्वयम्भू ने मधुका काम तमाम कर दिया। वह अर्धचक्रवर्ती हो गया। राज्यका उपभोग करते हुए स्वयम्भू भी मरकर नरकमें गया। धर्मने मुनिव्रतकी दीक्षा ली और निर्वाण प्राप्त किया।

LVII—यह सन्धि संजयन्त, मेरु और मन्दरकी कहानीका वर्णन करती है। इनमें-से दो बादमें विमलवाहनके गणधर हुए, जो तेरहवें तीर्थंकर थे। दो और आदमी थे जो इस कहानीसे सम्बन्धित हैं—मन्त्री श्रीभूति और व्यापारी भद्रमित्र। इनमें-से श्रीभूति सत्यघोषसे संलग्न है। पहले तीन व्यक्तियोंके सात भवोंका कवि वर्णन करता है जब कि अन्तिम दोके कुछ ही भवोंका वर्णन करता है। इस सन्धिके टिप्पणमें इनकी सूचीपर दृष्टिपात किया गया है जिससे पाठकोंको समझनेमें सुविधा होगी।

वीतशोकनगरमें वैजयन्त नामका राजा था। उसकी रानीका नाम सर्वश्री था। उसने दो पुत्रोंको जन्म दिया—संजयन्त और जयन्त। एक दिन जैन मुनिका प्रवचन सुनकर उन सबने संसारका परित्याग कर दिया। समयके दौरान वैजयन्तने निर्वाण प्राप्त किया। इस अवसरपर जो देव उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रदर्शित करने आये, उनमें नागोंका देव भी था जो अत्यन्त सुन्दर था। जयन्तने यह निदान बांधा कि अगले जन्ममें उसका वैसा ही सुन्दर शरीर हो जैसा कि नागोंके स्वामीका है। वह नागलोकमें नागोंका देवता हुआ। एक दिन जब संजयन्त प्रतिमाओंकी साधना कर रहा था, विद्युद्दंष्ट्र विद्याधरने उसे देखा, उसे उठाया और पांच नदियोंके संगमक्षेत्रमें फेंक दिया तथा लोगोंसे कह दिया कि मुनि शैतान है। इसपर लोगोंने मुनिको पीटा, परन्तु वह अविचलित रहे। वह यातनाओंको सहते हुए निर्वाणको प्राप्त हुए। इस अवसरपर जयन्त सहित, जो नागोंका देवता था, सब देव आये। अपने भाईकी स्थिति देखकर नागने लोगोंपर हमला शुरू कर दिया। वे बोले कि हमने इसलिए साधुको विद्याधर विद्युद्दंष्ट्रकी सूचनापर पीटा। तब नागदेवताने विद्याधर विद्युद्दंष्ट्रको पकड़ा, और जब कि पहला दूसरेको समुद्रमें फेंकनेवाला था, आदित्यप्रभ देवने बीच-बचाव किया और उसने उन सबके पूर्वभवोंका वर्णन किया। सिंहपुरमें वहां सिंहसेन नामका राजा था। रामदत्ता उसकी रानी थी। श्रीभूति और सत्यघोष उसके मन्त्री थे। नगरमें भद्रमित्र नामक व्यापारी था, जो पद्मखण्डपुरके सुदत्त और सुमित्राका पुत्र था। यात्रा करते हुए भद्रमित्रको कीमती मणि मिले जिन्हें उसने अश्वघोषके पास धरोहरके रूपमें रख दिया। (बादमें सत्यघोष और श्रीभूतिमें भ्रम है) कुछ समय बाद भद्रमित्रने अश्वघोषसे रत्न लौटानेको कहा, परन्तु उसने रत्नोंकी जानकारीके बारेमें साफ मना कर दिया, यहाँ तक राजाके पूछनेपर भी। भद्रमित्र पागल हो गया और राजमहलके पड़ोसमें एक पेड़पर चढ़कर चिल्लाकर मन्त्रीकी इज्जत घटाने लगा। रानी रामदत्ता मन्त्रीसे चिढ़ गयी और उसने उसके साथ एक चाल चली। उसने सत्यघोषके साथ जुएका खेल खेला जिसमें वह पहचानवाली अँगूठी और पवित्र जनेऊ रानीसे हार गया। उसने अपनी दासीके माध्यमसे मन्त्रीके खजांचीके पास अँगूठी भेजी और उससे रत्न प्राप्त कर लिये। इस बातकी परीक्षाके लिए कि भद्रमित्रने जो कुछ कहा है, वह सत्य है, राजाने उन रत्नोंमें मिला दिये जो भद्रमित्रके थे। वे रत्न भद्रमित्रको दिखाये गये। उसने केवल अपने रत्न उठाये यह कहते हुए कि वे उसके नहीं हैं। तब राजा उसपर प्रसन्न हो गया। राजाने मन्त्रीको सजा दी और वही बर्ताव किया जो एक चोरके साथ किया जाता है। मन्त्रीने इसके लिए राजाके प्रति अपने मनमें गाँठ बाँध ली। अगले जन्ममें वह अगन्धन नाग बना और राजाके खजानेमें खड़े होकर राजाको काट खाया। अगले जन्ममें भद्रमित्र रामदत्ताके पुत्रके रूपमें जन्मा उसका नाम सिंहचन्द्र रखा गया। उसका छोटा भाई पूर्णचन्द्र था। और यह इस विस्तारमें है कि तीनों व्यक्तियोंकी पूर्वभवकी जीवनियाँ इस सन्धिके प्रारम्भमें वर्णित की गयी हैं।

LVII—अनन्तकी जीवनीके लिए (१४वें तीर्थंकर) तालिका देखिए। उनके तीर्थकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका चौथा समूह उत्पन्न हुआ। नन्दपुरमें राजा महाबल था। वह मुनि हो गये और मरकर सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुए। उस समय पोदनपुरमें राजा वसुसेन राज्य करता था। उसकी रानी नन्दा बहुत सुन्दर थी। उसका मित्र चन्द्रशासन उसके पास रहने आया। उसने नन्दाको देखा, वह उसके प्रेममें पड़ गया और वसुसेनसे कहा कि वह उसे दे दे। उसने ऐसा करनेसे मना कर दिया। परन्तु चन्द्रशासन उसे जबरदस्ती ले गया। इसके बाद वसुसेन मुनि बन गया और मृत्युके बाद उसी स्वर्गमें उत्पन्न हुआ, जिसमें महाबल उत्पन्न हुआ था। चन्द्रशासन अगले जन्ममें वाराणसीके राजा विलास और रानी गुणवतीका पुत्र हुआ। महाबल और वसुसेन, राजा सोमप्रभकी रानियों (जयावती और सीता) से क्रमशः उत्पन्न हुए और क्रमशः उनके नाम सुप्रभ और पुरुषोत्तम रखे गये। मधुसूदनने उनसे उपहारकी माँग की, और चूँकि उन्होंने ऐसा करनेसे मना कर दिया, इसलिए मधुसूदन और पुरुषोत्तममें संघर्ष हुआ जिसमें मधुसूदन मारा गया। पुरुषोत्तम अर्धचक्रवर्ती बन गया।

LIX—पन्द्रहवें तीर्थंकर धर्मनाथकी जीवनीके लिए तालिका देखिए। इनके तीर्थकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका पाँचवाँ समूह हुआ। वीतशोकनगरमें नरवृषभ राजा हुआ। उसने तपस्या की और मरकर वह सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। राजगृहमें राजा सुमित्र था। वह राजसिंहसे लड़ाईमें मारा गया। सुमित्रने तपस्या की और मरते समय यह निदान बाँधा कि मैं अगले जन्ममें राजसिंहको पराजित करूँ। मृत्युके बाद वह महेन्द्र स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। राजसिंह अगले जन्ममें हस्तिनापुरका राजा मधुक्रीड़ हुआ। राजा नरवृषभ और सुमित्र राजा सिंहसेनकी रानियों विजया और अम्बिकासे उसके पुत्र हुए, उनके नाम सुदर्शन और पुरुषोत्तम थे, जो पाँचवें बलदेव और वासुदेव थे। राजा मधुक्रीड़ने दूत भेजकर सुदर्शनसे कर माँगा जिसे उसने अस्वीकार कर दिया। उनमें युद्ध हुआ। पुरुषोत्तमने मधुक्रीड़को मार डाला और अर्धचक्रवर्ती सम्राट् बन गया। उसी राज्यमें साकेतमें राजा सुमित्र था। उसकी रानी मद्रा थी। उसने एक पुत्रको जन्म दिया, उसका नाम मघवन था। उसने समस्त छह खण्ड धरती जीत ली और जैनपुराण-विद्याके अनुसार तीसरा सार्वभौम चक्रवर्ती सम्राट् बन गया। बहुत समय तक धरतीका उपभोग करनेके बाद उसने संसारका परित्याग कर मोक्ष प्राप्त किया। थोड़े समयके बाद उसी शासनकालमें चौथा चक्रवर्ती हुआ, उसका नाम सनत्कुमार था। वह विनीतपुरके राजा अश्वसेनवीर्य और रानी सहदेवीका पुत्र था। वह अत्यन्त सुन्दर था। इन्द्रके द्वारा प्रेषित दो देव उसका सौन्दर्य देखने आये। उन्होंने राजासे कहा कि कुमारका सौन्दर्य शाश्वत रहेगा यदि उसे बुढ़ापे और मौतने नहीं घेरा। बुढ़ापे और मृत्युका नाम सुनकर सनत्कुमारने संसारका परित्याग कर दिया और निर्वाणलाभ किया।

LX—अमोघजीह्व नामके ब्राह्मणने भविष्यवाणी की कि छह महीने बाद राजा श्रीजीवके सिरपर बिजली गिरेगी, जो वासुदेव त्रिपृष्ठका पुत्र है और उसके सिरपर रत्नोंकी वर्षा होगी। जब ब्राह्मणसे यह पूछा गया कि वह इस प्रकारका भविष्यकथन कैसे कर सकता है तो उसने कहा कि मैंने प्रसिद्ध शिक्षकसे यह विद्या पढ़ी है। एक दिन जब उसने अपनी पत्नीसे भोजनके लिए कहा तो उसने थालीमें खाली कौड़ियाँ परोस दीं, क्योंकि गरीबीके कारण उसके घरमें कुछ और था ही नहीं। पत्नीने उसे झिड़का कि तुम कुछ काम करके धन नहीं कमाते। ठीक इसी समय आगकी चिनगारी उसकी थालीमें गिरी, ठीक इसी समय पानीका घड़ा उसकी पत्नीने उसके सिरपर डाल दिया। यह इस घटनाके कारण था कि ब्राह्मणने यह भविष्यवाणी की थी कि राजाके सिरपर बिजली गिरेगी और उसके सिरपर रत्नोंकी वर्षा होगी। तत्पश्चात् मन्त्रियोंने राजासे सलाह दी कि दैवी विपत्तिको टालनेके लिए कुछ समयके लिए राज्य छोड़ दिया जाये और तबतक के लिए किसी दूसरेको गद्दीपर बैठा दिया जाये। इसके बादकी सन्धि श्रीविजय और अमिततेज विद्याधरके बीच हुई शत्रुता और संघर्षका वर्णन करती है। एक मुनि हस्तक्षेप करते हैं और उन्हें जैनसिद्धान्तोंका उपदेश देते हैं; इसके परिणामस्वरूप वे दोनों दीक्षा ग्रहण कर लेते हैं।

LXI—अगले जन्ममें श्रीविजय और अमिततेज स्वर्गमें देव हुए, मणिचूल और रविचूलके नामसे। अगले जन्ममें प्रभावती नगरके राजा स्तिमितसागरके रानी वसुन्धरा और अपराजितासे पुत्र हुए। उनके दरबारमें दो सुन्दर नृत्यांगनाएँ थीं, जिनकी विद्याधर राजा दमितारिने माँग की।

LX-LXIII—ये चार सन्धियाँ तीर्थंकर शान्तिनाथ और उनके पूर्वभवोंका, विशेषरूप और खासकर चक्रायुधकी, जीवनी विस्तारसे (LXI.i) जिसका दिग्दर्शन विस्तार है।

LXIV—कुन्थुकी जीवनीके लिए तालिका देखिए।

LXV—अरहके जीवनके लिए तालिका देखिए। अरहके शासनकालमें आठवें चक्रवर्ती सुभौम हुए। सहस्रबाहु नामका राजा था। उसकी पत्नी विचित्रमतीने कुलवीर पुत्रको जन्म दिया। विचित्रमतीकी बहन श्रीमतीका विवाह शतबिन्दुसे हुआ था। उनसे जो पुत्र हुआ उसका नाम जमदग्नि रखा गया। बचपनमें माताकी मृत्युके कारण जमदग्नि तापसमुनि बन गया। शतबिन्दु और उसका मन्त्री हरिशर्मा भी क्रमशः जैन

और हिन्दू मुनि बन गये। कुछ समयके बाद शतबिन्दु मरकर सौधर्म स्वर्गमें देवता हुआ तथा हरिशर्मा ज्योतिष देव हुआ। वे दोनों जमदग्निकी पवित्रताकी परीक्षा करना चाहते थे। उन्होंने चिड़ी-चिड़ाका रूप धारण कर जमदग्निके बालोंमें घोंसला बना लिया। और कुछ उसके प्रति अपमानजनक बातें करने लगे। वह पक्षियोंपर नाराज हो गये और उन्हें मारनेकी धमकी दी। उन पक्षियोंमें-से एकने कहा कि उसे नहीं मालूम कि वह (जमदग्नि) इसलिए स्वर्ग न पा सका क्योंकि उसके पुत्र नहीं हैं। जमदग्निने इसपर विचार किया और मामाके पास आकर उसने उसकी कन्यासे विवाह करनेका प्रस्ताव किया। बुढ़ापा होनेसे कन्या उससे विवाह नहीं करना चाहती थी। इसपर क्रुद्ध होकर उसने नगरकी सब कन्याओंको बौना होनेका शाप दे दिया। तबसे उस नगरका नाम कान्यकुब्ज पड़ गया (आधुनिक कन्नौज)। उसे किसी प्रकार मामाकी लड़की मिल गयी, उसका नाम रेणुका (धूलभरी) मिल गयी। उसे केला दिखाकर आकर्षित किया और अपनी गोदमें बैठा लिया। उससे विवाह कर लिया। चूँकि उसने कहा कि वह उसे चाहती थी। समय बीतनेपर उसने दो पुत्रोंको जन्म दिया—इन्द्रराम और श्वेतराम। उसके भाइयोंने उसे दानमें एक गाय दी थी जो सब मनोकामनाएँ पूरी करती थी, और मन्त्र फरशा दिया। रेणुका और जमदग्नि सुखपूर्वक रहते थे। एक दिन राजा सहस्रबाहु अपने पुत्र कृतवीरके साथ मुनिकी कुटियापर आया। रेणुकाने उन्हें राजकीय भोज दिया। पिता-पुत्र भोजनकी श्रेष्ठतासे प्रभावित हुए और उन्होंने पूछा कि मुनिकी पत्नी होते हुए रेणुकाने उनको इतना व्ययसाध्य भोजन कैसे दिया। रेणुका बोली कि उसके भाइयोंने गाय दी है वह मनचाही चीजें देती है। कृतवीरने वह गाय चाही और रेणुकाके विरोधके बावजूद वह उसे ले गया। कृतवीर और जमदग्निकी जो लड़ाई हुई उसमें सहस्रबाहुने जमदग्निको मार डाला। उसके पुत्र इन्द्रराम और श्वेतराम बाहर थे। जब वे लौटे तो उन्हें अपनी माँसे पता चला कि उनके पिताको सहस्रबाहु और उसके पुत्रने मार डाला है और वे उनकी गाय ले गये हैं। वे क्रुद्ध हुए। रेणुकाने उन्हें परशुमन्त्र पढ़ाया। तब वे साकेत गये और सहस्रबाहु तथा कृतवीर तथा घरके दूसरे सदस्योंको तथा क्षत्रियजातिको इक्कीस बार हत्या की। समस्त क्षत्रियोंके विनाशके बाद उन्होंने सारी धरती ब्राह्मणोंको दे दी जिसपर उन्होंने बादमें शासन किया। सहस्रबाहुकी रानी विचित्रमति उस समय गर्भवती थी, उसके गर्भसे पूर्वजन्मकी आत्मा भूपालके नामसे पैदा हुई, जिसकी नियति आगे चक्रवर्ती होनेकी थी। वह जीवनकी सुरक्षाके लिए जंगलमें भाग गयी। शाण्डिल्य मुनिने उसे संरक्षण दिया। उसकी कुटियामें उसने बच्चेको जन्म दिया, जिसका नाम सुभौम रखा गया।

LXVI—सुभौमने अपना बचपन जंगलमें शाण्डिल्य मुनिकी कुटियामें बिताया। वह एक शक्तिशाली दृढ़ युवक बन गया। एक दिन उसने अपनी माँसे पूछा कि उसने अपने पिताको नहीं देखा और उनके बारेमें बतानेके लिए आग्रह किया। तब माँने सारी कहानी सुनायी कि किस प्रकार सहस्रबाहु परशुरामके द्वारा मारे गये। इसी बीच एक ज्योतिषी परशुरामके घर आया और उसने बताया कि उसकी मृत्यु किस प्रकार होगी। उसने कहा कि उसके शत्रुओं (सहस्रबाहु और कृतवीर) के दाँतोंसे भरी थाली, जिसके दृष्टिपातसे चावलोंकी थालमें बदल जायेगी, वह उसका वध करनेवाला होगा। इसपर परशुरामने नगरके मध्य एक दानशाला खुलवायी जहाँ ब्राह्मणोंको मुफ्त भोजन दिया जाता और उन्हें दाँतोंकी थाली दिखाई जाती। सुभौमसे भी दानशालेकी भेंट करनेके लिए कहा गया, यह जाननेके लिए कि क्या यही वह व्यक्ति है जिसके हाथों परशुरामकी मौत होगी। तब सुभौम दानशालामें गया, उसने थाली देखी जो पके हुए चावलोंके रूपमें बदल गयी। रक्षकोंने फौरन हमला कर दिया जब कि वह निहत्था था। परन्तु वह थाली ही तत्काल चक्रमें बदल गयी जिससे उसने उनका और परशुरामका अन्त कर दिया। उसके बाद वह चक्रवर्ती हो गया। एक बार सुभौमको उसके रसोइएने बिका फल परोसा। वह क्रुद्ध हो उठा और उसने इस अपराधके लिए रसोइएको मार डाला। रसोइया ज्योतिष देव उत्पन्न हुआ। वह व्यापारीका रूप धारण करके आया और राजाको कुछ सुन्दर फल दिये। राजाने इन फलोंको खूब पसन्द किया और व्यापारीसे और फल लानेका आग्रह

किया। व्यापारीने कहा कि देवने जो फल दिये थे वे समाप्त हो गये हैं। चूँकि राजा अपनी माँगके लिए आग्रह करता रहा, तो ज्योतिषीने कहा कि राजा उन फलोंको पा सकता है यदि वह उसके साथ एक द्वीपके लिए चलता है। राजाने मंजूर कर लिया। वह व्यापारीके साथ गया, उसने उसे चट्टानपर रखा और मार डाला। मृत्युके बाद सुभौम नरक गया। अरके शासनकालमें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका छठा दल उत्पन्न हुआ। उनके नाम थे नन्दीसेन, पुण्डरीक और निशुम्भ। विस्तारके लिए तालिका देखिए।

LXVII—मल्लिकी जीवनीके लिए तालिका देखिए। इनके शासनकालमें नौवें चक्रवर्ती पद्म हुए। विस्तृत जीवनीके लिए तालिका देखिए। यह मल्लिनाथके शासनकालमें हुआ कि बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेवका सातवाँ दल उत्पन्न हुआ। जिनके नाम हैं नन्दिमित्र, दत्त और बलि। विस्तारके लिए तालिका देखिए।

परिशिष्ट

जैनपुराणोंमें त्रेसठ शलाका पुरुषोंकी जीवनियोंके परम्परागत विस्तारमें जो एकरूपता दे दी गयी है, और विमलसूरिने अपने 'पउमचरिउ'में जो संकेत दिया है (पृ. ११ पर उद्धृत है) ने मुझे यह विचार दिया कि मैं सुविधाजनक शीर्षकोंके रूपमें सभीकी मुख्य बातोंको अंकित कर दूँ। इसलिए मैं इस विषयमें पाँच तालिकाएँ दे रहा हूँ। तालिका एकमें, दिगम्बरोंकी परम्पराके अनुसार तीर्थंकरोंको प्रतिमालोंके चिह्नोंको दिया गया है। मैंने यह तालिका, श्री जी. एच. खरेकी मराठी पुस्तकसे जो बहुत मूल्यवान् है, ली है, इसलिए कि मेरी तालिकामें जानकारी है, वह गुणभद्र और पुष्पदन्तके उस जानकारीसे मिलनी चाहिए, जो उन्होंने अपने पुराणोंमें दी है, इसके लिए मैंने श्री खरेकी तालिकामें थोड़ा फेर-बदल किया है। दूसरी तालिका, तीर्थंकरोंके पूर्वजन्म, जन्मस्थान आदिका विवरण देती है। तीसरी तालिकामें विभिन्न तीर्थंकरोंके गणधरोंकी सूची है। चौथीमें चक्रवर्तियोंके बारेमें सूचनाएँ हैं। पाँचवीं तालिकामें बलदेवों, वासुदेवों, प्रतिवासुदेवोंके बारेमें जानकारी है। दरअसल मेरी जानकारीका स्रोत जिनसेनका आदिपुराण, गुणभद्रका उत्तर-पुराण और पुष्पदन्तका महापुराण है। ये रचनाएँ, मैं आशा करता हूँ कि दिगम्बर परम्पराका प्रतिनिधित्व करनेवाले सर्वोत्तम स्रोतोंमें-से एक हैं, यदि वे सर्वोत्तम नहीं हैं तो एक या दो स्थानोंपर मैंने श्वेताम्बर परम्पराका उपयोग किया है, क्योंकि उनकी जानकारी देनेमें महापुराण समर्थ नहीं था या फिर मैं उसमें सामग्री ढूँढ़नेमें समर्थ नहीं हो सका। मैं पाठकोंके प्रति अत्यन्त कृतज्ञ होऊँगा यदि वे अनुपयुक्तताओं और कमियोंको ध्यानमें ला सकें, मैं धन्यवादके साथ उनपर विचार करूँगा।

मोरोजी वाडिया कालेज
पूना
अगस्त १९४०

—पी. एल. वैद्य

विषयानुक्रमणिका

अड़तीसवीं सन्धि : ... १–२३

अजितनाथकी वन्दना (१-२), कविकी सृजनसे उदासी (२-३), सरस्वती और भरत-कविको समझाना, (३), कविका उत्तर, समयकी विपरीततताका उल्लेख, सृजनकी स्वीकृति (४-५), रचनाका उद्देश्य जिनभक्ति (५-६), वत्सदेश और सुसीमा नगरीका वर्णन (६-७), विमलवाहन राजाको विरक्ति और तपस्या, विजयका अनुत्तर विमानमें जन्म (८), इन्द्रके आदेशसे कुबेर द्वारा अयोध्याकी रचना; स्वर्णवृष्टि (९), विजयादेवीका सोलह स्वप्न देखना (१०), स्वप्नफल कथन (११-१२), अजितनाथका जन्म (१२), अजित जिनका जन्माभिषेक (१३), देवों द्वारा जिनकी वन्दना (१४), विवाहका प्रस्ताव (१५), उल्कापात देखकर विरक्ति (१६), लौकान्तिक देवों द्वारा सम्बोधन और स्तुति (१७), दीक्षा ग्रहण करना (१८), देवेन्द्र द्वारा जिनेन्द्रकी स्तुति; समवसरणकी रचना (२०), जिनवर द्वारा तत्त्वकथन (२१), संघका वर्णन (२२)।

उनतालीसवीं सन्धि : ... २४–४०

वत्सावती देशके राजा पुण्डरीकका वर्णन (२४), राजा जयसेनका वर्णन, उसके रतिसेन और धृतसेन पुत्र, रतिसेनकी मृत्यु, पिताका शोक (२५), जितसेन दीक्षा ग्रहण करता है, जयसेन मरकर स्वर्गमें महाबलदेव हुआ, उसके साथ तप करनेवाला सामन्त महाबल भी मरकर सोलहवें स्वर्गमें मणिकेतु हुआ (२६), उनमें तय हुआ कि जो स्वर्गमें रहेगा, वह दूसरेको मर्त्यलोकमें जाकर उपदेश देगा; महाबलकी मृत्यु (२७), महाबलका सगरके रूपमें जन्म, उसका चक्रवर्ती बनना, मणिकेतुदेवका आकर समझाना (२८), देवका अपना परिचय देना, सगरकी अनसुनी करना, मणिकेतुका मुनिके रूपमें आना (२९), सगरका उनसे विरक्तिका कारण पूछना, मणिकेतुका उपदेश; सगरपर कोई प्रतिक्रिया नहीं, देवकी वापसी; सगरके साठ हजार पुत्र (३०-३२), सगरका भरत द्वारा निर्मित मन्दिरोंकी सुरक्षाका आदेश, पुत्रोंका वज्ररत्नसे कैलासके चारों ओर खाई खोदना, पानीका निकलना, खाईके रूपमें गंगाका कैलास पर्वतको घेरना (३३-३४), नागभवनका प्रताड़ित होना, मणिकेतु देवका नागराज बनकर पुत्रोंको भस्म कर देना, भीम और भगीरथका आकर सारा वृत्तान्त राजा सगरको बताना, दण्डी साधुका अवतरण, साधुका उपदेश, उसका वस्तुस्थिति बताना, सगरकी विरक्ति और भगीरथको राजगद्दी मिलना (३४-३७), मणिकेतुका मृत पुत्रोंको जीवित करना, उनका दीक्षा ग्रहण करना, तपस्याका वर्णन, सगरकी निर्वाण-प्राप्ति (३९-४०)।

चालीसवीं सन्धि : ... ४१–५७

सम्भवनाथकी स्तुति (४१-४२), कच्छ देशके क्षेम नगरका वर्णन (४३), राजा विमलवाहन-का तप ग्रहण करना, सुदर्शन विमानमें जन्म (४४), श्रावस्तीमें इक्ष्वाकुवंशका शासन, राजा

दृढ़रथ, रानी सुषेणा, स्वप्न दर्शन (४५), इन्द्रका कुबेरको आदेश, सम्भवनाथका जन्म, रत्न वर्षा (४६), जिनेन्द्र सम्भवनाथका अभिषेक और अलंकरण (४७-५१), सम्भवनाथका तपश्चरण, केवलज्ञानकी प्राप्ति, देवताओं द्वारा स्तुति और समवसरण (५२-५४) गणधरों-की संख्या और मोक्ष (५५-५७)।

इकतालीसवीं सन्धि : ... ५८–७५

अभिनन्दनकी स्तुति (५८-५९), मंगलावती देश, रत्नसंचय नगर, राजा महाबल, रानी लक्ष्मीकान्ता, राजाको विरक्ति और तपश्चरण, अनुत्तरविमानमें जन्म (६०-६१), इन्द्रके आदेशसे कुबेर द्वारा कौशलपुरीकी रचना, स्वप्नकथन, राजा स्वयंवरका भविष्यकथन; अहमेन्द्रका अभिनन्दनके रूपमें जन्म, इन्द्रके द्वारा अभिषेक (६२-६४), अभिषेकमें विशेष देवताओंका आह्वान (६६-६७), अभिनन्दनके यौवनका वर्णन, राज्याभिषेक (६८-६९), विरक्ति, लौकान्तिक देवोंका सम्बोधन, धारणा, केवलज्ञान, देवेन्द्र द्वारा स्तुति, निर्वाण (७०-७५)।

बयालीसवीं सन्धि : ... ७६–८८

सुमतिनाथकी वन्दना (७६-७७), पुण्डरीकिणी नगरीका वर्णन (७७), राजा रतिसेन अपने पुत्र अर्हन्नन्दनको राज्य देकर दीक्षा ग्रहण करता है (७८), अहमेन्द्र स्वर्गमें उत्पन्न होना, इन्द्रका कुबेरको आदेश कि वह जाकर अयोध्यामें भावी तीर्थंकरके जन्मकी व्यवस्था करे, मेघरथकी पत्नी मंगलाका स्वप्न देखना (७९), राजा द्वारा तीर्थंकरके जन्मका भविष्यकथन, कुबेर द्वारा स्वर्णवृष्टि (८०), जिनके जन्मपर देवेन्द्र द्वारा वन्दना (८१), जिनेन्द्रका अभिषेक (८२), सुमतिनाथकी बालक्रीड़ा, राज्याभिषेक, राज्य करते हुए जिनेन्द्रका आत्मचिन्तन (८३), लौकान्तिक देवोंका आगमन और उद्बोधन, दीक्षाग्रहण (८४), केवलज्ञानकी प्राप्ति, देवेन्द्र द्वारा स्तुति (८५), स्तुति जारी (८६), समवसरणकी रचना, उसका वर्णन, गणधरोंका उल्लेख (८७), गणधरोंका उल्लेख, निर्वाण (८८)।

तैंतालीसवीं सन्धि : ... ८९–१०२

पद्मप्रभुकी वन्दना (८९), वत्स देशका वर्णन, सुसीमा नगरी, अपराजित राजा (९०), राजाका आत्मचिन्तन, दीक्षा ग्रहण करना (९१), तपस्याका वर्णन; मृत्युके बाद प्रीतंकर विमानमें जन्म, छह माह शेष रहनेपर इन्द्रके आदेशसे कौशाम्बी नगरीकी रचना और स्वर्णप्रासादकी रचना (९२), रानीका स्वप्नदर्शन (९३), स्वप्नफल कथन, जिनेन्द्रकी उत्पत्तिकी भविष्यवाणी, जिनका गर्भमें आना (९४), जिनका जन्म अभिषेक, बालक्रीड़ा (९५), महाराजकी मृत्यु, पद्मप्रभकी विरक्ति (९६), दीक्षाभिषेक और तपश्चरण (९७), सोमदत्त द्वारा आहारदान, तपश्चरण, केवलज्ञानकी उत्पत्ति, देवों द्वारा स्तुति (९८), स्तुति (९९), समवसरणकी रचना (१००), निर्वाणलाभ (१०१)।

चौवालीसवीं सन्धि : ... १०३–१११

सुपार्श्वनाथकी वन्दना (१०३), कच्छ देशका वर्णन, क्षेमपुरी राजाकी विरक्ति, तपश्चरण, शरीर त्यागकर भद्राभर विमानमें अहमेन्द्र (१०४), छह माह शेष रहनेपर इन्द्रके आदेशसे कुबेर द्वारा काशीकी वाराणसीकी पुनर्रचना, पृथ्वीसेनाका स्वप्नदर्शन (१०५-१०६),

स्वप्नफल कथन, सुपार्श्वका गर्भमें अवतरण (१०७), बालक्रीड़ा, भोगमय जीवन, उल्कापात देखकर विरक्ति (१०८), दीक्षाकल्याण (१०९), देवेन्द्र द्वारा स्तुति (१०९), केवलज्ञानकी उत्पत्ति, जिनका उपदेश (११०), निर्वाणलाभ (१११)।

पैंतालीसवीं सन्धि : ११२-१२४

पद्मनाभ तीर्थंकरका वर्णन (११२-१२४)।

छियालीसवीं सन्धि : १२५-१३७

चन्द्रप्रभ स्वामीका वर्णन (१२५-१३७) तक।

सैंतालीसवीं सन्धि : १३८-१५२

पुष्पदन्तका वर्णन (१३८-१५२)।

अड़तालीसवीं सन्धि : ... १५३-१७२

शीतलनाथका वर्णन (१५३-१७२)।

उनचासवीं सन्धि : ... १७३-१८४

श्रेयांसनाथका वर्णन (१७३-१८४)।

पचासवीं सन्धि : ... १८५-१९५

अश्वग्रीव और त्रिपृष्ठ वासुदेव और बलदेवकी उत्पत्ति (१८५-१९५)।

इक्यानवीं सन्धि : ... १९६-२११

त्रिपृष्ठ द्वारा सिंहमारण और कोटिशिलाका उद्धार (१९५-२११)।

बावनवीं सन्धि : ... २१२-२४१

त्रिपृष्ठकी अश्वग्रीवसे भिड़न्त (२१२-२४१)।

त्रेपनवीं सन्धि : २४२-२५३

वासुपूज्यका वर्णन (२४२-२५३)।

चौवनवीं सन्धि : ... २५४-२७१

त्रिपृष्ठ और तारकके चरित्रका वर्णन (२५४-२७१)।

पचपनवीं सन्धि : ... २७२-२८१

विमलनाथका वर्णन : (२७२-२८१)।

छप्पनवीं सन्धि : २८२-२९१

भीम और स्वयम्भूकी भिड़न्तका वर्णन (२८२-२९१)।

सत्तावनवीं सन्धि : ... २९३-३१७

मन्दर और मेरुकी कथा (२९३-३१७)।

अट्ठावनवीं सन्धि : ... ३१८-३३६

अनन्तनाथके तीर्थकालमें सुप्रभ पुरुषोत्तम और मधुसूदन की कथा (३१८-३३६)।

उनसठवीं सन्धि : ... ३३७-३५७

धर्मनाथका वर्णन, सुदर्शन, पुरुषसिंह, मधुक्रीड़, मघवा, सनत्कुमार (३३७-३५७)।

साठवीं सन्धि : ... ३५८-३८४

शान्तिनाथ भवावलि (३५८-३८४)।

इकसठवीं सन्धि : ३८५-४०५

वज्रायुध चक्रवर्ती (३८५-४०५)।

बासठवीं सन्धि : ... ४०६-४२४

मेघरथका तीर्थंकर गोत्रबन्ध (४०६-४२४)।

त्रेसठवीं सन्धि : ४२५-४३४

शान्तिनाथ निर्वाणगमन (४२५-४३४)।

चौंसठवीं सन्धि : ... ४३५-४४४

कुन्थु चक्रवर्ती और तीर्थंकर (४३५-४४४)।

पैंसठवीं सन्धि : ४४५-४६४

अर तीर्थंकर और परशुराम विभवका वर्णन (४४५-४६४)।

छियासठवीं सन्धि : ... ४६५-४७४

सुभौम चक्रवर्ती-वासुदेव-प्रतिवासुदेव कथान्तर (४६५-४७४)।

सड़सठवीं सन्धि : ... ४७५-४८९

मल्लिनाथ-पद्म चक्रवर्ती-नन्दिमित्र-दत्तबलि-पुराण (४७५-४८९)।

महाकवि पुष्पदन्त विरचित

महापुराण

संधि ३८

बंभहु बंभालयसामियहु ईसहु ईसरवंदहु ॥
अजियहु जियकामहु कामयहु पणविवि परमजिणिंदहु ॥ ध्रुवकं ॥

१

सुहयरुओहं सुहयरुमेहं ।
वीरमघोरं वयविहिघोरं ।
उवसमणिलयं पसमियणिलयं । ५
कंदरवालं कंदरणीलं ।
मंदरसित्तं मंदरसित्तं ।
रामारमणे रामारमणे ।
विणयजणाणं विणयजणाणं ।
जेण कयं तं जे ण कयंतं । १०
आलोयंते आलोयंते ।
भमइ[1] असोहो भवइ[2]जसोहो ।
णाहो ताणं जो भत्ताणं ।

सन्धि ३८

ब्रह्मा (परमात्मा) मोक्षालयके स्वामी, ईश्वरोंके द्वारा वन्दनीय, ईश, जिन्होंने कामको जीत लिया है, जो कामनाओंको पूरा करनेवाले हैं, ऐसे परम जिनेन्द्र अजितनाथको मैं प्रणाम कर।

१

जिन्होंने रोगों (काम-क्रोधादि) के समूहका नाश कर दिया है, जो पुण्यरूपी वृक्षके लिए मेघके समान हैं, जो वीर और सौम्य हैं, जो व्रतोंके आचरणमें कठोर हैं, जो उपशम (शान्तभाव) के घर हैं, जिन्होंने मनुष्योंके विनाशको शान्त कर दिया है, जिनकी ध्वनि (दिव्य ध्वनि) मेघकी ध्वनिके समान है, गुफा ही जिनका घर है, जिनका सुमेर पर्वतपर अभिषेक हुआ है, जिसमें धन और कामका मन्थन है ऐसे स्त्रीरमणमें जिनकी मन्दरसता है, जिन्होंने विनत जनोंके लिए विनयजज्ञान (श्रुतज्ञान) दिया है, जो यमको नहीं देखते, जिनका यश-समूह चन्द्रमाकी किरणोंके समान शोभावाला है, तथा लोकपर्यन्त परिभ्रमण करता है, जो भक्तोंका त्राण करने-

---

१. १. A भवइ । २ A भमइ ।

	जो भयवंतो	जो भयवंसो ।
१५	जमकरणरहं	जमकरणरहं ।
	अण्णाणमहं	सण्णाणमहं ।
	णिद्दारहियं	णिहारहियं ।
	अवसावसणं	आसावसणं ।
	आसासमणं	आसासमणं ।
२०	वररमणीसं	वररमणीसं ।
	णीसंसालं	णीसंसालं ।
	परसमयंतं	परसमयंतं ।
	अहिवंदिययं	सुहमिंदिययं ।
	जेणं ण कहियं	तेलोक्कहियं ।
२५	णिरुवमदेहं	तं वंदे हं ।

घत्ता—पणु पणविवि पंच वि परमगुरु णियजसु तिजगि पयासेवि ॥
घणदुरियपडलणिण्णासयरु अजियहु चरिउ समासेवि ॥१॥

२

मणि जायण किं पि अमणोज्जें	कइवेयदियहइं केण वि कज्जें ।
णिव्विण्णउ थिउ जाम महाकइ	ता सिविणंतरि पत्त सरासइ ।
भणइ भडारी सुहयरुओहं	पणमहु अरुहं सुहयंरुमेहं ।

वाले स्वामी हैं, जो ज्ञानवान् और सात भयोंका नाश करनेवाले हैं, जो रोगादिका विनाश करनेवाले यमों और व्रतोंका अनुष्ठान करनेवाले हैं, जो अज्ञानका नाश करनेवाले ज्ञानको धारण करते हैं, जो निद्रा और कलत्रसे रहित हैं, जो शापसे शून्य और दिशारूपी वस्त्रोंको धारण करते हैं, जो सब ओर त्रैलोक्यरूपी लक्ष्मीसे विलसित हैं, जो आशाके शामक और मुक्तिरूपी रमणीके ईश हैं, जिनको बुद्धि वर देनेवाली है, जो मनुष्योंको प्रशंसासे युक्त हैं, जो संसारका परित्याग कर चुके हैं, जो पर सिद्धान्तोंका अन्त करनेवाले हैं, जो श्रेष्ठ शान्तिसे रमणीय, और नागराजके द्वारा अभिनन्दनीय हैं, जिन्होंने इन्द्रियजन्य सुखको सुख नहीं माना, तथा जो अनुपम और अशरीरी हैं, ऐसे अजितनाथकी मैं वन्दना करता हूँ।

घत्ता—पाँचों परमगुरुओं (पाँच परमेष्ठियों) को प्रणाम कर तथा अपने यशको तीनों लोकोंमें प्रकाशित कर घन पाप पटल के नाशक श्री अजितनाथके चरितका संक्षेपमें कथन करता हूँ।

२

कई दिनों तक किसी कारण, मन में कुछ असुन्दर बात हो जानेसे जब कवि उदासीन था तो उसे सपनेमें सरस्वती प्राप्त हुई। आदरणीया वह कहती हैं—"संसारके रोगसमूहका नाश करनेवाले तथा पुण्यरूपी वृक्षके मेघ श्री अरहन्तको तुम नमस्कार करो।"

---

३. A णिदारहियं । ४. P जेण णं । ५. AP पयासमि । ६. AP समासमि ।

२. १. A कइवयदियहें; P कइवयइ दियहें । २. K णिव्विण्णउ थिउ but gloss निर्विण्णः; P णिव्विण्णु उट्ठिउ । ३. A पणमहु; P पणवहु । ४. A सुहयरमेहं but gloss in K शुभतरुमेघम् ।

इय णिसुणेवि विउद्धेउ कइवरु सयलकलायरु णं छणससहरु ।
दिसउ णिहालइ किं पि ण पेच्छइ जा विम्हियमइ णियघरि अच्छइ । ५
ताम पराइएण णयवंतें मउलियकरयलेण पणवंतें ।
दसदिसिपसरियजसतरुकंदें वरमहमत्तवंसणहयंदें ।
छणससिमंडलसंणिहवयणें णवकुवलयदलदीहरणयणें ।

घत्ता—खलसंकुलि कालि कुसीलमइ विणउ करेप्पिणु संवरिय ॥
वच्चंति वि सुण्णसुसुण्णवहि जेण सरासइ उद्धरिय ॥२॥ १०

३

अइयणदेवियव्वतणुजाएं जयदुंदुहिसरगहिरणिणाएं ।
जिणवरसमयणिहेलणखंभे दुत्थियमित्तें वयगयदंभें ।
मइं उवयारभावु णिव्वहणें विउसविहुरसयभयणिम्महणें ।
तेओहामियपवरकरहें तेण विगव्वें भव्वें भरहें ।
बोल्लाविउ कइ कव्वपिसल्लउ किं तुहुं सग्गउ वप्प गहिल्लउ । ५
किं दीसहि विच्छायउ दुम्मणु गंथकरणि किं ण करहि णियमणु ।

यह सुनकर महाकवि जाग उठा मानो समस्त कलाओंको धारण करनेवाला पूर्णिमाका चन्द्र हो। वह दिशाओंको देखता है, परन्तु वहाँ कुछ भी नहीं देखता, विस्मित बुद्धि तब वह अपने घरमें स्थित था, तब जो न्यायशील है, जिसने दोनों करतल जोड़ रखे हैं, जो प्रणाम कर रहा है, जिसके यशरूपी वृक्षकी जड़ें दसों दिशाओंमें फैल रही हैं, जो श्रेष्ठ महामात्यके वंशरूपी आकाशका चन्द्रमा हैं, जिसका मुख पूर्णिमाके चन्द्रमाके समान है, जिनके नेत्र दीर्घ कुवलयदलके समान हैं, ऐसे आये हुए भरतने—

घत्ता—खलोंसे व्याप्त समयमें विनय करके कुशीलमतिको रोका। जिसके द्वारा आकाशके सूने पथमें जाती हुई सरस्वतीका उद्धार किया गया ॥२॥

३

जो अइयण (एयण या देवीयव्वा) देवीका पुत्र है, जिसका स्वर विजयकी दुंदुभिके स्वरकी तरह गम्भीर है, जो जिनवरके सिद्धांतरूपी भवनका आधार स्तम्भ है, जो दुःस्थित लोगोंका मित्र है, दम्भसे रहित है, मुझमें उपकार भावका निर्वाह करनेवाला है, जो विद्वानोंके संकटों और सैकड़ों भयोंका नाश करनेवाला है, जिसने अपने तेजसे सूर्यके रथको निष्प्रभ कर दिया है, ऐसे उस गर्वरहित भव्य भरतने कहा—"हे काव्य-पण्डित कवि, क्या तुम बेचारे ग्रहगृहीत हो (तुम्हें भूत लग गया है), तुम कान्तिहीन और उदासीन क्यों दिखाई देते हो, ग्रन्थ रचनामें

५. A विबुद्धउ । ६. AP विम्हियमइ । ७. P दसदिसं । ८. AP °णहचंदें । ९. P संवरिउ । १०. A विसण्ण सुसुण्ण° । ११. P उद्धरिउ ।

३. १. A अइयणदेविअंब्ब.; P इयणुदेवियव्व° । २. A वयगयडिभें । ३. AP परउवयार° । ४. A °भार°; P °हार° । ५. A °व्व° ।

किं किउ काइं वि मइं अवराहउ अवरु को वि किं विरसुम्माहउ ।
भणु भणु भणियउं सयलु पडिच्छवि हउं कयँपंजलियरु ओहच्छवि ।

घत्ता—अथिरेण असारें जीविएण किं अप्पउ संमोहहि ॥
तुहुँ सिद्धहि वाणीधेणुयहि णयरसखीरु ण दोहहि ॥३॥

४

तं णिसुणेप्पिणु दरविहसंतें मित्तमुहारविंदु जोयंतें ।
कसणसरीरें दुहुकुरूवें मुद्धएविगब्भसंभूवें ।
कासयगोत्तें केसवपुत्तें कइकुलतिलएं सरसइणिलएं ।
पुप्फयंतकइणा पडिउत्तउ भो भो भरह णिसुणि णिक्खुत्तउ ।
कलिमलमलिणु कालु विवरेरउ णिग्घिणु णिग्गुणु दुण्णयगारउ ।
जो जो दीसइ सो सो दुज्जणु णिप्फलु णीरसु णं सुक्कउ वणु ।
राउ राउ णं संझहि केरउ अत्थि पयट्टइ मणु ण महारउ ।
उव्वेउ जि वित्थरइ णिरारिउ एक्कु वि पउ वि रएँवउ भारिउ ।

घत्ता—दोसेण होउ तं णउ भणमि चोज्जु अवरु मणि थक्कउ ॥
जगु एउ चडावियं चावं जिह तिह गुणेण सह वंकउं ॥४॥

अपना मन क्यों नहीं लगाते ? क्या मुझसे कोई अपराध हो गया है, या कोई दूसरी, उदासीनता उत्पन्न करनेवाली बात हो गयी है। कहो कहो, मैं कहा हुआ सबको स्वीकार करता हूँ। लो, यह हाथ जोड़कर तुम्हारी बात सुननेके लिए मैं बैठा हूँ।

घत्ता—अस्थिर और असार जीवनसे तुम अपनेको सम्मोहित क्यों करते हो, तुम सिद्ध वाणीरूपी धेनुसे नव (नो / नया) रस रूपी दूध क्यों नहीं दुहते ॥३॥

४

यह सुनकर थोड़ा हँसते हुए मित्रका मुखकमल देखते हुए, कृश शरीर और अत्यन्त कुरूप मुग्धादेवीके गर्भसे उत्पन्न कश्यपगोत्री केशवपुत्र, कविकुल तिलक और सरस्वतीके पुत्र पुष्पदन्त कविने प्रत्युत्तर दिया—हे भरत, तुम निश्चितरूपसे सुनो। कलिके मलसे मैला यह समय विपरीत निर्घृण निर्गुण और दुर्नयकारक है, जो-जो दीखता है, वह दुर्जन है, वह निष्फल नीरस है, मानो शुष्कवन हो। (लोगोंका) राग सन्ध्याके रागकी तरह है, मेरा मन किसी अर्थमें प्रवृत्त नहीं होता, अत्यन्त उद्वेग बढ़ रहा है, एक भी पदकी रचना करना भारी जान पड़ रहा है।

घत्ता—दोष होगा इसलिए नहीं कहता, मेरे मनमें दूसरा कुतूहल यह है कि यह विश्व गुणके साथ उसी प्रकार टेढ़ा है जिस तरह डोरी पर चढ़ा हुआ धनुष टेढ़ा होता है ॥४॥

---

६. AP पडिच्छमि। ७. A कयपंजलि अरुहहं अच्छमि। ८. PT ओहच्छमि। ९. AP तुहु।

४. १. A सुट्ठसुरूवें; P सुद्धकुरूवें। २. P कयकुलँ। ३. A omits सरसइणिलएं and reads उत्तमसत्तें in its place; P सरसमँ। ४. P adds after this। उत्तमसत्तें जिणपयभत्तें। ५. A रएंवउ। ६. A णव।

५

जंइ वि तो वि जिणगुणगणु वण्णेवि किह पइं अब्भत्थिउ अवगण्णवि ।
चायभोयभोउग्गमसत्तिइ पइं अणवरयरइयकइमेत्तिइ ।
राउ सालवाहणु वि विसेसिउ पइं णियजसु भुवणयलि पयासिउ ।
कालिदासु जें खंधें णीयउ तहु सिरिहरिसहु तुहुं जगि बीयउ ।
तुहुं कइकामधेणु कइवच्छलु तुहुं कइकप्परुक्खु ढोइयफलु । ५
तुहुं कइसुरवरकीलागिरिवरु तुहुं कइरायहंसमाणससरु ।
मंदु मयालसु मयणुम्मत्तउ लोउ असेसु वि तिट्ठइ भुत्तउ ।
केण वि कव्वपिसल्लउ भण्णउ केण वि थद्धु भणिवि अवगण्णउ ।
णिच्चमेव सब्भावें पउंजिउ पइं पुणु विणउ करिवि हउ रंजिउ ।

घत्ता—धणु तणु समु मज्झु ण तं गहणु णेहु णिकारिमु इच्छेवि ॥ १०
देवीसुय सुहणिहि तेण हउं णिलइ तुहारइ अच्छेवि ॥५॥

६

महुसमयागमि जायहि ललियहि बोल्लइ कोइल अंबयकलियहि ।
काणणि चंचरीउ रुणुरुंटइ कीरु किं ण हरिसेण विसट्टइ ।
मज्झु कइत्तणु जिणपयभत्तिहि पसरइ णउ णियजीवियवित्तिहि ।

५

यद्यपि, तब भी जिनवरके गुणोंका वर्णन करता हूँ। तुमने अभ्यर्थना की है किस प्रकार उपेक्षा करूँ ? तुमने त्याग भोगकी उद्दाम (उद्गम) शक्ति, और निरन्तर की गयी कविकी मित्रता द्वारा, राजा शालिवाहनसे भी विशेषता प्राप्त की है। तुमने अपना यश भुवनतल पर प्रकाशित किया है, जिसने कालिदासको अपने कन्धे पर बैठाया है उस श्रीहर्षसे तुम जगमें द्वितीय हो, तुम कवियोंके लिए कामधेनु और कवि वत्सल हो, तुम कवियोंके लिए फल उपहारमें देनेवाले कल्पवृक्ष हो। तुम कवियोंके लिए (कपियोंके लिए), देवोंके क्रीड़ा-पर्वत (सुमेरु पर्वत) हो। तुम कविराज रूपी हंसके लिए मानसरोवर हो। लोग, मन्द मदालस, कामसे उन्मत्त और तृष्णासे भुक्त हैं। किसीके द्वारा कामपण्डित माना गया, और किसीके द्वारा मूर्ख कहकर मेरी अवहेलना की गयी। लेकिन तुमने हमेशा सद्भावका प्रयोग किया और विनय करके मुझे प्रसन्न रखा।

घत्ता—धन मेरे लिए तिनकेके समान है, मैं उसे नहीं लेता। मैं अकारण स्नेहका भूखा हूँ। हे देवीपुत्र शुभनिधि भरत, इसीलिए मैं तुम्हारे घरमें रहता हूँ ॥५॥

६

वसन्तका समय आने पर सुन्दर हुई आम्रमञ्जरी पर कोयल बोलती है, काननमें भ्रमर रुनझुन करता है, फिर तोता हर्षसे विशिष्ट क्यों नहीं होता, मेरा कवित्व जिनवरके चरणोंकी भक्तिसे प्रसरित होता है, अपनी आजीविकाकी वृत्तिसे नहीं।

५. १. P जय वि । २. A वण्णमि; P वण्णमि । ३. AP अवगण्णमि । ४. AP सालिवाहणु । ५. APT मण्णिउ । ६. A मंदु; P मद्दु; T वंठ जडः । ७. AP सब्भाव । ८. A तिणु । ९. AP इच्छमि । १०. AP अच्छमि ।

विमलगुणाहरणंकियदेहउ पउ भरह णिसुणइ पइं जेहउ ।
कमलगंधु घेप्पइ सारंगें णउ सालूरें णीसारंगें ।
गमणलील जा कय सारंगें सा किं णासिज्जइ सारंगें ।
सज्जणदूसियदूसणवसणें सुकइकित्ति किं हम्मइ पिसुणें ।
कहमि कव्वु वम्महसंघारणु अजियपुराणु भवण्णवतारणु ।

घत्ता—जिणगुणरयणावलिवेयडिल सद्दसुवण्णेसमुज्जलु ॥
आहासइ गणहरु सेणियहु करहु कण्णि कहंकोंडलु ॥६॥

७

सरपंकयरयरत्तविदेहइ जंबूदीवहु पुव्वविदेहइ ।
सीयहि दाहिणेकूलि रवण्णउ वच्छइ णाम देसु वित्थिण्णउ ।
सहलारामहिं गामहिं घोसहिं दहियविरोलणमंथणिघोसहिं ।
पविउलपक्केकलेवकेयारहिं कणिसु चुणंतहिं जंपिरकीरहिं ।
घणकणगुरुभरणमियहिं धण्णहिं हंसहिं णवबंभहरणिसण्णहिं ।
चंपयदेवदारुसाहारहिं कुसुमालीणभमरझंकारहिं ।
णच्चिरमुक्कमोरकेकारहिं पबलबलालवसद्दढेक्कारहिं ।
महिसमेसजुज्झुच्छवमिलियहिं जो सोहइ णंदंतहिं हलियहिं ।

हे भरत, जिसने शरीर पर विमल गुणरूपी आभरण धारण किये हैं ऐसा तुम जैसा व्यक्ति उसे सुनता है, कमलकी गन्ध भ्रमरके द्वारा ग्रहण की जाती है सारहीन भेंढकके द्वारा नहीं। हरिणके द्वारा जो गमनलीला की जाती है, क्या वह धनुषके द्वारा नष्ट की जा सकती है। जिनका स्वभाव सज्जनोंको दूषित करना है ऐसे दुष्टके द्वारा क्या सुकविकी कीर्ति नष्ट की जा सकती है? मैं कामदेवका संहार करनेवाले और संसार रूपी समुद्रसे सन्तरण करनेवाले अजित पुराण काव्यको कहता हूँ।

घत्ता—गौतम गणधर कहते हैं, "हे गौतम, तुम जिनवरके गुणोंकी रत्नावलीसे विजड़ित शब्दरूपी स्वर्णसे समुज्ज्वल यह कथा रूपी कुण्डल अपने कानोंमें धारण करो" ॥६॥

७

जहाँ सरोवरोंके कमलरजसे पक्षियोंके शरीर धूसरित हैं जम्बूद्वीपके ऐसे पूर्व विदेहमें, सीता नदीके दक्षिण तट पर, सुन्दर वत्स नामका विशाल देश है, जो फल सहित उद्यानों, ग्रामों, दही बिलोनेकी मथानियोंके घोषवाले गोकुलों, पके हुए प्रचुर धान्यके खेतों, कण चुगते बोलते हुए शुकों, सघन दानोंसे भरे हुए नये धान्यों, नवकमलों पर बैठे हुए हंसों, चम्पक देवदारु और आम्र वृक्षों, पुष्पोंमें लीन भ्रमरोंकी झंकारों, नृत्य करते हुए मुक्त मयूरोंकी ध्वनियों, प्रबल बलयुक्त बैलोंके ढेक्कार शब्दों तथा भैंसाओं और मेढ़ोंके युद्धोत्सवमें इकट्ठे हुए प्रसन्न हलवाहोंसे शोभित है।

---

६. १. P एह। २. AP घिप्पइ। ३. AP वड्ढियसज्जणदूसण°। ४. P सुकय। ५. AP °सुवण्णु। ६. AP कहकुंडलु।

७. १. उत्तर°; K उत्तर but corrects it to दाहिण°। २. A° पिक्क°। ३. AP° कलम°। ४. AP अण्णहिं; K धण्णहिं and gloss धान्यैः। ५. A °देवदार°। ६. AP कुसुमालीण°। ७. AP णच्चिर-मोरमुक्क°। ८. P °केक्कारहिं। ९. AP महिसहिं मेसहिं जुज्झिवि मिलियहिं। १०. P omits जो। ११. P adds णिरु after णंदंतहिं।

घत्ता—तहिं अत्थि सुसीमा णाम पुरि सरकुवलयछण्णमहासर[12] ॥
णंदणवणसंठियदेवसिरमउडरयणकर[14] सियघर[15] ॥७॥ १०

८

परिहाजलपरिघोलिररसणहिं हिमपंडुरपायारणिवसणहिं ।
विविहदुवारंतरवरवयणहिं गेहगवक्खुग्घाडियणयणहिं ।
धूवधूसधम्मेल्लयकसणहिं तोरणमोत्तियमालादसणहिं ।
लंबियचलचिंधावलिवत्थहिं ठाणमाणलक्खणहिं पसत्थहिं ।
मंदिरकंचणकलसयथणियहि किं वण्णिज्जइ सीमंतिणियहि । ५
जं वण्णहुं मेसइ वि ण सक्कइ सुरवइ फणिवइ अवरु वि सक्कइ ।
अत्थि विमलवाहणु तहिं राणउ जसु विहवेण ण सक्कु समाणउ ।
जसु सोहग्गें वम्महु भज्जइ तेण अणंगत्तणु पडिवज्जइ ।
जसु वइवसुंवसु दंडहु संकइ तेयहु तरणि तवंतु चयक्कइ ।
पडिगयभडथड भड भंजंतहु तासु णरिंदलच्छि भुंजंतहु । १०
जाणियसारासारविवेयउ एक्कहिं दिणि जायउ णिव्वेयउ ।

घत्ता—पुरु परियणु हय गय रह सधय अंतेउरु अवगणिवि ॥
सीहासणछत्तइं चामरइं गउ सयलइं तणु मणिवि ॥८॥

घत्ता—उसमें सुसीमा नामकी नगरी है जिसके सरोवर कमलोंसे आच्छन्न हैं, तथा लक्ष्मीगृह नन्दनवनोंमें बैठे हुए देवोंके सिरोंके मुकुटोंकी किरणोंसे युक्त हैं ॥७॥

८

परिखाके जलोंकी शब्द करनेवाली करधनियों, हिमकी तरह स्वच्छ प्राकार रूपी वस्त्रों, विविध द्वारोंके अन्तररूपी मुखों, घरोंके झरोखों रूपी उघड़े हुए नेत्रों, धूपके धुओं रूपी केशपाशोंसे काले तोरणोंकी मुक्तामालाओंके दाँतों, लम्बे चंचल ध्वजोंकी आवलियोंके वस्त्रों, स्थान और मानके प्रशस्त लक्षणों, मन्दिरोंके स्वर्णकलशोंके स्तनों वाली उस नगरी रूपी सीमंतिनी (नारी)का क्या वर्णन किया जाये, जिसका वर्णन बृहस्पति भी नहीं कर सकता, देवेन्द्र नागराज और दूसरा कोई भी वर्णन नहीं कर सकता। उस नगरीमें विमलवाहन नामका राजा है, इन्द्र भी उसके वैभवके समान नहीं है, जिसके सौभाग्यसे कामदेव भग्न हो जाता है इसीलिए उसके द्वारा अंगहीनत्व धारण किया जाता है, जिसके दण्डसे यमकी सेना डर जाती है, जिसके तेजसे सूर्य चमकता रहता है, शत्रुओंके हाथियों और योद्धाओंके समूहको नष्ट करते हुए तथा राजलक्ष्मीका भोग करते हुए उसे जिसमें सार और असारका विवेक जान लिया गया है, ऐसा वैराग्य एक दिन हो गया।

घत्ता—पुर परिजन अश्व गज ध्वज सहित रथ और अन्तःपुरकी उपेक्षाकर, तथा समस्त सिंहासनों छत्रों-चामरोंको तिनकेके बराबर समझकर चला गया ॥८॥

---

१२. P महासरि। १३. P °वणमंडिय° कसणहि। १४. AP °देवसिरि मउड°। १५. P सियघरि।
८. १. P घूव°। २. AP °धम्मेल्लहि। ३. P रायमाण°। ४. A जसु विहवें सक्कु वि ण समाणउ। ५. PT वइवसुपसु। ६. A चमक्कइ; P चमुक्कइ। ७. P °घडथड°। ८. A सिंहासण°; P सिंघासण। ९. AP सयलु वि तिणु।

९

गुरुचरणारविंदु सेवेप्पिणु जायउ परमभिक्खु तउ लेप्पिणु ।
वीयरायवयणेण विणायउ[1] पालइ पंचमहव्वयमायउ[2] ।
अप्पाणउं तिहिं गुत्तिहिं भावेइ[3] णीरसु जेंवइ[4] णिसिहि ण सोवइ ।
वेज्जावच्चु करइ मुणिणाहहं[5] बालहं वुड्ढहं रुयहयदेहहं[6] ।
धम्मु अहिंसालक्खणु अक्खइ मित्तु वि सत्तु वि समु[7] जि णिरिक्खइ ।
आगच्छंतुवसग्गु समिच्छइ लंघियकरु उब्भुंभउ[8] अच्छइ ।
दंसमसय सुडसंत ण साडेइ[9] सप्पु वि लग्गु देहि णउ फेडइ ।
दंसणसुद्धिविणउ आराहइ सहइ परीसह इंदिय साहइ ।
विकहउ ण कहइ ण रुसइ ण हसइ भीसणि णिज्जणि काणणि णिरसइ ।
णाणु णिरंतरु तेणब्भसियउ कम्मु अहम्मकारि संपुसियउ[10] ।
एम घोरु तवचरणु चरेप्पिणु तित्थयरत्तु णाउं बंधेप्पिणु ।

घत्ता—तेलोक्कचक्कसंखोहणइं सुहकम्माइं समज्जिवि ॥
मुउ हुंतिल्लउ णिच्चलचित्तिहिं करिवि चित्तु समत्ति णिउंजिवि ॥९॥

१०

तेत्तीसंबुहिआउपमाणइ[1] पंचाणुत्तरविजयविमाणइ[2] ।
किं वण्णवि पुण्णेणुप्पण्णउ[3] हत्थमेत्ततणु ससहरवण्णउ[4] ।

९

गुरुके चरण-कमलोंकी सेवा कर वह तप ग्रहण कर परम भिक्षु हो गया। वह वीतरागके वचनोंसे ज्ञात, पाँच महाव्रतोंकी पाँच-पाँच भावनाओंका पालन करता है, वह स्वयंको तीन गुप्तियोंसे भावित करता है, नीरस भोजन करता है, रातमें नहीं सोता है। रोगसे जिनका शरीर आहत है ऐसे बाल और वृद्ध मुनिस्वामियोंकी वेयावृत्य (सेवा) करता है, अहिंसा लक्षणवाले धर्मकी व्याख्या करता है, जो मित्र और शत्रुको समानरूपसे देखता है, आते हुए उपसर्गको सहन करता है, हाथ ऊपर कर खड्गासनमें स्थित रहता है। काटते हुए डाँस और मच्छरोंको नहीं भगाता, शरीर पर लगे हुए साँपको भी नहीं हटाता, दर्शनविशुद्धि और विनयकी आराधना करता है, परीषहोंको सहन करता है, और इन्द्रियोंको सिद्ध करता है, विकथा नहीं कहता, न क्रोध करता है और न हँसता है, भीषण और निर्जन काननमें निवास करता है। इस प्रकार उसने निरन्तर ज्ञानका अभ्यास किया, और अधर्म करने वाले कर्मका नाश कर दिया इस प्रकार घोर तपश्चरण कर तीर्थंकर प्रकृतिका बंधकर।

घत्ता—त्रिलोकचक्रको क्षुब्ध करनेवाले शुभ कर्मोंका अर्जनकर, अनशन विधिकर और चित्तको सम्यक्त्वमें नियोजित कर वह मृत्युको प्राप्त हुए ॥९॥

१०

तैंतीस सागर आयु प्रमाणवाले पाँचवें विजयनामक अनुत्तर विमानमें वह उत्पन्न हुए। पुण्यसे उत्पन्न उनका क्या वर्णन करूँ! उनका एक हाथ प्रमाण शरीर चन्द्रमाके रंगका प्रतिकार-

९. १. P विणायउ । २. A गोवइ । ३. AP जेमइ । ४. AP विज्जावच्चु । ५. AP समु । ६. P उब्भाभउ । ७. AP झाडइ । ८. A विकहउ कहइ ण हसइ ण रुसइ । ९. AP अणसणं ।

१०. १. A तेत्तीसंबुहि । २. AP पंचाणुत्तरि । ३. AP वण्णमि । ४. A पुण्णेण पडण्णउ; P पुण्णेण पलण्णउ । ५. AP हत्थमेत्त तणु ।

णिप्पडियारउ णिरहंकारउ भूसणहरु अहमिंदभडारउ ।
णियवासहु वासंतरु ण सरइ उत्तरवेउव्विउ वउ ण करइ ।
सीहासणि सुणिसण्णउ अच्छइ ओहिइ तिजगणाडि संपेच्छइ । ५
लेइ मणेण भक्खु छुह णासहि सो तेत्तीसहिं वरिससहासहिं ।
णिग्गयदइयधवणणिहदुक्खहिं णीससेइ तेत्तियहिं जि पक्खहिं ।
छम्मासावसु वट्टइ अइयहु सोहम्मिदें जाणिउ तइयहु ।
सो अहमिंदु मरहिउ आवेसइ जियसत्तहि घरि जिणवरु होसइ ।
इम चिंतेवि भणिउ जक्खाहिउ धरणीगयणिहाणलक्खाहिउ । १०
जंबूदीवभरहेउज्झाउरि धणय कणयमयणिलयेण लहु करि ।

घत्ता—ता णयरि कुबेरें णिम्मविय कंचणभवणविसेसहिं ॥
सरिसरवरउववणजिणहरहिं पहचच्चरविण्णासहिं ॥१०॥

११

आयेउ देविउ इंदाएसें पुरवरु माणवमाणिणिवेसें ।
सिरिहिरिदिहिमइकंतीकित्तिउ विजयादेविहि सेव करंतिउ ।
तणुसंसोहणगुणसंजोयहिं थक्कउ णाणाविहिहिं विणोयहिं ।
गब्भि ण थंतेहु अमरवरिट्ठउ वसुधारहिं वइसवणु वरिट्ठउ ।

से रहित और निरहंकार, भूषण धारण करनेवाला आदरणीय अहमेन्द्र। वह अपने निवासविमानसे दूसरे विमानमें नहीं जाता। उसका शरीर प्रतिशरीर उत्पन्न नहीं करता। वह अपने सिंहासन-पर स्थित रहता। अवधिज्ञानसे वह तीनों लोकोंकी नाड़ीको देखता, वह भूख नष्ट करनेके लिए तैंतीस हजार वर्षमें मनसे आहार ग्रहण करता और धमनीके समान दुःखसे रहित तैंतीस पक्षमें एक बार श्वास लेता। जब उसकी छह माह आयु शेष रह जाती है तब सौधर्म स्वर्गके इन्द्रके द्वारा जान ली गयी। वह अहमेन्द्रराज आयेगा और जितशत्रुके घर जिनवर होगा। यह विचार-कर (इन्द्रने) धरतीपर स्थित लाखों निधानोंके स्वामी कुबेरसे कहा, 'हे धनद, जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रकी अयोध्यानगरीमें स्वर्णमय प्रासादका निर्माण करो।'

घत्ता—तब कुबेरने नगरीका विशेष कंचन भवनों, नदियों, सरोवरों, उपवनों, जिनघरों, पथों और चत्वरोंकी रचनाओंसे निर्माण कर दिया ॥१०॥

११

इन्द्रके आदेशसे मानवोंकी मानवियोंके वेश देवियाँ नगरवरमें आयीं। श्री, ह्री, धृति, कान्ति, कीर्ति और विजयदेवी सेवा करने लगीं। शरीरके संशोधनों और गुणोंके उत्पादनों और नाना प्रकारके विनोदोंके साथ वे स्थित हो गयीं। उनके गर्भमें स्थित नहीं होते हुए भी अमर श्रेष्ठ

---

६. AP अहमिंदु । ७. P भिक्खु । ८. A तेतीसहिं । ९. P °दयिधवण° । १०. P adds वि after णीससेइ । ११. A P वट्टइ । १२ A P सो लहु अमराहिउ । १३. A P आएसइ । १४. A जंबूदीवे भरहे उज्झा°; P जंबूभरहवीउ उज्झा° । १५. P °णिलयहु लहु । १६. P °जिणहरउववणेहिं । १७. A अहरमणीयपएसहिं ।

११. १. P आइउ । २. P °संजोयहिं । ३. P णाणविहिहिं । ४. A गब्भेच्छंतहु; P गब्भि ण छंडउ ।

सुहदंसणि णियमणि संतुट्ठउ जा छम्मासहिं ता परिवट्ठउ ।
पल्हत्थंतु णिहाणइं दिट्ठउ ।
णरवइँपंगणि दविणु ण माइउं सयलहं दीणाणाहहं ढोइउं ।
पवरिक्खाउवंससंभूयहु वम्महरूवपरज्जियरूवहु ।
विजयदेवि णं चंदहु रोहिणि जियसत्तुहि णरणाहहु गेहिणि ।
णहिणवसयदलकोमलगत्ती हंसवण्णि पल्लंकि पसुत्ती ।

घत्ता—परमेसरि णिसि पच्छिमपहरि एक्केक्कउ जि समिच्छइ ॥
णिद्दालसवस मउलियणयण सोलह सिविणय पेच्छइ ॥११॥

१२

मउल्लगंडं पमत्तं पयंडं ।
गिरिंदप्पमाणं गयं गज्जमाणं ।
धरित्ती खणंतं दिसं हेक्करंतं ।
हयारिंदपक्खं हरिं लिक्खणक्खं ।
करिंदाहिसित्तं सिरिं पोमवत्तं ।
सयामोयधामं णवं पुप्फदामं ।
सुहं सेयभाणुं दिसुब्भासिभाणुं ।
सिणिद्धं समाणं दहे कीलमाणं ।
रईलीलयाणं जुयं मीणयाणं ।
वरं वारिपुण्णं सियंभोयछण्णं ।

कुबेर धनकी धाराओंमें बरस गया। शुभदर्शनसे अपने मनमें सन्तुष्ट जब छह माह हो गये, तब वह परितुष्ट हो गया। निधान फेंकता हुआ दिखाई दिया। राजाके आँगनमें धन नहीं समाया, समस्त धन दीनों और अनाथोंके लिए दे दिया गया। महान् इक्ष्वाकु कुलमें उत्पन्न कामदेवके रूपको अपने रूपसे पराजित करनेवाले राजा जितशत्रुकी गृहिणी विजयादेवी उसी प्रकार थी जिस प्रकार चन्द्रमाकी रोहिणी, जो अभिनव शतदलके समान कोमल शरीरवाली थी। हंसके रंगकी वह पलंगपर सो रही थी।

घत्ता—रातके अन्तिम प्रहरमें नींदसे अलसायी आँखें बन्द किये हुए वह परमेश्वरी सोलह सपने देखती है और एक-एककी समीक्षा करती है ॥११॥

१२

मदसे गीले गण्डस्थलवाला प्रमत्त प्रचण्ड पहाड़ जैसा गरजता हुआ महागज, धरती खोदता हुआ, तथा फेंकार करता हुआ वृषभ, शत्रुपक्षको नष्ट करनेवाला, तीखे नखोंवाला सिंह, गजेन्द्रोंके द्वारा अभिषिक्त कमलपत्रोंवाली लक्ष्मी, सदैव आमोद प्रदान करनेवाली नव पुष्पमाला, शुभ्र चन्द्र, दिशाओंको उद्भासित करनेवाला सूर्य, सरोवरमें क्रीड़ा करता हुआ रति-क्रीड़ासे युक्त मत्स्योंका स्निग्ध जोड़ा, जलसे भरित और श्वेत कमलोंसे आच्छादित घड़ोंकी शोभा

५. A परिवुट्ठउ but corrects it to परितुट्ठउ; P परिवुट्ठउ; T परिवट्ठउ । ६. A P add after this : घणु जिह पुणु वरिसंतु अणिट्ठउ । ७. K °प्रंगणि । ८. A सविणय; P सिविणइ ।
१२. १. P पोम्मवत्तं ।

रमारामरम्मं घडाणं च जुम्मं ।
लयापत्तणीलं विबुद्धारणालं ।
मरालालिरोलं सरं सारसालं ।
जलुल्लोलमालं महामच्छवालं ।
गहीरं रवालं समुद्दं विसालं । १५
पहारिद्धिरूढं मइंदुट्ठपीढं ।
णहे धावमाणं सुराणं विमाणं ।
धरारंधणित्तं पसत्थं पवित्तं ।
जसेणुण्णयाणं घरं पण्णयाणं ।
गयासामऊहं मणीणं समूहं । २०
सिहालीचलंतं हुयासं जलंतं ।

घत्ता—इय सिविणयपंति मणोहरिय जोइवि सीलविसुद्धइ ॥
सुविहाणइ रायहु पज्जरिय सुत्तविबुद्धइ सुद्धइ ॥१२॥

१३

पहुणा विहसिवि गुणगणवंतहि सिविणयफलु विण्णासिउ कंतहि ।
होही तुह सुउ जियवम्मीसरु तिहुयणगुरु तिण्णाणजोईसरु ।
एयु विमलवाहणअहमिंदहु आउ पउण्णउ बुहयणचंदहु ।
कुंजरवेसें णिवरामाणणि झत्ति पइट्ठउ णं दिणयरु घणि ।
गब्भि परिट्ठिउ जिणु जगमंगलु वड्ढिउ घरि सुरसंथुयकलयलु । ५

समूहसे युक्त जोड़ा, लतापत्रोंसे हरा, खिले हुए कमलोंसे युक्त, सारसोंका घर सरोवर, उछलती हुई, जलतरंगोंसे सहित महामत्स्योंका पालक शब्दमय विमल शरीर समुद्र, प्रभाके वैभवसे भरपूर सिंहासनपीठ, आकाशमें दौड़ता हुआ देवताओंका विमान, धरतीके बिलसे निकलता हुआ पवित्र प्रशस्त तथा यशसे उन्नत नागोंका समूह, दिशाओंमें फैली हुई किरणोंवाला मणिसमूह, तथा ज्वालाओंमें जलती हुई आग ।

घत्ता—इस प्रकार स्वप्नावली देखकर, शीलसे विशुद्ध सुन्दर मुग्धा विजयादेवी सवेरे सोकर उठी । उसने राजासे कहा । ॥१२॥

१३

राजाने हँसकर गुणगणसे युक्त कान्ताको स्वप्नोंका फल बताया—"तुम्हारा कामदेवको जीतनेवाला त्रिभुवनका गुरु तीन ज्ञानोंका धारक योगीश्वर पुत्र होगा ।" बुधजनोंके चन्द्र उस विमलवाहन अहमेन्द्रकी आयु पूर्ण हो गयी । वह शीघ्र गजरूपमें रानीके मुखमें इस प्रकार प्रवेश कर गया मानो सूर्यने बादलोंमें प्रवेश किया हो । विश्वका कल्याण करनेवाले जिन गर्भमें आये

२. A P विबुद्धा° । ३. P °णेत्तं । ४. A सिहालीपलित्तं; P सिहालीवलसं, but T सिहालोचलंतं । ५. P °विउद्धइ ।

१३. १. A P add after this : जेट्ठहु मासहु पक्खि धवलदणि (P पक्खियचंदिणि), मायसदिणि ससहरि णियरोहिणि । २. A P णिव° ।

णच्चिउ णवरमालु तियसेसरु अहिणंदिउ जियसत्तु णरेसरु ।
तासु घरंगणि वण्णविचित्तइं रयणइं पुणु णवमास णिहित्तइं ।
धणयाएसें जक्खकुमारिहिं घोसियसुमहुरसाहुक्कारिहिं ।
कामकोहमयमोहविहंजणि णिव्वुइ रिसहजिणिंदि णिरंजणि ।
जलणिहिसमहं कालपरिवाडिहिं जा पण्णासलक्खु गय कोडिहिं ।

घत्ता—ता माहमाससियदसमिदिणि बीयउ सिवपयगामिउ ॥
तित्थंकरु णाणत्तयसहिउ उप्पण्णउ जगसामिउ ॥१३॥

१४

उप्पण्णइ जिणि आऊरिय धर कहिं वि समुग्गय जयघंटारव ।
कहिं वि मइंदणिणाय सुभइरव कहिं वि समुग्गय जयघंटारव ।
आसणकंपें विम्हावियमइ कंपिउ अहिवइ महिवइ सुरवइ ।
दंतग्गकमलसरणच्चियसुरवरि मयजलमिलियघुलियबहुमहुयरि ।
सयमहु मुणिमहसयणिव्वूढउ अइरावणि वारणि आरूढउ ।
भंभाभूरिभेरिसंघायहिं वज्जंतहिं वाइत्तेणिणायहिं ।
जिणकमकमलजुयलसंगयमणु सवहु सवाहणु सधउ सपहरणु ।
सोमभीमभूसाभाभासुर चलिय हरि सरसरसिर सुरासुर ।
कोसलणयरि झड त्ति पराइय परियंचेवि तिवार घरु आइय ।

और घरमें देवताओंकी स्तुतिका कल-कल शब्द होने लगा। इन्द्रने अत्यन्त मधुर नृत्य किया, उसने राजा जितशत्रुका अभिनन्दन किया। नौ माह तक उसके घरमें रत्नोंकी वर्षा होती रही। जिन्होंने साधुकारकी घोषणा की है ऐसी यक्ष-कुमारियोंने रंगबिरंगे रत्नोंकी वर्षा कुबेरके आदेशसे की। काम, क्रोध, मद और मोहका नाश करनेवाले ऋषभ जिनेन्द्रके निर्वाणको प्राप्त होनेके बाद, पाँच लाख करोड़ वर्ष बीत जाने पर—

घत्ता—माघ माहके शुक्लपक्षकी दसमीके दिन शिवपदगामी तीन ज्ञानके धारी विश्वके स्वामी द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथका जन्म हुआ ॥१३॥

१४

अजितनाथ जिनके उत्पन्न होनेपर धरती आपूरित हो उठी। कहींपर जय-जय और घण्टोंके शब्द होने लगे, कहीं भयंकर सिंहनाद शब्द हो रहा था, कहीं जयघण्टारव उठा, आसनके कम्पायमान होनेसे जिसकी बुद्धि विस्मित है ऐसे नागराज, पृथ्वीराज और देवराज काँप उठे, जिसके दाँतोंपर स्थित सरोवरके कमलपर देववर नृत्य कर रहे हैं, जिसके मदजलसे आकृष्ट होकर अनेक भ्रमर गुनगुना रहे हैं, ऐसे ऐरावत महागजपर, तीर्थंकरोंके अभिषेकका निर्वाह करनेवाला इन्द्र आरूढ़ हो गया। भम्भा और प्रचुर भेरियोंके समूहों, बजते हुए वाद्योंके निनादोंके साथ, जिनवरके चरणकमल युगलमें संगतमन अपनी वधू, वाहन, ध्वज और अस्त्रोंके साथ, सौम्य विशाल भूषाकी आभासे भास्वर, प्रेमसे शब्द करते हुए इन्द्र, सुर और असुर चले। वे शीघ्र ही अयोध्या नगरी पहुँचे, तीन परिअर्चनाएँ कर वे घरमें आये।

---

३. A °कुमारहिं। ४. A °साहुक्कारहिं। ५. A °लक्ख। ६. A °मासि। ७. A सिवपुरं°। ८. A तित्थंकर।

१४. १. A P कहिं मि। २. A विभाविय°। ३. P भंभाभेरिपडहं°। ४. P वायत्तं°।

घत्ता—पणवेप्पिणु पियरइं आयरेण सहसा चित्ति वियप्पिउ ॥ १०
जिणमायहि मायइ सुरवरहिं मायाबालु समप्पिउ ॥१४॥

१५

जगगुरु लेवि देव गय तेत्तहि सुरगिरिपंडुसिलायलु जेत्तहि ।
तहिं सीहासणि णिहिउ भडारउ मयणबाणसंतापणिवारउ ।
इंदजलणजमणेरियवरुणहं पवणधणयभवससिखरकिरणहं ।
आवाहणु करेवि पोमाइवि जण्णभाउ सब्भावें ढोइवि ।
अमरपंति अविचुट्ट करेप्पिणु णीरु खीरमयरहरि भरेप्पिणु । ५
किसलयलण्ण कलस उच्चाइवि मंतु पणवसाहा संजोइवि ।
देविंदहिं जिणिंदु अहिसिंचिउ कुवलयकमलकयंबहिं अंचिउ ।
देवंगइं वत्थइं परिहाविउ देउ दिव्वगंधेहिं विलेविउ ।
भूसिउ भूसणेहिं साणंदें णामकरणु विरइउ देविंदें ।
घत्ता—जाएण जेण जसु बंधुयणु कीलासु वि अविसंकिउ ॥ १०
अहिरंतरंगवइरिहिं ण जिउ अजिउ तेण सो कोक्किउ ॥१५॥

१६

णमो जिणा कयंतपासणासणा णमो विसुद्ध बुद्ध सिद्धसासणा ।
णमो कसायसोयरोयवज्जिया णमो फणिंदचंदविंदपुज्जिया ।

घत्ता—माता-पिताको आदरसे प्रणाम कर सहसा देवेन्द्रने अपने मनमें विचार किया और मायासे निर्मित कृत्रिम बालक जिनवरको माताको दे दिया ॥१४॥

१५

विश्वगुरुको लेकर देवता वहाँ गये, जहाँ सुमेरु पर्वतपर पाण्डुक शिला थी, वहाँ कामदेवके बाणोंका सन्ताप दूर करनेवाले भट्टारक जिनवरको रख दिया। इन्द्र, अग्नि, यम, नैऋत्य, वरुण, पवन, धनद, शंकर, चन्द्र और सूर्यका आह्वान कर संस्तुति की और सद्भावसे यज्ञ पूरा कर अविच्छिन्न देवपंक्ति निर्मित कर, क्षीरसागरसे जल भरकर, किसलयोंसे आच्छादित कलशोंको ऊपर कर, 'ओम् स्वाहा' कहकर, नीलकमलोंसे युक्त जलसे देवेन्द्रोंने जिनेन्द्रदेवका अभिषेक किया तथा उन्हें दिव्य वस्त्र पहनाये। दिव्य गन्धोंसे लेप किया, देवेन्द्रने आनन्दपूर्वक अलंकारोंसे उन्हें भूषित किया, तथा उनका नामकरण संस्कार किया।

घत्ता—जिसके उत्पन्न होनेसे जिसके बन्धुजन क्रीड़ाओंमें शंकाविहीन हो उठे, और जो बहिरंग तथा अन्तरंग शत्रुओंसे नहीं जीते जा सके, इसलिए उन्हें 'अजित' कहकर पुकारा गया ॥१५॥

१६

यमके पाशको काटनेवाले हे जिन आपको नमस्कार हो, हे सिद्धबुद्ध और सिद्धशासन आपको नमस्कार हो, कषाय समूह और रोगसे रहित आपको नमस्कार हो; नागेशों चन्द्रोंके समूहसे

---

५. P वियप्पियउ । ६. P समप्पियउ ।
१५. १. A P सिंहासणि । २. A °संताव° । ३. P अविरुद्धउ । ४. P खीरु । ५. A देव ।
१६. १. A P विसुद्धबुद्धिसिद्धसासणा । २. A P फणिंदइंदचंदपुज्जिया ।

णमो अदीणकामबाणवारणा णमो महाभवंबुरासितारणा ।
णमो विसालमोहजालछिंदणा णमो जियारिरायरायणंदणा ।
णमो णिहित्तसुण्णवाइवासणा णमो अणेयभेयभावभासणा ।
णमो गयालसालसीलभूसणा णमो पसण्ण दिण्णरोसदूसणा ।
णमो विमुक्कदिव्वघोसणीसणा णमो रिसी तवोविहीपयासणा ।
णमो अणंतसंतसम्मभावणा णमोरहंत मोक्खमग्गदावणा ।

घत्ता—इय वंदिवि अमराणंदियहि णंदणवणसुच्छायहि ॥
आणेप्पिणु उज्झहि परमजिणु इंदें अप्पिउ मायहि ॥१६॥

१७

कालें जंतें जायउ पोढउ जयवइ णवजोव्वणि आरूढउ ।
का वि णारि आलिंगणु मग्गइ क वि कामाउर पायहि लग्गइ ।
का वि कुमारि भणइ मइं परिणहि विरहु भडारा किं तुहुं ण मुणहि ।
एक्कसु देहि दिट्ठि सुहगारी जा जीवमि ता दासि तुहारी ।
इय णारीयणु होंतु रसिल्लउ कामासत्तउ कामगहिल्लउ ।
रक्खहि देवदेव णियसंगें मारिज्जंतु वराउ अणंगें ।
पिउणा सुरवइणा घरु गंपिणु पत्थिउ जिणकुमारु पणवेप्पिणु ।

पूज्य आपको नमस्कार हो, अदीन काम बाणोंका ध्वंस करनेवाले आपको नमस्कार हो, हे निर्भय आपको नमस्कार, महासंसाररूपी समुद्रसे तरनेवाले आपको नमस्कार, विशाल मोहरूपी जालका छेदन करनेवाले आपको नमस्कार, जितशत्रुके पुत्र आपको नमस्कार; शून्यवादी विचार-धाराको समाप्त करनेवाले आपको नमस्कार, अनेक भेदों और भावोंका कथन करनेवाले आपको नमस्कार, आलस्यसे रहित, और शीलसे भूषित आपको नमस्कार, प्रसन्न और क्रोधरूपी दूषणको दूर करनेवाले आपको नमस्कार, दिव्यध्वनिका शब्द करनेवाले आपको नमस्कार, तपकी विधिके प्रकाशक आपको नमस्कार, अनन्त शान्त और समभाववाले आपको नमस्कार; मोक्षमार्गके अर्हन्त आपको नमस्कार।

घत्ता—इस प्रकार वन्दनाकर, इन्द्रने, नन्दनवनके समान शोभा धारण करनेवाली अयोध्यामें आकर जिनेन्द्रदेवको उनकी माताके लिए अर्पित कर दिया ॥१६॥

१७

समय बीतनेपर वे प्रौढ़ हो गये। विश्वपति अजितनाथ नवयौवनमें स्थित हो गये। कोई नारी आलिंगन माँगती है, कोई कामातुर होकर पैरोंसे लगती है, कोई कुमारी कहती है कि "मुझसे विवाह करो। हे आदरणीय क्या आप विरहको नहीं समझते। एक सौभाग्यशाली दृष्टि दीजिए, मैं जीवित नहीं रहूँगी, तुम्हारी दासी हूँ। इस प्रकार रसमय कामसे आसक्त और कामसे गृहीत होते हुए, कामदेवसे मारे जाते हुए नारीजनकी हे देवदेव अपने संगसे रक्षा कीजिए" इस प्रकार पिता और इन्द्रने घर जाकर जिनकुमार अजितको प्रणामकर निवेदन किया। किसी

३. A P °दिण्णदोस । ४. A P °संतसोमभावणा । ५. A णमो अरहंत ।

१७. १. A एक्क सुदिट्ठि देहि मुहागारी; P एक्क सदिट्ठि देहि सुहगारी । २. A P add after this; कुमरत्तें (P कुमरत्ति) पुणु कालु सुहासिउ, पुव्व अट्ठदहलक्ख पणासिउ ।

कह व कह व मइंद[3] इच्छाविउ कण्णासहसहिं पंहु परिणाविउ ।
सुसिरु तंति घणु पुक्खरु वज्जइ जहिं तुंबुरुणा सुसरउ गिज्जइ ।
जहिं उव्वसिरंभहिं णच्चिज्जइ अणवेमरसविसेसु संचिज्जइ । १०

घत्ता—जहिं मंगलदव्वविहत्थियहिं उरघोलिरहारमणिहिं ॥
आवंतिहिं जंतिहिं सुललियहिं छेउ णत्थि सुररमणिहिं ॥१७॥

१८

जहिं उवमाणउ किं पि ण विज्जइ तं उच्छउ मइं किं वण्णिज्जइ ।
सव्वतित्थपरिपुण्णहिं कलसहिं मुणिवयणहिं णं वियलियकलुसहिं ।
खीरतुसारतारणित्तारहिं जित्तेविलासिणिमोत्तियहारहिं ।
कोमलकिसलयछाइयवत्तहिं विसहरसुरणरखयरुक्खित्तहिं ।
मंगलघोसविलासविसेसहिं तियसिंदहिं मिलेवि पुहईसहिं । ५
किउ रज्जाहिसेउ सिरिसेवहु बद्धु णिलाडि पट्टु तहु देवहु ।
महि भुंजंतहु पीणियभव्वहु एक्कुणवीसें लक्ख गय पुव्वहं ।
एक्कहिं दिणि णरणियरणिरंतरि अच्छंतें अत्थाणब्भंतरि ।
वसुवइवसुमइकंताकंतें रयणिहि गयणभाउ जोयंतें ।

प्रकार बलपूर्वक इच्छा उत्पन्न करके प्रभुका एक हजार कन्याओंसे विवाह कर दिया गया। जहाँ सुषिर, तन्त्री, घन और पुष्कर वाद्य बजाये जाते हैं और तुम्बिरके द्वारा सुसरस गान किया जाता है, जहाँ उर्वशी और रम्भाके द्वारा नृत्य किया जाता है। इस प्रकार बिना नौवें रस (शान्त) के बिना रस विशेष संचित किया जाता है।

घत्ता—जहाँ, जिनके हाथमें मंगल द्रव्य हैं और वक्षपर हारमणि हिलडुल रहे हैं ऐसी आती जाती हुई सुन्दर सुर रमणियोंका अन्त नहीं है ॥१७॥

१८

जिसका कोई भी उपमान नहीं दिया जा सकता, ऐसे उस उत्सवका मेरे द्वारा क्या वर्णन किया जा सकता है ? मुनि वचनोंके समान कालुष्य (पाप—कलुषता) से रहित, क्षीरकी तरह हिमकणोंसे निरन्तर भरपूर, विलासिनियोंके मोतियोंके हारको जीतनेवाले, कोमल किसलयवाले, पत्तोंसे आच्छादित, नागों, देवों और मनुष्यों एवं विद्याधरोंके द्वारा उठाये गये, सब तीर्थोंसे परिपूर्ण कलशोंसे, मंगलघोषों और विलासोंसे विशिष्ट, देवों देवेन्द्रों और पृथ्वीशोंने, लक्ष्मीके द्वारा सेवित देवका राज्याभिषेक किया और उनके ललाटपर पट्ट बाँध दिया। भव्योंको प्रसन्न करनेवाले और धरतीका भोग करनेवाले उन्नीस लाख पूर्व समय बीत गया। एक दिन मनुष्य-समूहसे भरपूर दरबारके मध्य बैठे हुए धरती और लक्ष्मीके स्वामी रात्रिमें आकाश मार्गमें देखते हुए

---

३. A मंइद; P मइइ । ४. P सहु । ५. A P अणुवम°; T अणुवम° but the meaning given is शान्तरसरहितः ।

१८. १. A P णं मुणि° । २. P जिणिवि विला° । ३. A कमलकिसलयच्छाइय°; P कमलहिं किसलयछाइय° । ४. A सुरसेवहु; K भूयसेवहु । ५. A एक्कुणलक्खवीस गय; P तयपंचास लक्ख गय । ६. P अक्कउ आ प्रत्याण° ।

१० घत्ता—तो सेण दीह ससहरधवल उक्क पडंती दिट्ठिय ॥
णं णहसिरिकंठहु परियलिय चलमुत्ताहलकंठिय ॥१८॥

१९

पेच्छंतहु सा तहिं जि विलीणी ईसमणीस समासमलीणी ।
गयणुम्मुक्क उक्क गय जेहा अथिर णरेसरसंपय तेहा ।
लग्गमि णिरवज्जहि मुणिविज्जहि पभणइ सामि जामि पावज्जहि ।
छणि छणि जडयणु किं हरिसिज्जहि आउ वरिसवरिसेण जि खिज्जइ ।
जीय भणंतहं विहसइ तूसइ मरु पभणंतहं रुंजइ रूसइ ।
ण सहइ मरणह केरउ णामउं वि पहरणु धरइ फुरइ णित्थामउ वि ।
कालि महाकालिहिं घरु ढुक्कइ मज्जु मासु ढोवंतु ण थक्कइ ।
जोइणीहिं को किर रक्खिज्जइ पीडिवि मोडिवि कालें खज्जइ ।
खयकालहु रक्खंति ण किंकर मय मायंग तुरंगम रहवर ।
खयकालहु रक्खंति ण केसव चक्कवट्टि विज्जाहर सासव ।
होइ विसूई सप्पें घेप्पइ दाढिविसाणिमिगहिं दारिज्जइ ।
जलि जलयर थलि थलयर वइरिय णहि णहयर भक्खंति अवारिय ।
तो वि जीउ जीवेवइ वंछइ लोहें मोहें मोहिउ अच्छइ ।

घत्ता—चन्द्रमाके समान धवल लम्बी उल्का गिरते हुए देखी मानो आकाशरूपी लक्ष्मीकी मोतियोंकी चंचल कण्ठी गिर गयी हो ॥१८॥

१९

देखते-देखते वह उल्का वहीं विलीन हो गयी। भगवान् की बुद्धि उपशमको प्राप्त हुई। वह विचार करने लगे कि जिस प्रकार आकाशसे च्युत उल्का चली गयी, उसी प्रकार नरेश्वरकी सम्पत्ति अस्थिर है। मैं निरवद्य मुनिविद्यामें लगूँगा। स्वामीने कहा कि मैं प्रव्रज्याके लिए जाता हूँ। मूर्खजन क्षण-क्षणमें क्यों प्रसन्न होता है? आयु साल-सालमें क्षीण-क्षीण होती है। 'जियो' कहने वालों पर (जीव) हँसता है और सन्तुष्ट होता है, मरो कहने वालों पर गर्जता है और रुष्ट होता है? वह मरणका नाम भी सहन नहीं करता। दुर्बल होते हुए भी प्रहरण धारण करता है, स्फुरित होता है। काली और महाकालीके घर पहुँचता है। और मद्य मांस ले जाते हुए नहीं थकता। योगिनियोंके द्वारा किसको रक्षा की जाती है, कालके द्वारा पीडित कर और तोड़कर खा लिया जाता है। अनुचर क्षयकालसे नहीं बचा सकते। मत्तमातंग तुरंग और रथवर भी। क्षयकालसे केशव चक्रवर्ती विद्याधर इन्द्र भी रक्षा नहीं करते। विशूचिका होता है और साँपके द्वारा ग्रहण किया जाता है। दाढ़ो और सींगवाले पशुओंके द्वारा विदीर्ण कर दिया जाता है। जलमें जलचर और थलमें थलचर उसके दुश्मन हैं, आकाशमें आकाशचर जीव खा लेते हैं बिना किसी देरके। तब भी जीव जीनेको इच्छा रखता है, और लोभ तथा मोहसे मोहित रहता है।

---

७. A तो ।

१९. १. P पव्वज्जहि । २. A P वरिसु वरिसेण । ३. A मरणु मणंतहं; P मरु पभणंतहं । ४. A किर को रक्खिज्जइ; P किं किर । ५. A संपेसिज्जइ । ६. A P add after this : दहि वुड्डइ जलणेण पलिप्पइ । ७. K° मृगहिं । ८. A P add after this : विसविच्चिक्खसत्थहिं मारिज्जइ । ९. A जीवेवउ; P जीवेव्वउ ।

घत्ता—सुहुं वंछइ परे[10] तं णउ लहइ मरणहं तसइ ण चुक्कइ ॥
[11]इच्छाभयपरवसु एहु जणु जममुहकुहरहु दुक्कइ ॥१९॥

२०

तावाइय लोयंतिय सुरवर ते भणंति जय जगगुरु सुरवर ।
चंगउ चित्तेंडिमु संथवियउ णाणणिहेलणि पइं संथवियउ ।
छंडहिं[3] पणइणि कंचणगोरी धरहि[4] भुवणसंबोहणगोरी ।
गइदुच्चरित्तकम्मसंताणइ अजियसेणु णिहियउ संताणइ ।
पभणिउ पुत्त चरसु[6] संताणइ सयलमहीयलकयसंताणइ । ५
तहिं अवसरि णहु छण्णु विमाणहिं पत्तहिं गिव्वाणेहिं विमाणिहिं ।
किउ दिक्खाहिसेउ तियसेसहिं अंचिउ पहु पसत्थतियसेसहिं ।
गय खग सुर णियँसिवियाजाणें फलतरुणविएं पवरुज्जाणें ।
णायहु णविउ सहेउवणामें[8] सो सोहंतु सुद्धपरिणामें ।
णिच्च करंति पणयकलहं सइं जहिं सरि सरु मुयंति कलहंसइं । १०
[10]तडगंधव्वगीयकलहंसइं ताहं चलणि रसियइं कलहंसइं ।
तहिं सत्तच्छयतलि सुणिसण्णउ जिणु जिणंतु चत्तारि वि सण्णउ ।

घत्ता—सुखकी इच्छा करता है परन्तु उसे नहीं पाता, मौतसे डरता है (त्रस्त होता है) परन्तु चूकता नहीं, इस प्रकार इच्छा और भयके अधीन यह जीव उन यमके मुख रूपी कुहरमें प्रवेश करता है ॥१९॥

२०

इतनेमें लौकान्तिक देववर आये। वे देववर कहते हैं कि हे विश्वगुरु आपकी जय हो, आपने चित्तरूपी बालकको धैर्य बँधाया, और उसे ज्ञानरूपी घरमें स्थापित किया। स्वर्गकी तरह गोरी कामिनीको आप छोड़ते हैं, और भुवनको सम्बोधित करनेवाली गोरी (सरस्वती) को धारण करते हैं। दुश्चरित कर्मकी सन्तान परम्परा चले जाने पर उन्होंने अजितसेनको कुल-परम्परामें स्थापित किया और कहा—हे पुत्र, तुम कुल-परम्परामें चलना, और समस्त विश्वको निज सन्तान समान मानना। उस अवसरपर आकाश विमानोंसे आच्छादित हो गया। आये हुए असंख्य देवेन्द्रोंके द्वारा दीक्षाभिषेक किया गया। प्रशस्त स्त्रियोंके द्वारा अर्चा की गयी। विद्याधर और देव अपने-अपने शिविकायानसे चले गये। वह अपने शुद्ध धारणाओंसे इस प्रकार शोभित है, जिस प्रकार, फलसे यौवनको प्राप्त, सहेतुक नामका विशाल उद्यान जैसे झुक गया हो। जहाँ कलहंस स्वयं नित्य प्रणयकलह करते हैं और जहाँ नदीमें वे सुन्दर स्वर करते हैं। जहाँ नट गन्धर्वोंके गीतोंकी सुन्दरताको नष्ट करनेवाले उनके पैरोंमें सुन्दर नूपुर बज रहे थे, ऐसे उद्यानमें सप्तपर्णी वृक्षके नीचे बैठे हुए, चार संज्ञाओं (आहार, निद्रा, भय और मैथुन) को जीतते हुए, आशा रहित परमेश जिनवर ने।

---

१०. P तं पर णउ। ११. A इच्छाहय परवसु; P मिच्छाभयपरवसु।
२०. १. A P तावाइय। २. चित्तडंभु but gloss बालकः। ३. A छंडिवि; P छड्डहि। ४. A P चंपय°। ५. P धरहि। ६. P चरसु। ७. A णर; P णिव। ८. A तावइ पभिउ। ९. A P सहेउवणामें; K सहेतपणामें but gloss and T सहेउवणामें सहेतुकनाम्नोद्यानम्। १०. A पडगंधव्व°। P तडि गंधव्व°।

घत्ता—[11]माहे मासे सियणवमिदिणे रोहिणिरिक्खि गयासें ॥
अवरण्हइ केसलोउ करिवि लइय दिक्ख परमेसें ॥२०॥

२१

जे धम्मेल्ल विमुक्क सुवत्तें ते सुरणाहें मणिमयपत्तें ।
लेवि खित्त खीरण्णवणीरइ को णउ करइ भत्ति जइ णीरइ ।
विसयपरीसहरिउहु ण संकिउ णिवसहासु तें सहुं दिक्खंकिउ ।
णाणु चउत्थउ खणि उप्पण्णउं छट्ठुववासें ब्रतु पडिवण्णउं ।
५ बज्झाणयरिहि बीयइं वासरि किउं पारणउं बंभरायहु घरि ।
कुसुमवरिसु सुरदुंदुहिणायइं पंचच्छरियइं तहिं संजायइं ।
गेहणेहबंधणु विच्छिण्णउं बारहवरिसइं तउ संचिण्णउं ।
पूसहु सुक्कपक्खि संपत्तइ एयारसि रोहिणिणक्खत्तइ ।
भावाभावालोयविराइउ केवलणाणु तेण उप्पाइउ ।
१० हय दुंदुहि णं गज्जिउ सग्गें आय देव दिसिविदिसहुं मग्गें ।

घत्ता—चत्तारि सयाइं सरासणहं सड्ढइं देहु जिणिंदहो ॥
अमरिंदें दूरासंकिएण मण्णिउ सरिसु गिरिंदहो ॥२१॥

घत्ता—माघ, माहके शुक्लपक्षकी नवमीके दिन रोहिणीनक्षत्रके अपराह्णके समय केश लोंचकर दीक्षा ग्रहण कर ली ॥२०॥

२१

सुन्दर मुखवाले उन्होंने जो बाल छोड़े उन्हें देवेन्द्रने मणिमय पात्रमें लेकर क्षीर समुद्रके पानीमें डाल दिया, नीरज (रजरहित निष्पाप) मुनिकी भक्ति कौन नहीं करता। विषयरूपी परीसहके शत्रुसे शंका नहीं करते हुए, एक हजार राजाओंने उनके साथ दीक्षा ग्रहण कर ली। एक क्षणमें चौथा ज्ञान उन्हें उत्पन्न हो गया, छठे उपवाससे उनका व्रत सम्पन्न हुआ, दूसरे दिन, अयोध्यानगरीमें उन्होंने ब्रह्मराजाके यहाँ पारणा की। कुसुम वर्षा, देवनगाड़ोंका निनाद और पाँच महाश्चर्य वहाँ हुए, घरके स्नेहका बन्धन छिन्न-भिन्न हो गया, बारह वर्ष तक उन्होंने तपश्चरण किया। पूष माहका शुक्लपक्ष आनेपर ग्यारस रोहिणी नक्षत्रमें विश्वके समस्त पदार्थोंको प्रकाशित करनेवाला केवलज्ञान उन्हें उत्पन्न हो गया। देव दुन्दुभियाँ आहत हो उठीं, मानो स्वर्ग गरज उठा हो, देवता विशा और विदिशाके रास्ते आये।

घत्ता—जिनेन्द्रके साढ़े चार सौ धनुष ऊँचे शरीरको देखकर दूरसे आशंकाको प्राप्त इन्द्रने उन्हें सुमेरु पर्वतके समान समझा ॥२१॥

---

११. A P माहहो मासहो ।

२१. १. A P °वत्तें । २. A P विसहपरीसह° । ३. A P णिव° । ४. A P वउ । ५. A तोयइ । ६. A P °पक्खि° । ७. P गेहि णेह° । ८. A P भावाभावलोएं पविरायउ । ९. A °विदिसहं मग्गें; P °विदिसि णहग्गें ।

२२

णवकणयवण्णु खमभावु पुण्णु ।
संथुउ अणेण अमराहिवेण ।
जय भव भवंत जय दाणवंत ।
जय भूयणाह विरइयविवाह ।
जय गोरिरमण जय सुविसगमण । ५
जय तिउरडहण जय मयणमहण ।
जय मोक्खमग्ग णिग्गंथ णग्ग ।
जय सोमसीस जय तिहुवणीस ।
जय णायहार- भूसियसरीर ।
सुतिलोयणास- हर हरविलास । १०
सुरयंतचित्त- पब्भाररत्त ।
णीसरियविमल चउवयणकमल ।
जय वेयभासि पसुवहपयासि ।
णिद्दड्ढदंभ जय परमबंभ ।
कंपावियक्क कयधम्मचक्क । १५

२२

इन्द्रने उनकी स्तुति शुरू की—"आप नवस्वर्णवर्णके समान हैं, आपका क्षमाभाव पूर्ण हो चुका है, भवका अन्त करनेवाले हे शंकर आपकी जय हो। दानशील आपकी जय हो। हे भूतनाथ (सकल प्राणियोंके स्वामी), आपकी जय हो। विवाहसे विरक्त आपकी जय हो। गौरीरमण (पार्वती सरस्वतीसे रमण करनेवाले) आपकी जय हो, सुवृषगमन (धर्मका प्रवर्तन करनेवाले, बैलपर गमन करनेवाले) आपकी जय हो। त्रिपुर दहन (त्रिपुरराक्षसका दहन करनेवाले और जन्म जरा और मरणका नाश करनेवाले) आपकी जय हो, मोक्षमार्ग (मोक्षमार्ग स्वरूप, बाण छोड़नेवाले) आपकी जय हो, हे निर्ग्रन्थनग्न आपकी जय हो। हे सोमशिष्य (शान्तशिष्य, चन्द्रमस्तक) आपकी जय हो। त्रिभुवनस्वामी (त्रिलोकस्वामी, त्रिपथगा स्वामी) आपकी जय हो। हे नायधार (सन्मार्ग धारण करनेवाले और नागोंको धारण करनेवाले) आपकी जय हो। भूषित शरीर (अलंकृत शरीर, भभूतसे अलंकृत शरीर) आपकी जय हो। हे सुतिलोयनाश (त्रिलोकका नाश करनेवाले, तीन नेत्रोंको धारण करनेवाले) हे हर (शिव, धर्मधर) आपकी जय हो, हरविलास (क्रीड़ा रहित विशिष्ट क्रीड़ावाले) आपकी जय हो। सुरयंतचित्त प्राग्भाररक्त (सुरतिका अन्त करनेवाले, चरितके व्रतमें लीन रहनेवाले, सुरतिमें अन्ततक प्रयत्नशील रहनेवाले) णीसरियविमल (जिससे विशिष्ट मल अलग हो चुके हैं, ऐसे जो चार मुख रूपी कमलवाले हैं।

वेदभाषी (ज्ञानको प्रकाशित करनेवाले, वेदको प्रकाशित करनेवाले) आपकी जय हो। पसुवह पयासी (पशुवध करनेवाले, पशुओंके लिए भी पथ प्रकाशक) आपकी जय हो। निर्दग्धदम्भ (दम्भको जलानेवाले, निकृष्ट दम्भवाले) आपकी जय हो। हे परम ब्रह्म (परमात्मस्वरूप, ब्रह्मा, विष्णु, और महेश स्वरूप) आपकी जय हो, अर्कको कम्पित करनेवाले हे धर्मचक्र

२२. १. P भूवणाह । २. A णिद्दंडदंभ ।

जय चक्कपाणि जय दिव्वणाणि ।
बहुसोक्खहेउ जय गरुलकेउ ।

घत्ता—तुह गब्भणिवासि हिरण्णमयविट्ठि सट्ठु पसिद्धउ ।
तुहुं तेण हिरण्णगर्भ भणिउ अण्णहु एउं णिसिद्धउ ॥२२॥

२३

वंदिवि एम सुरिंदें सत्तिइ विरइउ समवसरणु जिणभत्तिइ ।
माणखंभसरवरसरपरिहहिं संकुसुमवेल्लिहिं मरगयफलिहहिं ।
णिम्मियपायारेहिं विचित्तिहिं थूहहिं सूरयंतमणिवित्तिहिं ।
कप्पद्दुमचेईहरचिंधहिं धूवहडेहिं सुधूवसुगंधहिं ।
णडसालाहिं णट्टसंडवियहिं थामि थामि मणिमयमंडवियहिं ।
तोरणरयणालंकियदोमहिं कणयदंडवेरफणिपडिहारहिं ।
जं एहउं तहिं मोक्खहु पंथिउ अजियणाहु सीहासणि संठिउ ।
पुव्वासासंमुहुं आसीणउ किं वण्णमि तेल्लोक्कपहाणउ ।

(धर्मचक्र, चक्राकार धनुषवाले) आपकी जय हो। हे चक्रपाणि (हाथमें चक्रका लांछनवाले, चक्रवाले) आपकी जय हो। हे दिव्यज्ञान आपकी जय हो। बहुसोक्खहेउ (बहुत लोगोंके सुखके कारण, वधुओंके सुखके कारण) हे गरुडध्वज आपकी जय हो।

घत्ता—गर्भमें स्थित रहनेपर हिरण्यमय वृष्टिसे आप बहुत प्रसिद्ध हुए इसी कारण आप हिरण्यगर्भ कहे गये, दूसरेके लिए, यह नाम निषिद्ध है ॥२२॥

२३

इस प्रकार देवेन्द्रने वन्दना कर, मानस्तम्भों, सरोवरों, सरों और परिखाओं, पुष्प सहित लताओं, मरकत और स्फटिक मणियों, बनाये गये विचित्र परकोटों, सूर्यकान्तमणियोंसे दीप्त थूनियों, कल्पवृक्षों, चैत्यगृहों और चिह्नों, सुन्दर धूप से सुगन्धित धूपघटों, जिनमें ताण्डव नाट्य किया जा रहा है, ऐसी नाट्यशालाओं, स्थान-स्थानपर मणिमय मण्डपों तोरणों, रत्नों से अलंकृत मालाओं, स्वर्णदण्ड धारण करनेवाले श्रेष्ठ ...? प्रतिहारोंसे, उसने (देवेन्द्रने) शक्ति और भक्तिके साथ जब ऐसे समवशरणकी रचना की, तो मोक्षके पथिक अजितनाथ सिंहासनपर स्थित हो गये। पूर्व दिशा के सम्मुख बैठे हुए उन त्रिलोक श्रेष्ठ का मैं क्या वर्णन करूँ ?

३. A P दिव्ववाणि । ४. A P °गब्भु । ५. A एउ ण सिद्धउ ।

२३. १. P सुकुसुम° । २. P सुयंधसुयंधहिं । ३. A णट्टमंडवियहिं । ४. A P रयणतोरणालं° । ५. A P °दारहिं । ६ A P °दंडधर° । ७. P जं एहउ तं सक्कें पत्थिउ, अगकारुण्णें आवेप्पिणु थिउ । ८. P पुव्वासामुहुं तेण आसीणउ ।

घत्ता—चउतीसातिसयविसेसधरु जिणु हरिवीढि बइट्ठउ ॥
उययहिसिहरि उयर्यतु रवि लुडु णं[९] लोयं दिट्ठउ ॥२३॥ १०

२४

सव्वभद्दु तं तहु सीहासणु कुसुमवासु भसलावलिपोसणु ।
णवकंकेल्लिरुक्खु कोमलदलु भामंडलु णं दिणयरमंडलु ।
छत्तइं तिण्णि चंदसंकासइं चमरइं हिमगोखीराभासइं ।
वज्जइ दुंदुहि भुवणाणंदणु विरइयरिद्धिइ सइं सक्कंदणु ।
णिग्गय दिव्वभास[१] सच्चुण्णय[२] तं णिसुणंति अमर णर पण्णय । ५
अक्खइ जिणु सत्त वि पायालइं णरयलक्खदुक्खग्गिविसालइं ।
अक्खइ जिणु भावणसंपत्तिउ वेंतरजोइससग्गुप्पत्तिउ ।
अक्खइ जिणु अहमिंद वि सुरवर बहुविह णर तिरिक्ख तस थावर ।
अक्खइ जीवकम्मभेयंतरु[३] अक्खइ पेक्खइ तिजगु णिरंतरु[४] ।
सीहसेणराइय गणहर जाया णउइ[५] तासु सम्मयधर[६] । १०

घत्ता—सहसाइं तिण्णि पण्णासियइं सयइं सत्त भयवंतहं ॥
पुव्वंगधरहं तहिं मुणिवरहं जायइं संतहं दंतहं ॥२४॥

घत्ता—चौंतीस अतिशय विशेषोंको धारण करनेवाले जिनेन्द्र भगवान् सिंहासनपर बैठ गये मानो लोगोंने उदयाचलके शिरपर उगता हुआ सूर्य शीघ्र देखा हो ॥२३॥

२४

उनका वह सर्वभद्र सिंहासन था, जिसमें कुसुमोंकी गन्ध है, और जो भ्रमरावलीका पोषण करनेवाला है, ऐसा कोमलदलवाला नव अशोकवृक्ष, भामण्डल, (मानो दिनकरका मण्डल हो) चन्द्रमाके समान तीन छत्र, चन्द्रमा और दूधकी आभाके समान चमर, भुवनको आनन्द देनेवाली दुन्दुभि बजती है। ऋद्धियोंको उत्पन्न करनेवाला इन्द्र स्वयं (कहता है); भगवान्‌की सत्यसे उन्नत दिव्यभाषा निकलती है उसे अमर नर और नाग सुनते हैं। जिन भगवान् नरकको लाखों दुःखरूपी अग्नियोंसे विशाल सात पातालों (सातों नरकों) का कथन करते हैं। जिनवर, भवनवासी देवोंकी सम्पत्तिका कथन करते हैं। व्यन्तर ज्योतिष स्वर्गोंकी उत्पत्तिका कथन करते हैं। जिन, अहमेन्द्र सुरवर बहुविध मनुष्य तिर्यंच त्रस और स्थावरका कथन करते हैं। जीव और कर्मके भेदोंका कथन करते हैं। त्रिजगको निरन्तर देखते हैं और उसका कथन करते हैं। सम्यग्दर्शन धारण करनेवाले सिंहसेनादि उनके नब्बे गणधर थे।

घत्ता—तीन हजार सात सौ पचास ज्ञानवान पूर्वांगके धारी शान्त और दांत मुनिवर हुए ॥२४॥

---

९. A णं तहलोएं दिट्ठउ ।

२४. १. P दिव्ववाणि । २. A सव्वुण्णय; P सव्वण्णुय; but K सच्चुण्णय and gloss सत्योन्नता । ३. P °कम्महो यंतरु । ४. A तिजयभंतरु । ५. A P णवइ; K णउवि and gloss नवतिः । ६. A सम्मइधर ।

२५

चउसयाइं इगिवीससहासइं सिक्खुयरिसिहिं विमुक्कघणासइं ।
चउसयाइं णवसहसइं सिद्धइं णाणत्तयसंजुत्तेहं[1] विद्धइं ।
केवलणाणिहिं वीससहासइं जाइं अणंगसंगणिण्णासइं ।
ताइं जि पुणु चउसयहिं समेयइं विक्किरियारिद्धिहरहं णेयइं ।
तवसमसहसइं पुणरवि उत्तइं चउसयाइं पण्णासइ जुत्तइं[2] ।
सग्गारोहणसुहयणिसेणिहिं संभूयइं मणपज्जवणाणिहिं ।
तेत्तियइं जि पण्णासइ रहियइं दिण्णुत्तरहं विवाइहिं विहियइं[3] ।
एवं गणंतगणंतहुं आयउ एक्कु लक्खु भिक्खुहुं संजायउ ।
अज्जहं लक्खइं तिण्णि समासवि छप्परि सहसइं वीस णिवेसवि[4] ।
तेत्तिय हुवं सावय आहासवि पंचलक्ख अणुवइयहिं घोसवि[5] ।
संखारहिय देव णिद्देसवि[6] देविहिं किह[7] परिमाणु[8] गवेसवि ।

घत्ता—इय एत्तियसंघें परियरिउ पुव्वहं विरइयपरेंरहिय ॥
तेवण्णलक्खु महियलि भमिवि बारहवरिसहिं विरहिय ॥२५॥

२६

सिहरिहि हरिसियदरिमयवेयहु पुणु अवसाणि गंपि संमेयहु ।
मासमेत्तु थिउ पडिमाजोएं जाणमि णाहु विमुक्कउ जोएं ।

२५

धनकी आशासे रहित इक्कीस हजार सातसौ शिक्षक मुनि थे। नौ हजार चार सौ, तीन ज्ञानोंसे युक्त (अवधिज्ञानी) कहे गये हैं। कामके संगका नाश करनेवाले बीस हजार केवलज्ञानी। इतने ही अर्थात् बीस हजार और चार सौ विक्रिया ऋद्धिवालोंको जानना चाहिए। स्वर्गारोहणको सुखद नसैनी मनःपर्यय ज्ञानी बारह हजार चार सौ पचास। पचास रहित इतने ही अर्थात् बारह हजार चारसौ उत्तर देनेवाले अनुत्तरवादी। इस प्रकार गिनते-गिनते एक लाख भिक्षु हो जाते हैं, संक्षेपमें तीन लाख बीस हजार आर्यिकाएँ और इतने ही मैं श्रावक कहता हूँ। मैं पाँच लाख अणुव्रतियों (श्राविकाओं) की घोषणा करता हूँ। मैं देवोंका संख्यारहित निर्देश करता हूँ। देवियोंके परिमाणको मैं क्या खोज करूँ ?

घत्ता—इस प्रकार इतने संघसे घिरे हुए, बारह वर्ष कम त्रेपन लाख पूर्वतक, दूसरोंका हित करते हुए उन्होंने धरतीपर परिभ्रमण किया ॥२५॥

२६

जिसकी घाटियोंमें हरिणोंका वेग दिखाई देता है, ऐसे सम्मेदशिखरपर वह अन्तमें गये। एक माह तक प्रतिमायोगमें स्थित रहे। मैं जानता हूँ फिर स्वामी योगसे विमुक्त हो गये। इस

---

२५. १. A P °संजुत्तइं । २. P °उत्तइं । ३. A P सुहणिस्सेणिहिं, but T सुहय° सुखद° । ४. P संभूयहिं । ५. P वहियइं । ६. A P एम । ७. A P समासमि । ८. A P णिवेसमि । ९. A P सावइ आहासमि । १०. A P घोसमि । ११. A P णिद्देसमि । १२. A P कहिं । १३. A P गवेसमि । १४. A P विहरइ परहिय । १५. A तेवण्ण लक्ख; P सो एक्कु लक्खु ।

२६. १. A दाविय्दरिसरिवेयहु; P दरिसियदरिसरिवेयहु ।

एकपिंड बाहत्तरिलक्खइं जीवेप्पिणु पुव्वइं कयसोक्खइं[3]।
मासि चइत्ति पक्खि ससिजोण्हइ पंचमिदिवसि जाइ पुव्वण्हइ।
रोहिणिरिक्खि कम्मसंघारणु दंडेकवाडुरुजगजगपूरणु[4]। ५
अंतिमझाणु झत्ति विरएप्पिणु तिण्णि वि तणुबंधणइं मुएप्पिणु।
भुवणत्तयसिहरहु सुहठाणहु[5] अजिउ भडारउ गउ णिव्वाणहु।
कय णिव्वाणपुज्ज सुरसारहिं तणु संपूइउ अग्गिकुमारहिं[6]।
गउ सुरवइ जिणगुणरंजियमणु अवरु वि जहिं आयउ तहिं गउ जणु।

घत्ता—जिह रिसहें भरहहु वज्जरिउ तिह हउं तुह सूयमाणण[7]॥ १०
आहासमि सयरहु चरिउ कुंदपुप्फदंताणण ॥२६॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे अजियणिव्वाणगमणं णाम अट्ठतीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥३८॥

॥ अजियचरियं समत्तं[8] ॥

प्रकार बहत्तर लाख पूर्व वर्ष सुख पूर्वक जीकर चरमशरीरी, चैत्रशुक्ल पंचमीके दिन पूर्वाह्णमें (जब कि रोहिणी नक्षत्र था) कर्मका संहारक दण्डप्रतर आदि लोकपूरण-समुद्घात किया कर तथा अन्तिम ध्यान कर तीन शरीर बन्धनों (औदारिक तैजस और कार्मण) को छोड़कर, आदरणीय अजितनाथ भुवनत्रयके शिखर शुभस्थान निर्वाणके लिए चले गये। सुरश्रेष्ठोंने उनकी निर्वाण-पूजा की। अग्निकुमार देवोंने उनके शरीरका संस्कार किया। इन गुणोंसे रंजित मन होनेवाला इन्द्र चला गया। और भी लोग जहाँसे आये थे वहाँ चले गये।

घत्ता—कुन्द पुष्पके समान मुखवाले हे श्रेणिक, सगर राजाका जैसा चरित ऋषभ नाथने भरतसे कहा था वैसा मैं तुमसे कहता हूँ ॥२६॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका अड़तीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३८॥

---

२. AP जाणिवि। ३. A P कयसंखइं। ४. A दंडु कवाड पयरजगपूरणु; P दंडु कवाडु पयरु जयपूरणु। ५. A भुवणंतय°; P भुवणत्तइ। ६. A P संकारिउ। ७. A P T सियमाणण। ८. A P omit अजियचरियं समत्तं।

संधि ३९

गुणगणहरु भासइ गणहरु बहुरसभावणिरंतरु ॥
मगहाहिव णिसुणि महाहिव सयरणरिंदकहंतरु ॥ ध्रुवकं ॥

१

इह जंबुदीवि खरयरकराहि मंदरगिरिपुव्विल्लइ विदेहि ।
सीयहि दाहिणयलि संणिसण्णु उद्दामगामसीमापवण्णु ।
णं धरणिइ दाविउ सुहपएसु वच्छावइ णामें अत्थि देसु ।
मायंदणवदलुक्कंठियाउ जहिं कलयलंति कलयंठियाउ ।
कमलायर धरियसुपुंडरीय णं णरवइ धरियसुपुंडरीय । ५
उववणइं विविहदुच्छंकियाइं गोउलइं धवलवच्छंकियाइं ।

सन्धि ३९

गुणोंके समूहको धारण करनेवाले गौतम गणधर कहते हैं—"हे महाधिप मगधराज, अनेक रसभावोंसे परिपूर्ण राजा सगरका कथान्तर सुनो।"

१

सूर्यके तेजसे युक्त इस जम्बूद्वीपमें मन्दराचलके पूर्व विदेहमें सीता नदीके दक्षिण तटपर स्थित वत्सावती नामका देश है। उत्कट ग्रामों और सीमाओंसे परिपूर्ण जो मानो धरतीके द्वारा सुप्रदेशके रूपमें दिखाया गया हो। जहाँ आम्रवृक्षोंके नवदलोंके लिए उत्कण्ठित कोयलें कलकल ध्वनि करती हैं, कमलोंको धारण करनेवाले सरोवर ऐसे हैं मानो राजाने सुपुण्डरीक (छत्र और कमल) धारण कर रखा हो। जहाँ विविध वृक्षोंसे अंकित उपवन हैं, और धवल बछड़ोंसे अंकित

Mss. A and P have the following stanza at the beginning of this Saṃdhi :—

शशधरबिम्बात्कान्ति (न्ति ?) स्तेजस्तपनाद्गभीरतामुदधेः ।
इति गुणसमुच्चयेन प्रायो भरतः कृतो विधिना ॥१॥

This stanza is also found at the beginning of Saṃdhi XVIII of this Work in certain Mss. of the Mahāpurāṇa. For details see Introduction to Vol. I, pp. xvi–xxvii and also foot-note on page 295 of the same Vol. K does not give it there or here.

१. १. A P महाणिव । २. A उत्तरयलि; K उत्तरयलि but corrects it to दाहिणयलि । ३. A कलियंठियाउ ।

जहिं मंडव दक्खाहल वहंति घरि घरि करिसेणियहं हल वहंति ।
जहिं णिच्चु जि [4]सुद्ध [5]सुहिक्खु खेडं कामिणिउ देंति कामुयहं खेडं । १०

घत्ता—विम्हियसुरु तहिं पुहईपुरु पविमलमणिमयमहियलु ।
सरयामलु चंदयरुज्जलु [10]धरचूलाहयणहयलु [11] ॥१॥

२

तहिं णिवसइ सिरिजयसेणु राउ जिणसेणापणइणिजणियराउ ।
रइसेणु पुत्तु पररमणिअवरु उप्पण्णु ताहं दिहिसेणु अवरु ।
ते विण्णि वि जण पच्चक्खकाम ते विण्णि वि जण संपुण्णकाम ।
ते विण्णि वि जण ससिसूरधाम ते विण्णि वि जण जयलच्छिधाम ।
ते विण्णि वि जण परहियविवेय ते विण्णि वि जण जणणहु विहेय । ५
गुरुदेवमित्तबंधवविणीउ रइसेणु णयर कालेण णीउ ।
करपल्लवग्गताडियउराइं पडियइं पियरइं सोयाउराइं ।
अप्पउ ण मुणंति ण घरु दुवारु सिसुमोहणीउ मुणिहिं वि दुवारु ।

घत्ता—णिव्वडंतहं बिहिं वि रडंतहं उवसमभाउप्पायणु ।
कयसंतिहिं दिण्णउं मंतिहिं जिणवरवयणु रसायणु ॥२॥ १०

गोकुल हैं। जहाँ मण्डप द्राक्षाफलों (अंगूरों) को धारण करते हैं, जहाँ घर-घरमें किसानोंके हल चलते हैं। जहाँ क्षेत्र नित्य सुन्दर और सुभक्ष्य रहते हैं, जहाँ कामिनियाँ कामुकोंको आलिंगन देती हैं।

घत्ता—उसमें देवोंको विस्मित करनेवाला और स्वच्छ मणिमय महीतलवाला पृथ्वीपुर नामका नगर है, जो शरद्की तरह निर्मल, चन्द्रकिरणोंकी तरह उज्ज्वल और अपने गृहशिखरोंसे आकाशको आहत करनेवाला है ॥१॥

२

उसमें श्री जितसेन नामका, अपनी प्रणयिनी जितसेनाके लिए राग उत्पन्न करनेवाला राजा निवास करता था। उसका परस्त्रियोंसे दूर रहनेवाला रतिसेन नामका पुत्र हुआ, एक और दूसरा धृतिसेन नामका। वे दोनों ही जन जैसे साक्षात् कामदेव थे। वे दोनों ही पूर्ण कामनावाले थे। वे दोनों ही सूर्य और चन्द्रमाके आश्रय थे। वे दोनों ही विजयलक्ष्मीके घर थे। वे दोनों ही दूसरोंके कल्याणका विवेक रखते थे, वे दोनों ही लोगोंके प्रति विनयशील थे। गुरुदेव, मित्रों और बन्धुजनोंके लिए विनीत रतिसेनको कालने उठा लिया। माता-पिता, करपल्लवोंके अग्रभागसे (हथेलियोंसे) अपने उर पीटते हुए शोकसे व्याकुल होकर मूर्च्छित हो गये। वे स्वयंको, घर और द्वारको कुछ भी नहीं समझते। पुत्रका स्नेह मुनियोंके लिए भी दुर्निवार होता है।

घत्ता—शान्ति करनेवाले मन्त्रियोंने मूर्च्छित और पड़े हुए तथा रोते हुए उन दोनोंको जिनवर-वचनरूपी रसायन दिया ॥२॥

---

४. A P दक्खारसु । ५. A करसणियहं । ६. A P सुत्थ । ७. A P सुभिक्खु । ८. A P विभिय° । ९. A P °महियलु । १०. °चुडाइय° । ११. A P °णहयलु ।

२. १. A संपुण्णकाम । २. A °विहेय but gloss °विवेका । ३. AP घर दुवार । ४. A P कुलमंतिहिं । ५. A °वयणरसायणु ।

३

कुलकंचुईहिं संबोहियाइं कहँ कह व ताइं उम्मोहियाइं।
जणमयंगलमूलालाणरज्जु तक्खणि दिहिसेणहु देवि रज्जु।
जयसेणें णासियरइरुएण सामंतें समउं महारुएण।
णियदेविइ सहुं रयविहुणएहिं अण्णेहिं मि बहुणरमिहुणएहिं।
दुज्जयदुण्णयदुज्जसहरासु थवँ लइयउ पणविवि जसहरासु।
परिसेसेप्पिणु णीसेसु संगु लइ चिण्णउं तेहिं दुवालसंगु।
वोलीणइ गुरुसेवाइ कालि पच्छा संपत्तइ मरणकालि।
मणि तिहुयणलच्छीवइ सरेवि वरपरंगणचरियइं पइसरेवि।
मुणिवरहिं मयणघणमारुएहिं दोहिं मि जयसेणमहारुएहिं।

घत्ता—दुरियसल्लइं तिण्णि वि सल्लइं हियय हु कड्ढिवि घित्तइं।
किउ अणसणु दूसहु भीसणु पंच वि करणइं जित्तइं ॥३॥

४

जयसेणु मरेविं महाबलक्खु संजायउ सुरवरु जसधवलक्खु।
वेउव्विउ जहिं णीरोउ काउ वावीसजलहिसमपरिमियाउ।
इयरु वि सुहकम्में तहिं जि धामि सोलहमइ अच्चुयकप्पगामि।
तणु मुइवि महारुउ पवरतेउ संभूयउ सिरिमणिकेउ देउ।

३

कुलके प्रतिहारियों द्वारा सम्बोधित होनेपर किसी प्रकार बड़ी कठिनाईसे उनका मोह दूर हुआ। उसने शीघ्र धृतिषेणको जनरूपी मदगजोंको बाँधनेके लिए रस्सीके समान राज्य देकर रतिके आकर्षणको नष्ट करनेवाले जयसेन नामक सामन्त महारुत और अपनी देवीके साथ, तथा रागको नष्ट करनेवाले, दूसरे नर जोड़ोंके साथ दुर्जय, दुर्नय और अपयशका हरण करनेवाले यशोधर मुनिको प्रणाम कर व्रत ग्रहण कर लिये। समस्त परिग्रहको छोड़कर उन दोनोंने दुष्काल-का साधो तप ग्रहण कर लिया। गुरुकी सेवा आदिमें समय बीतनेपर और बादमें मरणकाल आने पर अपने मनमें त्रिभुवन-लक्ष्मीपति जिनेन्द्रकी याद कर, उत्तम और श्रेष्ठ चर्यामें प्रवेश करते हुए, कामरूपी मेघके लिए पवनके समान उन दोनों—जयसेन और महारुत मुनिवरोंने—

घत्ता—अपने हृदयसे पापमयी तीनों शल्योंको उखाड़कर फेंक दिया। उन्होंने दुःसह्य और भीषण अनशन किया और पाँचों इन्द्रियोंको जीत लिया ॥३॥

४

जयसेन मरकर महाबल नामका यशसे उज्ज्वल देववर हुआ। जहाँ उसका नीरोग वैक्रियिक शरीर था और बाईस सागर प्रमाण आयु थी। दूसरा भी (महारुत) शरीर छोड़कर अच्युतकल्प नामक सोलहवें स्वर्गमें प्रवर तेजस्वी श्री मणिकेतु नामका देव हुआ। सज्जन लोग अपने स्नेहका बन्ध नहीं छोड़ते। उन दोनोंने एक दूसरेको प्रतिबोधित करनेका यह वचन दिया

---

३. १. P कहु व कहव। २ A णं मयगलथूणा°; P णं मयगलाथूला°। ३. A P रइविहुणएहि। ४. A दुक्कियदुण्णयदुज्जसहरासु; P दुक्कियदुण्णयदुज्जमहरासु। ५. K व्रउ। ६, A P परपरगण°।
४. १. A P थामि। २. A महारुइ।

ण मुयंति सयणे ससणेहबंधु किउ दोहिं मि पडिबोहणणिबंधु । ५
जो पावइ अग्गइ मणुयजम्मु तहु अमरु समासइ परमधम्मु ।
विण्णि वि ते दिवि णिवसंति जाव कालेण महाबलु ढलिउ ताव ।
कोसलपुरि राउ समुद्दविजउ जसु घरि घोसिज्जइ णिच्चविजउ ।
विजया णामें तहु अत्थि घरिणि परमेसरि णाइं अणंगधरणि ।
सो तियसु सग्गसिहराउ लहसिउ तहि केरइ गब्भणिवासि वसिउ । १०

घत्ता—हरिकंधरु बहुलक्खणधरु छणससहरमंडलमुहु ।
कणयच्छवि णावइ णवरवि जाणियउ जणणिइ तणुरुहु ॥४॥

५

संगामसमुद्दरउद्दमयरु कोक्किउ कुमारु ताएण सयरु ।
णं केसरि दरदीसंतदाढु दुव्वारवेरिसंगामसोढु ।
कालेण गलंतें जाउ पोढु पलयक्कु व तिव्वपयावरूढु ।
तणु तासु जोहकरभूसणाहं चउरद्धसयाइं सरासणाहं ।
मंदरभित्ति व उत्तुंगिमाइं छज्जइ गोरी सेविय रमाइ । ५
तहु णिवकुमारकीलाइ ललिय पुव्वहं अट्ठारहलक्ख गलिय ।
तेत्तिय जि महामंडलयइत्तु पालंतहु पत्थिवपय पयत्तु ।
गय जइयहुं तइयहुं सुकियसारु उप्पण्णउ चक्कु फुरंतधारु ।

कि जो पहले मनुष्य-जन्म प्राप्त करेगा, देव उसे परमधर्मका कथन करेगा। इस प्रकार जब वे दोनों स्वर्गमें निवास कर रहे थे तब समयके साथ महाबल देव स्वर्गसे च्युत हुआ। कोशलपुरमें राजा समुद्रविजय था। उसके घरमें नित्य विजय घोषित की जाती थी, उसकी विजया नामकी गृहिणी थी। वह परमेश्वरी जैसे कामदेवकी भूमि थी। वह देव स्वर्गशिखरसे च्युत होकर, उसके गर्भनिवासमें आकर बस गया।

घत्ता—सिंहके समान कन्धोंवाले, अनेक लक्षणोंके धारक और पूर्णिमाके चन्द्रके समान मुखवाले उस बालकको माताने जन्म दिया, जैसे स्वर्णच्छविने नवसूर्यको जन्म दिया हो ॥४॥

५

संग्रामरूपी समुद्रके भयंकर मगर उस कुमारको पिताने सगर कहकर पुकारा। दुर्वार वैरियोंके संग्राममें समर्थ वह मानो सिंह था कि जिसकी थोड़ी-थोड़ी डाढ़ें दिखाई दे रही थीं। समय बीतनेपर वह प्रौढ़ हो गया। वह प्रलय-सूर्यके समान अपने तीव्र प्रतापसे प्रसिद्ध था। उसका शरीर योद्धाओंके हाथोंके आभूषण स्वरूप साढ़े चार सौ धनुषके बराबर था। ऊँचाईमें वह मन्दराचलकी भित्तिके समान था। लक्ष्मी और सरस्वतीसे सेवित वह शोभित था। पत्नीकी सुन्दर क्रीड़ामें अठारह लाख पूर्व वर्ष बीत गये, और जब इतने ही वर्ष महामण्डलाध्यक्षके रूपमें पार्थिवप्रजाका प्रयत्नपूर्वक पालन करते हुए हो गये तो उसे पुण्यका सारभूत चमकती धारवाला

---

३. A सयणि । ४. A P पवरु धम्मु ।
५. १. A °पयावरुहु । २. P उत्तंगिमाइ । ३. P कुमारलीलाइ ।

असि चम्मं छत्तु गहवइ पुरोहु कैरि हरि कागणि मणि सेण्णणाहु ।
वरजुवइ थवइ वरकुलिसदंडु परपहरणगणणिद्दलणचंडु ।
चोद्दह रयणइं महियलु छखंडु महाकालु कालु पिंगलु पयंडु ।
दुइ पोम संख दुइ अवरु दिन्नु माणव इय णव णिहि देंति सव्वु ।

घत्ता—महि हिंडिवि समरु समोडिवि दुज्जणे दुट्ठ दुसाहिय ॥
जलथलवइ णहयर णरवइ देव वि तेण पसाहिय ॥५॥

६

वरवसुमइ असिणा वसि करेवि णीसेसणरेसहं कप्पु लेवि ।
आवेप्पिणु कउ पज्झहि णिवासु एत्तिय संपय भुवणयलि कासु ।
जिव भरहहु तिव सयरहु जि होइ तं वण्णहुं ण वि सक्कंति जोइ ।
णामेण चउम्मुहु देउ संतु उप्पण्णउं तहु केवलु अणंतु ।
आसीणु भडारउ णिलइ जेत्थु संजायउ देवागमणु तेत्थु ।
किंकरकरवालकरालधारु अण्णहिं दिणि सुंदरु सपरिवारु ।
गउ वंदणहत्तिइ सयरु राव अवयरिउ तहिं जि मणिकेउ देउ ।
अवलोइउ जिणपयणिहियचित्तु बोल्लाविउ तियसें परममित्तु ।
भो देव महाबल णिव्वियप्प ओलक्खहि किं मइं णाहिं बप्प ।

चक्करत्न प्राप्त हुआ। असि, चर्म, छत्र, गृहपति, पुरोहित, हाथी, अश्व, काकणीमणि, सेनापति, वरकामिनी, स्थपति, शत्रुओंके शस्त्रसमूहको नष्ट करनेवाला श्रेष्ठ वज्रदण्ड, ये चौदह रत्न और छह खण्ड धरती महाकाल, काल, पिंगल, पद्म, महापद्म, प्रचण्ड दो और शंख (शंख, महाशंख), और मानव, ये नौ निधियाँ उसको सब कुछ देती थीं।

घत्ता—धरतीपर घूमकर युद्ध कर उसने दुःसाध्य दुष्ट, दुर्जन, जलस्थलपति, विद्याधर, राजा और देव सभीको सिद्ध कर लिया ॥५॥

६

अपनी श्रेष्ठ तलवारसे श्रेष्ठ धरतीको जीतकर, समस्त राजाओंसे कर लेकर और आकर उसने अयोध्यामें निवास किया। भुवनतलमें इतनी सम्पत्ति किसकी है? जिस प्रकार भरतके पास सम्पत्ति थी, उतनी ही सगर चक्रवर्तीकी थी, योगी भी उसका वर्णन नहीं कर सकता। चतुर्मुख नामक एक मुनिको अनन्त केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। वह आदरणीय मुनि जिस स्थानपर विराजमान थे, वहाँ देवोंका आगमन हुआ। दूसरे दिन अनुचर और भयंकर तलवार धारण करनेवाला वह राजा सगर अपने परिवारके साथ वन्दनाभक्तिके लिए गया। वहींपर मणिकेतु देव भी आया। उस देवने जिनके चरणोंमें अपना मन लगाये हुए अपने मित्र सगरको देखा। उसने कहा—"हे विकल्पहीन महाबल देव! हे सुभट, क्या तुम मुझे नहीं पहचानते। पृथ्वीपुरमें

---

४. A P चम्मु। ५. A P गिहवइ। ६. A P हरि करि। ७. K omits थवइ। ८. A P दंड°। ९. A °णिहणचंडु; P °णिव्वहणचंडु। १०. A चउदह। ११. A P पचंडु। १२. A तह पोम संख णेसप्पु सव्वु। १३. P पवरभव्वु। १४. A P सुमंडिवि। १५. P दुज्जस।

६. १. A P जिम। २. A P तिम। ३. P वंदणभत्तिइ। ४. A P सयरराउ। ५. P अवलोयउ।

पुहईपुरि णरवरसंथुएहिं होइवि जयसेणमहारुएहिं । १०
चिरु चिण्णउ तउ जइणिंदमग्गि जायहं विण्णि वि सोलहमि सग्गि ।

घत्ता—तुहुं सुहमइ हूयउ णरवइ हउं ओहच्छविं सुरवरु ॥
जं जंपिउ आसि वियप्पिउं तं हियवइ संभरु ॥६॥

७

जे गय ते मयमउलवियलोयण जे हरिवर ते चल बंकवयण ।
संदणु ण मुणंति विइण्णु णेहु किंकर णियकज्जहिं देंति देहु ।
रायहं हियवइ धम्मु णिवसइ चामरपवणें सो हेलि जाइ ।
अंतरि छत्तइं छत्तहर देंतु तं तइ वि बप्प पेक्खइ कयंतु ।
अंगइं लक्खिल्लहिं दोसंकियाइं भुंजंतइं केवँ ण संकियाइं । ५
रायउलइं पहु पइं जेरिसाइं पंचिंदियसुहविसरसवसाइं ।
णिवडंति णरइ घोरंधयारि ण विरप्पहि किं तुहुं भोयभारि ।
किं रक्खइ तेरउ विजयचक्कु सिरि पडइ भयंकरु कालचक्कु ।
तहु वयणहु तेण ण दिण्णु कण्णु गउ सुरवरु सुरहरु मणि विसण्णु ।
पुणु अण्णहिं वासरि रयणकेउ णियरूवोहामियमयरकेउ । १०
मुणिवरु होइवि कयधम्मसवणि आइउ थिउ सयरजिणिंदभवणि ।
तं पेच्छिवि पुरु जंपइ असेसु एहउं ण रूवु पावइ सुरेसु ।

लोगोंके द्वारा संस्तुत जयसेन और महारुत होते हुए, प्राचीन समयमें हम दोनोंने जैनमार्गका तप ग्रहण किया था, और हम सोलहवें स्वर्गमें देव उत्पन्न हुए थे।

घत्ता—तुम, अब शुभमतिवाले राजा हुए हो, और मैं सुरवर ही हूँ। जो विचार तुमने कहा था, उसे अब याद करो ॥६॥

७

जो गज हैं वे आँखें बन्द कर मर जाते हैं, जो अश्व हैं वे चंचल और वक्रनेत्र हैं। रथ कुछ भी विचार नहीं करते। स्नेह विदीर्ण (नष्ट) हो जाता है। अनुचर अपने स्वार्थसे शरीर देते हैं। राजाओंके हृदयमें धर्म नहीं ठहरता है, चमरके पवनसे वह उड़ जाता है। छत्रधर भीतर छत्र लगा देते हैं, परन्तु उसे (जीवको) कृतान्त वहाँ देख लेता है। लक्ष्मीके दोषोंसे अंकित अंगों-का (सप्तांग राज्य) का भोग करते हुए राजा लोग आशंकित क्यों नहीं होते ? पाँच इन्द्रियोंके सुख रूपी विषरसके वशीभूत होकर हे प्रभु, तुम्हारे जैसे राजकुल, घोर अन्धकारपूर्ण नरकमें गिरते हैं। तुम भोगके भारसे विरक्त क्यों नहीं होते ? क्या तेरा विजयचक्र तेरी रक्षा कर लेगा ? सिरपर भयंकर कालचक्र पड़ेगा। परन्तु राजाने उसके वचनोंपर कान नहीं दिया। सुरवर अपने मनमें दुखी होकर स्वर्ग चला गया। एक दूसरे दिन, अपने रूपसे कामदेवको तिरस्कृत करनेवाला मणिकेतु देव मुनिवर होकर, जिसमें धर्मश्रवण किया जाता है ऐसे जिन-मन्दिरमें सगर आकर बैठ गया। उसे देखकर, सारे नगरने कहा कि ऐसा रूप इन्द्र भी नहीं पा सकता।

---

६. A P णरवइ° । ७. A P सो अच्छमि ।

७. १. P मउलेवि णयण । २. P वियण्णु । ३. A के णउ संकियाइं; P केम ण संकियाइं । ४. P omits पुणु । ५. A P आइवि । ६. P एहउ णरु ण अच्चुयसुरेसु ।

घत्ता—जणणेत्तइं जहिं जि णिहित्तइं तहिं जि णिरारिउ लग्गइं ॥
बुहयंदहु तासु मुणिंदहु को वण्णइ तणुअंगइं ॥७॥

८

तं वंदिवि चिंतइ सयरु एंव किं एहा होंति ण होंति देव ।
एहउ सुरूवु णउ बम्भहासु पुणु चवइ णिवइ दूरविरंसियासु ।
मुणि किं तुहुं किर वेरग्गु थियउ भणु किं जोव्वणु वेणजोग्गु कियउ ।
तं सुणिवि भणइ मायारिसिंदु सिलंतु ण पेक्खहि पुण्णिमिंदु ।
५ भरियउ पुणु रित्तउ होइ राय सासय किं चिंतहि अब्भछाय ।
तणु धणु परियणु सिविणयसमाणु तसथावरजीवहुं अभयदाणु ।
किज्जइ तरुणत्तणि तवपवित्ति बुड्ढत्तणि पुणु परियलइ सत्ति ।
जर पसरइ विहडइ देहबंधु लोयणजुयलुल्लउ होइ अंधु ।
पब्भट्ठचेट्ठु गयरमणराउ तरुणिहिं कोक्किज्जइ हसिवि ताउ ।
१० वहु थेरु सो वि किं णिव्वियारि वइवेण जि पंडउ बंभयारि ।
जीविज्जइ जहिं सो णिययदेसु तं भोयणु जं मुणिमुत्तसेसु ।

घत्ता—किं भव्वें पंडियगव्वें लोउ असेसु णडिज्जइ ॥
विउसत्तणु तं सुकइत्तणु जेण ण णरइ पडिज्जइ ॥८॥

घत्ता—लोगोंके नेत्र जहाँ भी पड़ते वे वहीं लगकर रह जाते। बुध-चन्द्र उस मुनीन्द्रके शरीरके अंगोंका वर्णन कौन कर सकता है ? ॥७॥

८

उसकी वन्दना करके राजा सगर अपने मनमें विचार करता है, हो न हो ये क्या देव हैं ? यह मनुष्यका स्वरूप नहीं है। अपना थोड़ा-सा मुँह खोलते हुए राजाने कहा, "हे मुनि, आप विरक्त क्यों हो गये ? बताइए आपने-अपने यौवनको वनके योग्य क्यों बनाया ?" यह सुनकर वह कपटी मुनि बोला, "क्या तुम पूर्णिमाके चन्द्रको नष्ट होते हुए नहीं देखते ? पहले चन्द्रमा भर जाता है, फिर खाली होता है, हे राजन्, क्या तुम बादलोंकी छायाको शाश्वत समझते हो ? तन, धन, और परिजन स्वप्नके समान हैं ? इसलिए त्रस और स्थावर जीवोंके लिए, अभयदान एवं यौवनमें तपकी प्रवृत्ति करनी चाहिए। बुढ़ापेमें तो फिर शरीरकी शक्ति नष्ट हो जाती है। बुढ़ापा फैलने लगता है। शरीरके बंध ढीले पड़ जाते हैं, दोनों नेत्रयुगल अन्धे हो जाते हैं। चेष्टाओंसे भ्रष्ट और रमणरागसे रहित बूढ़ा आदमी युवतियोंके द्वारा हँसकर तात पुकारा जाता है। वृद्ध आदमी दग्ध हो जाता है (उसकी इन्द्रियचेतना नष्ट हो जाती है) क्या वह भी निवृत्ति करनेवाला हो सकता है ? नपुंसकको तो देवने ही ब्रह्मचारी बना दिया ? वहीं जीवित रहना चाहिए जो अपना देश है, भोजन वही है जो मुनिके आहारसे बचा हो।

घत्ता—बुद्धिके गर्ववाले भव्यके द्वारा समस्त लोक क्यों प्रतारित किया जाता है ? पाण्डित्य और सुकवित्व वही है कि जिससे मनुष्य नरकमें नहीं पड़ता ॥८॥

---

८. १. A सरूव; P सरूव। २. A P दरविहसियासु। ३. A मुणि; P मुणे। ४. P वइरग्गु। ५. A वणजोगु; P वणिजोगु। ६. A P सुट्ठु पहत्तणु।

९

सो सूरउ जो इंदियइं जिणइ सो सुद्धबुद्धि जा तच्चु मुणइ ।
सो इट्ठु बंधु जो धम्मु कहइ तं तणुबलु जं वयभारु वहइ ।
ते कर जे पडिलिहणेउं धरंति ते कम जे मउयउं संचरंति ।
तं सिरु जं जिणपयजुयलि णवइ तं तोंडु णं जं विप्पियँइं ण्वइ ।
ते चक्खु ण जे सियमइ णियंति ते सवण ण जे रइसुइ सुणंति । ५
सा जीह ण जा रसलोल लुलइ तं हियउ ण जं परमत्थि चलइ ।
सुंकारु देंतु णिंदइ दुगंधु तं णंकु ण जं इच्छइ सुयंधु ।
तं अंगु ण जं कुसयणहु तसइ सो मित्तु समउं जो रण्णि वसइ ।
ते चारु केस संजमधरेहिं उप्पाडिय जे मुणिवरकरेहिं ।
सँकयत्थइं जईकरुहइं ताइं लग्गाइं विलासिणिथणि ण जाइं । १०
डज्झउ कामाउरु सीलरहिउ तं जीविउ जं चारित्तसहिउ ।

घत्ता—उज्जुयमणु जं गुणभायणु तं माणुसु सुकुलीणउ ।
तं जोव्वणु हउं °मण्णवि घणु जं तवचरणें खीणउ ॥९॥

१०

आवेहि जाहुं लइ तुहुं वि दिक्ख सिक्खहि गयमयरय मोक्खसिक्ख ।
इय कहइ जइ वि सो देवसाहु पडिबुद्धउ तो वि ण पुहैविणाहु ।

९

शूर वही है जो इन्द्रियोंको जीतता है, वही सद्बुद्धिवाला है जो तत्त्वका विचार करता है। वही इष्ट बन्धु है कि जो धर्मका कथन करता है। वही शरीरबल है जो व्रतभारको धारण करता है। वे ही हाथ हैं जो मयूरपिच्छ धारण करते हैं। वे ही चरण हैं जो मृदुतासे चलते हैं, वही सिर हैं जो जिनपद युगलमें नमन करते हैं, वही मुख है जो बुरा नहीं बोलता। वे ही आँखें हैं जो स्त्रियोंको नहीं देखतीं। वे ही कान हैं जो रतिसुखको नहीं सुनते। जीभ वही है जो रसकी लम्पटतामें नहीं पड़ती है। हृदय वही है जो परमार्थसे नहीं चलता। नाक वही है जो सुंकार करते हुए न तो दुर्गंधकी निन्दा करती है और न सुगन्धकी इच्छा करती है? शरीर वह है जो कुश पर सोनेसे पीड़ित नहीं होता। वही मित्र है जो जंगलमें साथ रहता है। सुन्दर केश वही हैं, जो संयमधारण करनेवाले मुनिवरोंके द्वारा उखाड़े जाते हैं। मुनिके वे ही हाथ कृतार्थ हैं जो विलासिनियोंके स्तनोंसे नहीं लगे। कामातुर और शील रहित यौवनमें आग लगे। वही जीवन है जो चारित्र्यसहित हो।

घत्ता—जो सरलमन और गुणोंका भाजन है, वही मनुष्य कुलीन है। उसी यौवनको मैं मानता हूँ जो तपश्चरणके द्वारा क्षीण है ॥९॥

१०

"आओ, चलें, तुम भी दीक्षा ले लो। मदरजसे रहित मोक्षकी शिक्षा सीख लो।" यद्यपि

---

९. १. A सो सुद्धबुद्धि जो। २. A P पडिलेहउ धरंति। ३. A जं ण। ४. A P विप्पियउ। ५. A P णवकु। ६. A सुगंधु। ७. P सकइत्थई। ८. A P जणं°। ९. A डज्जुयमणु। १०. A P मण्णमि।
१०. १. A पुहइणाहु।

लइ अज्जि वि ण लहइ काललद्धि जाणिवि देवें[3] कय गमणसिद्धि ।
गउ चक्कवट्टि सणिहेलणासु णं इंदिंदिरु कमलिणिवणासु ।
अत्थाणि परिट्ठिउ छुडु जि जाम सहसाइं सट्ठि तणुरुहहं ताम ।
आयाइं भणंतइं जीय देव पायडहुं तुहारी पायसेव ।
दे देहि तुरिउ आएसु किं पि णोसरहुं महारिउ रणि पवं पि ।
मंदर महिहर जेवेड्डु जं पि लीलाइ समाणहुं कज्जु तं पि ।
तं णिसुणिवि सक्कसमाणएण विहसेप्पिणु वुत्तउं राणएण ।
आएसहु कारणु किं पि णत्थि आरुहिवि तुरंगम मत्तहत्थि ।
अणुहुंजहु मह रिद्धिहि फलाइं मा जंपह वयणइं चप्फलाइं ।

घत्ता—किं वग्गह पेसणु मग्गह मंडलाइं धणरिद्धइं ॥
मइ एक्कें मुक्कें चक्कें सुट्ठु दुसज्झइं सिद्धइं ॥१०॥

११

अह जइ सुयत्तु दक्खेविवउं अज्जु तो करह महारउ धम्मकज्जु ।
देवेण जाइं चक्केसरेण काराविवाइं भरहेसरेण ।
लंबियघंटाचामरधयाइं केलासु गंपि कंचणमयाइं ।
वरसिहरहं चउवीसहं वि ताहं परिरक्खह पंडवह जिणहराहं ।
जिहं णासइ खलमाणवहं मग्गु तिह विरयह तरुसिलसलिलदुग्गु ।

वह देवमुनि यह कहता है, फिर भी वह पृथ्वीनाथ सगर प्रतिबुद्ध नहीं हुआ। लो वह आज भी काललब्धि नहीं पाता। यह जानकर उस देवने गमनसिद्धि की (अर्थात् वह वहाँसे चला गया)। राजा सगर अपने निवासके लिए चला गया, मानो भ्रमर अपने कमलिनी-निवासके लिए चल दिया हो। जैसे ही वह अपने दरबारमें बैठा, वैसे ही उसने अपने साठ हजार पुत्रोंको देखा। आते हुए उन्होंने कहा—"हे देव ! आपकी जय हो, हम आपके चरणोंकी सेवा प्रकट करते हैं। आप शीघ्र ही कोई आदेश दीजिए, यदि युद्धमें सुमेरुपर्वतके बराबर भी शत्रु होगा, तो भी हम अपना पैर नहीं हटायेंगे ? इस कार्यको भी खेल-खेलमें सम्मानित करेंगे।" यह सुनकर इन्द्रके समान हँसते हुए राजा सगरने कहा, "आदेश देनेके लिए कोई कारण नहीं है ? तुम लोग अश्वों और मतवाले हाथियोंपर चढ़कर मेरे वैभवके फलोंको चखो। चंचल वचनोंका प्रयोग मत करो।"

घत्ता—"क्यों सनकते हो और आज्ञा माँगते हो। मेरे द्वारा मुक्त एक चक्रसे ही दुःसाध्य और धन-सम्पन्न मण्डल अच्छी तरह जीत लिये गये ॥१०॥

११

अथवा यदि तुम्हें आज अपना सुपुत्रत्व दिखाना है, तो हमारा एक धर्मकार्य करो। चक्रवर्ती राजा भरतेश्वरने जिनमन्दिरोंका जो निर्माण करवाया था, तुम कैलास पर्वत जाकर, जिनमें घण्टा, चमर और ध्वज अवलम्बित हैं ऐसे स्वर्णमय और श्रेष्ठ शिखरवाले चौबीसों जिन-मन्दिरोंकी परिरक्षा करो। तुम वृक्षों, चट्टानों और जलोंका दुर्ग बनाओ जिससे दुष्ट मनुष्योंका

२. A P अज्ज वि । ३. P कय देवें जाणसिद्धि । ४. A P जीव । ५. A P जेवड्ड । ६. P तं सुणिवि । ७. P उत्तउ । ८. P लग्गह ।
११. १. A सयत्त । २. A P दक्खवहु । ३. A धर रक्ख । ४. A जिम ।

ता णिग्गय तणय पसाउ भणिवि जेमदंडचंड भुयदंड धुणिवि ।
धरधरणक्खम उद्धुद्धसोंड णं मयगल मयंजलगिल्लगंड ।
धाइय जुवाण मुहमुक्करोव णं पलयजलय गज्जणसहोव ।

घत्ता—पविदंडें खणरुइचंडें फाडिउ खणि खोणीयलु ॥
णरसारहिं रायकुमारहिं देवहुं दाविउ भुयबलु ॥११॥ १०

१२

णियचिरपवाहपिहुपहु मुयंति करिकरडगलियमयंमलु धुयंति ।
परिभमियवारिविब्भम भमंति कमलोयरमयरंदइं वमंति ।
परिमलमिलियालिहिं गुमुगुमंति वणयवजालोलिहिं सिमिसिमंति ।
सविसइं विसिणिबिलइं पइसरंति फणिफुक्कारिहिं दरोसरंति ।
गिरिकंदर दरि सर सरि भरंति दिसि णहयलु थलु जलु जलु करंति । ५
वित्तुंगतरंगहिं णहि मिलंति विर्यडयरसिलायल पक्खलंति ।
कच्छवमच्छोह समुच्छलंति हंसावलि कलरव कलयलंति ।
पविउलजलवलयहिं चलवलंति कद्दिय गंगाणइ खलखलंति ।
वलइयउ ताइ कइलासु केम वेसाइ पमत्त मुयंगु जेम ।

मार्ग (आना) नष्ट हो जाये।" तब 'जैसी आज्ञा'—कहकर वे पुत्र यमदण्डके समान प्रचण्ड अपने भुजदण्ड ठोकते हुए निकल पड़े, जैसे वे पृथ्वी धारण करनेमें सक्षम, अपनी सूँड़ ऊपर किये हुए, मदसे आर्द्र गण्डस्थलवाले मदगज हों। अपने बुंहसे शब्द करते हुए वे युवक ऐसे दौड़े, मानो गर्जनस्वभाववाले प्रलयमेघ हों।

घत्ता—बिजलीकी तरह प्रचण्ड वज्रदण्डसे उन्होंने एक क्षणमें पृथ्वीतलको विदीर्ण कर दिया, और इस प्रकार मनुष्यश्रेष्ठ उन राजकुमारोंने देवोंके लिए अपना बाहुबल दिखा दिया ॥११॥

१२

अपने चिर प्रवाहके विशाल मार्गको छोड़ती हुई, हाथीके गण्डस्थलोंसे गलित मदजलको धोती हुई, घूमते जलोंसे विभ्रमको धारण करती हुई, कमलोदरोंसे मकरन्दका वमन करती हुई, सौरभसे मिले हुए भ्रमरोंके द्वारा गुनगुनाती हुई, वनोंको दावाग्नियोंकी ज्वालाओंसे सिमसिमाती हुई, साँपोंके विषैले बिलोंमें प्रवेश करती हुई, नागोंके फूत्कारोंसे थोड़ा फैलती हुई, पहाड़की गुफाओं, घाटियों, सरोवरों, नदियोंको भरती हुई, दिशाओं, आकाशतल, स्थल और जलको जलमय बनाती हुई, ऊँची तरंगोंसे आकाशसे मिलती हुई, विकट शिलातलोंका प्रक्षालन करती हुई, कछुओं और मत्स्योंके समूहोंको उछालती हुई, हंसावलियोंका कलरव करती हुई, विशाल जलविलयोंसे चिल-बिल करती हुई, और खल-खल करती हुई गंगा नदी आकर्षित की गयी, उसके द्वारा कैलास पर्वत उसी प्रकार घेर दिया गया, जिस प्रकार वेश्याके द्वारा प्रमत्त लम्पट घेर लिया जाता है।

---

५. जयदंड° । ६. A वरधरणुक्खम उद्धायसोंड । ७. A जलमयगिल्ल° । ८. A °राय । ९. A सहाय । १०. A परियट्ठिउ गंगाजलु; P परियट्ठिव गंगाजलु ।

१२. १. A विव पवाहपिहमहु । २. A °मयजल चुयंति; P °मयजलु धुयंति । ३. P मुयंति । ४. A P वणदव° । ५. A विसविवरइं । ६. A दिसि । ७. P जलु थलु । ८. A विवलयलसिलायलि । ९. P खलहलंति ।

घत्ता—धवलंगइ वेढिउ गंगइ पुणु वि [10]मज्झु सो [11]भावइ ॥
सुरभणहरु मंदरमहिहरु तारापंतिइ णावइ ॥१२॥

१३

फणिभवणि विलग्गउ दंडरयणु तहु सद्दें कंपिउ सयलु भुवणु ।
भयथरहरंत कुंडलिय णाय वणि वणयरेहिं पविमुक्क णाय ।
झलझलिये जलहि ढलढलिय धरणि विम्हिउ सुरिंदु कंपेविउ तरणि ।
पडिबोहणकारणु मुणिउ तेण मणिकेउणा हि पवरामरेण ।
फणिमणिपहपिहियदिणाहिवेण होइवि मायाणागाहिवेण ।
तिहुयणजणमरणुप्पायणेहिं गुंजारुणदारुणलोयणेहिं ।
जोइवि कुमार कय भूईरासि णं पुंजिय सज्जसविभूइरासि ।
तहिं [11]कासु वि ण हुवइ पलयकालु दरिसाविउ देवें इंदजालु ।
[12]अमुयाइं वि मुयाइं व दिट्ठ बंधु गय भीम भईरहि पुरु [13]सचिंधु ।
[14]उव्वरिय कह व ते विहिवसेण घरु पत्ता मुक्का पोरिसेण ।

घत्ता—घरु गंपिणु पिउ पणवेप्पिणु आसणेसु आसीणा ।
सविसाएं विण्णि वि ताएं दिट्ठ सुट्ठु विहाणा ॥१३॥

घत्ता—गोरे अंगोंवाली गंगानदीके द्वारा घेरा गया कैलास पर्वत मुझे ऐसा लगता है मानो देवसुन्दर मन्दराचल तारापंक्तियोंसे घिरा हुआ हो ॥१२॥

१३

वह दण्डरत्न नागभवनसे जा लगा। उसके शब्दसे सारा विश्व काँप उठा, कुण्डलाकार नाग भयसे काँप उठे, वनमें वनचरोंने शब्द करना शुरू कर दिया, समुद्र झलझला उठा, धरती काँप उठी। देवेन्द्र विस्मित हो उठा। सूर्य काँप गया। उस मणिकेतु प्रवर देवने इसे प्रतिबोधनका कारण समझा। जिसने अपने फणमणिकी प्रभासे दिनाधिप (सूर्य) को ढँक लिया है, ऐसा मायावी नागराज बनकर, उस देवने, त्रिभुवनके लोगोंको मृत्यु उत्पन्न करनेवाले, गुंजाफलके समान लाल और भयंकर नेत्रोंसे कुमारोंको देखकर राखका ढेर बना दिया, (उन्हें भस्म कर दिया) मानो उसने अपने यशकी विभूतिराशि एकत्रित कर ली हो। उसमें किसीके लिए भी प्रलयकाल नहीं हुआ। क्योंकि देवने अपने इन्द्रजालका प्रदर्शन किया था। बिना मरे हुए भी भाई मरे हुए दिखाई दिये। तब भीम और भगीरथ अपने-अपने ध्वजचिह्नोंके साथ गये। भाग्यके पथसे वे दोनों किसी प्रकार बच गये थे। अपने पौरुषसे रहित वे घर पहुँचे।

घत्ता—घर जाकर, अपने पिताको प्रणाम कर वे आसनोंपर बैठ गये। विषादपूर्वक पिताने देखा कि वे दोनों ही अत्यन्त दुःखी हैं ॥१३॥

---

१०. A मज्झि । ११. P भाइ ।

१३. १. A घरहरंति । २. A झलझलिउ । ३. A ढलढलिय । ४. A P विम्हिउ । ५. A P कंपियउ । ६. A पडिबोहणु । ७. A P वि । ८. P फणमणि । ९. A °भूय° । १०. P सज्जसविहूइ° । ११. A कासु ण हूयउ । १२. A P अमुया वि । १३. A P पुरि । १४. A उव्वरिय ते ण कह विहिवसेण ।

१४

कक्केयणकिरणुब्भासणाहं जोयंवि सहसहं सुण्णासणाहं ।
विहिं ऊणी सट्ठि दुसंठिएण सुयदंसणसोक्खुक्कंठिएण ।
मणिमयकुंडलचंचइयगंडु रायण पैलोइउ मंतितोंडु ।
दुइ आया इयर ण पइसरंति भणु कारणु तणुरुह किं करंति ।
पुव्वं चिय सुरसंकेइएण संबोहणबुद्धिविराइएण । ५
तं णिसुणिवि मंति धुतु वैए ऐं महिवइ महिलाहिययथेण ।
अत्थमेइ ण किं रवि उयैयभाउ उल्हाइ ण किं पज्जलिउ दीउ ।
ण वि णासइ किं सद्धि मेहसोह फुट्टंति ण किं जलबुंब्बुओह ।
थिरु होइ ण संझारायरंगु गउ आवइ णउ सरिसरतरंगु ।
विहडइ ण काइं सुरचावदंडु किं खयहु ण वच्चइ मणुयपिंडु । १०
कालेण गिलिर्य देविंद देव पच्छण्णपउत्तिहिं कहिउ एम्व ।

घत्ता—ता रायहु वड्ढियसोयहु बाहजलद्दइं णेत्तइं ॥
चलपत्तइं ओसासित्तइं णं गलंति सयवत्तइं ॥१४॥

१४

कर्केतन रत्नोंकी किरणोंसे आलोकित हजारों सूने आसनोंको देखकर भाग्यसे साठकी संख्या नष्ट हो जानेसे व्याकुल चित्त, और पुत्रदर्शनके सुखके लिए उत्कण्ठित राजाने, मणिकुण्डलोंसे अलंकृत गालवाले मन्त्रीमुखकी ओर देखा (और कहा) कि दो ही पुत्र आये हैं, दूसरे नहीं आये है। कारण बताओ कि पुत्र क्या कर रहे हैं ? तब पहलेके देव (मणिकेतु) के द्वारा पहलेसे समझाये गये और राजाको सम्बोधन देनेकी बुद्धिसे शोभित मन्त्रीने कहा—"हे महिलाओंके स्तनको चुरानेवाले राजन्, क्या उदय होनेवाले सूर्यका अस्त नहीं होता ? क्या जलाया हुआ दीप शान्त नहीं होता ? मेघोंकी शोभा बिजली क्या नष्ट नहीं होती ? क्या जलके बुद्बुदोंका समूह नहीं फूटता ? सन्ध्यारागका रंग स्थिर नहीं होता ! नदी और सरोवरकी गयी हुई लहर वापस नहीं आती ! क्या इन्द्रधनुष नष्ट नहीं होता ? क्या मनुष्य शरीर विनाशके मार्गपर नहीं जाता ? देवेन्द्र और देव महाकालके द्वारा निगल लिये जाते हैं ?" इस प्रकार प्रच्छन्न उक्तियोंसे मन्त्रीने कहा।

घत्ता—तब जिसका शोक बढ़ गया है, ऐसे राजाके अश्रुजलसे गीले नेत्र इस प्रकार गल गये मानो ओससे गीले चंचल पत्तोंवाले कमल हों ॥१४॥

---

१४. १. A जोइवि सहास सुण्णा°; P अवलोइवि सुयसुण्णा° । २. A °सुक्खुक्कंठिएण; P °सोक्खुक्कंठिएण । ३. A पलोयउ; P पलोविउ । ४. A ते महिवइ महिलहियय°; P हे महिवइ महिलहिआयथेण । ५. A अत्थवइ । ६. P उयणभाउ । ७. A जलपुण्णओह but gloss घलबुद्बुद । ८. A गलिय । ९. A पच्छण्णपउत्तिहिं ।

१५

तावेक्कु परायउ दंडपाणि कासायचीरधरु महुरवाणि ।
जिणवरु व णिवारियभव्वविहेरु कुंडलियणीलभमरउलचिहुरु ।
सोत्तरियफुरियजण्णोववीउ रूवेण गुणेण वि अंदुदुतीउ ।
सो मंतिहिं गहियखणेहिं महिउ कुलबंभणु भणिवि नृवस्सु कहिउ ।
५ ता भासइ लद्धावसरु विप्पु को पुत्तु एत्थु किर कवणु बप्पु ।
संसारु असारु णिरायराय किं सासय मण्णहि अब्भछाय ।
जिह तरुवेल्लिहिं परगम्मु होइ तिह णरु णारिहि अप्पउं ण वेइ ।
जीहोवत्थहिं जगमारणेहिं डिंभहिं डंभुब्भवकारणेहिं ।
संसारिय सयल सणेहु लेंति केसा इव बंधणजोग्ग होंति ।
१० मोहें बद्धा भवि संसरंति पुणु पुणु हुवंति पुणु पुणु मरंति ।

घत्ता—महु विसइं पुत्तकलत्तइं एम भणंतु जि णिज्जइ ॥
सुहुं माणइ धम्मु ण याणइ जगु खयरक्खें खज्जइ ॥१५॥

१५

तब इतनेमें गेरुए वस्त्र धारण किये हुए मीठी वाणी बोलनेवाला एक दण्डी साधु वहाँ आया। जो जिनवरकी तरह भव्योंके कष्टोंको दूर करनेवाला था, जिसके भ्रमरकुलके समान नीले बाल कुण्डलित थे, जो उत्तरीय वस्त्रके साथ यज्ञोपवीत धारण किये हुए था। वह रूप और गुणमें अद्वितीय था। तपके लिए नियम ग्रहण करनेवाले मन्त्रियोंने उसका सम्मान किया और कुलीन ब्राह्मण समझकर राजासे कहा। तब अवसर मिलनेपर ब्राह्मण बोला—"यहाँ कौन पुत्र है, और कौन बाप है? हे मनुष्योंके राजराज, यह संसार असार है। क्या तुम मेघोंकी छायाको शाश्वत मानते हो? जिस प्रकार तरु लताओंके परवश हो जाता है, उसी प्रकार मनुष्य नारियोंके कारण अपनेको नहीं जान पाता। जगका नाश करनेवाली जीवकी अवस्थाओं, बच्चों और बच्चोंके जन्मकारणोंके द्वारा सभी संसारी जीव स्नेह ग्रहण करते हैं, और केशोंके समान बन्धनके योग्य हो जाते हैं। मोहसे बँधकर संसारमें परिभ्रमण करते हैं। फिर-फिर जन्म ग्रहण करते हैं और फिर-फिर मृत्युको प्राप्त होते हैं।

घत्ता—'मेरा धन, मेरे पुत्र-कलत्र' इस प्रकार कहता हुआ वह ले जाया जाता है, फिर भी वह सुख मानता है, धर्म नहीं जानता। और इस प्रकार यह जग यमरूपी राक्षसके द्वारा खा लिया जाता है ॥१५॥

---

१५. १. A °चीव धरु। २. A P °विहुरु। ३. A अद्दुईउ; P अदुईउ। ४. A P णिवस्स। ५. A डिंभुब्भव°। ६. A मोहं बद्धा। ७. P जवि। ८. P संभरंति। ९. A मरंति; P भवंति। १०. A हुवंति। ११. A भणंतु। १२. सुहु माणइ।

१६

दारिवि धरणीयलु दिढसुएहिं आणिय मंदाइणि तुह सुएहिं ।
अहिभवणि विलग्गउ दंडरयणु णिग्गउ फणि गरलुप्पेच्छणयणु ।
आरूसेप्पिणु[2] आसीविसेण ओइय णिव[3] पंदण वइवसेण ।
ता चवइ सयरु गयदुरियकलिलु पहाइज्जइ दिज्जइ काइं सलिलु ।
किं एण पणासइ इट्ठसोउ [4]वर पंचमुट्ठि सिरि देमि लोउ । ५
जहिं कहिं मि ण पेच्छमि सुहिविओउ ण हु होइ कयाइ अणिट्ठजोउ ।
जहिं सयलकालु अयरामरत्तु[6] जहिं थक्कइ अप्पउ णाणमेत्तु ।
तं सिउ संहंमि[8] णिम्महंमि[9] चरित्तु एम्ड भीमकुमारु णिवेण वुत्तु ।
लइ वसुह ण इच्छिय तेण केम गुणवंतें परगेहिणिय जेम ।
ता थविवि भईरहि पुहइरज्जि अप्पणु लग्गउ परलोयकज्जि । १०
दढधम्महु पायंतिइ सभग्गु आराहिउ भावें मोक्खमग्गु ।

घत्ता—सहुं भीमें णिज्जियकामें चारित्तेण विहूसिउ ॥
चक्केसरु हुउ जोईसरु मणिकेउ[10] वि सुरु तोसिउ ॥१६॥

१६

तुम्हारे पुत्र धरतीको अपने दृढ़ बाहुओंसे खोदकर गंगा नदी ले आये। उनका दण्डरत्न नागभवनसे जा टकराया। विषसे परिपूर्ण नेत्रवाला वह नाग निकला। उसने क्रुद्ध होकर यमके समान उन पुत्रोंको देखा। इसपर जिसका पाप कलंक धुल गया है ऐसा राजा सगर कहता है कि क्या स्नान किया जाये और पानी दिया जाये, क्या इससे इष्टजनका वियोग दूर हो जायेगा? अच्छा है मैं पाँच मुट्ठियोंमें सिरके बाल लेकर केशलोंच करता हूँ। जहाँ किसी सुधीका वियोग मैं नहीं देखता। और न कभी भी अनिष्ट योग होता है, जहाँ सदैव अजर और अमरत्व निवास करता है। जहाँ आत्मा ज्ञानमात्र रहता है, मैं उस शिवको सिद्ध करता हूँ। मैं चारित्र ग्रहण करता हूँ।" तब राजाने कुमार भीमसे कहा कि यह धरती तुम ले लो। परन्तु उस गुणवान्‌ने उसकी इच्छा नहीं की जैसे वह किसी दूसरेकी गृहिणी हो। तब भगीरथको पृथ्वीके राज्यमें स्थापित कर, राजा सगर स्वयं परलोकके काममें लग गया। दृढ़धर्मा मुनिके चरणोंके निकट उसने सम्पूर्ण भावसे समग्र मोक्षमार्गकी आराधना की।

घत्ता—कामको जीतनेवाले चारित्रसे विभूषित, और भीमके साथ वह चक्रेश्वर योगीश्वर हो गया। इससे मणिकेतु देव भी सन्तुष्ट हो गया ॥१६॥

---

१६. १. P गरलु दुपेच्छणयणु। २. P रूसेप्पिणु आसीविसविसेण। ३. A P तुह। ४. A दुट्ठसोउ। ५. P वरि। ६. A P सव्वकालु। ७. A P अयरामरत्तु। ८. A P साहमि। ९. A P णेण्हमि। १०. A P मणिकेउ वि संतोसिउ।

गउ तेत्तहिं[1] जेत्तहि पडिय पुत्त
अवहरिवि विसविसयगरलं भप्पु
उट्ठिय ते सायरि सायरेण
ससु वसुमइ सीहासणु मुएवि
णियजीवियवेयायपरिग्गहेण
ता तेहिं विमुक्कउ णिहिलु गंथु
जाया जइ णियजणणाणुयारि
दोवासपयडपासुलियगत्त
उत्ताणखप्परोयरकराल
जणदिट्ठपुट्ठिगयवंसपव्व
कडयडियजाणुकोप्परपएस
कंकालरूव जगभीमवेस

मायाविसमुच्छारयविलित्त।
जीवाविय कउ णिम्मलु वियप्पु।
भासियसुरेण महुरक्खरेण।
गउ तुम्हहं पिउ पावज्ज लेवि।
तुम्हहं विणडिय गंगाग्गहेण।
गउ जेण महाजणु सो जि पंथु।
णीरंजण थिरमण णिव्विवारि।
सकवालमूलसुणिलीणणेत्त।
दीहरणह भासुररोमवाल।
विच्छिण्णगाव तवतावतिव्व।
उववासखीण चम्मट्ठिसेस।
णिज्जणणिवासि सुहसुक्कलेस।

घत्ता—दिहिपरियर पसमियमयजर जमसंजमधरणुच्छव ॥
बहुखमदम कुंचियकरकम णावइ थलगय कच्छव ॥१७॥

१७

वह वहाँ गया जहाँ माया-विषकी मूर्च्छाके वेगसे लुप्त पुत्र पड़े हुए थे। उसने वैक्रियिक विषको खींचकर भस्मको जीवित कर सुन्दर शरीरमें परिणत कर दिया। वे सगर-पुत्र आदरके साथ उठ बैठे। देवने मधुरवाणीमें उनसे कहा कि धन, धरती और सिंहासन छोड़कर तुम्हारे पिता संन्यास लेकर चले गये हैं। अपने जीवनके त्यागका परिग्रह है जिसमें, ऐसी गंगा लानेके आग्रहसे तुम लोग प्रवंचित हुए। यह सुनकर उन लोगोंने भी समस्त परिग्रहका परित्याग कर दिया और उसी रास्ते पर गये, जिसपर महाजन जा चुके थे। अपने पिताका अनुकरण करनेवाले वे निरंजन, निर्विकार और स्थिरमन मुनि हो गये। जिनके शरीरके दोनों पार्श्वभागोंकी पसलियाँ निकल आयी हैं, जिनके नेत्र कपालके मूल भागमें लीन हो गये हैं, जो उठे हुए खप्परके उदरसे भयंकर हैं जिनके लम्बे नाखून और चमकता हुआ रोमजाल है, जिनके पीठके बाँसको गाँठें दिखाई दे रही हैं, जिनका अहंकार जा चुका है, जो तीव्र तपके तापसे सन्तप्त हैं, जिनके घुटने और हथेलियोंके प्रदेश सूख गये हैं, जो उपवाससे क्षीण हैं और जिनको केवल चमड़ी और हड्डियाँ शेष रह गयी हैं। जो कंकालस्वरूप और जगमें भयंकररूप धारण करते हैं, एकान्तमें निवास करनेवाले जो पवित्र शुक्ललेश्यावाले हैं।

घत्ता—जो धैर्यके परिग्रहसे युक्त जराको शान्त करनेवाले, यम और संयमको धारण करनेका उत्सव करनेवाले, बहुत ही क्षमा और दयावाले तथा जिन्होंने अपने हाथ-पैर संकुचित कर लिये हैं ऐसे मानो स्थलपर रहनेवाले कच्छप हैं ॥१७॥

१७. १. A P जेत्तहि तेत्तहि। २. A °सालिस; P °रयपलित्त। ३. A °गरलु दप्पु; P °गरलु सप्पु। ४. A P सिहासणु। ५. A जीवियराय°। ६. A P मायागहेण। ७. P थिर मणि। ८. A P दोपासु-पयडपंसुलिय°। ९. A उत्ताणुयखप्परो°। १०. A P °रोमजाल। ११. A गयवंभपव्व। १२. A P विच्छिण्णगव्व। १३. A P णिज्जणि णिवासि। १४. A P पिहुखमदम।

१८

सुरधणुवलए विज्जुज्जलए ।
गज्जंतघणे हयविरहियणे ।
सरिवहसरिसे धारावरिसे ।
संविहियथले पवहंतजले ।
मिगरवमुहले वणविडवितले । ५
णिवसंति इसी विलुलंति विसी ।
गलकंदलए पुणु कंदलए ।
ओसापसरे पत्ते सिसिरे ।
दरिसियगयणे बाहिरसयणे ।
णिक्कंपमणा धीरा समणा । १०
तमछइयदिसं गमयंति णिसं ।
हिमणिग्गमणे गिम्हागमणे ।
गिरिसिहरगया सज्झाणरया ।
संतावणिहि रविकिरणसिहि ।
विसहंति जई सुविसुद्धमई । १५
णिज्जियविसयं इय एरिसयं ।
पालेवि समं पुत्तेहिं समं ।
विद्धत्थरयं णिव्वाणगयं ।
जणतोसयरो पत्तो सयरो ।
णिट्ठवियरिउं णिसुणेवि पिउं । २०
अंयमेय वयं गयमयणमयं ।
णियपुत्तयहो वरयत्तयहो ।
जयलच्छिसहि दारुण महि ।

१८

इन्द्रधनुषसे मण्डित, विद्युत्से उज्ज्वल, विरहीजनोंको आहत करनेवाले मेघोंके गरजनेपर नदीके प्रवाह पथके समान स्थलभागको ढक लेनेवाले, धारावाहिक रूपसे जलके प्रवाहित होनेपर, पशुकुलसे मुखरित वनविटपके नीचे वे मुनि रहते हैं और विषयोंका नाश करते हैं। जिसके कन्दल (अंकुर/केश) गल चुके हैं, ऐसे मस्तक प्रदेशमें ओसके प्रसारसे युक्त शिशिरऋतुके प्राप्त होनेपर, जिसमें आकाश दिखाई देता है, ऐसे बाह्य शयनमें, धीर श्रमण निष्कम्प भावसे तमसे आच्छादित दिशाओंवाली रात्रि व्यतीत करते हैं। हिम (शीत) ऋतुके चले जानेपर और ग्रीष्म ऋतुके आगमनपर पहाड़ोंके शिखरोंपर विराजमान वे सत् ध्यानमें रत रहते हैं। सतानेवाली रविकिरणोंकी आगको सुविशुद्ध मतिवाले वे मुनि सहन करते हैं। विषयोंको जीतनेवाले इस प्रकारकी साधनाका पालन कर राजाजनोंको सन्तुष्ट करनेवाले सगर अपने पुत्रोंके साथ, पापका नाश करनेवाले निर्वाणको प्राप्त हुए। यह सुनकर कि पिताने कर्मोंका नाश कर दिया है, (यह सोचकर) अपने

१८. १. A P विज्जुज्जलिए । २. A P संपिहिय°; K संविहिय but gloss संपिहिय° । ३. K मृगरव° । ४. A P दरसिय° । ५. A P णिभागमणे । ६. A °रइं । ७. A °गइं । ८. A P अपमेयवयं । ९. A वरदत्तयहो; P वरपत्तयहो ।

[10]आसमि गुणिहे गुत्तयमुणिहे[11] ।
घत्ता—अरितरुसिहि राउ भईरहि हिंसारंभु मुएप्पिणु ॥
सरहंगहि तडि थिउ गंगहि [12]जिणपावज्ज लएप्पिणु ॥१८॥

१९

ताराहारावलिपविमलेहिं सतुसारखीरसायरजलेहिं ।
कलहोयकलसकविलियकरेहिं तहु पयजुयलउ सिंचिउ सुरेहिं ।
तप्पायधोयसलिलेण सित्त तहिं हूई सुरवरसरि पवित्त ।
हिमवंतपोमसरवरपसूय अज्जु वि जणु मण्णइ तित्थभूय ।
मंदारजाइसिंदूरएहिं अरविंदकुंदकणियारएहिं ।
सुपउरमयरंदायंबएहिं अंचिवि णवकुसुमकरंबएहिं ।
आमोयमिलियचलमहुलिहेहिं गंधेहिं दिण्णणासासुहेहिं ।
थोत्तेहिं जईसरु धरियजोउ वंदेवि देव गय सग्गलोउ ।
उप्पाइवि केवलु तिजगचक्खु संपत्त भईरहि परममोक्खु ।
घत्ता—सो मुणिवरु अजरामरु हूयउ खणि असरीरिउ ॥
भरहत्थहिं णिवसत्थहिं पुप्फदंतु जयकारिउ ॥१९॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सयरणिव्वाणगमणं णाम एकूणचालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥३९॥

[3]॥ सयरचरियं समत्तं ॥

पुत्र वरदत्तके लिए विजयरूपी लक्ष्मीकी सहेली धरती देकर गुणवान् गुप्तमुनिसे कामके मदसे रहित यही व्रत ग्रहण करता हूँ ।

घत्ता—अरिरूपी वृक्षके लिए आगके समान राजा भगीरथ हिंसा और आरम्भको छोड़कर तथा जिनदीक्षा ग्रहण कर चक्रवाकोंसे युक्त गंगानदीके तटपर स्थित हो गये ॥१८॥

१९

तारोंकी हारावलियोंके समान स्वच्छ, तुषारकणों सहित, क्षीरसागरके जलोंसे स्वर्णकलशसे युक्त हाथोंसे देवोंने उनके पदयुगलका अभिषेक किया। उनके चरणोंके धोये गये जलसे सींची गयी देवनदी गंगा उस समय पवित्र हो गयी। हिमवन्त सरोवरसे निकलनेवाली गंगानदीको लोग आज भी तीर्थस्वरूप मानते हैं। मन्दार, जुही, सिन्दुवार, अरविन्द, कुन्द, कनेर पुष्पोंके सुप्रचुर मकरन्दोंसे लाल नव कुसुम समूहोंसे अर्चा कर, तथा जिनमें आमोदसे चंचल मधुकर मिले हुए हैं ऐसी नासिकाको सुख देनेवाले गन्धों और स्तोत्रोंसे योगधारी योगीश्वरकी वन्दना कर देव स्वर्ग-लोक चले गये। त्रिलोकनयन केवलज्ञान उत्पन्न कर भगीरथ परममोक्षको प्राप्त हुए।

घत्ता—वह मुनिवर एक क्षणमें अजर-अमर और अशरीरी हो गये। भरतक्षेत्रवासी राजसमूहोंने पुष्पदन्तके समान उनका जयजयकार किया ॥१९॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका सगरनिर्वाणगमन नामका उनतालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३९॥

---

१०. A P असमे । ११. A P गोत्तयमु णेहें । १२. A P जिणपव्वज्ज ।
१९. १. A °महुवरेहि; A °महुयरेहि । २. A असरीरउ । ३. A P omit सयरचरियं समत्तं....

संधि ४०

पणवेप्पिणु संभवु सासयसंभवु संभवणासणु मुणिपवरु ॥
पुणु तहु केरी कह रंजियबुहसंह[1] कहंवि सरासइ देउ वरु ॥ ध्रुवकं ॥

१

सदयं परिरक्खियमयं अदयं विद्धंसियमयं ।
चूरियअलियलयंसयं लुंचियअलिअलयं सयं ।
दूसियपरहणहरणयं पुसियबंभहरिहरणयं । ५
विणिवारियपरदारयं परदरिसियपरदारयं ।
रयणीभोयणविरमणं धीरं अं[2]विवेविरमणं ।
कयगिहिसंगपमाणयं बहुणयणिहियपमाणयं ।

सन्धि ४०

शाश्वत है जन्म जिनका, ऐसे तथा जन्मका नाश करनेवाले मुनिप्रवर सम्भवनाथको प्रणाम कर, फिर उन्हींकी, पण्डित सभाको रंजित करनेवाली कथा कहता हूँ, हे सरस्वती देवी, मुझे वर दो।

१

जो पशुओंकी रक्षा करनेवाले सदय हैं, जो मदको ध्वस्त करनेवाले अदय हैं, जिन्होंने असत्यके अंशको ध्वस्त कर दिया है, और भ्रमरके समान श्याम केशोंको उखाड़ दिया है, जिन्होंने दूसरेके धनके हरणकी निन्दा की है, जिन्होंने ब्रह्मा, हरि और हरके नयको दूर कर दिया है। जो परस्त्रीका निवारण करनेवाले हैं, तथा जिन्होंने दूसरोंके लिए मोक्षका द्वार बताया है, जो निशा भोजनसे विरत हैं, धीर और अकम्पित मन हैं। जिन्होंने गृहस्थ जीवनमें परिग्रहका परि-

---

Mss. A and P have the following stanza at the beginning of this Samdhi :—

विनयाङ्कुरसातवाहनादौ नृपचक्रे दिवि (व) मीयुषि क्रमेण ।
भरत तव योग्यसज्जनानामुपकारो भवति प्रसक्त एव ॥१॥

This stanza is also found at the beginning of Samdhi XXXIII of this Work in certain Mss. See foot-note on page 530 of Vol I. K does not give it there or here.

१. १. A P °बुहसुह । २. A वीरं ।

णाणेणं अपमाणयं[3] सँवराणं पि पमाणयं[4]।
पविहियभव्वसुरायमं[5] णिंदियसोंडसुरायमं[6]।
जं तवतावेणुग्गयं जेण वीयराउग्गयं।
अणुहुत्तं संसारयं णो बद्धं हरिसा रयं।
दूरुज्झियसंसारयं ण हि संसासंसारयं।
देवासुरकंपावणं जं देवं कं पावणं।
जयपायडियसयारयं सिद्धिपुरंधिसयारयं।
कंतं तीइ अयारयं पढमट्ठाणि अयारयं।
बीएं सरहंकारयं अरुहं णिरहंकारयं[9]।
उयरलीणसयलक्खरं मंतेसं परमक्खरं।
भुवणकुमुयवणसंभवं तं वंदे हं संभवं।
[10]ओसारियअसिआउसं [11]णविऊणं असिआउसं।
भणिमो संभवसंकहं जोणीमुहदुहसंकहं।

घत्ता—तियसिंदफणिंदहिं खयरणरिंदहिं जं थुव्वइ कयपंजलिहिं।
तं जिणगुणकित्तणु महुं सुकइत्तणु अमिउं पियह कण्णंजलिहिं ॥१॥

माण किया है। जो अनेक नयोंसे प्रमाणको स्थापित करनेवाले हैं, जो ज्ञानसे अप्रमाण (सीमा रहित) हैं; और जो स्वपरको ज्ञानरूपी लक्ष्मीको प्राप्त करानेवाले हैं, जिन्होंने भव्यजनोंके लिए देवोंका आगमन करवाया है, जिन्होंने मद्यकी प्रशंसा करनेवाले शास्त्रोंकी निन्दा की है, जो तपभावसे उग्र हैं और जिन्होंने वीतराग भाव उत्पन्न किया है, जिन्होंने अनन्त सुखका अनुभव किया है, जो हर्षसे पापमें लिप्त नहीं हैं, जिन्होंने संसारको छोड़ दिया है, और जो प्रशंसा या अप्रशंसामें रत नहीं हैं, जो देव और असुरोंको कँपानेवाले हैं, उस देवके समान पवित्र कौन है ? जिन्होंने जगमें सदाचारको प्रकट किया है, जो सिद्धिरूपी इन्द्राणीमें सदारत हैं, जो मुक्तिरूपी कान्ताके दूतरहित स्वामी हैं, जिनके नामके प्रथम अक्षरमें 'अ' और दूसरे स्थानमें 'र' सहित हकार है (अर्थात् अर्हंत्), जिसके भीतर समस्त अक्षर लीन हैं, जो मन्त्रेश और परम अक्षर हैं, जो भुवनरूपी कुमुदवनके लिए चन्द्रमा हैं, ऐसे उन सम्भवनाथकी मैं वन्दना करता हूँ। जिन्होंने लक्ष्मी और आयुका निवारण कर दिया है, ऐसे पंचपरमेष्ठीको प्रणाम कर जन्म दुःखकी शंकाका नाश करनेवाले सम्भवनाथकी कथा कहता हूँ।

घत्ता—देवेन्द्रों, नागेन्द्रों और विद्याधरेन्द्रोंके द्वारा जिनको हाथ जोड़कर स्तुति की जाती है, ऐसे जिनके गुणकीर्तन और मेरे सुकवित्वरूपी अमृतको कर्णरूपी अंजलियोंके द्वारा पियो ॥१॥

---

३. A P add after this : देवं जं सुपमाणयं; T seems to omit it. ४. P सवरे दरिसियमायमं। ५. P adds after this : सवरेवि परमायमं; T seems to omit it। ६. P सुरामयं। ७. A पढमट्ठाणअयारयं। ८. A सुमहियसरहंकारयं। ९. A P add after this : पाइय (A झाइय) णिरहंकारयं, पावियमाहुक्कारयं। १०. AT ओहामिय°; P ऊसारिय°। ११. A भरिऊणं।

२

दिणयरपईवए इह पढमदीवए ।
मेरुपुव्विल्लए पसुकणधण्णिल्लए ।
तहिं विदेहे वरे सीयसरिउत्तरे ।
पविमलदियंतरे कच्छदेसंतरे ।
रायहंसुज्जलं सच्छविच्छुलु जलं । ५
फुल्लपंकयवणं पवणहल्लिरवणं ।
णवकुसुमपरिमलं सरसमुमहुरफलं ।
रुणुरुणियमहुयरं रइरमियणहयरं ।
तुंगपायारयं गोउरदुवारयं ।
विरइयमहुच्छवं तुरियहिलिहिलिरवं । १०
रमियणिवचारणं णीलदलतोरणं ।
चिंधमालाउलं विविहजणसंकुलं ।
हेममयमंदिरं खेमणामं पुरं ।
तहिं सुहडबाहणो पहु विमलवाहणो ।
वसइ सिरिसेविओ पणइणीणं पिओ । १५
चारुरज्जे कए दीहकाले गए ।
तिविहणिव्वेइणा तेण वरराइणा ।
थोरदीहरभुए विम्मलकित्तीसुए ।
सधरधरणी पया विणिहियो संपया ।

२

जिसमें सूर्यरूपी प्रदीप हैं ऐसे इस प्रथम द्वीप जम्बूद्वीपमें सुमेरुपर्वतके पूर्वमें पशु और धान्य-से सम्पन्न श्रेष्ठ विदेह क्षेत्रमें सीता नदीके उत्तरमें प्रविमल दिशान्तरवाले कच्छ देशमें क्षेम नामका नगर है, जो राजहंसकी तरह उज्ज्वल और स्वच्छ उछलते हुए जलवाला है, जिसमें कमलवन खिला हुआ है, और जो पवनसे हिलनेके कारण सुन्दर है। नवकुसुमोंसे सुरभित, और सरस तथा सुमधुर फलवाला है। जिसमें मधुप गुंजन कर रहे हैं और नभचर रतिसे क्रीड़ा कर रहे हैं। जिसमें ऊँचे परकोटे हैं, जो गोपुर द्वारवाला है, जिसमें महोत्सव हो रहे हैं, अश्वोंके हिनहिनानेका शब्द हो रहा है; राजाके गज चिग्घाड़ रहे हैं, नीलपत्तोंके तोरण हैं, जो ध्वजचिह्नोंकी मालाओंसे व्याप्त हैं, तरह-तरहके जनोंसे संकुल हैं और जिसमें स्वर्णनिर्मित प्रासाद हैं, ऐसे उसमें सुभटोंकी सेवासे युक्त विमलवाहन नामका राजा था। श्रीसे सेवित वह अपनी प्रणयिनियोंके लिए अत्यन्त प्रिय था। अपना सुन्दर राज्य करते हुए, उसका जब बहुत समय बीत गया, तो संसार, शरीर और कामसे विरक्त होकर उस उत्तम राजाने अपने स्थूल और लम्बी बाहुवाले विमलकीर्ति नामक पुत्रके लिए पर्वत और धरती सहित समस्त सम्पदा सौंप दी। और असन्दिग्ध प्रभावाले स्वयंप्रभ जिनको

---

२. १. P वसुकण°। २. P विदेहे पुरे। ३. A विच्छुलजलं। ४. AP सरसमहुरं फलं। ५. P तुरिय°। ६. A नूववारणं। ७. A विवलवाहणो। ८. A विवलकित्ती°। ९. APT विणिहया।

जिणमसंसयपहं पणविवि सयंपहं ।
जायओ जइवरो णिम्मम णिरंबरो ।
[10]सहिवि तवतावणं धरिवि सुहभावणं ।
जिणगुणणिबंधणं भुवणयलखोहणं ।
चिणिवि [11]सुहसंपयं धुणिवि भवभवेरयं ।
उवसमविहूसणं करिवि संणासणं ।
[13]अवियलियसंजमो मरिवि मुणिपुंगमो ।
पढमगइवेयए [14]पढमयणिकेयए ।
विस्सुयसुदंसणे दुक्खविद्धंसणे ।
अहममरवइ हुओ भवियणसंथुओ ।

घत्ता—तेवीस अण्णइं जलहिसमाणइं आउ णिबद्धउं सुरवरहु ॥
बिहिं रयणिहिं जुत्तउ अद्ध णिरुत्तउ तणुपरिमाणु वि भणिउं तहु ॥२॥

३

तेवीसवरिससहसहिं असइ तेत्तियहिं जि पक्खिहिं ऊससइ ।
वण्णें भावेण वि सुक्किलउ विलुलंतहारमणिमेहलउ ।
णउ गेयवज्जसरकलयलउ णउ णारि ण हियवइ कलमलउ ।
पाविट्ठ दुट्ठ जहिं णत्थि जणु जो जो दीसइ सो सो सुयणु ।
णाणें जाणइ सुरणरणियइ सत्तमणरयंतु जाम णियइ ।
तं तेत्तिउ वट्टइ णिट्ठियउं जांवाउसेसु तहु णिट्ठियउं ।

प्रणाम कर वह निर्मम दिगम्बर यतिवर हो गये। तपकी तपन सहकर और शुभभावना धारण कर त्रिभुवनतलको क्षुब्ध करनेवाले जिनगुणोंका निबन्धन कर शुभ सम्पदाका चयन कर, भवके भय और पापको नष्ट कर, उपशमसे विभूषित संन्यास धारण कर, अविगलित संयम वह मुनिश्रेष्ठ मरकर प्रथम ग्रैवेयकके दुःखोंका नाश करनेवाले प्रथम विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन विमानमें, भव्यजनों द्वारा संस्तुत अहमेन्द्र देवके रूपमें उत्पन्न हुआ ।

घत्ता—उस सुरवरके तेईस सागर प्रमाण पूरी आयु थी । ढाई हाथ ऊँचा उसके शरीरका प्रमाण था । वह भी मैंने निश्चयपूर्वक कहा ॥२॥

३

तैंतीस हजार वर्षमें वह भोजन करता । और उतने ही पक्षोंमें (अर्थात् साढ़े ग्यारह हजार वर्षोंमें) श्वास लेता । रंग और भावमें वह शुभ्र था । उसपर हार और मणिमेखला झूलती थी । उस ग्रैवेयक विमानमें कामदेवका कोलाहल नहीं था, और न स्त्री और हृदयमें पाप था । वहाँ पापिष्ठ और दुष्ट लोग नहीं थे । जो दिखाई देता था, वह सज्जन था । अवधिज्ञानसे वह सुर और मनुष्योंको जानता था । सातवें नरकके अन्त तक वह देख सकता था । जब उसका उतना समय

---

१० A सहइ तव° । ११. AP सुहसंचयं । १२. A भवभयरयं । १३. AP अविहलिय° । १४. A पढमणिक्खेयए; P पढमइ णिकेयए । १५. A विहरयणिहि ।

३. १. A तेवीससहासवरिसहिं; P तेवीससहसवरिसेहिं । २. A सुक्किल्लउ । ३. AP वट्टइ ।

ता एत्तहि उववणि रमियँणेंसुरि इह भरहखेत्ति सावत्थिपुरि ।
इक्खाउवंसु सुविसुद्धमइ हयसढ़ु दढ़ुणामें पुहइवइ ।
धणुगुणसंधियपंचमसरहु तहु घरणि सुसेण सेण सरहु ।
एक्कहिं दिणि णिसि पच्छिमपहरि सुहुं सुत्ती देवि सवासहरि । १०

घत्ता—सा सालंकारी सेण भडारी पइवय सोलह सुंदरइं ॥
महिमंडलसामिणि मंथरगामिणि अवलोयइ सिविणंतरइं ॥३॥

४

करिणं वसहं केसरिणं लच्छि दामं चंदमिणं ।
झसजुय कुंभजुयं च वरं सरवरममलिणमयरहरं ।
हरिवीढं देविंदघरं फणिभवणं फुडमणिणियरं ।
विप्फुलिंगपिंगलियणहं सिहिणं जलियं दीहसिहं ।
इय जोइवि पीणत्थणिया पविउद्धा सीमंतिणिया । ५
सिसुमयणयणा पत्तलिया णीलुप्पलदलसामलिया ।
अहिणववेल्लि व कोमलिया गहियाहरणा संचलिया ।
करि धरिवि सविलासिणियं कलहंसी विव हंसिणियं ।
पत्ता कंता रायहरं सिहरोलंबियसलिलहरं ।
अवलोइवि पइमुहकमलं पुच्छइ सत्था सिविणहलं । १०
णियबुद्धीइ परिग्गहियं तेण वि तिस्सा तं कहियं ।
जस्स वसा तेलोक्कसिरी मज्जणवीढं मेरुगिरी ।

बीत गया, और उसकी आयुका निश्चित भाग शेष रह गया, तब जिसमें देवता क्रीड़ा करते हैं, ऐसे उपवनवाले भरत क्षेत्रकी श्रावस्ती नगरीमें इक्ष्वाकुवंश था। उसमें विशुद्धतम बुद्धि दृढ़रथ नामका राजा था। उसकी सुषेणा नामकी गृहिणी, मानो धनुषकी डोरीपर पाँच बाणोंका सन्धान करनेवाले कामदेवकी सेना थी। एक दिन रात्रिके अन्तिम प्रहरमें वह देवी अपने निवासगृहमें सुखसे सोयी हुई थी। महीमण्डलकी स्वामिनी मन्द गतिवाली उसने स्वप्न-परम्परा देखी ॥३॥

४

हाथी, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी, पुष्पमाला, चन्द्र, मत्स्ययुगल, श्रेष्ठ कुम्भयुग्म, स्वच्छ सरोवर, सूर्य, समुद्र, सिंहासन, देवविमान, नागभवन, स्फुटमणिसमूह और स्फुलिंगोंसे आकाशको पीला बनानेवाली दीर्घ ज्वालाओंवाली प्रज्वलित आग। पीनस्तनोंवाली वह सीमन्तिनी यह देखकर जाग गयी। शिशुमृगनयनी दुबली पतली नीलकमलदलके समान श्यामल, अभिनवलताके समान कोमल, और आभरण धारण करनेवाली वह चली। विलाससे युक्त कलहंसीके समान वह हंसिनी-को अपने हाथमें धारण कर, वह कान्ता शिखरोंसे मेघगृहोंको सहारा देनेवाले राजभवनमें पहुंची। अपने पतिका मुखरूपी कमल देखकर, स्वस्थ वह, स्वप्नोंका फल पूछती है। अपनी बुद्धिसे ज्ञात कर उसने भी उनका फल उसे बता दिया कि त्रिलोक लक्ष्मी, जिसके अधीन है, सुमेरुपर्वत,

---

४. A रमियसरि । ५. A इक्खागुवंस । ६. A हयसयदढ़ु । ७. A ससेण । ८. A सुहसुत्ती; P सुहें सुत्तो ।

४. १. AP झससजुयलं कुंभजुयं पवरं । २. A दीयसिहं । ३. P विउद्धा । ४. P मयसिसु° । ५. P रयणहरं ।

अमरउलं चियं भिच्चउलं जस्स घरं तिजगं विउलं ।
सो भद्दे तुह दिण्णवरो होही तणओ तित्थयरो ।
घत्ता—तं णिसुणिवि सुंदरि सरमहिहरदरि रोमंचिय पुलएण किह ।
महुसमयहु वत्तइ पोसियसोत्तइ पणइणि पियमाहविय जिह ॥४॥

५

वज्जिणा धम्मकज्जं तओ पीणियं चिंतियं चिंतणिज्जं मणे भावियं ।
एत्थ सावत्थिरायस्स गेहे जिणो जक्ख होही सुसेणासईणंदणो ।
जाहि ताणं तुमं होहि तोसायरो वासवित्ताइरिद्धीपवित्तीयरो ।
तामयासाहिवाणाइ मावट्टणं दव्वणाहेण वेउव्वियं पट्टणं ।
सव्वहेमालयं सूरयंतप्पहं सव्वकालंघिवं सव्वसोक्खावहं ।
आगया गब्भसंसोहणत्थं इरी कंति कित्ती दिही लच्छि बुद्धी हिरी ।
जाम छम्मास ता संपयालिंगणे भम्मवुट्ठी कया राइणो पंगणे ।
फग्गुणे मासए सुक्कपक्खंतरे पंचमे रिक्खए अट्ठमीवासरे ।
सिंधुरायारधारी सुहेणुण्णओ पुज्जगेवज्जदेवो समोइण्णओ ।
णारिदेहे थिओ सुद्धधाउत्तए वारिबिंदु व्व राईविणीपत्तए ।
धम्मचंदस्स सच्चंदिमाणंदिया देवदेवेण मायापिऊ वंदिया ।
णिच्च माणिक्करासी पुणो घत्तिया दोससंखेहिं पक्खेहिं णिव्वत्तिया ।

जिसका स्नानपीठ है, विशाल त्रिजग, जिसका घर है, हे कल्याणि, वरोंको देनेवाला तुम्हारा ऐसा तीर्थंकरपुत्र होगा ।

घत्ता—यह सुनकर कामरूपी पर्वतकी घाटी वह सुन्दरी पुलकसे रोमांचित हो उठी मानो वसन्तके कानोंको पोषित करनेवाली वार्तासे प्रणयिनी कोयल पुलकित हो उठी हो ॥४॥

५

उस अवसरपर इन्द्रने चिन्तनीय कर्मकी अपने मनमें चिन्ता और भावना की और यह धर्मकार्य यक्षसे कहा—'हे यक्ष, श्रावस्तीके राजाके घरमें जिन भगवान् सती सुषेणाके पुत्र होंगे, तुम वहाँ जाओ और सन्तोष उत्पन्न करनेवाली गृह-द्रव्य आदि मनोहर ऋद्धियाँ उत्पन्न करो।' इस प्रकार आकाशके राजा (इन्द्र) की आज्ञासे कुबेरने रत्नोंकी वृष्टि और नगरकी रचना की। वह नगर स्वर्णनिर्मित घरों और सूर्यकान्त मणियोंकी प्रभासे युक्त था। उसमें सब कालके वृक्ष थे और वह सर्व प्रकारके सुखोंका घर था। शीघ्र ही गर्भ संशोधन करनेवाली देवियाँ, कान्ति-कीर्ति-धृति-लक्ष्मी-बुद्धि और ह्री, इन्द्रकी आज्ञासे वहाँ आयीं। जब छह माह शेष रह गये तब सम्पत्तियोंसे आलिंगित राजाके आंगनमें स्वर्णवृष्टि हुई। फागुन माहके शुक्ल पक्षमें अष्टमीको पाँचवें मृगशिरा नक्षत्रमें गजका आकार धारण करनेवाला, सुखसे उन्नत पूर्वग्रैवेयकका देव अवतीर्ण हुआ और शुद्ध धातुवाले नारीरूपमें इस प्रकार स्थित हो गया मानो कमलिनी पत्रपर जलकण हो। जिनेन्द्र-की शोभासे आनन्दित होनेवाले माता-पिता की देवदेवने वन्दना की। फिर नौ महीने तक प्रति-

---

६. A विय; P पिय° । ७. P तित्थहरो । ८ P जह ।

५. १. A मणे जाणियं; P कज्जयं जाणियं । २. AP मावड्ढणं । ३. A सूरयंतं पहं । ४. A सोहणत्थे इरी and gloss इरी त्वरिता; T इ दूरी; PK सिरी । ५. P कित्ति कंती । ६. P पुव्वगेवज्जं° ।

दीहरद्धीसमाणं खणेणं खणं
जित्तसत्तूसुए कम्मणिम्मुक्कए
कत्तिए पुण्णिमासीइ भे पंचमे
तइउ तइया तिणाणी समुप्पण्णओ
आइया भावणा जोइसा विंतरा
अंकुसो भामिओ देहभोधारिणा
णच्चमाणा परे गायमाणा परे
सट्ठहासा परे गज्जमाणा परे
छाइयासारसा सारसा सासुरा
कोडिलक्खा गया तीस जइया घणं ।
पत्तिए बीयतित्थंकरे दुक्कए ।
सोमंजोए दुजोयावलीणिग्गमे । १५
इंदु इंदो रवी कंपिओ पण्णओ ।
सायरा भासुरा कप्पवासी सुरा ।
चोइओ वारणो झत्ति जंभारिणा ।
धावमाणा परे खेलमाणा परे ।
सीहसद्दा परे संखसद्दा परे । २०
चित्तचारेहिं पत्तेहि पत्ता सुरा ।

घत्ता—पुरु परियंचेप्पिणु घरु जाएप्पिणु जणणिहि देप्पिणु सिसु अवरु ॥
पियरइं पुज्जेप्पिणु कर मउलेप्पिणु लइउ सुरिंदें तित्थयरु ॥५॥

६

जिणरूवरिद्धि पेच्छंतियइ
तक्खणि तारायणु लंघियउ
पविलोइय पंडुर पंडुसिलं
ता तहिं सईइ सइं धारियउ
सुरवरपंतिइ गच्छंतियइ ।
सुरसिहरिसिहरु आसंघियउ ।
सा खंडससंकसमाण किलं ।
करिकंधराउ उत्तारियउ ।

दिन रत्नवृष्टि की गयी। फिर जितशत्रुके पुत्र दूसरे तीर्थंकर (अजितनाथ) के कर्मसे निवृत्त होनेसे लेकर दीर्घ समुद्र प्रमाण तीस करोड़ वर्ष समय बीतनेपर कार्तिक शुक्ला पूर्णमासीके दिन मृगशिरा नक्षत्रमें दुर्योगावलीसे रहित सौम्ययोगमें तीन ज्ञानधारी सम्भवनाथका जन्म हुआ। इन्द्र, इन्दु, सूर्य और नागराज कांप उठे। भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषदेव और भास्वर कल्पवासी देव आदरपूर्वक आये। शरीरकी कान्तिके धारक इन्द्रने अपना अंकुश घुमाया और शीघ्र अपने हाथीको प्रेरित किया। कोई नाच रहे थे, कोई गा रहे थे, कोई दौड़ रहे थे, कोई खेल रहे थे। कोई अट्टहास कर रहे थे, कोई गरज रहे थे। कोई सिंहगर्जना कर रहे थे। कोई शंख बजा रहा था। देवोंसे पृथ्वी और आकाश छा गये। उत्कृष्ट लक्ष्मीसे युक्त देवोंके साथ देव नाना प्रकारकी प्रवृत्तिवाले वाहनोंके साथ आये।

घत्ता—नगरकी परिक्रमा कर घर जाकर, माताको दूसरा पुत्र देकर, माता-पिताकी पूजा कर और हाथ जोड़कर जिनेन्द्र भगवान्‌को ले लिया गया ॥५॥

६

जिनेन्द्रकी रूपऋद्धि देखती हुई, देवताओंकी कतार जाती हुई, शीघ्र तारागणोंको लांघती हुई सुमेरुपर्वतके शिखर पर पहुँची। वहां सफेद पाण्डुक शिला देखी जो चन्द्रमाके खण्डके समान थी। वहां उसने इन्द्राणीके साथ उन्हें उठा लिया और हाथीके कन्धेसे उन्हें उतारा। प्रभुको

---

७. AP पत्तए । ८. A बोइ तित्थंकरे । ९. A सोम्मजोए । १०. A इंदु इंदो रई कि पि उप्पण्णओ; P सहसु लक्खणहं वसुअहियसंपुण्णओ । ११. A देहभावारिणो; P देहसाधारिणा । १२. A जंभारिणो । १३. AP खेल्लमाणा । १४. A सद्दहासा । १५. P संखसद्दा परे पडहसद्दा परे । १६. A चित्तधारेहि; P चित्तयारेहि ।

६. १. AP पंडुसिला । २. AP किला ।

हरिआसणि पहु वइसारियउ इंदेण मंतु उच्चारियउ ।
दिण्णउं दब्भासणु णिहयमलु दसदिसु परिघित्तु सँकुसुमजलु ।
दसदिसु सुँधूवु उच्चाइयउ दसदिसु चरुभाउ णिवेइयउ ।
दसदिसु थियँ सुरवर कलसकर दसदिसु वित्थरिय मुइंगसर ।
खीरोयखीरधाराधरहिं सिंचिउ जिणिंदु सयलामरहिं ।
हारावलितडिफुरिएहिं किह गज्जंतिहिं मेहहिं मेरु जिह ।

घत्ता—मंगलु गायंतिहिं पुरउ णडंतिहिं दावियबहुरसभावहिं ।
णाणाविहभासँहिं थोत्तसहासहिं जगगुरु संथुउ देवहिं ॥६॥

७

हरिणा परमेट्ठि पसाहियउ सुइथुइगिराहिं आराहियउ ।
सिहिणा तहु दीवउ बोहियउ जउं जंपइ हउं पइं साहियउ ।
रिंछाहिउ रिंछहु ओयरिउ विणएण णएण जि संचरिउ ।
जडबइणा जडमणु परिहरिउ परमप्पउ णियहियवइ धरिउ ।
वाएण भडारउ विज्जियउ रयणेसें रयणहिं पुज्जियउ ।
इसाणें ईसु भणिवि णविउ सुसुहासूएं सुहाहि ण्हविउ ।
सूरेण वि मोहंधारहरु सूरु जि णिज्झाइउ परमपरु ।

सिंहासनपर बैठाया। इन्द्रने मन्त्रका उच्चारण किया। दर्भासन रखा, और दसों दिशाओंमें मलका नाश करनेवाला कुसुमोंसे सुवासित जल फेंका। दसों दिशाओं में धूपका क्षेपण किया, दसों दिशाओंमें चरुभाग निवेदित किया गया। हाथमें कलश लिये हुए देव दसों दिशाओंमें खड़े हो गये। मृदंगका स्वर दसों दिशाओंमें फैल गया। क्षीरसमुद्रके क्षीरकी धाराओंको धारण करनेवाले समस्त देवोंने जिनेन्द्रका इस प्रकार अभिषेक किया, जैसे हारावलीके समान बिजलीसे भास्वर गरजते हुए मेघों द्वारा सुमेरु पर्वतका अभिषेक किया गया हो।

घत्ता—मंगलगान करते हुए, सामने नृत्य करते हुए, अनेक रसभावोंका प्रदर्शन करते हुए, देवोंने अनेक प्रकारकी भाषाओंवाले हजारों स्तोत्रोंसे विश्वगुरुकी स्तुति की ॥६॥

७

देवेन्द्रने परमेष्ठीको अलंकृत किया। पवित्र स्तुतियोंकी वाणीसे उनकी आराधना की। आगके द्वारा उनका दीप प्रज्वलित किया गया। यम कहता है कि मैं तुम्हारे द्वारा जीत लिया गया हूँ। नैऋत्यदेव अपने रीछके वाहनसे उतर पड़ा। वह विनय और नयके साथ चला। जड़वादी (वरुण) ने जड़बुद्धि छोड़ दी। उसने परमात्माको अपने हृदयमें धारण कर लिया। वायु ने आदरणीय पर पंखा झला, रत्नेशने रत्नोंसे उनकी पूजा की। ईशानने ईश कहकर नमन किया। चन्द्रमाने अमृतसे स्नान करवाया। सूर्यने भी मोहान्धकारका नाश करनेवाले शूरवीर जिनका

---

३. P सुकुसुम। ४. A दसदिस सुधूमु; P दसदिसु सुधूमुच्चा°। ५. AP सुरवर थिय। ६. A °भाविहिं; P °भावेहिं। ७. A णाणाविहभासिहिं; P णाणाविहिभासेहिं।
७. १. P सहथुइ°। २. AP जडवयणा। ३. A ससुहासूई; P सुसुहासूई।

धरणिंदें धरणिसमुद्धरणु पत्थिउ महुं देव तुहुं जि सरणु ।
इय बहुगिव्वाणहिं बंदियउ ध्रुवु[4] संभवु संभवु सद्दियउ ।
घत्ता—पुणु पुणु पणवेप्पिणु घरु आणेप्पिणु[5] दिण्णु सुसेणासुंदरिहि ॥ १०
गुरुचरणइं अंचिवि सुक्किउ संचिवि गउ सुरवइ सुरवरपुरिहि ॥७॥

८

कणयच्छवि सुट्ठु सलक्खणउ जहिं दीसइ तहिं जि सुहावणउ ।
अंगउ लायण्णमहिड्ढियउ[1] चउचावसयाइं पवड्ढियउ ।
जसु आयत्तउ सयमेव विहि सो किं वण्णिज्जइ रूवणिहि ।
जसु अंगि दुद्धु लोहिउं गणमि सो खमवंतउ किं किर भणमि ।
जसु गुणपरिमाणु णेय लहंवि सो सूहउ हउं किर[2] किं कहंवि । ५
अच्छरणरराम[3]णंदणहु तहु[4] तेत्थु सुसेणाणंदणहु ।
कीलंतहु अमरवरेहिं सहुं भुंजंतहु रायकुमारसुहुं ।
घरघडियारयदंडेण हय पुव्वहं पण्णारहलक्ख गय ।
पइरत्तउ पेच्छिवि[5] तरुणियणु आहंडलु आयउ तहिं वि पुणु ।
उव्वणेप्पिणु[6] नृवइकुमारिगणु पारंभिउ रायहु परिणयणु । १०
घत्ता—तूरहिं वज्जंतहिं गलगज्जंतहिं तियसेहिं किं ण विसट्ट[9] महि ॥
जिणणाहु ण्हवंतिहिं वारि वहंतिहिं किं जाणहुं सोसिउ उवहि ॥८॥

ध्यान किया। धरणेन्द्रने प्रार्थना की—"हे धरतीका उद्धार करनेवाले देव, आप ही मेरे लिए शरण हैं।" इस प्रकार देवोंने उनकी वन्दना की और निश्चित रूपसे 'सम्भव-सम्भव' शब्दका उच्चारण किया।

घत्ता—बार-बार प्रणाम कर और घर आकर, (उन्होंने) सुन्दरी सुषेणाको बालक दे दिया। गुरुके चरणोंकी वन्दना कर और पुण्यका संचय कर इन्द्र अपने स्वर्ग चला गया ॥७॥

८

स्वर्ण रंगवाले और लक्षणोंसे युक्त वह जहाँ दिखाई देते वहीं सुन्दर लगते। लावण्य और ऋद्धियोंसे सम्पन्न उनका शरीर चार सौ धनुष ऊँचा था। जिसके अधीन स्वयं विधाता हैं, उस रूपनिधिका क्या वर्णन किया जाये? जिसके शरीरमें मैं रक्तको दूध गिनता हूँ, उनको मैं क्षमावान् किस प्रकार कहूँ? मैं जिसके गुणोंके परिमाणको नहीं पा सकता, उन्हें मैं सुभग किस प्रकार कहूँ? अप्सराओं, मनुष्यों और स्त्रियोंको आनन्दित करनेवाले, सुषेणादेवीके पुत्र (सम्भव) के देवोंके साथ क्रीड़ा करते हुए, और राजकुमारका सुख भोगते हुए, घरकी घड़ीके दण्डसे आहत पन्द्रह लाख पूर्व वर्ष निकल गये। पतिमें अनुरक्त युवतीजनको देखकर, इन्द्र दुबारा आया। राजाओंकी कन्याओंका समूह देकर उनका विवाह प्रारम्भ किया गया।

घत्ता—बजते हुए तूर्यों, गरजते हुए देवेन्द्रसे क्या धरती उल्लासित नहीं हुई? जिननाथका अभिषेक करते और पानी बहाते हुए क्या जानें कि समुद्र सूख गया ॥८॥

४. A ध्रुव संभव संभउ; P धुउ संभउ संभउ। ५. A आवेप्पिणु।
८. १. AP महड्ढियउ। २. A किं किर। ३. A रामावंदणहु। ४. A ता तेत्थु। ५. AP पेक्खवि।
६. T उवणेविणु। ७. AP णाहहु। ९. P विसड्ढ।

भालयलइ पट्टु[1] चडावियउ
चिंतंतहु तासु णयाणयइं
पुव्वहं परमाउहि संचलिय
तइयहं तहिं दियहि[3] सुसोहणइ
अवलोइवि गयणि विलीणु घणु
वेरग्गु पहूयउ[5] जिणवरहु
गय मत्ता महु[6] वि जणंति मउ
चामरवाएं नृवु[7] मोडियउ
सिरि धरियइं वारिणिवारणइं
तहिं अवसरि लोयंतिय अइय
जं इंदियसोक्खु समुज्झियउं

९

रायासणि राउ चडावियउ।
पालंतहु गाम[2]णयरसयइं।
चालीस चयारि लक्ख गलिय।
अच्छंतहु सुं[4]हुं सणिहेलणइ।
थिउ महिगयणयणु विसण्णमणु।
हरि सजव वि णंति ण सिवपुरहु।
पहु रह रहंति मुणिधम्ममउ।
भणु कवणु ण काल[8] तोडियउ।
पुणु होंति ण मारिणिवारणइं।
ते विण्णवंति भत्तिइ लइय।
तं चारु चारु पइं बुज्झियउं।

घत्ता—जो पइं संबोहइ सो संबोहइ सूरहु दीवउ मूढमइ।
पइं मुइवि गुणुब्भव सामिय संभव को परियाणइ परमगइ ॥९॥

१०

आणंदु ण हियवइ माइयउ
पुणु पेरिबुड्ढहिं देवावलिहिं
थिरदीहरहत्थगलत्थियहिं

पुणु तेत्थु पुरंदरु आइयउ।
आहूय[2] दुद्धसलिलावलिहिं।
चामीयरघडपल्हत्थियहिं।

९

उनके भालतलपर पट्ट बाँध दिया गया और राज्यासन पर राजाको बैठा दिया गया। न्याय-अन्यायकी चिन्ता करते और सैकड़ों ग्राम-नगरोंका पालन करते हुए, उनकी परमायुके चालीस लाख पूर्व वर्ष और बीत गये। एक दिन, तब, अपने सुन्दर प्रासादमें सुखसे बैठे हुए उन्होंने आकाश में लुप्त होते हुए मेघको देखा। वह धरतीमें आँखें गड़ाकर उदासमन हो गया। जिनवरको अत्यन्त वैराग्य हो गया। (वे सोचते हैं) कि तेजसे तेज वेगवाले भी अश्व शिवपुर नहीं ले जा सकते। मदवाले गज भी मुझमें मद उत्पन्न नहीं करते, रथ मुनिधर्ममय पथका अवरोध करनेवाले होते हैं, चामरोंकी हवासे राजा मोड़ दिया जाता है, बताओ संसारमें कालसे कौन नहीं तोड़ दिया जाता। सिरपर धारण किये गये छत्र, फिर मृत्युका निवारण करनेवाले नहीं होते। उस अवसरपर लौकान्तिक देव आये, उन्होंने भक्तिके साथ निवेदन किया, "जो आपने इन्द्रिय-सुखोंका त्याग किया है, वह आपने अच्छा किया।

घत्ता—जो आपको सम्बोधित करता है, वह मूढ़मति दीपक, सूर्यको सम्बोधित करता है ? हे गुणसम्भव स्वामी, आपको छोड़कर और कौन परमगति को जान सकता है ?" ॥९॥

१०

जिसके हृदयमें आनन्द नहीं समा सका ऐसा इन्द्र फिर आया। पुनः दूध और जलोंकी (कलश पंक्तियाँ) लानेवाली बढ़ती हुई देवपंक्तियोंने अपने लम्बे स्थिर हाथोंसे गिरती हुई स्वर्ण-

---

९. १. P पट्ट। २. A णयरगामसयइं। ३. A दिवसि। ४. AP सहुं। ५. A पहूवउं। ६. AP णिवु। ७. AP गुणण्णव।

१०. १. AP परितुट्ठिहिं। २. A आहूउ।

संण्हविउ णविउ पोमाइयउ
दुम्मोहु मुएप्पिणु रज्जगहु
परमेसरु पणइणिपाणपिउ
बहुखगमाणियफलसाउयउं
परिसेसेप्पिणु सिरिरमणिवरु
उप्पाडिउ केसकलाउ किह
सकुसुमु सभसलु सु करिवि करि
किउ रोसपसायहं णिक्खवणु
छववासु करेप्पिणु सावसरि
सावत्थिहि चरियामग्गु किउ

वत्थालंकारविराइयउ ।
सिद्धत्थयसिवियारूढु पहु । ५
णरखयरहिं तियसहिं वहिवि णिउ ।
णंदणवणु गंपि सहेउयउं ।
पणवेप्पिणु देवें सिद्धगुरु ।
भवकुरुहमूलपब्भारु जिह ।
सइरमणें चित्तउ मयरहरि । १०
रायहं सहसें सहुं णिक्खवणु ।
बीयइ दिणि दिणयरकरपसरि ।
देविंददत्तणिवभवणि थिउ ।

घत्ता—सुरवु मंदाणिलु घणवरिसियजलु सुरहिउ मणिकोडिहिं सहिउ ॥
दायारउ पुज्जिउ दुंदुहि वज्जिउ दाणपुण्णु देवहिं महिउं ॥१०॥ १५

११

देंतेण ण संकडु चिंतविउ
जं संजमजोग्गउ बुज्झियउं
तं भुंजइ सउवीरोयणउं

जं अण्णहु कासु वि णिम्मविउ ।
दहिसप्पिखीरतेल्लुज्झियउं ।
पडिसेहियदप्पुक्कोयणउं ।

कलशोंकी कतारोंसे भगवान् को स्नान कराया, और वस्त्रालंकारोंसे अलंकृत कर उनकी स्तुति की। दुर्मोहको उत्पन्न करनेवाले राजरूपी ग्रहको छोड़कर सिद्धार्थ नामक शिविकामें बैठकर प्रणयिनियोंके प्राणप्रिय परमेश्वर मनुष्य, विद्याधरों और देवोंके द्वारा ले जाये गये। जिसके फलोंका स्वाद अनेक पक्षियोंके द्वारा मान्य है, ऐसे सहेतुक नन्दनवनमें जाकर देवने लक्ष्मी और स्त्रियोंका अपने चित्तमें त्यागकर तथा सिद्धगुरुको प्रणाम कर अपने केश इस प्रकार उखाड़ लिये मानो संसाररूपी वृक्षकी जड़ोंको ही उखाड़ दिया हो। पुष्पों और भ्रमरों सहित उन्हें अपने हाथमें लेकर शचीरमण (इन्द्र) ने क्षीरसमुद्रमें फेंक दिया। उन्होंने क्रोध और प्रसादका संयम कर लिया और एक हजार राजाओंके साथ संन्यास ग्रहण कर लिया। उपवास कर पारणा बेलामें, दूसरे दिन, सूर्यकी किरणोंका प्रसार होनेपर वह चर्याके लिए श्रावस्तीमें गये और इन्द्रदत्त राजा-के घरमें ठहरे।

घत्ता—देवशब्द, मन्दपवन, सुरभित मेघोंसे बरसा हुआ जल, रत्नोंके साथ दातारकी पूजा हुई। नगाड़े बजे और देवोंने दान पुण्यका सम्मान किया ॥१०॥

११

(आहार) देते हुए उसने संकटकी चिन्ता नहीं की, जो कि किसी दूसरेके निमित्तसे बनाया गया था, और मुनिके लिए उपयुक्त समझा गया था। दही, घी, खीर और तेलसे रहित था,

---

३. A सो ण्हविउ । ४. A दुम्मोह । ५. P रज्जु गहु । ६. P णरखेयरतियसहिं । ७. P adds after this: आगहणमासि सियकुहुयदिणि, सिलउवरि णिहिउ उहयइणि । ८. A रमणियरु । ९. A मूलु पब्भारु । १०. A रोसकसायहं । ११. AP रायहंससहसें । १२. A °कयपसरि । १३. P देवेंदुदत्तं° । १४. A °वरसिय° । १५. AP गज्जिउ । १६. A दाणवंतु ।

११. १. A चिंतियउ । २. A दुक्खुक्कोहणउं ।

गहणंति कहिं वि अहणिसु गमइ जंपइ ण किं पि सं[3] संसमइ ।
विहरइ मणपज्जवणाणधरु विसमें जिणकप्पें जिणपवरु ।
तउ एंव करंतहु झीणाइं चउदहवरिसइं वोलीणाइं ।
कत्तियसियपक्खि चउत्थिदिणि अवरण्हि जम्मरिक्खि वियणि ।
छट्ठेणुववासें णिट्ठियहु सुविसालसालतलि संठियहु ।
गइ पढमि वीइ सुक्कुग्गमणि चउकम्मकुलक्खयसंकमणि ।
उप्पण्णउं केवलु केवलिहि गयणोवडंतकुसुमंजलिहि ॥

घत्ता—तहु जाएं णाणें णेयपमाणें जे केण वि णँ वि चिंतविय ॥
ते विवरि अहीसर महिहि महीसर सग्गि सुरिंद[5] वि कंपविय ॥११॥

१२

खगामिणा ससामिणा ।
समेयया अमेयया ।
अमाहरा रमाहरा ।
मलासयं णियासयं ।
कुणंतया थुणंतया ।
मुणीसरं सरो सरं ।
ण संधए ण विंधए ।
ण जम्मि सा मलीमसा ।
रइच्छिहा[1] कया विहा ।
महाजसं तमेरिसं ।
महाइया पराइया ।

ऐसा, दर्पकी उत्कण्ठाओंका निषेध करनेवाली कांजीके साथ भातको उन्होंने खा लिया। गहन वन में वह कहीं भ्रमण करते हैं, वह कुछ भी नहीं बोलते, आत्माका उपशमन करते हैं, मनःपर्यय ज्ञानके धारी वह जिनप्रवर विषम जिनकल्पमें भ्रमण करते हैं। इस प्रकार तप करते हुए उनके चौदह वर्ष बीत गये। तब कार्तिक शुक्ला चतुर्थीके दिन, जन्मकालीन मृगशिरा नक्षत्रमें अपराह्न के समय, छठे उपवासके साथ, एक विशाल शाल वृक्षके नीचे बैठे हुए, प्रथम गति के बीतने तथा शुक्लध्यान उत्पन्न होनेपर, चार घातिया कर्मोंके कुलका क्षय कर लेनेपर, जिनके ऊपर आकाशमें कुसुम-वृष्टि हो रही है ऐसे उन केवलीके लिए केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

घत्ता—जिसका किसी से विचार नहीं किया जा सकता ऐसे ज्ञेय प्रमाण ज्ञान (केवलज्ञान) के होने पर, पाताल लोकके नागेश्वर, धरतीके राजा और स्वर्गके देवेन्द्र भी कम्पित हो उठे ॥11॥

अपने स्वामीके साथ विद्याधर प्रचुर संख्यामें इकट्ठे हुए। अलक्ष्मीका नाश करनेवाले लक्ष्मीके धारक, अपने चित्तको मलरहित करते हुए तथा जिनपर कामदेव न तो बाणका सन्धान करता है, और न बेधता है, ऐसे मुनीश्वरकी स्तुति करते हुए, और जिन मुनीश्वरमें मलिन रति-कामनाका अन्त कर दिया गया है, महायशवाले ऐसे मुनीश्वरके पास, वे महा-

३. A सं सम्ममइ । ४. A ण वि चिंतिय; P ण वि चिंतविया । ५. A वि कंपिय; P वि कंपविया ।
१२. १. P रईछिहा ।

समासुरा सुरासुरा ।
सिमुग्गया समुग्गया ।
रसुद्धुरा इमी गिरा ।
सुसाइया अणाइया ।
सुवत्तया अवत्तया ।
रसंकिया रसुज्झियां[2] ।
सरूवया अरूवया ।
सुगंधया अगंधया ।
सकारणा अकारणा ।
ससंभवा असंभवा ।
ससंगया असंगया ।
रयासवं पुणो णवं ।
दयाणिही[4] तवोविही ।
अहंगया अहं गया ।
ण ते णया वरायया ।
सरायया समायया ।
खयं गया महादिया ।
सइंदिया अणिंदिया ।
णिविंदियां[5] णिवंदिया[6] ।
पसाहिओ पबोहिओ ।
कुकम्मरं[7] सुयंतरं ।
कहंति जे कुबुद्धि ते ।
णगेसु[8] या पुरीसु[9] या ।
पढंतु[10] मा ण ताण मा ।

आदरणीय सुन्दर सुर और असुर आये। उनके मुखसे सभी दिशाओंमें व्याप्त होनेवाली रससे परिपूर्ण यह वाणी निकली—"आप पर्यायकी अपेक्षा आदि हैं, और द्रव्यकी अपेक्षा अनादि। आप अत्यन्त व्यक्त हैं और अव्यक्त हैं, आप रससे युक्त हैं, और रससे रहित हैं, आप स्वरूपवान् हैं और अरूप हैं, आप गन्धयुक्त हैं और गन्धहीन हैं, आप कारणसहित हैं और अकारण हैं। आप संसारसहित हैं और संसारसे रहित हैं, ज्ञानसे युक्त होकर भी परिग्रहसे रहित हैं, कर्मोंका आश्रव होनेपर भी आप नये हैं। आप दयाकी निधि और तपका विधान करनेवाले हैं। भंगसे रहित हे देव, जो बेचारे देव आपको नमन नहीं करते वे नरकको प्राप्त होते हैं। रागसहित दूसरोंको ठगनेवाले (मायावी कपटी) महाद्विज क्षयको प्राप्त होते हैं। द्रव्येन्द्रियोंसे सहित, भावेन्द्रियोंसे रहित, मनुष्योंसे वंचित जो कुकर्मोंका प्रतिपादन करनेवाले शास्त्रान्तरोंको कहते हैं वे खोटी बुद्धिवाले होते हैं। जो पहाड़ोंमें और नगरियोंमें उन्हें पढ़ते हैं (शास्त्रोंको पढ़ते हैं) उन ब्राह्मणों-

२. P adds after this: सतच्चया, अतच्चया। ३. AP सगंधया। ४. P दयामही। ५. PA णिवंदिया। ६. A omits this foot। ७. P कुकम्मदं। ८. AP णएसु वा। ९. P पुरेसु वा। १०. A पढंत मा।

सुसासया[11] णिरंसया ।
सुणीरए तुहारए ।
अदुण्णए बुहा मए ।
कञ्जमा महाखमा ।
४० चरंति जे लहंति ते ।
[12]महुंणइं परंगइं ।
सुहं गया हयावया ।
णिरामया सरामया ।
णिरंजणा णमो जिणा ।

४५ घत्ता—कय[13]माणवखंभहिं सारसरंभहिं वेल्लीदु[14]मँमणिवेइयहिं ॥
वरधूलीसालहिं णच्चणसालहिं गोउरथूहहिं चेइयहिं ॥१२॥

१३

जहिं समवसरणु सुरणिम्मविउं गुरु कंठीरवविट्ठरु[1] ठविउं ।
जहिं सुविहावलउं विलंबिकरु अलिचुंबियफुल्लु[2] असोयतरु ।
जहिं णहणिवडिउं[3] पसूयपयरुं[4] आहंडलडिंडिमु मुयइ सरु ।
जहिं छत्तइं तिण्णि समुब्भियइं विविहइं चिंधइं चमरइं सियइं ।
५ जक्खिंदमउडसिहरुद्धरिउ[5] जहिं धम्मचक्कु आराफुरिउ ।
जहिं वंति गंति णच्चंति सुर[6] विभँयरसपरवस थक्क णर[7] ।
तहिं संणिसण्णु सो परममुणि मुणिवयणविणिग्गउ[8] दिव्वझुणि ।

को शाश्वत और अंशरहित अर्थात् सम्पूर्ण लक्ष्मी नहीं प्राप्त होती। जो लोग तुम्हारे अत्यन्त पवित्र, दुर्नयोंसे रहित मार्गमें चलते हैं, उद्यम करनेवाले अत्यन्त क्षमाशील वे अपनी आपत्तियोंका नाश कर परमगति और सुखको प्राप्त होते हैं। जो निरामय हैं, कामदेवके रोगसे रहित ऐसे निरंजन जिनको प्रणाम करता हूँ।"

घत्ता—बनाये गये मानस्तम्भों, सारसयुक्त जलों, लता-द्रुम और मणिमय वेदिकाओं, श्रेष्ठ धूलिप्राकारों, नृत्यशालाओं, गोपुर-समूहों और चैत्योंसे सहित—॥१२॥

१३

जहाँ देवनिर्मित समवशरण था। उसमें विशाल सिंहासन रखा हुआ था। जहाँ कान्तिसे सहित, प्रसरित किरणोंवाला, भ्रमरोंसे चुम्बित पुष्पवाला अशोक वृक्ष था, जहाँ आकाशसे पुष्प समूह गिर रहा था। इन्द्रका नगाड़ा डिम-डिम वाद्य बजा रहा था। जहाँ तीन छत्र उत्पन्न हुए थे, विविध ध्वजचिह्न और चमर भी। जहाँ यक्षेन्द्रके मुकुटशिखरपर उद्धृत और आशाओंसे विस्फुरित धर्मचक्र था। जहाँ देवता गाते-बजाते नाच रहे थे। विस्मय रससे भरे हुए लोक स्थिर रह गये। ऐसे उस समवसरणमें वह परममुनि विराजमान थे। मुनिवरके मुखसे दिव्यध्वनि

११. A सुसंसया। १२. APT महुण्णई। १३. A माणवहरखंभहिं; K omits कय°। १४. P वल्ली°।
१३. १. A विट्ठर। २. AP फुल्ल। ३. णिवडिय। ४. AP °पवह। ५. A °मउल°। ६. AP सुरा।
७. A विभिय। ८. AP णरा। ९. P °विणिग्गय।

झुणि साहइ जणजम्मंतरइं झुणि साहइ [१०]भूभुवणंतरइं ।
झुणि साहइ मणुयदेवसुहइं झुणि साहइ [११]णरतिरियदुहइं ।
झुणि साहइ जीवरासिकुअइं झुणि साहइ बंधमोक्खफलइं । १०

घत्ता—झुणि सुणिवि पबुद्धहं जाइविसुद्धहं णिग्गंथहं मउलियकरहं ।
जायउ गयगामिहि संभवसामिहि पंचुत्तरु सउ गणहरहं ॥१३॥

१४

तहिं चारुसेणु पहिलउ भणिवि पुणु गणमुणि मेल्लिवि मुणि गणेवि ।
दोसहसइं अवरु दिवड्ढु सउ पुव्वंगंधरहं थिउ जिणिवि मउ ।
सयतिउ सलक्खु सिक्खुयमइहिं एक्कूणतीससहसइं जइहिं ।
परमोहिणाणधारिहिं मियइं छहसयइं रंधसहसंकियइं ।
पण्णारहसहसइं केवलिहिं एक्कूणतीस पसमियकलिहिं । ५
सहसाइं रिसिंदहं बसुसयइं वेउव्वणरिद्धिहिं कयवयइं ।
सउ सँड्ढु सहासइं तवसमइं मणपज्जवधरिहिं धरियसमइं ।
सउ सयहं समउ सयवीसइइ जइवाइहिं संखु करवि मइइं ।
जायइं बम्मीसरदारहं दुइलक्खइं एंव भडाराहं [१०] ।
लक्खाइं तिण्णि रइवज्जियहं दहगुणिय तिण्णि सहसज्जियहं । १०
सावियहं लक्ख पंच जि भणमि सावयहं तिण्णि ते हउं [१२]मुणमि ।

निकलती है। वह ध्वनि जो जन्म-जन्मान्तरका कथन करती है, वह ध्वनि जो भू और भुवनान्तरोंका कथन करती है, ध्वनि जो मनुज और देवोंके सुखोंका कथन करती है, ध्वनि जो नरक और तिर्यंचोंके दुःखोंका कथन करती है, ध्वनि जो जीवकुलराशिका कथन करती है, ध्वनि जो बन्ध और मोक्षफलोंका कथन करती है।

घत्ता—ध्वनि सुनकर प्रबुद्ध हुए जातिसे शुद्ध निर्ग्रन्थ हाथ जोड़े हुए एक सौ पाँच गणधर गजगतिसे गमन करनेवाले सम्भव स्वामीके गणधर हुए ॥१३॥

१४

उनमें चारुसेनको पहला कहकर, फिर गणप्रमुखको छोड़कर मुनियोंको गिनाता हूँ। दो हजार एक सौ पचास मदको जीतनेवाले पूर्वधारी थे। एक लाख उनतीस हजार तीन सौ शिक्षा-मतिवाले शिक्षक मुनि थे। नौ हजार छह सौ परम अवधिज्ञानके धारी थे। पन्द्रह हजार केवलज्ञानी थे। पापको नष्ट करनेवाले उन्नीस हजार आठ सौ विक्रिया ऋद्धिके धारक मुनि थे। बारह हजार एक सौ पचास शान्तिको धारण करनेवाले मनःपर्ययज्ञानी उनकी सभामें थे। वादी मुनियोंकी संख्या मैं बारह हजार कहता हूँ। इस प्रकार कामदेवको जीतनेवाले आदरणीय दो लाख मुनि थे। रतिसे रहित तीन लाख तीस हजार आर्यिकाएँ थीं। पाँच लाख श्राविकाएँ थीं, तीन लाख श्रावक थे। उनको मैं जानता हूँ।

१०. P भुवणु अणंतरइं। ११. A णरयतिरिय°।

१४. १. P भणमि। २. A गणिवि। ३. A सिक्खुव°; P सिक्खय°। ४. AP सद्धु। ५. P सयवीमइहु। ६. AP करमि संख। ७. P मइहु। ८. A जाया। ९. A °दारयहं। १०. A भडारयहं। ११. AP मुणमि। १२. AP भणमि।

घत्ता—अहणिसु कयसेवहं चउविहदेवहं देविहिं संख ण दीसइ ॥
संखेज्जतिरिक्खहं इच्छियसोक्खहं धम्मु अधम्मु[१२] वि भासइ ॥१४॥

१५

महि विहरिवि भवियतिमिरु लुहिवि
तहिं दोण्णि पक्ख तणुचाउ किउ
दिक्खहि लग्गिवि पुव्वहं तणउं
बद्धाउहिं पुव्वहं घित्ताँइं
मासम्मि पहिल्लइ पक्खि सिइ
णियजम्मरिक्खि संभाइयउ
छेइल्लउ सुक्कज्झाणु धरिवि
पुग्गलपरिणाँमहु णवणवहु
ठिउ अट्ठमपुहईइहि अट्ठगुणु
सुरमुक्ककुसुमरयमहमहिउ
वउ वीयरायरायहु ललिउ
लोएहिं पवित्त पावरहिय

संमेयहु सिहरु[१] समारुहिवि ।
रिसिसहसें[२] सहुं षडिमाइ थिउ ।
चोद्दहवरिसूणउं लक्खु गउ ।
लक्खाइं सट्ठि अणुहुत्ताँइं ।
छट्ठइ दिणि मज्झण्हइ लहसिइ ।
अँवि घाइचउक्कु वि घाइयउ ।
किरियाविच्छित्ति झ त्ति करिवि ।
गउ मुक्कउ संभवु संभवहु ।
महुं पसियउ णिक्कलु णाणतणु ।
दीवेहिं गंधधूवहिं महिउ ।
अग्गिंदमउडमणिसिहिजलिउ ।
अरुहंगभूइ सीसें गहिय ।

घत्ता—दिन-रात सेवा करनेवाले देवों और देवियोंकी संख्या दिखाई नहीं देती । सुखको चाहनेवाले उसमें संख्यात तिर्यंच थे । वह धर्म-अधर्मका कथन करते हैं ॥१४॥

१५

धरतीपर विहार कर, भव्य लोगोंके अन्धकारको दूर कर सम्मेदशिखर पर्वतपर आरूढ़ होकर उन्होंने वहाँ दो पक्ष तकके लिए एक हजार मुनियोंके साथ प्रतिमायोग धारण कर लिया। दीक्षाके समयसे लेकर चौदह वर्ष कम एक लाख पूर्व वर्ष बीतनेपर अपनी बँधी हुई आयुके साठ लाख पूर्व वर्ष भोगकर छोड़ दिये। चैत्र माहके शुक्लपक्षकी छठीके दिन मध्याह्न होनेपर अपने जन्मनक्षत्रमें सम्भावित चार घातिया कर्मोंका नाश कर दिया। छेदक शुक्लध्यान धारण कर, शीघ्र सूक्ष्म क्रिया विप्रतिपत्ति कर, उत्पन्न होनेवाले नये-नये पुद्गल परमाणुओंसे मुक्त होकर सम्भवनाथ मोक्ष चले गये। आठ गुणोंसे युक्त वह, आठवीं भूमि (सिद्ध शिला) में जाकर स्थित हो गये। निष्पाप ज्ञानशरीर वह मुझपर प्रसन्न हों। देवोंके द्वारा मुक्त कुसुमांजलियोंके परागसे महकते हुए, दीपों और धूपोंसे पूजित, वीतरागराजका सुन्दर शरीर, अग्नीन्द्रोंके द्वारा अपने मुकुटकी आगसे जला दिया गया। लोगोंने पवित्र, पाप रहित अर्हंतके शरीरकी भस्म अपने सिरपर ग्रहण की।

---

१२. AP अहम्मु वि हासइ ।
१५. १. A सिहरि । २. P रिसिसहसें पडिमाजोएं ठिउ । ३. A चउदह°; P बारह° । ४. AP वित्ताइं । ५. AP अणुहुंताइं । ६. P इय घाइ° । ७. A परिमाणइ । ८. AP पुहविहि ।

घत्ता—जिणणिव्वाणुच्छवि सच्छरु सविहवि सुरवइ भरहु पणच्चिउ ।
गउ णियघररंगहु सिंगारंगहु पुप्फदंतणियरच्चिउ ॥१५॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए
महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे संभवणिव्वाणगमणं णाम
चालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४०॥

॥ [10]संभवचरियं समत्तं ॥

घत्ता—जिन भगवान्‌के निर्वाण-उत्सवमें, अप्सराओं और अपने वैभव के साथ कान्तिमान् इन्द्र खूब नाचा। फिर पुष्पदन्त (नक्षत्रों) के समूहसे अर्चित वह शृंगारस्वरूप अपने घरकी रंगशालाके लिए चला गया ॥१५॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा
विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें
चालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४०॥

---

९. P णियघरि रंगहु वज्जियभंगहु। १०. AP omit संभवचरियं समत्तं।

संधि ४१

अहिणंदणु इंदाणंदयरु णिंदिंदियइं णिवारउ ॥
वंदारयवंदहिं[1] वंदियउ वंदिवि संतु भडारउ ॥ध्रुवकं॥

१

असोक्खकंतारयं हयभवोहकंतारयं ।
ण जं च कंतारयं ण्हवणयम्मि कं तारयं ।
जेणस्स[2] सं गंगयं कुणइ जस्स संग गयं ।
विइण्णमलभंगयं हुंणइ[3] वड्ढमाणं गयं ।
सुवण्णरुइरंगयं जसपडण्णभूरंगयं ।
विहंसियणिरंगयं जणियभावणारंगयं ।
रयं परमघोरयं असमसंपयावारयं ।

सन्धि ४१

इन्द्रको आनन्द देनेवाले निन्दित इन्द्रियोंके द्वारा निवारित देवसमूहके द्वारा वन्दित सन्त भट्टारक अभिनन्दनकी मैं वन्दना करता हूँ ।

१

जो दुखरूपी जलसे तारनेवाले और जन्मसमूहरूपी कान्तारको नष्ट करनेवाले हैं, जो स्वयं कान्तामें रत नहीं हैं, जिनके अभिषेककर्मका जल स्वच्छ है, गंगासे उत्पन्न और उनके शरीरसे प्राप्त जो जल लोगोंके लिए सुख उत्पन्न करता है। मलोंका घातक जो बढ़ते हुए रोगोंका नाश करनेवाला है, जिनके शरीरकी कान्ति स्वर्णके समान है, जिनके यशसे समस्त भूमिमण्डल परिपूर्ण है, जिन्होंने कामदेवको ध्वस्त कर दिया है, जिन्होंने सोलह कारण भावनाओंमें राग पैदा किया है, जो आत्मरत और परम अरौद्र हैं। जो क्रोधरूपी सम्पत्तिका निवारण करने-

---

Mss. A and P have the following stanza at the beginning of this Samdhi:—

वरमकरोदपारतरविवरमहिकिरणेन्दुमण्डलं
यदपि च जलधिवलयमधिलंघ्य विधेस्तदनन्तरं दिशः ।
विगलितजलपयोदपटलधृति कथमिदमन्यथा यशः
प्रसरदमादमल्लकदनाभारत भुवि भरत सांप्रतम् ॥१॥

A reads °किरणद्धिमण्डलं in the first ; P reads विधिसूदनन्तरं दिशः । P rePeats the stanza at the beginning of XLVII. A gives it only here. K doee net give it here or there.

१. १. AP °विदहिं । २. AP add जं before जणस्स । ३. AP हणइ ।

सुजायमसरीरिणं णिहणिऊणँमसरीरिणं। १०
जमीसममरच्चियं गुँणणिसेणियाहिं चियं।
अहं तमहिणंदणं पणविऊण धीणंदणं।
भणामि तव्ववसियं किर कहं तिणा ववसियं
वणे चडुलवाँणरे सुहयमाणिणीवाणरे।
मुएउ मा णा सणं सुणउ पावणिण्णासणं। १५
इमं सुकियवासणं लहउ सम्मईसासणं।

घत्ता—जिंव सुयकेवलि जिंव तियसवइ जिंवँ पुणु थुणउ फणीसरु॥
हउं णरु जीहासहसेण विणु किं वण्णवि परमेसरु॥१॥

२

सालतालतालीदुमोहए मेरुसिहरिपुंव्वे विदेहए।
संचरंति करिमयरसंतई वहइ गहिर सीया महाणई।
तीइँ तीरि दाहिणइ पविउले चूयचारफलघुलियसुँविउले।
वारिवाहधाराहि सित्तए मुग्गमासजँववीहिछेत्तँए।
छेत्तवालिणीसद्दसंगए दिण्णकण्णसंठियकुरंगए। ५
बेकँरंतबहुदुद्धगोहणे वच्छमहिसवसहिंदसोहणे।
सव्वधण्णछण्णे अणूसरे सरतरंतकिंणरवहूसरे।

वाले हैं, जो सुजात सिद्ध और दारिद्र्यरूपी ऋणका नाश करनेवाले हैं, ईश्वर जो देवोंके द्वारा पूज्य हैं, जो गुणरूपी सीढ़ियोंसे समृद्ध हैं, ऐसे बुद्धिको बढ़ानेवाले अभिनन्दनको प्रणाम कर उनके व्यवसित (चरित) को कहता हूँ कि जिसकी उन्होंने चेष्टा की। जिसमें चटुल वानर हैं, और जो सुन्दर मानिनियोंके लिए पीड़ाजनक है, ऐसे संसाररूपी वनमें मनुष्य शब्दको न कहे, (चुप रहे) तथा पापका नाश करनेवाले उस शब्दको (कथान्तरको) अवश्य सुने, जिसमें पुण्य (सुकृत) की वर्षा है, तथा सन्मतिके शासनको प्राप्त करे।

घत्ता—जिस प्रकार श्रुतकेवली इन्द्र, और जिस प्रकार नागेश्वर स्तुति करता है, मैं मनुष्य, हजारों जीभोंके बिना परमेश्वरका वैसा वर्णन कैसे कर सकता हूँ? ॥१॥

२

सुमेरुपर्वतके पूर्वमें शाल और ताल तथा ताली वृक्षोंके समूहसे युक्त विदेह क्षेत्रमें गजों और मगरोंकी परम्परा जिसमें संचरण करती है, ऐसी गम्भीर सीता नदी बहती है। उसके विशाल दक्षिणी किनारेपर मंगलावती भूमिमण्डल (देश) है, जिसके आम्र और चार वृक्षोंपर विशाल पक्षिकुल आन्दोलित है, जो मेघकी धाराओंसे अभिषिक्त है। जिसमें मूंग, उड़द, जौ और धान्यके खेत हैं। जो क्षेत्रोंको रखानेवाली बालिकाओंके शब्दसे युक्त है, जिसमें हरिण कान दिये हुए बैठे हैं, अत्यधिक दूध देनेवाला गोधन जिसमें रँभा रहा है, जो बछड़ों, महिषों और वृषभेन्द्रोंसे शोभित है, जो सब प्रकारके धान्योंसे आच्छन्न और उपजाऊ है। जिसके सरोवरोंमें किन्नर वधुएँ

---

४. A °मसिरीरणं। ५. P गुणिणिसेणि°। ६. A चटुलवाणरे; P चवलवाणरे। ७. A जिण पुणु।

२. १. A पुव्वविदेहए। २. A संचरंत°। ३. A ताइ। ४. P पविउले। ५. A मुग्गमाह°। ६ P °छत्तए। ७. A वेकरंतबहुबुद्ध°; P बुक्करंत°।

कंजपुंजरुंजंतमहुलिहे
णिसुयमहुरपियमाहवीसरे
१० [१०]उंच्छुवीलणुल्लियरसजले
कोट्ट[११]वट्टुलट्टालदुग्गमं
खोल्लखाइयावूढकोमलं
मणिगणंसुमालाविरोहियं
कणयघडियघरपंतिपिंगलं
१५ अमियरायरिद्धीपपवेट्टणं[१५]
तत्थ वसइ राया महाबलो
जस्स लच्छिकंता उरत्थले
दीहकालमवियलेमणोरह[१७]
किं कुणेमि णिच्चं परासुहं[१९]
२० माणस दमेणं णियंतियं

कयलिललियलवलीलयागिहे ।
पहियहिययगयविसमंसरसरे ।
मंगलावईभूमिमंडले ।
रुद्धकुद्धलुद्धारिसंगमं[१२] ।
पंचवण्णकेलिल्लिचंचलं[१३] ।
कूववदीहियाबाविसोहियं[१४] ।
णिच्चमेव संगीयमंगलं ।
रयणसंचयं णाम पट्टणं ।
भुयबलि व्व धीरो महाबलो ।
रमइ कित्तिरमणी महीयले ।
भुंजिऊण रज्जं रमासुहं ।[१८]
हो[२०] मुयामि इणमो परासुहं ।
एम तेण सहसा विचिंतियं ।

घत्ता—धणवालहु बालहु णियसुयहु विरइवि पट्टणिबंधणु ॥
सो पासि विमलवाहणजिणहु जायउ राउ तवोहणु ॥२॥

तैरती हैं, जहाँ कमलोंके समूहपर भ्रमर गुंजन कर रहे हैं, जिसमें कदलियों और लवली लताओं-के सुन्दर लतागृह हैं, जिसमें कोयलोंके मधुर स्वर सुनाई दे रहे हैं, जहाँ पथिकोंके हृदय कामदेवके विषम तीरोंसे आहत हैं, जिसमें गन्नोंके पेरनेसे रसरूपी जल उछल रहा है। उसमें (मंगलावती देशमें) रत्नसंचय नामका नगर है, जो परकोटों और गोल-गोल अट्टालिकाओंसे दुर्गम है। जिसमें क्रुद्ध और लोभी शत्रुओंका समूह अवरुद्ध हैं, जो कोटरों और खाइयोंसे व्याप्त और कोमल है, जो पांच रंगोंकी पताकाओंसे चंचल है, जो मणिगणोंकी किरणमालाओंसे सुशोभित है, और कूप और दीर्घ वापिकाओंसे सुशोभित है, जो स्वर्णनिर्मित गृह पंक्तियोंसे पीला है, और जिसमें सदैव संगीत और मंगल होते रहते हैं, जिसमें अमित राज्यवैभव बढ़ रहा है। उसमें (रत्नसंचय नगरमें) राजा महाबल नामका राजा निवास करता था, जो बाहुबलिके समान धीर और महाबली था। जिसके उरस्थलमें लक्ष्मीकान्ता रमण करती थी, और महीतल पर कीर्तिरूपी रमणी। लम्बे समय तक निर्विघ्न मनोरथ राज्य और रमासुखका भोग करनेके बाद एक दिन उसने सहसा विचार किया कि मैं नित्य दूसरोंके प्राणोंका घात क्यों करता हूँ? हा, मैं इन अत्यन्त अशुभ (कामोंको) छोड़ता हूँ। मैं अपने मनको संयमसे नियन्त्रित करता हूँ।

घत्ता—अपने पुत्र बालक धनपालको पट्ट बांधकर, वह राजा विमलवाहन जिनके पास जाकर मुनि हो गया ॥२॥

---

८. A °पुंजरयरत्त°। ९. P °विसमसरिसरे। १०. A उच्छपीलणु°; P उच्छुपीलणु°। ११. A कोट्ट-बद्धलंटालदुग्गमं; P कोट्टवट्टुलाट्टालसंगमं। १२. P कुद्धलुद्धमुद्धारिदुग्गमं। १३. A पंचवण्णकंकेल्लि°। १४. P °दीविया°। १५. A °पवड्ढणं। १६. A P °मविलय°। १७. A °मणोहरं। १८. A °रमाहरं। १९. P कुणोमि। २०. हो ण जामि।

३

सो णिग्गंथु गंथु[1] ण समीहइ
ण पसंसाइ करइ पहे[2]सिउं मुहुं
दूसंतउ पं[3]रु पिसुणु ण दूसइ
लाहालाहइ जीवियमरणइ
जिणिवि कुहेउवाय णयचंडहं
एयारह अंगइं अवगाहिवि
बंधिवि कयसोलहकारणहलु
णिहणयालि अणसणु अब्भसियउं
कामकोहधरणीरुह खंडिवि
णाणसासु वड्ढारिउ चंगउं

सणियउं वियरइ पावहु बीहइ।
णउ केण वि णिंदिउ मण्णइ दुहुं।
हिंसंतउ मणावि णउ हिंसइ।
समु जि समणु संठिउ समचरणइ।
तिण्णि तिउत्तरसँय पासंडहं। ५
दंसणु[5] सुद्धि बुद्धि आराहिवि।
सिरिअरहंतणाउं गोत्तुज्जलु।
देहखेत्तु रिसिहलिएं[6] किसियउं।
पासहिं दिहिवइ दढयर मंडिवि।
सासु मुयंतें मुक्कु[7] णियंगउं। १०

घत्ता—सुहझाणें मुउँ[8] सो परमरिसि णिम्मलु णिरुवमरूयउ॥
अहमिंदु अणुत्तरि[9] धवलतणु विजयविमाणइ[10] हूयउ॥३॥

४

जलहिसमेमिए[1]
कालि णिग्गए
तम्मि सुंदरे

तीसतियहिए।
सुरेहं[2] मग्गए।
हं पुरंदरे।

३

वह निर्ग्रन्थ मुनि, परिग्रहकी इच्छा नहीं करते, धीरे-धीरे विचरण करते, और पापसे डरते। प्रशंसासे वह अपना मुख हँसता हुआ नहीं करते (प्रसन्न नहीं होते), और किसीके द्वारा निन्दा किये जाने पर दुःख नहीं करते। दूषण लगाते हुए भी दुष्टको वह दोष नहीं देते। हिंसा करनेपर भी, जरा भी हिंसा नहीं करते। लाभ-अलाभ, जीवन और मरणमें सम, वह श्रमण समताके आचरणमें स्थित हो गये। कुहेतुवादोंको जीतकर और नयसे प्रचण्ड तीन सौ त्रेसठ पाखण्डोंको जीतकर, ग्यारह अंगोंका अवगाहन कर दर्शनशुद्धि और बुद्धिकी आराधना कर, सोलह कारण भावनाओंके फल, श्री अरहन्तके उज्ज्वल गोत्रका बन्ध कर, उन्होंने अन्तिम समय अनशनका अभ्यास किया, और देहरूपी खेतको मुनिरूपी कृषकने कर्षित किया। काम-क्रोध-रूपी वृक्षोंको उखाड़कर चारों ओर धैर्यकी मजबूत बागड़ लगाकर उन्होंने ज्ञानरूपी धान्य खूब बढ़ा ली, सांस छोड़ते ही उन्होंने अपने शरीरका त्याग कर दिया।

घत्ता—शुभध्यानसे मरकर वह निर्मल परममुनि, और विजय नामक अनुत्तर विमानमें अनुपम रूपवाले धवलशरीर अहमेन्द्र देव हुए ॥३॥

४

तीन अधिक तीस अर्थात् तेंतीस सागर प्रमाण, देवरीतिसे समय बीतनेपर, उस शुभाशय

३. १. P ण गंथु। २. A P पहसियमुहु। ३. A परपिसुणु ण दूसइ; P परि पिसुणु ण दोसइ। ४. A P तिण्णि तिसट्ठिसयइं। ५. A P दंसण°। ६. A रिसिहलि संकिसियउ। ७. A मुयउ। ८. A P °रूवउ। ९. A अणुत्तरु। १०. P °विमाणे।
४. १. A समणिए; P समसिए। २. A सुरहरं गए।

थिइ[3] सुहासए आउसेसए ।
धरियँजीवए पढमदीवए ।
वइरिखंडणा भरहमंडणा ।
अत्थि सुहयरी कोसलाउरी ।
रिसहकुलरुहो पुण्णससिमुहो ।
तहिं महीसरो णाम संवरो ।
तस्स इत्थिया साहियत्थिया ।
चारुहारिया सुइसंरीरिया ।
भवणलच्छिया मउलियच्छिया ।
णिसिविरामए चरमजामए ।
पेच्छए हियं सिविणमालियं ।
गलियमयजलं अमरमयगलं ।
कुंदपंडुरं गोवइं वरं ।
णहरदारुणं दुरयवइरिणं ।
बहुविलासिणी णलिणवासिणी ।
भमरररामयं कुसुमदामयं ।
णयणपरिणयं सिसिरकिरणयं ।
णिहयतिमिरयं तरुणमिहिरयं ।
रमणरसणयं मीणमिहुणयं ।
सजलकमलयं कलसजुवलयं ।
रमियरोयरं पंकयायरं ।
मयरभीयरं खीरसायरं ।
लच्छिसासणं हरिवरासणं ।
हरिणिहेलणं फणिणिकेयणं ।
सुमणिसंगहं अवि य हुयवहं ।

अहमेन्द्रकी थोड़ी आयु शेष रहनेपर, जीवोंको धारण करनेवाले प्रथम द्वीप (जम्बूद्वीप) में शत्रुका खण्डन करनेवाली, भारतका मण्डन, तथा शुभ करनेवाली कौशलपुरी नगरी थी। उसमें ऋषभकुलका अंकुर, पूर्ण चन्द्रमाके समान मुखवाला स्वयंवर नामका राजा था। उसको सिद्ध करनेवाली (सिद्धार्था) नामकी पत्नी थी। सुन्दर पवित्र शरीरवाली उस भुवनलक्ष्मीने आँखें बन्द किये हुए, रात्रिका अन्त होनेपर अन्तिम प्रहरमें सुन्दर स्वप्नमाला देखी। मद झरता हुआ ऐरावत महागज; कुन्दपुष्पके समान श्रेष्ठ वृषभराज; नखोंसे भयंकर गजका शत्रु (सिंह); कमलोंमें निवास करनेवाली, बहुविलासिनी (लक्ष्मी); भ्रमरोंसे सुन्दर कुसुममाला; नेत्रोंके लिए सुन्दर चन्द्र; अन्धकारको नष्ट करनेवाला तरुणसूर्य; रमणकी ध्वनि करता हुआ मीनयुगल; कमल और जलसे सहित कलशयुगल, जिसमें चक्रवाक क्रीड़ा कर रहे हैं ऐसा कमलाकर, मगरोंसे भयंकर क्षीरसमुद्र, लक्ष्मीका शासन सिंहासन, देवोंका विमान और नागभवन, मणियोंका समूह और अग्नि।

३. A थिय । ४. P reads this line as : पढमदीवए धरियजीवए । ५. A P कोसलापुरी । ६. P °सरीरया । ७. A मोलियच्छिया । ८. A चरिम° । ९. P reads this line as : गोवइं वरं कुंदपंडुरं । १०. A कमलवासिणि । ११. A णिहिय° । १२. A तरुणि° । १३. P रमियखेयरं ।

घत्ता—इय दंसणणिउरुंबउ सइइ सुहसुत्ताइ णिरिक्खउ ॥
सुविहाणइ संवरणरवइहि जं जिह तं तिह अक्खिउ ॥४॥ ३०

५

तं णिसुणिवि जसधवलियमहियलु कहइ कंतु कंतहु सविणयफलु ।
जो तिहुवणमंगलु तिहुयणवइ जं झायंति जोइ गयमलमइ ।
सो तुह होसइ सुउ मइं णायउं णच्चहि सुंदरि चंगउं जायउं ।
तहिं अवसरि दिवि सक्कें बुक्किउं संवरमहिवइ भुंजउ सुक्किउ ।
सिरि अरहंतु देउ अवलोयउ सिद्धत्थइ सिद्धत्थु जणेव्वउ । ५
मा होज्जउ तहु किं पि दुगुंछिउ अहु णिहिणाह करहि हियइच्छिउं ।
ता साकेयणयरु वित्थारिउ अहिणवु धणएं सव्वु सवारिउ ।
फुरियपसंडिपिंडु पविरइयउ जहिं दीसइ तहिं तहिं अइसइयउ ।
कडयमउडमंडियवरगत्तउ उयरसुद्धिपारंभणिउत्तउ ।

घत्ता—सोहम्मसुरिंदें पेसियउ सव्वउ पुण्णपसत्थउ । १०
घरु रायहु आयउ देवयउ मंगलदव्वविहत्थउ ॥५॥

घत्ता—इस प्रकार सुखसे सोयी हुई उस सतीने स्वप्न-समूह देखा। दूसरे दिन सुन्दर प्रभातमें, उसने जैसा देखा था, वैसा अपने पति राजा स्वयंवरसे कहा ॥४॥

५

यह सुनकर अपने यशसे महीतलको धवल कर देनेवाले कन्तने अपनी कान्तासे कहा—"जो त्रिभुवनके मंगल और त्रिभुवनपति हैं, निर्मल मतिवाले योगी जिनका ध्यान करते हैं, वह तुम्हारे पुत्र होंगे, मैंने यह जान लिया है। हे सुन्दरी, तुम नाचो; यह बहुत अच्छा हुआ।" उसी अवसरपर स्वर्गमें इन्द्रने कहा कि राजा स्वयंवरको पुण्यका भोग हुआ है। देखो, वह श्री अरहन्त देवको सिद्धार्थकी तरह, सिद्धार्थासे जन्म देगा। हे कुबेर, उनके लिए कुछ भी खराब बात न हो, जाओ तुम उनकी इच्छाके अनुसार काम करो। तब उसने साकेत नगरका विस्तार किया। धनदने वहाँ सब कुछ नया कर दिया। सुन्दर स्वर्णपिण्डसे रचना की। वह जहाँ दिखाई देता वहाँ अतिशय सुन्दर था। उदरकी शुद्धि प्रारम्भ करनेके लिए नियुक्त कटक और मुकुटोंसे अलंकृत शरीरवाली,

घत्ता—सौधर्म स्वर्गके देवों द्वारा भेजी गयीं, पुण्यसे प्रशस्त मंगलद्रव्य अपने हाथोंमें लिये हुए देवियाँ राजाके घर आयीं ॥५॥

---

१४. A णिउरंबउ । १५. A P सुहुं सुत्ताइ । १६. A संवरणिवइहि ।
५. १. P °हलु । २. A तिभवणवइ । ३. A जोगि । ४. A मयणायउ । ५. A P बुज्झिउं । ६. A संवरणरवइ भुंजइ । ७. A अविलेवउ; P अवलोइउ । ८. A सक्केयणयरु । ९. A P समारिउ । १०. A °पिंड । ११. A °मउलमंडिय° ।

६

छम्मासइं वसुहार वरिट्ठी थिय जिणजणणि जाम संतुट्ठी ।
ता वइसाहहु पंडरपक्खइ छट्ठीवासरि सत्तमरिक्खइ ।
विजयणाहु तिहुयणविक्खायउ करिरूवें सिविणंतरि आयउ ।
मयणविलासविसेसुप्पत्तिहि उयरि परिट्ठिउ संवरपत्तिहि ।
पुणु सो णिहिवइ णिव्वेहि पसाहिइ पंगणि छडरंगावलिसोहिइ ।
धरणीयलगयणिहिआकरिसइं णवं वि मास माणिक्कइं वरिसइ ।
जसससहरकरधवलियदिग्गइ संभवि संभवपासविणिग्गइ ।
जइयहुं सायरसरिसहुं झीणइं वहलक्खइं कोडिहिं वोलीणइं ।
तइयहुं माहमासवारसियहि पालेयंसुकरावलिसुसियहि ।
बारेहिमग्गि जोइ कोमलतणु बारहअणुवेक्खाभावियमणु ।
णाणत्तयजाणियजगरूयउ वेउ चउत्थउ जिणु संभूयउ ।

घत्ता—जिणजम्मणु आसणथरहरणि जाणिवि कुंजरु सज्जिउ ।
महि आयउ ससुरु सुराहिवइ सुरकरचमरहिं विज्जिउ ॥६॥

६

छह माह तक रत्नवृष्टि हुई। भगवान्‌की माता सन्तुष्ट हो गयी। वैशाख माहके शुक्लपक्षमें षष्ठीके दिन, सातवें नक्षत्र (पुनर्वसु) में, त्रिभुवनविख्यात विजयनाथ अहमेन्द्र गजरूपमें स्वप्नान्तरमें आया और कामके विलास विशेषोंको उत्पन्न करनेवाली राजा स्वयंवरकी पत्नी सिद्धार्थाके उदरमें प्रविष्ट हो गया। वह कुबेर पुनः राजाको प्रसन्न करता है, वह छह प्रकारके रंगों की रांगोलीसे शोभित घरके प्रांगणमें, धरतीतलकी निधियोंको आकर्षित करनेवाले माणिक्योंकी नौ माह तक वर्षा करता है। अपने यशरूपी चन्द्रमाकी किरणोंसे दिग्गजोंको धवलित करनेवाले सम्भवनाथके जन्मपाशसे मुक्त होनेपर, जब दस लाख करोड़ सागर समय बीत गया, तब माघमासके शुक्लपक्षकी चन्द्रकिरणोंसे धवल द्वादशीके दिन, बारह अनुप्रेक्षाओंसे भावितमन कोमल शरीर तीन ज्ञानोंसे विश्वस्वरूपको जाननेवाले, चौथे तीर्थंकर अभिनन्दन उत्पन्न हुए।

घत्ता—सिंहासन काँपनेसे जिनका जन्म जानकर देवेन्द्रने अपना हाथी सज्जित किया और देवोंके हाथोंसे चमरों द्वारा हवा किया जाता हुआ देवों सहित वह धरतीपर आया ॥६॥

---

६. १. A णियजणणि । २. P वयसाहहु । ३. A P पंडुर° । ४. A पवरपसाहिइ । ५. A P प्रंगणि । ६. P धरणीयले । ७. P णवमासइं । ८. A जं ससहरकरधवलियदिग्गइ; P °धवलिए दिग्गए । ९. A संभमि । १०. A P संभवपासहु णिग्गइ । ११. A पालेयंसकरावलि°; P पालेयंसुकलावलि° । १२. AP बारहयम्मि । १३. A P °जम्मणि ।

७

पुरि परियंचिवि पइसिवि णिवघरि कित्तिमु सिसु दिण्णउ जणणिहि करि ।
सयणुकिरणकविलियपविउलणहु पोमरायपहणिहतंबिरणहु ।
बहुभवकयवयणियमियणियमइ विसमविसयविसहरणहयरवइ ।
कमलकुलिसकलसंकियकमजुउ विरइयरइसंवरु संवरसुउ ।
णंद वद्ध जय देव भणेप्पिणु सुरणाहें मुणिणाहु लएप्पिणु । ५
अंकि चडाविउ चंपयगोरउ गोरो सो तेण जि अवियारउ ।
जायउ जंतहु गुरु रहसुब्भडु अमरविमाणहं घणवहि संकडु ।
पडिवाहणहयवाहणसेणिहि इंदें कह व मंदसंदाणिहि ।
वारणु चरणचारु संजोईउ मंदरु मंदरुइल्लु पलोइउ ।
जिणदेहच्छविइ अहिहवियउ गुरुयणतेएं कवणु ण खवियउ । १०
ससिरवितारापंतिउ लंघिवि तं तहु तणउ सिहरु आसंघिवि ।

घत्ता—तहिं पंडुसिलायलु ससिधवलु तित्थु पसण्णु णिहालिउ ॥
अहिमंतिवि पाणिउं सयमहिण सीहवीढु पक्खालिउ ॥७॥

७

नगरकी परिक्रमा देकर, एवं राजाके घरमें प्रवेश कर कृत्रिम बालक माताको गोदमें देकर, अपने शरीरकी किरणोंकी कान्तिसे विशाल आकाशको आलोकित करनेवाले, पद्मरागमणियोंकी प्रभाके समान लाल नखवाले, अनेक जन्मोंमें किये गये व्रतोंसे अपनी मति नियमित करनेवाले, विषयरूपी विषधरोंके लिए गरुड़, कमल कुलिश और कलशोंसे चिह्नित चरण, रतिका संवरण करनेवाले हे स्वयंवर पुत्र, तुम बढ़ो, प्रसन्न होओ,जय हो देव, यह कहकर सुरनाथने मुनिनाथ श्री ले लिया। चम्पक कुसुमकी तरह गोरे, ज्ञानरत, और अविकारी उन्हें, उसने अपनी गोदमें ले लिया। उसके जाते हुए अत्यन्त हर्ष-उल्लास हुआ। जिसमें प्रतिवाहनों और अश्ववाहन श्रेणियाँ हैं और जिसमें धीमे रथ चल रहे हैं, ऐसे घनपथमें देवोंके विमानोंका जमघट हो गया। इन्द्रने बड़ी कठिनाईसे अपने हाथीको प्रेरित किया और मन्दकान्ति मन्दराचलको देखा। जिनेन्द्रकी देहकान्ति से वह अत्यन्त अभिभूत हो गया। गुरुजनोंके तेजसे कौन क्षीणताको प्राप्त नहीं होता। चन्द्र, सूर्य- और तारोंकी पंक्तिको लांघकर, उसके उस शिखरको पाकर,

घत्ता—वहाँ उसने चन्द्रमाके समान धवल प्रसन्न पाण्डुक शिलातलको देखा, इन्द्रने जल-को अभिमन्त्रित कर सिंहासनका प्रक्षालन किया ॥ ७॥

७. १. A पुरु । २. A सयणुक्किरण° । ३. P °पविमल° । ४. A बहुंतव° । ५. A P °णिवसियणियमइ । ६. A कमलकलसकुलिसंकिय° । ७. A P गोरउ तेण जि सो अवियारउ । ८. A संजोयउ; P संचोइउ । ९. A पसत्थु । १०. P सीहपीढु ।

८

कयविहिपरियम्मं छिण्णदुक्कम्मजम्मं
घिवइ दसदिसासुं सेयभिंगारणीरं
बहुदसणविसाले कक्खणक्खत्तमाले
पविहरममराणीसेवियं देववंदं
जलियकविलवालं भासुरालं करालं
पयपहयउरब्भं भाविणीभावियासं
जलयपडलकालं णिद्धणीलं व सेलं
करवलइयदंडं छाहिसंसत्तसंतं
भसलगरलमालाकालरोमं तुरंतं
जुवइजणियकामं साहिरामं करामो
करिमयरणिविट्ठं हारणीहारतेयं
वरुणममरसारं माणसे संभरामो
तरुपहरणपाणिं वाइसंदिण्णरायं

सेइं सिरिअरहंतं तम्मि आरोहिउं तं ।
कुणइ सुरवरिंदो सिद्धमंताहियारं ॥१॥
चलियचमरलीले संठियं पीलुबाले ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामोमरिंदं ॥२॥
दिसि पसरियजालं धूमचिंधेण णीलं ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो हुयासं ॥३॥
महिसमुहसमीरुड्डीणजीमूयमालं ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो कयंतं ॥४॥
अरुणणयणछोहं रिछमावाहयंतं ।
जिणण्हवणविसेसे णेरियं वाहरामो ॥५॥
धुवधवलधओहं कामिणीए समेयं ।
जिणण्हवणविसेसे सायरं वाहरामो ॥६॥
सुरहिपरिमलंगं माणिणीजायरायं ।

८

जिन्होंने विधाताके परिकर्मको किया है, और पापकर्म और जन्मका नाश कर दिया है, ऐसे श्री अरहन्तको उसपर आरोहित कर दिया। दसों दिशाओंसे श्वेत भृंगारपात्रोंका जल गिरता है; सुरवरेन्द्र सिद्धमन्त्रोंका अभिचार करता है। बहुतसे दांतोंसे विशाल, वरत्रारूपी नक्षत्रमालासे युक्त, चलते हुए चमरोंकी लीला धारण करनेवाले बाल ऐरावत गजपर उन्हें रख दिया। जिन भगवान्‌के अभिषेक-विशेषमें मैं, (कवि पुष्पदन्त) वज्रको धारण करनेवाले, इन्द्राणीके द्वारा सेवित, देवोंके द्वारा वन्दनीय, अमरेन्द्रको बुलाता हूँ। जिसके प्रज्वलित कपिल केश हैं, भास्वर भयंकर, दिशाओंमें जिसका जाल फैला हुआ है, धूमचिह्नोंसे नीला, अपने पैरसे मेषको आहत करनेवाला, अपनी पत्नीके द्वारा जिसका मुख देखा गया है, ऐसे अग्निदेवको मैं जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ। जो मेघपटलके समान श्याम है, शैलके समान स्निग्ध और नीला है, जिसके महिषके मुखके पवनसे मेघमाला उड़ रही है, जिसके हाथमें दण्ड झुका हुआ है, अपनी भार्या, छायामें जिसका चित्त आसक्त है, ऐसे यमको मैं जिनके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ। भ्रमर और गरलमालाके समान जिसके रोम काले हैं, जो लाल आंखोंकी कान्तिवाला है, रीछपर सवारी करता है, युवतीजनमें जो काम उत्पन्न करता है, ऐसे नैऋत्यको मैं अनुरागयुक्त करता हूँ और जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें उसे बुलाता हूँ। जो गजाकार मगरपर अधिष्ठित हैं, जो हार-नीहार-की तरह स्वच्छ हैं, हिलती हुई धवल ध्वज-समूहसे युक्त हैं, कामिनीसे सहित हैं, ऐसे अमरोंमें श्रेष्ठ वरुणको मैं याद करता हूँ और जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें उन्हें सादर बुलाता हूँ। वृक्ष ही जिसके प्रहरण और हाथ हैं, वातप्रेमी मृगीमें जिसका अनुराग है, सुरभिपरिमल जिसका शरीर है,

८. १. A °कुवकम्म°। २. A सयसिरि°। ३. AP °अरिहंतं। ४. A आराहिऊणं। ५. P खिवइ। ६. A °ममराणीसंजुयं देवदेवं; P °ममरेहि सेवियं देवविंदं। ७. P अग्गिवालं पहालं। ८. P °णिद्धणीलालिसेलं। ९. A °वडइय°। १०. A छाहिसंसत्तगत्तं; P छाहिसंसत्तवत्तं। ११. P कसणभसलमालाकार°। १२. P साहिरामो। १३. A °मयरणिविद्धं। १४. A P धुयधवल°। १५. A P वायसं। १६. P कामिणिजाय°।

चडुलगमणसीलं लंघियायासपारं
विमलमणिवियाणं[17] मंदरद्दीसमाणं
धणयमधणदुक्खातंकपंकावहारं[19]
सगणगुणगणालं[20] भालभीमच्छिवत्तं
फणिवलयकरग्गुग्गिण्णसूलं दुरिक्खं
अमयमयसरीरं कूरकंठीरवत्थं
जणणयणसुहंकं संकमुच्छिण्णसंकं
मणिफुरियफणालं दित्तदिक्कक्कवालं
महिविवरणिवासं रम्मपोम्मावईसं
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो समीरं ॥७॥
कणयमयरविमाणं देहभाभासमाणं । १५
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो कुबेरं ॥८॥
वरविसवसहं दुक्खित्तपायं महंतं ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो तियक्खं ॥९॥
णवकुवलयमालामालियं कोंतहत्थं ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो ससंकं ॥१०॥ २०
अहिणवरविवण्णं कुम्मयट्ठीणिसण्णं ।
जिणण्हवणविसेसे वाहरामो फणीसं[28] ॥११॥

घत्ता—णियवाहणपहरणपियरमणिचिंधावलिहिं विराइय ॥
इंदें सहुं इंदावाहणए लोयवाल संप्राइय[30] ॥८॥

९

एवं पत्ते पंकयणेत्ते विस्से देवे णविऊणं
दुहणासणयं सुहसासणयं दब्भासणयं ठविऊणं ।

जो मानिनी स्त्रियोंमें राग उत्पन्न करता है, जो चंचल और गमनशील है, जो आकाशकी सीमाको लांघ जाता है, ऐसे समीरको मैं जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ। जो विमल मणियोंका जानकार है, जो उत्तर दिशाका अधिपति है, जिसका विमान मकराकृति है, जो देहकान्तिसे भास्वर है, जो अधनके दुःख और आतंककी कीचड़का अपहरण करनेवाला हैं, ऐसे धनद कुबेरको मैं जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ। जो अपने गणों और गुणगुणोंका आश्रय है, जो भालपर भीम आंखोंवाला है, श्रेष्ठ वृषभके कन्धेपर जो पैर रखे हुए है, जो नागोंके बलयवाले हाथकी अंगुलियोंमें त्रिशूल उठाये हुए है, ऐसे दुर्दर्शनीय महान् रुद्रको मैं जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषके समय बुलाता हूँ। जो अमृतमय शरीरवाला है, जो कण्ठीरव (सिंह) पर स्थित है, जो नवकुवलयमालासे शोभित है, जिसके हाथमें भाला है, जो जननेत्रोंके लिए अमृतजल है, चिह्न सहित तथा शंकाओंको दूर करनेवाला है, ऐसे चन्द्रको मैं जिनेन्द्रके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ। जिसका फणसमूह मणियोंसे स्फुरित है, जिसने दिशामण्डलको प्रदीप्त किया है, जो अभिनव सूर्यके रंगका है, जो कूर्मकी हड्डियोंपर आसीन है, जिसका निवास महीविवर है, जो सुन्दर पद्मावतीका स्वामी है, ऐसे फणीशको मैं जिनवरके अभिषेक-विशेषमें बुलाता हूँ।

घत्ता—अपने-अपने वाहन, प्रहरण, प्रिय रमणी और चिह्नोंकी पंक्तियोंके शोभित लोकपाल, इन्द्रके आह्वानपर इन्द्रके साथ आये ॥८॥

९

इस प्रकार कमलनयनके प्राप्त होनेपर सब देवोंको नमस्कार कर दुःखनाशक सुखका शासन

---

१७. A °विताणं । १८. A P कणयमयविमाणं । १९. P °तंकसंकावहारं । २०. A सगुणगुण° । २१. A P °भीमच्छिवंतं । २२. A वरविसविसहत्थं खित्त°; P वरसियवसहपुट्ठे खित्त° । २३. A °करग्गुब्भिण्ण° । २४. A °मालियाकुंतहत्थं । २५. A सुक्कमुच्छिण्ण°; P सक्कमुच्छिण्ण° । २६. A P कुम्मपिट्ठी° । २७. A °रवण्णं । २८. A फणिदं । २९. A सहुं देवाणंदएण । ३०. A P संपाइय ।

९. १. P दुहणासणयं ।

सरगंभीरं पणकुच्चारं साहाकारं काऊणं
अग्घं पत्तं गंधं धूवं चरुवं दीवं दाऊणं ।
दुण्णयंतावं मिच्छागावं दुक्कियभावं मंहिऊणं
पव्वयसरिसे पयणियहरिसे कंचणकलसे गहिऊणं ।
आसासंते रवियरवंते गयणयलंते चरिऊणं
भंगरउद्दे खीरसमुद्दे खिप्पं खीरं भरिऊणं ।
कीलालोलं गेयरवालं सुरवरमालं रइऊणं
ते जलवाहे जियजलवाहे हत्थाहत्थं लइऊणं ।
सोहम्मेणं ईसाणेणं तियसयणेणं संण्हविओ ।
दाउं वासं कुसुमं भूसं तेहिं जिणिंदो पुणु णविओ ।
सिगुत्तुंगं वसियकुरंगं मेरुं मोत्तुं वारिदरिं
णरसोक्खयरिं कोसलणयरिं आगंतूणं पुरिसहरिं ।
णयणिरयाणं गुरुपियराणं दाउं णहयलदिण्णपया
हरिसविसट्टं रइउं णट्टं देवा सग्गं झत्ति गया ।

घत्ता—सज्जणहं णेहु दिहि दुत्थियहं तरुणिहि पेम्मपहावउ ।
णाहें वड्ढंतें वड्ढियउ पिसुणहं मणि संतावउ ॥९॥

१०

जोव्वणभावें देहि चडंतें
देहपमाणु पत्तु रणचंडहं
घडियामाणें काले जंतें ।
सड्ढइं तिण्णि सयइं धणुदंडहं ।

दर्भासन बिछाकर, गम्भीर स्वरमें ओम्के साथ स्वाहाका उच्चारण कर अर्घ-पत्र-गन्ध-धूप-चरु और दीप देकर, दुर्नयका सन्ताप, मिथ्यागर्व और पापभावका नाश कर, पर्वतके समान हर्षको उत्पन्न करनेवाले स्वर्णकलशोंको लेकर, उच्छ्वासोंके मध्य, सूर्यकी किरणोंसे युक्त आकाशमें चल कर, भंगिमासे भयंकर क्षीर समुद्रमें शीघ्र जल भरकर, क्रीड़ासे चंचल, गीतोंसे सुन्दर सुरवरोंकी पंक्ति रचकर, मेघोंको जीतनेवाले उन कलशोंको हाथों-हाथ लेकर, सौधर्मेन्द्र, ईशानेन्द्र और देवजनोंने स्नान कराया तथा वस्त्र-भूषण देकर, उन्होंने जिनेन्द्रको फिर नमस्कार किया। फिर शिखरोंसे ऊँचे हरिणोंसे बसे हुए जलयुक्त घाटियोंसे युक्त सुमेरु पर्वतको छोड़कर, मनुष्योंको सुख देनेवाली अयोध्या नगरीमें आकर न्यायरत उन पुरुषश्रेष्ठको माता-पिताको देकर और हर्ष-विशिष्ट नाट्यका अभिनय कर वे शीघ्र स्वर्ग चले गये।

घत्ता—स्वामीके बढ़नेपर सज्जनोंका स्नेह, दुःस्थितोंका भाग्य, युवतियोंका प्रेमभाव और दुष्टोंके मनमें सन्ताप बढ़ने लगा ॥९॥

१०

यौवनभावसे उनकी देह बढ़ती गयी, और घड़ीके मानसे समय बीतता गया। उनके शरीर-

---

२. A दुण्णयभावं। ३. P गहिऊणं। ४. P हत्थाहत्थें गहिऊणं। ५. A तियसवरेणं। ६. P संण्हविउं। ७. P णविउं। ८. A घोरदरिं। ९. P °सोक्खयरी। १०. P णयरी। ११. A णरणियराणं। १२. P रइयं णट्टं। १३. P णेहपहावउ।

१०. १. A देह चडंतें। २. A P घडियामालें।

सिसुकीलाइ रमियगंधव्वहं दोण्णि दहद्धलक्ख गय पुव्वहं ।
फणिसुरणरमणणयणाणंदणु जणणें हुंकारिउ अहिणंदणु ।
भणिउ देव किं देंवि सकित्तणु भुवणत्तयसामिहि सामित्तणु । ५
लइ लइ रज्जु अज्जु जाएसंवि हउं परलोयकज्जु थाहेसवि ।
तहिं अवसरि आयउ सक्कदणु पुरि घरि गयणि ण माइउ सुरयणु ।
वाइँउ सुसिरु तंति घणु पुक्खरु गायउ किं पि गेउँ महुरक्खरु ।
पुरउ णडंतें अमरणिहाएं वइयालियदिण्णासीवाएं ।
सायरसरिसरजलसंघाएं पुणु ण्हाणिउँ कुमारु सुरराएं । १०
हार तार जोयणवित्थिण्णी णं णहि गंगाणइ अवइण्णी ।

घत्ता—जलधार पडइ सिरि दुद्धरिय देउ ताइ णवि हम्मइ ॥
भावइ महुं ण्हंतु वि घडसयहिं बिंदुएण णउ तिम्मइ ॥१०॥

११

मउडपट्टधरु बीयविणिट्ठिउ पिउसंताणि णिओइ अहिट्ठिउ ।
विणिहयराउ ताउ रिसि जायउ पहु वि महिं भुंजंतु सजायउ ।

का प्रमाण साढ़े तीन सौ प्रचण्ड धनुष हो गया। क्रीड़ामें गन्धर्वोंके साथ खेलते हुए उनके साढ़े बारह लाख पूर्व वर्ष बीत गये। नागों, सुरों और मनुष्योंके मनको आनन्द देनेवाले अभिनन्दनको पिताने पुकारा और कहा, "हे देव, भुवनत्रयके स्वामीके लिए कीर्तिसहित स्वामित्व क्या दूँ, लो-लो राज्य, आज मैं जाऊँगा, और मैं परलोककार्यकी थाह लूँगा।" उस अवसरपर भी इन्द्र आया, और वह देवसमूह, पुर, घर तथा आकाशमें नहीं समा सका। सुषिर, तन्त्री, घन और पुष्कर वाद्य बजाये गये। और मधुर अक्षरोंमें कुछ भी मधुर गीत गाया गया। सामने नाचते हुए देव-समूह वैतालिकोंके द्वारा दिये गये आशीर्वादके साथ समुद्र, नदी और सरोवरोंके जलसमूहसे इन्द्रने कुमारका पुनः अभिषेक किया। हारोंकी तरह स्वच्छ एक योजन तक फैली हुई, मानो आकाशमें गंगानदी अवतीर्ण हुई हो।

घत्ता—दुर्धर जलधारा उनके सिरपर पड़ती है, लेकिन देव उससे आहत नहीं होते। वह मुझे अच्छे लगते हैं कि सैकड़ों घड़ोंसे नहलाये जाते हुए भी वह एक बूँदसे भी नहीं भींगते ॥१०॥

११

मुकुट पट्टको धारण किये हुए, धैर्यसे युक्त वह नियोगसे पितृपरम्परामें नियुक्त हो गये। और पिता रागको नष्ट करनेवाले मुनि हो गये। प्रभु भी पत्नीके साथ धरतीका उपभोग करने

३. A कोक्काविउ। ४. P साहेसमि। ५. A वायउ सुसरु। ६. A गेय। ७. A P ण्हाविउ।
८. A हारसुतारतोयविच्छिण्णो; P हारसुतारजोयविच्छिणी। ९. A सिरिसिहरि; P T दुद्धरिस।
१०. A P तहिं ण वि हम्मइ। ११. A णावइ but records a *p* भावइ। १२. A P घडसएण।
१३. A जं बिंदुएण; P तं बिंदुएण।
११. १. A धीरविणिट्ठिउ; P पीढि णिविट्ठउ। २. A P पहिट्ठिउ। ३. P विणियराउ। ४. P एहु वि महि भुंजंतु।

अच्छइ जाम सपुत्तु सपरियणु
गय छत्तीस लक्ख लक्खद्धें
मुयणभाणु णहि णयणइं ढोयइ
पेच्छइ सत्तभूमिघरसिहरइं
पेच्छइ धयमालउ उल्लियउ
पेच्छइ चंदसाल मुहसालउ
पेच्छइ दाणसाल णडसालउ
पेच्छइ हट्टमग्ग चउदारइं
इय पेच्छंतहु तक्खणि णट्ठउ

रक्खइ पोसइ माभीसइ जणु ।
सहुं पुव्वहं सिरिसोक्खसमिद्धें ।
ता गंधव्वणयरु अवलोयइ ।
पेच्छइ जालगवक्खइं पवरइं ।
पेच्छइ पुत्तलियउ चित्तलियउ ।
पेच्छइ लेहसाल गयसालउ ।
मणुयारोगसाल असिसालउ ।
पेच्छइ पहु आरामविहारइं ।
तहिं तं पुरु पुणु तेण ण दिट्ठउ ।

घत्ता—णासंतें णयरें साहियउ णासु अत्थि नृवरिद्धिहि ॥
किं णरु रइपरवंसु परिभमइ उज्जमु करइ ण सिद्धिहि ॥११॥

१२

ता लोयंतिएहिं संबोहिउ
उट्ठिउ सयलदेवडिंडिमसरु
णरखेयरसुरेहिं पणवेप्पिणु
णिहियउ पुरबाहिरि णंदणवणि
अवरण्हइ णियसंभवरिक्खइ

आएणिंदें ण्हविउ पसाहिउ ।
चडिउ विचित्तहि सिवियहि जिणवरु ।
बाहुदंडखंधेहिं वहेप्पिणु ।
मग्गसिरइ सिइ बारहमइ दिणि ।
अप्पुणु अप्पउ भूसिउ दिक्खइ ।

लगे । इस प्रकार जबतक वह अपने पुत्रों-परिजनके साथ रहते हैं, और लोगोंकी रक्षा-पालन करते और अभयदान देते हैं, तबतक उनके स्त्री-सुखसे समृद्ध साढ़े छत्तीस लाख पूर्व वर्ष बीत गये । एक दिन विश्वसूर्यकी आंखें आकाशकी ओर जाती हैं, वह वहाँ गन्धर्व नगर देखता है । वह सात भूमिवाले गृहशिखर देखता है, जालोंके विशाल गवाक्षोंको देखता है, उड़ती हुई ध्वजमालाओंको देखता है, वह चित्रित पुतलियोंको देखता है, वह चित्रशाला और मुख्यशाला देखता है । वह लेखशाला और गजशाला देखता है। दानशाला और नटशाला देखता है। वह वैद्यशाला और आयुधशाला देखता है, बाजार मार्ग और चारद्वार देखता है, राज-विश्राम और विहार देखता है। इस प्रकार उसके देखते हुए ही वह नगर तत्काल नष्ट हो गया। फिर उसने उस नगरको नहीं देखा।

घत्ता—नष्ट होते हुए नगरने मानो यह कहा कि नृप-ऋद्धिका भी नाश होता है । मनुष्य रतिके अधीन क्यों घूमता है; सिद्धिके लिए वह प्रयत्न क्यों नहीं करता ॥११॥

१२

तब लौकान्तिक देवोंने उन्हें सम्बोधित किया, आये हुए इन्द्रने उनका अभिषेक किया। समस्त देवोंका डिंडिम स्वर उठा। जिनवर विचित्र शिविकापर चढ़ गये। प्रणाम कर मनुष्य, देव और विद्याधरोंने अपने बाहुदण्डों और कन्धोंसे उसे ले जाकर नगरके बाहर नन्दनवनमें रख दिया। माघ माहके शुक्लपक्षकी द्वादशीके दिन अपराह्णमें अपने जन्मनक्षत्रमें उन्होंने स्वयंको

५. A णयरि । ६. A धयमालाउल्ल° । ७. P हट्टमग्गि । ८. A P णिवरिद्धिहि । ९. A °परवसु मूढमइ उज्जमु ।

१२. १. A आइवि इंदें; T आयंदेण आगतेनेन्द्रेण । २. A मग्गसिरासिइ; P माहमासि सिइ ।

मण्णेप्पिणु घरु गिरिवरकंदर दढमुट्ठिहिं उप्पाडिय कंदर ।
भावु करेवि अहप्पयरासिहि ते सक्केण घित्त पयरासिहि ।
दावियणिट्ठें छट्ठववासें जइ हूयउ सहुं णिवहं सहासें ।
मुक्कउ जीयधणासाकेयइ जीयइ दिण्णि पहु साकेयइ ।
पंथु पलोयइ जंतु ण खंडइ भे[3]भे भवइ व घरि घरि हिंडइ । १०
लहुयउं गरुयउं गेहु ण चिंतइ प्रंगणुं प्राविवि पुणु त्रिणियत्तइ ।

घत्ता—जहिं रज्जु कियउ तहिं तेण पुणु दरिसिउ भिक्खविहाणउं ।
भयलज्जामाणमयवज्जियउं जिणवउं पेम्मसमाणउं ॥१२॥

१३

सयमहदत्तें पहु पाराविउ तहु देवहिं दाणुच्छवु दाविउ ।
पंचविहु वि जयजयपभणंतिहिं आयासहु कुसुमाइं घिवंतिहिं ।
अक्खयदाणु भणेप्पिणु णिग्गउ गउ वणु चरणविसेसहु लग्गउ ।
जो ण समिच्छइ विप्परियावहु पहि चरंतु ण करइ इरियावहु ।
जेण मूलु रइवालहु छिण्णउं दाणु जेण अभयावहु दिण्णउं । ५
जेण सहियवउं णाणें भिण्णउं अट्ठारहवरिसइं तवु चिण्णउं ।
[1]णीसंगेण णिरुत्तु विहारिउ पुणु[2] वि जेण तं छट्ठ संवारिउ[3] ।

दीक्षासे अलंकृत कर लिया। गिरिवरकी गुफाओंको घर मानकर उन्होंने अपनी दृढ़ मुट्ठियोंसे केश उखाड़ लिये। पापोंको नाश करनेवाले उन केशोंको इन्द्रने समुद्रमें फेंक दिया। निष्ठाको प्रदर्शित करनेवाले छठे उपवासके साथ एक हजार राजाओं सहित वह मुनि हो गये। जीव और धनकी आशारूपी डोरसे मुक्त वह दूसरे दिन अयोध्या नगरी गये। वह रास्ता देखते हैं जन्तुका नाश नहीं करते। भो-भो शब्द होता है, वह घर-घर परिभ्रमण करते हैं, छोटे या बड़े घरका विचार नहीं करते। प्रांगणमें जाकर फिर उसे देखते हैं।

घत्ता—जहाँ उन्होंने राज्य किया था वहाँ उन्होंने भिक्षाके विधानका प्रदर्शन किया। भय, लज्जा, मान और मदसे रहित जिनपद प्रेमके समान है ॥१२॥

१३

इन्द्रदत्तने उन्हें पारणा करायी। जय-जय कहते, और आकाशसे फूलोंको गिराते हुए देवोंने उसके दानका पाँच प्रकार महोत्सव किया। 'अक्षयदान' कहकर वह चले गये और वनमें जाकर विशेष तपश्चरणमें लग गये। जो ब्राह्मणोंके ऋचापथ (वेदमार्ग) को नहीं मानते, जो रास्तेमें चलते हुए ईर्या समितिका हनन नहीं करते, जिन्होंने कामदेवकी जड़को समाप्त कर दिया है, जिन्होंने सबको अभयदान दिया। जिन्होंने अपने हृदयको ज्ञानसे परिपूर्ण कर लिया और अठारह वर्ष तक लगातार तप किया, अनासंग भावसे लगातार विहार किया। फिर उन्होंने छठा उपवास

३. A भे भे विरइ व, but records a *p:* भवइ इति पाठः। ४. A P पंगणु पाइवि।
५. A रज्जि।
१३. १. P णीसंगत्तु। २. P पुणिवि। ३. A संचारिउ; P समारिउ।

पूसहु मासहु पक्खि पहालइ चउदहमइ दिणि सिणतरुमूलइ ।
उडुवरि सत्तमि जेणुप्पाइउं केवलणाणु तिलोउ वि जोइउ ।
घत्ता—सो मोहमहामहिरुहजलणु जिणवरु जियपंचिंदिउ ।
णिज्जाणहिं समउं पराइएण वारणबलेण पैवंदिउ ॥१३॥

१४

थुणइ सुरिंदु सरइ गुण समणें तुहुं जि देव किं देवागमणें ।
तुहुं जि अणंगु अणंगहु वंछहि अणुदिणु णिक्कलगइ पर वंछहि ।
तुहुं सरूवु किं तुह आहरणें तुहुं सुयंधु किं तुह सवलहणें ।
तुहुं अकामु किं तुह णारियणें तुहुं अणिद्दु किं तुह वरसयणें ।
सुद्धिवंतु तुहुं किं तुह ण्हाणें दिव्वासहु किं तुह परिहाणें ।
तुज्झु ण वइरु ण भउ णउ पहरणु तुज्झु ण रइ णउ कीलाविहरणु ।
तुहुं जि सोम्मु सोम्मैं किं किज्जइ तुह छविहए रवि काइं भणिज्जइ ।
गुणणिहि तुहुं तुह किं किर थोत्तें सो वि थुणइ जणवउ सहियत्तें ।
हरिकरिगिरिजलणिहिहिं समाणउ पइं किं भणेइ वराउ अयाणउ ।
घत्ता—ससिसुरहं सरिसउ पइं परम भत्तिइ कइयणु अक्खइ ॥
गयणयलहु अवरु वि तुह गुणहं पारु को वि किं पेक्खइ ॥१४॥

किया, पूस माहके शुक्लपक्षकी चतुर्दशीके दिन असन वृक्षके तलभागमें सातवें पुनर्वसु नक्षत्रमें उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हो गया और उन्होंने त्रिलोकको देख लिया ।

घत्ता—मोहरूपी महावृक्षके लिए आगके समान, पाँचों इन्द्रियोंको जीतनेवाले जिनवरकी देवोंके साथ आकर इन्द्रने वन्दना की ॥१३॥

१४

देवेन्द्र स्तुति करता है, अपने मनसे उनके गुणोंका स्मरण करता है कि तुम्हीं देव हो, देवागमनसे क्या ? तुम स्वयं काम हो, तुम कामको क्यों चाहोगे ? तुम स्वयं ही सुन्दर हो, तुम्हें आभरणोंसे क्या; तुम स्वयं सुगन्ध हो, तुम्हें विलेपनसे क्या ? तुम स्वयं अकाम हो, तुम्हें नारी-जनसे क्या ? आप स्वयं निद्रारहित हैं, आपको उत्तम शयनसे क्या ? आप स्वयं शुद्धिसे युक्त हैं, आपको स्नानसे क्या ? आप दिगम्बर हैं, आपको वस्त्रोंसे क्या ? आपका न शत्रु है, न भय है और न प्रहरण है, आपमें न रति है और न क्रीड़ाविहार है । आप स्वयं सौम्य हैं, आपको सोम (चन्द्रमा) से क्या ? कान्तिसे आहत सूर्यको कान्तिमान् क्यों कहा जाता है ? आप गुणोंकी निधि हैं, आपको स्तोत्रोंसे क्या ? फिर भी लोग, अपने मनसे तुम्हारी स्तुति करते हैं, बेचारे अज्ञानी वे आपको अश्व, गज, गिरि और जलनिधिके समान क्यों बताते हैं ।

घत्ता—कविजन केवल भक्तिसे आपको शशि और सूर्यके समान बताते हैं लेकिन एक आकाश और दूसरे तुम्हारे गुणोंका पार कौन पा सका है ? ॥१४॥

---

४. A P पचसहु । ५. A T पहिल्लइ । ६. A P सिणितरु° । ७. A पंचेंदियउ । ८. A T वालवलेण; P वणवालेण । ९. A पवंदियउ ।

१४. १. P वि । २. A P तुहुं अणंगु जो अंगु ण इच्छहि । ३. A सरुउ; P सुरुउ । ४. A P अणिदु । ५. A सोमु सोमि किं । ६. A भणमि । ७. A गुणहं सामि पारु को लक्खइ; P गुणहं सामिय पारु कु लक्खइ ।

१५

इंदणरिंदचंदसूराउलु
बहुपालिद्धय अट्ठ महाधय
धम्मचक्कु अग्गइ अवइण्णउं
पुण्णमणोरह जे तें णं रह
जसु तवेण कंपइ भूमंडलु
छत्तइं दुरियायेवविणिवारइं
जासु मोक्खुँ सोक्खु जि जायउं फलु
अवरु वि अरुहहु उत्तमसत्तहु
आयासहु णिवडइ कुसुमावलि
रुंजउ[10] अलि तइ सिंथ ण मेरी
दुंदुहि खणु वज्जंति ण थक्कइ
दिव्वें घोसें भुवणु वि सुज्झइ

समवसरणु जिणरायहु राउलु ।
पसुकोट्ठइ दक्खालिय हय गय ।
पंगेणु सुरणररमणिहिं छण्णउं ।
मउलियकर थिय संमुह णव गह ।
अवसें तासु होइ भामंडलु । ५
चमरइं भवसीणत्तणतारइं ।
सो असोउ किं वण्णमि चलदलु ।
आसणु सासणु तिजगपहुत्तहु ।
सरु भीयउ भासइ ण सरावलि ।
णिच्छउ सामिय आण तुहारी । १०
लोउ धम्मु णिसुणहुं णं कोक्कइ ।
अप्पउं परु परलोउ वि बुज्झइ ।

घत्ता—सिरिवज्जणाहु णिवु [11]धुरि करिवि सीलविमलजलवाहहं ॥
तिहिं सहियउ सउ संतासयहं संजायउ गणणाहहं ॥१५॥

१५

इन्द्र, नरेन्द्र, चन्द्र और सूर्यसे परिपूर्ण समवसरण जिनराजका राजकुल था। आठ महाध्वज थे और छोटे-छोटे ध्वज अनेक थे। पशुओंके कोठोंमें अश्व और गज दिखाई देते थे। आगे धर्मचक्र अवतीर्ण हुआ। प्रांगण सुरों और नरोंकी रमणियोंसे भर गया। जो-जो पूर्णरथ थे, वे किसी भी प्रकार, अपने दोनों हाथ जोड़कर उनके सम्मुख नवग्रहके समान स्थित थे। जिसके तपसे भूमण्डल कांप उठता है; उनके लिए अवश्य भामण्डल प्राप्त होगा। दुरितोंके आतपका निवारण करनेवाले छत्र, संसारकी थकानको दूर करनेवाले चामर होंगे। जिन्हें मोक्ष और सुखका फल प्राप्त है, उनका चंचल पत्तोंवाले अशोकके रूपमें क्या वर्णन करूँ। और भी उत्तम सत्त्ववाले श्री अरहन्तके आसन और त्रिजगकी प्रभुताके शासनका क्या वर्णन करूँ? आकाशसे पुष्पोंकी अंजलि गिरती है, कामदेव डरता है, उनपर अपना तीरावलि नहीं छोड़ता। भ्रमर रोता है कि वह मेरी प्रत्यंचा नहीं है। हे स्वामी, यह निश्चय ही तुम्हारी आज्ञा है, दुन्दुभि बजते हुए थकती नहीं, लोगोंको धर्म सुननेके लिए मानो वह पुकार रही है, दिव्यघोषसे भुवन शुद्ध होता है और स्वपर तथा परलोकको समझने लगता है।

घत्ता—श्री वज्रनाथ (वज्रनाभि) को प्रमुख गणधर बनाकर, शीलरूपी विमल जलको वहन करनेवाले और शान्तचित्त एक सौ तीन गणधर हुए ॥१५॥

---

१५. १. A P रावलु। २. K प्रंगणु। ३. P सुरवररमणिहि। ४. A ते णयरहं। ५. A P दुरियावय°। ६. A भवरीणत्तणु; P भवझोणत्तणु। ७. A P मोक्खसोक्खु। ८. A P वरदलु। ९. A कुसुमाउलि। १०. A P रुंजइ। ११. A घरिवि धुरि।

१६

अट्ठाइज्जसहस णिरणंगहं
पण्णासइ संजुत्तहं भिक्खुहुं
अट्ठाणउवि सयाइं तिणाणिहिं
एक्कुणवीससहसइं विक्किरियहं
सावयगुणठाणेहिं सहासहिं
एक्कारहसहसाइं विवाइहिं
तवसंजमवयतणुरुहमाईहिं
भोयभूमिसमसहसइं चेयहिं
अज्जियसंख एम जाणिज्जइ
पंचलक्ख सावियहं णिरुत्तउ

रिसिसीहहं सिक्खियपुव्वंगहं ।
तीससहसदोलक्खइं सिक्खुहुं ।
सोलह सहसइं केवलणाणिहिं ।
संख भणमि मणपज्जवरिसियहं ।
छहसएहिं अण्णु वि पण्णासहिं ।
रिसिहिं तिण्णि लक्खइं सज्झाइहिं ।
संजमधरिहिं सुद्धकुलजाईहि ।
लक्ख तिण्णि रिदुसयइं वि वेयहि ।
लक्खत्तउ सावयहं गणिज्जइ ।
देवहिं देविहिं माणु ण उत्तउ ।

घत्ता—विहरंतहु महि परमेसरहु धम्मु कहंतहु भव्वहं ॥
अट्ठारहवरिसइं ऊणयरु एक्कु लक्खु गउ पुव्वहं ॥१६॥

१७

इय पुव्वहं पण्णास जि लक्खइं
गयइं ण किं पि वि धाइ णियाणइ
हरिणहुअविहयकरिकुंभत्थलि
लंबियकरु सहुं मणिसंदोहें

गणहरमुणिवरसाहियसंखइं ।
मासंसेसि थिउ आउपमाणइ ।
तहिं संमेयगिरिंदवणत्थलि ।
दुण्णि पक्ख थिउ जोयणिरोहें ।

१६

निष्काम पूर्वांगधारी मुनिश्रेष्ठ ढाई हजार, संयमी शिक्षक दो लाख तीस हजार पचास, अवधिज्ञानी नौ हजार आठ सौ, केवलज्ञानी सोलह हजार, विक्रिया-ऋद्धिधारी उन्नीस हजार, मनःपर्ययज्ञानधारियोंकी संख्या कहता हूँ, वे ग्यारह हजार छह सौ पचास हैं। वादी मुनि ग्यारह हजार, इस प्रकार श्रुत ध्यानवाले कुल तीन लाख मुनि उनके साथ थे। तप, संयम, व्रत और शरीरकी कान्तिसे युक्त शुद्ध कुल जातिवाली तथा संयम धारण करनेवाली आर्यिकाओंको तीन लाख तीस हजार छह सौ जानो। आर्यिकाओंकी संख्या इस प्रकार जानना चाहिए, श्रावकोंको तीन लाख गिना जाये। श्राविकाओंको निश्चित रूपसे पाँच लाख जाना जाये। देवों और देवियों की वहाँ कोई गिनती नहीं थी।

घत्ता—इस प्रकार धरतीपर विहार करते हुए और भव्यजनोंके लिए धर्मका कथन करते हुए परमेश्वरके अठारह वर्ष कम, एक लाख पूर्व वर्ष व्यतीत हो गये ॥१६॥

१७

गणधर मुनिवरों द्वारा कहे गये एक लाख पचास हजार पूर्व वर्ष बीत गये। अन्तमें कुछ भी नहीं रहता, केवल उनकी आयुका प्रमाण एक माह शेष रह गया, जहाँ सिंहके द्वारा हाथियोंके कुम्भस्थल आहत नहीं किये जाते, ऐसे सम्मेदशिखर पर्वतपर, मुनिसमूहके साथ हाथ ऊपर कर दो

१६. १. A रिसिसीसहं । २. P सयइं तिण्णाणिहिं । ३. A P एयारह । ४. A omits this foot. ५. A omits this foot. ६. A विरयहिं । ७. P लक्खतइउ । ८. A P add after this : मिलिउ तिरिक्खविदु संखेज्जउ, एत्तियजणहं करिवि साहिज्जउं । ९. A P कहंतहं । १०. A वरिसहं ।

१७. १. A P ठाइ । २. A माससेस थिय° । ३. A हरिणहुअविरुय; P हरिणहयरि हय° ।

वइसाहहु मासहु सियछट्ठिहि
खंतिवयंसियाइ संमाणिउ
णाहु चारुचारित्तु दिवज्जइ
किरियाभट्ठु उड्ढु संचलियउ
जीवपक्खिबंदिग्गहपंजरु
अग्गिकुमारहिं अग्गि विइण्णउ
चउदहभूयगामरइ छंडिय
गउ गउ गउ जि पडीवउं णायउ

सँत्तमभवि हियचंदाइट्ठिहि ।
एक्कल्लउ समाहिघरु आणिउ ।
णग्गउ थिउ णिल्लेज्ज ण लज्जइ ।
सिद्धिविलासिणीहि जिणुँ मिलियउ ।
इंदें पुज्जिउ मुक्ककलेवरु ।
सर्वइ चवइ णहि जंतु सउण्णउ ।
अहिणंदणेण मोक्खपुरि मंडिय ।
मज्झु वि होज्जउ तेहिं जि णिकेयउ ।

घत्ता—जणु आवइ जाइ ण थाइ खणु अत्थवणुग्गमु दावइ ॥
महुं हियवइ भरहाणंदयरँपुप्फयंतसमु भावइ ॥१७॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे अहिणंदणणिव्वाणगमणं णाम एक्कचालीसमो परिच्छेउ समत्तो ॥४१॥

॥ [11]अहिणंदणचरियं समत्तं ॥

पक्षके योगनिरोधमें स्थित हो गये। वैशाख माहके शुक्लपक्षकी षष्ठीके दिन सातवें नक्षत्रके चन्द्रमासे युक्त होनेपर शान्तिरूपी सखीसे सम्मानित वह अकेले समाधिघरमें स्थित हो गये। सुन्दर चरितवाले स्वामीका विश्लेषण किया जाता है, वह नग्न स्थित थे एकदम लज्जाहीन, उन्हें लज्जा नहीं आती थी। स्पन्दनसे रहित नक्षत्रके समान वह ऊपर चले, और जिन भगवान् सिद्धि-रूपी विलासिनीसे जा मिले। इन्द्रने जीवरूपी पक्षीके लिए बन्दीगृहके समान उनके शरीरकी पूजा की। अग्निकुमार देवोंने उसे आग दी। आकाशमें जाते हुए पुण्यात्मा इन्द्र कहता है कि चौदह भूतग्रामोंमें रति छोड़कर अभिनन्दनने मोक्षपुरीको अलंकृत किया। वह गये तो गये, फिर वापस नहीं आये। मेरा भी घर वहींपर हो।

घत्ता—जीव आता है और जाता है; एक क्षण भी स्थिर नहीं रहता, केवल अस्त और उद्गम बताता है। वह मुझे भरतको आनन्द देनेवाले पुष्पदन्तके समान, हृदयमें अच्छे लगते हैं ॥१७॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा प्रणीत और महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में अभिनन्दन जिनवरका निर्वाणगमन नामका इकतालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४१॥

---

४. A सत्तमभवियहि चंदा°। ५. A P णिल्लज्जु। ६. A उवसंचलियउ। ७. P जणु। ८. A P सक्कु; but T सदइ स्वर्गपतिः। ९. A तं जि णिकेवउ; P बहिं जि णिकेयउ। १०. P °णंदयरु। ११. A P omit the line.

संधि ४२

पंचमगइगमणु पहु पंचगुरुहुं पहिलारउ ॥
पंचमेतित्थयरु पणविवि पंचेसुवियारउ ॥ ध्रुवकं ॥

१

णिज्जियसंवणं संतं समणं ।
णिरुवमरूवं णिरुवमरूवं ।
णिज्जियगंधं सुरहियगंधं ।
णिज्जियसरसं वज्जियसरसं ।
णिज्जियकोहं वरवक्कोहं ।
णिज्जियमाणं सुहरिसमाणं ।
णिज्जियमायं चत्तपमायं ।
णिज्जियलोहं गयसल्लोहं ।
मुणियपयत्थं भासातत्थं ।
कयसुत्तत्थं जं दिव्वत्थं ।
पालियमहिमं घल्लियमहिमं ।

सन्धि ४२

पांच गुरुओंमें पहले, पाँचवीं गतिमें गमन करनेवाले प्रभु (सिद्ध) और कामका नाश करनेवाले पांचवें तीर्थंकर (सुमतिनाथ) को मैं प्रणाम करता हूँ ।

१

जो श्रवण (कान) को जीतनेवाले सन्त श्रमण हैं, जो बाह्य रूपको जीतकर भी अनुपम रूपवाले हैं, गन्धको जीतकर भी सुरभित गन्धवाले हैं, काम-सुखको जीतकर जिन्होंने सराग वचन छोड़ दिया है, जो क्रोधको जीतकर भी उत्तम वाक्य-समूहवाले हैं, मानको जीतकर भी जो इन्द्रके समान हैं, जिन्होंने मायाको जीत लिया है, एवं प्रमादका परित्याग कर दिया है। जो लोभको जीतनेवाले और शल्योंसे रहित हैं। प्रशस्तके ज्ञाता, निर्बाध वक्ता, दिव्यार्थवाले सूत्रोंके निर्माता,

A has, at the beginning of this Samdhi, the following stanza:—

सोऽयं श्रीभरतः कलङ्करहितः कान्तः सुवृत्तः शुचिः
सज्ज्योतिर्मणिराकरो प्लुत इवानर्घ्यो गुणैर्भासते ।
वंशो येन पवित्रतामिह महामत्राह्वयः प्राप्तवान् (प्रापितः ?)
श्रीमद्वल्लभराज—कटके यश्चाभवन्नायकः ॥ १ ॥

No other known MS of the work gives it.

१. १. A P पंचमु तित्थयरु । २. P °समणं । ३. P °समणं । ४. A °सुरहिसुयंधं; T सुरहिसुगंधं । ५. A °सुवतत्थं । ६. T लंघियमहिमं ।

महिलाकुमइं मोत्तुं कुमइं ।
इच्छियसुमइं णमिउं सुमइं । १५
तस्स पवित्तं वोच्छं वित्तं ।

घत्ता—जिह तें लइउ वउ जिह हुयउ अणुत्तरि सुरवरु ॥
जिह जायउ सुमइ तिह कहमि समासइ वइयरु ॥१॥

२

जलवरिससीयए दीवए बीयए कुंभयण्णेहिं णिक्खित्तमहिबीयए ।
भमियमत्तंडए तमपडलखंडए फुल्लतरुसंडए धाइईसंडए ।
तरुणणरमिहुणपरिवड्ढियसणेहए पुव्वसुरसिहरिणो हरिदिसिविदेहए ।
णडियबरहिणणडे सरिवरुत्तरतडे पोमरयरासिपिंजरियकुंजरघडे ।
दुक्खणिग्गमणरइरमणवणसिरिसही जत्थ तत्थत्थि पिहु पुक्खलावइ मही । ५
तम्मि गच्छंतसामंतभडसुहयरी सेयसउहावली पुंडरिंगिणि पुरी ।
घुसिणरससिंचिए हसियगयणंगणे मोत्तियकणंचिए पंगणे पंगणे ।
अमलिणा सणलिणा जत्थ जलवाविया कुररकारंडकलहंससंसेविया ।
मंदिरे मंदिरे सइरंगइ गोमिणी हम्मई मद्दलो णच्चए कामिणी ।

महिमाका पालन करनेवाले, धरती और लक्ष्मीको छोड़नेवाले हैं। जिन्होंने महिला पृथ्वीकी बुद्धि और कुमतिको छोड़नेके लिए सुमतिकी इच्छा की है, ऐसे सुमतिनाथको मैं प्रणाम करता हूँ और उनके पवित्र वृत्तान्तको कहता हूँ।

घत्ता—जिस प्रकार उन्होंने व्रत लिया, जिस प्रकार वह अनुत्तर स्वर्ग विमानमें उत्पन्न हुए और जिस प्रकार सुमति नामक तीर्थंकर हुए, वह सारा वृत्तान्त मैं संक्षेपमें कहता हूँ ॥१॥

२

जो जल वर्षासे शीतल हैं तथा जिसमें घड़ोंके द्वारा धरतीमें बीज बोये जाते हैं, जिसमें अन्धकारके समूहको नष्ट करनेवाला सूर्य परिभ्रमण करता है और वृक्षसमूह खिला हुआ है, ऐसे धातकी खण्ड द्वीपके पूर्वमें सुमेरुपर्वतकी पूर्वदिशामें, जिसमें तरुण नर जोड़ोंमें स्नेह बढ़ रहा है, ऐसा विदेह क्षेत्र है। जिसमें मयूररूपी नट नृत्य करता है और जिसमें कमलोंके परागसमूहसे हस्ति-घटा पिंजरित (पीली) है, सीता नदीके ऐसे उत्तर तटपर विशाल पुष्कलावती भूमि है, जो दुःखको दूर करनेवाली एवं रतिरमण करानेवाली वनलक्ष्मीकी सखी है। उसमें चलते हुए भट सामन्तोंसे सुखकर एवं श्वेत चूनेके प्रासादोंवाली पुण्डरीकिणी नामकी नगरी है। जिसके केशर रससे सिंचित गगनांगनको हँसनेवाले मुक्ताकणोंसे अंचित आंगन-आँगनमें कमलों सहित निर्मल बावड़ियाँ हैं। घर-घरमें स्वैरगामिनी लक्ष्मी है। मृदंग बजाया जाता है और कामिनी नचायी जाती है। जहाँ

७. A लयउ वउ; P लइउ व्रउ;
२. १. A P कुंभयण्णेहिए खित्त°। २. A घायई°। ३. A P °णरमिहुणए वड्ढिय°। ४. A हरिदिस°। ५. A P °सिहरिए। ६. A सउहाउली। ७. A P पुंडरिंकिणि। ८. K प्रंगणे प्रंगणे। ९. A समलिणा। १०. A P कलहंसजुयसेविया। ११. A सइं रमइ but gloss स्वेच्छाचारिणी।

महुसमयसंगमो उववणे उववणे रमइ वइसवणओ आवणे आवणे ।
वूढसिंगारए जोव्वणे णवणवे वसइ वरसरसई माणवे माणवे ।
जत्थ सव्वो जणो जित्तगिव्वाणओ तत्थ पहु अत्थि णामेण रइसेणओ ।
किंकरा बंधुणो दाणसंमाणिया रायलच्छी चिरं तेण संमाणिया ।
मंतियं चिंतियं चारु कज्जं पुणो मोक्खसोक्खंकरो णत्थि रज्जे गुणो ।

घत्ता—उवसमवाणिएण सिंचेप्पिणु किज्जइ सीयलु ॥
भोयतणेण पुणु पज्जलइ भीमु कामाणलु ॥२॥

३

गच्छामु इच्छामु गुरुपाय पेच्छामु ।
इय भणिवि समु चिणिवि जिणु थुणिवि मणु जिणिवि ।
मोहणिउ मेल्लेवि अइरहहु महि देवि ।
वल्लहहु णंदणहु तं अरुहणंदणहु ।
पायंति वउ लइउ हियवउ ण विम्हियउ ।
रामाहिरामेसु इट्ठेसु कामेसु ।
दुव्वारवारणइं सोलह वि कारणइं ।
भावेण भावेवि णीसट्ठु वंवसेवि ।
जिणसुत्तु जिणवित्तु जिणणाउं जिणगोत्तु ।
गुरुपुण्णु अज्जेवि मोहं विसज्जेवि ।

उपवन-उपवनमें वसन्तका समागम है, और जहाँ कुबेर बाजार-बाजारमें रमण करता है। शृंगारित नवनवयौवन और मनुष्य-मनुष्यमें जहाँ सरस्वती निवास करती है। जहाँ सभी मनुष्य देवोंको जीतनेवाले हैं, ऐसे उस नगरमें रतिसेन नामका राजा था। जिसके अनुचर और बन्धु दानसे सम्मानित हैं, उसने बहुत राज्यलक्ष्मीको सम्मानित किया (बहुत समय तक उसका उपभोग किया)। फिर उसने अपने शुभ कामकी मन्त्रणा और चिन्तना की कि राज्यमें मोक्षसुखको देनेवाला गुण नहीं है।

घत्ता—उपशमरूपी जलसे सींचकर कामरूपी आगको शान्त करना चाहिए, भोगोंसे तो कामाग्नि भयंकर रूपसे प्रज्वलित हो उठती है ॥२॥

३

'मैं जाता हूँ। इच्छा करता हूँ। गुरुचरणोंके दर्शन करता हूँ।' यह विचारकर, समताको पहचानकर, जिनकी स्तुति कर, मनको जीतकर, मोहनीय कर्मको छोड़कर, अपने प्रिय पुत्र अतिरथको राज्य देकर, अर्हन्नन्दनके चरणोंमें उसने व्रत ले लिया। स्त्रियोंसे सुन्दर इष्ट कामोंमें उसका मन तनिक भी विस्मित नहीं हुआ। संसारका निवारण करनेवाली सोलह कारण भावनाओंकी अपने मनसे भावना कर, मुक्त व्यवसाय कर, जिनसूत्र जिनवृत्त जिननाम जिनगोत्र भारीपुण्यका

१२. AP वइसवणु पुणु। १३. A P °पाणिएण। १४. A P भोयत्तणेण।
३. १. P एच्छामु°। २. P मही देवि। ३. A P जित्तारिसंदणहु। ४. A P add after this: मुणिगोत्तणामासु रविकिरणधामासु। ५. AP पायंति तउ। ६. A P विभविउ। ७. A P उवसेवि।

मंडु करिवि संणासु हुउ वइजयंतीसु ।
णिवसेइ कंतम्मि तें वइजयंतम्मि ।
कालेण दीहरहं तेत्तीस सायरहं ।
सरिसाउ माणियउं णियबंध णीणियउं ।
पुणु तस्स सुहभाउ छम्मासससेसाउ । १५
सक्केण जाणियउ संबंधु भाणियउ ।
धणयस्स णेहेण हरिसुद्धदेहेण ।
इह जंबुदीवम्मि भो भरहखेत्तम्मि ।
चिरु वसियसयरम्मि साकेयणयरम्मि ।
मेहरहु पुहईसु पिय मंगला तासु । २०
[11]हविही सुओ ताहं जिणु जाहिं पियराहं ।
पुरु करहि सोवण्णु ता झ त्ति बहु[12]वण्णु ।

घत्ता—वज्जहिं मरगयहिं वेरुलियहं गयणुब्भासणु ।
जक्खें [13]णिम्मवियउं कोसलपुरु पावविणासणु ॥३॥

४

एत्थंतरए जणमणरामे वासहरे णिसि पच्छिमजामे ।
मउपल्लंके णिद्दायंती हंसी विव कमले णिवसंती ।
पेच्छइ देवी सिविणयपंती तुहिणतारमुत्ताहलकंती ।
गयणाहं गोमंडलणाहं पिंगलचलणयणं मयणाहं ।
पोमं[1] पीणियपुहईणाहं दामं रुंजियभसलसणाहं । ५

अर्जन कर, मोहका विसर्जन कर; वह संन्यासपूर्वक मरकर वैजयन्त विमानमें अहमेन्द्र हुआ। वह सुन्दर वैजयन्त विमानमें निवास करता है। तेंतीस सागर पर्यन्त उसने सरस आयुका भोग किया, और इस प्रकार अपना निबन्ध पूरा किया। फिर उसकी शुभभाववाली आयु छह माह शेष बची। इन्द्रने जान लिया। हर्षसे उद्धत है देह जिसमें, ऐसे स्नेहसे उसने धनदसे सम्बन्ध कहा—"इस जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमें, जिसमें पहले सगरका निवास था ऐसे साकेत नगरमें राजा मेघरथ है। उसकी प्रिया मंगला है। उनका पुत्र जिन होगा; इसलिए तुम उनके माता-पिताके पास जाओ, नगरको स्वर्णमय बनाओ।" तब शीघ्र ही—

घत्ता—यक्षने वज्रों, मरकत मणियों-वैदूर्योंसे आकाशचुम्बी पापोंका नाश करनेवाले बहुरंगे अयोध्यानगरका निर्माण किया ॥३॥

४

इसी बीच जनमनोंके सुन्दर निवासगृहमें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें कोमल पलंगपर सोती हुई, जैसे हंसिनी कमलोंमें निवास करती है, हिम तार और मोतियोंके समान कान्तिवाली वह देवी स्वप्नमाला देखती है। गजनाथ वृषभराज पीली और चंचल आंखोंवाला, सिंह; पृथ्वीनाथको

---

८. A P मुउ । ९. A P तं । १०. P णियबंधणियउ । ११. A होही । १२. A बहुपुण्णु । १३. A P णिम्मियउं ।

४. १. A लच्छीवियसियकमलसणाहं; P पोमापीणिय° ।

वाराणाहं वासरणाहं झसजुयलं तडिजुयलगुणाहं ।
कलसजुयं मंगलकुलणाहं कमलसरं कोलियकरिणाहं ।
तुंगतरंगं तीहिणिणाहं वइसणयं च ससावयणाहं ।
गेहं सुवसियसुरवरणाहं अवरं पवरं थियफणिणाहं ।
रयणगणं विम्हियधणणाहं दीहसिहालं साहाणाहं ।
इय दट्ठुं पुच्छइ णियणाहं जाया अज्ज दिट्ठसिविणोहं ।
भो सोलहपुरिल्लगयणाहो ताणं कहसु फलं मइ णाहो ।
तं णिसुणिवि पभणइ णरणाहो होही पुत्तो तुह जगणाहो ।
सव्वण्हं सविंदसमच्चो देवो णहु सो भण्णइ मच्चो ।
हूए हरिभवणे णिरवज्जे सइसरीरपक्खालणकज्जे ।
आया देवी हिरि सिरि कंती लच्छी बुद्धी दिहि मइ कित्ती ।

घत्ता—अणवइण्णि अरहे पहिलउ जि जाम छम्मासिउ ॥
ताम घणाहिवेण घणधारहिं णिवघरि वरिसिउं ॥४॥

५

णीलियदिसावणइ मासम्मि सावणइ ।
तहिं सुद्धबीयाइ सुरं विणीयाइ ।

प्रसन्न करनेवाली पद्मा, (लक्ष्मी), गुनगुनाते हुए भ्रमरोंसे युक्त पुष्पमाला, तारानाथ (चन्द्रमा), वासरनाथ (सूर्य); विद्युत्युगलकी तरह मत्स्ययुगल, मंगलकुलका स्वामी कलशयुगल; जिसमें गजनाथ क्रीड़ा कर रहे हैं, ऐसा कमलाकर, ऊँची तरंगोंवाला समुद्र; सिंहोंसे युक्त आसन (सिंहासन), सुवसित-सुरवरोंका घर (देवविमान); नागलोक, कुबेरको विस्मित करनेवाला रत्नसमूह; लम्बी ज्वालाओंवाली आग। यह देखकर वह अपने स्वामीसे पूछती है कि "आज मैं स्वप्न देखनेवाली हो गयी हूँ, अर्थात् आज मैंने स्वप्न देखे हैं, जिनमें पहला गजनाथ है, ऐसे उन स्वप्नोंका फल हे स्वामी मुझसे कहिए"। यह सुनकर राजाने कहा, "तुम्हें विश्वनाथ पुत्र होगा। सर्वज्ञ, और सर्वेन्द्रोंके द्वारा समर्चनीय वह देव हैं, उन्हें मर्त्य नहीं कहा जाता।" इन्द्रका निरवद्य कथन पूरा होनेपर; सतीके शरीरका प्रक्षालन करनेके लिए, श्री-ह्री-कान्ति-लक्ष्मी-बुद्धि धृति देवियाँ आयीं।

घत्ता—देवके अवतार लेनेके पहले जब छह माह बाकी थे, तब कुबेरने राजाके घरमें स्वर्णवृष्टि की ॥४॥

५

श्रावण माहमें, जब कि दिशाएँ और धरती हरी थी, शुक्लपक्षकी द्वितीयाके दिन वह गर्भमें

---

२. A णिज्जियधणणाहं; P विभियधणणाहं । ३. P दिट्ठ । ४. A णिवणाहं । ५. A °सिविणोहं । ६. A जे सोलह° । P जो सोलह° । ७. A P °गयणाहं । ८. A P णाहं । ९. P महिणाहो । १०. P जयणाहो । ११. P सव्वण्ह सविंद° । १२. A देवो णउ भण्णइ सो मच्चो; P देवो ण हि सो भण्णइ मच्चो । १३. A P हरिभवणे । १४. A णिरवज्ज । १५. P सिरि हिरि । १६. P सइं । १७. P छमासिउ । १८. K चूववरि ।

गब्भम्मि अवयरिउ जणेणीइ उरि धरिउ ।
सो वइजयंतेंदु पुण्णिमइ णं चंदु ।
कयजयरवालाइ आवेवि लीलाइ । ५
करधरियवीणाइ सहुं तियससेणाइ ।
तं णयरु तं भवणु सा जणणि सो जणणु ।
अंगंतरंगत्थु वंदेवि मुणितित्थु ।
गउ सयमहो तेत्थु सविमाणु तं जेत्थु ।
रयणप्पहाकिट्ठि पुणु विहिय वसुविट्ठि । १०
जक्खीकडक्खेण तूसेवि जक्खेण ।
ता जाव णवमास संपुण्णविहलास ।
केवलसिरीरिद्धि अहिणंदणे सिद्धि ।
हयदियहपाँडीहिं णवलक्खकोडीहिं ।
जइया गया ताहं सायरसमाणाहं । १५
तइया महंतेण पुण्णेण होंतेण ।
चित्ताइ पिउजोइ पविमलदिसाटोइं ।
तिण्णाणमयदिट्ठि पंचमउ परमेट्ठि ।
संभूउ सो जाम संखुहिय सुर ताम ।

घत्ता—णाणावाहणहिं दिसि दिसि झुल्लंतवडायहिं ॥ २०
आइउ अमरवइ सहुं चउँविहअमरणिकायहिं ॥५॥

अवतरित हुआ और अत्यन्त विनीत माँने उस वैजयन्त देवको अपने उदरमें धारण किया, जैसे पूर्णिमाने चन्द्रमाको धारण किया हो। तब इन्द्रने जय-जय शब्द करती हुई हाथमें वीणा धारण करनेवाली देवसेनाके साथ लीलापूर्वक आकर, उस नगर, उस भवन, उस माता, उस पिता और शरीरके भीतर स्थित मुनितीर्थकी वन्दना की। और वह वहाँ चला गया जहाँ उसका अपना विमान था। फिर यक्षिणीके कटाक्षसे सन्तुष्ट होकर यक्षने रत्नोंकी प्रभाको आकृष्ट करनेवाली धनवृष्टि तबतक की कि जबतक विकलोंकी आशा पूरी करनेवाले नौ माह नहीं हुए; जब तीर्थंकर अभिनन्दनको केवल श्रीरूपी ऋद्धि सिद्ध हुई थी, तबसे नौ लाख करोड़ सागर दिवस परिपाटीके गुणित होनेपर (बीतनेपर); तब महान् पुण्यके योगसे चित्रा नक्षत्रमें (माघ शुक्ला एकादशी); दसों दिशाओंका विस्तार जिसमें निर्मल है, ऐसे पितृयोगमें, तीन ज्ञानोंकी दृष्टिवाले पाँचवें परमेष्ठी जब उत्पन्न हुए तो देवलोक क्षुब्ध हो उठा।

घत्ता—नाना वाहनों, दिशा-दिशामें झूलती हुई पताकाओं और चार प्रकारके अमर-निकायोंके साथ इन्द्र आया ॥५॥

---

५. १. A जणणीउरे । २. P करि धरिय° । ३. A P मुणि तेत्थु । ४. P हयदियहणाडीहिं । ५. A P पविमलदिसाहोइ; T दिसाभोइ दशदिशाटोपे । ६. P adds after this : एयादसि१ पक्खि, सिए चंदे महारिक्खि । ७. A बहुविहअमर° ।

६

पाविऊण पट्टणं देवि तिप्पयाहिणं ।
गंपि रायमंदिरं णिम्मिऊण णिब्भरं ।
बंधुचित्तविब्भमं अण्णबालसंकमं ।
वज्जपाणिणा[1] पुणो वंदिओ सयं जिणो ।
अंकए णिवेसिओ सूहवो सुहासिओ ।
कुंभकंठबंधुरो चोइओ ससिंधुरो ।
पत्तओमरायलं[2] पंडुरं सिलायलं[3] ।
तम्मि देहमाणवो[4] तेण दिव्वमाणवो[5] ।
णाहओ[6] णिरूविओ भत्तएहिं भाविओ ।
पावतावहारिणा दुद्धरासिवारिणा ।
देवएहिं ण्हाणिओ पुप्फगंधमाणिओ ।
आलयं पुणो[7]णिओ जेहिं सो वियाणिओ ।
ते जयम्मि धण्णया णाणिणो स[8]उण्णया ।
मंडणेहिं राइओ किंणरेहिं गाइओ ।
जोइएहिं झाइओ अत्थिणत्थिवाइओ ।
अप्पिओ विपंकए[9] माउपाणिपंकए[10] ।
वज्जिणा जिणेसरो जीयलोयणेसरो ।
संसिऊण तं णिवं कोसिओ गओ दिवं ।

६

नगरको पाकर, उसकी तीन प्रदक्षिणा कर राजमन्दिरमें जाकर, बन्धुओंके चित्तको विभ्रममें डालनेवाले कृत्रिम बालकका पूर्ण रूप निर्मित कर, इन्द्रने स्वयं जिनको प्रणाम किया, और सुभग सुभाषित उन्हें अपनी गोदमें ले लिया। गण्डस्थल और कण्ठसे सुन्दर अपने गजको उसने प्रेरित किया और अमरालय पाण्डुशिलापर पहुँचा। देहश्रीसे अभिनव दिव्य मानवनाथको उसने स्थापित किया। और भक्तोंने उसकी भक्ति की। देवोंने पापतापका हरण करनेवाली दुग्धराशिके जलसे स्नान कराया और पुष्पगन्धसे पूजा की। वे पुनः उन्हें घर ले आये, कि जिनके द्वारा वे ले जाये गये थे। जगमें वे ज्ञानी और पुण्यात्मा धन्य हैं जो अलंकारोंसे अलंकृत हैं, किन्नरोंके द्वारा जिनका गान किया जाता है, योगियोंके द्वारा जिनका ध्यान किया जाता है; जो स्याद्वादके प्रतिपादक हैं। फिर माताके निर्मल करकमलमें इन्द्रने जोवलोकके ईश्वर जिनको दे दिया। और राजाकी प्रशंसा कर इन्द्रलोकको चला गया।

---

६. १. A वज्जपाणिणो। २. A P °मरालयं but A corrects it to सुरालयं; gloss in K अमराचलं। ३. P सिलालयं। ४. A माणवे। ५. A माणवे। ६. A णाहए। ७. A पुणो णिओ। ८ A समुण्णया; P सउण्णया। ९. A विकंपए। १०. समाउपाणिपंकए।

घत्ता—सुरसीमंतिणिहिं थणथण्णएण वड्ढारिउ ॥
सुमइसेमग्घविउ पहु सुमेइ भणिवि हक्कारिउ ॥६॥　　२०

७

पुव्वाण गिव्वाणकीलाइ कयसोक्ख　　कुमरत्तणेणेय वोलीण दहलक्ख ।
अइऊण ता णवर दणुयारिरायण　　भंभंतगंभीरभेरीणिणाएण ।
सिंचेवि सुइसलिलधाराणिवाएहिं　　संमहिवि णवमालईपारियाएहिं ।
सवलहिवि कप्पूरचंदणपयारेहिं　　भूसेवि केऊरहारेहिं दोरेहिं ।
कलरवतुलाकोडिकंचीकलावेहिं　　णच्चेवि विब्भमहिं हावेहिं भावेहिं ।　　५
बद्धो सिरे पट्टु देवाहिदेवस्स　　णिव्विंधकामावहो णिव्विलेवस्स ।
अंधाइं बहिराइं धणविहवहीणाइं　　संपीणयंतस्स काणीणदीणाइं ।
महि भुंजमाणस्स दिव्वाइं सोक्खाइं　　गलियाइं पुव्वाइं णवलक्खसंखाइं ।
ता चिंतियं चिंतणिज्जं जिणिंदेण　　रज्जेण मह होउ भववेल्लिकंदेण ।
तं चयमि तउ करमि संचरमि मग्गेण विसहिंदचिण्णेण जडकसरदुग्गेण ।　　१०

घत्ता—गिरिकक्करि पडइ महुकारणि जिह हयकरहउ ॥
रज्जरसेण तिह भणु महियलि को किर ण णिहउ ॥७॥

घत्ता—देव-सीमन्तिनियोंके द्वारा अपने दूधसे वृद्धिको प्राप्त तथा सुमतिके लिए समर्पित प्रभुको सुमति कहकर पुकारा गया ॥६॥

७

सुख उत्पन्न करनेवाली देवक्रीड़ाओं और कौमार्यमें उनके जब दस लाख पूर्व वर्ष बीत गये, तो इन्द्रने आकर घूमते हुए गम्भीर भेरी निनादके साथ पवित्र जलधाराओंकी वर्षासे अभिषेक कर, नवीन मालती और पारिजात कुसुमोंसे पूजा कर, कपूर और तरह-तरहके चन्दनोंसे लेप कर, केयूर-हार-दोरों और सुन्दर बजते हुए घुंघरुओंवाली करधनियोंसे अलंकृत कर, विभ्रमों हाव-भावोंसे नृत्य कर, कामको निरन्तर ध्वस्त करनेवाले निर्लेप देवाधिदेवके सिरपर पट्ट बांध दिया। अन्धे, बहिरों, धनविभवसे हीनों, कन्यापुत्रों और दीनोंको प्रसन्न करते हुए, घरती और दिव्य सुखोंका भोग करते हुए, उनकी नौ लाख पूर्व वर्ष आयु बीत गयी। तब जिनेन्द्रने चिन्तनीय-का विचार किया कि संसाररूपी लताका अंकुर यह राज्य मेरे लिए व्यर्थ है। उसे मैं छोड़ता हूँ, तप करता हूँ और वृषभेन्द्र (ऋषभनाथ, धवल बैल) के द्वारा स्वीकृत जड़ और गरियाल बैलोंके लिए अत्यन्त दुर्गम मार्गसे चलता हूँ।

घत्ता—जैसे हत-करभ (ऊँट) मधुके लिए पहाड़के शिखरपर गिरता है, बताओ राज्यके रसके कारण संसारमें कौन नहीं मारा जाता ? ॥७॥

---

११. P T सुमइ समप्पियउ and gloss in T सुमतिः समर्पिता अतिशयवती येन । १२. P सुम्मइ ।
७. १. P अविऊण । २. P सिंचेवि सो सलिल° । ३. A सम्मोवणिव° । ४. P °परियाएहि । ५. A डोरेहि ।
६. A P णिब्बंध°; T णिब्बंध सातत्यम् । ७. P णवचीसलक्खाइं ।

८

अणुभासियं तं जि लोयंति[1] विबुहेहिं आवेवि देवेहिं पज्जण्णपमुहेहिं ।
तिपुरिल्लकल्लाणविहि तेहिं संविहिउ सिवियाइ णेऊण णंदणवणे णिहिउ ।
मुक्काइं वत्थाइं भीमाइं सत्थाइं गहियाइं सत्थाइं णियधम्मसत्थाइं ।
लुंचेवि कुंतलकलावो वि कोंतलेइ सहुं छड्डिओ जोग्गपत्तम्मि पविमलइ ।
५ सो देवदेवेण घित्तो समुद्दम्मि दुद्धंबुकल्लोलमालारउद्दम्मि[3] ।
मणपज्जउप्पण्णणाणेण सुवसिल्लु छट्ठोववासत्थु णीसंगु णीसल्लु ।
णीसंकु णिक्कंखु णिम्मुक्कदुविहासु सियलेसु णिद्दोसु णीरोसु णीहासु ।
वइसाहसियणवमि पुव्वण्हवेलाइ आलिंगिओ सामिओ दिक्खबालाइ ।

घत्ता—अवरहिं दियहि पुणु संसारमहण्णवतारउ ।
१० पुरवरु सउमणसु चरियाइ पइट्ठु भडारउ ॥८॥

९

तत्थ सो पोमणामेण राएण संभाविओ भाववंतेण सत्तीइ भत्तीइ भुंजाविओ ।
पंचचोज्जाइं जायाइं दाणिस्स तस्सालए लोयणाहो भमंतो[2] वसंतो गिरिदालए ।
वीसवासाइं घोरे गहीरे तवे संठिओ ता रओ दूसहो दुम्महो दुज्जओ णिट्ठिओ ।
तम्मि दिक्खावणे वायहल्लंततालीदले णिच्चलं झायमाणेण झेयं[3] पियंगूतले ।

८

यही बात लौकान्तिक देवोंने आकर कही। इन्द्र प्रभृति देवोंने आकर आगेकी तीसरी कल्याण विधि सम्पन्न की और शिविकासे ले जाकर उन्हें नन्दनवनमें स्थापित कर दिया। वस्त्र और भीषण शस्त्र छोड़ दिये गये, स्वधर्मको शासित करनेवाले शास्त्र ग्रहण कर लिये गये। केशकलापको उखाड़कर पुष्पमालाके साथ पवित्र योगपात्रमें डाल दिया गया। देवेन्द्रने दुग्धजलकी लहरोंकी मालासे भयंकर समुद्रमें फेंक दिया। मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न हो जानेके कारण स्ववशीभूत, अनासंग और शल्यरहित, छठे उपवासमें स्थित, निःसंग आकांक्षा-रहित, दुविधाओंसे मुक्त, शुक्ल लेश्यासे युक्त, निर्दोष अक्रोध, भाषाविहीन (मौन) स्वामीका वैशाख माहके शुक्लपक्षकी नवमीके दिन, पूर्वाह्ण वेलामें दीक्षा रूपी बालाने आलिंगन कर लिया।

घत्ता—एक दूसरे दिन, संसाररूपी महासमुद्रसे तारनेवाले भट्टारक जिन सुमतिनाथ, सौमनस नगरमें चर्याके लिए प्रविष्ट हुए ॥८॥

९

वहाँ पद्मनामक राजाने उन्हें पड़गाहा तथा भावोंसे भरे हुए उसने शक्ति और भक्तिसे उन्हें आहार करवाया। उस दानीके घरमें पाँच आश्चर्य हुए। लोकनाथ सुमति पहाड़ोंके घरमें भ्रमण करते और निवास करते हुए वे बीस वर्षोंके घोर तपमें स्थित हो गये। और तब दुःसह, दुर्मद और दुर्जय कर्मरज नष्ट हो गया। वायुसे आन्दोलित तालीदलवाले उसी दीक्षा वनमें

८. १. P लोयंत° । २. A P कुंतलइ । ३. P °कल्लोलवेलारउद्दम्मि ।
९. १. हम्मालए । २. P समंतो । ३. A जायं ।

आइमे मासए चंदजोएहंकिए पक्खए बारसीए इणे पच्छिमत्थे मघारिक्खए। ५
इच्छियं णो सइत्तम्मि रायाणसंमाणसं तेण मोत्तूण भत्तं तिरत्तं च काऊण सं।
मेरुधीरेण हंतूण कम्मारिकूरं बलं सव्वदव्वावलोयं समुप्पाइयं केवलं।
आसणाणं पयंपेण पायालए पण्णया कंपिया देवलोयम्मि देवा वि णिद्दुण्णया।
माणवा माणवाणं णिवासाउ संचल्लिया वाहणोहेहिं खं ढंकियं मेइणी डोल्लिया।
आगओ वित्तसत्तू ससूरो ससारो ससी जोइओ दीहणीलालिमालाजडालो रिसि। १०
तिण्णि बाणासणाणं सयाइं सरीरुण्णओ अंगवण्णेण सोवण्णवण्णं समावण्णओ।

घत्ता—सुरवइअहिवहिहिं महिवइहिं मि णियणियसत्तिइ ॥
पारद्धउ थुणहुं सुमईसरु परमइ भत्तिइ ॥९॥

१०

जय देव णिप्पाव णिक्कोव[1] णित्ताव।
जय तुंग णिब्भंग दिव्वंग णिव्वंग।
जय वाम णिव्वाम णिक्काम णिद्धाम।
जय धीर[2] संसार- कंतारणित्थार।
जय संत विक्कंत परमंत अरहंत। ५
जय कंत कुकयंत कुणयंत भयवंत।

प्रियंगुलताके नीचे अपने निश्चल ध्येयका ध्यान करते हुए चैत्र माहके शुक्लपक्षकी एकादशीके दिन सूर्यके पश्चिम दिशामें स्थित होनेपर मघा नक्षत्रमें उन्होंने अपने चित्तमें राजाओंका सम्मान नहीं चाहा। भोगत्व और रतिको छोड़कर और सम्यक्त्व ग्रहण कर मेरुके समान धीर उन्होंने कर्मरूपी अरिके क्रूर बलको नष्ट कर सर्व द्रव्यका अवलोकन करनेवाले केवलज्ञानको प्राप्त कर लिया। आसनोंके प्रकम्पनसे पातालोकमें नाग कांप उठे, देवलोकमें देव भी नींदसे उठ बैठे। मनुष्य मनुष्योंके निवाससे चल पड़े। वाहनोंसे आकाश ढक गया और धरती हिल उठी। इन्द्र आ गया, सूर्य और तारों सहित चन्द्रमा आ गया। उन्होंने लम्बी नीली अलिमालाके समान जटावाले ऋषिको देखा। उनका शरीर तीन सौ धनुष ऊँचा था। अपने शरीरके रंगमें वह तपाये गये सोनेके रंगके समान थे।

घत्ता—सुरपतियों, नागपतियों और महीपतियोंने अपनी-अपनी शक्तिके अनुसार भक्ति-पूर्वक श्रेष्ठमति सुमतीश्वरकी स्तुति शुरू की ॥९॥

१०

हे निष्पाप, निष्क्रोध और निस्ताप ! आपकी जय हो। हे महान् निर्दोष दिशांग, आपकी जय हो। हे सुन्दर स्त्रीरहित निष्काम और निर्धाम, आपकी जय हो। हे धीर और संसाररूपी कान्तारसे निस्तार करनेवाले, आपकी जय हो। हे शान्त विक्रान्त परमन्त्र अरहन्त, आपकी जय हो। हे स्वामी कृतान्तके लिए अप्रिय, कुनयका अन्त करनेवाले ज्ञानवान्, आपकी जय हो। हे

४. A बारसीए दिणे; P गारसीए इणे। ५. P सइत्तं। ६. A पकंपेण। ७. P हल्लिया। ८. A P महिवइहिं णविउ णियसत्तिइ।
१०. १. A णित्ताव णिक्कोव। २. P वीर।

जय संथ मयगंथ णिग्गंथ सिवपंथ ।
जय दित्त तमंचत्त अणिमित्तजगमित्त ।
जय राय रिसिरॅाय णीराय णिम्मॅाय ।
जय णंद रुइरुंद- मुहयंद बुहयंद ।
मुजगिंद भूमिंद खयरिंद तियसिंद ।
णित्तंद णिद्वंद मुणिवंदसयवंदॅ ।
जयणाह णिण्णाह णिव्वाह दुव्वाह ।
समयार सिंदूर- मंदारकणियार- ।
सुरचित्तसियरत्त- सयवत्त सुविचित्त ।
कुसुमोहकयसोह णिल्लोह णिम्मोह ।
जय तिक्ख दुणिरिक्ख- तवपॅक्खधुवसोक्ख- ।
फलसाहि महुं देहि सुसमाहि लहुं बोहि ।

घत्ता—इय वंदिउ सुमइ जीहासयहिं सहसक्खें ॥
चउदारहिं सहिउ किउ समवसरणु ता जक्खें ॥१०॥

११

मइंदासणं लच्छितुंगत्तॅवासं वरं आयवत्तत्तॅयं चंदभासं ।
सुरुम्मुक्कसेलिंधॅविट्ठी विसिट्ठा पडंती सराणीसरोलि व दिट्ठा ।
ण सा तस्स काही समारं वियारं मणुम्मोहयॅा ते हया जेण दूरं ।

स्वस्थ, मदका मन्थन करनेवाले निर्ग्रन्थ शिवमार्ग, आपकी जय हो। हे प्रदीप्त अन्धकारसे त्यक्त, विश्वके अकारण मित्र, आपकी जय हो। हे राजर्षिराज नीराग और मायासे रहित, आपकी जय हो। हे आनन्दमय कान्तिसे महान् मुखचन्द बुधेन्द्र, आपकी जय हो। हे भुजगेन्द्र भूपेन्द्र, विद्याधरेन्द्र, देवेन्द्र, नित्येन्द्र निर्द्वन्द्व, सैकड़ों मुनिवरोंसे वन्दनीय, आपकी जय हो। हे नाथरहित निर्बाध और दुर्बाध आपकी जय हो। हे समाचार (शान्त आचारवाले) सिन्दूर मन्दार कर्णिकार देवोंके द्वारा फेंके गये श्वेत रक्त कमलोंसे सुविचित्र कुसुमसमूहोंकी शोभावाले आपकी जय हो। हे तीक्ष्ण और दुर्दर्शनीय तपरूपी वृक्षकी शाश्वत सुखरूपी फलशाखावाले आपकी जय हो। आप मुझे (कविको) शीघ्र सुसमाधि और सम्बोधि प्रदान करें।

घत्ता—इस प्रकार देवेन्द्रने अपनी सैकड़ों जिह्वाओंसे सुमतिकी वन्दना की। और इतनेमें यक्षने चार द्वारोंसे सहित समवसरणकी रचना कर दी ॥१०॥

११

लक्ष्मीके उच्च निवासवाला सिंहासन, चन्द्रमाकी आभावाले श्रेष्ठ तीन छत्र, देवों द्वारा की गयी पुष्पवर्षा, जो कामदेव द्वारा विसर्जित तीर-पंक्तिके समान दिखाई दी। लेकिन वह उनमें किसी भी प्रकारका कामका विकार उत्पन्न करनेमें असमर्थ थी। क्योंकि वे मनको उन्मादन

---

३. A तवतत्त । ४. A सिरिराय । ५. P णीमाय । ६. P adds after this : अणवद्द । ७. A तववेक्ख ।

११. A तुंगत्तु । २. A आयवत्तं तयं । ३. A सेलंधविट्ठी । ४. P मणुम्मोहयंता हया ।

तवेणुब्भवाए बुहाणंदिरीए विहामंडलं कुंडलं णं सिरीए।
णद्दे सुम्मए दुंदुही गज्जमाणो मुहालोयणेणेय विद्धत्थमाणो। ५
अभव्वो वि देवस्स पाए णवंतो भिसं दीसए साणुकंपं चवंतो।
चला चामराली मरालालिसेया सुभासाविभासाहिं गिज्जंति गेया।
असोयद्दुमो दिव्वपक्खिंदरावो जगुम्मोहणो भारहीए पहावो।
सुणिज्जंति दव्वत्थपज्जायभेया मुणिज्जंति लोएहिं पंचत्थिकाया।
गणिज्जंति कम्माइं छज्जीवकाया पवड्ढंति देहीण चित्ते विवेया। १०

घत्ता—पुच्छंतहु जणहु संदेहतिमिरु संणिरसइ॥
जलि थलि णहि विवरि तं णत्थि जं ण जिणु सासइ॥११॥

१२

सउ सोलहउत्तरु गणहरहं पुव्वधियाणहं मुणिवरहं।
दुण्णि सहस चत्तारि सय णिच्चपउंजियजीवदय।
दोण्णि लक्ख चउपण्ण पुणु सहस तिण्णि सय तहिं जि भणु।
अवरु वि पण्णासइ सहिय एत्तिय सिक्खुव सवरहिय।
एक्कारहसहसइं परहं अत्थि तेत्थु अवहीहरहं। ५
देवचित्तकुसुमंजलिहिं तेरहसहसइं केवलिहिं।
चउसयअट्ठारहसहस वेउव्वियहं सुज्झाणवस।

करनेवाले उन्हें दूरसे ही नष्ट कर चुके थे। प्रभामण्डल (भामण्डल) ऐसा मालूम हो रहा था मानो तपसे उद्भासित, पण्डितोंको आनन्द देनेवाली लक्ष्मीका कुण्डल हो। आकाशमें बजती हुई दुन्दुभि सुनाई दे रही थी। मुखके अवलोकन मात्रसे विश्वस्त होता हुआ अभव्य भी देवके पैरोंमें नमस्कार करने लगता है, वह अनुकम्पापूर्वक सुन्दर वाणी कहते हुए दिखाई देते हैं, हंसोंकी पंक्तिके समान श्वेत चामरोंकी पंक्ति चंचल है। सुभाषाओं और विभाषाओंमें गीत गाये जा रहे हैं। दिव्य पक्षीन्द्रोंके शब्दसे युक्त अशोक वृक्ष और विश्वका मोह दूर करनेवाला भारतीका प्रभाव है। द्रव्यार्थ और पर्यायार्थोंके भेद सुने जा रहे हैं, लोगोंके द्वारा पंचास्तिकायोंका मनन किया जा रहा है। कर्मादि और छह प्रकारके जीवनिकायोंकी गणना की जा रही है, मनुष्योंके चित्तमें विवेक बढ़ रहा है।

घत्ता—पूछनेवाले मनुष्यका सन्देहरूपी तिमिर नष्ट हो जाता है। जल-थल-नभ और आकाशमें वह नहीं है कि जिसका जिन कथन नहीं करते ॥११॥

१२

एक सौ सोलह गणधर थे। पूर्वोंके ज्ञाता मुनिवर दो हजार चार सौ। नित्य जीवदयाका प्रयोग करनेवाले स्वपरके हितके साधक, शिक्षक दो लाख चौवन हजार तीन सौ पचास, वहाँ ग्यारह हजार अवधिज्ञानी थे। जिनके ऊपर देवताओंने पुष्पांजलि डाली है, ऐसे केवलज्ञानी तेरह हजार, सद्ध्यानमें लीन विक्रिया-ऋद्धिधारी अठारह हजार चार सौ। मदका नाश करनेवाले

५. A P कोंडलं। ६. A सगंधो वि। ७. P मरालाण्णिसेया। ८. P सुहासाहिं भासाहिं। ९. K दिव्वत्थ° but gloss द्रव्यार्थ°। १०. A P भासइ।
१२. १. A P सउ जि ससोलह। २. A P एयारह°।

दहसहास चउरो सयइं
तेत्तिय पुणु पण्णासजुय
लक्खइं गुत्तिसमय गणमि
सरिसइं बंभीसुंदरिहिं
णिच्चमेव अउलियकरहं
पंचलक्ख घरचारिणिहिं
विहरंतहु तहु महिठाणाइं
पुव्वहं घडिमालाहयइं
कायविसग्गें थिउ वियडि
मासि पहिल्लइ पक्खि सिइ
मघेणक्खत्तें णिव्वुयउ
देविंदहिं जयकारियउ
अट्ठगुणालंकिउ सुमइ

मणपज्जवहहं हयमयइं ।
वाइ तासु णिप्पण्णसुय ।
सहसइं अवरु तीस भणमि ।
तहु जायइं संजमधरिहिं ।
तिण्णि लक्ख सावयणरहं ।
णारिहिं अणुवयधारिणिहिं ।
वीसवरिसपरिहीणाइं ।
एक्कवीसलक्खइं गयइं ।
मासमेसु संमेयतडि ।
एयारसिदिणि दिण्णसिइ ।
सहुं जोइहिं णिक्कलु हुयउ ।
पुज्जिवि साहुक्कारियउ ।
देउ मज्झु अवियलु सुमइ ।

घत्ता—भरहेण अण्णहिं मि परमेसरु सो वण्णिज्जइ ।
सइं अमराहिवेण गुणपुप्फयंतु जसु गिज्जइ ॥१२॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सुमइणिव्वाणगमणं णाम दुचालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४२॥

॥ सुमइचरियं समत्तं ॥

मनःपर्ययज्ञानी दस हजार चार सौ, श्रुतमें निष्णात वादी मुनि दस हजार चार सौ पचास। ब्राह्मी सुन्दरीके समान उनकी आर्यिकाएँ तीन लाख तीस हजार थीं। नित्यप्रति हाथ जोड़े हुए श्रावक तीन लाख थे। अणुव्रत धारण करनेवाली श्राविकाएँ पाँच लाख थीं। धरतीके स्थानोंमें परिभ्रमण करते हुए उनके बीस वर्ष कम, घटिकामालासे आहत इक्कीस लाख पूर्व वर्ष निकल गये। एक माह बाकी रहनेपर वह सम्मेदशिखरके विकट तटपर कायोत्सर्गमें स्थित हो गये। चैत्रशुक्ला ग्यारसके दिन, वह मोक्षलक्ष्मीको देनेवाले मघा नक्षत्रमें दूसरे मुनियोंके साथ निर्वाण-को प्राप्त हुए (निष्पाप हुए)। देव-देवेन्द्रोंने उनका जयजयकार किया और पूजा कर साधुवाद दिया। आठ गुणोंसे अलंकृत सुमतिदेव मुझे अविकल सुमति दें।

घत्ता—स्वयं देवेन्द्रके द्वारा जिनके गुणरूपी पुष्पवाले यशका गान किया जाता है, ऐसे उन परमेश्वरका भरत तथा दूसरोंके द्वारा भी वर्णन किया जाता है ॥१२॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित तथा महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य सुमतिनिर्वाणगमन नामका बयालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४२॥

---

३. P चउरो य सइं। ४. A मणपज्जवयहं गयमयइं; P मणपज्जवहु वि हयमयइं। ५. P सरसइं। ६. A omits तहु। ७. A परहीणाइं। ८. P पुण्णाहं। ९. P एक्कपुव्वलक्खइं। १०. A मासमेत्तु। ११. A एगारसि। १२. A P महणक्खत्तें। १३. A अग्गिदेहिं सक्कारियउ; P अग्गिदेहिं संकारियउ। १४. P देउ मज्झु विमलमइ। १५. A पुप्फयंत। १६. A किज्जइ।

संधि ४३

दप्पिट्ठदुट्ठपाविट्ठजगजणियभावु दावियपहु ॥
कम्मट्ठगंठिणिट्ठवणखमु पणवेप्पिणु पउमप्पहु ॥ध्रुवकं॥

१

णिरंतरु जो तवलच्छिणिकेउ
परज्जिउ जेण रणे झसकेउ
णियायममग्गणिओइयसीसु
वियड्ढविवाइविइण्णवियारु
विवज्जिउ जेण वियालविहारु
कडीयलि मेहल णेय णिबद्ध
खयासरिसित्तसरोसहुयासु
भडारउ जोरुणपंकयभासु
पमेल्लिउ जो विहिणा विविहेण
समिच्छियणिक्खयसोक्खपयस्स
दुगुंछियकण्हमयाइणयंस्स

गइंदखगिंदविसंकियकेउ ।
समुग्गउ जो कुगईखयकेउ ।
अपासु अवासु अणीसु रिसीसु । ५
रयासववारु विमुक्कवियारु ।
सयाँ गलकंदलु जस्स विहारु ।
ण कामिणि जेण सणेहणिबद्ध ।
सुझाणदवग्गिसिहोहहुयासु ।
अमिच्छअतुच्छपयाँपियभासु । १०
णमामि तमीसमहं तिविहेण ।
णइच्छियविप्पवियप्पपयस्स ।
भणामि समायरियं इणयस्स ।

सन्धि ४३

दर्पसे भरे, दुष्ट और पापी जगमें शुभभाव उत्पन्न करनेवाले पथ-प्रदर्शक अष्टकर्मोंकी गाँठको नष्ट करनेमें सक्षम पद्मप्रभुको मैं प्रणाम करता हूँ।

१

जो निरन्तर तपरूपी लक्ष्मीके निकेतन हैं, जिनका ध्वज गजेन्द्र, गरुड़ और वृषभेन्द्रसे अंकित है, जिन्होंने युद्धमें कामदेवको पराजित कर दिया है, जो कुगतिके क्षयके लिए उद्यत हैं, जिन्होंने शिष्योंको अपने आगममार्गमें नियोजित किया है, जो बन्धनरहित, गृहविहीन, अनीश, और ऋषीश्वर हैं। जिन्होंने विदग्ध विवादियोंसे विचार किया है, जो कर्मोंके आस्रव-द्वारको रोकनेवाले और विकारोंसे मुक्त हैं। जिन्होंने असमयका विहार करना छोड़ दिया है, जिनका गला सदैव हारसे रहित है। जिन्होंने कटितलपर मेखला नहीं बाँधी। जिनसे कामिनी स्नेहबद्ध नहीं है, जिन्होंने क्रोधरूपी ज्वालाको क्षमारूपी नदीसे शान्त कर दिया है, जिन्होंने सुध्यानरूपी दावाग्निके शिखासमूहमें इच्छाओंको होम दिया है, जो अरुण कमलोंकी कान्तिवाले हैं, जिनकी भाषा मिथ्यात्व रहित प्रचुर जनताके लिए प्रिय है, जो विविध क्रमोंसे रहित हैं, मैं उन ईशको तीन प्रकारसे प्रणाम करता हूँ। जिन्होंने विप्रोंके विकल्पोंसे युक्त (संशयापन्न) पदकी इच्छा नहीं की है, जिन्होंने अक्षय सुखपदकी इच्छा की है, जिन्होंने कृष्ण मृगाजिनकी निन्दा की है, मैं ऐसे इनके (पद्मप्रभुके)

१. १. A समग्गउ । २. A णियागम° । ३. A सयामयकंदलु । ४. A P पयासियभासु । ५. A तिविहेण । ६. A °अक्खयसोक्खपयासु । ७. A °पयासु । ८. P कण्हमयं अइणस्स । ९. P इणमस्स ।

भविस्सजिणिंद अणिंदसमीह　　अहो सुणि सेणियराय णिसीह ।
जगुत्तमु गोत्तमु भासइ एंव　　सुणंति महोरय दाणव देव ।

घत्ता—धादइसंडइ दीवम्मि वरे जणगोहणसंकिण्णइ ॥
तहिं पुव्वमेरुपुव्वइ दिसइ पुव्वविदेहि रवण्णइ ॥१॥

२

सयामयणाहिसुगंधसमीरि　　सुसीयहि सीयहि दाहिणतीरि ।
सकच्छउ वच्छउ देसु विसालु　　मरालविहंगविहिण्णमुणालु ।
समीवसमीवपरिट्ठियगामु　　परीणपवासिपऊरियकामु ।
फलोणयछेत्तणियत्तणरिद्धु　　पिओ जहिं रोसणियत्तणणिद्धु ।
तहिं पुरि अत्थि पसिद्ध सुसीम　　दुवारविलंबियमोत्तियदाम ।
दुभूमितिभूमिसमुण्णयणीड　　महंतफुरंतसुवण्णकवाड ।
सरोरुहकेसरलग्गदुरेह　　जिणालयचूलियचुंबियमेह ।
हरीमणिबद्धमणोहरमग्ग　　णिभोयविसेसविसेसियसग्ग ।
तहिं अपरज्जिउ णाम णरिंदु　　करिंदु व दाणि कुलंबरचंदु ।
रईसु व भाविणिदुल्लहसंगु　　सरासणु जेम गुणेण वियंगु ।

सुन्दर चरितको कहता हूँ। उत्तम और सम्यक् चेष्टावाले हे भावी जिनेन्द्र, नृसिंह, हे श्रेणिक सुनो। विश्वमें श्रेष्ठ गौतम इस प्रकार कहते हैं और उसे नाग, दानव और देव सुनते हैं।

घत्ता—धातकीखण्डद्वीपमें मनुष्यों और गोधनसे परिपूर्ण सुन्दर पूर्वविदेह, पूर्वसुमेरु पर्वतके पूर्वमें है ॥१॥

२

अत्यन्त शीतल सीता नदीके, कस्तूरीमृगोंसे सुगन्धित समीरवाले दक्षिण तटपर, सीमो-द्यानोंसे सहित विशाल वत्स देश है, जिसमें हंसपक्षी मृणालोंको छिन्न-भिन्न कर देते हैं, जहाँ ग्राम अत्यन्त पास-पास बसे हुए हैं, जहाँ थके हुए प्रवासियोंकी कामनाएँ पूरी की जाती हैं, जो फलोंसे झुके हुए खेतोंके नियन्त्रणसे समृद्ध हैं, जहाँ प्रिय क्रोधके नियन्त्रणसे स्निग्ध हैं। ऐसे उस वत्स देश-में सुप्रसिद्ध सुसीमा नगरी है, जिसके द्वार-द्वारपर मोतियोंकी मालाएँ लटकी हुई हैं, जहाँ दो या तीन भूमियों (मंजिलों) से ऊँचे मकान हैं, खूब चमकते हुए स्वर्ण किवाड़ हैं, जहाँ भ्रमर कमलोंपर मड़रा रहे हैं तथा जिनमन्दिरोंके शिखर आकाशको चूम रहे हैं। जहाँ हरितमणियों (मरकत) मणियोंसे निबद्ध सुन्दर मार्ग हैं। मनुष्योंके भोग विशेषोंसे जो स्वर्गसे विशिष्ट हैं। ऐसी उस नगरी-में अपराजित नामका राजा था, जो करीन्द्रकी तरह दानी (मदजल और दानवाला) अपने कुल-रूपी आकाशका चन्द्र था। कामदेव होकर भी जिसका संग, कामिनियोंके लिए दुर्लभ था। धनुषके समान जो गुणोंसे वक्र था, जो तेल की तरह खल (खली और दुष्ट) से रहित और स्नेहपूर्ण

२. १. A °सुगंधि°; P °सुयंध° । २. P तीरिणि । ३. A मरालमुहग्ग° । ४. A पहीण° । ५. A °पवासिय-ऊरिय°; P °पवासियपूरिय° । ६. A पउंजहि । ७. P कुलंबरइंदु । ८. P भामिणिदुण्णयसंकु । ९. P गुणेण अवंकु ।

खलुंजिहउ तेल्लु व णेहलभोउ णहं व समेहु णिवेसियलोउ ।
सविग्गहु सद्दु[11] व लक्खणवंतु पउंजइ संधि वियाणइ मंतु ।
घत्ता—अण्णहिं दिणि तेण णराहिवेण चिंतिउं होइ पहुच्चइ ॥
जं पुरवं पमेल्लइ वल्लहउं अप्पणु तं लहु मुच्चइ ॥२॥

३

अरे जडजीव समासमि तुज्झु ण कस्स वि हं जगि को[2] वि ण मज्झु ।
गयालसु लालसु लोहरसेण[3] णिरंतरयं णियकज्जवसेण ।
जणेण जणो पणविज्जइ तेंव सजीउ वि[4] तासु णरक्खइ जेंव ।
मयंग तुरंगम किंकर कासु फलक्खइ पक्खि व जंति दिसासु ।
ण मित्तु कलत्तु ण पुत्तु ण बंधु सरीरु वि एंउ[5] विणासि दुगंधु । ५
विचिंतिवि एंव णिरुत्तु मणेण पकोक्किउ[6] पुत्तु सुमित्तु खणेण ।
सवित्ति धरित्ति णिवेइय तासु धरामरधारणु[7] कंधरु जासु ।
गुरुं पिहियासवयं पणवेवि[8] थिओ जिणदिक्खवयक्खमु होवि ।
दसेक्कसुयंगवयाइं धरेवि पुरायरगामसयाइं चरेवि ।
सुपासुयभोयणुभक्खु गसेवि अपंडयथीपसुवासि वसेवि । १०
छुहा भयं[10] मेहुणु णिद्द मुएवि सणाणजलेण कलंकु धुएवि ।

भोगवाला था, जो आकाशके समान समेह (मेघ और बुद्धिसे सहित); और लोकको निवेशित करनेवाला था। जो शब्दकी तरह विग्रह-रहित (संघर्ष और पदविग्रहसे मुक्त) था, व्याकरणकी तरह सन्धिका प्रयोग करता था और मन्त्रको जानता था।

घत्ता—दूसरे दिन, राजाका सोचा पूर्ण होता है। यदि वह प्रिय नगरको छोड़ता है तो खुद भी मुक्त हो जायेगा ॥२॥

३

अरे जड़ जीव, मैं तुझसे कहता हूँ कि दुनियामें मैं किसीका नहीं हूँ और कोई मेरा नहीं है। लोभ रस और निरन्तर अपने-अपने कार्यके वशसे गतालस और लालची है। मनुष्यके द्वारा मनुष्यको इस प्रकार प्रणाम किया जाता है कि उसके द्वारा अपने जीव की भी रक्षा नहीं की जाती। गज, अश्व और अनुचर किसके ? फल क्षय होनेपर पक्षियोंके समान दिशान्तरोंमें चले जाते हैं। न मित्र, न कलत्र, न पुत्र और न बन्धु, यह शरीर विनाशी और दुर्गन्धयुक्त है। अपने मनमें अच्छी तरह यह विचारकर उसने एक क्षणमें अपने पुत्र और मित्रको पुकारा और वृत्ति सहित धरती उसे सौंप दी कि जिसके कन्धे धराका भार उठानेमें समर्थ थे। गुरु पिहितास्रवको प्रणाम कर, जिनदीक्षा और व्रतोंमें सक्षम होकर वह स्थित हो गया। ग्यारह श्रुतांग व्रतोंको धारण कर, सैकड़ों नगरों और ग्रामोंमें विचरण कर, प्रासुक भोजनका आहार ग्रहण कर, नपुंसक, स्त्री और पुंस्त्वकी वासनाको वशमें कर, भूख, भय, मैथुन और नींदको छोड़कर (आहार निद्रा भय और

---

१०. A खलुञ्जियतेल्लु व णेहलभोउ; P खलुञ्जिय तेलु व्व णेहलु भाउ । ११. P सद्दु सलक्खणवंतु ।
३. १. A पयासमि । २. P ण को वि । ३. P मोहरसेण । ४. A तासु वि । ५. A एम विणासि । ६. A मित्तु सुपुत्तु । ७. A धरामरधारण; P धरामर धारणु । ८. A पिहियासव णं पणवेवि । ९. A सुफासुयं । १०. A छुहाममभेहुणु ।

सहेवि परीसह भीमुवसग्ग[11] मुणिसणवित्ति पिणेवि समग्गे[12]।
चएप्पिणु दुव्वहसीलवहाउ णिरिक्कवहूणिवभत्तकहाउ।
तवेण करेवि कलेवरु खामु णिबंधिवि गोत्तु जिणेसरणामु।
विहंडिवि छंडिवि चंडु तिदंडु [13]मओ पमुएवि चउव्विहपिंडु।

घत्ता—अवराइउ रिसि उवरिल्लियहि णरवंदहिं णिरवज्जहिं॥
पीइंकरेणामविमाणवरि सुरु जायउ गेवज्जहिं॥३॥

४

गिहीगुणठाणवएहिं विमीस तहिं तहु आउ महोवहि वीस।
संसंतहु अंतरु तेत्तिय पक्ख दुहत्थपमाणिय बोंदि वलक्ख।
ण को वि महीयलि संणिहु जासु दिणेहिं अहंसुरणाहहु तासु।
छमासुं परिट्ठिउ आउसु जाव इणं धणवाहि पजंपइ ताव।
पुरीकउसंविवईसु मणीसु धराधरणो धरणीसु महीसु।
सुसीम णियंविणि वल्लहु तस्सं अखंडसुहारुहसोम्ममुहस्स।
भिसं भरहेसरवंसरुहस्स करेहि दिहिं णिलयं व णिवस्स।
अहो णिहिणाह विहंसियसोउ पहोसइ णंदणु णंदियलोउ।
तओ धणिणा पुरुपेसणरम्मु विणिम्मिउं भम्मविणिम्मियहम्मु।

मैथुन), अपने ज्ञानरूपी जलसे कलंकको धोकर, भयंकर उपसर्ग और परीषह सहन कर, सम्पूर्ण रूपसे मुनीन्द्रवृत्तिको स्वीकार कर, दुर्वहशीलका नाश करनेवाली चोर, स्त्री और नृपभक्तिकी कथाओंका त्याग कर, तपसे अपने शरीरको क्षीण बनाकर, तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध कर, प्रचण्ड त्रिदण्डको खण्डित कर और छोड़कर, तथा चार प्रकारके आहारका त्याग कर वह मृत्युको प्राप्त हुआ।

घत्ता—वह अपराजित मुनि, मनुष्योंके द्वारा वन्दनीय निरवद्य ग्रैवेयक विमानोंमें-से तीसरे प्रीतंकर विमानमें देव उत्पन्न हुए ॥३॥

४

गृहस्थोंके ग्यारह व्रतोंसे मिली हुई बीस सागर, अर्थात् इकतीस सागर प्रमाण उनकी आयु थी। उतने ही पक्षोंमें अर्थात् इकतीस पक्षोंमें वह साँस लेते थे। उनका शरीर दो-दो हाथ प्रमाण और शुक्ल था। जिसके समान धरतीपर कोई नहीं था। उस अहमेंद्र देवराजके कई दिनोंके बाद छह माह आयु शेष रह गयी। तब इन्द्र कुबेरसे कहता है कि "कौशाम्बी नगरीका पृथ्वीको धीरा करनेवाला मनस्वी राजा धरण है। सम्पूर्ण चन्द्रके समान सौम्य मुखवाले उसकी सुसीमा नामकी प्रिय पत्नी है। वह भरतेश्वरके वंशका अंकुर है। उसके लिए हे कुबेर, तुम भाग्य और घरकी रचना करो। हे कुबेर, उनके शोकका उपहास करनेवाला और लोकको हर्ष उत्पन्न करनेवाला पुत्र होगा।" तब कुबेरने इन्द्रके आदेशसे रम्य स्वर्णप्रासाद बनाया।

---

११. A °वसग्गि। १२. A समग्गि। १३. A P मुओ। १४. A °पोईकरणाम; P पोयंकरमाण°।
४. १. A आव। २. A सुगंतहु। ३ P दिणइकयहत्थप। ४. A P छमास। ५. A मुणीसु। ६. A धरणोद्धरणे। ७. A तासु। ८. A °मुहायरसोम्ममुहासु।

घत्ता—अण्णहिं वासरि रायाणियइ णिसिविरामि उयलक्खिय ।
पासायतलिमतलसुत्तियइ सिविणयमाल णिरिक्खिय ॥४॥

५

धुवाहिमसारयघणसण्णिहाणु ईहइरावि झलझलकण्णु ।
गलंतमओलकवोलु करिंदु णियच्छिउ जंगमु णाइं धरिंदु ।
खरेहिं खुरेहिं धरग्गु दलंतु बलाल गोविंद बलेण खलंतु ।
विसेसविसेसु विसाण धुणंतु णियच्छिउ संमुहु एंतु डरंतु ।
गिरिंदगुहाकुहरंतविणिसु रुसारुणदारुणदूसहणेत्तु । ५
लयादलललोललला वियजीहु णहालिफुरंतु णियच्छिउ सीहु ।
णिसावइसेय दिसागयकंति णियच्छिय लच्छि सरोवरि एंति ।
अणेयपसूयकरंबयगुत्थु णियच्छिउ दामयजुम्मु णहत्थु ।
णिहित्ततमोतमु णिम्मलु चंदु णियच्छिउ तिव्वु तवंतु दिणिंदु ।
पमत्तु रमंत दहंति तरंत णियच्छिय मच्छ चलंत वलंत । १०
महुप्पल कुंभलग्गु णिसण्ण णियच्छिय कुंभ वरंभपसण्ण ।
अलीरवफुल्लियपोमरयालु विहंगसिलिंबयचक्खियणालु ।
णिमज्जणकीलणलीण गइंदु णियच्छिउ तामरसायरे रुंदु ।
पदंसियभीयरमीणरवेद्दु णियच्छिउ वारिरउद्दु समुद्दु ।

घत्ता—दूसरे दिन रात्रिके अन्तिम प्रहरमें प्रासादके अन्तिम तलमें सोते हुए रानीने स्वप्नमाला देखी ॥४॥

५

जो सुधा, चन्द्र और शरद्कालीन मेघके समान सफेद रंगका है, जिसकी सूँड़ लम्बी है, जो हिलते हुए कानोंवाला है, और जिसके कपोलभागसे मद झर रहा है ऐसा गजराज देखा, जो मानो जंगम पहाड़ हो। अपने तीव्र खुरोंसे धरतीके अग्रभागको रौंधता हुआ, बलशाली, बलसे स्खलित होता हुआ, सींग घुनता हुआ, सामने आता हुआ, गरजता हुआ विशेष वृषभेन्द्र देखा। पहाड़ोंकी गुफाओं और कुहरोंमें रहनेवाला, क्रोधसे अरुण और भयंकर नेत्रवाला लतादलके समान चंचल जीभको हिलाता हुआ, नखावलीसे भास्वर सिंह देखा। चन्द्रमाकी तरह श्वेत और दिग्गजोंकी कान्तिवाली लक्ष्मीको सरोवरमें स्नान करते हुए देखा। अनेक पुष्पसमूहोंसे गूँथी हुई मालाओंका युग्म आकाशमें देखा। रात्रिके अन्धकारको नष्ट करनेवाला निर्मल चन्द्र देखा। तीव्रतम तपता हुआ सूर्य देखा, प्रमत्त रमण करती हुई, सरोवरमें तैरती हुई, चलती मुड़ती हुई मछलियाँ देखीं। कुम्भमालामें रखा हुआ मधु कमलोंसे ढका हुआ उत्तम जलसे परिपूर्ण घड़ा देखा, जिसमें डूबने और क्रीड़ा करनेमें गजेन्द्र लीन है, जो भ्रमरोंके शब्द और पुष्पित कमलोंके रजसे युक्त है, जिसमें हंसोंके बच्चे मृणाल खा रहे हैं, ऐसा विशाल सरोवर देखा। जो दिखाई देनेवाले

---

१. A °तलि सुत्तियइ; P °तले सुत्तिइ ।

५. १. A कवोलं । २. P गइंद । ३. A P विसेसु विसेसु । ४. A P रडंतु । ५. A P गुंथु । ६. A reads this line after चक्खियणालु below. ७. A भमंतु । ८. A P दहंति । ९. AP अलीरव । १०. A कीलणसीलु: P कीलणणीलु । ११. P °रसायरु । १२. A P खद्दु ।

१५ सुहावहु सुट्ठु [13]पेरिट्ठिउ इट्ठु णियच्छिउ विट्टरु सीहणिविट्ठु ।
णियच्छिउ अच्छरणाहविमाणु अहीसरेंमंदिरु मेरुसमाणु ।
णियच्छिउ वोमदिसाणणभासि पहाइ अणूण मणीण य रासि ।
[15]पवित्तु पलित्तु घिएण व सित्तु महंतु जलंतु णहंगि मिलंतु ।
णियच्छिउ विधि णरहियवेहु पहायइ गंपि णराहिवगेहु ।

२० घत्ता—णियदइयहु देविइ वज्जरिउं जं जिह दंसणु दिट्ठउं ॥
तुह होसइ वणुरुहु परमजिणु तेण ताहि फलु सिट्ठउं ॥५॥

६

पुरंदरणारिहि हिरी पवलच्छि धिरि दिहि कंति पराइय लच्छि ।
पसाहिउ सोहिउ सीमहि गब्भु रिदुंत्तिउ वुट्ठउ हेमवरंभु ।
हिमागमि संगमि माहि पवण्णि णहे दहदिव्वलयम्मि पसण्णि ।
असेयहि छट्ठिहि रत्तिविरामि ससंकदिवायरसंगि सकामि ।
५ इहाहिवरूवधरो वलिरेहि थिओ मुणिणाहु समा य रिदेहि ।
मुयंग णरामर मंदिरु आय रिहुच्छिण उच्छवि मुक्कियमाय ।
दहट्ठ जि पक्ख सिणा दुहहार घरंगणि पाडिय कव्वुरधार ।
गए सुमईसि महेद्धिसमेहिं असीदहकोडिसहासपमेहिं ।
समायइ कत्तिइ कंदवियोइ अचंदिणतेरसि तट्ठयजोइ ।

भीषण मत्स्योंसे रौद्र है ऐसे जलसे भयंकर समुद्र देखा। सुखावह सुन्दर अच्छी तरह स्थापित सिंहासन देखा। देवोंका विमान देखा, और मेरुके समान नागराजका लोक देखा। आकाश और दिशाओंमें चमकती हुई प्रभासे अत्युत्तम मणियोंकी राशि देखी। पवित्र प्रदीप्त घीसे सिंचित महान् आकाशसे मिलती हुई अग्नि देखी, प्रभातमें मनुष्योंके द्वारा पूजित राजाके घर जाकर—

घत्ता—देवीने अपने पतिसे जिस प्रकार स्वप्नदर्शन किया था वैसा कहा। उसने उसे फल बताते हुए कहा कि उसका पुत्र परम जिन होगा ॥५॥

६

इन्द्रकी नारियां धवल आंखोंवाली ह्री-श्री-धृति-कान्ति और लक्ष्मी आयीं और स्वामीके गर्भका प्रसाधन तथा शोधन किया। छह माह तक स्वर्णवर्षा हुई। फिर हिमागमवाले माघ माहके कृष्णपक्षमें षष्ठीके दिन जब कि दिशाचक्र निर्मल था, रात्रिके अन्तमें चन्द्र और सूर्यके सकाम योगमें गजरूपमें निर्बलिसे शोभित अपनी माताकी देहमें भगवान् स्थित हो गये। नाग, मनुष्य और देव उनके घर आये। और इन्द्रके साथ उत्सवमें उन्होंने मायाको खण्डित कर दिया। कुबेरने अठारह पक्षों तक लगातार गृहप्रांगणमें दुःखको दूर करनेवाली स्वर्णवृष्टि की। सुमतिनाथके बाद महाऋद्धियोंसे परिपूर्ण नब्बे हजार करोड़ सागर बीत जानेपर कार्तिक माहके कृष्णपक्षकी

---

१३. A P पणिट्ठियवट्टु। १४. A P अहीसरगेहु णिरिवसमाणु। १५. A पलित्तु पवित्तु घिएण; P पवीवि पलित्तु घिएण। १६. A णहम्गमिलंतु।

६. A °णारिहि थो धवलच्छि। २. A उहुत्तिउ। ३. A P °संगमिकामि। ४. A सुंकिय। ५. A महमद्धिसमेहि। ६. A तट्ठिय°।

हुओ परमेसु सुहाइं जणंतु असंखसहाँसु महामहवंतु । १०
पुणाइउ जीय जिणिंद भणंतु णहं तुरएहिं गएहिं पिहंतु ।
पुरं पणवेवि णिवासि विसेवि सुहीहियथंतरि भत्ति करेवि ।
जिणंम्महि हत्थि परो सिसु देवि जगत्तयणाहु णवेवि लएवि ।
पवज्जियढक्कु कमक्कमियंकु णिओइउ वारणु चल्लिउ सक्कु ।
गओ गहमंडलु लंघिवि तांव सिला इगसिंचणमेइणि जांव । १५

घत्ता—तहिं मेरुसिंगि संणिहिउ जिणु पाणिउ सुरयणु आणइ ॥
कल्हारपिहियघडसहसकरु सइं पुलोमिपिउ ण्हाणइ ॥६॥

७

णियाणिवि एहाणिहि पहाणविहीए पुणे अवयारु करेवि महीए ।
पणेविवि अग्गइ बालुं चलेहिं थुणेवि सुरेहि गुणालकुलेहिं ।
समप्पिउ मायहि पंकयणेत्तु सुलक्खणवंजणरंजियगत्तु ।
गयामयभोइ सवासपएसु पवड्ढिउ तायहरम्मि जिणेसु ।
ण वण्णहुं सक्कवि तासु कयाइं सयद्ध णिउत्तइं दोण्णि सयाइं । ५
सरासणयाहं सरीरपमाणु रुईइ विरेहइ णं णवभाणु ।
समं णरडिंभयणेण रमेवि इसीसमपुव्वहं लक्ख गमेवि ।
त्रयंकसमंकिउ सुण्णचउक्क इणं पि दिणेहि पमाणु पढुक्क ।

तेरसके दिन त्वष्ट्रायोगमें परमेश्वर सुखोंको उत्पन्न करते हुए उत्पन्न हुए। असंख्य देव और पाँच कल्याणकार्यको करनेवाला इन्द्र फिर आया, 'हे जिनेन्द्र जीवित रहो' यह कहते हुए और गजों तथा अश्वोंसे आकाशको आच्छादित करते हुए, फिर प्रणाम कर और घरमें स्थापित कर, बन्धुजनोंके हृदयके भीतर भक्ति कर जिनमाताके हाथमें दूसरा शिशु देकर, त्रिलोकनाथको प्रणाम कर और लेकर, जिसपर ढक्का बज रहा है, और जो सूर्यका अतिक्रमण करनेवाला है, ऐसे गजको उसने प्रेरित किया, और इन्द्र चला। ग्रहमण्डलका उल्लंघन करता हुआ वह वहाँ पहुँचा जहाँ जिन भगवान्‌की अभिषेकभूमि पाण्डुशिला थी।

घत्ता—उस सुमेरु पर्वतपर जिन भगवान्‌को स्थापित कर दिया गया। सुरसमूह जल लाता है, कमलोंसे आच्छादित घड़े जिसके हजार हाथोंमें हैं ऐसा इन्द्र उनका अभिषेक करता है ॥६॥

७

जानकर और स्नानविधिसे स्नान कराकर पुनः धरतीपर अवतरण कर, बालकके आगे नृत्य और स्तुति कर गुणालकुलके देवोंने लक्षणों और सूक्ष्मव्यंजनोंसे शोभित-शरीर कमलनयन बालक माताके लिए सौंप दिया। देव अपने-अपने घर चले गये। जिनेश अपने पिताके घरमें बढ़ने लगे। उनकी लीलाओंका मैं वर्णन नहीं कर सकता। उनके शरीरका प्रमाण ढाई सौ धनुष ऊँचा था। कान्तिमें वह ऐसे शोभित थे मानो नवसूर्य हों। इस प्रकार मानव बालकोंके साथ रमण करते हुए, उनके सात लाख पचास हजार पूर्व समय बीत गया। इतने दिनोंका मान (प्रमाण) पूरा

---

७. A T सुहासु। ८. A P T जिणंवहि। ९. A °ढक्क। १०. A कमक्कमियंकु।
७. १. A P read *a* as *b* and *b* as *a*. २. A P बाहुबलेहिं। ३. A P गुणाण। ४. A P °विंजण°।
५. A ण वण्णहं सक्कमि; P ण वण्णवि सक्कमि। ६. A P सरीरु पमाणु।

तओ तहिं पत्तु सयं सयमण्णु कुमारु णिवेसिउ रज्जि पसण्णु ।
१० दु एक्कु जि बिंदुयं पंच जि देहि पुणो वि सिसुत्तरसंख गणेहि ।
घत्ता—इय पुव्वकालु पुहईसरहु गउ सुहुं सिरि माणंतहु ।
विण्णविय ता किंकरेणरिणि कर मउलिवि पणवेवि तहु ॥७॥

८

णराहिव दीहरपासणिरुद्धु करीसरु वारिणिबंधणि बंधु ।
समुण्णयकुंभु णहग्गविलग्गु घराहिव जाणमि तुम्हहुं जोग्गु ।
तओ परिचिंतिउं दिव्वेणिवेण पभग्गियकेवलणाणसिवेण ।
ण विंझसरीजलकील मणोज्ज ण सल्लइपल्लवभोज्ज ण सेज्ज ।
५ ण कंदल मिट्ठ ण कोमलवेणु ण रग्गविलग्गिरबालकरेणु ।
करेणुरई करताडणु णत्थि सफासवसेण विडंबिउ हत्थि ।
दढंकुसघट्टणु फासणिरोहु सहेइ वराउ विर्यभियमोहु ।
ण एक्कु इहिंदु मए इह वुत्तु अहो जणु दुक्किदेहणि खुत्तु ।
ण णिग्गइ जग्गइ किं पि ण मूढु सिरिमयणिद्दपरव्वसु मूढु ।
१० अहं पि हु मोहिउ किं परु मोक्खु दुमाणवु चम्मविणिम्मिउ रक्खु ।
विणासिरु जाणिवि पेच्छमि लोउ विरप्पमि तो विण भुंजमि भोउ ।
अलाणरूवं रज्जु असुंदरु होंति ण इच्छमि अच्छमि गंपि वणंति ।

होनेपर, तब फिर वहाँ इन्द्र स्वयं आया और प्रसन्न कुमारको राज्यमें प्रतिष्ठित किया। फिर दो और एकके ऊपर पाँच बिन्दु दो और तब शैशवके बादकी संख्या गिनो।

घत्ता—इतने वर्ष पूर्व (इक्कीस लाख पूर्व वर्ष) वर्ष लक्ष्मीका सुख मानते हुए राजाके निकल गये तो अनुचर मनुष्यने हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए राजासे निवेदन किया ॥७॥

८

हे नराधिप, जो लम्बे पाशसे निरुद्ध था, हाथियोंके आलानमें बँधा हुआ था और जिसका कुम्भस्थल समुन्नत था, ऐसा वह महागज आकाशके अग्रभागसे जा लगा है (मर गया है)। अब तुम्हारे योग्य बातको मैं जानता हूँ। तब जिसने केवलज्ञान और शिवकी याचना की है, ऐसे दिव्य राजाने विचार किया—"विन्ध्या नदी (नर्मदा) की जल-क्रीड़ा सुन्दर नहीं है, शल्यकी लताके पल्लवों का भोजन और सेज भी ठीक नहीं है, न कन्दल मीठे हैं और न कोमल वेणु। न मार्गमें लगी हुई बाल करेणु अच्छी है, अब उसमें हथिनीका प्रेम और सूँड़से प्रताड़न नहीं है। स्पर्शके वशीभूत होकर हाथी विडम्बनामें पड़ गया है। बढ़ रहा है मोह जिसका, ऐसा यह बेचारा गज दृढ़ अंकुशों-का संघर्षण एवं स्पर्शका निरोध सहन करता है, मैं यह कहता हूँ कि अकेला गजेन्द्र नहीं, आश्चर्य है लोग भी पापोंकी कीचड़में फँसे हुए हैं। मूर्खजन न निकलता है और न थोड़ा भी जागता है। मूर्ख लक्ष्मीके मद और निद्राके वशीभूत है। अरे मैं भी तो मोहित हूँ, श्रेष्ठ मोक्ष क्या ? खोटा मनुष्य चर्मसे निर्मित और रूखा है। लोकको विनश्वर जानता हूँ और देखता हूँ। तो भी विरक्त नहीं होता, और भोग भोगता हूँ। राज्य अशाश्वत है और अन्तमें सुन्दर नहीं होता। मैं इसे नहीं चाहता। वनमें जाकर रहता हूँ।"

७. P पंच जि बिंदुय। ८. P चयारि। ९. A °णरिणा।
८. १. A P बद्धु। २. A दिव्वु। ३. A पासणिरोहु। ४. A P वूढु। ५. A विरप्पवि।

घत्ता—तावायहिं लहुं लोयंतियहिं णाहहु वयणु समत्थिउ[6] ।
अंबरु धावंतहिं दणुयरिहिं चित्तचीरु णावइ थिउ ॥८॥

९

गिरि व जलागमगें जलएहिं सुरेहिं पहू पहविओ कुलएहिं ।
समच्चिउ लोयगुरू कुडएहिं थुओ दुवईवयणुक्कुडएहिं ।
सुवण्णमयाइ णरच्छिपियाइ महिंदणियाइ गओ सिवियाइ ।
वणंतरु चारु पहुल्लियचारु सकंकणु हारु पमोल्लिवि दोरु ।
खमाविउ लोउ सिरे कउ लोउ मयण्णवपोउ विसुद्धतिजोउ । ५
करेप्पिणु छट्ठु वि सुट्ठु वरिट्ठु पदिट्ठसइट्ठु समासियणिट्ठु ।
समट्ठममासि जगंतपयासि घणागमणासि हिमालपवासि ।
दिणे असियम्मि सुतेरसियम्मि दिणेसरि जाम दुयालसियम्मि ।
विणिग्गउ हत्थु पहूइय चित्त अलंकिउ तहिणि संजमजुत्त ।
सुयाइं मुणेवि रयाइं धुणेवि महव्वय लेवि थिओ रिसि होवि । १०
समं सकिवाहं सहासु णिवाहं तवंकिउ ताहं ण मच्छरु जाहं ।

घत्ता—बारहविहतवणिव्वाहणहि धम्मजोयपरिरक्खहि ।
पउमप्पहु वड्ढमाणणयरि देउ पइट्ठउ भिक्खहि ॥९॥

घत्ता—तब लौकान्तिक देवोंने आकर प्रभुके वचनोंका समर्थन किया। आकाशमें दौड़ते हुए देवदानवोंने जैसे अपने चित्तरूपी चीरको स्थिर कर लिया ॥८॥

९

जिस प्रकार वर्षाकाल आनेपर मेघोंके द्वारा गिरि अभिषिक्त होता है, उसी प्रकार देवोंने घड़ोंसे प्रभुका अभिषेक किया। कुटक पुष्पोंसे लोकगुरुकी समर्चना की। दुवई वचनों (द्विपदा वचनों) से उत्कट (गीतों) से स्तुति की। लोगोंके नेत्रोंके लिए सुन्दर, स्वर्णमयी इन्द्रके द्वारा ले जायी गयी शिविकाके द्वारा वह, जिसमें चार पुष्प खिले हुए हैं, ऐसे सुन्दर वनमें गये। अपना कंगन हार डोर छोड़कर लोगोंसे क्षमा माँगकर, सिरका केश लोंचकर, संसाररूपी समुद्रके जहाज तीन योगोंसे विशुद्ध, छठा उपवास कर, श्रेष्ठ वरिष्ठ, अपने हितके द्रष्टा, चारित्रसे आश्रय लेनेवाले वह, आठवें माह (कार्तिक माह) जबकि विश्वको प्रकाशित करनेवाला सूर्य, मेघोंके आगमनका नाश करता हुआ, शीतलताका प्रवेश कराता है, कृष्ण पक्षकी त्रयोदशीके दिन, सूर्य दो पहर ढल चुकता है, चित्रा और हस्त नक्षत्र उगे हुए थे, तब वह संयमकी यात्रासे शोभित हुए। श्रुतका अध्ययन कर, पापोंका नाश कर महाव्रत ग्रहण कर और महामुनि होकर स्थित हो गये। उनके साथ समान करुणावाले एक हजार ऐसे राजाओंने भी अपनेको तपसे अंकित किया कि जिनमें ईर्ष्या नहीं थी।

घत्ता—बारह प्रकारके तपोंके निर्वाहके लिए, और धर्मयोगकी रक्षाके लिए, पद्मप्रभु स्वामी आहारके लिए वर्धमान नगरीमें प्रविष्ट हुए ॥९॥

---

६. A P समत्थियउ ।

९. १. A सुवण्णमियाइ । २. A P अगत्तपयासि । ३. A संजमजुत्त । ४. A णिव्वाहणउ । ५. A धम्मु । ६. P जोइपरिक्खहि । ७. A पयट्ठउ ।

१०

णमोत्थु भणेवि गहीररवेण घरं णिउ सो ससियंत्तणिवेण ।
तिण्णा तहु णिम्मलु भोयणु दिण्णु मुणिंदणिहालणि संचिउ पुण्णु ।
णिहेलणि उग्गय अब्भुय पंच अहासवदारइं रुंभिवि पंच ।
गओ रिसि घोसिवि अक्खयदाणु सुबंधुसु वेरिसु णिच्चसमाणु ।
५ पमाय कसाय विसाय हरंतु छमास विहिंडिवि वित्तु चरंतु ।
विहूयतमोमयमंदकलंकि चइत्तछणम्मि पवण्णससंकि ।
सुचित्तहि चित्तइ चिंतविमुक्क दढं मणि पूरिवि बीयउ सुक्कु ।
परंदिसमासिइ वासरराइ उप्पण्णउ केवलणाणु विराइ ।
णियासणचालणचालियसग्गु विमाणपऊरियवारियमग्गु ॥
१० समागउ झत्ति पवाहियपीलु विडोउ समिद्धु सचिंधु सलीलु ।

घत्ता—दह भावण वंतर अट्ठविह जोइस पंचविहाइय ॥
सोलहविह कप्पणिवासिसुर जिणु णवंति गुणराइय ॥१०॥

११

णमो अरिहंत णमो अरिहंत णमो विसयंत णमो विसयंत ।
णमो दयवंत णमो दयवंत णमोत्थु अभंत भयंत भवंत ।

१०

'नमस्कार हो' गम्भीर ध्वनिमें यह कहकर सोमदत्त उन्हें अपने घर ले गया। उसने उन्हें निर्मल भोजन दिया और इस प्रकार मुनीन्द्रदर्शनसे पुण्यका संचय किया। उसके घरमें पांच आश्चर्य प्रकट हुए। पांच पापास्रवोंके द्वारको रोककर, महामुनि, 'अक्षयदान' कहकर चले गये। अच्छे बन्धु या शत्रुके प्रति नित्य समानरूपसे रहनेवाले प्रमादों, कषायों और विषादोंको दूर करते हुए और मुनिवृत्तिका आचरण करते हुए उनके छह माह बीत गये। जिसने तमोमय मृगलांछनको नष्ट कर दिया है ऐसी पूर्णचन्द्रमावाली चैत्रशुक्ला पूर्णिमाके दिन, चित्रा नक्षत्रमें, चिन्तासे मुक्त अपने सुचित्तमें दूसरा शुक्लध्यान पूरा कर लिया। और जब सूर्य पश्चिम दिशामें पहुँच रहा था उन विरागीको केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। अपने आसनोंके डिगनेसे स्वर्ग चलायमान हो गया। आकाशमार्ग विमानोंसे भर गया। अपने हाथीको प्रेरित कर, अपने भृत्यों, पताकाओं और लीलाओंके साथ शीघ्र इन्द्र आ गया।

घत्ता—दस प्रकारके भवनवासी, आठ प्रकारके व्यन्तर, पांच प्रकारके ज्योतिष और सोलह प्रकारके कल्पवासी देव गुणोंसे विराजित जिनको नमस्कार करते हैं ॥१०॥

११

कर्मरूपी शत्रुओंका घात करनेवाले आपको नमस्कार, अर्हन्नाथ आपको नमस्कार, विषयों का अन्त करनेवाले आपको नमस्कार, विषय (वस्तु) को अन्तिम सीमा तक जाननेवाले आपको नमस्कार, दयायुक्त आपको नमस्कार, अदयाको नष्ट करनेवाले आपको नमस्कार, अभ्रान्त भदन्त

---

१०. १. A ससिदत्त° । २. A भोयणु णिम्मलु । ३. A णिग्गय । ४. A P सबंधु । ५. A सवेरि । ६. P सुमिच्च° । ७. A विहंडिउ । ८. P उप्पण्णउं । ९. P ताव ।

११. १. A P अरहंत । २. A णमोत्थु भयंत ।

णमो बुहराम णमोहविराम णमो गुणधाम णमोमियधाम ।
णमो गिरिधीर णमो गयसीर णमो हयमार णमो धुवमार ।
णमो णियमाल सुपंकयमाल कयंघिसुसील महाकरिलील । ५
फलाइं गसंतु जलाइं रसंतु दलाइं वसंतु वणम्मि वसंतु ।
ण ते तवसीह अहो मुणिसीह परत्तसिरीह णिरीस णिरीह ।
तुमं सुमरंति भवेसु मरंति ण ते सुहि होंति मृगेसु हि होंति ।
पणासियसासयसंपयमूलु महं तुह धम्मसिरीपडिकूलु ।
कुसंगु कुलिंगु कुसामि कुदेउ कुपत्ति कुमित्तु म जम्मि विहोउ । १०
वियंभउ णाणविलोयणसत्ति सुणिच्चल होउ तुहुप्परि भत्ति ।

घत्ता—णिव्वाणभूमिवररमणिसिरिचूडामणि पइं वण्णमि ॥
जडु कव्वपिसाएं विणडियउ अप्पउ हुउं तणु मण्णमि ॥११॥

१२

थुणेप्पिणु एम गुणोहु जिणेसु तओ तियसेहिं कओ तहु वासु ।
चउहिसु उब्भिय सोहिय खंभ चउहिसु सारसरावसरंभ ।
चउहिसु दारइं गोउरयाइं चउहिसु चेइयमंदिरयाइं ।
चउहिसु पायववेल्लिहराइं चउहिसु थूहइं दिव्वघराइं ।

(मुनि) और ज्ञानवान् आपकी जय हो। पण्डितोंके लिए आपको नमस्कार, अघोंका नाश करनेवाले आपको नमस्कार हो, गुणोंके घर आपको नमस्कार, हे अनन्तवीर्य आपको नमस्कार। गिरिकी तरह गम्भीर और हल रहित आपको नमस्कार, कामको जीतनेवाले आपको नमस्कार, ध्रुव लक्ष्मीदायक आपको नमस्कार, नियम सहित आपको नमस्कार, कमलोंकी मालासे शोभित आपको नमस्कार, जिन्होंने सुशील मुनियोंको अपने चरणोंमें नत किया है ऐसे महागजकी लीला करनेवाले आपको नमस्कार। जो तपस्वी फल खाते हैं, जल पीते हैं, दलोंमें रहते हैं, वनमें निवास करते हैं, ऐसे तपस्वीश्रेष्ठ भी, यदि हे निरीह निरीश मुनीश्वर, तुम्हें स्मरण नहीं करते, तो वे जन्म-जन्मान्तरोंमें मरते हैं, वे पण्डित भी नहीं होते, पशुओंमें उनका जन्म नहीं होता। जिन्होंने शाश्वत सम्पत्की जड़को नष्ट कर दिया है और जो धर्मरूपी लक्ष्मीके प्रतिकूल है, ऐसा कुसंग कुलिंग कुस्वामी कुदेव कुपत्नी कुमित्र मेरा, किसी भी जन्ममें न हो। मेरी ज्ञानसे देखनेकी शक्ति बढ़े (विकसित हो), तुम्हारे ऊपर मेरी भक्ति निश्चल हो।

घत्ता—निर्वाणभूमिरूपी श्रेष्ठ रमणीके सिरके चूड़ामणि हे देव, मैं तुम्हारा वर्णन करता हूँ। काव्यरूपी पिशाचसे प्रताड़ित मैं जड़ स्वयं तिनकेके बराबर समझता हूँ ॥११॥

१२

इस प्रकार गुणोंके समूह जिनकी वन्दना कर, उस समय देवोंने उनके निवासकी रचना की। चारों दिशाओंमें खम्भे स्थापित कर दिये गये। चारों ओर सारसोंके शब्दसे युक्त जल था। चारों ओर दरवाजे और गोपुर थे। चारों दिशाओंमें चैत्य और मन्दिर थे। चारों ओर वृक्ष और

---

३. P कलंघि° । ४. A मिगेसु; P मगेसु । ५. A °सिरचूलामणि । ६. A मण्णमि । ७. A तणु हउं ।
१२. १. P दाविय । २. A वेल्लिहराइ । ३. A दिव्वयराइं ।

चउहिसु दीसइ सम्मुहुं देउ चउहिसु आसणु सीहसमेउ ।
चउहिसु भावलउब्भवु तेउ चउहिसु पल्लवरत्तु असोउ ।
चउहिसु छत्तइं पंडुरयाइं चउहिसु सुब्भइं चामरयाइं ।
चउहिसु अट्ठमहाधयपंति चउहिसु पुप्फचयाइं पडंति ।
चउहिसु दुंदुहिसद्द घडंति चउहिसु इंदतुयाउ णडंति ।
असेसहं भासविसेसहं खाणि चउहिसु तेस्स दियंभइ वाणि ।

घत्ता—तच्चाइं सत्त दह धम्मविहि णव पयत्थ छहदव्वइं ॥
आहासइ परमप्पउ जणहु सव्वेहं भूयइं भव्वइं ॥१२॥

१३

खएक्कु पुणेक्कु गणेसवराहं दुसुण्णइं तिण्णि दु पुव्वधराहं ।
तिबिंदुय रंध रिऊयदुयजुत्त जिणिंदहु एत्तिय सिक्खपउत्त ।
सहास दसेव य ओहिजुयाहं दुवालस ते चिय सव्ववियाहं ।
सहासइं सोलह अट्ठसयाइं विउव्वणरिद्धिरिसिंदहं ताइं ।
महामणपज्जयणाणधराहं धुवं तिसयंकिच सउ जि सयाहं ।
सहासह ऊप्परि रंधसमाहं खजुम्मु सडंकु वि वाइवराहं ।
सहासइं वीस पयोणिहि लक्ख वियाणहि संजमधारिणिसंख ।
वयत्थधरत्थहं तासु तिलक्ख अणुव्वयणारिहिं पंच जि लक्ख ।

लतागृह थे, चारों ओर स्तम्भ तथा दिव्य घर थे। चारों दिशाओंके सामने देव थे, चारों तरफ सिंहासन थे। चारों ओर भामण्डलोंसे उत्पन्न तेज था, चारों ओर पल्लवोंसे आरक्त अशोक वृक्ष थे। चारों ओर सफेद छत्र थे, चारों ओर दोनों हाथोंमें चामर थे। चारों ओर आठ ध्वज-पंक्तियाँ थीं। चारों दिशाओंमें पुष्प-समूहकी वर्षा हो रही थी। चारों दिशाओंमें दुन्दभि शब्दकी रचना हो रही थी। चारों ओर इन्द्राणियाँ नृत्य कर रही थीं। समस्त भाषाओंकी खदान उनकी वाणी चारों दिशाओंमें फैल रही थी।

घत्ता—सात तत्त्व, दस प्रकारका धर्म, नौ पदार्थों और छह द्रव्योंका कथन वह सबके लिए करते हैं। उस अवसरपर सभी लोक भव्य हो गये ॥१२॥

१३

एक सौ दस उनके गणधर थे। दो हजार तीन सौ पूर्वधारी थे। जिनेन्द्रके दो लाख उनहत्तर हजार शिक्षक कहे गये हैं। दस हजार अवधिज्ञानी, बारह हजार केवलज्ञानी, विक्रिय-ऋद्धिके धारक मुनीन्द्र सोलह हजार आठ सौ; मनःपर्ययज्ञानी दस हजार तीन सौ, नौ हजार छह सौ श्रेष्ठवादी थे। चार लाख बीस हजार संयम धारण करनेवाली आर्यिकाएँ हैं। व्रती गृहस्थ तीन लाख थे। अणुव्रत धारण करनेवाली श्राविकाएँ पाँच लाख थीं। संख्यात तिर्यंच थे और देव

---

४. P जक्खकरे। ५. A P इंदतियाउ। ६. A तासु। ७. A धम्मविहि। ८. P छदव्वइं।
९. A सव्वभूइभूयइं भवइ।
१३. १. A सिक्खय उत्त। २. A P अणुव्वयधारिहिं।

तिरिक्ख ससंखं सुरा वि असंख पणासिवि राईरईसुहकंख ।
समासिवि धम्मु पधंसियदुक्खु छमासविहीणउं पुव्वहं लक्खु । १०

घत्ता—संमेयहु सिहरि समारुहिवि मासमेत्तु थिउ जोयं ॥
जिणु अंतिमु झाणु पराइयउ सहुं मुणिवरसंघायं ॥१३॥

१४

मंहग्गमि फग्गुणपक्खि सुकिण्हि सचित्तचउत्थितिथिहीअवरण्हि ।
स णाणसरूवु तिदेहविमुक्कु जगग्गधरित्तिं जाइवि थक्कु ।
ण कण्णु ण पीउ ण लोहिउ सुक्कु ण लाहवु तासु ण चत्थि गुरुक्कु ।
ण पुंसु ण संडु ण भण्णइ इत्थि फुरंतसकेवलबोहगभत्थि ।
हुओ परमेसरु अट्ठगुणद्धु सरीरु सलक्खणु तक्खणि दड्ढु । ५
सिहिंदसिरोमणिमुक्कसिहीहिं समच्चणवंदणहोमविहीहिं ।
णमंसिवि सिद्धणिसीहियथत्ति पएहिं णिओइउ कुंजरु झत्ति
गओ पविहारि समीरवहेण सुरण्ण वि अण्णविभाणुमहेण ।

असंख्य थे। रातकी रतिके सुखकी आकांक्षाका त्याग करनेवाले, धर्मका आश्रय लेनेवाले और दुःखका ध्वंस करनेवाले उनका छह माह कम एक लाख पूर्व समय बीत गया।

घत्ता—सम्मेद शिखरपर चढ़कर वह एक माह तक योगमें स्थित रहे। मुनिवरसमूहके साथ वह अन्तिम शुक्ल ध्यानपर पहुँचे ॥१३॥

१४

माघ माह बीतनेपर फागुनके कृष्णपक्षमें चतुर्थीके दिन अपराह्नके समय चित्रा नक्षत्रमें ज्ञानस्वरूप, तीन प्रकारकी देहोंसे विमुक्त वह जाकर विश्वके अग्रभागमें स्थित हो गये। जहाँ वह न कृष्ण थे और न पीत। न लाल और न शुक्ल। न उनमें लाघव था और न गुरुता। न वह पुल्लिंग थे और न नपुंसक। और न स्त्री कहे जाते थे। वह अपने प्रकाशमान केवलज्ञानमें स्थित थे। वह आठ गुणोंसे समृद्ध परमेश्वर हो गये। लक्षण सहित उनका शरीर समर्चन, वन्दन और होमकी विधियोंसे युक्त अग्निकुमार देवोंके मुकुटमणिकी ज्वालाओंसे तत्काल दग्ध हो गया। सिद्धरूपी नृसिंहोंमें स्थिति पानेवाले उनको नमस्कार कर इन्द्रने अपने पैरसे ऐरावतको प्रेरित किया, और चला गया। दूसरे देव भी सूर्य-चन्द्रमाके समान तेजवाले विमानोंपर बैठकर चले गये।

३. A सुसंख । ४. A रायरईसुहं; P णारिरईसुहं । ५. A पहंसियं । ६. A सिहरु ।
१४. १. A महग्गमि । २. A सुचित्त । ३. A P जगग्गधरित्तिहि । ४. A किण्हु । ५. A ण पुंसउ संडु ण । ६. A बोयगभत्थि । ७. A समंचिधि ।

घत्ता—महुं तूसउ भरहभव्वणमिउ पउमप्पहु णिहयावइ ॥
तिजगिंदहु केरउ एम जसु पुप्फयंतु को पावइ ॥१४॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे पउमप्पहणिव्वाणगमणं णाम तियालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४३॥

॥ [10]पउमप्पहचरिउं समत्तं ॥

घत्ता—भरत भव्यके द्वारा प्रणम्य, आपत्तियोंका नाश करनेवाले पद्मप्रभु मुझपर प्रसन्न हों, सूर्य-चन्द्रके समान त्रिजगेन्द्रका यश इस प्रकार कौन पा सकता है ? ॥१४॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें पद्मप्रभ निर्वाण-गमन नामक तैंतालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४३॥

---

८. A P भव्वभरहु°। ९. A पउमप्पउ; P पउमप्पहु। १०. A P omit the line.

संधि ४४

अगहिय असिपासहु गयदप्पासहु पासाइयवम्महजयहु ॥
तोडियपसुपासहु णविवि सुपासहु पासियपासंडियणयहु ॥ध्रुवकं॥

१

णिरायसं महाजसं णिरंजसं समंजसं ।
अमोसयं णिरंजणं सुवच्छलं णिरंजणं ।
पुरुं गुरुं णिरासवं तवोणिहिं णिरासवं । ५
असंगयं णिरंवरं मयप्पमाणियंवरं ।
अमंदिरं णयालयं वियक्खणं णयालयं ।
मुणीसरं णिरामयं समोसहं णिरामयं ।
अलं कुलेण उत्तमं सणाणएण णिरुत्तमं ।
जिणोहिवेसु सत्तमं णमंसिऊण सत्तमं । १०
जयाहियं जईहियं भणामि तस्स ईहियं ।

घत्ता—णररयणकरंडइ धोदइसंडइ पुव्वविदेहि पुव्वगिरिहि ॥
हिमजललवसीयहि उत्तरि सीयहि कच्छइ देसु महासरिहि ॥१॥

सन्धि ४४

जिन्होंने आशाके पाशको ग्रहण नहीं किया, जिनका दर्प और आशा जा चुकी है, जिन्होंने कामदेवकी विजयको नियन्त्रित कर लिया है, जिन्होंने जीवके बन्धनोंको तोड़ दिया है, जिन्होंने पाखण्डियोंके नयका खण्डन कर दिया है, ऐसे सुपार्श्वनाथको मैं प्रणाम करता हूँ।

१

जो रागसुखसे रहित हैं, जो परमार्थस्वरूप, कुटिलतासे रहित, अमृषावादी, निरंजन, सुवत्सल, अपाप, महान् हितोपदेष्टा, आस्रवसे रहित, तपोनिधि, अपरिग्रही, दिगम्बर, ज्ञानसे आकाशको आच्छादित करनेवाले, गृहविहीन, पहाड़ोंमें भ्रमण करनेवाले, विचक्षण नययुक्त मुनीश्वर नीरोग उपशमरूपी औषधिसे युक्त, स्त्रीसे रहित, समर्थकुलसे उत्तम, केवलज्ञानसे अज्ञानतमको दूर करनेवाले, जिनाधियोंमें सातिशय सबसे अधिक प्रशस्त, जगके अधिपति और यतियोंके द्वारा काम्य हैं, ऐसे सुपार्श्वनाथको प्रणाम कर उनकी चेष्टा (चरित) को कहता हूँ।

घत्ता—जो महापुरुषरूपी रत्नोंके लिए पिटारीके समान हैं ऐसे धातकीखण्डके पूर्वविदेह-के पूर्वविदेह पर्वतकी हिमकणोंसे शीतल सीता नदीके उत्तरमें कच्छ देश है ॥१॥

---

१. १. P महायसं। २. A परं; P पुरं। ३. A P तवोणिहिं। ४. A णियालयं। ५. P reads *a* as *b* and *b* as *a*. ६. A घायइ°। ७. A उत्तरसीयहि।

२

तेत्थु[1] सत्तभूयलसउहयलहि चूलाकलसलिहियंबोमयलहि ।
पाणियपूरियपविमलपरिहहि कोट्टट्टालयणचियबरिहहि[3] ।
णाणावणतरुकीलियखयरिहि णंदिसेणु पहु खेमाणयरिहि ।
महि भुंजेवि सुइरु णिव्वेईवं[4] लच्छिभारु णियतणयहु दोइव ।
५ भवइणामहु णामसमाणहु णरवम्मीसहु[5] विकुसुमबाणहु ।
अरहंतहु[6] सिरिणंदणसामिहि पासि लइव वउ सिवपयगामिहि ।
एयारह अंगइं अवगाहिवि अप्पउं सीलगुणेहिं पसाहिवि ।
पावपडलपसरणु आँउंचिवि[7] तित्थयरत्तु पुण्णु संसंचिवि[8] ।
दीहु कालु तवु तिव्वु तवेप्पिणु हियवउ जिणकमकमलि थवेप्पिणु ।
१० पाणिंदियसंजमु अविराहिवि आराहेणभयवइ आराहिवि[10] ।
चउविहु पच्चक्खाणु लएप्पिणु णंदिसेणु मुणिणाहु मरेप्पिणु[11] ।

घत्ता—मज्झिमगेवज्जहि संभवसेज्जहि चंदकुंदसंणिहरुवेइरु ॥
भद्दामरमंदिरि णयणाणंदिरि संजायउ अहमिंदु सुरु ॥२॥

२

उसमें क्षेमपुरी नगरी है जिसमें सातभूमियोंवाले सौधतल हैं, जो अपने शिखरकलशोंसे आकाशतलको छूती है, जिसकी परिखाएँ निर्मल पानीसे भरी हुई हैं, जिसके परकोटों और अट्टालिकाओंपर मयूरोंके नृत्य हो रहे हैं, जिसके नाना प्रकारके वृक्षोंपर विद्याधरियाँ क्रीड़ा कर रही हैं ऐसी उस नगरीमें राजा नन्दिषेण निवास करता था, जो बहुत समय तक लक्ष्मीको उपभोग करनेके बाद विरक्त हो गया। उसने लक्ष्मीका भार सार्थक नामवाले अपने पुत्र धनपति-को सौंप दिया, और स्वयं नर ब्रह्मेश्वर कामदेवसे रहित, अरहन्त शिवपदगामी श्रीनन्दन स्वामीके पास व्रत ग्रहण कर लिया। ग्यारह अंगोंका अवगाहन करते हुए, स्वयंको शीलगुणोंसे विभूषित करते हुए, पापपटलके प्रसारका संकोच करते हुए, तीर्थंकर प्रकृतिके पुण्यका संचय कर, दीर्घ समय तक लम्बा तप कर हृदयको जिनके चरणकमलोंमें स्थापित करते हुए, प्राणों और इन्द्रियोंके संयम-को अवधारित करते हुए, भगवतीकी आराधना कर, चार प्रकारका प्रत्याख्यान कर, नन्दिषेण मुनिनाथ मृत्युको प्राप्त होकर—

तं जंपइ जेण ण पावबंधु संजमभारालंकरियखंधु ।
तवु करिवि तित्थु णिम्मुक्ककामु बंधेप्पिणु तं तित्थयरणामु ।
आराहण भयवइ संभरेवि सो अवसणु कयणिरसणु मरेवि ।
माणिक्ककडयचेंचइयबाहु संजायउ आरणि अमरणाहु ।
बावीससमुद्दपमाणियाउ तिरयणिसरीरु[12] वण्णेण सेउ ।

घत्ता—तहु पक्ख दुवीस अवहियं[13] सासहु परिगणिय ॥
तइवरिससहास आहारंतरु मुणिभणिय ॥३॥

३

संसारके तटस्वरूप आनन्द महामुनिके चरणमूलमें जाकर मुनि हो गया। ठण्डसे जिसके रोम खड़े हो गये हैं ऐसा वह, गज और सिंहोंके शब्दोंवाले गिरिवरके कुहरोंके भीतर निवास करता है। गुड़-घी-दूध-दही-तेल तथा विकृतियाँ, मधु-मांस मद्य और नवनीत आदि वस्तुओंको आत्मवशी वह यति नहीं खाता। मोक्षार्थी और सुमेरुपर्वतके समान धीर वह नौ प्रकारसे विशुद्ध ब्रह्मचर्यका पालन करता है। उपकरणोंके ग्रहण करने और निक्षेपण तथा भोजनमें वह मुनि दोषोंका परिहार करता है। मार्गकी चर्यामें बोलने, थूकने और प्रस्रवण करनेमें त्रस-स्थावरको देखकर चलता है, इस प्रकार बोलता है जिससे पापबन्ध नहीं होता। संयमके भारके लिए जो समर्थ आधारस्तम्भ है। कामसे मुक्त वह तीव्र तप तपकर, तीर्थंकर नामप्रकृतिका बन्ध कर भगवती आराधना कर दिगम्बर वह निराहार मरकर, जिसके बाहु माणिक्यके केयूरोंसे शोभित हैं ऐसा आरण स्वर्ग ऐसा इन्द्र हुआ। उसकी आयु बाईस सागर प्रमाण थी, तीन हाथ उसका शरीर था, और उसका वर्ण श्वेत था।

घत्ता—बाईस पक्षमें वह श्वास लेता था और तीन हजार वर्षमें आहार ग्रहण करता था जैसा मुनियोंके द्वारा कहा गया है ॥३॥

---

३. १. A सीहु व रोमगय°। २. P गुडु। ३. A नेरंगु and gloss दधि; T णेरंगु दधि। ४. रसल्लु। ५. A पारद्द पारत्तउ। ६. A °गहण°। ७. P °पस्सवणकरणि। ८. A तित्थु णिम्मुक्कं। ९. AP °काउं। १०. AP °णाउं। ११. P °पमाणुआउ। १२. A °सरीर। १३. AP अविहिय।

४

णिरुवमसुहसंपावणखणेण रमणीरमणु वि सारइ मणेण ।
सो कहिं वि ण मेल्लइ सुक्कलेस जिणु पणवइ सेवइ परमणेस ।
परियाणइ पेच्छइ तमपहंतु अट्ठगुणसारु महिमा महंतु ।
उदुमाससेसि जीवियपमाणि आघोसइ सयमहु उदुविमाणि ।
भो गुज्झय बुज्झहि भमियसरहि किं बहुएं जंबूदीवें भरहि ।
मलयेयदुमसुरहिउ मलयदेसु जहिं णरहिं परिट्ठिउ अमरवेसु । ५
रइकइयवकीलाकोच्छराउ जहिं कामिणीउ णं अच्छराउ ।
जहिं कामधेणुणिह गोहणाइं जहिं कप्परुक्खरिद्धइं वणाइं ।
जहिं णिच्चमेव मंगलणिणद्दु तहिं पुरवरु णामें रायभद्दु ।
रणरंगतुंगमायंगसीहु दड्ढरहु णरिंदु जयजयसिरीहु । १०
मुहँयंदोहामियरुंदचंद महएवि तासु णामें सुणंद ।
विसहरवंदारयवंदवंदु यहं णंदणु होसइ जिणिंदु ।
जज्जाहि तार्व तुहुं करहि तेंव संभवइ णयरु घरु दिव्वु जेंव ।

घत्ता—ता वइसवणेण तं पट्टणु कंचणु[10] घडिउं ॥
मणिकिरणकरालु सग्गखंडु णावइ पडिउं ॥४॥ १५

४

अनुपम सुखकी संप्राप्तिके क्षणवाले मनसे वह स्त्रीरमण करता है, वह अपनी शुक्ल-लेश्याका कभीका परित्याग कर चुका है, जिनको प्रणाम करता है और उनके चरणरूपी अक्षतोंको ग्रहण करता है। तमप्रभा नरक तक वह देखता है और जानता है, आठ गुणोंसे युक्त और महिमामें महान्। उसके जीवन प्राणके छह माह शेष रहनेपर इन्द्र अपने ऋतु विमानमें कहता है—"हे कुबेर, जिसमें श्वापद परिभ्रमण करते हैं ऐसे जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें मलयवृक्षोंसे सुरभित मलय-देश है। जहाँ मनुष्योंने अमररूप बना रखा है। रतिकी केतवक्रीड़ामें दक्ष स्त्रियाँ ऐसी मालूम होती हैं, मानो अप्सराएँ हों। जहाँ गोधन कामधेनुके समान हैं। जहाँ वन कल्पवृक्षोंसे सम्पन्न हैं। जहाँ मंगल शब्द प्रतिदिन होते हैं, वहाँ राजभद्र नामका नगर है। उसमें युद्धके रंगमें ऊँचे गज और सिंहोंके समान तथा विजयलक्ष्मीके इच्छुक वृढ़रथ नामका राजा था। उसकी अपने मुखचन्द्रसे विशालचन्द्रको तिरस्कृत करनेवाली सुनन्दा नामकी महादेवी थी। नागराजों और देवोंके समूहके द्वारा वन्दनीय जिनेन्द्र, इनके पुत्र होंगे। तुम जाओ और वहाँ इस प्रकार करो कि जिससे दिव्य घर और नगर उत्पन्न हो जायें।

घत्ता—तब कुबेरने स्वर्णमय नगरकी रचना की, जैसे मणिकिरणोंसे उन्नत स्वर्गखण्ड गिर पड़ा हो ॥४॥

४. १. A °रमण । २. AP उदुमास° । ३. AP उदुविमाणि । ४. P जंबूदीवि भरहि । ५. AP मलयद्दुम° । ६. A कप्परुक्खणिद्धइं । ७. मुहइंदो° । ८. P ताहं । ९. A णयर । १०. AP कंचणघडिउं ।

५

जहिं दीसइ तांह सोवण्णभवणु जहिं दीसइ तहिं वणेसुरहिपवणु ।
जहिं दीसइ तहिं हरिणीलणीलु जहिं दीसइ तहिं वररमणिलीलु ।
जहिं दीसइ तहिं मंडवु[3] विचित्तु जहिं दीसइ तहिं घुसिणावलित्तु ।
जहिं दीसइ तहिं मुत्तावलिल्लु जहिं दीसइ तहिं णवतोरणिल्लु ।
५ जहिं दीसइ तहिं कप्पूररेणु जहिं दीसइ तहिं गज्जियकरेणु ।
जहिं दीसइ तहिं धियकामधेणु जहिं दीसइ तहिं वज्जंतवेणु ।
जहिं दीसइ तहिं वीणारवालु जहिं दीसइ तहिं अलिउलवमालु ।
जहिं दीसइ तहिं चलचिंधचवलु[4] जहिं दीसइ तहिं ससियंतधवलु ।
जहिं दीसइ तहिं विविहुच्छवोहु जहिं दीसइ तहिं कयरच्छसोहु ।
१० जहिं दीसइ तहिं णच्चियमऊरु जहिं दीसइ तहिं सिरिविहवफारु ।

घत्ता—जहिं दीसइ तेत्थु पुरवरु जणमणु रावइ ॥
पियथमहि सरीरु जिह तिह चंगउं भावइ ॥५॥

६

तहिं विजयणंदिरे[1] णिवणिहेलणे सुंदरे ।
णयंगि सियणेत्तिया रयणमंचए सुत्तिया ।
णिएइ छंडओयरी[2] सिविणए इमे[3] सुंदरी ।

५

जहाँ दिखाई देता है वहाँ स्वर्णभवन है, जहाँ दिखाई देता है वहाँ वनका सुरभित पवन है। जहाँ दिखाई देता है हरे और नील मणियोंसे नील है, जहाँ दिखाई देता है वहाँ उत्तमस्त्रियोंकी लीला है, जहाँ दिखाई देता है वहाँ विचित्र मण्डप है, जहाँ दिखाई देता है वहाँ केशरसे विलिप्त है, जहाँ दिखाई देता है, वहाँ मुक्तावलियाँ हैं, जहाँ दिखाई देता है वहाँ नव तोरण हैं, जहाँ दिखाई देता है कपूर की धूल है, जहाँ दिखाई देता है गरजते हुए हाथी हैं, जहाँ दिखाई देता है, वहाँ स्थित कामधेनुएँ हैं। जहाँ दिखाई देता है वहाँ बजते हुए वेणु हैं, जहाँ दिखाई देता है वीणाके शब्दका निनाद है. जहाँ दिखाई देता है वहाँ भ्रमरकुल कलकल है, जहाँ दिखाई देता है वहाँ चंचल ध्वजाओंसे चपल है। जहाँ दिखाई देता है, वहाँ चन्द्रकान्तकी धवलता है। जहाँ दिखाई देता है वहाँ विविध उत्सवोंका समूह है। जहाँ दिखाई देता है, वहाँ की गयी रथ्या शोभा (मार्ग शोभा) है। जहाँ दिखाई देता है, वहाँ नाचते हुए मयूर हैं। जहाँ दिखाई देता है, वहाँ श्री और वैभवका विस्तार है।

घत्ता—जहाँ दिखाई देता है, वहाँ वह नगर जनमन-रंजन करता है। जिस प्रकार प्रियतमाका शरीर अच्छा लगता है, उसी प्रकार वह नगर अच्छा लगता है॥५॥

६

वहाँ विजयसे आनन्दित होनेवाले राजाके सुन्दर भवनमें रत्नमंचपर सोती हुई, नतांगी और श्वेतनेत्रवाली कृशोदरी वह सुन्दरी स्वप्नमें यह देखती है, जो मदजल झर रहा है और जिसपर

---

५. १. AP णव°। २. P adds after this : जहिं दीसइ तहिं खेयरह केलु, जहिं दीसइ तहिं सुरवरहिं मेलु। ३. A मंडव। ४. P चलचिंधु चवलु। ५. AP सिरिविविहफारु।

६. १. AP विजयमंदिरे। २. A छडओवरी; P तुच्छओयरी। ३. AP इमं।

गयं गलियमयजलं भमियभिंगकोलाहलं ।
विसं रसियपेसलं खरखुरग्गखयभूयलं । ५
कराळणहभइरवं कयरवं च कंठीरवं ।
कुसेसयणिवासिणिं [4]सिरिमुविंदसीमंतिणिं [6] ।
पसूयसरयमालियं भमँरपंतियाकालियं ।
विहुं विहियजामिणिं खरयरं खचूडामणिं ।
झसाण जुयलं चलं कुडजुयं ससंकामलं । १०
सरोरुहसरोवरं मयरमंदिरं गज्जिरं ।
महंदपवरूढयं रयणचित्तियं पीढयं ।
पुरंदरणिहेलणं भवणमुज्जलं भावणं ।
महारयणरासियं सिहिणमुरुसिहुब्भासियं ।
घत्ता—इय पेच्छिवि ताए रायहु गंपि [10]समासियउं ॥ १५
सिविणियफलु [11] तेण कंतहि कंतें भासिउं ॥६॥

७

जस्स छत्तत्तयं जस्स लोयत्तयं ।
वहइ दासित्तणं कुणइ गुणकित्तणं ।
मणिमयरकुंडलो जस्स आहंडलो ।
विविवि णवकुवलयं णवइ कमकमलयं ।
सो तुहं तणुरुहो चंडि होही सुहो । ५
देवदेवो जिणो खंतिपोमिणिइणो ।

मँडराते हुए भ्रमरोंका कोलाहल हो रहा है, ऐसा मदगज, गर्जनामें बड़ा चतुर और तीव्र खुरोंके अग्रभागसे भूतल खोदता वृषभ, विशाल नखोंसे भयंकर, शब्द करता हुआ सिंह, विष्णुकी पत्नी और कमलमें निवास करनेवाली लक्ष्मी, भ्रमरपंक्तिसे शोभित पुष्पमालाएँ, रात्रिको विहित करनेवाला चन्द्रमा, आकाशका चूड़ामणि सूर्य, मत्स्योंका चंचल युगम; चन्द्रमाकी तरह स्वच्छ कुम्भयुगम, कमलोंका सरोवर, गरजता हुआ समुद्र; सिंहोंपर आरूढ़, रत्ननिर्मित आसन (सिंहासन), इन्द्रका निकेतन, उज्ज्वल भावन-भवन ? (यहाँ नाग लोकका उल्लेख नहीं है); महारत्नराशि और प्रचुर ज्वालाओंसे भास्वर अग्नि ।

घत्ता—यह देखकर उसने जाकर राजासे निवेदन किया । उसने भी अपनी कान्ताको स्वप्नोंका फल बताया ॥६॥

७

हे सुन्दरी, जिनके तीन छत्र हैं, तथा त्रिलोक जिनका दासत्व वहन करता है और गुण कीर्तन करता है, मणिमय मकराकृति कुण्डलोंवाला इन्द्र, नवकमल अर्पित कर जिनके चरणकमलों की वन्दना करता है, ऐसे वह शुभ देव देव, शान्तिरूपी कमलिनीके लिए सूर्य, जिन तुम्हारे पुत्र होंगे । बुद्धि कान्ति श्री लक्ष्मी कीर्ति ह्री, गर्भशोधन करनेवाली देवांगनाएँ आयीं मत्तगजगामिनी

---

४. P °णिवासिणी । ५. A सिरि उविंद° । ६. P °सीमंतिणी । ७. AP भवर° । ८. A मयंदसुर°; P मइंदसिर° । ९. AP रयणणिम्मियं । १०. P समासिउं । ११. AP सिविणय° ।

बुद्धि [1]कंती सिरी लच्छि [2]कित्ती [3]हिरी।
गब्भसुद्धीयरी अमरवरसुंदरी।
मत्तगयगामिणी राइणो सामिणी।
ताहिं संसेविया तित्थणाहंबिया।
दुक्खपक्खक्खया हेमवुट्ठी कया।
वित्तएणं सयं जाव छम्मासयं।
आइमासंतरे किण्हे[4]पक्खंतरे।
अट्ठमीवासरे रविकिरणभासुरे।
रिक्खए रूढए उत्तरासाढए।
माउयासंगओ गब्भवासं गओ।
तत्थ जंभारिणा वेरिसंधारिणा।
मणिकणं पैई [5]पुंजियं दंपई।
सोलकोडीसमे वारिहीणं गमे।
णाणविद्धंसयं पल्लचोत्थंसयं।
संजमे संमए णट्ठए धम्मए।
पुप्फदंतंतरे [6]आहसासे धरे।
छीणमालंछणे बारसिल्ले दिणे।
णंददेवीसुओ विस्सजोए हुओ।
तांव संतोसिओ आगओ कोसिओ।
अग्गि वाऊ [7]सही दंडधारोवही [8]।
रिंछवाहो परो वारुणोसामरो।
सोमसंखाहिवो सूलपाणी भवो।
चमर वइरोयणो भाणु भयलंछणो।
सयल देवा खणे तूसमाणा मणे।
आगयो तं पुरं राइणो मंदिरं।

राजाकी स्वामिनी तीर्थंकरकी माताकी उन्होंने सेवा की। कुबेरने स्वयं दुखपक्षका नाश करनेवाली स्वर्णवृष्टि छह माह तक की। चैत्र माहके कृष्णपक्षके सूर्यकी किरणोंसे आलोकित अष्टमीके दिन उत्तराषाढ़ नक्षत्रके रूढ़ होनेपर, वह माताके उदरमें गर्भवासको प्राप्त हुए। उस अवसरपर शत्रुओं का संहार करनेवाले इन्द्रने स्वामीको मानकर दृढ़रथ —तिकी पूजा की। नौ करोड़ प्रमाण सागर, समय बीतनेपर, तथा पल्यके चौथाई भाग तक (जन्मके पूर्व) ज्ञानका विध्वंस, संयम और सम्यक्त्व और धर्मका नाश होनेपर पुष्पदन्तके बाद माघ कृष्ण द्वादशीके दिन उत्तराषाढ़ नक्षत्रके विश्वयोगमें नन्दादेवीको पुत्रकी उत्पत्ति हुई। इन्द्र अत्यन्त सन्तुष्ट होकर आया, अग्नि वायु और इन्द्रसे भयभीत यम रीछपर सवार एक और देव, वारुण सामर कुबेर शूलपाणि शिव चामर वैरोचन सूर्य और चन्द्र आदि सभी देवता मनमें सन्तुष्ट होकर, राजाके उस घर आये।

७. १. A कित्ति। २. A कंति। ३. AP हिरी। ४. P भामिणी। ५. A कण्हपक्खंतरे। ६. AP पई। ७. AP पुज्जिओ दंपई। ८. A °विद्धंसियं। ९. A संयमे। १०. A छीलमालंछणे but records a *p* in second hand : झीणमयलं छणं इति वा पाठः। ११. सिहो। १२. A विही। १३. A वारुणो सामरो। १४. A आगयं तं पुरं।

घत्ता—उत्तुंगु सुवंसु कणयच्छवि गहभालियउ ॥
जिणमेरु सुरेहिं मेरुगिरिहि संचालियउ ॥७॥

८

तम्मि सेलसिंगए पंडुपत्थरंगए।
वंदिओ[2] जसंसिओ वज्जिणा णिवेसिओ।
धम्मतित्थरायओ दुक्खतोयपोयओ।
सीयलेण सीयलो वारिणा गुणामलो।
सिंचिओ महुच्छवे देवदुंदुहीरवे। ५
देहदित्तिपिंगलं सव्वलोयमंगलं।
णीयबालकंदलं चारु सच्छविच्छुलं[3]।
रायहंसमाणियं जाइ ण्हाणवाणियं[4]।
दिव्ववासवासुंदरे भिंगरस्स कंदरे।
कक्करे विलंबियं चंचरीयचुंबियं। १०
किंणरेहिं वंदियं दाणवाहिणंदियं।
संचुयं[5] लयाहरे णायसुंदरीसिरे।
भग्गतोंडमंडणं पावपंकखंडणं।
झत्ति धावमाणयं धोयदंतिदाणयं।
सित्तखेयरीयरं अक्खकीलियाहरं[6]। १५

घत्ता—जं एम्व वहंतु भरइ सिहरिविवरंतरइं ॥
तं जिणण्हाणंबु हुणउ भवियजम्मंतरइं[7] ॥८॥

घत्ता—जो ऊँचा है, सुवंशवाला और स्वर्ण आभावाला है, ग्रहोंसे घिरा हुआ है, ऐसे जिनश्रेष्ठको ग्रहण कर देवेन्द्र सुमेरुपर्वतके लिए चल पड़े।७॥

८

वहाँ शैल शिखरके पाण्डुकशिलाके अग्रभागपर, यशसे अंकित वन्दनीय जिनवरको इन्द्रने स्थापित कर दिया। देवताओंके नगाड़ोंकी ध्वनियोंसे युक्त महोत्सवमें धर्म तीर्थंराज दुखरूपी जलके लिए जहाज स्वरूप शीतलनाथका शीतलजलसे अभिषेक किया गया। शरीरकी कान्तिसे पीला, सब लोगोंके लिए मंगलप्रद, जिसके द्वारा, नव अंकुर ले जा रहे हैं, ऐसा सुन्दर स्वच्छ और विच्छुरित तथा राजहंसोंसे सम्मानित, दिव्यवासोंसे सुन्दर, ऐसा महाभिषेकजल गिरि कन्दराओंमें विलीन हो गया। भ्रमरोंके द्वारा चुम्बित, किन्नरोंके द्वारा वन्दनीय दानवोंके द्वारा अभिनन्दनीय लतागृहोंमें नागसुन्दरियोंके सिरोंपर च्युत, भग्नमुखोंके लिए अलंकार स्वरूप, पापरूपी कीचड़को काटनेवाला, शीघ्र दौड़ता हुआ, हाथियोंके मदजलोंको धोनेवाला, विद्याधरियोंके वरोंको अभिषिक्त करनेवाला इन्द्रियोंका क्रीड़ा घर।

घत्ता—जब इस प्रकार वह अभिषेक जल भरत क्षेत्र और पहाड़ोंके विवरोंमें बहता है तो वह सैकड़ों होनेवाले जन्मान्तरोंको नष्ट कर देता है ॥८॥

---

८. १. A पत्थरंगए। २. P वंदिउं। ३. A °मविच्छलं। ४. A ण्हवणपाणियं; P ण्हवणवाणियं। ५. A संथुयं। ६. A जक्ख°; P अक्ख°; T अक्ख°। ७. A जिणवरण्हाणंबु।

९

तं सइं हेट्ठामुहुं जइ वि जाइ उद्धुद्धु तो वि भव्वाइं णेइ ।
सक्केण करिवि अहिसेयमद्दु आणिउ जिणपुंगमु रायभद्दु ।
णिहियउ महएविहि पाणिपोमि णं इंदिंदिरु पप्फुल्लपोमि ।
वंदिवि कुमारु भावें तिणाणि गउ सग्गावासहु कुलिसपाणि ।
जायउ जुवाणु देवाहिदेउ किं वण्णमि रूवें मयरकेउ ।
जसु एक्कु वि देहावयउ णत्थि मेसेंहु उवमिज्जइ केंव हत्थि ।
किं जिणहु अण्णु उवमाणु को वि कइयणु जंपइ धिट्ठिमइ तो वि ।
हेमच्छवि संगरभीसणाइं तणुमाणें णवइ सरासणाइं ।
पुव्वहं तरुणत्तें परिवडंति जा पंचवीससँहसाइं जंति ।
करिवसहविमाणावाहणेण तावावेप्पिणु हरिवाहणेण ।
अहिसिंचिवि देवइ पट्टु बद्ध णारीयणणेहें सो वि बद्धु ।
महि भुंजंतहु पुव्वहं गयाइं पण्णाससहासइं णिग्गयाइं ।
तेणेक्कहिं दिणिकीलावणंति कीलंतें णवकमलोयरंति ।

घत्ता—खरदंडकरंडि पिंडियतणु करलालियउ ।
णं सिरिताविच्छु मुउ छप्पएणु णिहालियउ ॥९॥

९

यद्यपि वह स्वयं नीचा मुख करके जाता है, फिर भी भवोंको ऊपरसे ऊपर ले जाता है। अभिषेक कल्याण करनेके बाद इन्द्र उन्हें राजभद्र नगर ले आया। उन्हें महादेवीके करकमलमें इस प्रकार दे दिया, मानो खिले हुए कमलपर भ्रमर हो। तीन ज्ञानके धारी कुमारकी वन्दना कर इन्द्र अपने निवास स्वर्ग चला गया। देवाधिदेव युवक हो गये, रूपमें कामदेवके समान उनका क्या वर्णन करूँ परन्तु कामको एक भी शरीरावयव नहीं है। मेषसे हाथीकी तुलना किस प्रकार की जाये? क्या जिनका कोई दूसरा उपमान है? फिर भी धृष्टमति कविजन तब भी उपमान कहता है। स्वर्णके समान कान्तिवाले वह शरीरके मानसे युद्धमें भयंकर नब्बे धनुषके बराबर थे। तरुणाईमें जब पचीस हजार पूर्व वर्ष बीत गये, तो हाथी, बैल और विमानोंको वाहन बनानेवाले इन्द्रने आकर—अभिषेक कर उन्हें राजपट्ट बाँध दिया। वह स्वयं भी भारी स्नेहमें बँध गये। इस प्रकार धरतीका उपभोग करते हुए उनके पचास हजार वर्ष बीत गये। एक दिन क्रीड़ावनमें क्रीड़ा करते हुए कमलके भीतर उन्होंने—

घत्ता—कमल कोशमें करसे लालित और गोल शरीर मरा हुआ भ्रमर देखा मानो तमाल वृक्षका पुष्प हो ॥९॥

---

९. १. AP भवियाइं । २. P °पुंगवु । ३. A मसयहु । ४. A °राइसाइं होंति । ५. A °विवाणावाहणेण । ६. A माणेंतहु । ७. A हुयाइं । ८. P ताणेक्कहि । ९. A तं सिरिं ।

१०

जं दिट्ठु[1] मओ महुयरु सणालि मयरंदालुद्धउ आरणालि ।
ता चिंतइ जिणु सिरिरसवसाहं अलिविहि होसइ अम्हारिसाहं ।
हो धिगिधिगत्थु धणु घरु कलत्तु जणु सयलु मोहमइराइ मत्तु ।
खणि णच्चइ खणि गायइ सरेहिं खणि रोवइ उरु ताडइ करेहिं ।
खणि णिद्धणु खणि विहवठिउ थाइ उत्ताणणु गव्वेण जाइ[2] । ५
हउं सुकइ सुहडु हउं चाइ भोइ हउं सूहउ हउं णिप्फण्णजोइ[3] ।
हउं चंगउ एव्व भणंतु मरइ जोणीमुहेसु संसरइ सरइ ।
जहिं जहिं उप्पज्जइ तहिं जि बंधु अण्णाणछण्णु णउ णियइ अंधु ।
सहुं जाइ ण परियणसयणसत्थु संसारि णे[4] कासु वि को वि एत्थु ।
भासंतइं संजयसम्मयाइं[5] ता पत्तइं सुरवरगुरुसयाइं । १०
अणुकूलिउ तेहिं तिलोयणाहु तांवाइव सामरु अमरणाहु ।
तें ण्हवणु करिवि पहु महिउ जेंव हउं जडु कइ किंकिरें[6] कहमि तेंव ।

घत्ता—णियगोत्तहियत्तु पुणु पुणु हियवइ भावियउ ॥
संताणि सडिभु णरणाहेण णिरूवियउ ॥१०॥

१०

जब उन्होंने नाल सहित कमलमें मकरन्द (पराग) के लोभी भ्रमरको मरा हुआ देखा तो जिन सोचने लगे, लक्ष्मीरूपी रसके लोभी हम लोगोंकी भी भ्रमर जैसी हालत होगी। हो-हो, धन, स्त्री और घरको धिक्कार, समस्तजन मोहरूपी मदिरासे मतवाला हो रहा है। वह (जन-समूह) क्षणमें नाचने लगता है, क्षणमें स्वरोंसे गाने लगता है, क्षणमें रोता है और हाथोंसे अपने उरको पीटने लगता है। क्षणमें दरिद्र हो जाता है, और क्षणमें वैभवमें स्थित होकर अपने सिर ऊँचा कर गर्वसे चलता है। मैं सुकवि हूँ, मैं सुभट हूँ, मैं त्यागी हूँ, मैं भोगी हूँ। मैं सुभग हूँ, मैं योगी हूँ। मैं अच्छा हूँ, यह कहता हुआ मृत्युको प्राप्त होता है, और योनिके मुखोंमें रतिपूर्वक भ्रमण करता है। जहाँ-जहाँ उत्पन्न होता है, वहाँ-वहाँ बन्धको प्राप्त होता है, अज्ञानसे आच्छादित वह अन्धा कुछ नहीं देखता। परिजन और स्वजनका समूह साथ नहीं जाता। संसारमें यहाँ कोई किसीका नहीं है। तब संयम और सम्यक्त्वकी घोषणा करते हुए लौकान्तिक देव वहाँ आये। उन्होंने त्रिलोकनाथको तपके लिए अनुकूलित किया। इतनेमें देवोंके साथ देवेन्द्र आ गया। उसने अभिषेक कर प्रभुकी जिस प्रकार पूजा की मैं जड़कवि उसका किस प्रकार वर्णन करूँ।

घत्ता—अपने गोत्रके हितका उन्होंने मनमें बार-बार विचार किया, और नरनाथने कुल-परम्परामें अपने पुत्रको स्थापित कर दिया ॥१०॥

---

१०. १. A दिट्ठउ महुयरु मउ सणालि; P मुउ सुणालि । २. A उत्ताणणु अणु गव्वेण जाइ; P खणि उत्ताण-णाणु गव्वेण । ३. AP णिप्पण्णु । ४. A भणंति । ५. AP ण कोइ वि कासु एत्थु । ६. A संजय-संयमाइं; P संजयसंगमाइं । ७. A किर कह कहमि ।

११

सुक्कंकहि सिवियहि चडिवि चलिउ सुरयणु जयजय पभणंतु मिलिउ ।
ओईण्णु सहेउयवणि महंतु चरियावरणइं कम्मइं खवंतु ।
माहम्मि मासि तिमिरेण कालि बारहमइ दिणि जायँइ वियालि ।
छट्ठोववासु सड्ढइ करेवि सहुं रायसहासें दिक्ख लेवि ।
५ अवरहि दिणि णहयलल्लग्गसिहरु भिक्खाइ पइट्ठु अरिट्ठणयरु ।
णउ भक्खइ पलु णियपत्तपडिउ । णउ परिहइ चीवरु रंगरिद्धु वहु का वि भणइ णउ देहि णारि ।
घत्ता—णउ धरइ पिणाउ णउ फणिकंकणु फुरियकरु ॥
१० हुंकारु ण देइ णउ उच्चारइ गेयसरु ॥११॥

१२

णउ णडइ ण दावइ ढक्कसद्दु वहु का वि भणइ णेउ एहु रुद्दु ।
सुरवहुरएण रइयाइं जाइं चयणाइं णत्थि चत्तारि ताइं ।
णउ कहइ वेउ पसुहणणडंभु वहु का वि भणइ णेउ एहु बंभु ।
वहु का वि भणइ णेउ चक्कपाणि ण पलंजइ दाणवपाणहाणि ।
५ णारायणु एहु ण होइ माइ जाणमि विक्खायउ भुवणभाइ ।

११. १. AP सुक्कक्कइ । २. A ओयण्णु; P अवइण्णु । ३. P बारहवइ । ४. A जायउ । ५. P सद्धइ । ६. P फलु । ७. A णियपत्ति पडिउ । ८. A °रिद्दु ।
१२. १. P णहु । २. K प्राणहाणि । ३. AP जाणिमि ।

अरहंतु भडारउ दोसमुक्कु घरँपंगणि पंगणि जाव ढुक्कु ।
अब्भागयवित्तिवियाणएण ता णविवि पुणव्वसुराणएण ।
तहु किउ भोयणु पासुयविहीइ णिवँ संपीणिउ अक्खयणिहीइ ।
णिवँसिरि कुसुमाइं णिवाइयाइं सुरणिर्यरहिं तूरइं वाइयाइं ।

घत्ता—संवच्छर तिण्णि छम्मत्थु जें महि हिंडियउ ॥ १०
विल्लहुँ तलि देउ घाइचउक्कें छड्डियउ ॥१२॥

१३

तंबायउ सुरयणु करइ थोत्तु संभरइ विरुद्धउ जिणचरित्तु ।
जइ तुहुं गोवालु णियारिचंडु तो काइं णत्थि करि तुज्झ दंडु ।
जइ पइं कुडिलत्तणु मुक्कु ईस तो काइं तुहारा कुडिल केस ।
जइ तुहुं संसारहु णिरु विरत्तु तो किं तेरँउ इहु अहरु रत्तु ।
जइ तुहुं मुक्कउ संगग्गहेण तो किं तुह तिजगपरिग्गहेण । ५
जइ तैं विद्धंसिउ सयलु कामु तो किं तुहुं पुणु संपण्णकामु ।
जइ तुहुं सामिय संजमपयासि तो किं कँसु कमल्लहु उवरि देसि ।
तुह णाहासियइं ण जइ पडंति तो किं एयइं चमरइं पडंति ।

हूँ। इतनेमें दोषोंसे मुक्त भट्टारक अरहन्त घरोंके आँगन-आँगनमें पहुँचे। तब अभ्यागतकी वृत्तिके जानकार राजा पुनर्वसुने प्रणाम कर प्रासुक विधिसे उन्हें भोजन कराया। राजा अक्षय निधिसे प्रसन्न हो गया। राजाके सिरपर कुसुम गिर गये। देवोंके द्वारा तूर्य (नगाड़े) बजाये गये।

घत्ता—तीन वर्ष तक वह छद्मस्थ भावसे धरती पर घूमे फिर बेल वृक्षके नीचे स्वामी वह चार घातिया कर्मोंके द्वारा छोड़ दिये गये ॥१२॥

१३

तब देवसमूह आकर स्तुति करता है और विरुद्धरूपमें (विरोधाभास शैली) जिनचरित्रका स्मरण करता है, "यदि तुम अपने शत्रुके लिए प्रचण्ड (कर्मरूपी शत्रुके लिए प्रचण्ड) गोपाल (ग्वाला, इन्द्रियोंके संयमके पालक) हो, तो तुम्हारे हाथमें दण्ड क्यों नहीं है ? हे ईश, यदि तुमने कुटिलताको छोड़ दिया है, तो तुम्हारे केश कुटिल क्यों हैं ! यदि तुम संसारसे एकदम विरक्त हो, तो तुम्हारे अधर अधिक रक्त क्यों हैं ? यदि तुम परिग्रहके आग्रहसे मुक्त हो तो तुम्हें तीनों लोकों-के परिग्रहसे क्या ? यदि तुमने समस्त कामको ध्वस्त कर दिया है, तो तुम सम्पन्न काम क्यों हो ? हे स्वामी, यदि तुम संयमका प्रकाशन करनेवाले हो तो कमलोंके ऊपर अपने पैर क्यों रखते हो ? हे नाथ, यदि तुम्हारे आश्रित लोगोंका पतन नहीं होता है, तो ये चमर तुम्हारे ऊपर क्यों

---

४. AP रायहु घरपंगणि जाव ढुक्कु । ५. AP फासुयँ । ६. AP णिव । ७. AP णिवँ । ८. A °णियरँ । ९. A वेल्लिहि तलि ।

१३. १. P has before it : णव्वावउ केवलु जयपयासि, पूसहु चउदसि पढमिल्लपक्खि । २. A गोवाल । ३. A P तेरउ अहरग्गु रत्तु । ४. A P पइं । ५. A तो पुणु किं तुह । ६. A P संपुण्णकामु । ७. A कम ।

जें पइं जि रउद्दइं दूसियाइं तो आसणि किं सीहइं थियाइं ।
जइ रयणइं तुह तिण्णि वि पियाइं तो तुहुं किर णिरलंकारु काइं ।
घत्ता—थेणत्तु णिसिद्धु जइ तुहुं तो कंकेल्लितरु ॥
अच्छरकरसोहु हरइ काइं कयदलपसरु ॥१३॥

१४

तुहुं माणुसु भुवणि पसिद्धु जइ वि माणवियपयइ तुह णत्थि तइ वि ।
जइ कासु वि पइं णउ दंडु कहिउ तो किं छत्तत्तइ फुरइ अहिउ ।
जइ रूसहि तुहुं सरमग्गणाहं तो किं ण देव कुसुमच्चणाहं ।
जइ वारिउ पइं परि घाउ एंतु तो किं हम्मइ दुंदुहि रसंतु ।
जइ पइं छड्डिय मंडलहु तत्ति तो किं पुणु भामंडलपवित्ति ।
कहिं एक्कदेसरुहु तुह महेस कहिं बहुजणभासइ मिलिय भास ।
ण वियाणविं तेरउ दिव्वचारु सोहम्माहिवइ सणंक्कुमारु ।
इय वंदिवि वेण्णि वि संणिविट्ठ देवेण सिट्ठि णीसेस दिट्ठ ।
घत्ता—एयासी तासु जाया जाणियधम्मविहि ॥
गणहर गणणाह गुरुयण गुरुमाणिक्ककणिहि ॥१४॥

पड़ते हैं ? यदि रौद्र लोग तुम्हारे द्वारा दूषित कर दिये गये हैं, तो फिर तुम्हारे आसनमें सिंह क्यों हैं। यदि तुम्हें तीन (सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र) प्रिय हैं, तो तुम अत्यन्त निरलंकार क्यों हो ?

घत्ता—यदि तुमने चोरीका निषेध किया है तो तुम्हारा अशोक वृक्ष अपने पत्ते फैलाकर अप्सराओंकी शोभाका अपहरण क्यों करता है ॥१३॥

१४

यद्यपि तुम विश्वमें प्रसिद्ध मनुष्य हो, फिर तुम्हारी प्रकृति मानवीय प्रकृति नहीं है। यदि तुमने विश्वमें किसीके लिए दण्ड नहीं कहा, तुम्हारे छत्रत्रयमें वह अधिक क्यों चमकता है ? यदि तुम कामदेवके बाणोंसे अप्रसन्न होते हो, तो हे देव, पुष्पोंकी पूजासे तुम अप्रसन्न क्यों नहीं होते हो ? यदि तुमने दूसरेपर आघात करना मना कर दिया है तो बजते हुए नगाड़ोंपर आघात क्यों किया जाता है ? यदि तुमने मण्डलों (-देशों) में तृषिका परित्याग कर दिया है तो फिर तुममें भामण्डलोंकी प्रवृत्ति क्यों है ? एक देशमें उत्पन्न होनेवाले महेश, तुम कहाँ, और बहुजनोंकी भाषासे मिली हुई तुम्हारी भाषा कहाँ ? हम तुम्हारे दिव्य आचरणको नहीं जानते।" सौधर्म और सानत्कुमार स्वर्गोंके इन्द्र, इस प्रकार वन्दना कर दोनों बैठ गये। देव (शीतलनाथ) ने समस्त सृष्टिका कथन किया।

घत्ता—उनके धर्मविधिको जाननेवाले और गुरुरूपी माणिक्य निधिवाले महान् इक्यासी गणोंके स्वामी गणधर हुए ॥१४॥

---

८. A जइ; P जं। ९. A P तो तुह।

१४. १. A माणसु। २. A P देंतु। ३. A हम्मइ किं। ४. A एक्कदेस तुह तुहु महेस; P एक्कदेस तुहुं तुहुं महेस। ५. A किं बहुजणभासइ; P किं बहुजणभासहि। ६. A P सणंकुमारु।

१५

महरिसिहिं महाचरणायराहं चउदहसय पुव्वंगोहराहं ।
एक्कूणसट्ठिसहसइं सयाइं दुइ सिक्खहुं सिक्खोवहि रयाइं ।
भयसहसइं दोसय सावहीहिं पुणु सत्तसहासइं केवलीहिं ।
बारहसहसइं वेउव्वियाहं इच्छियइं सरूवइं होंति जाहं ।
पंचेव ताइं णयसयजुयाइं मणपज्जयवंतहं संथुयाइं । ५
सयसत्तपमाणुज्जोइयाहं तहु पंचसहासइं वाइयाहं ।
इय एक्कु लक्खु जायउ जईहिं लक्खाइं तिण्णि वरसंजईहिं ।
सावयहं लक्ख दो सुहमईहिं चउरि लक्ख जहिं सावईहिं ।
तेहिं देवहं बुज्झिय केण संख संखेज्ज तिरिय इयसंककंख ।
भाभासुरु भव्वंभोयभाणु सहुं एत्तिएहिं महि विहरमाणु । १०
सो पुव्वसहासइं पंचवीस अतिवरिसइं उम्मोहेवि सीस ।
संमेयसेलि हल्लंततालि सहुं भिक्खुसहासें हरिणवालि ।
सतवप्पहावपरिवियलियासु थिउ देहविसग्गें एक्कु मासु ।

घत्ता—आसोइ पवण्णि पुव्वासाढसिरंहमिहि ॥
अवरण्हइ सिद्धु थिउ मेइणियहि अट्ठमिहि ॥१५॥ १५

१५

महान् आचरणको धारण करनेवाले और पूर्वांगधारी महर्षि चौदह सौ थे। शिक्षा-विधिमें रत शिक्षक उनसठ हजार दो सौ, अवधिज्ञानी सात हजार दो सौ, केवलज्ञानी सात हजार, इच्छित रूप धारण करनेवाले विक्रिया ऋद्धि-धारक बारह हजार, मनःपर्ययज्ञानके धारक सात हजार पाँच सौ, वादी मुनि पाँच हजार सात सौ थे। इस प्रकार एक लाख मुनि थे। श्रेष्ठ संयमवाली आर्यिकाएँ तीन लाख थीं। दो लाख श्रावक और चार लाख श्राविकाएँ थीं। वहाँ देवोंकी संख्या कौन जान सका। शंका और आकांक्षासे रहित तिर्यंच संख्यात थे। प्रभासे भास्वर और भव्यरूपी कमलोंके लिए सूर्यके समान जिन, इन लोगोंके साथ धरतीपर विहार करते हुए, तीन वर्ष कम, एक हजार पचीस वर्ष पूर्व तक मिथ्यादृष्टि शिष्योंको सम्बोधित कर, आन्दोलित ताल वृक्षोंवाले, और मृगोंका पालन करनेवाले वे सम्मेदशिखर पर्वतपर पहुँचे। एक हजार मुनिके साथ, अपने तपके प्रभावसे आशाओंको गलानेवाले वह, एक माहके लिए प्रतिमायोगमें स्थित हो गये।

घत्ता—आश्विन शुक्ला अष्टमीके दिन पूर्वाषाढ़ नक्षत्रमें अपराह्णके समय वे आठवीं भूमि (सिद्धशिला) में जाकर स्थित हो गये ॥१५॥

---

१५. १. AP पुव्वंगायराहं । २. A सिक्खावइ थियाइं; P सिक्खाधहि रियाइं । ३. A बारहसयाइं । ४. A पंचेव ताइं णवसंजुयाइं; P सत्तेव ताइं णयसंजुयाइं । ५. A reads *a* as *b* and *b* as *a* । ६. A उम्मोहिय वि सीस । ७. A भिक्खसहासें । ८. A सियछट्ठिमिहि । ९. A मेइणियइ ।

१६

वज्जट्ठितुलाघणघडियगेहु सिहिदेवहिं दड्ढउ देवदेहु ।
अवरेक्कहिं फुल्लइं घल्लियाइं अण्णहिं कव्वइं उल्लेसियाइं ।
अवरेक्कहिं किउ जयणंदघोसु अण्णहिं णच्चिउं मणणयणतोसु ।
अवरेक्कहिं थुउ संसारहारि अण्णहिं हयै झल्लरि पडह भेरि ।
५ अवरेक्कहिं पैणमिउ मोक्खगामि अण्णहिं वंदिय जिणसिद्धभूमि ।
अण्णहिं अण्णण्णइं साहियाइं वाहणइं मेहवहिं वाहियाइं ।
गय णियणिलयहु सुर विहवफार जिणगुणकहरंजियहिययसार ।
गयणयलि चरंति चवंति एंव जगि कम्मबंधु को महइं एंव ।

घत्ता—णिक्किरिउ करिवि मणवयणंगइं परिहरिवि ॥
थिउ सीयलसामि मोक्खमहापुरि पइसरिवि ॥१६॥

१७

पसियउ परमेसरु परमसमणु अम्हेहं वि तहिं जि संभवउ गमणु ।
पुणु अक्खइ गणहरु सेणियासु सम्मत्तरयणरुइसेणियासु ।
गयलेसि परिट्ठिइ णाणसेसि णिव्वाणु पराइउ सीयलेसि ।
तित्थंति तासु विच्छिण्णधम्मु पसरिउ जणवइ रयमइलु कम्मु ।
५ विणु वत्तारयसोयारएहिं भव्वेहिं भवण्णवतारएहिं ।

१६

वज्रर्षभनाराच संहननसे गठित शरीरवाले देवके देहको अग्निकुमार देवोंने जला दिया। कुछ देवोंने फूलोंकी वर्षा की, कुछ और देवोंने काव्योंका उच्चारण किया। कुछ और देवोंने 'जय' और 'बढ़ो'का घोष किया। कुछ और देवोंने मन और नेत्रोंको आनन्द देनेवाला नृत्य किया। कुछ और देवोंने संसारका नाश करनेवाले उनकी स्तुति की। कुछ और देवोंने झल्लरी, पटह और नगाड़ोंको बजाया। कुछ और देवोंने मोक्षगामी उन्हें प्रणाम किया, कुछ और देवोंने जिनसिद्ध भूमिकी वन्दना की। दूसरोंने दूसरोंसे कुछ-कुछ कहा और आकाशपथमें वाहनोंको चलाया। वैभवके विस्तारसे युक्त तथा जिनके गुण-कथनसे अपने हृदयको रंजित करनेवाले देव अपने-अपने विमानों-में चले गये। वे आकाशतलमें चलते हैं और कहते हैं कि विश्वमें कौन इस प्रकार कर्मोंका नाश करता है।

घत्ता—मन, वचन और शरीरको छोड़कर और निष्क्रिय होकर शीतल स्वामी मोक्षरूपी महानगरीमें प्रवेश करके स्थित हो गये ॥१६॥

१७

परमेश्वर परमश्रमण प्रसन्न हों कि जिससे हमारा भी वहाँ गमन सम्भव हो। पुनः गौतम गणधर सम्यक्त्वरूपी रत्नकी कान्तिपरम्परावाले राजा श्रेणिकसे कहते हैं, "लेश्यासे रहित, ज्ञानशेष शीतलनाथके निर्वाण प्राप्त कर लेने पर उनके तीर्थके अन्तमें वक्ताओं, श्रोताओं और संसार रूपी समुद्रसे तारनेवाले भव्योंके बिना, धर्मसे विच्छिन्न और पापसे मलिन कर्म फैल गया। जो

---

१६. १. AP अयणंदिघोसु । २. A झल्लरि हूय पडह । ३. AP कय बहुविहविहूइ । ४. AP जिणदेहभूइ । ५. AP चवंति । ६. A मुयइ ।

१७. १. A परमसरणु । २. A अम्हइं । ३. AP भवंतरं ।

पुरगामणयरसोहाणिवेसि मलययसुरहिइ तहिं मलयदेसि ।
पडिवक्खलक्खसंजणियतासु भद्दिलपुरि सिरिभद्दावयासु ।
कालें जंतें कुलगयणचंदु घणरहु णामें जायउ णरिंदु ।
णीहारसरिसजसविमलकंति तहु सच्चकित्ति णामेण मंति ।
अत्थाणमज्झि पवविट्ठु राय एक्कहिं दिणि दाणालाव जाय । १०

घत्ता—आहासइ रुद्दु भूरिसम्मु जिणधम्मचुउ ॥
सालायणमुंडु णामें अण्णु वि जॉसु सुउ ॥१७॥

१८

गोदाणभूमिदाणंतराइं कच्चोलइं थालइं मणहराइं ।
सोवण्णइं रयणइं अंबराइं फलछेत्तइं धवलहरइं पुराइं ।
हय गय रहवर पीणत्थणीउ कण्णा कलवीणालावणीउ ।
वरदब्भपवित्तंकियकराहं जो देइ णरेसर दिएसराहं ।
सो कणयविमाणहिं विण्हुलोउ संपावइ माणइ दिव्वु भोउ । ५
तं णिसुणवि पभणइ सच्चकित्ति कहिं कामुउ कहिं परलोयवित्ति ।
कहिं णिंबहु कहिं अंबयफलाइं कहिं खरयरसिल कहिं सयदलाइं ।
कहिं खीरु मधुरु कहिं राइयाउ बंभणमइउ कुविवेइयाउ ।
मग्गइ मंचउ वरभूमि हेमु मग्गइ कुमारि भुंजइ सकामु ।
मुइ छिंभइ उयरु हणंतु रडइ अण्णाणिउ भवसंसारि पडइ । १०

पुरों, गाँवों और नगरोंकी शोभाका निवेश है तथा मलयज सुरभिसे युक्त है, ऐसे मलय देशके भद्रिलपुर नगरमें लाखों प्रतिपक्षोंको संत्रास उत्पन्न करनेवाली लक्ष्मी और कल्याणका घर, अपने कुलरूपी गगनका चन्द्रमा धनरथ नामका राजा हुआ। उसका, नीहारके समान यश और विमलकान्ति वाला सत्यकीर्ति नामक नया मन्त्री हुआ। एक दिन जब राजा अपने दरबारमें बैठा हुआ था, उसकी दानके बारेमें बातचीत हुई।

घत्ता—जिन धर्मसे च्युत रौद्रभाव धारण करनेवाला भूरिशर्मा, और उसका शालायन मुण्ड नामका पुत्र, कहता है ॥१७॥

१८

गोदान भूमिदानादि, पानपात्र, सुन्दर थालियाँ, स्वर्ण, रत्न और वस्त्र, फल, क्षेत्र, धवल गृह और पुर, अश्व गज रथवर पीनस्तनी वीणाकी तरह सुन्दर आलाप करनेवाली कन्याएँ, जो अपने श्रेष्ठ दर्भमुद्रिकासे अंकित हाथोंसे, हे राजन्! ब्राह्मणेश्वरोंको देता है, वह स्वर्णविमानोंसे विष्णुलोक जाता है और दिव्य भोगका आनन्द लेता है। यह सुनकर सत्यकीर्ति कहता है—'कहाँ कामुक, और कहाँ परलोक वृत्ति? कहाँ नीम और कहाँ आम्रके फल? कहाँ कठिन शिला, और कहाँ कमलदल? कहाँ सुन्दर खीर, और कहाँ राजिका? ब्राह्मणकी बुद्धि खोटे विवेकसे भरी हुई है। वह मंच, वरभूमि और सोना माँगता है, वह कुमारी माँगता है, और सकाम भोग करता है। पुत्रके मरने पर पेट पीटता हुआ रोता है; और इस प्रकार अज्ञानी संसारमें भ्रमण करता है।

---

४. AP तासु ।

१८. १. P गय हय । २. A °लावणीउ । ३. AP णरेसु । ४. AP संपावइ । ५. AP मग्गइ वरु मंचउ भूमि हेमु ।

घत्ता—भक्खइ मृगमासु सुज्झइ पिप्पलफंसणिण ॥
णिउ णरयहु लोउ णिग्घिणबंभणसासणिण ॥१८॥

१९

अण्णाणिणि पसु पुण्णेण रहिय बंधणताडणदुक्खेण गहिय ।
जा गाइ चरंति अभेज्जु खाइ सा किं संफासें सुद्धि देई ।
पाणिउ तणुसंगें होइ मुत्तु सोत्तिय तं वुच्चइ किह पवित्तु ।
कयप्पाणिवग्गणिप्पाणियाइ किं एयइ धुत्तकहाणियाए ।
जइ देइ देउ तो होउ चाइ कुच्छियदाणें सग्गहु ण जाइ ।
दिज्जइ सुपत्तु जाणिवि सणाणु सुय भेसहु अभयाहारदाणु ।
भाविज्जइ जीवदयालु भाउ पुज्जिज्जइ सामिउ वीयराउ ।
णियमिज्जइ कुवहि चरंतु चित्तु वज्जिज्जइ परधणु परयत्तु ।
घत्ता—जसु दिण्णइ दाणि होइ महंतु अणंतु फलु ॥
तं उत्तमु पत्तु पणवंतहं परियलइ मलु ॥१९॥

२०

जे वज्जियपुत्तकलत्तणेह दुद्धरमलपडलविलित्तदेह ।
अपरिग्गह जे गिरिगहणणिलय भयलोहमोहमयमाणविलय ।
जे णिवडिय भव्वुद्धरणलील उवसग्गपरीसहसहणसील ।

घत्ता—वह पशुका मांस खाता है और पीपल वृक्षको छूनेसे अपनेको शुद्ध करता है। निर्दय ब्राह्मण-शासनके द्वारा लोग नरकमें ले जाये जाते हैं ? ॥१८॥

१९

वह मात्र अज्ञानी और पुण्यसे रहित है। बन्धन ताड़न और दुःखसे गृहीत है। जो गाय जब चरती है तो अभक्ष्य खाती है, वह स्पर्शसे शुद्धि कैसे दे सकती है, शरीरके संगसे पानी मूत बन जाता है, फिर ब्राह्मण उसे (मूतको) पवित्र कैसे कहता है ? जिसमें प्राणीवर्गको निष्प्राण किया जाता है ऐसी इस धूर्तकथासे क्या ? यदि देव देता है, तो त्यागसे क्या ? खोटे दानसे वह स्वर्ग नहीं जा सकता ? ज्ञानपूर्वक सुपात्रको जानकर शास्त्र औषधि अभय और आहारदान देना चाहिए। जीवोंके प्रति दयाभावकी भावना करनी चाहिए। वीतराग स्वामीकी पूजा करनी चाहिए। कुपथमें जाते हुए मनको रोकना चाहिए। परधन और पर-स्त्रीका त्याग करना चाहिए।

घत्ता—जिसको दान देनेसे महान् और अनन्त फल होता है, ऐसे उत्तम पात्रको प्रणाम करनेवालोंका मल दूर हो जाता है ॥१९॥

२०

जो पुत्र और कलत्रके स्नेहसे रहित हैं, जो दुर्धर मल पटलसे अलिप्त देह हैं, परिग्रहसे रहित जो गहन गिरिरूपी घरवाले हैं, भय लोभ मोह मद और मानको नष्ट करनेवाले हैं, जो संसारमें गिरे हुए भव्योंका उद्धारलीला वाले हैं, उपसर्ग और परीसहको सहन करनेवाले हैं, जो

---

६. AP मिगमासु । ७. AP पिप्पल° ।

१९. १. A अण्णाणि । २. A होइ । ३. AP कयपाणिवग्गणिप्पाणियाइ । ४. A एणइ । ५. A सुणाणु । ६. A परहणु । ७. पणवंतहु ।

जे अरिबंधवहुं मि समसहाव णिग्गंथ णिरंजण मुक्कगावं ।
दिज्जइ जोग्गउ आहारु ताहं मज्झण्णि पइट्ठइं मुणिवराहं । ५
सत्थेण णाणु अण्णेण भोउ फलु दाणसूरु णिव लहइ लोउ ।
अभयोसहेहिं परियलइ रोउ ण कया वि णिहालइ दुक्खजोउ ।
ता सालायणमुंडेण वुत्तु दावहि तेरउं सिद्धंतसुत्तु ।
विणु आगमेण किं तुहुं पमाणु भाणवु पायडमाणवसमाणु ।
पडिउत्तरु दिण्णउं सावएण इह सीयलपरमेसें गएण । १०
अम्हारउं सासणु णत्थि बप्प जं रुच्चइ तं तुहुं चवहि विप्प ।
णरणाहु पयंपइ तुह सुईउ दावहि दियवरदावियगईउ ।

घत्ता—ता कुणयरएण विप्पें जिणमउ णिरसियउं ॥
सइं विरइवि कव्वु आणिवि रायहु दरिसियउं ॥२०॥

२१

रइयाइं ललियाइं कव्वाइं भणिऊण देहीणं संदेहबुद्धीउ जणिऊण ।
तव्वासराओ तहिं दुट्ठहिययाइं णिद्धम्ममग्गम्मि कम्मेण णिहियाइं ।
गुरुदेवपडिकूलणुप्पण्णगाबाइं वड्ढंतसुविचित्तमिच्छत्तभावाइं ।
कयपियरमिसगसियपसुपेसिगासाइं पयलंतमहुसोमपाणाहिलासाइं ।
गोदाणभूदाणदड्ढधम्मुल्लिहाइं दिट्ठीकयण्णाणं णिविलाइं सिट्ठाइं । ५

शत्रु और मित्रमें समान स्वभाववाले हैं, निर्ग्रन्थ निरंजन और गर्वसे मुक्त हैं, मध्याह्नमें आये हुए ऐसे मुनियोंको योग्य आहार देना चाहिए। शास्त्रसे ज्ञान होता है, और अन्नसे भोग होता है। हे राजन्, दानशूर व्यक्ति संसारमें फल पाता है। अभय और औषधियोंसे रोग नष्ट होता है। और कभी भी वह दुःखका योग नहीं देखता। इसपर शालायन मुण्ड बोला—तुम अपना सिद्धान्त सूत्र बताओ, आगमके बिना तुम्हारा क्या प्रमाण ? मनुष्य तो प्राकृत मानवके समान है। तब उस श्रावकने प्रत्युत्तर दिया—परमेश्वर शीतलनाथके मोक्ष चले जाने पर हे सुभट, हमारा शासन नहीं है। हे विप्र, इसलिए तुम्हें जो कहना हो वह कहो। तब राजा घनरथ कहता है—जिसमें द्विजवरों की श्रेष्ठ गति बतायी गयी है, तुम अपने ऐसे शास्त्र बताओ।

घत्ता—तब कुनयमें रत उसने जिनमतका निरसन किया। स्वयं काव्यकी रचना कर और लाकर उसने राजाको दिखा दिया ॥२०॥

२१

रचे हुए सुन्दर काव्य कहकर, शरीरधारियोंमें सन्देह उत्पन्न कर उस दिनसे वहाँ दुष्ट हृदय कर्मके द्वारा धर्महीनमार्गमें लगा दिये गये। गुरुदेवको प्रतिकूल करनेमें जिन्हें अहंकार उत्पन्न हो गया है, जिनके सुविचित्र मिथ्यात्वभाव बढ़ रहे हैं, पितरोंके बहाने किये गये यज्ञमें जिन्होंने पशुओंकी मांसपेशियोंको खाया है। जिनमें मधु और सोमपान करनेकी इच्छा तीव्रतम

---

२०. १. AP गलियगाव । २. P पवणु; P adds after thes : वलतुलिउं णाइं तेलोक्कभवणु । ३. K नृत्त । ४. P adds: पल्लेल्लिउ पावइ सरसु भोउ । ५. AP पजंपइ ।

२१. १. A वेहेण । २. A देवगुरुकूलणुप्पणगव्वाइं; P देवगुरुपडिकूलणुप्पण्णगाबाइं । ३. A °मयमासगासाइं । ४. A पयडंत° । ५. P °सोमपाणा° । ६. A उट्ठिय° । ७. AP सिट्ठाइं ।

गुणवंतणिंदिरइं णियकुलमयंधाइं दुग्गंधरसभरियणवदेहरंधाइं ।
मयहड्डचंडिरइं पाणियसउच्चाइं हिंसाइ घडियाइं पब्भट्ठसच्चाइं ।
धरियक्खसुत्ताइं मृगचम्मचूलाइं पलासदंडाइं कासायवासाइं ।
धणधरणिघरपणइणीमोहमूढाइं छक्कम्मगंभीरजरकूवछूढाइं ।
दुद्धोट्ठदुप्पोसपोसणपयट्ठाइं सुयसत्थवित्थारविलसियमरट्ठाइं । १०
आसंबमयावेसपसरियविडंबाइं जीवंति दीणाइं बंभणकुटुंबाइं ।

घत्ता—गयसीयलदेवि भरहि जाय परपत्तविहि ॥
संपीणइ विप्पु पुप्फदंत पणवंत सिहि ॥२१॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सीयलणाहणिव्वाणगमणं णाम अट्ठेयालीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥४८॥

॥ संयलेणाहचरियं समत्तं ॥

है। गोदान और भूदानमें जिनकी तृष्णाएँ बँधी हुई हैं। जो करका अगला भाग आये हुए कृपण की तरह दिखाई देते हैं, गुणवानोंकी निन्दा करनेवाले तथा अपने कुलके लिए जो मदान्ध हैं। जिनकी नवदेह दुर्गन्ध रससे भरित है। मृगकी हड्डियोंको चाटनेवाले, पानीसे पवित्र होनेवाले, हिंसासे रचित, सत्यसे भ्रष्ट, अक्षसूत्र धारण करनेवाले, मृगचर्मसे भूषित, पलाश दण्ड धारण करनेवाले, और गेरुए वस्त्र पहिननेवाले, धन भूमि घर और प्रणयिनीके मोहसे मूढ़ छह कर्म रूपी गम्भीर पुराने कूपमें पड़े हुए, मधु और मांसके पोषणमें लगे हुए—श्रुत शास्त्रोंके विस्तारमें विलसित अहंकारवाले ब्रह्मचारी गृहस्थ वानप्रस्थ और यतिके रूपमें जो लोकको प्रवंचित करनेवाले हैं, ऐसे दीन ब्राह्मण-कुल जीवित रहते हैं।

घत्ता—शीतलनाथके निर्वाण प्राप्त कर लेने पर भरतक्षेत्रमें दूसरे पात्रोंकी विधि फैल गयी (पुष्पदंत कवि कहता है) कि आगको प्रणाम करता हुआ विप्र प्रसन्न होता है ॥२१॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका शीतलनाथ निर्वाण गमन नाम का अड़तालीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥४८॥

---

८. A मयहुंडचंडिरइं; P मयहड्डचड्डिरइं । ९. A मयचम्म°; P मिगचम्म° । १०. A दुग्धुट्ठदुघोस° । ११. AP आसवमयावेस° । १२. A अडतालीसमो । १३. AP omit the line ।

संधि ४९

दहमउ गुरु मइं तुह कहिउ देउ मोक्खमाणसरहंसु ॥
अवरु वि सुणि सेणिय भणमि एयारहमउ जिणु सेयंसु ॥ध्रुवकं॥

१

जासु ण मुक्का मारें मग्गण
जेण ण खंडणु किउ चारित्तहु
जो ण वडिउ संसारसमुद्दइ
अकयइ णिवइ पडिमारूवइ
जो णाणें पेक्खइ णीसेसु वि
जो सुक्कियमहिरुहम्महु विसहरु
जेण राउ मेल्लविय भुयंगय
भालि ण दिज्जइ जसु तिलउल्लउ

जो जाणइ जीवहं गुण मग्गण ।
तवपब्भारें णिवारित्तहु ।
मुद्दिउ जेण तिलोउ समुद्दइ ।
जासु ण रमइ दिट्ठितियरूवइ ।
पयजुयलइ णिवडइ जसु सेसु वि ।
जो पंचिंदियविसहरविसहरु ।
जासु ण पत्तावलि वि मुयंगय ।
जो अप्पणु तिहुयणि तिलउल्लउ ।

सन्धि ४९

(श्री गौतम गणधर कहते हैं)—"मैंने तुम्हें दसवें गुरु (तीर्थंकर) शीतलनाथके विषयमें बताया कि जो मोक्षरूपी मानसरोवरके हंस हैं। हे श्रेणिक, और भी सुनो—मैं ग्यारहवें श्रेयांस जिनका कथन करता हूँ।"

१

जिसपर कामदेवने अपने तीर नहीं छोड़े, जो जीवके गुणस्थानों और मार्गणाओंको जानता है। जिसने चारित्रका खण्डन नहीं किया, तपके प्रभावसे जो शत्रुभावसे रहित हैं, जो संसाररूपी समुद्रमें नहीं गिरते, जिसने अपनी मुद्रासे त्रिलोकको मुद्रित किया है। जिसकी दृष्टि, अकृत्रिम नित्य प्रतिमारूप और स्त्रीरूपमें रमण नहीं करती, जो ज्ञानके द्वारा सब कुछ देख लेते हैं, जिनके चरण युगलमें शेष संसार पड़ता है, जो पुण्यरूपी वृक्षके लिए मेघ हैं और पाँच इन्द्रियरूपी विषधरों के विषका अपहरण करनेवाले हैं, जिन्होंने रागरूपी विट को छोड़ दिया है, जिसपर टेढ़ी पत्रावली

A has, at the beginning of this Samdhi, the following stanza :—

सया सन्तो सेसो भूसणं सुद्धसीलं
सुसंतुट्ठं चित्तं सव्वजीवेसु मेत्ती ।
मुहे दिव्वा वाणी चारुचारित्तभारो
अहो खण्डस्सेसो केण पुण्णेण जाओ ॥ १ ॥

This stanza is found in P at the beginning of Samdhi L. K does not give it anywhere ।

१. १. AP मुणु । २. K तृयरूवइ । ३. P adds after this : दूरविमुक्कउ बंधविसेसु वि, सममणु बहुवणेसु णीसेसु वि. । ४. A महिजम्महु ।

जो परिहइ ण कयाइ वि कंकणु णउ फंसइ सचित्तेंचं कं कणु ।
णिच्चेलक्कु जेण पडिवण्णउं जइ वि चीरु चंगउं पडिवण्णउं ।
तो वि णं परिहइ जो णिण्णेहलु जो ढोयइ णरि णिरु णिण्णे हलु ।
तहु देवहु संचियसेयंसहु पयजुयलउ वंदिवि सेयंसहु ।

१५ घत्ता—पुणु अक्खमि तहु तणिय कह कित्ति वियंभउ महुं जगगेहि ॥
पुक्खरवरदीवंतरइ सुरदिसि मेरुहि पुव्वविदेहि ॥१॥

२

सालतमालतालतरुसंकडि सीयतरंगिणिपवरुत्तरतडि ।
कच्छउ देसु देससिरिसंकुलु वियसियकमलकोसरयपरिमलु ।
कलयलछियकलेंवि कयकलयलु दुमफुल्लासियफुल्लंधुयचलु ।
तहिं खेमउरु काइं वण्णिज्जइ जहिं पिययमु पणएं कलहिज्जइ ।
५ सरु वायरंणि णेवर संधिज्जइ तणु विरहेण ण वाहिइ झिज्जइ ।
णहवणु ण वणु जेत्थु भडभंडणि केसगहणु विंबाहरचुंबणि ।
अत्थसमप्पणि जहिं पयविग्गहु जंइयणि णउ सावज्जपरिग्गहु ।
जहिं णिण्णोसिय परमंडलवइ पासबद्ध णं घरमंडलवइ ।

भी नहीं है, जिसके भालपर तिलक नहीं दिया जाता, जो स्वयं त्रिभुवनमें तिलक स्वरूप हैं, जो कभी भी कंकण नहीं पहनते, जिनका अपना चित्त जल और बीजका स्पर्श नहीं करता, जिन्होंने अचेलकत्व (अपरिग्रहत्व) स्वीकार कर लिया है, यद्यपि वस्त्र पटो (रेशमी वस्त्र) के समान रंगवाला है, तब भी वह नहीं पहनते । जो स्नेह रहित हैं, फिर भी निम्न ऊँच मनुष्यको (स्वर्गादि) फल देते हैं, कल्याणका संचय करनेवाले देव श्रेयांसके चरणोंको वन्दना कर ।

घत्ता—फिर मैं उनकी कथा कहता हूँ कि जिससे विश्वरूपी घरमें मेरी कीर्ति फैले। पुष्करवर द्वीपकी पूर्व दिशामें सुमेरुपर्वतके पूर्व विदेह में ॥१॥

२

सीता नदीके साल तमाल और ताड़ वृक्षोंसे परिपूर्ण विशालतटपर, देश-लक्ष्मीसे व्याप्त कच्छ देश है, जिसमें विकसित कमल-कोशोंका रजमल है । धान्य विशेषके वृक्षोंपर बैठे हुए गौरेया-पक्षियोंका कलकल स्वर हो रहा है, जो वृक्षोंके फूलोंपर बैठे हुए भ्रमरोंसे चंचल हैं । उसमें क्षेमपुर नगर है । उसका क्या वर्णन किया जाय, जहाँ प्रियतमसे प्रणयमें ही कलह किया जाता है (अन्यत्र कलह नहीं है) । जहाँ व्याकरणमें ही सर (स्वर और सर) का संधान किया जाता है, अन्यत्र सरोंका संधान नहीं किया जाता; जहाँ विरहसे ही शरीर कृश होता है, रोगसे नहीं; जहाँ नखोंके व्रण ही हैं, योद्धाओंकी भिड़न्तमें जहाँ व्रण नहीं होते । बिम्बाधरोंके चूमने ही में जहाँ केशग्रहण होता है, अन्यत्र केशग्रहण नहीं होता है । जहाँ अर्थों और पदवाक्योंके समर्पण (सम्पादन) में पद विग्रह (पदोंका विग्रह, प्रजाका विग्रह) होता है, अन्यत्र आर्थिक लेन-देनमें प्रजा-का झगड़ा नहीं होता, जहाँ जैनोंमें सावद्य परिग्रह नहीं होता, जहाँ शत्रुमण्डलके राजा इस प्रकार

---

५. AP संचियउं । ६. AP तो णवि । ७. A जइ णिण्णेहलु ।

२. १. A देससरिसंकुलु । २. A °कलेवि°; P °कलंबि° । ३. P ण पर । ४. A जइयणि तउ सावज्ज-परिग्गहु; P णउ परअत्थहरणि कयविग्गहु । ५. P णित्तासिय ।

जहिं चोरारिमारिदालिद्दइं पासंडाइं वि णत्थि रउद्दइं।
तहिं राणउ णलिणालयमाणणु णलिणप्पहु णामें णलिणाणणु। १०

घत्ता—भयभीयइं महिणिवडियइं जीय देव सविणउ जंपंति ॥
जासु पयावें तावियइं परणरणाहसयइं कंपंति ॥२॥

३

कलयलंतचलकलकोइलगणि तावेण्णहिं दिणि सहसंबयवणि।
पेच्छिवि जिणु अणंतु वणवालें विण्णत्तउ सिरेंगयभुयडालें।
तहु तहिं तवसिद्धिहुयवम्मीसरु गुणदेवहं भवदेवहं ईसरु।
परमप्पउ पसण्णु परमेसरु आयउ देवँ धम्मचक्केसरु।
तं णिसुणेवि तेण तित्थंकरु जाइवि वंदिउ दुरियक्खयंकरु। ५
बुज्झिवि धम्मु अहिंसालक्खणु चिंतिवि बंधमोक्खविहिलक्खणु।
देवि सुपुत्तु महिहिं परिरक्खणु सइं रिसि हूयउ राउ वियक्खणु।
चरणमूलि जइवरहु अणंतहु चरइ मग्गि दुग्गमि अरहंतहु।

घत्ता—णीलकिण्हलेसउ मुयइ काउलेसु दूरें वज्जंतु ॥
सुक्कलेसु मुणिवरु धरइ भीमें तवतावें खिज्जंतु ॥३॥ १०

संत्रस्त और पाशबद्ध हैं, मानो घरके कुत्ते हों। जहाँ चोर शत्रु मारी और दारिद्र्य और भयंकर पाखण्डी नहीं हैं। उसमें लक्ष्मीका भोग करनेवाला और कमलके समान मुखवाला नलिनप्रभु नामका राजा था।

घत्ता—जिसके प्रतापसे सन्तप्त होकर, सैकड़ों शत्रुराजा काँप उठते और भयभीत होकर धरतीपर गिरकर 'हे देव आपकी जय हो, विनयके साथ यह कहते हैं ॥२॥

३

इतनेमें एक दिन, जिसमें चंचल कोकिल-समूह कलकल कर रहा है, ऐसे सहस्राम्र नामक वनमें अनन्त जिनको देखकर, वनपालने अपनी भुजारूपी डालें सिरसे लगाते हुए, उससे निवेदन किया, "हे देव (उद्यानमें) तपकी आगमें कामदेवको नष्ट करनेवाले गुणदेवों और विश्वदेवोंके ईश्वर परमात्मा प्रसन्न परमेश्वर और धर्मचक्रेश्वर देव आये हुए हैं।" यह सुनकर, उसने जाकर पापोंका नाश करनेवाले तीर्थंकरकी वन्दना की। तथा अहिंसा लक्षणवाले धर्मको समझकर एवं बन्ध और मोक्षकी विधि तथा लक्षणका विचार कर, अपने पुत्रको भूमिके रक्षण का भार सौंपकर, वह विचक्षण राजा स्वयं ऋषि हो गया। वह, मुनिवर अनन्तनाथके चरणमूलमें दुर्गम चर्यामार्गमें विचरण करने लगा।

घत्ता—वह कृष्ण और नील लेश्या छोड़ देता है, कायक्लेशका दूरसे परित्याग करता है। वह मुनिवर शुक्ल लेश्या धारण करता है और भीम तपतापमें वह अपनेको क्षीण करता है ॥३॥

---

६. A जीव।

३. १. A तावण्णयदिणि। २. A सिरि गय°। ३. AP पसण्णु। ४. AP देव। ५. AP मुयउ।

४

मंदरधीरु वीरु दिहिपरियरु इत्थिअत्थणिवत्थेणकहंतरु ।
ण भणइ ण सुणइ णिप्पिहु[1] णीरउ पयारहवरंगसिरिधारउ ।
कोहु लोहु माणु[2] वि मुसुमूरइ[3] मायाभावु होंतु संचूरइ ।
चक्खुसोत्तरसफासणघाणइं[4] जिणइ हणइ दुक्कियसंताणइं ।
५ विहुणिवि विवइ णिहं[5] सहुं पणयं[6] अप्पउं भूसइ रिसि रिसिविणयं ।
ण सरइ पुव्वकालेरइकीलणु[7] ण करइ दंतपंतिपक्खालणु ।
णहखंडणु सरूवपरिपुंछणु[8] करयलवट्टि सरीरणियच्छणु ।
हसणु भसणु भूभंगु ससंसणु पाणिणिट्ठु[9] परगुणविद्धंसणु ।
साहिलासु सवियारउ दंसणु णियडणिसण्णहरिणसंफंसणु ।
१० णक्खलोडि तणुमोडि ण इच्छइ परमसाहु लिहियउ व अच्छइ
घत्ता—बंधिवि तित्थयरत्तु वहिं दंसणसुद्धिइ तोडिवि भंति ॥
अच्चुइ पुप्फुत्तरणिलइ जायउ सुरवरु ससहरकंति ॥४॥

५

आउ दुवीससमुद्दपमाणइं[1] कालें[2] गिलियइं दुक्कयमाणइं ।
तहु छम्मासु परिट्ठिउ जइयहुं अक्खइ अक्खहु सुरवइ तइयहुं ।
जंबुदीवि भरहि सीहलवरइ धणकणजणगोहणगुणपवरइ ।

४

धैर्य ही जिनका परिग्रह है ऐसी मंदराचलके समान धीर वीर निस्पृह एवं निष्पाप वह, जो भोजन नृप और चौर्य कथाको न सुनते हैं और न कहते हैं, ग्यारह श्रेष्ठ श्रुतांगोंकी शोभाको धारण करनेवाले वह, क्रोध लोभ और मानको भी नष्ट कर देते हैं, चक्षु श्रोत्र जिह्वा स्पर्श और घ्राण इन्द्रियोंको जीत लेते हैं, और पापकी शृंखलाको नष्ट कर देते हैं। प्रणयके साथ, वह निद्राको भी नष्ट कर देते हैं, और वह मुनि ऋषिकी विनयसे स्वयंको विभूषित करते हैं, वह पूर्वकालकी रतिक्रीड़ाको याद नहीं करते, और न दन्तपंक्तिका प्रक्षालन करते है, नखोंका खण्डन, अपने स्वरूपका मार्जन, करतल रूपी वर्तिकासे शरीरको देखना, हँसना बोलना, भ्रूभंग करना श्वास लेना, हाथ हिलाना, परगुणोंका नाश करना, अभिलाषापूर्वक और विकारके साथ देखना, निकट बैठे हरिणोंका स्पर्श करना, नख छोटे करना, शरीर मोड़ना, वह नहीं चाहते। परम साधु चित्रलिखितकी तरह, स्थित रहते हैं।

घत्ता—वहाँ, दर्शन विशुद्धिसे भ्रान्तिको नष्ट कर और तीर्थंकर प्रकृतिका बंधकर, अच्युत स्वर्गके पुष्पोत्तर विमानमें वह चन्द्रमाकी कान्तिवाले देव हो गये ॥४॥

५

उसकी आयु बाईस सागर पर्यन्त थी। समयके साथ नष्ट होने पर उसका भी अन्त आ पहुँचा। जब उसके छह माह शेष रह गये, तब इन्द्र कुबेरसे कहता है, 'जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें

---

४. १. A इत्थिअत्तिणिव° and gloss अस्ति भोज्यं; P इत्थिअत्थणिव। २. A P णिप्पिहु। ३. A P मोहु। ४. P णिहं। ५. A पुव्वकालि। ६. P °रिपेच्छणु। ७. A पाणिणिट्ठ। ८. A °णिसण्णहं हरिणहं फंसणु; P °णिसण्णहं णवि संफंसणु। ९. P लिहिउ व।

५. १. AP °समाणइं। २. A कालि।

आइदेवकुलसंवइजायउ विट्टु णाम राणउ विक्खायउ ।
णंदादेवि तासु घरसामिणि कामसुहंकरि णं सुरकामिणि । ५
तणुरुहु तेओहामियदिणयरु एयहं दोहं वि होसइ जिणवरु ।
ताहं तुरिउं तुहुं करि भल्लारउं रयणफुरंतु णयरु चउदारउं ।
धणएं पुरु पविणिम्मिउं सेहउं मणुयहिं वण्णहुं जाइ ण जेहउं ।

घत्ता—ता णज्जइ दिणु णिच्च जहिं जा सरेवरि कमलइं विअसंति ।।
वरमणिकिरणहिं तोंतडिय उग्गय रवियर णउ दीसंति ।।५।। १०

६

तहिं सयणालइ सिरिअइससइगइ पच्छिमरयणिहि णिद्दंधेइयइ ।
पुण्णचंदसोहियमुहयंदइ सिविणंपंति अवलोइय णंदइ ।
अविरयगलियदाणधारालउ भमियसिलिम्मुहोलिसोंढालउ ।
वालहिसण्हाकक्कुखुरमणहरु सवरहेउ रुइरंजियससहरु ।
कुडिलणहरु भइरवगुंजारवु गिरिगुहणीहरंतु कंठीरवु । ५
कण्णतालहयमहुलिहविंदहिं सिरि सरि सिंचिज्जंति करिंदहिं ।
मालाजुयलु भिंगपियकेसरु मा णिसिमंडणु भासुरु णेसरु ।
कलसजुयलु णवकमलु सकोमलु मीणमिहुणु जलकीलाचंचलु ।

धन जन कण और गोधन और गुणोंसे प्रचुर सिंहपुरमें, आदिदेवकी कुल परम्परामें उत्पन्न विष्णु नामका विख्यात राजा है। उसकी गृहस्वामिनी नन्दादेवी है। काममें शुभंकर वह सुरकामिनीकी तरह है। अपने तेजसे दिनकरको तिरस्कृत करनेवाले जिनवर इन दोनोंके पुत्र होंगे। इसलिए तुम शीघ्र रत्नोंसे चमकता हुआ चारद्वारों वाला नगर बनाओ। कुबेरने इस प्रकारके नगरकी रचना की कि जिसका मनुष्योंके द्वारा वर्णन नहीं किया जा सकता है।

घत्ता—जहाँ सरोवरमें नित्य ही कमल खिलते हैं इसलिए दिन जान नहीं पड़ता, श्रेष्ठ मणिकिरणोंसे मिश्रित ऊगी हुई भी सूर्यकिरणें दिखायी नहीं देतीं ।।५।।

६

वहाँ श्री से अतिशय भरपूर रात्रिके अन्तिम प्रहरमें शयनतलपर नींदमें सोयी हुई, पूर्णचन्द्र के समान शोभित मुखचन्द्रवाली नंदादेवी स्वप्नमाला देखती है। अविरत झरती हुई मदधारासे युक्त और भ्रमण करती हुई भ्रमरपंक्तिवाला महागज, पूँछ गलकम्बल ककुद और खुरोंसे सुन्दर और कान्तिसे चन्द्रमाको रंजित करनेवाला वृषभ, कुटिल नख और भयंकर गर्जन शब्दवाला पहाड़की गुफासे निकलता हुआ सिंह, अपने कानोंके तालोंसे मधुकर समूहको आहत करते हुए गजेन्द्रों द्वारा सिर पर अभिषिक्त श्री; भ्रमर और पीली केशरसे युक्त मालायुगल, लक्ष्मी ? और रात्रिका मण्डन (चन्द्रमा), भास्वर सूर्य, कोमल नवकमलोंसे सहित कलशयुगल, जलक्रीड़ासे चंचल मीनयुगल, सरोवर, समुद्र,

---

३. AP °संतए जायउ । ४. A पुरु दिण्णिम्मिउ । ५. A सरवरकमलइं ।

६. १. A णिसु अइससइगइ । २. AP णिद्दंधइ । ३. A सिविणयपइ; T तइ पंक्तिः । ४. AP अविरल° । ५. A भइरवभंजणगरउ । ६. A वंदहिं । ७. A भिंगु पिय° । ८. A °मंडलु । ९. AP कलसजमलु । १०. A मीणजुयलु ।

सरु सररासि चारुसीहासणु देवालउ फणिभवणु फणीसणु ।
१० माणिक्कोहु मोहमालालंउ सिहि णहयलि जलंतु चलजालउ ।

घत्ता—चन्द णिहालिवि चंदमुहि चंदकंति सुहदंसणपंति ॥
जाइवि भासइ भूवइहि सुंदरि सुविहाणइ विहसंति ॥६॥

७

महिवइ मेहघोसु णिच्चप्फलु कहइ महासइहि सिविणयफलु ।
जसु आणइ हरि अच्छइ गच्छइ जो सयरायरु लोउ णियच्छइ ।
जो परु अप्पउं परहु पयासइ जासु दोसु तिलमेत्तु ण दीसइ ।
सासयसोक्खसरोरुहछप्पउ सो अरहंतु संतु परमप्पउ ।
५ तेरइ गब्भइ अब्भउ होसइ ता रोमंचिय णच्चिय सा सइ ।
वुट्ठु कुवेरु देवु णवणिहिहरु जा छम्मास तावं चामीयरु ।
कंतिकित्तिसिरिहिरिदिहिबुद्धिउ देविउ देविहि किय तणुसुद्धिउ ।
आयउ जायउ जणुच्छाहउ सग्गउ संचुउ अच्चुयणाहउ ।
चित्तसुरासुरपंकयविट्ठिहि जेट्ठहु मासहु किण्हेहि छट्ठिहि ।
१० सवणि सुरिक्खइ पच्छिमरत्तिहि थिउ उयरंतरि पत्थिवपत्तिहि ।
जक्खणिहित्तइ दुक्खणिवारइ पुणु णवमासु सित्तु वसुहारइ ।

सुन्दर सिंहासन, देवलोक, नागराजका नागलोक, मयूखमालासे युक्त माणिक्य-समूह, चंचल ज्वालाओं वाली आकाशमें जलती हुई आग ।

घत्ता—चन्द्रमुखी और चन्द्रमाके समान कान्तिवाली और शुभ दन्तपंक्तिवाली वह यह देखकर, दूसरे दिन सवेरे जाकर हँसती हुई उन्हें राजाको बताती है ॥६॥

७

मेघके समान ध्वनिवाले निश्चल राजा उस महासतीको स्वप्नोंका फल बताते हैं कि जिसकी आज्ञासे इन्द्र बैठता और चलता है, जो सचराचर लोक देख लेते हैं, श्रेष्ठ जो स्वपरका प्रकाशन करते हैं, जिसके तिलके बराबर भी दोष दिखाई नहीं देता, जो शाश्वत मोक्षरूपी सरोवरके भ्रमर हैं वह अरहंत सन्त परमेश्वर तुम्हारे गर्भसे बालक होंगे। तब वह सती रोमांचित होकर नाच उठी। जब छह माह रह गये, तो नवनिधियोंको धारण करनेवाले कुबेरने स्वर्णवृष्टि की। देवीकी शरीर-शुद्धि करनेवाली कान्ति, कीर्ति, श्री, ह्री, धृति और बुद्धि आदि देवियाँ आयीं। लोगोंमें उत्साह फैल गया। अच्युत स्वर्गके स्वामी वह स्वर्गसे च्युत हुए। ज्येष्ठमाहके कृष्णपक्षमें जिसने सुरासुरोंमें कमलवृष्टि की है ऐसी छठीके दिन, श्रवण नक्षत्रमें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें राजाकी पत्नीके उदरमें वे स्थित हो गये। यक्षके द्वारा की गयी दुःखका निवारण करने वाली धनकी धाराने फिर नौ माह तक सिंचन किया।

११. A सिंहासणु । १२. A मोहु मालालउ ।

७. १. A कुबेरदेउ । २. A जाम । ३. AP कय । ४ AP जणि उच्छाहउ । ५. A कण्हपक्खट्ठिहि । ६. A सवणसुरिक्खइ । ७. AP णवमासु ।

घत्ता—छावट्ठिलक्खछव्वीसहिं वि वरिससहासहिं रिद्धउं ॥
सायरसउ छहिवि कोडि गय थक्कउ पुणु पल्लद्धउ ॥७॥

८

जइयहुं वट्टइ णिव्वुइ सीयलि
तइयहुं तिहिं णाणहिं संजुत्तउ
फग्गुणि एयारहमे वासरि
विण्हुजोइ उप्पण्णउ जोइउ
आवेप्पिणु भत्तिइ तरुणीलहु
सिहरकुहरथियखगरामालहु
णिहियउ पावपडलणिण्णासणि
उत्त मंत विहि सयल करेप्पिणु

णट्ठउ अरुहधम्मु धरणीयलि ।
पुव्वजम्मि भाविथरयणत्तउ ।
णिसमेव खिज्जंतइ ससहरि ।
मायइ तारहिं णयणहिं जोइउ ।
मेहलविरइयतारामालहु । ५
अमरवरेसें णिउ सुरसेलहु ।
पंडुसिलायलि पंचासणि ।
खीरभोणिहिखीरु लएप्पिणु ।

घत्ता—सायकुंभमयकुंभकर एंति गयणि णच्चंति णवंति ॥
खीरवारिधारासयहिं देवदेउ भावेण ण्हवंति ॥८॥ १०

९

सुरपेल्लिउ णं डोल्लइ मंदरु
अलिझंकारइं सरलइं सदलइं
कमलि कमलि आसीणइं हंसइं
कलसहं सहसइं लेइ पुरंदरु ।
कलसि कलसि संणिहियइं कमलइं ।
हंसइं कयकलसरणिग्घोसइं ।

घत्ता—जब सौ सागर और छियासठ लाख छब्बीस हजार वर्ष कम एक सागर प्रमाण समय बीत गया, और जब आधापल्य समय रह गया ॥७॥

८

कि जब शीतलनाथ निर्वाणको प्राप्त हुए थे और अर्हंतधर्म धरतीतल पर नष्ट हो गया था। तब तीन ज्ञानसे युक्त पूर्व जन्ममें रत्नत्रयकी भावना करनेवाले योगी श्रेयांस फागुन माहके कृष्ण पक्षकी एकादशीके दिन कि जब चन्द्रमा प्रतिदिन क्षीण होता जा रहा था, विष्णु योगमें उत्पन्न हुए। उन्हें माँ ने अपनी उज्ज्वल आँखोंसे देखा। भक्तिसे आकर इन्द्र उन्हें वृक्षोंसे नीले, जिसकी मेखला तारावलियोंसे शोभित है, जिसके शिखर-कुहरोंमें विद्याधर स्त्रियाँ स्थित हैं, ऐसे सुमेरु-पर्वतकी पापपटलको नष्ट करनेवाली पाण्डुकशिलाके सिंहासनपर उन्हें रख दिया। उक्त समस्त मन्त्रविधि पूरी कर, और क्षीरसमुद्रका जल लेकर।

घत्ता—स्वर्णमय घड़े हाथमें लिये हुए देव आते हैं, आकाशमें नाचते और प्रणाम करते हैं, क्षीर जलकी सैकड़ों धाराओंसे भावपूर्वक देवदेवका अभिषेक करते हैं ॥८॥

९

देवोंसे प्रेरित मन्दराचल मानो डगमगा उठता है; इन्द्र हजारों कलशोंको लेता है, प्रत्येक कलशपर भ्रमरोंसे शंकृत सरल और सदल कमल रखे हुए हैं, कमल-कमलपर हंस बैठे हुए हैं, हंस

---

८. A सिद्धउ; P सिद्धव । ९. A पुण्णट्ठउ ।

८. १. A फग्गुणएयारहमइ । २. AP विण्हुजोइ; T विण्हुजोए ज्येष्ठानक्षत्रे । ३. AP °वलइय । ४. A पावपडलु । ५. A पंडसिलायलि । ६. A मंगलु सासणि ।

९. १. P डोलइ ।

जे कलसर ते किर वम्महसर वम्महारि विहँवियणरामर ।
वम्महसरवरेहि जणु दारिउ जणवएण हियवइ जिणु धारिउ ।
जिणु सिसु मयणहु अज्जु वि संकइ तेण जि रइ थणजुयलु ण ढंकइ ।
करइ कामु धणुगुणटंकारउ पसरइ अच्छरउलहं वियारउ ।
बहुएं सेयंसेण णिद्दत्तउ सयमहेण सेयंसु पउत्तउ ।
आणिवि णयरु समप्पिउ मायहि तणयालोयणवियसियलायहि ।
पणवेप्पिणु दुक्कियघणपवणहु गयउ पुलोमँपिसुणु णियभवणहु ।
कालें जंतें वत्थुपमाणउ वड्ढिउ पुरि तइलोक्कहु राणउ ।

घत्ता—हेमच्छविहि भडारहु जं दिट्ठउ तं णेय रहंति ।
तासु असीइसरासणइं गणहर तणुपरिमाणु कहंति ॥९॥

१०

एकवीसलक्खइं बालत्तें घल्लियाइं वरिसहं खेलंतें ।
पुणु पुज्जिउ पोलोमीकंतें किउ रज्जाहिसेउ गुणवंतें ।
रज्जु करंतहु कामरसद्दहं दोचालीसलक्ख गलियद्दहं ।
एहउ अवसरु जायउ जइयहुं णाहें कीलावणि तहिं तइयहुं ।
दिट्ठउ तंबिरपल्लवु चूयउ मयणहुयासहु बीयउ हूयउ ।
सो णं जालहिं जलइ णिरारिउ विरहीयणु तें ताविउ मारिउ ।

भी कलस्वरमें निर्घोष कर रहे हैं, उनके जो सुन्दर स्वर थे वे मानो कामदेवके तीर थे, जो मर्मका भेदन करनेवाले और मनुष्य और देवोंको विदारित करनेवाले थे। जब कामदेवके तीरोंने लोगोंको विदीर्ण कर दिया तो उन्होंने जिनको अपने हृदयमें धारण कर लिया। जिनदेव बालक हैं, तब भी कामदेव आज ही शंकित है, इसी कारण रति अपने स्तनयुगलको नहीं ढकती। कामदेव अपने धनुषकी डोरीकी टंकार करता है, उससे अप्सराकुलमें विकार फैल जाता है। अनेक कल्याणोंसे नियुक्त प्रभुको इन्द्रने श्रेयांस कहा। नगरमें लाकर उसने, उन्हें पुत्रको देखनेसे जिनकी कान्ति विकसित हो गयी है, ऐसी माँ को सौंप दिया। पापरूपी बादलोंके लिए पवन उनको प्रणाम कर इन्द्र अपने विमानमें चला गया। समय बीतनेपर, उपमानसे रहित त्रिलोकके राजा वह नगरमें बड़े हो गये।

घत्ता—आदरणीय उनकी स्वर्णछविको जिसने देखा वह रह नहीं सका। गणधर उनके शरीरका प्रमाण अस्सी धनुष प्रमाण बताते हैं ॥९॥

१०

खेल-खेलमें उनकी बाल्यावस्थाकी इक्कीस लाख वर्ष आयु बीत गयी। फिर देवेन्द्रने उनकी वन्दना की और गुणवान् उसने उनका राज्याभिषेक किया। राज्य करते हुए, कामरससे आर्द्र उनके बयालीस लाख वर्ष बीत गये। जब उनका यह अवसर आया तो स्वामीने क्रीड़ावनमें लाल-लाल पल्लवोंका आम्रवृक्ष इस प्रकार देखा, मानो वह कामरूपी अग्निका बीज हो। वह मानो ज्वालाओंसे जल रहा था, इसी कारण उसने विरहीजनको सन्तप्त और आहत

---

२. A किल ते; P ते किल। ३. A °णिद्दविय°। ४. P पुलोमविसुणु। ५. AP वत्थुवमाणउ; T वत्थुअम्मोणउ। ६. P तं तें अरहंतें। ७. P असीसरासणइं। ८. P कहंतें।

१०. १. AP पणवंतें। २. AP णाहें कीलंतें वणि तइयहु।

पुणु कोइलु कलसद्दें गज्जइ णं वसंतपहु पडहउ वज्जइ ।
रुणुरुणंतु अप्पाणु ण चेयइ महुयरु महु पिएँवि णं गायइ ।
ता परमेसरु मणि मीमंसइ अम्हारउं वणु अण्णु जि दीसइ ।
कालें कंटइयउं अंकुरियउं पल्लवियउं कुसुमोलिहिं भरियउं । १०
फलिउं फलावलीहिं णं पणवइ एही सयलहु लोयहु परिणइ ।
परिणेमंतु जगु णिविसु ण थक्कइ परिणामइ जडु जीउ ण चुक्कइ ।

घत्ता—जगु परिणामें दूसियउ णिप्परिणाम सिद्ध परमेट्ठी ॥
हो हो अथिरेणेण महुं णिच्चलु तेत्थु णिसंभिवि दिट्ठी ॥१०॥

११

ता संपत्त तेत्थु सुरवरगुरु तेहिं तुरिउ पडिबोहिउ जगगुरु ।
सो आहंडलु तं सुरमंडलु तं अच्छरउलु मणिमयकुंडलु ।
आयउं पुणु वि पहवणु किउं देवहु णिट्ठियचरियावरणविलेवहु ।
विमलें सिवियाजाणि णिग्गउ णाहु मणोहरु णंदणवणु गउ ।
फग्गुणि कसणि एयारसिदियहइ दियहाहिवि अवरासासंगइ । ५
सवणरिक्खि उवसमियकसायउ भूवइ मुक्कभूइभूभायउ ।
उववासदुट्ठवेण रिसि जायउ सिद्धत्थउ पुरु भिक्खहि आयउ ।
णंदणरिंदें एंतु पडिच्छिउ सुरणिंदु तहु तेण पयच्छिउ ।

किया था। फिर कोयल कलकल शब्दमें गरज उठती है मानो वसन्त राजा अपना नगाड़ा बजा रहे हैं। भ्रमर गुनगुन करता हुआ, स्वयं नहीं चेतता, मानो वह मधु पीकर गा रहा है, तब परमेश्वर अपने मनमें विचार करते हैं कि हमारा वन तो आज दूसरा दिखाई दे रहा है। यह कालसे कंटकित और अंकुरित पल्लवित और पुष्पपंक्तियोंसे भरा हुआ है और फलकी कतारोंसे लदा हुआ मानो झुकता है, यही समस्त लोककी परिणति है। परिणमन करता हुआ यह विश्व एक क्षणके लिए नहीं रुकता और परिणामसे यह जड़ जीव एक पलके लिए नहीं चूकता।

खलइ णिवारइ दारइ मारइ । १५
करिकरचंडिहिं लालापिंडिहिं ।
दंतादंतिहिं कोंताकोंतिहिं ।
णेरकिलिविंडिहिं ।

घत्ता—तब छलका कपट करनेवाले अश्वग्रीवका (एक और) अनुचर क्रोधसे कहीं नहीं जा सका। नामसे नीलरथ वह मानो क्रूरग्रह हो, एक और विद्याधर दौड़ा ॥१९॥

२०

हाथमें धनुष लिये हुए वह कहता है—"हे अविचलजटी, तूने जो पाप किया है, अश्वग्रीव देवके चरणकमलोंके द्रोहका वह फल तेरे पास आ गया है। अरे मैं बोलता क्या हूँ, मैं मारता हूँ, फेंकता हूँ," यह कहकर अपने बाहु ठोंककर वह आयुध दिखाता है, दौड़ता है, उछलता है। अनुचर अनुचरपर, गज गजपर, तीव्र खुरोंसे क्षय धारण करनेवाले अश्ववर अश्ववरपर। नेत्रोंके लिए आनन्ददायक स्यन्दन स्यन्दनपर। चाँप कर लगता है, चलता है, निकलता है, स्थैर्यसे क्रुद्ध होता है, युद्ध माँगता है, प्रवेश करता है, दूषित करता है, गरजता है, रूठता है, हिंसा करता है, त्रस्त करता है, दिखाई देता है, छिप जाता है, कठिन काम करता है, हकारता है, पुकारता है, ठहरता है, शत्रुको ललकारता है, चूर-चूर करता है, पीड़ित करता है, स्खलित करता है निवारण करता है, विदीर्ण करता है, मारता है, हाथीकी सूँड़के समान प्रचण्ड, गजमुखोंके अग्रिमकाष्ठों, दाँतों,

---

१३. A किंकर ।

२०. १. AP दुक्किर्यं । २. AP मारिवि । ३. A भंजइ । ४. A णायभुवदंडहिं । ५. A किलिवंदिहिं ।
६. AP add after this : दंडादंडिहिं ।

केसाकेसिहिं पासपासिहिं ।
उवलाउवलिहिं मुसलामुसलिहिं ।
इय सो जुज्झिउ भीमुहउज्झिउ ।
दुंदुहिसद्दें ता बलहद्दें ।
अरि हक्कारिउ दइवें पेरिउ ।
सो वि पराइउ चावविराइउ ।
णं णवजलहरु विद्धउ हलहरु ।
तेण उरत्थलि खुद्धियकलयलि ।
कंपियणियबलि हरिसियपरबलि ।
बाहुसहाएं जयवइजाएं ।
सीरें ताडिउ उद्धु जि फाडिउ ।
णीलरहाहिवि हउं कइ जयरवि ।

घत्ता—णाणाणहयरहिं संधियसरहिं सहयहिं सगयहिं सरहहिं ॥
वेढिउ जिणवहरु दुसहपसरु बलु चित्तंगयपमुहहिं ॥२०॥

२१

दुवई—मायासोहणाहं मयवंतहं माणियपहुपसायहं ॥
एक्कें हलहरेण रणि जित्तइं सत्तसयाइं रायहं ॥

सुंयरिवि पहुदिण्णी तुप्पधार केण वि विसहिय रिउखग्गधार ।
सिरु छिण्णउं णिग्गय रत्तधार गय एंव वप्प धाराइ धार ।
केण वि सुंयरिवि पहुअग्गपिंडु इच्छिउ पडंतु णियमासपिंडु ।
केण वि सुयरिवि पहुचीरु रम्मु मण्णिउ लंबंतु सदेहचम्मु ।

भालों, मनुष्यकी भुजाओं-भुजाओं (मह किलिंचिडिहिं), बालों-बालों, नागपाशों-नागपाशों, उपल-उपलों, मूसल-मूसलोंसे, भयरहितमुख वह नीलरथ इस प्रकार लड़ा। दुन्दुभि-शब्दसे बलभद्रने शत्रुको ललकारा। देवसे प्रेरित और धनुषसे शोभित वह भी आ गया। उसने हलधरको उरस्थलमें विद्ध कर दिया, जैसे नवजलधर हो। कल-कल होने लगा। अपनी सेना काँप उठी। शत्रुसेना हर्षित हो उठी। तब जिसकी बाहु सहायक हैं, ऐसे जयावतीके पुत्रने हलसे ताड़ित कर उसे आधा फाड़ दिया। इस प्रकार नीलरथाधिपके आहत होनेपर और जय शब्द करनेपर—

घत्ता—अपने सरोंका सन्धान किये हुए अश्वों, गजों और रथोंके साथ चित्रांगद प्रमुख नाना विद्याधरोंने असह्य प्रसारवाले सैन्य और बलभद्रको घेर लिया ॥२०॥

२१

अकेले बलभद्रने मायावी सेनावाले, अहंकारी प्रभुका प्रसाद माननेवाले सात सौ राजाओं को युद्धमें जीत लिया। प्रभुके द्वारा दी गयी घीकी धाराकी याद कर किसीने शत्रुकी खड्गधारा-को सहन कर लिया। सिर छिन्न हो गया। रक्तकी धारा बह निकली। कितने ही बेचारे भट धारा-धारामें हो चले गये। किसीने प्रभुके प्रथम आहारपिण्डको समझकर गिरते हुए अपने ही

७. A भीउहउज्झिउ। ८. A खयलहि। ९. A चलचित्तंगय।
२१. १. P °साहणेहिं। २. A सुमरिवि; P सुअरिवि। ३. A रूपधार। ४. A सुअरिउ; P सुअरिवि।
५. AP °अग्गपिंडु। ६. A सुमरिवि; P सुअरिवि।

केण वि सुयरिवि पहुदिण्णु गाउं छड्डिउं णियजीवियभूयगोउं ।
केण वि सुयरिवि पहुचामराइं सलहियइं पक्खिपक्खंतराइं ।
पहुसुकियभरहु वंकेवि वयणु केण वि पडिवण्णउं बाणसयणु ।
केण वि सुयरिवि पहुछत्तछाहि आसंघिय घणसरपुंखछाहि । १०
केण वि [10]सुमरिवि पत्थिवपसाउ चक्खिउ अरिवीरपहारसाउ ।
केण वि सुयरिवि पहुपालियाइं मयगलकुंभयलइं [11]फालियाइं ।
दुव्वारवइरिमग्गणविहत्तु भल्लारउं धीरउं रायरत्तु ।
कासु वि रणमंदिरसामिणीइ हियवउं लइयउं सिवकामिणीइ[13] ।

घत्ता—कासु वि सिरकमलु ओट्ठुडेंदलु गिद्धु सचंचुइ चालइ ॥ १५
परितोसियजणहु महिवइरिणहु णं मोल्लयणु णिहालइ ॥२१॥

२२

दुवई—ता सहस त्ति पत्तु हरिकंधरु पभणइ तसियवासवो ॥
भो भो कहसु कहसु कहिं अच्छइ सो महु वइरि केसवो ॥
ता उत्तु कण्हेण भो मेइणीराय सोहं रिऊ केसवो एहि णिण्णाय ।
जाणिज्जए अज्ज दोण्हं पि रूसेवि को हणइ सिरु लुणइ रणरंगि पइसेवि ।
कुद्धेण सिरिकुमुइणीपुण्णयंदेण[1] अलयाउरीसेण खेयरणरिंदेण । ५
संगामरामारइच्छाणिउत्तेण तं सुणिवि पडिलविउं सिहिगीवपुत्तेण ।

मांसबिन्दुकी इच्छा की। किसीने सुन्दर प्रभु वस्त्रकी चिन्ता कर लटकते हुए अपने ही देहचर्मको बहुत माना। किसीने स्वामीके द्वारा दिये गये गाँवको याद कर अपने जीवन और इन्द्रियोंका गाँव छोड़ दिया। किसीने स्वामीके चमरोंकी याद कर पक्षियोंके पक्षान्तरोंकी सराहना की। प्रभुके पुण्यसे भरे हुए मुखको टेढ़ा कर किसीने बाणोंका शयन स्वीकार कर लिया। किसीने स्वामीकी छत्रच्छायाकी याद कर सघन तीरोंकी पुंख-छायाका आश्रय ले लिया। किसीने राजाके प्रसादकी याद कर शत्रुके वीर प्रहारके स्वादको चख लिया। किसीने प्रभुके द्वारा पालित और स्फारित मैगल गजोंके कुम्भस्थलोंकी याद कर दुर्निवार शत्रुके तीरोंसे विभक्त राजामें अनुरक्त धैर्यको अच्छा समझा। किसीके हृदयको रणरूपी मन्दिरकी स्वामिनी शिवा(शृगालिनी)रूपी कामिनीने ले लिया।

घत्ता—किसीके सिररूपी कमल और ओष्ठपुटरूपी दलको गीध अपनी चोंचसे चालित करता है, मानो जनोंको परितोषित करनेवाले राजाके ऋणके मूल्यको देख रहा है ॥२१॥

२२

तब सहसा अश्वग्रीव वहाँ पहुँचता है, और इन्द्रको सतानेवाला वह कहता है कि और बताओ-बताओ, वह-वह मेरा दुश्मन नारायण कहाँ है ? तब नारायणने कहा, 'हे पृथ्वीराज, वह मैं तुम्हारा शत्रु केशव हूँ। हे न्यायहीन, आज पता जायेगा कि हम दोनोंके रूठनेपर कौन युद्धरंगमें प्रवेश कर मारता है और सिर काटता है ?' तब लक्ष्मीरूपी कुमुदिनीके पूर्ण चन्द्र अलकापुरीके स्वामी विद्याधरराजा, संग्रामरूपी स्त्रीसे रमणकी इच्छा रखनेवाले मयूरग्रीवके

७. A गाउ; P गामु । ८. A उइछिउ । ९. A °गाउ; P °गामु । १०. A सुअरिउ; P सुअरिवि । ११. A पालियाइं । १२. A °सामिणीहिं । १३. A कामिणीहिं । १४. A उट्ठुडकमलु ।
२२. १. AP पुण्णइंदेण ।

कण्णामुहालोयसुहदिण्णराएण भग्गो सि किं मित्त वरइत्तवाएण ।
रत्तो सि किं मूढ गयणयरबालाहि ओसरसु मा पडसु खग्गग्गिजालाहि ।
णवकंदकालिंदिभसलडलकालेण कोवारुणच्छेण भंगुरियभालेण ।
जम्मंतराबद्धवइराणुबंधेण पडिवेत्तु पडिकण्हु चलगरुलचिंधेण ।
परदविणपरधरणिपरघरिणिकंखाइ णडिओ सि पाविट्ठ किं चोरसिक्खाइ ।
एवं पजंपंत कंपविय महिवट्ठ करिदंतपरिहट्ठभुयदंडसुपवट्ठ ।
दप्पिट्ठ णिरु रुट्ठ दट्ठोट्ठ भडजेट्ठ ते वे वि अब्भिट्ठ वइकुंठहयकंठ ।
ते वे वि मणिमउडकुंडलसुसोहिल्ल ते वे वि कोदंडमंडलविलासिल्ल ।
ते वे वि णं सीह लंबावियलंगूल ते वे वि णं लग्ग रंजंत सद्दूल ।
ते वे वि विसविसम ते वे वि तडितरल ते वे वि मरुचवल ते वे वि कुलधवल ।

घत्ता—वेण्णि वि दाणणिहि सिरितोसविहि मयपरवस लद्धिभय ॥
वेण्णि वि दीहकर गंभीरसर रणि लग्ग णं दिग्गय ॥२२॥

२३

दुवई—वेण्णि वि अच्छरच्छिविच्छोहणियच्छियबद्धमच्छरा ॥
वेण्णि वि णं जलंतपलयाणल वेण्णि वि णं सणिच्छरा ॥

पुत्र (अश्वग्रीव) ने कहा कि हे मित्र, जिसमें कन्याके मुखालोकसे शुभ राग दिया गया है, ऐसी अभिनव वरकी बातसे क्या तुम भग्न हो गये हो ? हे मूर्ख, विद्याधर बालामें तुम क्यों अनुरक्त हुए, तुम हट जाओ, तुम खड्गरूपी आगकी ज्वालामें मत पड़ो । (इसपर) श्रावण मेघ, यमुना और भ्रमरकुलके समान कृष्ण, तथा क्रोधसे अरुण आँखोंवाले, टेढ़े भालवाले, तथा जन्मान्तरके बँधे हुए वैरके अनुबन्धसे युक्त और चंचल गरुड़ध्वजवाले नारायण त्रिपृष्ठने प्रतिकृष्ण (अश्वग्रीव)से कहा—"दूसरेके धन-धरती और स्त्रीकी आकांक्षा है जिसमें, ऐसी चोरशिक्षा द्वारा हे पापिष्ठ, तू क्यों प्रतारित है ?" यह कहते हुए और महीपृष्ठको कँपाते हुए हाथीके दाँतोंसे संघर्षित भुजदण्डोंसे प्रबल दर्पसे भरे हुए अत्यन्त क्रुद्ध, ओठ चबाते हुए योद्धाओंमें बड़े वे दोनों प्रति-नारायण अश्वग्रीवसे भिड़ गये । वे दोनों ही मणिमय मुकुट और कुण्डलोंसे शोभित थे, वे दोनों ही धनुषमण्डलसे विलास करनेवाले थे । वे दोनों ही मानो लम्बी पूँछवाले सिंह थे । वे दोनों ही इस प्रकार युद्धमें लग गये मानो गरजते हुए सिंह हों, वे दोनों विषसे विषम और बिजलीकी तरह तरल थे, वे दोनों ही कुलधवल थे ।

घत्ता—वे दोनों ही दानकी निधि, श्री और सन्तोषके विधाता, मदके वशीभूत और भयसे रहित थे । वे दोनों ही लम्बे हाथवाले गम्भीरस्वर रणमें इस प्रकार भिड़ गये मानो दिग्गज हों ॥२२॥

२३

वे दोनों ही देवांगनाओंके नेत्रोंकी चपलताको देखनेके लिए ईर्ष्या धारण करनेवाले थे । वे

---

२. A कण्हो महा° । ३. P गयणयलबालाहि । ४. AP °णुबंधेण । ५. A पडिलविउ । ६. कंपइय महिपट्ठ । ७. A °पविहट्ठ° । ८. P वइकुंत° । ९. A रुजंतसद्दूल । १०. A दीहरकर । ११. A लग्ग णं ।

२३. १. P °विच्छोहा णियच्छिय ।

रिउणा ण णिट्ठविउ कण्हेण पट्ठविउ ।
जहिं सप्पु तहिं गरुलु जहिं अग्गि तहिं सलिलु ।
जहिं सिहरि तहिं कुलिसु[1] जहिं तुरउ तहिं महिसु । ५
जहिं विडवि तहिं जलणु जहिं मेहु तहिं पवणु ।
जहिं रत्ति तहिं दियहु जहिं सीहु तहिं सरहु ।
जहिं कालु[2] सोंडालु तहिं कुडिलु[3] दाढालु ।
केसरि पविप्फुरइ णहरेहिं उत्थरइ ।
जहिं भीमु वेयालु तहिं मंतु[4] असरालु । १०
जुंजेवि[5] कोवेण गोविंदवेवेण ।
रिउणो णिहित्ताउ विज्जाउ जित्ताउ ।
जुज्झेवि भूवेहिं पडिवक्खरूवेहिं ।
घत्ता—बहुरूविणिए सुरकामिणिए खगवइ भणिउ ण सक्कमि ॥
हलहरसिरिहरहं पहरणकरहं माणु मलंतु चवक्कमि ॥२३॥ १५

२४

दुवई—जंपिउ हयगलेण किं केण वि तिहुयणि धीरु हीरए ॥
महु णियबाहुदंडथिरसहुयर[6] पई किर काइं कीरए ॥
तेणेव मणेप्पिणु मुक्क सत्ति मेहें[7] चलविज्जु व धगधगंति ।
गयणयलि एंति[8] उरयलि घुलंति चल पलयकालजालु व जलंति ।
विप्फुरिय धरिय दामोयरेण संकेयागय णारि व णरेण । ५

दोनों ही जलती हुई प्रलयाग्नि थे। वे दोनों ही मानो शनिश्चर थे। नारायण त्रिपृष्ठने जो तीर प्रेषित किया, शत्रु उसे नष्ट नहीं कर सका। जहाँ साँप है, वहाँ विष है, जहाँ आग है, वहाँ जल है, जहाँ पर्वत है, वहाँ वज्र है, जहाँ अश्व है, वहाँ महिष है, जहाँ वृक्ष है, वहाँ आग है, जहाँ मेघ है, वहाँ पवन है, जहाँ रात है, वहाँ दिन है, जहाँ सिंह है, वहाँ श्वापद है, जहाँ मदवाला कृष्णगज है, वहाँ क्रूर दाढ़ोंवाला सिंह फैलता है और नखोंसे उछलता है। जहाँ भीम वेताल है वहाँ विशाल मन्त्र है। क्रोधसे युक्त गोविन्ददेव (त्रिपृष्ठ) ने शत्रुके द्वारा फेंकी गयी विद्याको, प्रतिपक्षरूप (अश्वग्रीवरूप) राजाओंसे युद्ध कर जीत लिया।

घत्ता—देवविद्या बहुरूपिणीने विद्याधर राजासे कहा कि हाथमें अस्त्र लेनेवाले बलभद्र और नारायण (विजय और त्रिपृष्ठ) का मैं कुछ नहीं कर सकती, उनका मान मर्दन करते हुए चौंकती हूँ ॥२३॥

२४

अश्वग्रीवने कहा, "क्या त्रिभुवनमें किसीके द्वारा धैर्यका अपहरण किया जा सकता है, मेरे बाहुरूपी दण्डको स्थिर सहचरो तुम्हारे द्वारा यह क्या किया जा रहा है ?" उसने यह कहकर शक्ति छोड़ी जो मेघके द्वारा चंचल बिजलीकी तरह धकधक करती हुई, आकाशतलमें आती हुई उरतलपर व्याप्त होती हुई, चंचल प्रलयकालकी ज्वालाकी तरह जलती हुई, विस्फुरित वह,

२. A कुडिलु । ३. A कोलु । ४. AP कुडिल । ५. A मंति । ६. A जुंजेवि; P जं जं वि । ७. P has पुणु before बहु° । ८. AP मलंति चम° ।

२४. १. P °सहयरए अवरि काइं । २. AP पडंति । ३. AP °जालेव पडंति ।

चंदणचच्चियकुसुमंचियंगु परिमलमिलंतगुमुगुमियभिंगु ।
लग्गमिउ णाइं जगखइ खयक्कु पुणु पडिवक्खें करि लेवि चक्कु ।
बोल्लियउ पयावइपुत्तु एम्व एवहिं पइं णउ रक्खंति देव ।
गोवालबाल अविवेयभाव दे देहि कण्ण मा मरहि पोव ।
इय भणिवि तेण घल्लिउ रहंगु तं पेक्खिवि केण ण दिण्णु भंगु ।
तं देवि पयाहिण पहयतासु चडियउ दाहिणकरि केसवासु ।
गहगहियदिवायरलील वहइ णं हरिसुद्दमहिरुहकुसुमु सहइ ।
आयासहु णिवडिउ पुप्फवासु रिउ कण्हि पवोल्लिउ सो सहासु ।
संभरु मुहुं जिणवरणाहचरणु अहवा लेंहु महुं पइसरहि सरणु ।
ता भणइ सुहडु रणरंगदुक्कु हउं मण्णमि एउं कुलालचक्कु ।

घत्ता—पइं पुणु मणि गणिउं चंगउ भणिउं भिक्खागयहु ससंकहु ॥
तिव्वछुहामहणु गरुयउं गहणु तिलखलखंडु वि रंकहु ॥२४॥

२५

दुवई—अज्ज वि सिसुमयच्छि मइ अप्पिवि करि घणपेंणइसंधणं ॥
मा पावहि कुमार तरुणत्तणि ताडणमरणबंधणं ॥
असहंतेणं रिउणा दिण्णं ससवणसूलं दुव्वयणं ।
काउं वयणं डसियाहरयं भूभंगुरतंबिरणयणं ।

दामोदरके द्वारा उसी प्रकार पकड़ ली गयी, जिस प्रकार संकेतसे आयी हुई स्त्री मनुष्यके द्वारा पकड़ ली जाती है। तब शत्रुने हाथमें चक्र उठा लिया, जो चन्दनसे चर्चित और फूलोंसे अर्चित था, जिसके सौरभसे मिलकर भ्रमर गुनगुना रहे थे, जो ऐसा लगता जैसे विश्वके क्षयके लिए प्रलय सूर्य हो। और उसने प्रजापतिके पुत्रसे कहा—"इस समय देव भी तुम्हारी रक्षा नहीं कर सकते। हे अविचारशील गोपाल बालक, कन्या दे दे, हे पाप, स्वयं मत मर।" यह कहकर उसने चक्र छोड़ दिया। उसे देखकर किसने खण्डन नहीं दिया (कौन आहत नहीं हुआ), वह चक्र त्रासको आहत करनेवाले केशव (त्रिपृष्ठ) के हाथपर प्रदक्षिणा देकर चढ़ गया। वह राहुसे ग्रस्त सूर्यकी लीलाको धारण करता है, मानो नारायणके सुखरूपी कल्पवृक्षके कुसुमकी तरह शोभित है, आकाशसे पुष्पवर्षा हुई। कृष्ण (त्रिपृष्ठ)ने हँसीपूर्वक शत्रु (अश्वग्रीव) से कहा, तुम या तो जिनवरनाथके चरणोंका स्मरण करो, अथवा लो मेरी शरणमें आओ। तब युद्ध उत्साहसे भरा हुआ वह सुभट कहता है, मैं इसे कुम्हारका चक्र मानता हूँ।

घत्ता—तुमने इसे मणि समझ लिया, ठीक ही कहा है कि भिक्षाके लिए आये हुए सशंक दरिद्र व्यक्तिके लिए भूखका नाश करनेवाला तिलखलका टुकड़ा भी भारी और दुर्लभ होता है ॥२४॥

२५

आज भी तुम शिशुमृगनयनी मुझे सौंपकर प्रगाढ स्नेह सन्धि कर लो। हे कुमार, तुम तारुण्य (यौवन) में ताडन-मरण और बन्धनको प्राप्त मत करो। इस प्रकार शत्रुके द्वारा दिये गये,

---

४. A जुगखयखयंकु; P जुगखइ खयक्कु । ५. A जाव । ६. A पहयरासु; P पहयपासु । ७. A लहु ।
२५. १. AP °पणयसंधणं ।

हरिणा दित्तं[2] चित्तं चक्कं सहसाराधाराजलियं ५
हयगलगलकंदलयं दलियं बहलं कीलालं गलियं ।
कुंडलकिरणं फुरियकवोलं कं कुंभिणिवलयइ पडियं
णं सरसं तामरसं सदलं कालमरालाहिवखुडियं ।
कामिणिकारणि कलहं[3]समत्तो परणरकरसरहयगत्तो
आसग्गीवो वियलियजीवो सत्तमणैरयं तं पत्तो । १०
णहयरविसहरमहिमणुएहिं सामि भणेप्पिणु संगहिओ
जयजयरवपूरिउ भुवणेहिं हरि हलहरसहिओ महिओ ।
हिंडिवि दाहिणभरहतिखंडे णरवइ सवसं को ण णिओ
मागहदेवो वरतणुणामो अवि य पहासो तेण जिओ ।
दिणयरकित्ति हुयवहजडिणा हलिणा तस्स पयावइणा १५
वद्धो पट्टो विउले भाले मंगलविलसियजणरइणा ।
पउरपयावाकंपियभुवणो असिवरदूसियकूरमई[8]
णियकुलकुवलयकुवलयबंधू जाओ कण्हो चक्कवई ।
लहसेढीणं रायं काउं जलणजडिं ससुरं खयरं
आओ गुरुयणपणवियसीसो पुणरवि तं पोयणणयरं । २०

घत्ता—लइ दीसइ पवरु एउ वि अवरु णिच्चलयणियमणिउत्तउं ॥
इह सुपुरिसचरिउं बहुगुणभरिउं जगि आदत्तु समत्तउं ॥२५॥

अपने कानोंके लिए त्रिशूलके समान दुर्वचनोंको सहन नहीं करते हुए, तथा अपना मुख दंशित-अधरों एवं भौंहोंसे भंगुर और लाल आँखोंवाला कर नारायण दीप्त हजारों आराओंकी धाराओंसे प्रज्वलित चक्र छोड़ दिया। अश्वग्रीवका गला और कपाल कट गया। प्रचुर रक्त बह गया। कुण्डलकी किरणोंवाला स्फुरित कपोलवाला उसका मस्तक भूमण्डलपर इस प्रकार गिर पड़ा मानो कालरूपी हंसराजके द्वारा तोड़ा गया सदल सरस रक्तकमल हो। स्त्रीके लिए कलहसे मतवाला, शत्रु मनुष्यके हाथके चक्रसे आहत, नष्टजीव अश्वग्रीव सातवें नरक गया। विद्याधरों, नागों और मनुष्योंने स्वामी कहकर उस (त्रिपृष्ठ) को स्वीकार कर किया। विश्वोंने जयजय शब्दसे पूरित तथा बलभद्र सहित हरिकी पूजा की। दक्षिण भरतखण्डमें भ्रमण कर उसने किस राजाको अपने वशमें नहीं किया ? वरतनु नामका मागधदेव और प्रभासको भी उसने जीत लिया। दिनकरके समान कीर्तिवाले ज्वलनजटी, बलभद्र और प्रजापति तथा जिसमें मंगलके कारण लोगोंकी रति विलसित है ऐसे अर्ककीर्तिने उसके विशाल भालपर पट्ट बाँध दिया। जिसके प्रचुर प्रतापसे भुवन प्रकम्पित है, जिसके असिवरसे क्रूरमति दूषित कर दिया है, जो अपने कुलरूपी कुमुद और पृथ्वीमण्डलका बन्धु है, ऐसा वह त्रिपृष्ठ चक्रवर्ती हो गया। अपने ससुर विद्याधर ज्वलनजटीको विजयार्धकी दोनों श्रेणियोंका राजा बनाकर गुरुजनोंके प्रति अपना सिर झुकानेवाला वह फिर उस पोदननगर पहुँचा।

घत्ता—लो यह दूसरी बात भी महान् दिखाई देती है कि निश्चयरूपसे अपने मनमें कहा गया बहुगुणोंसे भरित जगमें आदृत सुपुरुष-चरित समाप्त हो गया ॥२५॥

२. A चित्तं दित्तं चित्तं । ३. P कलहु । ४. A णरए तं पत्तो । ५. AP पूरिय । ६. A पवर° । ७. A कूरगई; P कूरमइं । ८. AP णियकुलणहयल° । ९. A राउं काउं । १०. A °पणमिय° ।

२६

दुवई—मणहरभद्दलक्खणायारहं णहयलग्गकुंभहं ॥
दोचालीसलक्ख मायंगहं अरिकरिवरणिसुंभहं ॥

तेत्तिय रह रणभरजोत्तियाउ पायालहु कोडिउ तेत्तियाउ।
जलथलगयणंतरजंगमाहं णवकोडिउ जाइतुरंगमाहं।
जंभारिपीलुलीलागईउ महएविउ अट्ठ महासईउ।
णिरु पीणपीवरुण्णयथणीहिं सोलह सहास सीमंतिणीहिं।
सोलह सहास देसंतराहं सोलह सहास णाडयवराहं।
सोलह सहास घरि पत्थिवाहं सोलह सहास खेडाहिवाहं।
तेत्तिय सय सहास मेच्छाहिवाहं पण्णास सहस दोणामुहाहं।
चउवीस सहस वरपट्टणाहं सत्तेव सहस संवाहणाहं।
छत्तीस सहस साहिय पुराहं वसुसमसहास जक्खामराहं।
पच्चंतणिवासहं णिवइ णयाहं तिण्णि सयइं पण्णास णिउत्तइं।
गिरितरुजलवाहिणिसंगमाइं चउदह वणदुग्गइं दुग्गमाइं।
गामहं कोडिउ अडदाल जासु किं अक्खमि संपय बप्प तासु।
जा णाम सयंपह इट्ठणारि जा णहयरणाहहु हुइय मारि।

घत्ता—तहि परमेसरिहि रइरससरिहि हरिणा हरिसरवण्णा ॥
पहिलउ सिरिविजउ बीयउ विजउ तणय दोण्णि उप्पण्णा ॥२६॥

२६

जो सुन्दर भद्रलक्षण धारण करनेवाले हैं, जिनके कुम्भस्थल आकाशतलसे लगते हैं, और जो शत्रुगजोंका नाश करनेवाले हैं, ऐसे दो लाख चालीस हजार हाथी उसके पास थे। उतने ही युद्धभारमें जोते हुए रथ थे। पैदल सैनिक भी उतने ही करोड़ थे। जल, थल और आकाशमें चलनेवाले नौ करोड़ घोड़े थे। ऐरावतकी चालकी तरह चलनेवाली आठ महासती देवियाँ थीं। अत्यन्त स्थूल और उन्नत स्तनोंवाली सोलह हजार स्त्रियाँ थीं। सोलह हजार देशान्तर, सोलह हजार नाटकवर, सोलह हजार गृह पार्थिव ? सोलह खेडाधिपति, नौ हजार म्लेच्छ राजा, पचास हजार द्रोणमुख, चौबीस हजार उत्तम पट्टन, सात हजार संवाहन, छत्तीस हजार और यक्ष अमरोंके आठ हजार नगर कहे गये हैं। तीन सौ पचास सीमान्त राजा उसके प्रति नत थे। गिरितरुओं और नदियोंसे युक्त चौदह दुर्गम वन दुर्ग थे। जिसके पास एक करोड़ अड़तालीस गाँव थे, मैं अकिंचन कवि उसका क्या वर्णन करूँ ? जो उसकी स्वयंप्रभा नामकी प्रिय पत्नी थी, वह विद्याधरोंके लिए मारी सिद्ध हुई।

घत्ता—रतिरूपी रसकी नदी उस परमेश्वरीसे हर्षसे सुन्दर हरि (त्रिपृष्ठ) को दो पुत्र उत्पन्न हुए—पहला श्रीविजय और दूसरा विजय ॥२६॥

---

२६. १. A णहयरग°। २. A णव मणियल जाइ°। ३. P णडणयवराहं। ४. AP तहो। ५. A णिवइ णियइं। ६. A °संगमाहं। ७. °दुग्गमाहं।

२७

ध्रुवई—ता सिहिजडि सपुत्तु परिपुच्छिवि हरि हलहर पयावई ॥
गउ रहणेउरम्मि दढं जिणगुणसुमरणसमियदुम्मई ॥

सो तहिं ए एत्थु वसंति जाव बहुकालहिं णेहणउ दुक्कु ताव ।
सो पुच्छिउ हरिताणण कुसलु मेरुं अक्खउ जिणपयपोमभसलु ।
असहायसहेज्जउ सच्चसंधु खयराहिउ गुणि महु परमबंधु । ५
तं सुणिवि तेण खयरेण उत्तु मेल्लिवि खगणिवचक्केसरत्तु ।
थिरु धरिवि पंचपरमेट्ठिसेव महिवइ ससुरउ पावइउ देव ।
एयइं वयणइं आयण्णियाइं सज्जणचरियइं मणि मण्णियाइं ।
ता एण सहहि संसं णियाइं इंदियसुहाइं अवगण्णियाइं ।
सणएण पयावइपत्थिवेण आवच्छिय तणुरुह वे वि तेण । १०
अणुहुत्तउं इच्छिउं पुत्तसोक्खु एंवहिं संसाहमि परममोक्खु ।
लइ जामि रण्णु पावज्ज लेमि वयसंजमभारहु खंधु देमि ।
हरिहलहरमउडणिरुद्धपाउ णिम्मुक्कमाणमायामएहिं णरणाहहं सहुं सत्तहिं सएहिं ।
परिसेसिवि मंदिरमोहवासु वउ लइउं पासि पिहियासवासु । १५

२७

तब ज्वलनजटी अपने पुत्र नारायण, बलभद्र और प्रजापतिसे पूछकर, जिनके गुणोंके स्मरणसे जिसकी दुर्मति शान्त हो गयी है, ऐसा वह राजा अपने रथनूपुर नगर चला गया। जब वह वहाँ और ये यहाँ इस प्रकार रह रहे थे तो बहुत समयके बाद एक विद्याधर वहाँ आया। नारायणके पिताने उससे कुशल समाचार पूछा कि जिनवरके चरणकमलोंका भ्रमर असहायोंको सहायता करनेवाला, सत्यप्रतिज्ञ, गुणी विद्याधर राजा मेरा श्रेष्ठ बन्धु सुखसे तो है। यह सुनकर उस विद्याधरने कहा कि विद्याधरराज और चक्रेश्वरत्व छोड़कर पंचपरमेष्ठीकी स्थिर सेवा स्वीकार कर वह ससुर राजा हे देव, प्रव्रजित हो गये हैं। राजाने ये वचन सुने और सज्जनके चरित्रोंको उसने माना। उसने सभामें इसकी प्रशंसा की तथा इन्द्रिय सुखोंकी निन्दा की। उस न्यायशील राजा प्रजापतिने अपने दोनों पुत्रोंसे पूछा कि मैंने इच्छित पुत्रसुखका अनुभव कर लिया है, इस समय अब परम सुखकी साधना करूँगा। लो मैं प्रव्रज्या लेकर वनमें जाता हूँ। तथा व्रत और संयमके भारको मैं अपना कन्धा दूँगा। बलभद्र और नारायणके मुकुटोंसे जिसके पैर अवरुद्ध हैं, ऐसा वह राजा और पिता किसी भी प्रकार रुका नहीं। मान-माया और मदसे रहित सात सौ राजाओंके साथ घरके मोहवासका परित्याग कर उसने पिहितास्रव मुनिके पास व्रत ग्रहण कर लिया।

२७.१. AP णहयर। २. A सुहु अच्छइ। ३. A रण्णि। ४. AP संजमु।

घत्ता—चिउ परिहरिवि जणु पेयसेवि वणु णिच्चमेव णिच्चलमइ ॥
अट्ठ वि णिद्धुणिवि[6] कम्मइं जिणिवि गउ सिवपयहु पयावइ ॥२७॥

२८

दुवई—एत्तहि णिसियविसमअसिधारातासियणरवरिंदहो ॥
चउरासीदि लक्ख गय वरिसहं तहिं पुरवरि उविंदहो ॥

दीहासीचावपमाणगत्तु अण्णहिं दिणि भोयसुहें अतित्तु ।
णिद्धम्मचित्तु णिल्लुत्तणाणु वड्ढंतमहंतरउद्दझाणु ।
जिह सुत्तउ तेंव जि कण्हलेसु मुउ कण्हु जमहु किर को णं[3] वेसु ।
उप्पण्णउ तमतमपहि तमोहि पंचविहदीहदुसहदुहोहि ।
तेत्तीससमुद्दपमाणु आउ पंचसयसरासणतुंगकाउ ।
जावउ णारउ णारयहं गम्मु भणु कवणु ण मारइ भीमकम्मु ।
सयं[5] रुयइ सयंपह कंत कंत अतुलबल देव हयगलकयंत ।
उट्ठुट्ठि णिहालहि सुहिमुहाइं दीहइ णिद्दइ सुत्तो सि काइं ।
बलएवहु धाहारुण्णएण लोय वि रुयंति कारुण्णएण ।
णिसुणेवि साहुवयणामयाइं णिज्झाइवि जिणपयपंकयाइं ।
पियविरहें[7] हुयवहु पइसरंति वारंवि सयंपह अणुमरंति ।

घत्ता—लोगोंका परित्याग कर निश्चल और निश्चित मति वनमें प्रवेश कर प्रजापति आठों ही कर्मोंको नष्ट कर और जीतकर शिवपदको प्राप्त हुआ ॥२७॥

२८

यहाँपर पैनी और विषम असिधारासे जिसने नरवर राजाओंको त्रस्त किया है, ऐसे उस इन्द्र त्रिपृष्ठके उस नगरमें चौरासी लाख वर्ष बीत गये। उसके शरीरका प्रमाण अस्सी धनुष था। एक दिन वह भोगसुखसे अतृप्त हो उठा, धर्मसे रहित चित्त और ज्ञानसे लुप्त उसका रौद्रध्यान निरन्तर बढ़ रहा था। जैसे ही वह सोया वैसे ही कृष्णलेश्यावाला वह कृष्ण (नारायण त्रिपृष्ठ) मर गया। यमका द्वेष्य कौन नहीं होता। वह पाँच प्रकारके दीर्घ दुःखोंके समूह अन्धकारसे भरे तमतमप्रभा नगरमें उत्पन्न हुआ। उसकी आयु तैंतीस सागर प्रमाण थी। पाँच सौ धनुष प्रमाण ऊँचा उसका शरीर था। नारकियोंके लिए गम्य वह नारकी हुआ। बताओ भीमकर्म किसको नहीं मारता। स्वयंप्रभा स्वयं, 'प्रिय-प्रिय' कहकर रोती है कि हे अतुलबल देव, अश्वग्रीव! उठो-उठो सुधीजनोंके मुखोंको देखो, तुम लम्बी नींदमें क्यों सोये हुए हो? बलभद्रके दहाड़ मारकर रोनेसे करुणाके कारण लोग भी रो पड़ते हैं। फिर साधु वचनामृतको सुनकर जिनवरके चरण-कमलोंका ध्यान कर प्रिय विरहके कारण आगमें प्रवेश करती हुई तथा अनुशरण (पतिके बाद

---

५. AP पइसरिवि वणु । ६. A णिद्धुविवि ।

२८. १. AP चउरासी वि । २. AP वड्ढंतरउद्दमहंतझाणि । ३. P को ण दोसु । ४. A विहपंचवीह° ५. AP केम ण मारइ । ६. A संभ्यइ । ७. P पियविरहएं ।

सिरिविजयहु बंधिवि रायपट्टु वणु रायसहासहिं सहुं पयट्टु ।
गुरु करिवि महारिसि कणयकुंभु तव चिण्णउ सीरि रयणिसुंभु । १५

घत्ता—गउ मोक्खहु विजउ जिणधम्मधउ तेएं भरहु भडारउ ।
सोसियमोहरसु भुवणंतजसु पुप्फयंतसरवारउ ॥२८॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महामव्वभरहाणुमण्णिए
महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे विजयतिविट्ठुहयगीवकहंतरं
णाम दुवण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५२॥

मरण) करती हुई स्वयंप्रभाको मनाकर, श्रीविजयको राजपट्ट बाँधकर, एक हजार राजाओंके साथ वह वनमें चला गया। रतिका नाश करनेवाले महाऋषि कनककुम्भको अपना गुरु बनाकर बलभद्रने तप ले लिया।

घत्ता—जिनधर्म दृढ़ तेजसे नक्षत्रोंको ढकनेवाला, आदरणीय मोहरसका शोषण करनेवाला, भुवनकी सीमाओं तक यशवाला, कामदेवके बाणोंका नाश करनेवाला विजय मोक्षके लिए गया ॥२८॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत इस महाकाव्यमें बावनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५२॥

---

८. A सीरें । ९. AP रयणिसुंभु । १०. A जिणधम्मरओ ।

संधि ५३

पणविवि देवहु णेयंतणिउंजियदिट्ठिहि ॥
वासवपुज्जहु सिरिवासुपुज्जपरमेट्ठिहि ॥ ध्रुवकं ॥

१

जो कल्लाणसयालओ मायाभावसयालओ ।
हरिणवंदपहुआसणो कुणयकुडंगहुयासणो ।
कणयरकविलणिवारणो अज्जुणवारिणिवारणो ।
दुविहकम्मकयणिज्जरो सुहयावयवो णिज्जरो ।
जो णिण्णासियभयजरो दाणालो जिणकुंजरो ।
जस्स अणंतं वीरियं अवि णं हणइ णियवइरियं ।
जो ण महइ दियवइरियं मज्जे जेण ण ईरियं ।
सुत्तं जस्स ण मंसए पाए जस्स णमंसए ।
अरइयरइणिव्वाणओ झसकेऊ णिव्वाणओ ।
बारहमो तित्थंकरो पणयाणं तित्थंकरो ।
जो अम्मंबुहिपोयओ वसिकयइरिकरिपोयओ ।
बुज्झियवत्थुवियप्पयं तं णमिउं परमप्पयं ।
भणिमो तस्स महाकहं चिण्णं तेण तवं कहं ।

सन्धि ५३

जिनकी दृष्टि एकान्तमें नियुक्त नहीं है, और जो इन्द्रके द्वारा पूज्य हैं, ऐसे श्री वासुपूज्य देवको मैं प्रणाम करता हूँ।

१

जो कल्याण परम्पराओं के शोभन घर हैं, जिनमें मायाभाव सदाके लिए लय हो गया है, जिनके आसनमें सिंह है, कुनयरूपी वृक्षोंके लिए जो अग्नि हैं, जो कणयर और कपिलका निवारण करनेवाले और श्वेत छत्रको धारण करनेवाले हैं, जिन्होंने दो प्रकारके कर्मोंकी निर्जरा की है, जो सुन्दर शरीरावयववाले और जरासे रहित हैं, जिन्होंने भयरूपी ज्वरका नाश कर दिया है, जो दानके घर और श्रेष्ठ जिन हैं, जिनके पास अनन्तवीर्य है, फिर भी जो अपने शत्रुका हनन नहीं करते, जो ब्राह्मणोंके वेदोंका सम्मान नहीं करते, जिनका सिद्धान्त न मदिरामें है और न मांसमें, जिसने रतिसुखकी रचना नहीं की है, जो बाण रहित है, ऐसा कामदेव जिनके चरणोंमें नमस्कार करता है, जो प्रणतोंके लिए तीर्थ बनानेवाले हैं, जो बारहवें तीर्थंकर हैं, जो जन्मरूपी समुद्रके लिए जहाज हैं, जिन्होंने अश्व-गजादिके समूहको वशमें कर लिया है, जिन्होंने पदार्थोंके भेदको

---

१. १. भवजरो । २. AP जस्साणंतं । ३. A णिहणइ । ४. AP झसकेओ ।

कुलबलजाईसामयं मोत्तुं जम्मं सामयं ।
काउं देहं खामयं जिह लद्धं मोक्खामयं ।

घत्ता—तिह हउं भासमि सुणि सेणिय किं सिरिगारें ॥
जिणगुणचिंतइ चंडालु वि मुच्चइ पावें ॥ १ ॥

२

पुक्खरवरदीवद्धए मणुउत्तरगिरिरुद्धए ।
तरुणरुगयसुरदारुणो इंददिसासियमेरुणो ।
पुव्वविदेहे जणरुई पीणियखगउलसंतई ।
तत्थ वारिमंथरगई सीया णाम महाणई ।
पायवसुरहिसमीरए तीए दाहिणतीरए । ५
संतोसियणरवरमई वरदेसो वच्छावई ।
घरसिरकयणहसाइयं उच्छवपडहणिणाइयं ।
धुयधयमालाराइयं रयणउरं रयणाइयं ।
तहिं राओ पउमुत्तरो जो सीलेण जगुत्तरो ।
देवी तस्स मयच्छिया णामेणं धणलच्छिया । १०
दोण्हं जणियाणंगओ दीहो कालो णिग्गओ ।
तलतमालतालीघणे आसीणो पुरउववणे ।
सत्तुमित्तसमचित्तओ अरुहो तित्थपवत्तओ ।

समझ लिया है, ऐसे उन परमात्माको मैं नमस्कार करता हूँ। उनकी महाकथाको मैं कहता हूँ कि किस प्रकार उन्होंने तप स्वीकार किया। किस प्रकार कुल-बल-जाति और लक्ष्मीके मद और व्याधिसहित जन्मको छोड़कर और शरीरको कृश बनाकर मोक्षरूपी अमृत उन्होंने प्राप्त किया।

घत्ता— उस प्रकार मैं कहता हूँ, हे श्रेणिक ! लक्ष्मीके गर्वसे क्या, जिनके गुणोंका चिन्तन करनेसे चाण्डाल भी पापसे मुक्त होता है ॥१॥

२

मानुषोत्तर पर्वतसे अवरुद्ध पुष्करार्ध द्वीप है। जिसके तटपर देवदारु वृक्ष उगे हुए हैं ऐसे पूर्वदिशामें आश्रित पूर्वमेरुके पूर्व विदेहमें लोगोंको अच्छी लगनेवाली, पक्षिकुलकी परम्पराको सन्तुष्ट करनेवाली, जलसे मन्द-मन्द बहनेवाली सीता नामकी नदी है। उसके वृक्षोंसे सुरभित पवनवाले, दक्षिण तीरपर नरश्रेष्ठोंकी मतिको सन्तुष्ट करनेवाला वत्सकावती देश है। उसमें रत्नपुर नामका नगर है, जो गृहरूपी सिरोंसे आकाशका आस्वाद करनेवाला है, जिसमें उत्सव नगाड़ोंका शब्द हो रहा है, जो हिलती हुई पताकाओंसे शोभित है और रत्नोंसे विजटित है। उसमें पद्मोत्तर नामका राजा था जो शीलमें विश्वमें श्रेष्ठ था। मृगके समान नेत्रवाली उसकी धनलक्ष्मी नामकी देवी थी। कामदेवको जाननेवाले उनका बहुत-सा समय बीत गया। तल, तमाल और ताली वृक्षोंसे सघन नगर-उपवनमें विराजमान, शत्रु और मित्रमें समान चित्त रखनेवाले तीर्थ-

---

२. १ A जणरई । २. A खगउलसंतई । ३. AP तेत्थु । ४. P तहिं मि राउ पउमुत्तरो ।

धम्मसलिलसिंचियधरो महिओ तेण जुयंधरो।
मुणिओ वत्थुविभेयओ उप्पण्णउ णिव्वेयओ।
दाउं परिपालियखमं धणमित्तस्स कुलक्कमं।
सह णिवेहिं साहियमणो समममणियतणकंचणो।
जाओ राओ मुणिवरो गिरिगहणे लंबियकरो।
चरइ तवं सो जेरिसं को किर वण्णइ तेरिसं।

घत्ता—णिरु णिप्पिहमइ परमेसरु पंथहु लग्गउ॥
जिह देहें रिसि चित्तेण वि तिह सो णग्गउ॥ २॥

३

माणसे असक्कयाइं पंच पंच एक्कयाइं।
बुज्झिउं सुयंगयाइं तावियं णियंगयाइं।
इंदियाइं पीडिऊण दुक्कियाइं साडिऊण।
अज्जिऊण चारु चित्तु तित्थणाहणामु गोत्तु।
भाविऊण संतणाणु झाइऊण धम्मझाणु।
वज्जिऊण खाणु पाणु तेण मुक्कु अ त्ति पाणु।
णिग्गओ सरीरयाउ णं रईसरीरयाउ।
जम्मसायरे पडंतु दुक्खविब्भमे घडंतु।
चंदकंतकंतिसुक्कि जायओ महंतसुक्कि।
सोलसण्णवप्पमाउ पोमलेसु सुब्भतेउ।

प्रवर्तक धर्मरूपी जलसे धरतीको सिंचित करनेवाले अरहन्त युगन्धरकी उसने पूजा की। पदार्थके भेदको उसने समझा। उसे निर्वेद उत्पन्न हो गया। जिसमें पृथ्वीका परिपालन किया जाता है, ऐसी कुलपरम्परा (कुलराज्य) अपने पुत्र (धनमित्र) को देकर, राजाओंके साथ अपने मनको साधते हुए, तृण और स्वर्णको समान मानते हुए वह राजा मुनिवर हो गया। गहन वनमें अपने हाथ लम्बे कर वह जिस प्रकारके तपका आचरण करता है, उसका वैसा वर्णन कौन कर सकता है?

घत्ता—अत्यन्त निस्पृह-मति वह परमेश्वर अपने मार्गपर लग गये। जिस प्रकार वह शरीरसे ऋषि (नंगे) थे उसी प्रकार मनसे भी ॥२॥

३

अचिन्तित पाँच पापों और इन्द्रियोंको एक किया। श्रुतांगोंको समझा। अपने अंगोंको सन्तप्त किया। इन्द्रियोंको पीड़ित कर, दुष्कृतोंको नष्ट कर, सुन्दर विचित्र तीर्थंकर नामका गोत्र अर्जित कर, अपने मनमें ज्ञानकी भावना कर, धर्मध्यानका ध्यान कर, खान-पान छोड़कर उसने शीघ्र प्राणोंका त्याग कर दिया। शरीरसे इस प्रकार निकला मानो रतिरूपी नदीके वेगसे निकला हो। जन्मरूपी सागरमें पड़ता हुआ, दुःखोंके विलासमें होता हुआ, चन्द्रकान्तकी कान्तिके समान सफेद महाशुक्र विमानमें उत्पन्न हुआ। सोलह सागर प्रमाण आयुवाले उसकी पद्मलेश्या थी, और वह

---

५. A देहेण।

३. १ A तावियो।

हारदोरसोहमाणु अट्ठअट्ठहत्थमाणु ।
अट्ठअट्ठपक्खँसासु पुण्णचंदसंणिहासु ।
चोत्थभूयलंतलक्खु सद्दजायकामसोक्खु ।

घत्ता—सोलहसहसहं गय वरिसहं एक्कसु भुंजइ ॥
जो सो सुरवरु बुहहियवउं किं णउ रंजइ ॥ ३ ॥ १५

४

लेसमासजीवियम्मि दिव्वपुंगमे थियम्मि ।
जक्खणाहु भासुरेण बोल्लिओ सुरेसरेण ।
जंबुदीवि भाणुभासि भारहम्मि अंगदेसि ।
दोक्खलक्खलोट्टणम्मि चंपणामपट्टणम्मि ।
अत्थि दव्वपुज्जराउ सत्तुसीसविण्णपाउ । ५
तस्स पत्ति कामवित्ति वल्लहा जयावइ त्ति ।
ताहं होईदिंदियारि अंगओ अहन्महारि ।
जाहि देवँ सोक्खजुत्ति ता धणाहिवेण इ त्ति ।
णिम्मियं पुरं वरेहिं मोत्तिएहिं कब्बुरेहिं ।
कंजछण्णवावियाहिं दीहियाहिं खाइयाहिं । १०
फुल्लँगुंछवच्छएहिं कूवएहिं कच्छएहिं ।
तीरिणीतलायएहिं चित्तदारभायएहिं ।
हट्टटिट्टचच्चरेहिं गामगोहदुच्चरेहिं ।

शुभ्र तेजवाला था। हार-डोरसे शोभित चार हाथ प्रमाण शरीर, आठ-आठ पक्षमें श्वास लेनेवाला और पूर्णचन्द्रके समान मुखवाला। चौथी नरकभूमिके अन्त तक देखनेवाला (अवधिज्ञानसे); उसे शब्दमात्रसे कामसुख मिल जाता था।

घत्ता—जो, जब सोलह हजार वर्ष निकल जाते तो एक बार भोजन करता, वह देववर पण्डितोंके हृदयका रंजन क्यों नहीं करता ? ॥३॥

४

जब दिव्यशरीरमें स्थित उसका छह माह जीवन शेष रह गया, तो भास्वर देवेन्द्रनाथने यक्षनाथसे कहा कि 'सूर्यसे प्रकाशित जम्बूद्वीपके भारतमें अंगदेशके लाखों दुःखोंको नष्ट करनेवाले चम्पा नामक नगरमें शत्रुओंके सिरपर पैर रखनेवाला वसुपूज्य नामका राजा है, उसकी पत्नी (प्रिया) जयावती कामवृत्ति है। उन दोनोंके इन्द्रियोंका शत्रु और अधर्मका हरण करनेवाला पुत्र होगा। इसलिए सुखयुक्तिवाले हे देव, तुम जाओ।' तब कुबेरने शीघ्र जाकर श्रेष्ठ चित्र-विचित्र मोतियोंसे नगरकी रचना की। कमलोंसे आच्छादित वापियों, लम्बी-लम्बी खाइयों, फूलोंके गुच्छेवाले वृक्षों, कूपों, कच्छों (कछारों), नदियों, तालाबों, चित्रित द्वारभागों, बाजारों, द्यूतगृहों, चौराहों, ग्राम्य-

२. P °पक्खमासु ।

४. १. जंबुदीवभाणुभासि । २. A होहि इंदियारि; P होहिदिंदियारि । ३. A देहि सोक्ख° । ४. AP फुल्लगोच्छ° ।

दीहरत्थमग्गएहिं वोमधामलग्गएहिं ।
१५ धूवगंधसुंदरेहिं सत्तभूमिमंदिरेहिं ।
घत्ता—एहउ सोहइ जं पुरु तहिं घरि सुहुं सुत्तइ ॥
सिविणयसंतइ पविलोइय पंकयणेत्तइ ॥ ४ ॥

५

हत्थि दाणवारिवाहरत्तमत्तछप्पओ गोवई विसाणघायभग्गसालिखेप्पओ ।
केसरी मयंधगंधकुंभिकुंभदारणो णक्खजोण्हियामिलंतमोत्तियंसुवारणो ।
हंसकामिणीहिं सेवियारविंदवासिरी पुंडरीयवामणेहिं सिंचिया महासिरी ।
पारियायपोमपोंमलं परायसंभुयं मत्तभिंगसंगयं ललंतमालियाजुयं ।
५ णासियंधयारओ वरो विहावरीवई कंजबंधवो सरम्मि दिण्णपोमिणीरई ।
पेमभेंभला चला णिरंतरं वियारिणो कीलमाणया महासरंतरे विसारिणो ।
वारिवारपूरियं सरोरुहेहिं अंचियं कुंभजुम्मयं पवित्तचंदणेण चच्चियं ।
पंकयायरो चलंतलच्छिणेउरारवो णीरघुम्मिरो तरंगभंगुरो महण्णवो ।
सीहमंडियासणं रणंतकिंकिणीसरं इंदमंदिरं वरं महाफणीसिणो घरं ।
१० पुंजओ मणीण दिंतरंजियावणीयलो धूमचत्तओ पलित्तओ सिहाचलोणलो ।

प्रमुखोंके लिए चलनेमें कठिन लम्बी गलियों और मार्गों और आकाशमार्गसे लगे हुए धूप-गन्धसे सुन्दर सातभूमिवाले घरोंसे—

घत्ता—वह नगर शोभित था। वहाँ घरमें सुखसे सोती हुई कमलनयनी जयावती स्वप्नमाला देखती है। ॥४॥

५

मदजलके प्रवाहमें अनुरक्त मत्त भ्रमर जिसपर हैं, ऐसा हाथी जिसने सींगोंके आघातसे क्षेत्रखण्डको खोद डाला है, ऐसा गोपति (बैल); मदान्ध गन्ध गजके कुम्भस्थलका विदारण करनेवाला तथा नखोंकी ज्योतिसे मिलती हुई मोतियोंकी किरणोंका निवारण करनेवाला सिंह, हंसिनियोंके द्वारा सेवित, कमलोंमें निवास करनेवाली, पुण्डरीक और वामन दिग्गजोंके द्वारा अभिषिक्त महालक्ष्मी; पारिजात और कमलोंसे मिश्रित, परागकी भूमि, मतवाले भ्रमरोंसे युक्त विलसित पुष्पमाला युग्म; जिसने अन्धकारका नाश किया है ऐसा श्रेष्ठ चन्द्रमा, सरोवरमें जिसने कमलिनियोंको कान्ति दी है ऐसा कमलबन्धु (सूर्य); प्रेमसे विह्वल, चंचल निरन्तर विचरण करनेवाली क्रीड़ा करती हुई महासरोवरमें मछलियाँ; जलसमूहसे पूरित, कमलोंसे अंचित, पवित्र चन्दनसे चर्चित कुम्भयुगल; जिसमें चलती हुई लक्ष्मीके नूपुरोंका शब्द हो रहा है ऐसा सरोवर तरंगोंसे भंगुर और जलसे आलोड़ित समुद्र; सिंहोंसे अलंकृत आसन (सिंहासन); जिसमें किंकिणियोंका स्वर है ऐसा इन्द्रविमान और महानागका श्रेष्ठ घर। जिसने अपनी दीप्तिसे अवनीतलको रंजित किया है ऐसा मणियोंका समूह; धूमसे रहित, शिखाओंसे चंचल प्रदीप्त आग।

५. AP वोमधामलग्गएहिं । ६. A सुहि सुत्तइ ।

५. १. A °रंतमत्त° । २. A हिमाहिवी णिसावई । ३. A पिमविमला । ४. AP तारवारिपूरियं ।
५. A सीहवीढियं रणंत° ।

घत्ता—सिविणय जोइवि देविइ णियणाहहु भासिउं ॥
तेण वि तप्फलु णिच्चफलु तहि खणएसिउं ॥ ५ ॥

६

णाणचक्खुणा जो णिरिक्खए जो जयं असेसं पि रक्खए ।
पोसए पिए दुव्वसामिए सुंदरी हले मज्झखामिए ।
सो तुमम्मि होही जिणेसरो भव्वजीवराईवणेसरो ।
सक्कपेसिया देविया सिरी कंति कित्ति बुद्धी सई हिरी ।
आगया घरं देहसोहणं ताहिं तम्मि तिस्सा कयं घणं । ५
तिण्णि तिण्णि मासे घणी वसो वुट्ठओ सुवण्णंभपाउसो ।
मेहजाललीलापयासए पावणम्मि आसाढमासए ।
छट्ठए दिणे किण्हपक्खए तित्थणाहसंखम्मि रिक्खए ।
चरणकमलजुयणविययपण्णओ गब्भकंजकोसे णिसण्णओ ।
पुणु पयत्थसममासमेरओ णिच्च सयइ कणयं कुबेरओ । १०

घत्ता—चउसंखाहिइ जलणिहिपण्णासइ ढलियइ ॥
पल्लहु तिज्जइ भायम्मि धम्मि परिगलियइ ॥ ६ ॥

७

गइ सेयंसइ सिवसरहंसइ ।
मासइ फग्गुणि पक्खइ तमघणि ।
कंपियतिहुवणि चउद्दहमि दिणि ।

घत्ता—स्वप्नोंको देखकर देवीने अपने स्वामीसे कहा और उसने भी उसे उसका नित्यफल-वाला-फल बताया ॥५॥

६

जो ज्ञानरूपी आँखसे देखते हैं, जो अशेष जगकी रक्षा करते हैं, हे दूबकी तरह श्यामांगी, कृशोदरी सुन्दरी, पोषण देनेवाली प्रिये, ऐसे वह भव्य जीवरूपी कमलोंके सूर्य जिनेश्वर तुममें उत्पन्न होंगे। इन्द्रके द्वारा प्रेषित देवियाँ श्री, कान्ति, कीर्ति, बुद्धि, सती और ह्री घर आयीं, और उन्होंने उसका उसी समय खूब देह शोधन किया। मेघजालकी लीलाको प्रकाशित करनेवाले, पवित्र आषाढ़ माहके कृष्णपक्षके छठीके दिन, चौबीसवें शतभिषा नक्षत्रमें जिनके चरणकमल युगलको नाग प्रणाम करता है, ऐसे वह गर्भरूपी कमलकोशमें स्थित हो गये। फिरसे कुबेरने नौ माहकी अवधि तक नित्य धनकी वर्षा की।

घत्ता—यौवन सागर समय बीतनेपर, अन्तिम पल्यके तीसरे सागरमें धर्मका उच्छेद होने पर—॥६॥

७

शिवरूपी सरोवरके हंस श्रेयांसके चले जानेपर, फागुन माहके कृष्णपक्षमें, जिसमें त्रिभुवन

---

६. A तं फलु णिच्चफलु ।
६. १. A सुवण्णंबुपाउसो । २. A कण्हपक्खए ।
७. १. P सिवभर° ।

दुरियविओयइ वारुणजोयइ ।
अप्पण्णो इणु बारहमो जिणु ।
हरिसोल्लियमणु पत्तो सुरयणु ।
चंपापुरेवरं णविऊणं घरं ।
णिज्जियसयदलि जणणीकरयलि ।
बुद्धिणिसुंभयं मायाडिंभयं ।
गहिऊणं पहुं रइभिसिणीविहुं ।
सक्केणं तउ कुं भणिउं गउ ।
लग्गणमेरुणो सिहरं मेरुणो ।
गंतुं गयमलि पंडुसिलायलि ।

घत्ता—णीहु थवेप्पिणु जियतारहारणीहारहिं ॥
णहविउ सुरिंदहिं घडवियलियचंदिरधारहिं ॥ ७ ॥

८

पुज्जिवि वंदिवि तिजगगुरुणिवराणियहि खेयर विसहर सुरेरमणिसंमाणियहि ।
तणयालोयणतुट्ठियहि तुच्छोयरिहि आणिवि देउ समप्पियउ करि मायरिहि ।
इंदें रुंदाणंदवसु तिह णच्चियउं जिह महिचलणें फणिउलु विभिंयकुंचियउं ।
पणविवि परमं परमपरं णेहि चलियधओ सहुं परिवारें सग्गवई सुरलोउ गओ ।
अण्णहु पासि ण सत्थविही कत्थइ सुणइ सव्वउ कलउ सलक्खणउ अप्पणु मुणइ ।

कम्पित है, ऐसे चतुर्दशीके दिन, पापसे विमुक्त चारणयोगमें बारहवें जिनवर (सूर्य) उत्पन्न हुए। हर्षसे उल्लसित मन देवसमूह वहाँ पहुँचा, और चम्पापुर वर तथा घरको प्रणाम कर कमलकुलको जीतनेवाले जननीके करतलमें, बुद्धिको भ्रममें डालनेवाले मायावी बालकको रखकर, रतिरूपी कमलिनीके लिए सूर्य प्रभुको लेकर, इन्द्र 'कुं' कहकर गजको प्रेरित कर आकाशको छूनेवाले सुमेरु पर्वतके शिखरपर जानेके लिए चला। मलरहित पाण्डुक शिलातलपर—

घत्ता—स्वामीको स्थापित कर, स्वच्छ हार और नीहारोंको जीतनेवाली घड़ोंसे गिरती हुई चाँदनीके समान धाराओंसे सुरेन्द्रोंने उनका अभिषेक किया ॥७॥

८

उनकी पूजा और वन्दना कर; त्रिजगके श्रेष्ठ राजाकी रानी, विद्याधर, विषधर और देवस्त्रियोंके द्वारा सम्माननीय पुत्रको देखकर सन्तुष्ट होनेवाली कृशोदरी माताके हाथमें लाकर देवको दे दिया। इन्द्रने विशाल आनन्दके वशीभूत होकर इस प्रकार नृत्य किया, कि जिससे धरती काँपनेके कारण नागकुल विस्मयसे संकुचित हो गया। परमश्रेष्ठ जिनको प्रणाम कर, चंचलध्वज स्वर्गपति (इन्द्र) अपने परिवारके साथ इन्द्रलोक चला गया। वह किसी दूसरेके पास कहीं भी

---

२. A पुरवरे। ३. A घरे। ४. A तं भणिओ; P कुं भणिओ। ५. A गयगले। ६. A has ता before णाहु।

८. १. A सुररमणी°; सुरवररमणी°। २. A छउओयरिहि; P तुच्छओयरिहि। ३. AP विभय°। ४. A णहचलिय।

वरिसि विसुद्धबुद्धिसहिउ हयदुट्ठमइ सावयसीलि परिट्ठियउ गब्भट्ठमइ ।
कालें वड्ढंतहु गुणेहिं जाणियमणुहि जायइ माणु सरासणइं सत्तरि तणुहि ।
कुअरत्तें परमेसरहो कीलाणिरयहो अट्ठारह संवच्छरहं तहु लक्ख गयहो ।

घत्ता—णवघुसिणपल्लवि करणुज्झियणाणपहायरु ॥
णिव कुलमहिहरे उग्गउ णं बालदिवायरु ॥ ८ ॥ १०

९

एक्कहिं दिणि णिव्वेयगउ भासइ तव करमि जेण ण पुणु वि संसारि असारि ण संसरमि ।
लोयंतियसुरवंदहिं लहु संबोहियउ माणवदाणवदेवहिं पहुविवि पसाहियउ ।
फुल्लियफलियमहीरुहरंजियसउणहु सिविियाजाणारूढउ गउ मणहरवणहु ।
कयचउत्थु मज्झत्थु महत्थु महंतमइ मणपज्जवपरियाणियमाणुसमणविगइ ।
फग्गुणि कसणि चउद्दसिदिणि विरएं लइउ सयभिसहइ सायण्हइ सो सइं पावइउ । ५
तेण समउ संसारहु णिव्विण्णइं वरईं सयइं णिवहं पावइयइं छहछाहत्तरईं ।
तिक्खु चरित्तु चरंते पाउ गलत्थियउं मोहसमुद्दु रउद्दु सुदुम्महु मंथियउ ।
कामहु पंच वि चंडइं कंडइं खंडियइं इंदियदुट्ठकुडुंबइं मुणिणा दंडियइं ।

शास्त्रविधि नहीं सुनते, लक्षण सहित समस्त कलाओंका स्वयं विचार करते हैं। गर्भसे आठवें वर्षमें विशुद्ध शुद्ध बुद्धिसे सहित, दुष्ट बुद्धिका नाश करनेवाले वह श्रावकधर्ममें दीक्षित हुए। समयके साथ गुणोंसे बढ़ते हुए, मनःपर्ययज्ञानको जाननेवाला उनका शरीर सत्तर धनुषके मानका हो गया। उन परमेश्वरके कौमार्यमें क्रीड़ामें रत अठारह लाख वर्ष बीत गये।

घत्ता—नवकेशरके समान छविवाले, तथा इन्द्रियोंसे रहित ज्ञानरूपी सूर्यवाले वह, हे राजन् (श्रेणिक), कुलरूपी पर्वतपर मानो बाल दिवाकरके रूपमें उत्पन्न हुए ॥८॥

९

एक दिन विरक्त होकर वह कहते हैं कि मैं तप करूँगा जिससे मैं इस असार संसारमें संसरण न करूँ। लौकान्तिक देवोंने तत्काल सम्बोधित किया और मानवों तथा दानव देवोंने अभिषेक कर उनका प्रसाधन किया। शिविकायानपर आरूढ़ होकर जहाँ पुष्पित और फलित वृक्षोंपर गुंजन करते हुए भ्रमर हैं, ऐसे मनोहर उद्यानमें वह गये। जिन्होंने मनःपर्ययज्ञानसे मनुष्य और श्रमणकी चेष्टाओंको जान लिया है, ऐसे महार्थ मध्यस्थ और महामति, एक उपवास कर फागुन माहके कृष्णा चतुर्दशीके दिन, विरक्तिसे परिपूर्ण, उन्होंने सायंकाल शतभिषा नक्षत्रमें प्रव्रज्या ले ली। उनके साथ संसारसे विरक्त छह सौ छिहत्तर राजाओंने दीक्षा ग्रहण कर ली। तीव्र तपका आचरण करते हुए उन्होंने पापको नष्ट कर दिया, और अत्यन्त दुर्मद भयंकर मोह-समुद्रका मन्थन कर डाला। कामके पाँचों प्रचण्ड तीरोंको उन्होंने नष्ट कर दिया। मुनिने दुष्ट

---

८. A वड्ढंतें। ६. A कुमरत्तें; P कुवरत्तें। ७. AP °णिरया। ८. AP गया। ९. A णं उग्गउ।
९. १. A ण पइसरमि। २. A सिवियाजाणइ रूढउ। ३. P माणविगइ। ४. A फग्गुणकसणचउद्दसिदिणि°।
५. AP सविसाहइ। ६. A वरइं। ७. A °छाहत्तर°। ८. A सुसंपुहु। ९. P °कुडुंबइं।

चंगउं सुत्तु धरेप्पिणु मणपुरवरु थविउं दिहिपायारु[10] रएप्पिणु रिउबलु[11] विद्दविउं ।
विसयकसायहं चोरहं कुहिणिउ दूसियउ रयणत्तयभारें लोउ पयासियउ ।
घत्ता—बीयइ वासरि पइसरिवि महाणयरंतरि ॥
भिक्खहि कारणि परिभमइ वरीसरु घरि घरि ॥ ९ ॥

१०

आवंतु भडारउ भावियउ सुंदरराएं पोराविय[1] ।
तहु मंदिरि सहसा वित्थरिउं पंचविहु वियंभिउं अच्छरिउं ।
थिउ एक्कु वरिसु रिसि तिव्वतवि णिल्लूरियभवसंभवविभवि ।
णिद्धाडियमाडियमोहरइ ससहरि विसाहणक्खत्तगइ ।
माहम्मि सुद्धबीयहि बलिउ घणघाइचउक्कु विणिद्दलिउ ।
उववासिएण वासरि गमिइ दिणयरि वारुणदिसि संकमिइ ।
पुव्विल्लइ वणि चवचूयचलि उप्पायउ णाणु कयंबतलि ।
णियगोमिणिगारव संखरव घंटारव हरिरव पडहरव ।
महिविवर गयण वण सग्ग घर णहि धाइय आइय बहु अमर ।
विज्जाहर आइय कुसुमकर भूगोयर कंपाविय सधर ।
घत्ता—तं परमप्पउं ललियक्खरलद्धविसेसहिं ॥
वंदइ सुरवइ णाणाविहथोत्तसहासहिं ॥१०॥

इन्द्रियरूपी कुटुम्बको दण्डित किया तथा अच्छी तरह सोते हुए मनरूपी पुरवरको पकड़कर स्थापित किया। धैर्यरूपी प्राकारकी रचना कर शत्रुबलको खण्डित किया। विषयकषायरूपी चोरोंकी गलीको दूषित कर दिया, रत्नत्रयकी प्रभाके भारसे लोकको प्रकाशित कर दिया।

घत्ता—दूसरे दिन महानगरके भीतर प्रवेश कर वह यतीश्वर आहारके लिए घर-घर परिभ्रमण करते हैं ॥९॥

१०

सुन्दर राजाने आते हुए आदरणीयकी पूजा की और पारणा करायी। उसके प्रासादमें शीघ्र ही पांच प्रकारके विस्तृत आश्चर्य उत्पन्न हुए। वह महामुनि एक वर्ष तक जिसमें संसारमें जन्म लेनेकी सम्पत्ति नष्ट हो गयी है, ऐसे तीव्रतपमें स्थित रहे। जिन्होंने मोहरज उखाड़कर नष्ट कर दिया है ऐसे, वह माघ माहके शुक्लपक्षके द्वितीयाके दिन विशाखा नक्षत्रमें चार घन घातिया कर्मोंका नाश कर देते हैं। उपवाससे दिन बितानेपर और सूर्यके पश्चिम दिशामें ढलनेपर, वध और आम्रवृक्षोंसे चंचल पूर्वोक्त उद्यानमें कदम्ब वृक्षके नीचे ज्ञान उत्पन्न हो गया। अपनी लक्ष्मीके गौरवसे युक्त शंखशब्द, घण्टाशब्द, हरिशब्द और पटह शब्द, धरतीके विवरों, गगन, वन, स्वर्ग और घरोंमें फैल गये। बहुतसे देव आकाशमें दौड़े और वहाँ आये। हाथमें कुसुम लेकर विद्याधर आये। पृथ्वी सहित भूगोचर काँप उठे।

घत्ता—सुन्दर अक्षरोंसे जिन्होंने विशेषता प्राप्त की है, ऐसे नानाविध स्तोत्रोंसे इन्द्र उन परमात्माकी वन्दना करता है ॥१०॥

---

९०. P °पावारु । ११. रिउबलु ।

१०. १. A पराविय । २. P °दिद्दवि । ३. A वासवदिसि । ४. P चवसूयचलि । ५. P कलंबयलि । ६. AP आइय धाइय । ७. AP विज्जाहर वियसियकुसुमकर । ८. A लद्धहिं सेसहिं ।

११

जीह समीहइ भोयणउं दिट्ठि वि महिलालोयणउं ।
कण्णहिं इच्छिउ गेयरसु णासु गुणाहियगंधवसु ।
फासु वि मउसयणइं महइ करणइं पंच जीउ वहइ ।
ताइं मणेण जि पट्ठवइ विसयहं उवरि परिट्ठवइ ।
पसरियविविहसुहालसउ मोहमइरमयपरवसउ । ५
कुप्पइ तप्पइ णीससइ णडइ रडइ गायइ हसइ ।
णाणाजम्महिं आइयउ पेम्मपिसाएं छाइयउ ।
कुलबलविहवगव्वग्गहिउ गुरुयणकहियसीलरहिउ ।
उम्मग्गेण जि संचरइ पहं ण भडारा संभरइ ।
तुहुं तिहुयणअब्भुद्धरणु तुहुं जि देव विबुहहं सरणु । १०
तुहुं जिण गुणमाणिक्कणिहि तुहुं घोरपावकंतारदहि ।
तुहुं जणमणवेयालहरु अक्खयसुहफलतियसतरु ।
जो पइं पणवइ सुद्धमई सो पावइ णिव्वाणगई ।

घत्ता—वाईसरिवइ रिदुसट्ठिसमं जसु गणहर ॥
बारहसयमिय पुव्वंगधारि तहु मुणिवर ॥११॥ १५

११

"जीभ भोजनकी इच्छा करती है, दृष्टि स्त्रीको देखना चाहती है, कानोंके द्वारा गीत-रस चाहा जाता है, नाक गुणोंसे अधिक गन्धके अधीन होती है, स्पर्श भी मृदु शय्याओंको महत्त्व देता है, इस प्रकार पाँच इन्द्रियोंको जीव धारण करता है। मनके द्वारा उनको प्रेरित करता है, और विषयोंमें उन्हें प्रवृत्त करता है, प्रसरित बहुसुखोंमें वह (जीव) आसक्त होता है, तथा मोहरूपी मदिराके मदके अधीन हो जाता है। वह क्रुद्ध होता है, सन्तप्त होता है, निःश्वास लेता है, व्याकुल होता है, रोता है, गाता है, हँसता है, नाना जन्मोंमें आया हुआ (यह जीव) मोहरूपी पिशाचसे अभिभूत होता है। कुल, बल और वैभवके अहंकारसे गृहीत गुरुजनोंके द्वारा कहे गये शीलसे रहित वह खोटे मार्गसे ही चलता है। हे आदरणीय, वह तुम्हारा स्मरण नहीं करता। आप त्रिभुवनका उद्धार करनेवाले हैं, हे देव, आप ही विद्वानोंकी शरण हैं, हे जिन, आप गुणरूपी माणिक्योंकी निधि हैं, आप भयानक पापरूपी कान्तारके लिए आग हैं, आप जनमनके अन्धकार-को दूर करनेवाले हैं, आप अच्युत सुखरूपी फलके लिए कल्पवृक्ष हैं, जो शुद्धमति तुम्हें प्रणाम करता है, वह निर्वाणगति प्राप्त करता है।"

घत्ता—जिनके छियासठ गणधर थे और बारह सौ पूर्वांगके धारी मुनिवर थे ॥११॥

११. १. A अदुवइ । २. A मेहमयरमय°; P मोहमइरामय° । ३. A पेमविसाएं । ४. A °वेयण्णहरु ।
५. P adds लहु after पावइ ।

१२

पंचतीस चउसहसइं दुइसय सिक्खुयहं पंचसहस जलणिहिसय सावहिभिक्खुयहं ।
छहसहास सव्वण्हुहं दह वेउव्वियहं लेसासमइं सहासइं मणपज्जयवियहं ।
सायरसहसई दोसय वाइहिं णयधरहं एंव होंति बाहत्तरिसहसई जइवरहं ।
एक्कु लक्खु छहसहसई संजमधारिणिहिं लक्ख चयारि समासिय घरवयचारिणिहिं ।
५ दोण्णि लक्ख गुणवंतहं संतहं सावयहं संखेज्जउ गणु[1] घोसिउ काणणसावयहं ।
जिणवरवयणणिहालणणिहयभवोवयहं संख णहिं[2] आगहं देवहं देवियँहं[3] ।
चउपण्णास जि लक्खइं वरिसविहीणाइं वरिसहं विहरिवि महियलि भवसमरीणाइं ।
हरिकयकणयकुसेसयलयरिविइण्णपउ संबोहेप्पिणु भव्वइं चंपाणयरु गउ ।

घत्ता—णिज्जियणियरिउ वरधम्मचक्कि मुणिराणउ ।
१० पलियंकासणु अंतिमझाणम्मि णिलीणउ ॥१२॥

१३

भद्दवयहु ससेयभिसहहि[1] सेयचउद्दसिहि तिण्णि वि अंगइं गलियइं तासु महारिसिहि[2] ।
अवरण्हइ चउणवइहिं रिसिहिं समेउ जिणु जायउ सिद्धु भडारउ भवगयजम्मरिणु ।
सक्कि अग्गिकुमारहिं जयजयकारियउ अंगु अणंगीहूयहु तहु सक्कारियउ ।
आहंडलधणुमंडलमंडियघणघणइ कहइ पुरंदरु देवहं जंतु णहंगणइ ।

१२

उनतालीस हजार दो सौ शिक्षक मुनि थे। पाँच हजार चार सौ अवधिज्ञानी मुनिवर थे। छह हजार केवलज्ञानी और दस हजार विक्रियाऋद्धिके धारी मुनि थे। छह हजार मनःपर्ययज्ञानी, चार हजार दो सौ वादीश्वर मुनि थे। इस प्रकार (उनके साथ) बहत्तर हजार मुनिवर थे। एक लाख छह हजार संयम धारण करनेवाली आर्यिकाएँ थीं। गृहस्थ धर्मका पालन करनेवाली श्राविकाएँ चार लाख थीं। गुणवान् श्रावक दो लाख थे। व्रतसहित तिर्यंच संख्यात कहे गये हैं। जिनवरके मुखको देखने मात्रसे जिन्होंने संसारकी आपत्तियोंका नाश किया है ऐसे वहाँ आनेवाले देवी-देवताओंकी संख्या नहीं थी। एक वर्ष कम चौवन लाख संसारश्रमसे हीन वर्षों तक धरती-तलपर विहार कर, इन्द्रके द्वारा रचित स्वर्णकमलके ऊपर पैर देकर चलनेवाले वह भव्योंका सम्बोधन करनेके लिए चम्पानगर गये।

घत्ता—जिन्होंने अपने शत्रुको जीत लिया है, ऐसे श्रेष्ठ धर्मचक्रवर्ती मुनिराज पर्यंकासनमें स्थित अन्तिम ध्यानमें लीन हो गये ॥१२॥

१३

भाद्र शुक्ला चतुर्दशीके दिन उन महाऋषिके तीनों ही शरीर गल गये। अपराह्णमें चौरानवे मुनियोंके साथ, जन्मरूपी ऋणसे रहित आदरणीय वह जिन सिद्ध हो गये। इन्द्र और अग्निकुमार देवोंने उन्हें जयजयकार किया, अनंगीभूत हुए उनके शरीरका दाह-संस्कार कर दिया गया। इन्द्रधनुष मण्डलसे मेघवाले आकाश के प्रांगणमें आता हुआ इन्द्र देवोंसे कहता है कि प्रभु

---

१२. १. A गुण। २. A भवावहहं। ३. P देवयहं। ४. AP °साणे।

१३. १. A सविसाहहे कसण°; p सुविसाहहे कसण°; K records a *p* as in AP। २. P महासिहि।

पहु वाहरि वच्छरलक्खइं अट्ठियउ एत्थहिं हुयउ णिहुउ हउं ण तियच्छियउ। ५
एम मरइ को पंडियपंडियवरमरणु जेण ण पुणु वि पयट्टइ बहुभवसंभरणु।
हउं वि एवं संचिंतमि जइ णरभवु लहमि तो खरतवमंथाणें कम्मदहिउं महमि।
अप्पउ णामें चोप्पडु तं छिण्णउं करमि वासुपुज्जपरमेट्ठिहि मग्गे संचरमि।

घत्ता—भरहहु होंतउ जिणचरियइं तियसहं संविवि ॥
गउ हरि सग्गहु णंहि पुप्फदंतु उल्लंघिवि ॥१३॥ १०

इति महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए
महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे वासुपुज्जणिव्वाणगमणं
णाम तिवण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५३॥

बहत्तर लाख वर्ष रहे, इस समय जाकर वह मुक्त हुए, तुमने यह नहीं देखा। इस प्रकार पण्डितोंमें महापण्डित-मरण कौन मरता है कि जिससे दुबारा जीव संसारकी अनेक जन्म-परम्परामें नहीं पड़ता। मैं भी यही सोचता हूँ कि यदि मैं मनुष्य जन्म पा सकूँ तो तीव्रतपरूपी मथानीसे कर्मरूपी दहीका मन्थन करूँगा, और ज्ञानसे जो आत्मा तथा स्निग्धत्व (रागतत्त्व) है उसे छिन्न करूँगा, तथा वासुपूज्य परमेष्ठीके मार्गपर चलूँगा।

घत्ता—इस प्रकार भरतसे लेकर जिनचरितोंको इन्द्रसे कहकर इन्द्र आकाशमें नक्षत्रोंको लाँघकर स्वर्ग चला गया ॥१३॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में वासुपूज्य निर्वाण गमन नामका तिरेपनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५३॥

---

१. P °मरणे। ४. P °संसरणे। ५. A णाणं। ६. A omit-णहि।

संधि ५४

सिरिवासुपुज्जजिणतित्थि तहिं चिरपरिहवआरुट्ठहु ॥
करि लुद्धउ णं हरि हरिवरहु तारउ भिडिउ दुपिट्ठहु ॥ध्रुवकं॥

१

दुवई—इह दीवम्मि भरहि वरविंझपुरम्मि महारिमारणो ॥
णरवइ विंझसत्ति विंझो इव पालियमत्तवारणो ॥

५ मयणाहीमंडणु तणु मेयलइ[1] जहिं कप्पूररेणु णहु धवलइ ।
जहिं कामिणि चामरु संचालइ जहिं देवंगु वत्थु परिवोलइ ।
जहिं भूसणमणिकिरणावलियउं दसदिसासु बहुवण्णउ घुलियउं ।
तहिं अत्थाणि णिसण्णउ राणउ इंदफणिंदखगिंदसमाणउ[2] ।
ता संपत्तउ चरु सुमहुरगिरु सो पभणइ पयजुयपणमियसिरु ।
१० भत्तवित्तगोमहिसीपउरइ पत्थु जि भरहखेत्ति कणयउरइ ।
तुहुं[3] सुहि गुणविसेसतोसियमइ जाणहि किं ण सुसेणु महीवइ ।
तासु वेस णामें गुणमंजरि णं सरचूयकुसुममयमंजरि ।
रूवु ताहि मइं दिट्ठउं जेहउं छव्वसिरंभहं दुक्करु तेहउं ।

सन्धि ५४

श्री वासुपूज्यके तीर्थकालमें पूर्वजन्मके पराभवसे क्रुद्ध हरिवर द्विपृष्ठसे तारक भिड़ गया, मानो क्षुब्ध सिंह गजवरसे भिड़ गया हो।

१

इस जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमें श्रेष्ठ विन्ध्यनगरमें बड़े-बड़े शत्रुओंको मारनेवाला विन्ध्यशक्ति नामका राजा था जो विन्ध्याचलके समान बड़े-बड़े मतवाले हाथियोंका पालन करनेवाला था। जहाँ कस्तूरी शरीरको मलिन करती है (वहाँके लोगोंका चरित्र मलिन नहीं होता), जहाँ कपूरकी धूल आकाशको धवल बनाती है, जहाँ स्त्री चामर ढोरती है, जहाँ देवांग वस्त्र पहने जाते हैं, जहाँ भूषणमणियोंकी रंग-बिरंगी किरणावलियाँ दसों दिशाओंमें व्याप्त हैं, वहाँ दरबारमें इन्द्र-नागेन्द्र और विद्याधरेन्द्रके समान राजा बैठा हुआ था। वहाँ अत्यन्त मधुर वाणीवाला दूत पहुँचा। दोनोंके चरणोंमें प्रणाम करते हुए उसने कहा—"अन्न-धन-गाय और भैंसोंसे प्रचुर इस भरत क्षेत्रमें कनकपुर है। अपने गुणविशेषसे सन्तुष्टमति सुधी राजा सुषेणको क्या तुम नहीं जानते ? उसकी गुणमंजरी नामकी वेश्या है, जो मानो कामदेवरूपी आम्रवृक्षकी कुसुममय मंजरी है। उसका जैसा रूप मैंने देखा है, वैसा रूप उर्वशी और रम्भाके लिए भी कठिन है ?

---

१. १. AP मइलइ। २. AP °खगिंदफणिंद°। ३. P तुहुं।

घत्ता—णव मयकलंकपडलें मलिणु ण घरइ खयवंकत्तणु ॥
मुँहु मुद्धहि चंदें समु भणमि जइ तो कवेंणु कइत्तणु ॥१॥ १५

२

दुवई—मत्तकरिंदमंदलीलागइ णरमणणलिणगोमिणी ॥
किं वण्णमि णरिंद सा कामिणि कामिणियेंणसिरोमणी ॥

दिस बिंबाहररंगें रायइ करणहपंति पईवहिं दीवइ ।
कुंचियकेसहं कंतिइ कालइ माणिणि माणवमहुयरमालइ ।
सुललियवाणि व सुकइहि केरी जहिं दीसइ तहिं सा भल्लारी । ५
पढइ चारु पोसियपत्थावउ गायइ सुंदरि कण्णसुहावउ ।
णचइ बहुरसभावणिचत्तलं सा जइ लहहि कह व मइं वुत्तउं ।
तो संसारहु पेंइं फलु लद्धउं सयलु वि तिहुवणु तुज्झु जि सिद्धउं ।
ससिजोण्हाहीणें किं गयणें णासाविरहिएण किं वयणें ।
लवणजुत्तिवियलेण व भोज्जें साइ विवज्जिएण किं रज्जें । १०

घत्ता—तं णिसुणिवि राएं मंतिवरु देवि उवायणु पेसियँउ ॥
घरु जाइवि तेण सुसेणपहु पियवायइ संभाँसियउ ॥२॥

घत्ता—वह मृगलांछनके पटलसे मलिन नहीं होती, वह क्षय और वक्रताको धारण नहीं करती, फिर भी यदि मैं उस मुग्धाके मुखको चन्द्रमाके समान कहता हूँ तो इसमें कौन-सा कवित्व है ? ॥१॥

२

मतवाले करीन्द्रकी मन्दलीलाके समान गतिवाली वह कामिनी मनुष्यके मनरूपी कमलकी शोभा और कामिनी-जन की शिरोमणि है। उसका क्या वर्णन करूँ ? उसके बिम्बाधरोंके रंगसे दिशा अनुरंजित होती है, नख पंक्तिके प्रदीपोंसे आलोकित होती है, घुँघराले बालोंकी कान्तिसे काली होती है। वह मानवरूपी मधुकरोंकी मालासे मानिनी है, वह सुकविकी सुन्दर वाणीके समान है, वह जहाँ-जहाँ दिखाई देती है वहीं कल्याणमयी है। वह सुन्दर सुभाषित युक्तियोंको पढ़ती है, वह सुन्दरी कानोंको सुहावना लगनेवाला गाती है। अनेक रसों और भावोंसे परिपूर्ण नृत्य करती है। यदि उसे तुम किसी प्रकार पा सकते हो, तो मैं कहता हूँ कि तुमने संसारका फल पा लिया और समस्त त्रिभुवन सिद्ध हो गया। चन्द्रमाकी ज्योत्स्नासे रहित आकाशसे क्या ? नाकसे रहित मुखसे क्या ? लवणयुक्तिसे रहित भोजनसे क्या ? इसी प्रकार उस सुन्दरीसे रहित राज्यसे क्या ?"

घत्ता—यह सुनकर, राजाने मन्त्रीवरको उपहार देकर भेजा। उसने घर जाकर प्रियवाणीमें राजा सुषेणसे सम्भाषण किया ॥२॥

---

४. AP मुहं । ५. AP कमणु ।

२. १. AP कामिणिजण° । २. AP फलु पइं । ३. AP देसिउ । ४. AP संभासिउ ।

३

दुवई—जो तुहुं विंझसत्ति सो दोहं मि भेउ ण लक्खिओ मए ॥
इहु कल्लोलणिवहु इहु जलणिहि केण विहत्तओ जए ॥

एकु जीउ विहिणा गंभीरइं पर रइयइं भिण्णाइं सरीरइं ।
जं तहु केरउ तं तुम्हारउं जं तेरउ तं तासु जि केरउं ।
एत्थु ण किज्जेइ चित्तु अधीरउं णेहणिबंधणु बंधुहि सारउं ।
णिरुवयारु तं णासइ सुंदरि देहि समित्तहु तुहुं गुणमंजरि ।
ता पहुणा दूयउ णिब्भच्छिउ एहउ बंधु बप्प कहिं अच्छिउ ।
घरिणि सीमंतिणीउ जो मग्गइ अवसें सो धणपाणहु लग्गइ ।
दरिसियरइरसकरणालिंगण जाहि ण दूयें देमि पणयंगण ।
तें वयणें पुह गंपि तुरंतउ णियकुलसामिहि कहइ महंतउ ।
हंसवंसवीणारवभासिणि देव ण देइ सुसेणु विलासिणि ।

घत्ता—आयण्णवि दूयहं जंपियइं णेहु चिराणउ भंजिवि ॥
अब्भिट्ठु सुसेणहु विंझपुरणरवइ सीहु व गंजिवि ॥३॥

४

दुवई—वेण्णि वि चरणरेहिं संचोलिय वेण्णि वि ते महाबला ॥
वरणारीकएण गणियारिरया इव भिडिय मयगला ॥

३

"जो तुम हो, वही विन्ध्यशक्ति है दोनोंमें मैंने कोई भेद नहीं देखा ? यह लहरोंका समूह है और यह जलनिधि है, जगमें कौन उसे विभक्त कर सकता है ? एक ही जीव है, परन्तु विधाताने गम्भीर विभिन्न शरीरोंकी रचना की है। जो उसका है, वह तुम्हारा है और जो तुम्हारा है, वह उसीका है। इसमें किसी प्रकार अपने चित्तको अधीर नहीं बनाना चाहिए। बन्धुओंका स्नेह निबन्धन ही सार है। अनुपकार उस स्नेहका नाश कर देता है। इसलिए सुन्दरी गुणमंजरी तुम अपने मित्रके लिए दे दो।" तब राजा सुषेणने दूतकी भर्त्सना की—"हे सुभट, यह बन्धु कहाँ है, जो घरकी स्त्री माँगता है, वह अवश्य ही (बादमें) धन और प्राणोंसे भी लग सकता है। जिसने रति-रस उत्पन्न करनेवाले आलिंगनोंको प्रदर्शित किया है, ऐसी प्रणयांगना नहीं दूँगा, हे दूत, तुम जाओ।" इन वचनोंसे दूत शीघ्र नगर जाकर अपने स्वामीसे कहता है कि हे देव, हंस-वंश और वीणाके शब्दके समान बोलनेवाली विलासिनी गुणमंजरीको सुषेण नहीं देता है।

घत्ता—दूतोंके कथनोंको सुनकर और अपने पुराने स्नेहको भंग कर विन्ध्यपुरका राजा सिंहके समान गरजकर सुषेणसे भिड़ गया ॥३॥

४

दोनों ही दूत पुरुषोंसे संचालित थे। वे दोनों ही महाबल थे। श्रेष्ठ नारीके लिए हथिनीमें

---

३. १. A पररइयं। २. AP कीरइ। ३. P बंधहे। ४. A घरसीमंतिणि। ५. AP देमि दूय।
४. १. संचारिया।

दोहुं वि साहणाइं आलग्गाइं चालियचक्कइं तोलियखग्गाइं ।
खलियरहंगइं मलियतुरंगइं दलियधुरग्गइं दूसियमग्गइं ।
मोडियदंडइं लुयधयसंडइं खंडियमुंडइं णच्चियरुंडइं । ५
जूरियपत्तइं चूरियछत्तइं दारियगत्तइं णिग्गयरत्तइं ।
लूरियताणइं हयजंपाणइं उद्धियप्राणइं कयसिरदाणइं ।
हुंकारंतइं हक्कारंतइं उरगयकोंतइं चललुलियंतइं ।
मग्गणभिण्णइं तिलु तिलु छिण्णइं सेयवसिण्णइं रत्तकिलिण्णइं ।
विरसु चवंतइं वम्मु छिवंतइं संकु मुयंतइं संकु घिवंतइं । १०
हत्थिणिसुंभइं फाडियकुंभइं जोहँणिरुंभइं जयजसुलंभइं ।

घत्ता—ता सरिवि सुसेणें सरिउबलें सरहिं णिरंतरु भिण्णउं ।
जमदूयहं भूयहं भुक्खियहं णाइ दिसाबलि दिण्णउं ॥४॥

५

दुवई—ताव सुसेणमुक्कबाणावलिविहडियणिविडगयघडं ॥
हरिसंचलणदलणेणिट्ठुरखुरफोडियधवलधयवडं ॥

छड्डियकिवाणु गलियाहिमाणु ।
लंबंतकेसु जणजणियहासु ।
पस्सावमाणु दिसि धावमाणु । ५
धयछत्तछण्णु पेक्खवि संसेण्णु ।
पडिभडकयंतु धाइउ तुरंतु ।

अनुरक्त मतवाले हाथियोंके समान भिड़ गये। दोनोंकी सेनाएँ भिड़ गयीं, चक्र चलाती हुई और खड्ग तोलती हुई। चक्र स्खलित हो गये, अश्व दलित होने लगे। धुराग्रभाग चूर-चूर होने लगे। मार्ग दूषित होने लगे। दण्ड मुड़ने लगे। ध्वजसमूह कटने लगे। मुण्ड कटने लगे। धड़ नाचने लगे। वाहन पीड़ित हो उठे। छत्र चूर-चूर हो गये। शरीर विदीर्ण हो गये, रक्त बह निकला। अश्व और जंपाण त्राण (कवच) रहित हो गये। प्राण उड़ने लगे। सिरोंका दान किया जाने लगा। हुंकारते हुए, हंकारते हुए भाले उरमें घुसने लगे, चंचल आँतें लुढ़कने लगीं। तीरोंसे छिन्न-भिन्न होकर तिल-तिल कटने लगा। पसीनेसे भीग गये, रक्तसे लिप्त हो गये। विरस बोलते हुए, कवच छेदते हुए, शंका छोड़ते हुए, अस्त्र ग्रहण करते हुए, हाथियोंको नष्ट करते हुए, कुम्भस्थलोंको फाड़ते हुए, योद्धाओंको रोकते हुए, जय और यशको पाते हुए।

घत्ता—तब सुषेणने तीरोंसे शत्रुसेनाको लगातार छिन्न-भिन्न कर दिया, मानो उसने भूखे यमदूतों और भूतोंको दिशाबलि दी हो ॥ ४ ॥

५

तबतक सुषेणके द्वारा छोड़ी गयी बाणावलीसे सघन गजघटा विघटित हो गई। अश्वोंके संचालन और दलनके कारण कठोर खुरोंसे धवल ध्वजपट फाड़ दिये गये। जिसने तलवार छोड़ दी है, जिसका अभिमान खण्डित हो चुका है, केश बिखर चुके हैं, जिसने लोगोंमें हास्य उत्पन्न

---

२. AP जोहणिसुंभइं । ३. AP जयजसलंभइं; P adds aftr this: कित्तिविर्यभइं । ४. AP °बलु
५. १. AP °बलणं° । २. AP °फालिय° । ३. A ससेणु ।

बलपबलसत्ति भडु विंझसत्ति ।
रिउ भणिउ तेण रे रे णिहीण ।
दे देहि णारि मा गिलउ मारि ।
सहुं परियणेण पइं रणि खणेण ।
तं सुणवि सत्तु इयरेण वुत्तु ।
गुणणिहियबाणि मइं जीवमाणि ।
को रमइ तरुणि कमि पँडिय हरेणि ।
जो हरिहि हरइ सो झत्ति मरइ ।
इय जंपमाण वेण्णि वि समाण ।
विधंति वीर पुलइयसरीर ।
फणिवइपमाण बाणेहिं बाण ।
णहि पडिखलंति छत्तहिं पँडंति ।
धय णिल्लुणंति सारहि हणंति ।
हय कप्परंति पुणु चप्परंति ।
हणु हणु भणंति अंगइं वणंति ।
सहसा मिलंति विहडेवि जंति ।
पडिवलिवि एंति थिर गिरि व थंति ।
ता गयविलासु विंझाहिवासु ।

घत्ता—संधाणु ण लक्खहुं सक्कियउं चवलसरावलि देंतहु ।
गउ णासवि तासु सुसेणु रणि णं बम्महु अरहंतहु ॥५॥

किया है, जो वाहनोंसे अप्रमाण है, दिशामें दौड़ रहा है, जिसके ध्वजछत्र छिन्न हो चुके हैं, ऐसा अपना सैन्य देखकर शत्रुयोद्धाके लिए कृतान्त तथा बलसे प्रबल शक्तिवाला विन्ध्यशक्ति तुरन्त दौड़ा। उसने शत्रु सुषेणसे कहा, "रे नीच, नारी दे दे, तुझे परिजनोंके साथ एक क्षणमें कहीं मारि न खा ले।" यह सुनकर दूसरेने कहा, "जिसको डोरीपर बाण है, ऐसे मेरे जीवित रहते हुए कौन उस रमणीका भोग कर सकता है, जो पैरोंपर पड़ी हुई हरिणीको सिंहसे छीनता है, वह शीघ्र ही मृत्युको प्राप्त होता है।" इस प्रकार कहते हुए वे दोनों ही समान (योद्धा) पुलकित शरीर होकर एक दूसरेको बेधते हैं। नागराजके समान बाणोंसे बाण आकाशमें स्खलित होते हैं, छत्रोंसे छत्र गिर पड़ते हैं, ध्वज कट जाते हैं, सारथि मारे जाते हैं, अश्व काटे जाते हैं, पुनः आक्रमण किये जाते हैं, मारो-मारो कहते हैं, अंगोंको घायल करते हैं, सहसा मिलते हैं और विघटित होकर जाते हैं। मुड़कर आते हैं, स्थिर गिरिके समान स्थिर होते हैं। गत विलास होकर—

घत्ता—सन्धानको लक्षित करनेमें समर्थ नहीं हो सका। चंचल तीरोंकी आवली देते हुए उससे युद्धमें सुषेण उसी प्रकार नष्ट हो गया, जिस प्रकार अरहन्त देवसे कामदेव नष्ट हो जाता है ॥५॥

---

४. AP धडिय। ५. P हरिणि। ६. AP °पमाणु। ७. AP बाणु। ८. P adds after this: रोसें जलंति। ९. A छंति।

६

दुवई—बंधुविओयसोयमलिणाणण पइपरिहवविवेइया ॥
तेण णिवेण धरिय गुणमंजरि गुणमहुयरणिसेविया ॥

इहे वरभरहखेत्ति विक्खायउ खत्तियधम्मधुरंधरु जायउ ।
मित्तु सुसेणहु संतोसियमणु राउ महापुरि मारुयसंदणु ।
णिसुणेप्पिणु णियइट्ठु पलाणउ हिमहयकमलसरु व विहाणउ । ५
घणरहणामहु वसुमइ देप्पिणु कोहु लोहु मउ मोहु मुएप्पिणु ।
सुव्वयजिणइ पासि वउ लेप्पिणु सुउ कालें संणासु करेप्पिणु ।
प्राणयकप्पि सक्कु सो हूयउ वीससमुद्दजीवि वररूवउ ।
तासु जि गुरुहि पासि उवसंतें दुद्धरु संजमभारु वहंतें ।
बारहविहतवतावणखीणं बद्धु णियाणु अणेण सुसेणं । १०
मेरुतुंगमाणुण्णइ ढालिय जेण मज्झु माणिणि चहालिय ।
जइ तवतरुवरहलु पावेसमि तो तं पुरिमंजम्मि मारेसमि ।
एंव सरंतु सरंतु जि णिट्ठिउ सकलुसमइ संलेहणि संठिउ ।
वरवंदारयवंदविणूयउ तेत्थु जि सग्गि सो वि संभूयउ ।

घत्ता—रमणीयहि मंदरमेहलहि णीलिरुम्मिगिरिकंदरि ॥ १५
गयणयलि सयंभूरमणजलि ते रमंति सरिसरवरि ॥६॥

६

बन्धु-वियोगके शोकसे मलिनमुखी और पतिके पराभवसे कम्पित तथा गुणरूपी मधुकरों-से सेवित गुणमंजरीको उस विन्ध्यशक्ति राजाने पकड़ लिया। इस श्रेष्ठ भरत क्षेत्रमें क्षात्रधर्ममें धुरन्धर और विख्यात, सन्तोषित मन, सुषेणका मित्र, महापुरीका राजा मारुतस्यन्दन था। वह अपने मित्रका पलायन सुनकर हिमसे आहत कमल सरोवरके समान खिन्न हो गया। घनरथ नामक अपने पुत्रको धरती देकर क्रोध, लोभ, मद, मोहको छोड़कर, सुव्रत जिनके पास व्रत ग्रहण कर, समय आनेपर संन्यासके साथ मरकर, वह प्राणत स्वर्गमें इन्द्र हुआ। सुन्दर रूपवाला बीस सागर पर्यन्त जीनेवाला। उसीके गुरुके पास उपशान्तभाव धारण करते हुए, कठोर संयम-भावका आचरण करते हुए बारह प्रकारके तप-तापसे अत्यन्त क्षीण इस सुषेणने यह निदान बाँधा कि "जिसने मेरी सुमेरुपर्वतके समान ऊँचे मानवाली उन्नतिका पतन किया और पत्नीका अपहरण किया, यदि मैं तपरूपी वृक्षका फल पाऊँ, तो मैं अगले जन्ममें उसको मारूँगा।" यह स्मरण करते-करते वह निष्ठामें लग गया। सकलुषमति वह संलेखनामें स्थित हो गया। श्रेष्ठ देवोंके समूहके द्वारा संस्तुत वह भी उसी स्वर्गमें उत्पन्न हुआ।

घत्ता—रमणीय मन्दराचलकी मेखला और नीलरुचमी पर्वतकी कन्दरा, आकाशतल, स्वयम्भूरमण समुद्रके जल और सरित सरोवरमें वे दोनों क्रीड़ा करने लगे ॥६॥

६. १. AP इय। २. AP पाणय°। ३. AP सग्गि। ४. AP पावेसमि। ५. A पुरिसु। ६. AP तेत्थु वि सो सग्गि संभूयउ।

७

दुवई—विण्णि वि सह वसंति विहरंति वि विलुलियकुसुमसेहरा ॥
विण्णि वि परममित्त ते सुरवर सुररमणीमणोहरा ॥
एत्तहि चिरु संसारु भमेप्पिणु विझसत्ति जिणलिंगु लएप्पिणु ।
तेरहविहु चारित्तु चरेप्पिणु णिरसणविहिमरणेण मरेप्पिणु ।
५ अच्छरकरयललालियचामरु जायउ दिव्वदेहु कप्पामरु ।
सेवहं ताहं विहिं मि दिवि जइयहुं संखसमाउसु संठिउ तइयहुं ।
जंबुदीवि छुहपंकियगोउरु भरहि भोयवड्ढणु णामें पुरु ।
तहिं सिरिमाणउ राणउ सिरिहरु सिरिमइदेविसिहिणसंगयकरु ।
विझपुराहिउ सग्गहु आयउ एयहं विहिं[3] मि पुत्तु संजायउ ।
१० जयसिरिसीमंतिणिभत्तारउ जससंकिरणावलितारउ ।
कोक्किउ सो णियताएं तारउ वसिकयसव्वदेसकंतारउ ।
तारयतारणाहें घित्तइं असिकरेण रिउतिमिरइं जित्तइं ।
घत्ता—मंडलियहं मयमाहप्पियहं सिरि पाडिवि सभसुत्ती ॥
तिहिं खंडहिं मंडिय मेइणिय चप्पिवि दासि व भुत्ती ॥७॥

८

दुवई—अप्पडिहयपयावकंपावियसयलदिसाविहायए ॥
सपवणतरणिवरुणवइसवणभयंकरि तम्मि जायए ॥
तावेत्तहि बहुसोक्खपवट्टणि इह भारहि दारावइपट्टणि ।

७

जिनका कुसुम-शेखर (कामदेव) आन्दोलित है ऐसे वे दोनों साथ रहते हैं। वे दोनों ही परममित्र सुरस्त्रियोंके लिए सुन्दर हैं। यहाँ विन्ध्यशक्ति भी बहुत समय तक संसारमें भ्रमण कर और जिनदीक्षा धारण कर, तेरह प्रकारके चारित्र को पाल कर, अनशन विधिसे मरकर जिसपर अप्सराओंके हाथोंसे चमर ढोरे जा रहे हैं ऐसे दिव्य शरीरवाला कल्पामर हुआ। जब वे दोनों देव वहाँ थे, तभी समान संख्याकी आयुवाला वह वहाँ रहा। जम्बूद्वीपके भरत क्षेत्रमें चूनेसे पुता है गोपुर जिसका ऐसा भोगवर्द्धन नामका नगर था। उसमें लक्ष्मीको माननेवाला श्रीधर नामका राणा था जिसके हाथ अपनी श्रीमती नामकी देवीके स्तनोंपर रहते थे। विन्ध्यशक्ति राजा स्वर्गसे च्युत हो इन दोनोंका पुत्र हो गया। जयश्री सीमन्तिनीके स्वामी यशरूपी चन्द्रमाकी किरणावलीसे स्वच्छ उसे पिताने तारक कहकर पुकारा। तारकरूपी चन्द्रमाके असिरूपी हाथसे आहत शत्रुरूपी अन्धकार जीत लिया गया।

घत्ता—मद और माहात्म्यसे युक्त माण्डलीक राजाओंके सिरपर वज्र गिराकर तीन खण्डोंसे अलंकृत धरतीको चाँपकर वह दासीकी तरह उसका भोग करने लगा ॥७॥

८

अपने अप्रतिहत प्रतापसे समस्त दिशा-विभागोंको काँपनेवाले तथा पवन सहित सूर्य, वरुण और वैश्रवणके समान भयंकर उसके उत्पन्न हो चुकनेपर, यहाँ भारतमें अनेक सुखोंका प्रवर्तन

---

७. १. AP संसारे । २. AP छुहपंकय । ३. AP विहं मि । ४. A सवसुत्ती ।

पढमजिणेसरवंसविहूसणु खलखत्तियबलदप्पविणासणु ।
रिउछवग्गसिप्पीरहुयासणु बंभणराहिउ बंभपयासणु । ५
मंदगमण वीणारववाणी तासु सुहद्द सुहद्दणिसेणी ।
सिविणइ ताइ दिट्ठु संपयहरु दससययरु अवरु वि सियदिणयरु ।
आसि वाउरहु जो सो आयइ पाणइंदुसुउ जणियउ मायइ ।
अण्णु सुसेणु सूणु सग्गच्चुउ वीयउ उवमादेविहि दढभुउ ।
अचल दुविट्ठणाम ते सुंदर णं केलास णीलमणिमहिहर । १०
धवलउ एक्कु एक्कु अलिकालउ एक्कु सुसीलु एक्कु दुल्लीलउ ।
गरुउ एक्कु एक्कु सिरिमाणणु एक्कु सुभीमु एक्कु सोमाणणु ।
एक्कु चंदु णं एक्कु दिवायरु हलहरु एक्कु एक्कु दामोयरु ।
घत्ता—ते वेण्णि वि भायर मुयणरवि जोइवि रोसविमीसिउ ॥
महिणाहहु जाइवि तारयहु तहु चरेहिं आहासिउं ॥८॥ १५

९

दुवई—णं सियकसणपक्ख हलिसिरिधेव वेण्णि वि धवलसामला ॥
दारावइणरिंदवरतणुरुह गिरिवरधरणभुयबला ॥
वइयसभवंहाभंगुरभावइं दोहिं मि सिद्धइं दिव्वइं चावइं ।
दोहिं मि गयउ रयणविप्फुरियउ विज्जादेविहि पेसणयरियउ ।

करनेवाली द्वारावती नगरीमें, प्रथम जिनेश्वर आदिनाथके वंशका भूषण, दुष्ट क्षत्रियोंके बलदर्पका नाश करनेवाला, छह प्रकार शत्रुरूपी तिनकोंके लिए अग्नि, ब्रह्मको प्रकाशित करनेवाला ब्रह्म नामका राजा था। उसकी मंदगामिनी, वीणाके शब्दके समान बोलनेवाली, कल्याणोंकी नसैनी सुभद्रा नामकी देवी थी। स्वप्नमें उसने सम्पत्तिको धारण करनेवाला सूर्य और चन्द्रमा देखा। उसका जो वायुरथ प्राणत इन्द्र था उसे इस माँने पुत्रके रूपमें जन्म दिया। सुषेण भी स्वर्गसे च्युत होकर, उपमा (उषा) देवीसे दूसरा दृढ़भुज पुत्र हुआ। अचल और द्विपृष्ठ नामक वे दोनों सुन्दर ऐसे जान पड़ते थे मानो कैलास और नीलमणि पहाड़ हों। एक गोरा था और एक भ्रमरकी तरह काला था। एक सुशील था और एक खोटी लीलावाला था। एक भारी था और एक लक्ष्मीको माननेवाला था। एक भीम था और एक सुन्दर मुखवाला था। एक चन्द्रमा था और एक दिवाकर था। एक बलभद्र था और एक दामोदर था।

घत्ता—विश्वरवि और क्रोधसे मिश्रित उन दोनों भाइयोंको देखकर चरोंने जाकर उस महीनाथ तारकसे कहा—॥८॥

९

"बलभद्र और नारायण दोनों मानो श्वेत और कृष्णपक्ष तथा धवल और श्याम हैं। द्वारावती-नरेन्द्रके वे श्रेष्ठपुत्र गिरिवरको धारण करनेमें समर्थ बाहुबलवाले हैं। उन दोनोंको

८. १. P बंभु । २. AP दिट्ठु ताइ । ३. AP संपययरु । ४. A सुसेणसूणु । ५. AP बीयउ वायादेविहि। ६. K दुस्सीलउ but corrects it to दुल्लीलउ ।
९. १. P रिरिहर । २. °वरधण° ।

हलमुसलसंखकर दुद्धर ते भिडंति जहिं केसरिकंधर ।
तहिं थरहरइ मरइ रिउ ण सरइ करु असिवरहु कया वि ण पसरइ ।
अण्णु वि अत्थि वइरिजूरावणु गंधहत्थि णावइ अइरावणु ।
ताहं लील दीसइ विवरेरी णउ गणंति ते आण तुहारी ।
भग्गा सइं सुहडत्तणवाएं तं आयण्णिवि जंपिउ राएं ।
संगरु करिवि हरमि करिरयणइं गलियंसुयइं सुहद्दहि णयणइं ।
लुहउ संभु हयपुत्तविओएं डज्झउ सोसिउ दूसहसोएं ।
मइं विरुद्धि जगि को वि ण जीवइ जँउं वि मरणु समरंगणि पावइ ।

घत्ता—महु कमकमलाइं ण संभरइ जो रायत्तणु मग्गइ ॥
सो ससयेण परियणपरियरिउ जमपुरपंथें लग्गइ ॥९॥

१०

दुवई—इय गज्जंतु राउ णिजेमंतिहि बोल्लिउ हो ण जुज्जए ॥
किं कलहेण ताव पडिवक्खहं महिवइ दूउ दिज्जए ॥

सो गंधपीलुं सुरदंविसीलुं ।
सिद्धाइं जाइं रयणाइं ताइं ।
सो दिव्वु संखु तं धणु असंखु ।
जइ तुज्झु देंति पेसणु करंति ।
तो ते जियंति णं तो मरंति ।

यमकी भौंहोंके भंगुरभाववाले दिव्य धनुष सिद्ध हैं। दोनोंके पास रत्नोंसे स्फुरित गदा है और आज्ञा माननेवाली देवियाँ हैं। दोनोंके हाथमें हल-मूसल और शंख हैं, दोनों कठोर हैं। सिंहके समान कन्धेवाले वे दोनों जहाँ लड़ते हैं वहाँ शत्रु थर्रा जाता है, मर जाता है, सामना नहीं कर पाता। असिवरपर उनका हाथ कभी नहीं जाता। एक ओर उनके पास शत्रुओंको सतानेवाला गन्धहस्ती है, जो मानो ऐरावत है। उनकी लीला तुम्हारे विरुद्ध दिखाई देती है, वे तुम्हारी आज्ञाकी परवाह नहीं करते। अपने सुभटत्वकी हवासे वे स्वयं भग्न हैं।" यह सुनकर राजाने कहा, "मैं युद्ध करके गजरत्नोंका हरण करूँगा।" सुभद्राके गलिताश्रु नेत्रोंको ब्रह्मा पोंछे, मृतपुत्रके वियोगसे वह जले, और असह्य शोकसे शोषित हो। मेरे विरुद्ध होनेपर संसारमें कोई जीवित नहीं रहता, यम भी युद्धमें मुझसे मृत्युको प्राप्त होता है।

घत्ता—जो मेरे चरणकमलोंको याद नहीं करता और राजत्व चाहता है वह स्वजनों सहित परिजनोंसे घिरा हुआ यमपुरके रास्ते लगता है ॥९॥

१०

इस प्रकार गरजते हुए राजासे मन्त्रियोंने कहा—"यह युक्त नहीं है; कलहसे क्या ? शत्रुओंके पास दूतको भेज दीजिए। ऐरावतके शीलवाला वह गन्धहस्ति, और जितने रत्नसिद्ध हुए हैं वे, वह दिव्य शंख, वह असंख्य धन, यदि वे तुम्हें देते हैं और आज्ञा मानते हैं, तभी वे जीवित रहते

३. A हरेवि; P हरेमि । ४. P जमु । ५. A सो सयणसपरियण°; P सो सयणपरियण° ।
१०. १. AP णियमंतिहि । २. AP गंधिपीलु । ३. AP °लीलु ।

[4]तो दिण्णु दूउ कल्लाणभूउ ।
दाराचईसु भीमारिभीसु ।
जाएवि तेण मउलियकरेण । १०
कुलकुमुयचंदु दिट्ठउ उविंदु ।
दूएण वुत्तु सुणु मंतसुत्तु ।
भुयबलविसालु कुलसामिसालु ।
संभरहि देउ रायाहिराउ ।
गिरितुंगमाणु तारयहिहाणु । १५
भडवरवरिट्ठु तुहुं भो दुविट्ठ ।
मेल्लिवि[5] दुआलि मा करहि रोलि ।
नुहईपिएण सह सामिएण ।
खयरिंद जासु वच्चंति पासु ।
इच्छंति सेव असितसिय देव । २०
तहु कवणु मल्लु मुह रोससल्लु ।
ढोइवि करिंदु पवणहि णरिंदु ।

घत्ता—ता भणिउं दुविट्ठें रुट्ठएण सामि महारउ हलहरु ॥
अण्णहु सामण्णहु माणुसहु हउं होसमि किं किंकरु ॥१०॥

११

दुवई—जो मइं भणइ भिच्चु[1] परु दुम्मइ दूयय तासु सीसयं ॥
तोडमि रणि तडत्ति मणिकुंडलमंडियगंडएसयं ॥
कायकंतिओहामियससहरु तहिं अवसरि भासइ जिग्गाहरु ।

हैं नहीं तो मारे जाते हैं।" तब उसने कल्याणभूति नामक दूतको भीम शत्रुओंके लिए भयंकर द्वारावतीके राजाके पास भेजा। उसने जाकर और अपने दोनों हाथ जोड़कर अपने कुलरूपी कुमुदके चन्द्र उपेन्द्रसे भेंट की। दूत बोला, "आप मन्त्रसूत्र सुनिए। हे देव, बाहुबलसे विशाल कुलके स्वामीश्रेष्ठ गिरिके समान उन्नतवान तारक नामके राजाधिराजको आप याद करें और योद्धावरोंमें श्रेष्ठ हे द्विपृष्ठ, तुम भी खोटी चाल छोड़कर पृथ्वीके प्रिय स्वामीके साथ झगड़ा मत करो। विद्याधरराजा, जिसका सामीप्य चाहते हैं, जिसकी तलवारसे त्रस्त देव उसकी सेवाकी इच्छा करते हैं, उसका प्रतिमल्ल कौन है? तुम क्रोधकी शल्य छोड़ दो। करिवर ले जाकर तुम राजाको प्रणाम करो।"

घत्ता—तब द्विपृष्ठने क्रुद्ध होते हुए कहा, "मेरे स्वामी बलभद्र हैं। क्या मैं किसी दूसरे सामान्य मनुष्यका अनुचर हो सकता हूँ? ॥१०॥

११

जो मुझे भृत्य कहता है, हे दूत, वह मेरा दुश्मन है; मैं युद्धमें मणिकुण्डलोंसे मण्डितगण्ड देख-वाले उसके सिरको तड़ करके तोड़ डालूँगा।" अपनी शरीरकान्तिसे चन्द्रमाको पराजित करनेवाले

---

४. A ता । ५. A मुणि । ६. AP मेल्लहि । ७ P राहि ।

११. १. AP भिच्चु ।

पहरणरुक्खराइसंछण्णउं णिवकामिणिवडजक्खिरवण्णउं ।
लंबललंतचिंधकोमलदलु चलचामरहंसावलिअविरलु ।
करिगिरिवरु लोहियजलणिज्झरु उग्गयचित्तछेत्तइंदीवरु ।
सुहडंतालिछिण्णिल्लुंगलु गयणविलग्गकोंतवंसत्थलु ।
दूय राउ जइ मग्गइ कुंजरु तो पइसउ सो समरवणंतरु ।
रुद्धदुविट्ठसीहसरणक्खहं तहिं णउ चुक्कइ लुक्कविवक्खहं ।
इहु वारणु तहु जीवियवारणु भयगारउ वच्छयलवियारणु ।

घत्ता—तं णिसुणिवि दूएं जंपियउं महुं एहउ मणि भावइ ॥
हरि तारयसरहहु कमि पडिउ अचल चलंतु ण जीवइ ॥११॥

१२

दुवई—जासु तसंति एंति पणवंति थुणंति वि देवदाणवा ॥
तासु ण गहणु किं पि तुम्हारिस विबल वरायमाणवा ॥

तो कण्हें जंपिउं पेसुण्णउं जाहि दूय मा जंपहि सुण्णउं ।
तं णिसुणिवि दूयउ णिग्गंउ गउ कहइ ससामिहिं णउ अप्पइ गउ ।
दुट्ठु दुविट्ठु धिट्ठु रणु कंखइ तंबच्छिहिं करवालु णिरिक्खइ ।
सेवं ण करइ ण सो पइं मण्णइ णियसंमुहं सिरिछिछेइ सण्णइ ।
भणइ ण भयवसेण वसि होसमि चाउ दंति करि वरु ढोएसमि ।

बलभद्र उस अवसरपर कहते हैं, "हे दूत, जो प्रहरणरूपी वृक्षराजियोंसे आच्छन्न है, नृपकामिनियों-रूपी वट-यक्षिणियोंसे सुन्दर है, जिसपर लम्बे और हिलते हुए ध्वजरूपी कोमल पत्ते हैं, जिसपर अविरल चलचामरोंकी हंसावली रहती है, जिसमें रक्तरूपी जलका निर्झर है, उठे हुए विचित्र छत्ररूपी कमल हैं; जो सुभटोंकी आँतोंरूपी लोंपों से बीभत्स है, जिसका सुन्दर वंशस्थल आकाशको छूता है, ऐसे हाथीको यदि हे दूत, वह राजा माँगता है तो उसे तुम समररूपी वनान्तरमें भेज दो। क्रुद्ध द्विपृष्ठरूपी सिंहके तीररूपी शत्रुओंको लुप्त करनेवाले बाणोंसे वह नहीं चूकेगा। यह वारण (गज) उसके जीवनका वारण करनेवाला है, भयकारक और वक्षस्थलका विदारण करनेवाला है।"

घत्ता—यह सुनकर दूतने कहा, "मेरे मनमें यह आता है कि नारायण, तारकरूपी श्वापदके चरणोंमें पड़ा हुआ, हे अचल, चलता हुआ जीवित नहीं रहेगा" ॥११॥

१२

देव और दानव जिससे त्रस्त होते हैं, आते हैं, प्रणाम करते हैं और स्तुति करते हैं, उसको कोई भी नहीं पकड़ सकता। तुम जैसे बलहीन बेचारे मानवोंकी क्या ?" यह सुनकर नारायणने कठोर बात कही कि "हे दूत, व्यर्थ बकवास मत करो, तुम जाओ।" यह सुनकर दूत निकलकर चला गया। उसने अपने स्वामीसे कहा कि वह अपना हाथी नहीं देता। दुष्ट और ढीठ द्विपृष्ठ युद्धकी आकांक्षा रखता है, अपनी लाल-लाल आँखोंसे तलवारको देखता है, न वह तुम्हारी सेवा करता है और न तुम्हें मानता है; अपने सामने स्त्रीरूपी पुंश्चलीका सम्मान करता है, मदके वशमें

---

२. चित्तछत्तु । ३. AP लुक्कु । ४. P जंपिउं ।
१२. १. A तो । २. AP दूय गउ णिग्गउ । ३. A छेंछइ ।

दंतमुसलजुयलें पेल्लावमि एम हत्थि हउं तहु रणि दावमि ।
रायत्तणु महुं पुणु संकरिसणु अह व करइ पियबंभु सुदरिसणु ।
अण्णु राउ जइ होइ कुसुंभइ अण्णु राउ संझापारंभइ । १०
अण्णु राउ अहरहु तंबोलें अण्णु राउ छिंदमि करवालें ।
हउं किं घेप्पमि अण्णें राएं ता पडिजंपिउं तारयराएं ।

घत्ता—हरिकरिभडलोहियकयछट्टइ दूय ण वड्ढिमँ बोल्लमि ॥
रणरंगि दुविट्ठहु अट्ठियइं पिट्ठु करेप्पिणु घल्लमि ॥१२॥

१३

दुवई—एम भणंतु चलिउ हयगयरहणरभरणमियधरयलो ॥
हयसंगामतूरबहिरियदिसबहलुच्छलियकलयलो ॥

हरिखुरखयधूलीरयछाइउ दससदिसु खंधावारु ण माइउ ।
थिउ दारावइणियडउ जावहिं णिग्गय सज्जणहरिबल तावहिं ।
सकरि सगरुडचिंध रहसुब्भड सहरि गिरिंदधीर सुमहाभड । ५
गयमलधवलकमलकज्जलणिह कायतेयणिज्जियखयसिहिसिह ।
खयरणरामरसेविंयपयजुय दंतिदंतणिम्मूलणखमभुय ।
रयणमालकोत्थुहजलयरधर सीरसरासणसुरपहरणकर ।

होकर यह नहीं कहता कि मैं वशमें हो जाऊँगा, हाथमें धनुष लेकर हाथीके ऊपर पहुँचूँगा। दाँतके समान मूसलयुगलसे उसे प्रेरित करूँगा, इस प्रकार मैं उसे युद्धमें हाथी दिखाऊँगा। राज्यत्व तो केवल मेरा बलभद्र करेगा, अथवा फिर सुदर्शनीय प्रिय ब्रह्म करेगा। यदि कुसुम्भ वृक्षमें दूसरा राग (रंग) होता है, यदि सन्ध्याके प्रारम्भमें दूसरा राग होता है, यदि पान खानेसे अधरोंपर दूसरा राग होता है; इसी प्रकार यदि मेरा अन्य राग (राजा) होता है तो मैं तलवारसे उसे काट दूँगा। क्या मैं दूसरे राजाके द्वारा ग्रहण किया जाऊँगा ?" तब तारक राजा कहता है—

घत्ता—"हे दूत, मैं बड़ी बात तो नहीं करता, परन्तु जिसमें घोड़ा, हाथी और योद्धाओंके द्वारा लाल-लाल छटा की गयी है, ऐसे रणरंगमें मैं द्विपृष्ठकी हड्डियोंको पीसकर फेंक दूँगा" ॥१२॥

१३

इस प्रकार कहता हुआ जिसने घोड़ा, हाथी, रथ और मनुष्योंके भारसे धरतीको नमित कर दिया है, ऐसा वह चला। युद्धके नगाड़ोंके आहत होनेपर दिशाओंको अत्यन्त बहिरा बनाता हुआ कलकल शब्द होने लगा। घोड़ोंके खुरोंसे आहत धूलरजसे आच्छादित सैन्य दसों दिशाओंमें कहीं भी नहीं समा सका। जबतक वह द्वारावतीके निकट ठहरता है, तबतक सज्जन नारायणका सैन्य बाहर निकला, हाथियों, गरुडध्वज चिह्नोंके साथ और हर्षसे उद्भट; और अश्वोंके साथ। गिरीन्द्रके समान धीर मलरहित धवल कमल और काजलके समान, शरीरकी कान्तिसे प्रलयाग्नि-की ज्वालाओंको जीतनेवाले, जिनके पैर विद्याधर, नर और देवों द्वारा पूजित हैं, जो महागजोंके दाँतोंको उखाड़नेमें सक्षम बाहुओंवाले हैं; जो रत्नमाला, कौस्तुभ और शंखको धारण करनेवाले

४. AP पिउबंभु । ५. AP छिण्णमि । ६. A तारायराएं । ७. AP वड्ढिमु ।
१३. १. AP °णविय° । २. A समहाभड ।

भद्दसुभद्दवायाणंदण दुद्दमदाणवबंदविभद्दण ।
१० जिह जिह तारएण अवलोइय तिह तिह मइ विभयवहि ढोइय ।
बलपब्भारें मेइणि हल्लइ विसहरु तसेइ रसइ विसु मेल्लइ ।

घत्ता—करिकारणि तारयमाहवहं सेण्णइं संमुहुं चुक्कइं ॥
लग्गइं पक्कलपाइक्कमुहमुक्कहक्कल्लक्कइं ॥१३॥

१४

दुवई—दसदिसिवहपयासिजसलुद्धइं मुहमरुभमियभमरयं ॥
धणुगुणमुक्कमंदसरजालइं कयसुरणियरडमरयं ॥
जायघायलोहियभरियंगइं आइरंगरंगंततुरंगइं ।
भडताडियपाडियमायंगइं झसतिसूलकरवालपसंगइं ।
५ वज्जमुट्ठिफोडियसीसक्कइं णीसारियमत्थयमत्थिक्कइं ।
दंडदलियविगलियपासुलियइं चलियइं उल्ललियइं पडिवलियइं ।
पित्तसेंभसोणियजलण्हायइं असिगिहसणसिहिसिहवसु आयइं ।
मोडियकडियलकोप्परठाणइं विहडियदेहसंधिसंठाणइं ।
संघारियसामंतसहासइं मयमंडलियमउडभाभासइं ।
१० परिपोसियसिवायसगिद्धइं सिरिमहिरामारमणपलुद्धइं ।

हैं; जो हल, धनुष तथा देव-अस्त्र जिनके हाथमें हैं, दुर्दम दानवसमूहका दमन करनेवाले हैं, ऐसे कल्याणी सुभद्रा और उषाके पुत्रोंको जैसे-जैसे तारकने देखा, वैसे-वैसे उसकी मति आश्चर्यपथमें चकरा गयी। सेनाके भारसे धरती हिल उठती है, विषधर त्रस्त होता है, चिल्लाता है और विष छोड़ता है।

घत्ता—हाथीके लिए तारक और माधवकी सेनाएँ आमने-सामने पहुँचीं। प्रगल्भ भृत्योंके मुखसे बोले गये हकारने और ललकारनेके शब्दोंसे युक्त वे दोनों लड़ने लगीं ॥१३॥

१४

जो दसों दिशापथोंमें प्रकाशित यशकी लोभी हैं, जो मुखकी हवासे भ्रमरोंको उड़ा रही हैं, जो धनुष-डोरीसे मन्द सरजाल छोड़ रही हैं; जिन्होंने देवसमूहके साथ युद्ध किया है, जिनके अंग घावसे उत्पन्न रक्तसे भरे हुए हैं, जिसमें अश्व युद्धके उत्साहमें चल रहे हैं, योद्धाओंसे ताड़ित गज गिर रहे हैं, जो झस-त्रिशूल और करवालसे युक्त हैं, जिनमें वज्रमुट्ठियोंसे शिरस्त्राण तोड़े जा रहे हैं, जहाँ मस्तकोंसे मस्तक निकाले जा रहे हैं, जहाँ दण्डसे दलित और विगलित पसुरियाँ चलती हैं, गीली होती हैं और मुड़ती हैं। पित्त, श्लेष्मा और शोणित जलमें स्नात वे तलवारोंकी रगड़से उत्पन्न अग्निकी ज्वालाके वशीभूत हो गयी हैं। जिनके कटितल और हाथका मध्यभाग-स्थान मुड़ गया है, देहके सन्धिस्थान विघटित हो गये हैं, सामन्तोंके सहायक मारे जा चुके हैं, जो मरे हुए माण्डलीक राजाओंके मुकुटोंकी कान्तिसे भास्वर हैं, जिन्होंने शृंगाल-वायस और गिद्धोंको सन्तुष्ट किया है, जो लक्ष्मी, मही और स्त्रीके रमणके लोभी हैं।

---

३. AP °सुभद्दावाया° । ४. AP °विद° । ५. AP रसइ लसइ ।
१४. १. AP °भमरइं । २. AP °डमरइं । ३. A °कडयल° । ४. A मुय° ।

घत्ता—अरिरुहिरतोयतण्हायतणु पक्खिहिं पक्खञ्झडप्पियउं ॥
उम्मुच्छिउ को वि महासुहडु लग्गउ वइरिहिं विप्पियउं ॥१४॥

१५

दुवई—पेरिफुडकरलगलियमयधारालालसभमलसइए ॥
को वि करिंददंतजुयसयणइ सुत्तउ मरणणिहए ॥

लद्धवीरभंडणमहोमिसे घारचंचुभक्खियणरामिसे ।
उच्छलंतवीसढवसारसे कालदूयरक्खसमहाणसे ।
पहरभग्गगयभीरुमाणुसे हम्ममाणभडभमियतामसे । ५
पुव्ववइरसंबंधदारुणे वणगलंतवणरुहवणारुणे ।
खयररायसंघायमारणे तारएण हरि कोक्किओ रणे ।
कंतदंतगिरिभित्तिदारणो जेम वप्प दिण्णो ण वारणो ।
बंधुकण्णकडुयं सुविप्पियं जेम दूयपुरओ पयंपियं ।
अज्जु बाल किं णेवँ जुज्झसे संतमंतिमंतं ण बुज्झसे । १०
धरणिणाहजयलच्छिधारिणा भणिउ महिवई दाणवारिणा ।
दीण पंचभूयहं ण लज्जसे मम पुरो तुमं काइं गज्जसे ।
रायवायगव्वेण वग्गसे परहणाइं किं मुक्ख मग्गसे ।
इय भणेवि मुक्का तिण्णि सरा पुंखलग्गहुंकारवरसरा ।

घत्ता—शत्रुके रुधिररूपी जलसे आर्द्रशरीर, पक्षियोंके द्वारा पंखोंसे आक्रान्त तथा शत्रुओंसे बुरी तरह लड़ता हुआ कोई सुभट मूर्च्छित हो गया ॥१४॥

१५

स्पष्ट रूपसे गण्डस्थलसे झरती हुई मदधाराकी लालसासे जिसमें भ्रमरशब्द हो रहा है, ऐसे नींदमें कोई सुभट हाथीदाँतोंकी शय्यापर सो गया। जिसमें वीरोंके युद्धका बहाना ढूँढ़ लिया गया है, जिसमें गीधोंकी चोंचोंसे मनुष्योंका मांस खाया जा रहा है, जिसमें वीसढ ? वसा और रस उछल रहा है, जो कालदूतरूपी महाराक्षसका रसोईघर है, जिसमें प्रहारसे भग्न होकर भीरु मनुष्य चले गये हैं, आक्रमण करते हुए योद्धा रौद्रभावसे घूम रहे हैं, जो पूर्व वैरके सम्बन्धसे अत्यन्त दारुण है; जिसमें घावोंसे रक्तरूपी जल बह रहा है, जिसमें विद्याधर राजाओंके समूहकी हिंसा की जा रही है, ऐसे युद्धमें तारकने हरि (द्विपृष्ठ) को ललकारा, "हे सुभट, अपने कान्तदाँतोंसे पहाड़की दीवारके भेदनमें दारुण गज तुमने जिस प्रकार नहीं दिया, तथा जिस प्रकार तुमने भाईके कानोंको कटु लगनेवाले अप्रिय कथन दूतके सामने किया; हे मूर्ख, उसी प्रकार तुम क्या नहीं युद्ध करते, शान्तिके मन्त्रिमन्त्रको क्यों नहीं समझते ?" तब पृथ्वीनाथकी विजयलक्ष्मीको धारण करनेवाले दानवोंके शत्रु (द्विपृष्ठ) ने राजासे कहा, "हे दीन, पाँच महाभूतोंसे शर्म नहीं आती, तुम मेरे सामने क्यों गरजते हो। राज्यरूपी बातके गर्वसे तुम घमण्ड करते हो। रे मूर्ख, तुम पराया धन क्यों माँगते हो ?" यह कहकर उसने पुंखके साथ जिसमें हुंकारका स्वरवर लगा हुआ है ऐसे

---

१५. १. AP पडिकरि°; K पडिकरि but corrects it to परिफुड° । २. AP महारसे । ३. AP °रसावसे । ४. AP °माणसे । ५. A °दारणो । ६. A जेण । ७. AP तेम । ८. AP पहरणाइं; K पहरणाइं but corrects it to परहणाइं ।

१५ एंतें[1] वारएणं बियारिया वइरिबाण बाणेहिं वारिया ।
णाइं णाय णाएहिं कयफणा लोहवंते[10] पिसुण व णिग्गुणा ।

घत्ता—पडिकण्हें कण्हहु पट्ठविउ अलयहउ उद्दामउ ॥
अइदीहरु कालउ पंचफणु भीयरु मारणकामउ ॥१५॥

१६

दुवई—सो गरुडेण हणेवि खणि घल्लिउ[1] पडिबलजलणवारिणा ॥
मायातिमिरपडलु तो पेसिउ[2] तहु हुंकरिवि वइरिणा ॥
तं पि णिवक्खलक्खखयकालें हरिणा णासिउं रवियरजालें ।
इय दिव्वाउहपंतिउ छिण्णउ बहुयउ लक्खकोडिसयगण्णउ ।
५ पुणु बहुरूविणिविज्जपहावें जुज्झिउ पडिहरि कुडिलसहावें ।
सा वि पणट्ठ जणद्दणपुण्णें सिरिमइतणएं अंजणवण्णें ।
लेवि चक्कु करि भामिवि वुत्तउं देहि हत्थि मा मरहि णिरुत्तउं ।
ता पडिलविय उवायापुत्तें किं ससहरु जिप्पइ णक्खत्तें ।
जइ ण धरमि रहंगु सइं हत्थें तो पइसमि हुयवहु परमत्थें ।
१० मरु को मरइ संढ तुह घाएं मुक्कु चक्कु तो तारयराएं ।

तीर छोड़े। आते हुए उन तीरोंको तारकने विदारित कर दिया। शत्रुके बाणोंका उसने बाणोंसे निवारण कर दिया, जैसे नागोंके द्वारा फन उठाये हुए नाग हों। वे तीर लोहवन्त (लोहेसे बने, लोभयुक्त) और दुष्टकी तरह, निर्गुण (डोरी रहित—गुणरहित थे)।

घत्ता—प्रतिकृष्ण तारकने द्विपृष्ठके ऊपर उद्दाम अत्यन्त दीर्घ काला पाँच फनका भयंकर मारनेकी इच्छावाला जलसर्प फेंका ॥१५॥

१६

उसे द्विपृष्ठने शत्रुबलकी ज्वालाके लिए जलके समान गरुड़ बाणसे एक क्षणमें नष्ट कर दिया। तब दुश्मनने हुंकार करते हुए उसके ऊपर मायावी (कृत्रिम) अन्धकारका पटल फेंका। उसे भी विपक्षके लक्ष्यके लिए क्षयकालके समान सूर्यकिरण जालसे नारायणने नष्ट कर दिया। इस प्रकार सैकड़ों लाख करोड़से गुणित बहुत-सी दिव्य आयुधपंक्तियाँ छिन्न हो गयीं। फिर प्रतिनारायण बहुरूपिणी विद्याके प्रभावसे और अपने कुटिल स्वभावसे लड़ता रहा। वह विद्या भी जनार्दनके पुण्य और श्यामवर्ण श्रीमतीके पुत्र द्वारा नष्ट कर दी गयी। तब उसने अपना चक्र हाथमें लेकर और घुमाकर कहा कि "हाथी दे दो, निश्चय ही तुम मत मरो।" इसपर द्विपृष्ठने प्रत्युत्तर दिया, "क्या नक्षत्रके द्वारा चन्द्रमा जीता जा सकता है; यदि मैं तुम्हारे चक्रको अपने हाथमें ग्रहण नहीं करता, तो मैं वास्तवमें अग्निमें प्रवेश करूँगा। मूर्ख नपुंसक, तुम्हारे आघातसे कौन मरता है।" तब तारक राजाने चक्र छोड़ा।

---

१. A एंति। १०. P लोहवंता।

१६. १. A सो घल्लिउ। २. A तहि पेसिउ। ३. A हुवबहि।

घत्ता—रक्खंतहं णियवइणिब्भयहं पहरणेहिं पहरंतहं ॥
तं आयउ सयलहं पत्थिवहं झ त्ति धरंत धरंतहं ॥१६॥

१७

दुवई—देवासुरणरिंदफणिखेयरकिंणरदप्पहारयं ॥
भुयणुज्जोयकारि माणिक्कमऊहविराइयारयं ॥

भाणुबिंबु णं किरणहिं जेडिउ[1] बाहुल्लयरुहणिलइहे पत्तिउ[2] ।
धरिवि तेण करि जंपिउ एहउं एवहिं तुज्झु सरणु कहिं केहउं ।
करहि केर बलएवहु केरी अणुहुंजहि संपय गरुयारी । ५
ता पडिसत्तु चवइ विहसेप्पिणु मंडाखंड भिक्खें[3] पावेप्पिणु ।
जिह णच्चइ संतोसें देसिउ तिह तुहुं एण रहंगें हरिसिउ[4] ।
रासहु होइवि हत्थिहि लग्गइ वायसु होइवि गरुडहु विग्गहि[5] ।
पत्थरु होइवि मेरु व मण्णहि अप्पउ वारु वारु किं वण्णहि ।
रे गोवालबाल णउ लज्जहि महुं अग्गइ भडवाएं[6] भज्जहि । १०

घत्ता—लइ रक्खउ तेरउ सीरहरु एवहिं मारमि लग्गउ ॥
किं चुक्कइ काणणि केसरिहि दिट्ठिपंथि णिब्बेडिउ[5] मउ[6] ॥१७॥

घत्ता—अपने स्वामीको निर्भय बनानेवाले रक्षकोंके अस्त्रोंसे प्रहार करते हुए और समस्त राजाओंके पकड़ते हुए भी वह चक्र आया ॥१६॥

१७

देव, असुर, नरेन्द्र, नाग, विद्याधर और किन्नरोंका दर्प हरण करनेवाला, विश्वको आलोकित करनेवाला, माणिक्य किरणोंसे शोभित आराओंवाला, किरणोंसे विजड़ित सूर्यबिम्बके समान वह चक्र वासुदेवके हाथके निकट आकर ठहर गया। उसने उसे हाथमें लेकर यह कहा कि "बताओ इस समय तुम्हारी शरण कौन है ? तुम बलभद्रकी आज्ञा मानो और अपनी भारी सम्पत्तिका भोग करो।" तब प्रतिशत्रु तारक हँसकर कहता है, "अपूपखण्ड भीखमें पाकर देशी आदमी जैसे सन्तोषसे नाच उठता है, वैसे ही तुम इस चक्रसे प्रसन्न हो रहे हो, गधे होकर तुम सिंहसे लड़ते हो। कौआ होकर गरुड़से युद्ध करते हो, पत्थर होकर अपनेको मेरु समझते हो, अपने आपको रोको-रोको, स्वयंका क्या वर्णन करते हो ? रे-रे ग्वाल बच्चे, शर्म नहीं आती। मेरे आगे सुभट हवा भग्न करना चाहता है।

घत्ता—ले तू अपने बलभद्रको बचा, इस समय लड़ते हुए उसे मारता हूँ। क्या जंगलमें सिंहके दृष्टिपथमें आया हुआ मृग बच सकता है ?" ॥१७॥

---

१७. १. A जलियउ। २. A भिक्खु। ३. P रहसिउ। ४. AP वग्गहि। ५. AP णिवडिउ। ६. AP गउ।

१८

दुवई—एव भणेवि धीरु विसविसमविसण्णवणिसियअसिवरं ॥
अरिकरिकुंभकेलियधवलुज्जलमोत्तियपंतिदंतुरं ॥

थक्कउ करयलेण उग्गामिवि ता सिरिरमणें णहयलि भामिवि ।
मुक्कु चक्कु दुक्कउ रिवकंठहु णावँइ अत्थसिहरिरविबकंठहु ।
जाइवि दिणयरबिंबु णिमंण्णउं लोहियलित्तउं लोहियवण्णउं ।
सस्यणसडयणदिण्णसुहेल्लिहि फुल्लु णाइं हरिसाहसवेल्लिहि ।
हसियँपुसियँपरणरयइरायहु पडिउ सीसु तारयणरणाहहु ।
खग्गें वसिकिउ लोउ असेसु वि मागहु वरतणु जित्तु पहासु वि ।
जिह महि सिद्धी अद्ध तिविट्ठहु तिह हूई णिवँरिद्धि दुविट्ठहु ।
उँत्तंगत्तें धणु सो सत्तरि जीविउं वरिसलक्ख बाहत्तरि ।
पावें पाविउ सत्तमु महियलु तहिं अवसरि णियँमणि चिंतइ बलु ।
जहिं पडिकेसउ तहिं गउ केसउ कालें णडियउ णिवडइ वासवु ।
एम भणेप्पिणु पासि तिगुत्तहु बत्तें लइयउं समत्थु[10] समचित्तहु ।
[11]बहुरिसिवंदें समउ समाहिउ केवलणाणसिरीइ [12]पसाहिउ ।

१८

इस प्रकार कहकर वह धीर विषके समान विषम जलवाले, समुद्रके समान पैनी और शत्रुगर्जोंसे स्खलित धवल उज्ज्वल मोतियोंकी पंक्तिकी दाँतोंवाली तलवार हाथमें उठाकर स्थित हो गया। इतनेमें नारायणने आकाशमें घुमाकर चक्र छोड़ा। वह शत्रुकण्ठपर इस प्रकार पहुँचा, मानो जैसे अस्ताचलके निकट जाकर दिनकरका बिम्ब निमग्न हो गया हो, लोहित (लालिमा और रक्त) से लिप्त लाल-लाल रंगका। जैसे वह स्वकीय जनरूपी भ्रमरोंको सुख देनेवाली नारायणके साहसरूपी लताका फूल हो, जिसने शत्रुराजाओंका उपहास और नाश किया है, ऐसे तारक राजाका सिर गिर पड़ा। नारायणने तलवारसे अशेष लोगोंको अपने वशमें कर लिया, उसने मागध, वरतणु और प्रभासको भी जीत लिया। जिस प्रकार त्रिपृष्ठके लिए आधी धरती सिद्ध हुई थी, उतनी ही नृप ऋद्धि द्विपृष्ठको भी हुई। ऊँचाईमें वह सत्तर धनुष था और उसका जीवन बहत्तर लाख वर्षका था। पापसे उसे सातवें नरक जाना पड़ा। उस अवसर बलभद्र अपनेमें विचार करते हैं कि जहाँ नारायण गया, वहीं प्रतिनारायण गया। कालसे प्रतारित इन्द्रका भी पतन होता है। यह कहकर उसने समचित्त त्रिगुप्त मुनिके पास समर्थ व्रत ग्रहण कर लिया। बहुत-से मुनिसमूहके साथ सावधान वह केवलज्ञानरूपी लक्ष्मीसे प्रसाधित हो गया।

---

१८. १. AP °गलियं । २. A णं रवि अत्थं । ३. A णिवण्णउ । ४. P हसिउ पुसियं । ५. A पुसिउ । ६. A णिव अहि दुविट्ठहु । ७. AP उत्तुंगत्तें । ८. AP चिंतइ णियमणि बलु । ९. K ब्रव । १०. A समत्तु णियचित्तहु । ११. AP °रिसिविंदहिं । १२. P पहासिउ ।

घत्ता—गउ मोक्खहु अचलु अकंपेमइ भरहणरेसरवंदिउ ॥ १५
जोइसविमाणवासियपवर [14]पुप्फदंतसयवंदिउ ॥१८॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे अचलदुहिट्ठतारयकहंतरं णाम चउवण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५४॥

घत्ता—अकम्पित बुद्धि भरतेश्वरके द्वारा वन्दित अचल मोक्षके लिए गया, ज्योतिष विमानोंमें निवास करनेवाले प्रवर शतमनुष्यों के द्वारा वन्दनीय ॥१८॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका अचल द्विपृष्ठ तारक कथान्तर नामका चौवनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५४॥

---

१३. A अकंपमणु । १४. A पुप्फयंत ।

संधि ५५

तवसिरिराइयहु मुणिझाइयहु सयमहमहियपयावहु ॥
वंदिवि कमजमलु णिज्जियकमलु विमलहु विमलसहावहु ॥ध्रुवकं॥

१

णरजलमहिलं वज्जियमहिलं ।
जेण विरइयं मोक्खविरहियं ।
सत्थं सारं वयणंसारं ।
जस्स गहेउं हिंसाहेउं ।
णट्ठसमोहं वड्ढियमोहं ।
काउं समयं मयमाणमयं ।
पत्ता णरयं जे ताणरयं ।
भुवणमहीसं कह लहिही सं ।
पइं परिहीणं जिण पडिही णं ।
णारयविवरे णविए विवरें ।
णासइ गरयं जणियंगरयं ।
ण हु उल्लुहंते सरणमहं ते ।
देव पइट्ठो तं महुं इट्ठो ।

सन्धि ५५

जो तपरूपी लक्ष्मीसे शोभित हैं, मुनियोंके द्वारा जिनका ध्यान किया गया है, जिनका प्रताप इन्द्रके द्वारा पूजित है, जो विमल स्वभाववाले हैं, ऐसे विमलनाथके कमलोंको पराजित करनेवाले चरणकमलोंकी मैं वन्दना करता हूँ।

१

जिन्होंने नरकुलोंको पृथ्वी प्रदान की है, जो महिलासे रहित हैं और जिन्होंने भोगसे विरहित परमार्थभूत सार्थक वचनांशवाले शास्त्रकी रचना की है। जो हिंसाके कारणभूत समता-समूहके नाशक मोहवर्धक शास्त्रको ग्रहण कर तथा मान और मद बढ़ानेवाले शास्त्रकी रचना कर उसमें अनुरक्त होते हैं, वे नरकको प्राप्त होते हैं। जो विश्व, बुद्धिविहीन है वह सुख कैसे प्राप्त कर सकता है। हे जिन, आपसे रहित यह विश्व निश्चित रूपसे नरकमें पड़ेगा, गरुड़के द्वारा कामभाव-को उत्पन्न करनेवाला विष ध्वस्त नहीं किया जा सकता। उल्लुओंके हन्ता कौओंके निकट मेरी शरण नहीं है। हे देव, मैं तुम्हारी शरणमें हूँ, वही मुझे इष्ट है। गृहेन्द्रोंको त्रस्त करनेवाला महेन्द्र

१. १. A सिरिरायहु। २. AP पहावहु; K पहावहु but corrects it to पयावहु। ३. AP °जुवलु। ४. A जे ताणरयं; P जेत्ताणरयं। ५. A महु।

इय थुइवायं करइ सुवायं ।
तसियगहिंदो जस्स महिंदो ।
तं गुणविमलं णविउं विमलं ।
हयमोहंगं तस्स कहंगं ।
भणिमो सरसं वारियसरसं । २०

घत्ता—तेरहमउ अवरु जणसंतियरु सुत्तेंगोंफसोमालइ ॥
अंचमि णरहियइ खयविरहियइ जिणु कव्वुप्पलमालइ ॥१॥

२

धादइसंडइ परिभमियहरि पुव्वामरगिरिगंभीरदरि ।
तहिं पुव्वविदेहि तरंतकरि सीयाँ णामें अत्थि सरि ।
तहिं दाहिणकूलि कलंबहरि णवसत्तच्छयछाइयँमिहिरि ।
फलरँसवहरुक्खसोक्खसयरि रम्मयवइदेसि महाणयरि ।
पहु पउमसेणु पउमारमणु णवजोव्वणु रमणीमणदमणु । ५
कयलीदलवीयणसीयरइ विसिउग्गयसरसरसीयरइ ।
मंदाणिलचालियकुसुमरइ अण्णाहिं दिणि वाणि पीइंकरइ ।
वयणुग्गयधीरधम्मेंज्झुणिहि पायंति य सव्वगुत्तमुणिहि ।

जिन विमलनाथकी इस प्रकार शोभन स्तुति वचनोंकी रचना करता है, ऐसे गुणोंसे पवित्र उनको मैं नमन करता हूँ। तथा मोहको नष्ट करनेवाले, सरस परन्तु काम सुखसे रहित उनके कथांगका कथन करता हूँ।

घत्ता—जनशान्तिके विधाता तेरहवें जिनवर विमलनाथको मैं कवि पुष्पदन्त मनुष्योंका हित करनेवाली सुन्दरतम उक्तियोंसे रचित, क्षयसे रहित काव्यरूपी कमलमालासे अर्चना करता हूँ ॥१॥

२

जिसमें सूर्य परिभ्रमण करता है ऐसे धातकीखण्डमें पूर्व सुमेरपर्वतकी गम्भीर घाटी है। उसके पूर्वविदेहमें, जिसमें गज तैरते हैं ऐसी सीता नाम की नदी है। उसके दक्षिण किनारेपर कदम्ब वृक्षोंको धारण करनेवाला जिसमें नव सप्तपर्णी वृक्षोंसे सूर्य आच्छादित है और जो फलरस-के प्रवाहवाले वृक्षोंके कारण सुखदायक है ऐसे रम्यकवती देशमें महानगरी है। उसमें राजा पद्मसेन था। लक्ष्मीसे रमण करनेवाला वह नवयुवक और रमणियोंके मनका दमन करनेवाला था। एक दूसरे दिन, जो कदली वृक्षोंके पत्तोंके पंखोंसे शीतल है जिसमें सरोवरोंके शीतल जलकण दिशाओंमें उड़ रहे हैं, जिसमें मन्द पवनसे कुसुमपराग आन्दोलित हैं, ऐसे पीतंकर नामके वनमें, जिनके मुखसे धीर धर्मध्वनि निकल रही है ऐसे सर्वगुप्ति नामके मुनिके चरणोंमें अपने पुत्र

१. AP °गुंफसीमालइ; T गोंफ° ।
२. १. AP अवरविदेहि । २. AP सीओया । ३. P °मिहरि । ४. A °रिसवहुभक्खसोक्खसयरि; °रसवहु-क्खसोक्खसयरि । ५. P धम्मु झुणिसि । ६. A सव्वगुत्ति° ।

संपयपइ पउमणाहु करिवि आरंभडंभविहि परिहरिवि ।
१० थक्कउ रिसिदिक्खइ दिक्खियउ एयारह अंगइं सिक्खियउ ।
घत्ता—मलु उद्धाविय समु भावियउ पंकयसेणें घणघणु ॥
पक्खि व पंजरइ दुक्कियविरइ धम्मज्झाणि धरिउँ मणु ॥२॥

३

सुक्किउ भववासकिलेसहरु आवज्जिवि तित्थयरत्तयरु ।
मुउ मुक्काहारु विसुद्धमइ हुउ सहसारइ सहसारवइ ।
अट्ठारहजलहिपमाउधरु चउरयणिसरीरु अरोयजरु ।
णवमासहिं एक्कसु सो ससइ परमाणुय वर मणेण गसइ ।
५ णवणवसहँसहिं संवच्छरहं सुहुं जणइ णिएवि मुहुं अच्छरहं ।
जावंजणमहि ता णाणगइ तहु गुण किं वण्णइ खंडकइ ।
तें दीहु कालु दिवि संचरिउं जइयहुं अयणंतरु उव्वरिउं ।
तइयहुं पढमिंदें लक्खियउं सहस त्ति कुबेरहु अक्खियउं ।
इह भरहखेत्ति कंपिल्लपुरि पुरुदेवबंसि विम्हवियसुरि ।
१० कयवम्मु राउ तहु घरणि जय [illegible] विहिणा कामहु वित्ति कय ।
घत्ता—ताहं महागुणहं वेण्णिं वि जणहं होसइ भवणि भडारउ ॥
कम्ममणोरहहं अट्ठारहहं णियदोसहं खयगारउ ॥३॥

पद्मनाथको सम्पत्तिके स्थानपर नियुक्त कर, आरम्भ और दम्भकी विधिको छोड़कर स्थित हो गया। मुनिदीक्षासे दीक्षित उसने ग्यारह अंगोंका अध्ययन किया।

घत्ता—पद्मसेनने मलका नाश किया, समताका सघन चिन्तन किया। पिंजड़ेमें स्थित पक्षीकी तरह पापसे विरत धर्मध्यानमें उसने मन लगाया ॥२॥

३

संसारवासके क्लेशको दूर करनेवाले पुण्य और तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध कर निराहार विशुद्धमति वह मर गया तथा सहस्रार स्वर्गमें इन्द्र हुआ। उसकी आयु अट्ठारह समुद्र प्रमाण थी। ज्वर और रोगसे रहित उसका चार हाथ शरीर था। नौ माहमें एक बार वह साँस लेता। अट्ठारह हजार वर्षमें मनसे परमाणुओंका भोजन करता, अप्सराओंका मुख देखनेसे उसे सुख उत्पन्न हो जाता। जहाँ तक अंजनाभूमि (नरकभूमि) है वहाँ तक उसके ज्ञानकी गति है। यह खण्डकवि पुष्पदन्त उसके गुणोंका क्या वर्णन करता है। वह लम्बे समय तक स्वर्गमें संचार करता रहा। जब उसके छह माह शेष बचे तब प्रथम स्वर्गके इन्द्रने जान लिया और अचानक कुबेरसे कहा, "इस भरत क्षेत्रके काम्पिल्य नगरमें देवोंको विस्मित करनेवाले पुरुदेव वंशमें कृतवर्मा नामका राजा है, उसकी गृहिणी जया है जो मानो विधाताने कामदेवकी वृत्ति बनायी हो।

घत्ता—महागुणवाले उन दोनोंके घरमें आदरणीय जिन उत्पन्न होंगे, कर्मोंके मनोरथों और अट्ठारह अपने दोषोंका क्षय करनेवाले ॥३॥

---

७. AP धरियउ ।

३. १. P °जलहिपरमाउ । २. A चउरयण° । ३. A परमाणुवरसुमणेण । ४ A सहसइं । ५. A तं । ६. AP विभइयसुरि । ७. AP दोहं मि ।

४

जक्खाहिव तुरियउं जाहि तुहुं करि पुरु घेरि चिंतिउं भोयसुहुं ।
ता पुरवरु णिहिणाहें विहिउं णं सग्गखंडु धरणिहि णिहिउं ।
दहिकुट्टिमयलजियसरयघणु गयणग्गलग्गगमणिमयभवणु ।
वणरुक्खराइसुरहियपवणु वणरहसंररयकलहंसयणु ।
सयणागमहरिसियपउरयणु रयणंसुजालजियसियसयणु । ५
धणु दिज्जइ जहिं बहुदेसियहं सियरहियहं णिच्चपवासियहं ।
सियसिहरबद्धधयपाडलिउं पाडलपूयफलदुमललिउं ।
ललियंगपसाहियकामियणु कामियणपरोप्परदिण्णमणु ।
घत्ता—णरणियराउलइ तहिं राउलइ जयदेविइ सुहसुत्तइ ॥
सिविणावलि णिसिहिं उग्गयदिसिहिं दीसइ कोमलगत्तइ ॥४॥ १०

५

करि दाणजलोल्लकवोलयलु हेलंतु थसहु जियघणसद्दलु ।
पंचाणणु रुइहयहारमणि अरविंदणिलय माहवरमणि ।
दुइ सुमणालउ मालउ खयलि हिमयरु अहिमयरुग्गय विमलि ।
तिमि दोण्णि रमंतउं तरंत जलि संणिहिय मणोरम धरणियलि ।
दो कलस ससलिलु सकमलु सदलु णलिणालय मयरालय विमलु । ५

४

हे यक्षराज, तुम शीघ्र जाओ और धरतीपर नगर और चिन्तित सुख उत्पन्न करो।" तब कुबेरनाथने पुरवरकी रचना की मानो स्वर्गखण्डको ही धरतीपर रख दिया गया हो। जिसमें स्फटिक मणियोंके तल द्वारा शरद् मेघ जीत लिया गया था, जिसके मणिमय भवन गगनतलको छूते थे, जहाँ वनवृक्षराजिसे पवन सुरभित था, जिसके कमलसरोवरोंमें कलहंससमूह रत हैं, जहाँ स्वजनोंके आगमसे प्रचुर जन प्रसन्न होते हैं, जहाँ रत्नोंके किरणजालसे देवोंका धन जीत लिया गया है, जहाँ बहुत-से देशी लोगों तथा धन रहित नित्य प्रवासियोंको धन दिया जाता है, जहाँ श्वेतशिखरों पर रंगबिरंगी पताकाएँ हैं, जो पाटल पूगफल (सुपाड़ी) वृक्षोंसे सुन्दर है, जहाँ कामिनीजन सुन्दर अंगोंसे प्रसाधित हैं, जहाँ कामी लोग एक दूसरे पर मन देते हैं—

घत्ता—मनुष्य समूहसे संकुल उस राजकुलमें सुखसे सोयी हुई कोमल देहवाली जयदेवी प्रभातके समय रात्रिमें स्वप्न देखती है ॥४॥

५

मदजलसे आर्द्र कपोलतलवाला हाथी, बैलोंका बल जीतनेवाला गरजता हुआ हाथी, अपनी कान्तिसे हारमणिको तिरस्कृत करनेवाला सिंह, कमलघरवाली लक्ष्मी, आकाशतलमें दो पुष्पमालाएँ, आकाशमें उगे हुए चन्द्रमा और सूर्य, जलमें तैरती और क्रीड़ा करती हुई दो मछलियाँ, दल, कमल और जलसे सहित धरतीपर रखे हुए सुन्दर दो कलश, स्वच्छ सरोवर और समुद्र,

४. १. AP घरु । २. A चितियभोयसुहुं । ३. A °सिरिरयवलहंसगणु । ४. AP तहिं । ५. A पाडलपूईफल । ६. AP सुहं सुत्तए ।
५. १. A हिकंतु । २. A दोण्ण । ३. AP तरंत रमंत । ४. P कलस सलिल ।

आसंदी हरिणरायधरिय अमरिंदवसहि पहपरियरिय ।
णाइणिगिज्जंतणेयमुहलु आइण्णउ कोरंतु जयहलु ।
मणिरासि सिहाहिं फुरंतु सिहि सिविणोलि णिहालिय दिण्णदिहि ।

घत्ता—सा सीमंतिणिय पीणत्थणिय दंसणु दइयहु भासइ ॥
१० देउ णराहिवइ पडिबुद्धमइ तं फलु ताहि समासइ ॥५॥

६

पयपुंडरीयजुयणवियसुरु अरहंतु अणंतु तिलोयगुरु ।
मयरद्धयधयणिल्लूरणउ परमेसरि होसइ तुह तणउ ।
इंदाएसें णिम्मच्छरउ एत्थंतरि आयउ अच्छरउ ।
जयदेविहि देहु पसंसियउ गब्भासयदोसु विहंसियउ ।
५ छम्मासु हेमधाराधरहिं वरिसिउ जक्खहिं णं जलहरहिं ।
जेट्ठहुं मासहु तमदसमिदिणि उत्तरभद्दवयइ हिमकिरणि ।
रयणेहिं सुरेहिं संथुयचरिउ करिरूवें गब्भि समोयरिउ ।
णिहिकलससविक्कउं पयडियउं णवमासु पुणु वि वसु णिवडियउं ।
जइयहुं सायरसम तीस गय मिच्छत्तें दूसिय सयल पय ।
१० पल्लंतपणट्ठइ धम्मि घरि णिव्वुइ बारहमइ तित्थयरि ।
कंचणचूलालिहियंबुहरि तइयहुं कयवम्महु तणइ घरि ।

सिंहके द्वारा धारण की गयी बैठक (सिंहासन), प्रभासे आलोकित देवविमान, नागिनोंके द्वारा गाये गये गीतसे मुखर नागका भवनतल, रत्नराशि और ज्वालाओंसे जलती हुई आग। इस प्रकार भाग्यशाली स्वप्नावली देखी।

घत्ता—पीनस्तनोंवाली वह सीमन्तिनी अपने पतिसे कहती है। प्रतिबुद्धमति नरराज देव उसका फल उसे बताते हैं ॥५॥

६

जिनके चरणकमलोंमें देव नमन करते हैं ऐसा अरहन्त अनन्त त्रिलोकगुरु कामदेवका नाश करनेवाला पुत्र, हे परमेश्वरी, तुम्हारे उत्पन्न होगा। इसी बीच इन्द्रके आदेशसे मत्सरसे रहित अप्सराएँ वहाँ आयीं। उन्होंने जयादेवीकी प्रशंसा की और गर्भाशयके दोषको दूर किया। जलधरोंकी भाँति यक्षोंने छह माह तक स्वर्णमेघोंकी वर्षा की। ज्येष्ठ माहके शुक्ल पक्षकी दसमीके दिन, उत्तराभाद्रपद नक्षत्रमें चन्द्रमाके रहनेपर, रत्नों और देवों द्वारा संस्तुत चरित्र, देव हाथीके रूपमें गर्भमें अवतरित हुए। (कुबेरने) निधिकलशोंमें अपना विक्रम प्रकट किया और नौ माह तक और धनकी वर्षा हुई। जब बारहवें तीर्थंकरके निर्वाण कर लेनेपर तीस सागर प्रमाण समय बीत गया तब समस्त प्रजा मिथ्यात्वसे दूषित हो गयी। एक पल्य पर्यन्त धर्मके नष्ट होनेपर कृतवर्माके स्वर्णशिखरोंसे मेघोंको छूनेवाले घरमें तब—

---

५. P ताउ ।

६. १. AP °णमिय° । २. A °कलसविमुक्कउ । ३. A धम्मवरि ।

घत्ता—माहचउत्थिहि वेंडिढयससिहि सिवजोयइ जिणु जायउ ॥
संदणहयगयहिं लंबियधयहिं चउदिसु सुरयणु आइउ ॥६॥

७

मायासिसु मायहि ढोइयउ सक्कें जिणवयणु पलोइयउ ।
करु मउलिवि पणविवि परमपरु पुणु भत्तिइ लेविणु तित्थयरु ।
करि पेल्लिउ चल्लिउ गयणयलि पडुपडहभेरिढक्कामुहलि ।
लंघेविणु रविससिमंडलइं णं णहयललच्छिहि कुंडलइं ।
गउ तेत्तहिं जेत्तहिं पंडुसिल णिरु णिम्मल णावइ सिद्धिहल । ५
मंदरगिरिसिहरि विरइउं ण्हवणु तहु देवेहिं पुज्जिय दिव्वतणु ।
पंडुरि ससहरकररासिहरि आणेप्पिणु णिहियउ जणणिघरि ।
सिसु संसिवि जय चिरु सुकयतव गय णविवि णायहु णायभव ।
कालेण पवड्ढिउ जिणु तरुणु गरुयारउ हूयउ सट्ठिधणु ।
सहसट्ठुत्तरमियलक्खणइं तहु दिट्ठइं बहुयइं वंजणइं । १०
वण्णेण वि सहइ सुवण्णणिहु हो किं महं वण्णिज्जइ अरिहु ।
परमेसहु माणियबालवय वरिसहं पण्णारह लक्ख गय ।
पुणु सयमहेण पणविवि ण्हविउ रायत्तणि तिजगराउ थविउ ।

घत्ता—माघशुक्ला चतुर्थीके दिन शिवयोगमें जिनका जन्म हुआ। अपने लम्बे ध्वजों तथा रथों और गजोंके द्वारा चारों दिशाओंसे देव आये ॥६॥

७

इन्द्रने मायावी बालक माताको दे दिया और जिनवरका मुख देखा। हाथ जोड़कर, परमश्रेष्ठको प्रणाम कर फिर भक्तिसे तीर्थंकरको लेकर, वह हाथीको प्रेरित कर, पटु-पटह-भेरी और ढक्काओंसे मुखर आकाशमें चला। आकाशरूपी लक्ष्मीके कुण्डलोंके समान सूर्यचन्द्रको लांघकर वह वहाँ गया जहाँ पाण्डुक शिला थी, अत्यन्त निर्मल जैसे सिद्धशिला हो। मन्दराचल पर्वतके शिखरपर अभिषेक किया गया। देवोंने उनके दिव्य तनकी पूजा की। चन्द्रमाकी किरण-राशिका हरण करनेवाले माताके धवल घरमें लाकर उनको स्थापित कर दिया। "हे सुकृततप, चिरकाल तक तुम्हारी जय हो" इस प्रकार शिशुकी प्रशंसा कर देवता लोग अपने-अपने स्वर्गोंमें चले गये। समयके साथ जिन भगवान् बढ़ने लगे। तरुण जिन साठ धनुष प्रमाण हो गये। एक हजार आठ लक्षण और बहुत-से व्यंजन (सूक्ष्म चिह्न) उनके शरीरपर दिखाई दिये। वर्णमें वह स्वर्णके समान शोभित थे। अरे मैं अरहन्तका क्या वर्णन करूँ। परमेश्वरके द्वारा भुक्त बालकपन-की आयु पन्द्रह लाख वर्ष बीत गयी। पुनः इन्द्रने प्रणाम कर उनका अभिषेक किया और उन्हें

---

४. A °चउहसिहि; P चउत्थिसिहि। ५. AP वड्ढिय°।

७. १. P भत्ति। २. देव। ३. AP जणणिहरि; K जणणिकरे but corrects it to जणणिघरि। ४. A जिण तरुणु। ५. A अट्ठोत्तरसयमिय°; P सट्ठुत्तरसयमिय°। ६. A तहु णवसयसंखइं; P तहु तवसयसंखहं।

वरिसहं वसिहूई दिण्णकरा तिउणियदहलक्खइं भुत्त धरा।

घत्ता—तुहिणविणिग्गमणि महुआगमणि तीरोसरियजलालउ।
रविकिरणहिं हणिवि हिमकण धुणिवि गिंभें जित्तु सियालउ ॥७॥

८

अवलोइवि सो दलवट्टियउ कालेण कालु पक्खट्टियउ।
पहु चिंतइ अणुदिणु परिणवइ जणु तो वि ण जुंजइ धम्ममइ।
चिरु चित्तु दुचित्तहु णीणियउं दिवि दिव्वभोयसुहुं माणियउं।
पुणु जीविउ जम्मणु आणियउं तिहिं णाणहिं तिहुवणु जाणियउं।
इंदियवसेण ण विवेइयउं हा मइं वि ण अप्पउं चेइयउं।
धणपुत्तकलत्तहिं मोहियउ मयरद्धयबाणहिं जोहियउ।
अच्छइ ण णियच्छमि किं पि किह अण्णमणु अण्णु अण्णागु जिह।
ता संबोहिउ लोयंतियहिं अहिसित्तउ सुरवरपंतियहिं।
किउ देवयत्तसिवियारुहणु गउ सहइ त्ति सहेउयणाम वणु।

घत्ता—माहचउत्थियहि ससहरसियहि छावीसमि णक्खत्तइ ॥
सहुं सहसें णिवहं इच्छियसिवहं थिउ जिणु जइणचरित्तइ ॥८॥

राज्यगद्दी (राज्यत्व) पर स्थापित किया। तीनगुना दस—अर्थात् तीस लाख वर्ष उन्होंने धरती-का भोग किया।

घत्ता—हेमन्तके निर्गमन और वसन्तके आगमनपर ग्रीष्म-ऋतुमें सूर्यकिरणोंसे हिमकणों-को नष्ट कर जिसके तीरसे जल समूह हट गया है ऐसे शीतकालको जीत लिया ॥७॥

८

उस (शीतकाल) को ध्वस्त देखकर प्रभु विचार करते हैं कि "कालके द्वारा काल बदल दिया गया। मनुष्य प्रतिदिन बदलता रहता है फिर भी वह धर्ममतिसे युक्त नहीं होता। पहले मैंने चित्तको दुराचरणसे निकाला था, तथा स्वर्गमें दिव्यभोगोंका उपभोग किया। फिर जीवन जन्मको प्राप्त हुआ। ज्ञानसे त्रिभुवनको जान लिया। लेकिन इन्द्रियोंके वशीभूत होकर मैंने विवेकसे काम नहीं लिया। हा, मैंने स्वयंको नहीं चेताया। मैं धन, पुत्र और कलत्रमें मोहित हूँ, कामदेवके बाणोंके द्वारा देखा गया हूँ। किसी भी वस्तुको मैं किसी प्रकार विद्यमान (स्थिर) नहीं देखता हूँ। अज्ञानीके समान भ्रान्त चित्त मैं अन्य हूँ।" तब लौकान्तिक देवोंने सम्बोधित किया और देवोंकी पंक्तियोंने अभिषेक किया। उन्होंने देवदत्ता नामक शिविकापर आरोहण किया और वह शीघ्र ही सहेतुक नामक उद्यानमें पहुँचे।

घत्ता—माघशुक्ला चतुर्थीके दिन छब्बीसवें उत्तराभाद्रपद नक्षत्रमें शिवकी इच्छा रखनेवाले एक हजार राजाओंके साथ वह जिन जैनचरित्रसे स्थित हो गये ॥८॥

---

७. A तीरोसरिउ।

८. १. AP परिणमइ। २. AP धम्मे मइ। ३. AP धणमित्त°। ४. A किह। ५. A जिह। ६. A बावीसमि and gloss श्रवणनक्षत्रे। ७. A जइचारित्तइ।

९

तहिं दिणि जयवइ उववासियउ मणपज्जवणाणें भूसियउ ।
बीयइ दिणि आयउ णंदणेरु णंदेण णमंसिउ पुरिसवरु ।
झाणाणलहुयवम्मीसरहु आहारु दिण्णु परमेसरहु ।
मणिपुंजें ढंकिउ तासु गिहु तहिं चोज्जु विथंभिउ पंचविहु ।
छउमत्थें मेइणियलु भमिवि संवच्छर तेण तिण्णि गमिवि । ५
दिक्खावणि जंबूरुक्खयलि माहम्मि मासि ससियरधवलि ।
छट्ठइ दिणि दियसभाइ अवरि छव्वीसमि जायइ वहुपवरि ।
देवें केवलु उप्पाइयउं तियसउलु ण कत्थइ माइयउं ।
गयणग्गलग्गमाणिक्कसिहु संपत्तउ दहविहु अट्ठविहु ।
छाइयणहमंडलु पंचविहु सोलहविहु तेत्थु वि तं तिविहु । १०

घत्ता—थुणइ सुराहिवइ कुसुमइं खिवइ अरुहहु उप्परि पायहं ॥
जिण तुहुं गयमलिणि हियवयणलिणि वसहि रिसिहिं हयरायहं ॥९॥

१०

वत्तीसहं इंदहं तुहुं हियइ तुहुं संसेविउ सासयसियइ ।
तुहुं चंदु ण चंदु विमलवहणु तुहुं सूरु ण सूरु वि णिद्दहणु ।
तुहुं सरहि ण सरहि वि खारजलु तुहुं हरु णउ हरु वि पमत्तु णलु ।

९

उसी दिन जगत्पतिने उपवास किया और मनःपर्ययज्ञानसे विभूषित हो गये। दूसरे दिन वह नन्दपुर गाँव आये। उन श्रेष्ठ पुरुषको नन्दने नमस्कार किया। ध्यानकी अग्निमें कामदेवको भस्म करनेवाले परमेश्वरको उन्होंने आहार दिया। रत्नसमूहसे उसका घर आच्छादित हो गया। वहाँ पाँच आश्चर्य प्रकट हुए। छद्मस्थ रूपमें धरतीमें विहार कर उन्होंने तीन साल बिता दिये। माघ शुक्ला षष्ठीके दिन, दीक्षावनमें ही जम्बूवृक्षके नीचे दिनके अन्तिम भागमें, छब्बीसवें उत्तराभाद्र नक्षत्रमें देवको केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। देवकुल कहीं भी नहीं समा सका। जिनके माणिक्योंकी शिखाएँ आकाशतलको छू रही हैं, ऐसे आठ प्रकार और दस प्रकारके देव आये। और आकाशमण्डलको आच्छादित करनेवाले पाँच, सोलह और तीन प्रकारके देव वहाँ आये।

घत्ता—देवेन्द्र स्तुति करता है, और अरहन्तके चरणोंके ऊपर पुष्प वर्षा करता है कि "हे जिन, तुम मुनियोंके द्वारा रागको नष्ट करनेवालोंके मलसे रहित हृदयरूपी कमलमें बसते हो" ॥९॥

१०

तुम बत्तीसों इन्द्रोंके हृदयमें हो, तुम शाश्वत श्रीके द्वारा सेवित हो, तुम चन्द्र हो, चन्द्रमा विमलवाहनवाला नहीं है। तुम सूर्य हो, जलनेवाला सूर्य सूर्य नहीं। तुम समुद्र हो, खारे जलवाला

९. १. AP जइवइ । २. AP णंदिउउ । ३. AP पुरिसवरु । ४. A छम्मत्थें । ५. A बावीसमि; P छावीसमि । ६. AP छाइउ णहमंडलु । ७. A णयरायहं ।

१०. १. A पमत्तणडु ।

पइं एहउ तेहउ जं कहमि तं हउं बुहलोइ हासु लहमि ।
जहिं अच्छइ तिजगु परिट्ठियउं जें रुद्धउं णिच्चलु संठियउं ।
संचलइ जेण जं परिणवइ जें णिच्चमेव चेयणु वहइ ।
जं वण्णगंधरसफासधरु जं अवरु वि काइं वि चरु अचरु ।
पइं दिट्ठइ दीसइ तं सयलु तुट्टइ दढमोहलोहणियलु ।
पइं दिट्ठें मुच्चइ चउगइहि पहु होइ जीउ पंचमगइहि ।
तुह सुहि संपावइ परमु सुहुं वइरियउ[3] णिरंतरु तिव्वु दुहुं ।
तुहुं पुणु दोहं मि मज्झत्थमणु इयं भोज्जु सहियवइ धरइ जणु ।
घत्ता—चेईहरवणहिं बहुतोरणहिं धयपंतिहिं पिहियकें[5] ।
परिहागोउरहिं सालहिं सरहिं समवसरणु किउ सक्कें[6] ॥१०॥

११

तहिं जाया णीसरंतझुणिहिं पण्णास पंच गणहरमुणिहिं ।
गज्जंतमेहगंभीरसर एयारहसयमिय पुव्वधर ।
छत्तीससहस पुणु पंचसय तीसुत्तर सिक्खु[1] मुणियणय ।
चत्तारि सहस अट्ठसयवरहं अणगारहं सव्वावहिहरहं ।
पणसहसइं अवरु वि पंचसय घोसंति साहु संजय विमय ।
केवलिहिं रिसिहिं मणपज्जयहं णवसहसइं वेउव्वणचयहं ।

समुद्र समुद्र नहीं है। तुम शिव हो, नृत्य करनेवाला और प्रमत्त शिव शिव नहीं है। उनको जो तुम जैसा मैं कहता हूँ तो मैं पण्डित समाजमें हास्यका पात्र बनता हूँ। जहाँ त्रिलोक प्रतिष्ठित है। जिसके द्वारा वह रुद्ध और निश्चल रूपसे संस्थित है, जिससे चलता है और परिणमन करता है, जिससे नित्यरूपसे वह चेतनाको धारण करता है। जो वर्ण-गन्ध-स्पर्श और रूपको धारण करता है; और भी जो दूसरा चर-अचर है, तुम्हें देखनेपर वह समस्त दिखाई देता है, और दृढ़ मोह-शृंखलाएँ टूट जाती हैं। तुम्हें देखनेसे जीव चार गतियोंसे छूट जाता है, हे स्वामी, मुझे पाँचवीं गति प्राप्त हो। तुम्हारा सुधि परम सुख प्राप्त करता है, और तुम्हारा शत्रु निरन्तर तीव्रतम दुःख प्राप्त करता है। लेकिन तुम दोनोंके प्रति मध्यस्थ मन रहते हो, लोग अपने हृदयमें इस आश्चर्यको धारण करते हैं।

घत्ता—सूर्यको ढकनेवाले इन्द्रने चैत्यगृहवनों, बहुतोरणों, ध्वजपंक्तियों, परिखा और गोपुरों, शालाओं और सरोवरोंके द्वारा समवसरणकी रचना की ॥१०॥

११

वहाँ उनके जिनसे ध्वनि खिर रही है, ऐसे पचपन गणधर मुनि हुए। गरजते हुए मेघके समान गम्भीर ध्वनिवाले ग्यारह सौ पूर्वधारी, छत्तीस हजार पाँच सौ तीस शिक्षक मुनि। चार हजार आठ सौ पूर्ण अवधिज्ञानवाले मुनि, पाँच हजार पाँच सौ साधु संयत विमल केवलज्ञानी कहे जाते हैं। पाँच हजार पाँच सौ मनःपर्ययज्ञानी थे। नौ हजार विक्रिया-ऋद्धि धारण करनेवाले

२. A जेण जं परि° । ३. A वइरिउ ण णिर° । ४. P इह । ५. A पिहियवकहिं । ६. A सक्किहिं ।
११. १. A सिक्खिय ।

सहसाइं तिण्णि लेसासयइं वाइहिं विद्धंसियपरमयइं ।
संजइयहुं लक्खु तिसहससहिउं सावयहं लक्खजुयलउं कहिउं ।
परियाणियजिणगुणपरिणइहिं चत्तारि लक्ख वहु सावयहिं ।
तियसेहिं असंखहिं वंदियउ संखेज्जतिरियअहिणंदियउ । १०
तिवरिसरहियइं णडियच्छरहं पण्णारह लक्खइं संवच्छरहं ।
महि हिंडिवि लोयतिमिरु लुहिवि समेयहु सिहरु समारुहिवि ।

घत्ता—आसाढट्ठमिहि कसणहि तमिहि परमप्पउ णिक्कलु हुउ ॥
भरहमहीवइहिं फणिसुरवइहिं विमलु पुप्फदंतहिं थुउ ॥११

इति महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे विमलणाहणिव्वाणगमणं णाम पंचवण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५५॥

थे। तीन हजार छह सौ परमतका विध्वंस करनेवाले वादी मुनि थे। एक लाख तीन हजार संयमको धारण करनेवाली आर्यिकाएँ थीं। दो लाख श्रावक कहे गये हैं। जिनवरके गुणोंकी परिणतिको जाननेवाली चार लाख श्राविकाएँ थीं। असंख्यात देवोंके द्वारा वह वन्दनीय थे। और संख्यात तिर्यंचसमूह द्वारा वह अभिनन्दनीय थे। तीन वर्ष रहित, णडियच्छर (जिनमें अप्सराएँ नृत्य कर रही हैं, या जो अप्सराओंको वंचित करनेवाली हैं ?) पन्द्रह लाख वर्ष धरतीपर परिभ्रमण कर लोकान्धकार नष्ट कर सम्मेद शिखरपर आरूढ़ होकर—

घत्ता—आषाढ़ माहके कृष्णपक्षकी अष्टमीके दिन, (उत्तराषाढ़ नक्षत्र में) भरतकी भूमिके राजाओं, नागराजाओं, देवेन्द्रों और नक्षत्रों द्वारा स्तुत वह विमल निष्कल परमात्मा हो गये ॥११॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त, महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा रचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें विमलनाथ निर्वाण गमन नामका पचपनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५५॥

२. AP हुवउ । ३. विमल । ४. AP थुयउ । ५. A पंचा° ।

संधि ५६

सुरवंदहु विमलजिणिंदहु तित्थि भीमु पालियछलु ॥
रणि अब्भिडियउ अमरिसि चडिउ महुहि सयंभु महाबलु ॥ध्रुवकं॥

१

दुवई—अवरविदेहि जंबुदीवासिइ सिरिउरि पिसुणदूसणो ॥
महियइ णंदिमित्तु मित्तो इव णियकुलकमलभूसणो ॥

५ सो चिंतइ णियमणि णरवरिंदु खइ सव्वु लोउ णं पुण्णिमिंदु ।
धणु सुरधणु जिह तिह थिरु ण ठाइ पण्इणि पुणु अण्णहु पासि जाइ ।
भायर णियभायहु अवयरंति कुलभवणि कुलहु कलयलु करंति ।
किंकर चडुयम्मु रयंति तेव सव्वस्सु पयच्छइ पुरिसु जेव ।
पोसंति णियंति सिसुं णहवंति मायाव धण्णु आसाइ देंति ।
१० भइणिउ बंधव बंधव भणंति ता जाम उयरपूरणु लहंति ।
सिरिलंपडु घरदव्वावहरणु तणुरुहु वि पडिच्छइ तायमरणु ।
जगि कासु वि को वि ण एत्थु अत्थि मयगंधवसिं भमरेण हत्थि ।
गाइ वि सेविज्जइ वच्छएण रंभासइं दुद्धहु कएण ।

सन्धि ५६

देवोंके द्वारा वन्द्य विमलनाथके तीर्थकालमें संग्राम प्रिय भीम और महाबली स्वयंभू अमर्षसे भरकर युद्धमें मधुसे भिड़ गये।

१

जम्बूद्वीपमें स्थित अपर विदेहके श्रीपुर नगरमें दुष्टोंके लिए दूषण नन्दीमित्र नामका राजा था जो मित्रके समान और अपने कुलरूपी कमलका भूषण था। वह श्रेष्ठ राजा अपने मनमें सोचता है कि विनाशकालमें समस्तलोक मानो पूर्णचन्द्रके समान है। जिस प्रकार इन्द्रधनुष, उसी प्रकार धन स्थिर नहीं रहता, कामिनी भी दूसरेके पास चली जाती है, भाई अपने भाईका अनादर करते हैं और कुलभवनमें अपने ही कुलसे कलह करते हैं। अनुचर इस प्रकार चापलूसी करते हैं कि जिससे पुरुष (मालिक) सब कुछ उन्हें दे डालता है। माताएँ आशासे बच्चेको देखती हैं, स्नान कराती हैं, पोषण करती हैं और अपना दूध पिलाती हैं। बहनें तभी तक भाई-भाई करती हैं कि जबतक उनकी उदरपूर्ति होती रहती है। लक्ष्मीका लम्पट पुत्र भी घरके धनका अपहरण और पिताके मरणकी इच्छा करता है। इस संसारमें किसीका कोई नहीं है। जैसे मदगन्धके वशसे भ्रमरके द्वारा हाथीकी और रँभाते हुए बछड़ेके द्वारा दूधके लिए गायकी सेवा

---

१. १. A omits रणि। २. A पुण्णमिंदु। ३. A कुलु भवणु कलहकलयलु; P कुलभवणि कुलहकलयलु। ४. A सुसंगहवंति। ५. P आसाव।

जणु इच्छइ सयलु सकज्जकरणु जीवहु पुणु जिणवरधम्मु सरणु ।
घत्ता—इय बोल्लिवि रज्जु पमेल्लिवि सोसिर्यभीमभवण्णउ ॥ १५
जियकामहु सुव्वयणामहु पासि तेण लइयउं वउ ॥१॥

२

दुवई—जायउ सो मरेवि संणासें बम्महजलणपावसो ॥
पंचाणुत्तरम्मि तेत्तीसमहोवहिदीहरायसो ॥
भासइ गोत्तमु णियगोत्तसूरु पंचिंदियरिउसंगामसूरु ।
सुणि सेणिय कहमि मणोहिरामु पइ पइ वसंति पुरणगरगामु ।
गोजूहचिण्णसुहरियतणालु इह भरहि देसु णामें कुणालु । ५
तहिं सावत्थी पुरि वसणहेउ णिवसइ णरिंदु णामें सुकेउ ।
अवरु वि बलि तेत्थु जि अक्खकील पारद्धु विहिं मि जूयारलील ।
चरगमणछेज्जकड्ढणपवंचु वरघायदायघरहरणसंचु ।
जाणिवि रमंति किर वे वि जाम एक्कें उड्डिउ णियरज्जु ताम ।
हारंतउ सपुरु सकोसु देसु थिउ एक्कहु काणीणवेसु । १०

की जाती है इसी प्रकार सब लोग अपने कामकी इच्छा करते हैं। केवल जिनवरधर्म ही जीवकी शरण है।

घत्ता—यह कहकर और राज्य छोड़कर उसने कामको जीतनेवाले सुव्रत नामक मुनिके पास भीषण संसाररूपी समुद्रको जीतनेवाला व्रत ग्रहण कर लिया ॥१॥

२

कामरूपी ज्वालाके लिए पावसके समान वह संन्यासपूर्वक मरकर पाँचवें अनुत्तर विमानमें तैंतीस सागर प्रमाण लम्बी आयुवाला देव हुआ। गौतम मुनि कहते हैं—अपने गोत्रके लिए सूर्य, पाँच इन्द्रियोंरूपी शत्रुके लिए शूर हे श्रेणिक, मैं सुन्दर कथा कहता हूँ, सुनो। इस भरत देशमें कुणाल नामका देश है, जहाँ पग-पगपर पुर, नगर और ग्राम हैं। जहाँ गायोंका झुण्ड सुरभित तृणोंका आस्वाद लेता है। वहाँ श्रावस्ती पुरी है। उसमें जुआ आदि खेलनेवाला सुकेतु नामका राजा रहता था। एक और जुआ खेलनेवाला बलि नामका मनुष्य था। दोनोंने पासे खेलना शुरू किया। चर (दूसरेको गोट मारना), गमन (अपनी गोटकी रक्षा करते हुए, दूसरेके घरसे अपने घरमें ले आना), छेज्ज (छेद्य) दूसरेकी गोट मारना, कड्ढन प्रवंच (दूसरोंसे बचाकर अपनी गोट ले आना), उत्तम घात और दाय ? देना, घरहरण (दो-तीन गोटोंसे दूसरेके घरको स्वीकार कर लेना, संच (दूसरेकी गोटके प्रवेशको रोकना) आदिको जानकर वे लोग तबतक खेले कि जबतक एकने अपना राज्य खो दिया। सुकेतु अपना पुर, कोश और देश हारकर अकेला दीनरूपमें रह गया।

---

१. P इउ। ७. AP मेइणि मेल्लिवि। ८. A सोसीय°।
२. १. AP °पाउसो। २. AP जो इंदिय°। ३. A सेणि कहमि। ४. A णयर°। ५. A °सुरहिय°। ६. A भरहदेसि। ७. P वरगमण°। ८. A वरदायघाय°; P परदायघाय°। ९. P रमंति। १०. A केवं उड्डिउं।

घत्ता—णउ हय गय णउ संदण धय एक्कु जि वसणें णडियउ ।
वारंतहं गुरुहं महंतहं रायविलासहु पडियउ ॥२॥

३

दुवई—जे ण करंति देवगुरुभोडिउ दुद्दमगव्वपरव्वसा ।
ते णियडंतिएम्व णिवरा सुवि दुज्जसभमिमलीमसा ॥

मायाविणीइ विब्भमहरीइ सेज्जातंबोलसुहंकरीइ ।
आजाणुविलंबियसाडियाइ वरैं खज्जउ माणउ चेडियाइ ।
णीसेससोक्खणिद्धाडियाइ खणि खणि आयइ ण घराडियाइ ।
जूएण ण कासु वि कुसलु एत्थु गउ सो सुकेउ होइवि अवत्थु ।
वंदेवि सुदंसणु मुक्कवत्थु णाणेणालोइयसयलवत्थु ।
तउ लेप्पिणु थिउ लंबंतहत्थु चिंतवइ अट्टझाणेण गत्थु ।
जइ अत्थि फलु वि तवतिव्वकम्मि तो मारेसमि आगमियजम्मि ।
पाडेसमि मत्थइ तासु वज्जु बलि जेण महारउ जित्तु रज्जु ।
इय संभरंतु संणासणेण मुउ जायउ भूसिउ भूसणेण ।
लंतवि सुरु सुक्कियसोहमाणु चउदहसमुद्दजीवियपमाणु ।

घत्ता—णीसंगें जिणवरलिंगें बलि देवत्तु लहेप्पिणु ।
असरालें जंतें कालें सुरणिलयाउ चवेप्पिणु ॥३॥

घत्ता—न उसके पास अश्व-गज थे और न स्यन्दन-ध्वज । वह अकेला था । महान् गुरुओंके मना करनेपर भी उसका राज्यविलाससे पतन हो गया ॥२॥

३

दुर्दमनीय अहंकारके वशीभूत होकर जो देव और गुरुका कथन नहीं करते, संसारमें अपयशरूपी स्याहीसे मैले उन राजाओंका पतन हो जाता है । मायासे विनीत, विभ्रमको धारण करनेवाली शय्या और ताम्बूल लिये अत्यन्त शुभंकरी, घुटनों तक लटकती हुई साड़ीवाली दासीके द्वारा मनुष्य खा लिया जाये, यह अच्छा है, परन्तु क्षण-क्षणमें इस बराटिका (कौड़ी) के द्वारा नहीं । इस संसारमें जुएमें किसीकी कुशलता नहीं है । वह सुकेतु निर्वस्त्र होकर चला गया । दिगम्बर तथा जिन्होंने ज्ञानसे समस्त वस्तुओंको देख लिया है, ऐसे सुदर्शन मुनिकी वन्दना कर तप ग्रहण कर, हाथ लम्बे कर आर्तध्यानसे ग्रस्त वह विचार करता है कि यदि तपके तीव्रकर्मका कुछ भी फल है तो मैं आगामी जन्ममें उस बलिको मारूँगा, उसके मस्तकपर वज्र गिराऊँगा, कि जिसने मेरा राज्य जीत लिया है । इस प्रकार स्मरण करता हुआ वह संन्याससे मर गया और भूषणोंसे अलंकृत तथा पुण्योंसे शोभमान वह लान्तव देव हुआ चौदह समुद्र पर्यन्त जीवनके प्रमाणवाला ।

घत्ता—अनासंग जिनवर दीक्षासे देवत्व पाकर बलि भी प्रचुर समय बीतनेपर देवविमानसे च्युत होकर— ॥३॥

---

३. १. AP °गुरुजंपिउं । २. P °दिडंबिय° । ३. P वरि । ४. AP मुक्कु वत्थु । ५. AP चोद्दस° ।
६. AP °पवाणु । ७. P णीसग्गें ।

४

दुवई—इह भरहम्मि रयणपुरि णरवइ णामें समरकेसरी ॥
वीणाकलपलावसंणिहझुणि घरिणी तस्स सुंदरी ॥

सो ताहं बिहिं मि दिग्गयणिणाउ लक्खणलक्खंकियदिव्वकाउ ।
सुउ जायउ मयरद्धयसमाणु महु णामें णं उग्गमिउ भाणु ।
तिसयल महि णिज्जिय तेण कॅव णिहिघडधारिणि घरदासि जॅव । ५
तहिं कालि गहीरत्तें समुद्दु दारावइपुरवरि राउ रुद्दु ।
महएवि तासु णामें सुहद्द अण्णेक्क पुहइ पुहइ व्व भद्द ।
तहिं पढमइ जणियउ पढमपुत्तु अहमिंदु देउ सो णंदिमित्तु ।
बीयइ लंतवचुउ रिद्धिहेउ संजणियउ णंदणु सो सुकेउ ।
ते बेण्णि वि धम्मसयंभुणाम ते बेण्णि वि ससिरविसरिसधाम । १०
ते बेण्णि वि रामसुसामदेह ते बेण्णि वि गरुयणिबद्धणेह ।
ते बे वि सिद्धविज्जासमत्थ ते बे वि दिव्वपहरणविहत्थ ।
ते बे वि विणिग्गयमलविलेव ते बे वि सीरहर वासुएव ।

घत्ता—गुणवंतहिं तेहिं सुपुत्तहिं दोहिं मि उज्जालियउ कुलु ॥
पहॅवंतहिं गयणि वहंतहिं णं ससिसूरहिं महियलु ॥४॥ १५

५

दुवई—बेण्णि वि ते महंत बलवंत महाजस धोयदसदिसा ॥
बे वि मइंदगरुडवाहिणिवइ बे वि अखिंतसाहसा ॥

४

इस भारतके रत्नपुर नगरमें समरकेशरी नामका राजा हुआ। उसकी वीणाके सुन्दर आलापके समान सुन्दर ध्वनिवाली सुन्दरी गृहिणी थी। वह (बलि) उन दोनोंका दिग्गजके समान निनादवाला लाखों लक्षणोंसे अंकित दिव्य शरीर, कामदेवके समान सुन्दर मधु नामका पुत्र हुआ मानो सूर्य उगा हो। तीन खण्ड धरतीको उसने इस प्रकार जीत लिया जैसे वह निधिघट धारण करनेवाली गृहदासी हो। उसी समय द्वारावतीमें गाम्भीर्यमें समुद्रके समान रुद्र राजा हुआ। उसकी सुभद्रा नामकी महादेवी थी, एक और पृथ्वी देवी थी जो पृथ्वीकी तरह कल्याणी थी। वहाँ पहलीसे वह नन्दिमित्र अहमिन्द्र देव पहला पुत्र हुआ, दूसरीका वह सुकेतु ऋद्धिका हेतु लान्तवदेवसे च्युत होकर पुत्र हुआ। वे दोनों क्रमशः धर्म और स्वयम्भू नामवाले थे। वे दोनों ही चन्द्रमा और सूर्यके समान शरीरवाले थे। वे दोनों ही राम और श्यामके समान देहवाले थे। वे दोनों ही भारी स्नेहसे निबद्ध थे। वे दोनों ही सिद्धविद्या में समर्थ और दिव्यास्त्र प्रहारमें कुशल थे। वे दोनों ही मलविलेपसे विनिर्गत थे। वे दोनों ही बलभद्र और वासुदेव थे।

घत्ता—उन दोनों गुणवान् सुपुत्रोंने कुलको उज्ज्वल कर दिया, मानो आकाशमें जाते हुए प्रभासे युक्त चन्द्र-सूर्यने धरतीतलको आलोकित कर दिया हो ॥४॥

५

वे दोनों ही महान् बलवान्, महायशस्वी और दसों दिशाओंको धोनेवाले थे। दोनों ही गज

---

४. १. AP °लक्खंकिउ । २. AP सुभद्द । ३. लंतवि चुउ । ४. AP पवहंतहिं ।

जयसिरिरामाचक्कंठिएण घरसत्तमभूमिपरिट्ठिएण ।
जणविभयभावुप्पायणेण ऐक्कहिं वासरि णारायणेण ।
अवलोइउ चिंधचलंतमयरु पुरबाहिरि दूसाजूहणियरु ।
पुच्छिउ सैमंति मणु कासु सिमिरु दीसइ भूसणरुइरहियतिमिरु ।
दुव्वसणविसेसकयंतएण तं णिसुणिवि वुत्तु महंतएण ।
रमणीयवेसपुराहिवेण मंडलियएं ससिसोमें णिवेण ।
भीएण देव परिहरिवि दप्पु महुणरणाहहु पेसियउ कप्पु ।
मायंग तुरय मणि दिव्व चीरु कंकणकडिसुत्तयहारिहारु ।
असिकरकिंकररक्खिज्जमाणु ओहच्छइ एत्थु णिबद्धठाणु ।

घत्ता—विहसंतें भणिउं अणंतें पालियचाउव्वण्णहु ॥
जीवंतहु महु पेक्खंतहु जाइ कप्पु किं अण्णहु ॥५॥

६

दुवई—जिम लंगलि णरिंदु जिम पुणु हउं पुहविहि अवरु को पहू ॥
णिच्छउ घिवमि कुद्धकालाणणि पिक्कउ महु व सो महू ॥

ता मंतें वुत्तउ भो कुमार किं गज्जसि किर परतत्तियार ।
महुराउ भणहि महुघोट्ट काइं ण वियाणहि तुहुं तहु कयाइं ।
भयवंत णरेसर णिहिल वहिय महि जेण विखंड बलेण गहिय ।

और गरुड़ सेनाके अधिपति थे। उन दोनोंका साहस अचिन्तनीय था। विजय-श्रीरूपी रमणीके लिए उत्कण्ठित घरकी सातवीं भूमिपर बैठे हुए, जिसे लोगोंमें विस्मयका भाव उत्पन्न करनेकी इच्छा हुई है, ऐसे नारायणने एक दिन नगरके बाहर जिसमें ध्वजसमूह हिल रहा है, ऐसा तम्बुओंका समूह देखा। उसने अपने मन्त्रीसे पूछा कि यह किसका शिविर है कि जो भूषणोंकी कान्तिसे अन्धकार रहित है। यह सुनकर दुर्व्यसन विशेषके लिए यमके समान मन्त्रीने कहा कि रमणीक प्रदेशके अधिपति शशिसोम नामक भयभीत माण्डलीक राजाने हे देव, दर्प छोड़कर मधु राजाके लिए 'कर' भेजा है। गज, तुरग, मणि, दिव्य वस्त्र, कंकण, कटिसूत्र और सुन्दर हार। जिनके हाथोंमें तलवारें हैं, ऐसे अनुचरोंके द्वारा रक्षित वह शिविर अपना स्थान बनाकर ठहरा हुआ है।

घत्ता—तब नारायणने हँसते हुए कहा—"चातुर्वर्ण्यका पालन करनेवाले मेरे जीवित रहते और देखते हुए क्या किसी दूसरेके लिए कर जा रहा है ? ॥५॥

६

जिस प्रकार हलधर राजा है और जिस प्रकार मैं राजा हूँ, उसी प्रकार पृथ्वीपर और कौन राजा है ? मैं निश्चय ही उस मधुको पके हुए मधुकी तरह क्रुद्ध कालके मुखमें फेंक दूँगा।" इसपर मन्त्री बोला—"दूसरोंकी तृप्ति करनेवाले हे कुमार, आप क्यों गरजते हैं ? तुम राजा मधुको मधुका घूँट क्यों कहते हो ? अफसोस है आप उसके किये हुएको नहीं जानते ? उसने मदवाले सारे

५. १. AP एक्कम्मि वियहि । २. A सुमंति । ३. AP रमणीयवेस° । ४. A चाव । ५. A परिपालिय° with पर in the margin.

णिज्जिय तिखंडहर जक्ख जेण आहवि को जुज्झइ समउं तेण ।
तं णिसुणिवि णीलणियंसणेण पडिवयणु दिण्णु संकरिसणेण ।
महु भाइहि रणि देव वि अदेव तुहुं वण्णहि अरिवरु वप्प केव ।
पुरिसंतरु ण मुणहि णिव्विवेय ता पेसिय किंकर उग्गतेय ।
रणि हणिवि जिणिवि ससिसोममंति रुंधिवि बंधिवि णं विझ्झदंति । १०
आणिय मायंग तुरंग करह सोवण्णहार वरवसह सरह ।

घत्ता—आहरणइं पसरियकिरणइं कण्हहु अग्गइ घित्तइं ॥
पडिणेत्तइं वण्णविचित्तइं णं रिउअंतइं पित्तइं ॥६॥

७

दुवई—ससिसोमेण देव जं पेसिउ तं खलदुक्खदाइणा ॥
हिण्णउं तुज्झ दव्वु आवेंतउ रुद्दसुएण राइणा ॥

इय णिसुणवि चरवयणाउ वयणु किउ राएं मुहुं रत्ततणयणु ।
पट्ठविउ वओहरु गउ तुरंतु धरणीतणयहु वज्जरइ मंतु ।
किं भग्गउ वसुमइणाहमाणु किं हित्तु हेमु आगच्छमाणु । ५
किं खलिउ गयणि दिणयरु भमंतु आमंतिउ किं भुक्खिलउ कयंतु ।
हा हे विबुद्धि धगधगधगंतु उच्चोल्लिहि अंगारउ णिहित्तु ।
किं तोडिउ केसरिकेसरग्गु किं महिवइआणापसरु भग्गु ।
आहव्वभावु परिहरहि दोसु पट्ठवहि ससामिहि सव्वु कोसु ।

राजाओंको समाप्त कर दिया, और जिसने बलपूर्वक तीन खण्ड धरती जीत ली है, उससे युद्धमें कौन लड़ सकता है ?" यह सुनकर नीलवस्त्रोंवाले बलभद्रने उत्तर दिया—"मेरे भाईके लिए युद्धमें देव भी अदेव है। हे सुभट, तुम शत्रुवरका किस प्रकार वर्णन करते हो। ऐ निर्विचार, तुम पुरुषान्तरको मत गिनो।" तब उग्र तेजवाले अनुचर भेज दिये गये। रणमें शशिसोम मन्त्रीको मारकर जीतकर विन्ध्यदन्तिकी तरह रौंधकर और बांधकर हाथी, घोड़े, तुरंग, ऊँट, स्वर्णहार, श्रेष्ठ वृषभ और सरभ ले आये गये।

घत्ता—जिनकी किरणें प्रसरित हो रही हैं ऐसे आभरणोंको कृष्णके आगे डाल दिया गया, जो मानो रंगोंसे विचित्र शत्रुके नेत्र, या उसकी आतें या पित्त हों ॥६॥

७

"शशिसोमने जो कुछ भेजा था आता हुआ वह सब तुम्हारा द्रव्य हे देव, खलोंको दुःख देनेवाले रुद्रपुत्र राजा (स्वयंभूने) छीन लिया।" इस प्रकार दूतके मुखसे वचन सुनकर राजा (मधु) ने मुख और आँखें लाल कर लीं। उसने दूत भेजा। वह तुरन्त गया। और पृथ्वीदेवीके पुत्रसे वह मन्त्रीकी बात कहता है, "तुमने धरतीके स्वामीके मानको भंग क्यों किया ? आते हुए धनको तुमने क्यों छीना ? आकाशमें भ्रमण करते हुए दिनकरको स्खलित क्यों किया ? तुमने भूखे कृतान्तको आमन्त्रित क्यों किया ? हे निर्बुद्धि, तूने धकधक जलते हुए अंगारे को कटिवस्त्रमें क्यों रख लिया ? तुमने सिंहके अयालके अग्रभागको क्यों तोड़ा ? तुमने राजाकी आज्ञाके प्रसारको

---

६. १. A णीलणिवासणेण; P णीलणियंसणेण । २. A सोवण्णभार ।
७. १. AP खलु दुक्ख° । २. AP आवंतउ । ३. P रत्तत्तणयणु । ४. A इंगालउ ।

ता चवइ उविंदुपण्णरोसु दक्खालमि तहु असिवरु विकोसु ।
जइ लोहिउ णउ पायमि पिसाय तो छित्ता लइ मइं धम्मपाय ।
तं दूयहु मुहि णीसरिय वाय जिह जंपइ तिह को विवइ घाय ।

घत्ता—कहजोग्गइ महिलहुं अग्गइ सयलु वि गज्जइ णियघरि ।
जससंगहि जीवियणिग्गहि विरलउ पहरइ संगरि ॥७॥

८

दुवई—एम्व चवंतु दूउ गउ रायहु कहियउ तेण वइयरो ॥
देव ण देइ कप्पु वसुहासुउ गलगज्जइ भयंकरो ॥
ता वासुएवस्स पडिवासुएवस्स ।
दुंदुहिणिणायाइं रणभूमिआयाइं ।
संणाहबद्धाइं णिहयइं कुद्धाइं ।
सेण्णाइं जुज्झंति वीरेहिं रुज्झंति ।
खग्गेहिं छिज्जंति कोंतेहिं भिज्जंति ।
वम्माइं लुम्मंति रत्तेण तिम्मंति ।
चम्माइं फुट्टंति अट्ठियइं तुट्टंति ।
वूहाइं विहडंति मंडलिय णिवडंति ।
अंतेहिं गुप्पंति खेयर समप्पंति ।
वड्ढंतसमरट्ठि गयदंतसंघट्टि ।
गरुलेस महुराय उक्खित्त णाराय ।
चिरवइरियालग्ग धणुवेयकयमग्ग ।

क्यों रोका ? युद्धभावके दोषको छोड़ो, अपने स्वामीके सब धनको भेज दो।" तब उत्पन्नरोष नारायण कहता है—"मैं उसे कोश (म्यान) रहित तलवार दिखाऊँगा, यदि मैंने उस लोभी पिशाचका पतन नहीं किया, तो लो मैंने बलभद्र धर्मके पैर छुए ?" इसपर दूतके मुखसे यह बात निकली कि जिस प्रकार कोई बात करता है, उस प्रकार वह आघात कहाँ दे पाता है ?

घत्ता—कथाके योगमें (प्रसंगमें) अपने घरमें महिलाओंके आगे सभी गरजते हैं। लेकिन जिसमें यशका संग्रह और जीवनका निग्रह है, ऐसे युद्धमें विरला ही प्रहार कर पाता है ॥७॥

८

इस प्रकार कहता हुआ दूत चला गया। उसने सारा वृत्तान्त राजासे कहा कि हे देव, वह कर नहीं देता। पृथ्वीरानीका बेटा भयंकर गरज रहा है। तब वासुदेव और प्रतिवासुदेवकी सेनाएँ आमने-सामने आ गयीं। उनमें नगाड़ोंकी ध्वनि हो रही थी, दोनों युद्धभूमिमें उपस्थित थीं, कवचोंसे सन्नद्ध थीं, निर्दय और क्रुद्ध थीं। सेनाएँ लड़ती हैं, वीरोंके द्वारा अवरुद्ध कर ली जाती हैं, खड्गोंसे खण्डित होती हैं, भालोंसे भिदती हैं, कवच लुप्त होते हैं, रक्तसे आर्द्र होते हैं, चर्म फूटता है, हड्डियाँ टूटती हैं, व्यूह विघटित होते हैं, मण्डलाकार सेनाएँ गिरती हैं, आँतोंसे उलझते हैं, विद्याधर समर्पण करते हैं। जिसमें गजदन्तोंका संघट्टन है, ऐसे उस बढ़ते हुए समरमें, जो

---

८. १. AP तुट्टंति । २. AP फुट्टंति ।

पंचाससरहेहिं मायंगसीहेहिं । १५
फणिपक्खराएहिं मेहेहिं वाएहिं ।
पहरंति ते वे वि ता चक्कु करि लेवि ।
महुणा पजंपियउं किं दविणु महुं हियउं ।

घत्ता—किं धम्में गयभडकम्में जो पहरणु णावेक्खइ ॥
मइं कुद्धइ जयसिरिलुद्धइ एमहिं को पइं रक्खइ ॥८॥ २०

९

दुवई—ता दामोदरेण रिउ दुंछिउ धम्मपहाणुआरिणा ॥
एण रहंगएण दारेव्वउं तुहुं मइं कित्तिकारिणा ॥
तं सुणिवि भुय धुणिवि ।
मणहरिहिं सुंदरीहिं ।
विउसयण- कयवयण- । ५
विणुएण तणुएण ।
खयकरणु रहधरणु ।
रणि मुक्कु खणि दुक्कु ।
णहि चलिउं जलजलिउं ।
सभियकु करि थक्कु । १०
अहिणवहु केसवहु ।
तं धरिवि छलु भरिवि ।
दीहरेण भच्छरेण ।
विप्फुरिवि हुंकरिवि ।
माहवेण घणरवेण । १५
तणु गणिउं अरिभणिउं ।

चिरकालीन वैरसे लिप्त है, और जिन्होंने धनुर्वेदमें प्रवृत्ति प्राप्त की है, ऐसे गरुडेश और मधुराजने तीर फेंके। सिंह-सरभ तीरों, गज-सिंह तीरों, नाग-गरुड़ तीरों और मेघ-वायु तीरोंसे वे दोनों प्रहार करते हैं। इतनेमें चक्र हाथमें लेकर मधु बोला—तुमने मेरे धनका अपहरण क्यों किया ?

घत्ता—जो अस्त्रको नहीं देखता, उस धर्म और गजयोद्धा कर्मसे क्या ? यशरूपी श्रीके लोभी मेरे क्रुद्ध होनेपर इस समय कौन तुम्हारी रक्षा करता है ? ॥८॥

९

तब दामोदरने दुश्मनको फटकारा कि धर्मपथका अनुकरण करनेवाले और कीर्तिकारी इस चक्रसे मैं तुम्हें मारूँगा ? यह सुनकर, अपनी भुजाएँ ठोककर, मनहरी—सुन्दरीके पुत्र, विद्वज्जनों द्वारा शब्दोंसे संस्तुत मधुने विनाश करनेवाला चक्र छोड़ा। वह एक क्षणमें पहुँचा। आकाशमें चला चमकता हुआ। शान्त सूर्यकी तरह अभिनव केशवके हाथमें स्थित हो गया। उसे धारण कर, साहस कर, भारी मत्सरके साथ विस्फुरित होकर, हुंकार कर, मेघके समान शब्दवाले माधव

---

९. १. दामोयरेण । २. P °पहापुरायणा । ३. A जले जलिउ ।

रे पाव करि सेव ।
दुहहरहु हलहरहु ।
पइं कालु दाढालु ।
सेवंतु घोरंतु ।
रुसेविउ उट्ठविउ ।
कंदुइवि छलु मुइवि ।
ओसरहि मा मरहि ।
चणघणइ काणणइ ।
पइसरिवि जिणु सरिवि ।
तव धरहि तव करहि ।
ता चवइ चक्कवइ ।
सुरउद्द दालिद्द ।
डिंभस्स छुहियस्स ।
को कंदुं आणंदु ।
मणि जणइ दिहि कुणइ ।
सयडंगु तुहुं तुंगु ।
महुं चंडु भुयदंडु ।
सकयत्थ दिव्वत्थ ।
मरु हणमि सिरु लुणमि ।

घत्ता—ता चक्कें महुमहमुक्कें महुवच्छत्थलु छिण्णउं ।
करतंबें णं रविबिंबें कालउ अब्भु विहिण्णउं ॥९॥

१०

दुवई—पत्तउ महु मरिवि समरंगणि तमतमणामवसुमई ॥
जायउ अद्धचक्कि लच्छीहरु भुवणि सयंभु महिवई ॥

स्वयम्भूने उसे तिनका समझा, और दुश्मनसे कहा—रे पापी, दुःखका हरण करनेवाले बलभद्रकी सेवा कर। दाढ़ोंवाले घोर कालकी सेवा करते हुए तुमपर वह क्रुद्ध हो उठे हैं, अतः छल छोड़कर और सन्तुष्ट होकर हट जाओ—मरो मत। सघन वनमें प्रवेश कर जिनकी शरणमें व्रत धारण करो और तप करो। तब चक्रवर्ती कहता है—हे भयंकर कंगाल! क्या चन्द्रमा भूखे बालकको मनमें आनन्द देता है? धीरज उत्पन्न करता है? तुम्हारा ऊँचा चक्र है, मेरा प्रचण्ड भुजदण्ड है, कृतार्थ और दिव्यार्थवाला। मगर, मैं मारता हूँ, सिर काटता हूँ।

घत्ता—नारायणके द्वारा मुक्त चक्रने मधुका वक्षःस्थल इस प्रकार छिन्न-भिन्न कर दिया मानो आरक्त किरणोंवाले सूर्यबिम्बने काले बादलको छिन्न-भिन्न कर दिया हो ॥९॥

१०

समरांगणमें मृत्युको प्राप्त कर तमतमप्रभा नामकी नरकभूमिमें पहुँचा। तथा राजा स्वयम्भू

४. AP तूसविउ। ५. A कंडएवि। ६. AP जव। ७. P कुंडु। ८. A चंड। ९. A दंड।
१०. १. P °णामि। २. P लच्छीहव।

जलकीलइ वणकीलइ रमंतु अंगाइं कुसुमसयणइ विवंतु ।
भंडारवत्थुसारइं णियंतु मायंगतुरंगसमारुहंतु ।
घवघवघवंतु[3] चलणेउराइं माणंतु चारुअंतेउराइं[4] । ५
आसत्तु कामि णं भमरु गंधि सुउ हुउ अंतिमणरयंतरंधि ।
णिवसेप्पिणु पुहईजणणिगब्भि हा हा सइंभु पडिओ सि सुब्भि ।
सम्मत्तवंति मिच्छत्तविरइ मइं भायरम्मि जिणधम्मणिरइ ।
बुद्धो सि ण कम्महु अत्थि मल्लु किं बद्धउ आसि णियाणसल्लु ।
इय एव धम्मु विरएवि सोउ णंदणहु समप्पिवि सिरिविहोउ । १०
आवच्छिवि परियणु सयणु लोउ दुज्जोउ व मेल्लिवि दिव्वभोउ ।
पणवेवि विमलवाहणु जिणिंदु बहुरायहिं सहुं हूयउ मुणिंदु ।
पावेप्पिणु करणविहीणणाणु भव्वयणि णिवंजिवि[9] धम्मदाणु ।

घत्ता—भरहेसरु पढमणरेसरु जिह तिह धम्मु वि दढभुउ ॥
गउ मोक्खहु सासयसोक्खहु पुप्फदंतगणसंथुउ ॥१०॥ १५

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए
महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे [10]कहमहुकइंतरं
णाम छप्पण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५६॥

विश्वमें लक्ष्मीको धारण करनेवाला अर्धचक्रवर्ती हो गया। जलक्रीड़ा और वनक्रीड़ामें रमण करते हुए, कुसुमोंके शयनतलोंपर अंगोंका निक्षेप करते हुए, भाण्डारकी श्रेष्ठ वस्तुएँ देखते हुए, हाथियों और घोड़ोंपर चढ़ते हुए, चंचल नूपुरोंको छम-छम बजाते हुए, सुन्दर अन्तःपुरोंको मानते हुए वह काममें उसी प्रकार आसक्त हो गया मानो गन्धमें भ्रमर हो। मरकर वह अन्तिम नरकमें उत्पन्न हुआ। माता पृथ्वीके गर्भमें रहकर हाहा, स्वयम्भू स्वभ्र नरकमें गया। मेरे भाई, सम्यक्दृष्टि, मिथ्यात्वसे विरत और जिनधर्ममें निरत होते हुए भी मैंने जान लिया कि कर्मसे शक्तिशाली कोई नहीं है। उसने निदान शल्य क्यों बाँधा था? इस प्रकार धर्म बलभद्र शोक कर तथा अपने पुत्र को श्रीविभोग समर्पित कर, स्वजन और परिजनोंसे पूछकर, खोटे ग्रहोंकी तरह दिव्यभोगको छोड़कर, विमलवाहन जिनेन्द्रको प्रणाम कर अनेक राजाओंके साथ वह मुनि हो गया। और इन्द्रियोंसे विहीन ज्ञान पाकर, भव्यजनोंमें धर्मदानका प्रयोग कर—

घत्ता—जिस प्रकार प्रथम नरेश्वर भरतेश्वर उसी प्रकार दृढ़भुज धर्म बलभद्र भी नक्षत्र-गण द्वारा संस्तुत शाश्वत सुखवाले मोक्षके लिए गया ॥१०॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा
रचित एवं महामन्त्री भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें धर्म-स्वयम्भू-मधु
कथान्तर नामका छप्पनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५६॥

---

३. A °घवंतचल° । ४. AP °णेउराइं । ५. AP माणंतु °सुहयवंते । ६. AP सयलु । ७. A भव्वयण । ८. AP णिवुंजिवि । ९. A पुप्फयंत° । १०. A महुमहकइंतरं ।

संधि ५७

पुणु भासइ गोत्तमु सेणियहु दुद्धरदुक्खकिलेसमह ॥
सिरिविमलणाहजिणगणहरहं मंदरमेरुहुं तणिय कह ॥ध्रुवकं॥

१

जंबूदीवइ अवरविदेहइ
मंदचूयचंपयचिंचिणिचारइ
देसु गंधमालिणि जाणिज्जइ
भमरहिं वियलंतउं महु पिज्जइ
जहिं माहिसु सरसलिलब्भंतरि
ण्हाइ पउरपंकयरयपिंजरि ।
अहिणवपल्लवबेल्लीभवणइ
गोव सुवंति पुप्फपत्थरणइ ।
गंधसालिपरिमलु दिस वासइ
पूसउं कं धुणंतु जहिं वासइ ।
णिइवि छेत्तवालिणिइ मुहुज्जउं
जहिं पंथिय चवंति सरसुल्लउं ।
दहिउल्लउ जहिं कूरकरंबउ
पवहि पवहि जिम्मइ अंबंबउ ।

माणवमिहुणेयबद्धियणेहइ ।
सीओयाणइउत्तरतीरइ ।
गाइहिं कंगुकणिसु जहिं चिज्जइ ।
पक्खिहि कलरवु जहिं विरइज्जइ ।
ण्हाइ पउरपंकयरयपिंजरि ।
गोव सुवंति पुप्फपत्थरणइ ।
पूसउं कं धुणंतु जहिं वासइ ।
जहिं पंथिय चवंति सरसुल्लउं ।
पवहि पवहि जिम्मइ अंबंबउ ।

घत्ता—तहिं देसि रवण्णु सुवण्णमउ णहविलग्गमंदिरसिहरु ॥
परिहापायारहिं परियरिउ वीयसोउ णामें णयरु ॥१॥

सन्धि ५७

पुनः श्री गौतम, श्रेणिकसे श्री विमलनाथ जिनके गणधरों—मन्दर और मेरुकी दुर्धर दुखों-को नष्ट करनेवाली कथा कहते हैं।

१

जम्बूद्वीपमें जहाँ मानव जोड़ोंका स्नेह बढ़ रहा है, जहाँ मन्द आम्र चव चिंचिणी और चारके वृक्ष हैं, ऐसे अपरविदेहमें सीता नदीके उत्तर तटपर गन्धमालिनी देश जाना जाता है। जहाँ गायोंके द्वारा कंगु और कणिश (अनाज) खाया जाता है। भ्रमरोंके द्वारा झरता हुआ मद पिया जाता है, और पक्षियोंके द्वारा कलरव किया जाता है। जहाँ महिषगण प्रचुर पंकजरजसे पिंजरित सरोवरोंके जलमें नहाता है। अभिनव पल्लव और लताओंके भवनोंमें ग्वाले पुष्पशय्याओं-पर सोते हैं। गन्धसे श्रेष्ठ पराग जहाँ दसों दिशाओंको सुवासित करता है। जहाँ सुआ 'कं' शब्द कहता हुआ निवास करता है। जहाँ क्षेत्रकी रक्षा करनेवाली कृषक बालिकाओंके मुख देखकर पथिक मधुर और सरस गीत गान करते हैं। जहाँ मातसे मिला हुआ अत्यन्त खट्टा दही प्रत्येक प्याऊ पर खाया जाता है।

घत्ता—उस देशमें सुन्दर स्वर्णमय मन्दिर शिखरोंसे आकाशको छूनेवाला तथा परिखाओं और प्राकारोंसे घिरा हुआ वीतशोक नामका नगर है ॥१॥

---

१. १. AP चूयचवि° । २. A गंधुमालिणि । ३. A पूसउ कण चुणंतु; P पूसउ कणु चुणंतु ।

२

रायमहारिसि मुक्कवियारउ सो सुयणायाणायवियारउ ।
जाइ जणिउ सा धण्णी णिव सइ णरवइ वइजयंतु तहिं णिवसइ ।
गेहिणि भव्व सव्वसिरि णामें सुय उप्पण्णा सुहपरिणामें ।
संजयंतु अण्णेक्कु जयंतउ अणिहणजसधवलियतिजयंतउ ।
सारसमिहुणसरालवणंतरि णासियसोय असोयवणंतरि । ५
एक्कहिं दिणि दक्खवियरहंतहु पयजुयलउं वंदिवि अरहंतहु ।
धम्मु अहिंसावंतु सुणेप्पिणु अहिउल्लउं मुणिमग्गि धरेप्पिणु ।
पइजयंतधामहु रूवेप्पिणु संजयंतणयहु महि देप्पिणु ।
ते तिविहें णिव्वेएं लइय छिंदिवि मोहलोहदुल्लंघिय ।
आमेल्लिवणियसुललियजाया पिउ पुत्तय तिण्णि मि रिसि जाया १०
इय तवविहिहिं णिंति किर के बलु वप्पेहु उप्पण्णउ जहिं केवलु ।

घत्ता—तहिं आयहु देवहु फणिवइहि रूवु णिहालिवि हियवइरु ॥
णिज्झायइ लुद्धु जयंतु मुणि जइ फलु देसइ सुतवतरु ॥२॥

३

तो मज्झु वि एहउं लाएण्णउं होज्जउ भवि सोहग्गाइण्णउं ।
एव णियाणणिबंधेणबंधउ जणु तिहिं सल्लहिं सयलु वि खद्धउ ।
मुउ जयंतु संपत्तइ कालइ जायउ विसहरिंदु पायालइ ।

२

उसमें विकारोंसे मुक्त, राजाओंमें प्रधान, शास्त्र तथा न्याय-अन्यायका विचार करनेवाला राजा वैजयन्त निवास करता है। जिस सतीने उसे जन्म दिया, वह धन्य है। उसकी भव्य सर्वश्री नामकी गृहिणी थी। शुभ परिणामसे उसके दो पुत्र उत्पन्न हुए, संजयन्त और जयन्त, जो अपने अनाहत यशसे तीनों लोकोंको धवलित करनेवाले थे। एक दिन जिसमें सारस दम्पतिका शब्दरूपी जल है, ऐसे अशोक वनमें, अन्तरायका अन्त दिखानेवाले अरहन्तके, शोकको नष्ट करनेवाले पदयुगलकी वन्दना कर, अहिंसामय धर्म सुनकर अपने हृदयको मुनिमार्गमें लगाकर, संजयन्तके पुत्र वैजयन्तको बुलाकर उसे धरती देकर वे तीनों (पिता वैजयन्त, संजयन्त और जयन्त) वैराग्यको प्राप्त हुए। मोह-लोभरूपी दुर्लंताको काटनेके लिए अपनी सुन्दर पत्नियाँ छोड़कर पिता और दोनों पुत्र, तीनों ही मुनि हो गये। कितने लोग ऐसे हैं कि जो तपके द्वारा बलको प्राप्त होते हैं। वहाँ पिताको केवलज्ञान प्राप्त हो गया।

घत्ता—वहाँ आये हुए देव, नागराजका सुन्दर रूप देखकर लोभी जयन्त मुनि अपने मनमें विचार करता है कि (उसका) सुतपरूपी वृक्ष यदि फल देता है— ॥२॥

३

तो वह आगामी जन्ममें मेरा सौभाग्यसे व्याप्त ऐसा लावण्य हो। इस प्रकार निदानके बन्धनसे बँधा हुआ मनुष्य तीनों शल्योंसे विनाशको प्राप्त होता है। समय पूरा होनेपर जयन्त

२. १. AP °तिजयंतउ। २. A जिणमग्गि। ३. T सुणेप्पिणु सुष्ठु नीत्वा। ४. AP दुल्लंघिय।
५. A वप्पहं।
३. १. AP °वद्धउ।

जेण वएण मोक्खु पाविज्जइ तें संसारु केंव मग्गिज्जइ ।
मोहें मोहिउ लोउ ण याणइ काणणि कायाणंतिय वीणइ ।
सवरुल्लउ किं मोत्तिउं बुज्झइ मिच्छाइट्ठिहि दिट्ठि ण सुज्झइ ।
आहिंडंतसरहपंथाणणि तावेच्छहिं दिणि भीसणकाणणि ।
णिज्जियराएं वज्जियकाएं संजयंतु थिउ पडिमाजोएं ।

घत्ता—मुणिमारउ धीरउ दुद्दरिसु दूसहु गुणसंणिहियसरु ॥
णियभामइ सामइ रामियउ णं रइरामइ कुसुमसरु ॥३॥

४

णहयलि विज्जुदाढु विज्जाहरु विहरइ असिवरु वसुणंदयकरु ।
सुरहरु रिसिहि उवरि ण पयट्टइ दुज्जणमणु व णं जाव विसट्टइ ।
ताव तेण अवलोइउं महियलु दिट्ठु मुणिवरु मेरु व णिच्चलु ।
सुमरिवि पुव्ववइरु मुइ ढोइउ विज्जासामत्थेणुव्वाइउ ।
आणिउ तुंगसाहिसंघायइ भारहवरिसपुव्वदिसिभायइ ।
हरिवइ करिवइ चामीयरवइ कुसुमवइ वि चंडवेयाणइ ।
एयहिं मिलियउ जहिं तहिं पेल्लिउ पंचमहासरिसंगमि घल्लिउ ।
देसु असेसु तेण संचालिउ अच्छइ एत्थु एक्कु मलमइलिउ ।
णग्गउ णिग्घिणु वसणोवायउ तुम्हइं रक्खसु भक्खहुं आयउ ।

मरकर पाताल लोकमें विषधरराज होता है। जिस व्रतसे मोक्ष पाया जा सकता है, उससे संसार क्यों माँगा जाता है ? इस बातको मोहसे मोहित जन नहीं जानता। जंगलमें भील गुंजाकी प्रार्थना करता है, क्या वह मोतीको समझता है ? मिथ्यादृष्टिके लिए दृष्टि नहीं दिखाई देती। जिसमें सरभ और सिंह भ्रमण करते हैं, ऐसे भयंकर जंगलमें एक दिन, जिसमें रागको जीत लिया गया है और शरीरका त्याग कर दिया गया है ऐसे प्रतिमायोगमें संजयन्त मुनि स्थित थे।

घत्ता—मुनिको मारनेवाला धीर, दुर्दर्शनीय, असह्य डोरीपर तीर चढ़ाये हुए, अपनी पत्नी श्यामासे इस प्रकार रमण करता हुआ मानो काम रतिके साथ रमण कर रहा हो ॥३॥

४

जिसके हाथमें वसुनन्दक नामकी श्रेष्ठ तलवार है, ऐसा विद्युद्दंष्ट्र विद्याधर आकाशतलमें विहार कर रहा था। उसका देव-विमान मुनिके ऊपर नहीं आ सका। दुर्जनके मनकी तरह जबतक उनका विमान विघटित नहीं हुआ, तबतक उसने धरतीतलको देखा, उसने मेरुके समान, मुनिवरको अचल देखा। अपने पूर्व वैरको याद कर उसने विद्याको सामर्थ्यसे उसे उठा लिया तथा बाहुओंपर धारण कर लिया और उसे जो ऊँचे-ऊँचे वृक्षोंसे आच्छादित है, भारतवर्षके ऐसे पूर्वदिशा भागमें जहाँ हरिवती, करीवती, चामीकरवती, कुसुमवती और चण्डवेगा नदियाँ मिलती हैं, वहाँ फेंक दिया और इस प्रकार पाँच महानदियोंके संगमपर डाल दिया तथा अशेष देशमें यह बात फैला दी कि यहाँ एक मलसे मैला निर्दय दुःखजनक नंगा राक्षस तुम लोगोंको खानेके लिए

---

२. A कायाणंणिय । ३. A मिच्छाहिट्ठिहि । ४. P आहिंडंति सरहं° ।

४. १. A विज्जदाढु । २. AP जाव ण । ३. A °वरिसि पुव्व । ४. A कुसुमवंडई व पाणइ; P कुसुमवइ वि चंडविवाणइ । ५. A जहिं एयव मिलियउ तहिं पेल्लिउ । ६. AP एक्कु एत्थु ।

दुम्मुह दुट्ठबुद्धि विवरेरउ हणह कुणँह जइ मंतु महारउ । १०
ता मणुयहिं मुणिंदु कयरोसहिं ताडिउ उवलहिं दंडसहासहिं ।
घत्ता—थिरु[8] सत्तु मित्तु समभावि थिउ सुक्कझाणसंरुद्धमणु ॥
सो खवउ [10]खवयसेढिहि चडिउ तिणु वि ण मण्णइ णियतणु ॥४॥

५

साहु भीमु उवसग्गु सहेप्पिणु तिकलेवरणिबंधु मेल्लेप्पिणु ।
गउ तहिं जेहिं गउ पुणरवि णावइ मुणिवरलील तिजगि को पावइ ।
मारिज्जंतु वि सइणिज्जरहिं [3]से कया वि लिम्पंति ण कोहें ।
ताहं मि जणु पहरणु किं धारइ जसु अप्पणु अप्पाणउं मारइ ।
सहुं देवहिं भवभावणिसुंभइ तहिं णिव्वाणपुव्वजपारंभइ । ५
आयउ सो जयंतु धरणिंगणउ पेच्छवि चिरबंधुहि पडियंगउ ।
फुक्कारुड्डावियणहयंदें आलसेप्पिणु खणि धरणिंदें ।
माणवणिवहु णिबद्धउ णायहिं विणिहउ णीससंतु कसघायहिं ।
अवरहिं वुत्तु फणिंद वियारहि अम्हइं काइं भडारा मारहि ।
चक्खयखग्गें मच्छरगाढें एवं सव्वु विलसिउं तडिदाढें । १०
परियणसयणहिं सहुं थरहरियउ ता णासंतु सत्तु सो धरियउ ।

आया है। यदि तुम हमारी बात मानते हो तो दुर्मुख, दुष्टबुद्धि, विपरीत इसे मार डालो। तब क्रोध करते हुए मनुष्योंने उन मुनीन्द्रको पत्थरों और हजारों दण्डोंसे ताड़ित किया।

घत्ता—वह मुनि शत्रु-मित्रमें समभाव रखकर स्थित हो गये। शुक्लध्यानमें उन्होंने अपना मन संरुद्ध कर लिया। उस क्षपणक (मुनि)ने क्षपणक श्रेणीपर चढ़कर अपने शरीरको तिनकेके भी बराबर नहीं समझा ॥४॥

५

वह महासाधु उपसर्गको सहनकर, तीन शरीरके निबन्धनको छोड़कर वहाँ चले गये, जहाँसे जीव फिर लौटकर नहीं आता। तीनों लोकोंमें मुनिवरकी लीलाको कौन पा सकता है? शत्रुसमूहके द्वारा मारे जाते हुए भी जो कभी भी क्रोधके द्वारा अभिभूत नहीं होते ऐसे मुनियोंके ऊपर जन हथियार क्यों उठाता है? वह मूर्ख अपनेसे अपनेको मारता है। वहाँ देवोंके साथ संसारके भावका नाश करनेवाली निर्वाणपूजा प्रारम्भ की गयी। वह जयन्त धरणेन्द्र भी वहाँ आया। अपने चिरबन्धुके शरीरको पड़ा हुआ देखकर, फूत्कारसे जिसने आकाशके चन्द्रमाको उड़ा दिया है, ऐसे धरणेन्द्रने एक क्षणमें क्रुद्ध होकर नागोंसे मानव समूहको बाँध लिया और श्वास लेते हुए उन्हें कशाघातोंसे मार डाला। दूसरोंने कहा—'हे धरणेन्द्र, विचार करिये। हे आदरणीय, आप हमें क्यों मारते हैं? जिसने तलवार उठा रखी है तथा जिसमें प्रगाढ़ मत्सर है, ऐसे विद्युद्दंष्ट्रने यह सब चेष्टा की है।" तब परिजनों और स्वजनोंके साथ थर-थर काँपते और भागते हुए शत्रुको उसने पकड़ लिया।

---

७. P कुणाह। ८. A दुट्ठसहासहिं। ९. AP थिउ। १०. AP खवगसेढिहि।
५. १. A मलेप्पिणु। २. AP जहिं सो गउ पुणु णावइ। ३. A मोहें। ४. AP अप्पाणउं अप्पुणु। ५. AP उरजंगमु। ६. A वणि हउ।

घत्ता—किर बंधिवि धिवइ समुद्दजलि ता फणिवइ दुम्मियहियउ ॥
आइच्चँपहाहें सुरवरिण करुणं करेप्पिणु पत्थियउ ॥५॥

६

णायराय पहएं किं आएं लज्जिज्जइ णिहएण वराएं ।
मुइ मुइ किं किर कलुससहावें पावयम्मु सइं खज्जउ पावें ।
एत्थु ण को वि बंधु णउ वइरिउ पिसुणु ण होइ एहु उवयारिउ ।
जेण सुसीलवंतु संतावित्र मोक्खु तुहारउ भायरु पाविउ ।
किर मुणि तवदुक्खिल तणु तावइ अण्णें किउ तं तहु णिरु भावइ ।
इहु हिंसइ इहु धम्मि पयट्टइ चउँजम्मंतरु दोहं वि वट्टइ ।
तं णिसुणेवि रोसु मेल्लेप्पिणु चवइ अहीसरु सिरु विहुणेप्पिणु ।
दारणमारणविहिविच्छिण्णउं भणु किह विहिं मि वइरु संपण्णउं ।

घत्ता—त णिसुणेवि दरदरिसियदसणदिसिइ जगु धवलउं करइ ॥
कहइ देवदिवायराहु फणिहि बहुरसभावहिं वज्जरइ ॥६॥

७

भारहगोत्तखेत्तरक्खणवइ सीहसेणु सीहउरि महीवइ ।
सयलकलाविण्णाणवियक्खण रामयत्त तहु देवि सलक्खण ।

घत्ता—हाथ बाँधकर धरणेन्द्र पीड़ित हृदय उस विद्याधरको जबतक समुद्रजलमें फेंके, तबतक आदित्यप्रभ नामक सुरवरने करुणा करके उससे प्रार्थना की ॥५॥

६

"हे नागराज, इसको मारनेसे क्या ? इस बेचारेको मारनेसे आपको लज्जा आनी चाहिए। इसे छोड़ो, कलुषित परिणामसे क्या ? वह पापकर्मा स्वयं अपने पापसे खाया जायेगा। इस संसारमें न तो कोई भाई है और न कोई शत्रु। फिर यह दुष्ट नहीं है। यह उपकारी है कि जिसने सुशीलवन्तको सताया और उससे तुम्हारा भाई मोक्ष पा गया? मुनि तपके दुःखसे अपने शरीरको स्वयं तपाते हैं, यदि कोई दूसरा दुःख पहुँचाता है तो वह उन्हें अच्छा लगता है। यह हिंसा करता है और यह (मुनि) धर्ममें प्रवर्तन करता है। लेकिन देहत्याग द्वारा जन्मान्तर दोनोंका होना है।" यह सुनकर और क्रोध छोड़कर नागराज सिर हिलाकर कहता है—छेदन, मारण और भाग्यसे विछोह करानेवाला यह वैर दोनोंमें किस प्रकार हुआ।

घत्ता—यह सुनकर अपने दाँतोंकी दीप्तिसे वह जगको धवल करते हैं और आदित्यप्रभ देवकी कथा अनेक रसभावसे नागराजको बताते हैं ॥६॥

७

सिंहपुरमें भरतके गोत्र और क्षेत्रका रक्षणपति राजा सिंहसेन था। उसकी समस्त कलाओं

---

७. AP आइच्चपहाहे। ८. A करुणु; P करणु।

६. १. P चउजम्में तह देहविवट्टइ। २. A उप्पण्णउं। ३. AP दरदरिसिय°। ४. A देवदिवायरु तहो; P देउ दिवायराहु।

७. १. AP भारहखेत्ति खेत्त°। २. A रामदत्त।

पढमु मंति सिरिभूइ विणीयउ सच्चघोसु अवरु वि तहिं बीयउ ।
विहसियंसरलसरोरुहणेत्तउ पउमसंडपुरि सेट्ठि सुदत्तउ ।
तहु गेहिणिहि सुमित्तहि हूयउ भद्दमित्तु सिसु णिरुवमरूवउ । ५
हिंडंतें जाएण जुवाणें देसंतरु लंघिवि पहरीणें ।
तेण किरणसंताणसिणिद्धेइं रयणदीवि वररयणइं लद्धइं ।
देसिएण सीहउरि वसंतें सुद्धसहावें बहुगुणवंतें ।
तक्करभीएं रुइविच्छिण्णइं सच्चघोसमंतिहि करि दिण्णइं ।

घत्ता—गउ अप्पणु पुणरवि णियघरहु लेवि सहायसमागयउ ।। १०
जा मग्गइ रयणइं णिहियाइं ताव लुद्धु लोहें हयउ ।।७।।

८

देइ ण मंति तासु पियरयणइं णाइं विरत्तउ विडयणु णयणइं ।
वाणिवरु घरि घरि फुडु पुक्कारइ खलु लच्छीमएण अवहेरइ ।
पुच्छिउ रॉएं कालउ तंबउ हित्तउ काइं वत्थुणिउरुंबउ ।
दीणु रुयंतउ णिच्चु जि दीसइ पई दूसइ अण्णाउ पघोसइ ।
घोसहि सच्चघोस किं जुत्तउं तो विहसेप्पिणु विप्पें वुत्तउं । ५
हउं वि तुहुं वि जइ चोरु णिरुत्तउ जणणि गिलइ जइ डिभउ सुत्तउ ।

और विज्ञानोंमें विलक्षण और अच्छे लक्षणोंवाली रामदत्ता नामकी देवी थी। उसका प्रथम मन्त्री विनीत श्रीभूति था और दूसरा सत्यघोष था। सरल कमलसमूहका उपहास करनेवाले नेत्रोंवाला सुदत्त पद्मखण्ड पुरीका सेठ था। उसकी गृहिणी सुमित्रासे अनुपम रूपवाला भद्रमित्र नामक बालक हुआ। युवक होनेपर घूमते हुए देशान्तरको लाँघकर पथसे थके हुए उसने रत्नद्वीपमें किरण-परम्परासे स्निग्ध उत्तम रत्न प्राप्त किये। सिंहपुरमें निवास करते हुए दूसरे देशसे आये हुए गुणवान् और शुद्ध स्वभाववाले उसने चोरोंके भयसे कान्तिसे चमकते हुए वे रत्न सत्यघोष मन्त्रीके हाथमें दे दिये।

घत्ता—वह स्वयं चला गया और अपने घरसे सहायक लेकर आ गया। और जबतक वह रखे हुए रत्नोंकी याचना करता है तबतक वह लोभी सत्यघोष लोभसे आहत हो गया ।।७।।

८

मन्त्री उसके प्रिय रत्नोंको नहीं देता, जैसे विरक्त विटजन अपने नेत्र नहीं देता। वह वणिक्वर घर-घर जाकर जोर-जोरसे पुकारता, लेकिन लक्ष्मीके मदसे वह उसकी उपेक्षा कर देता। एक दिन राजाने पूछा कि इसके काले-नीले रत्नोंका समूह क्यों हर लिया गया है? यह दीन नित्य रोता हुआ दिखाई देता है। यह तुम्हें दोष लगाता है और अन्यायकी घोषणा करता है। बताओ सत्यघोष कि ठीक बात क्या है? कि यह सुनकर ब्राह्मण मन्त्रीने हँसते हुए कहा—यदि मैं और तुम दोनों निश्चित रूपसे चोर हैं और यदि माँ अपने सोते हुए बच्चेको स्वयं खा लेती है तो

३. A सो च्चिय सच्चघोस पुणु भणियउ; P सोत्तिय सच्चघोसु तहिं भणियउ। ४. AP विहसिय°; K विहसिय° but corrects it to विहसिय। ५. AP सणिद्धइं।

८. १. A वणि वरु पुंडरीउ पुक्कारइ। २. AP राएं वणिउ चवंतउ। ३. P तो।

तो किं जियइ को वि भुवणंतरि एहु लयउ चोरेहिं वणंतरि ।
हिंडइ दव्वपिसाएं मुत्तउ जंपइ जं जि तं जि अवचित्तउ ।
यहु चोरु चिंतंतें[1] गहियउं ता राएण वि[2]तं सहहियउं
घत्ता—वणि डिंभसहासहिं[3] परियरिउ भमइ णयरि परिमुक्कसरु ॥
आरडइ करुणु सूरुग्गमणि णिवघरणियडइ[4] चडिवि तरु ॥८॥

९

मइं दिट्ठिवंतइ सीलविसुद्धइ ता महएविइ वुत्तु विरुद्धइ ।
परवंचणगुणतरुगयचित्तहिं महिवइमइ भामिज्जइ धुत्तहिं ।
णिरणुट्ठाणु दीणु दालिद्दिउ अप्पणु जइ वि होइ सोहद्दिउ ।
तहु जंपिउ ण को वि आयण्णइ राउ वि णिद्धणवयणु ण मण्णइ ।
णिवं[5] तुह मंदिरि चोरहं वड्ढणु
एम चवेप्पिणु सुंदरु विहियउं पासाहलउ पासि संणिहियउ ।
पयहिं पडंतु संतु हक्कारिउ आउ महंतु तहिं जि वइसारिउ ।
दोहिं मि अक्खजूउ पारद्धउं देविइ भल्लउं उत्तरु लद्धउं ।
मज्झु जाइ णीसेसहु देसहु तुज्झु वि[6] सुत्तहु दियवरवेसहु ।
चामीयरसोहासोहिल्लहिं अवरु वि मुद्दइ[7] मणितेइल्लहिं ।
विण्णि वि एयइं भूसियगत्तइं रायाणियइ छइल्लइ जित्तइं ।
महियंगुलियइ वज्जुज्जलियइ[8] सवत्तीयइ सहुं अंगुत्थलियइ ।

क्या कोई इस संसारमें जीवित रह सकता है ? यह वनके भीतर चोरोंके द्वारा लूट लिया गया है और द्रव्यपिशाचसे सताया हुआ यहाँ घूमता है। वह जो कुछ भी कहता है वह उद्भ्रान्त चित्तका कथन है। विचार करते हुए राजाने इसे सुन्दर समझ लिया और उसका विश्वास कर लिया।

घत्ता—हजारों बालकोंसे घिरा हुआ उन्मुक्त स्वरवाला वह वणिक् नगरमें घूमता फिरता। सूर्योदय होनेपर राजाके घरके निकट पेड़पर चढ़कर वह करुण स्वरमें चिल्लाता ॥८॥

९

तब भाग्यशालिनी शीलसे विशुद्ध महीदेवीने कुपित होकर मुझसे कहा, "दूसरोंको ठगनेके गुणमें दत्त-चित्त धूर्तोंके द्वारा राजाकी बुद्धि घुमा दी जाती है। जो निरुद्यम, दीन और दरिद्र है चाहे वह खुद कितना ही स्नेहयुक्त हो उसके कहेको कोई नहीं सुनता। राजा भी निर्धनके वचनको नहीं मानता। हे राजन्, तुम्हारे घरमें चोरोंकी उन्नति है।" यह सुनकर उसने एक सुन्दर बात की। वह द्यूतफलकके पास बैठ गयी। पैरोंपर पड़ते हुए उसने मन्त्रीको पुकारा और आये हुए मन्त्रीको उसने वहीं बैठा लिया। दोनोंने अक्षद्यूत प्रारम्भ किया। देवीने भी भला उत्तर पा लिया कि मेरे समस्त देश और तुम्हारे द्विजवर वेशके जनेऊ और स्वर्णशोभासे शोभित मणितेजसे युक्त अंगूठीका खेल (जुआ) होगा। शरीरको भूषित करनेवाली ये दोनों चीजें चतुर रानीने जीत लीं—बिजलीकी तरह चमकती हुई बहुमूल्य अँगूठीके साथ जनेऊ।

---

४. A omits वि। ५. A चोरु। ६. AP चित्तंतें। ७. A °सहासि। ८. AP णिवघरि णियडउं।
९. १. P तहिं। २. A adds this line in second hand; P omits it। ३. AP जि। ४. AP मुद्दहिं। ५. AP विज्जुज्जलियइ; but gloss in T होरवीव्या।

घत्ता—तं णिउणमईहिं समप्पियउं धाइहि हियवउं हरिसियउं ॥
अहिणाणु महामंतिहिं तणउ भंडायारिहिं दरिसियउं ॥९॥

१०

पप्फुल्लियमुवत्तसयवत्तइ चिंधु पदंसिवि वुत्तउं धुत्तइ ।
अच्छइ गुरु राउलि अवलोयहि भद्दमित्तमाणिक्कइं ढोयहि ।
तो कोसाहिवेण सामुग्गउ अप्पिउ धाइहि वत्थुसमुग्गउ ।
गय सा तं लेप्पिणु खणि जेत्तहि अच्छइ सणिवंणिवाणी जेत्तहि ।
जूयपवंचु पहुहि वज्जरियउ वसुविसेसु कुडिलें अवहरियउ । ५
ता राएं पायावलिजडियइं अण्णइं रयणइं तहिं तोत्तडियइं ।
पडिहारें आहूयउ वणिवरु लइ णियमाणिक्कइं पसरहि करु ।
भणिउं णरिंदें वणिउ णिरिक्खइ णियधणु किं ण को वि ओलक्खइ ।
लइयउ तेत्थु तेण णियमणिगणु जिह मणिगणु तिह णरणाहहु मणु ।
दिण्णउं पुरमहल्लसेट्ठित्तणु पावइ को ण सुइत्तें कित्तणु । १०
मंतिणिरिक्कु दुक्खु अवमाणहु कंसथालि खावाविउ छाणहु ।
सीसि तीस खरटक्करघायहिं ताडिउ मल्लहिं कुंचियकायहिं ।
घत्ता—फसपहरपरंपरसुढियतणु वेरवेयणवड्ढियजरउ ॥
मुउ रायहु उप्परि कुवियमणु हुउ वसुधासइ विसेइरउ ॥१०॥

घत्ता—वे चीजें उसने अपनी निपुणमति धायको सौंप दी। वह मनमें हर्षित हुई। महामन्त्रीको इन पहचानोंको मैं भण्डारीको दिखाऊँगी ॥९॥

१०

खिले हुए मुखकमलवाली उस धूर्तानी पहचान बताकर कहा कि "गुरु राजकुलमें हैं, (यह) देखो और भद्रमित्रके माणिक्य दे दो।" तब कोषके अध्यक्षने रत्नोंसे परिपूर्ण पिटारा उसे दे दिया। वह उसे लेकर एक क्षणमें वहाँ गयी जहाँ उसके राजाकी रानी थी। उसने जुएका प्रपंच राजाको बताया और कुटिलतासे अपहृत किया गया धन भी। तब राजाने किरणावलिसे विजड़ित और दूसरे रत्न उसमें मिला दिये। प्रतिहारने वणिक्वर को बुलाया। "लो अपने रत्न ले लो।" राजाने कहा। वणिक् उन्हें देखने लगा। अपने धनको कौन नहीं पहचानता। उसने वहाँ अपने मणिगण ले लिये। जिस प्रकार उसने अपना मणिगण ले लिया, उसी प्रकार उसने राजाका मन भी जीत लिया। उसने उसे नगरके महाश्रेष्ठीका पद दिया। पवित्रतासे संसारमें कौन नहीं कीर्ति पाता? चोर मन्त्री अपमानको प्राप्त हुआ। काँसेकी थालीमें उसे गोबर खिलाया गया। संकुचित शरीर मल्लोंके तीव्र टक्करके आघातोंसे तीस बार सिरपर उसे ताड़ित किया गया।

घत्ता—कोड़ोंके आघातकी परम्परासे शून्यशरीर तथा अत्यधिक वेदनासे जिसे ज्वर बढ़ रहा है ऐसा वह सत्यघोष मन्त्री राजाके प्रति कुपित मन होकर भाण्डागारमें सौंप हुआ ॥१०॥

---

६. A महिवइहियवउं । ७. P भडायारिहे ।

१०. १. P तो । २. A सामग्गउ; P सामग्गउ । ३. P लेप्पिणु तंखणि । ४. P सणिवइराणी । ५. P adds वि after तेण । ६. A पावइ को ण सइत्तें; P पावइ किं ण सुइत्तें । ७. A सीस तीस खरटक्कर°; P सीसि तीस खरटक्कर° । ८. A वणवेयण°; P वणवेयण° । ९. A विसहरु ।

११

भीमु अगंधणकुलि संभूयउ णं जमपासउ णं जमदूयउ ।
सिसुससिसरिसविसमदाढाणणु घणणिहिकलसयवलइयणियतणु ।
कज्जलकण्हलतंबिरलोयणु कोइलभसलकसणु मरुभोयणु ।
फुक्करंतु दुम्मुहु अहि अच्छइ दोहरु कालु जाव तहिं गच्छइ ।
५ ता राएण रिद्धिपरिपुण्णउं मंतित्तणु धम्मिल्लहु दिण्णउं ।
असणवणंतरि कंतारायलि धम्मणाममुणिवरपयजुयतलि ।
सुणिवि धम्मु संसारहु संकिउ भद्दमित्तु जिणवरदिक्खंकिउ ।
णियजणणिइ छुहियइ उवलद्धउ गहणि सुमित्तावग्घिइ खद्धउ ।
मरिवि महाबलु पडिबलमद्दणु मयवइसेणहु जायउ णंदणु ।
१० सीहचंदु पहिलारउ भासिउ पुण्णचंदु तहु अणुउ पयासिउ ।
रामयत्त बिहिं पुत्तहिं राहिय णं पुण्णिम रविससिहिं पसाहिय ।
अण्णहिं दिणि कुलकमलदिणेसरु दवियागारु णियंतु णरेसरु ।

घत्ता—जो सच्चघोसु चिरु मंतिवरु बद्धवइरु हुउ सप्पु घरि ॥
तें रूसिवि डक्किउ भीसणिण णउलीयरणु करेवि करि ॥११॥

११

अगंधण कुलमें पैदा हुआ भीम वह मानो यमका पाश या दूत था। उसका मुख शिशु-चन्द्रमाके समान और विषम दाढ़ोंवाला था। धन और निधिकलशोंसे अपने शरीरको लपेटे हुए था। उसके नेत्र कज्जलके समान काले और लाल-लाल थे। वह कोयल-भ्रमरके समान श्याम था। हवा उसका भोजन था। वह दुर्मुख सांप फूत्कार करता हुआ वहाँ रहता है। उसका लम्बा समय वहाँ बीत जाता है। राजाके द्वारा ऋद्धिसे परिपूर्ण मन्त्रिपद धर्मिल ब्राह्मणको दिया गया। असना नामक वनमें विमल कान्तार पर्वतपर धर्म नामक मुनिवरके चरणकमलोंके तलमें धर्म सुनकर भद्रमित्र संसारसे शंकित होकर जिनवरकी दीक्षामें दीक्षित हो गया। वह अपनी भूखी माँ सुमित्रा बाघिन द्वारा पा लिया गया और वह उसे खा गयी। वह मरकर सिंहसेनका शत्रुसेनाका मर्दन करनेवाला महाबली पुत्र हुआ। उसमें सिंहचन्द्र पहला कहा गया और दूसरा पूर्णचन्द्र उसका अनुज प्रकाशित हुआ। माँ रामदत्ता अपने दोनों पुत्रोंसे शोभित थी, मानो पूर्णिमा सूर्य और चन्द्रमासे प्रसाधित थी। किसी दूसरे दिन कुलकमलका सूर्य अपना कोशालय देख रहा था।

घत्ता—जो सत्यघोष प्राचीन मन्त्रीवर वैर बाँधकर घरमें सांप हुआ था, भीषण, उसने रूठकर और हाथमें नकुलीकरण कर उसे काट खाया ॥११॥

---

११. १. P °सरिसविसदाढा° । २. A कज्जलकण्हिरतंबिर°; P कज्जलकज्जलतंबिर° । ३. A °दग्धिणि-खद्धउ । ४. P सीहचंदु । ५. AP पुण्णचंदु । ६. AP ससिरविहिं । ७. AP णियत्तु । ८. P तं रूसिवि । ९. AP डंकिउ ।

१२

मुउ सल्लइवणि जायउ करिवरु असणिघोसु णामें दीहरकरु ।
णयर ससामिमरणि कुज्झंतें मंतसारु सयलु वि बुज्झंतें ।
गारुडदंडपण गारुडिएं फणि आवाहिय मच्छरचंडिएं ।
भणिउ काइं महुं वयणु णियच्छहु दीवुं धरेप्पिणु णिलयहु गच्छहु ।
ता पइसरिवि जलणि अहि णिग्गय अकयदोस जे ते सयल वि गय । ५
पच्चारियउ इयरु मंतीसें राउ महारउ भक्खिवि रोसें ।
एवहिं एम काइं अच्छिज्जइ जिम सिहि खज्जइ जिम विसु छिज्जइ ।
ता चिंतइ कुंभीणसु णियमणि अम्हइं जाया गोत्ति अगंधणि ।
उग्गिल्लिउ विसु केम गिलिज्जइ कुलसामत्थु केम मइलिज्जइ ।

घत्ता—मरणि वि संपण्णइ गरुयगरु कुलछल्लु माणु ण मेल्लियउ ॥ १०
जालावलिजलियइ विसहरिण अप्पउं हुयवहि घल्लियउ ॥१२॥

१३

अट्टज्झाणमरट्टें सो मुउ कालवणंतरि हुयउ चमरीमउ ।
खंति हिरण्णवई वणि वंदिवि दुक्किउ पुणु पुणु णिंदिविं गरहिवि ।
रामयत्त पियदुक्खें भग्गी पंचमहव्वयचरियहि लग्गी ।
सिंहचंदु चिरु रज्जु करेप्पिणु पुरु धरित्ति णियभायहु देप्पिणु ।

१२

वह मरकर सल्लकीवनमें करिवर हुआ, अशनिघोष नामका लम्बी सूँड़वाला । अपने स्वामीके मरनेसे क्रुद्ध होकर और समस्त मन्त्र रहस्य जानते हुए गारुडदण्ड नामक गारुडीने मत्सरसे भरकर सर्पोंका आह्वान किया (बुलाया) और कहा, "मेरा मुख क्या देखते हो, दीप धारण कर घरसे चले जाओ ।" तब आगमें प्रवेश करते हुए सभी साँप चले गये, जिन्होंने दोष नहीं किया था वे सभी गये । तब मन्त्रीशने कहा, "तुमने क्रोधसे हमारे राजाको काट खाया । अब इस समय तुम्हें क्यों यहाँ रहना चाहिए, जिस तरह आग क्षय करती है उसी प्रकार विष भी क्षीण करता है ।" इसपर वह साँप अपने मनमें सोचता है कि हम अगन्धन कुलमें उत्पन्न हुए हैं । उगले हुए विषको हम किस प्रकार खा सकते हैं ? अपने कुल-सामर्थ्यको क्यों, किस प्रकार मलिन करें ?

घत्ता—मृत्युको प्राप्त होनेपर भी उसने महान् कुलगर्व और मान नहीं छोड़ा । साँपने अपने-आपको ज्वालावलीसे जलती हुई आगमें डाल दिया ॥१२॥

१३

आर्तध्यानसे मरकर वह साँप कालवनमें चमरीमृग पैदा हुआ । प्रियके विरहसे भग्न होकर रामदत्ता वनमें हिरण्यवती नामकी आर्यिकाकी वन्दना कर और पापकी बार-बार निन्दा और गर्हा कर पाँच महाव्रतोंकी चर्यामें लग गयी । सिंहचन्द्र भी चिरकाल तक राज्य कर और फिर

---

१२. १. A गारुडियइ । २. A चडियइ । ३. A विज्जु धरेप्पिणु; । P दीउ धरेप्पिणु । ४. P जलिणि । ५. A विज्जइ । ६. AP उग्गिलियउ । ७. AP ते मरणे वि होंतए गरुयगरु कुलुच्छलु ।
१३. १. A °ज्झाणमरणेण य सो मुउ । २. AP गरहिवि णिंदिवि । ३. AP सीहचंदु ।

पुण्णचंदु भयवंतु णवेप्पिणु पवरदियंबरविसि लएप्पिणु ।
जायउ इंदियदप्पवियारणु मणपज्जयणाणिउ णहचारणु ।
रामयत्तदेवीइ मणोहरि दिट्ठउ काणणि ललियलयाहरि ।
वंदिउ वंदणिज्जु णियमायइ पुणु आवच्छिउ सुमंहुरवायइ ।
कुच्छि सलक्खण एक्क महारी तुहुं जणिओ सि जाइ भवयइरी ।
अज्ज वि अच्छइ काइं रमारउ धम्मु ण गेण्हइ भाइ तुहारउ ।
तं णिसुणेप्पिणु भणइ भडारउ णिसुणहि ससयणभववित्थारउ ।

घत्ता—कोसलविसयंतरि धणभरिउ वुड्ढगाउं वइपरियरिउ ।
तहिं आसिमिगायणु विप्पवरु महुरइ बंभणीइ धरिउ ॥१३॥

१४

सज्जणमोहणि णावइ वारुणि धीय बिहिं मि उप्पणी वारुणि ।
मरिवि मयायणु पुरि साकेयइ अइबलणामणरिंदणिकेयइ ।
सुमईदेविहि गब्भि समायउ पुरिसु वि थीलिंगत्तहु छायउ ।
धीय हिरण्णवइ त्ति य जायउ भुवणि वियंभइ कम्मविवायउ ।
पोयणपुरवरि रूवरवण्णी पुण्णयंदणरणाहहु दिण्णी ।
जा चिरु महुर सा जि तुहुं हुई रामयत्त दोहं मि सिरिदूई ।
भद्दमित्तु सुउ तुह उप्पण्णउ सीहचंदु हउं णेहिं भिण्णउ ।
वारुणि पुण्णयंदु जाणिज्जसु अम्मिइ मोहु हवंतु खमिज्जसु ।

धरती अपने भाइयोंको देकर ज्ञानवान् पूर्णचन्द्रकी वन्दना कर, प्रवर दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर, इन्द्रियोंके दर्पका विदारण करनेवाला मनःपर्ययज्ञानी और आकाशचारी हो गया। रामदत्ता देवीने सुन्दर ललित लतागृहमें उसे देखा। उनकी अपनी माताने वन्दनीय उनकी वन्दना की और अत्यन्त मधुर वाणीमें पूछा, "हमारी कोखसे एक तुम सुलक्षण हुए थे, जो संसारका शत्रु हो गया। लेकिन तुम्हारा भाई (पूर्णचन्द्र) आज भी लक्ष्मीमें अनुरक्त है। तुम्हारा भाई धर्म ग्रहण क्यों नहीं करता ?" यह सुनकर वह आदरणीय कहते हैं कि अपने जनका भव विस्तार सुनो।

घत्ता—कोशल देशमें वृत्तिसे घिरा हुआ धनसे भरा हुआ वृद्ध गाँव है। उसमें मृगायन नामका ब्राह्मण है, जो मधुरा नामकी ब्राह्मणीके द्वारा वरित था ॥१३॥

१४

उन दोनोंके वारुणी नामकी कन्या उत्पन्न हुई जो सज्जनोंको मोहनेवाली जैसे वारुणी (सुरा) थी। वह विप्रवर मृगायण मरकर, साकेत नगरीमें अतिबल नामक राजाके घरमें सुमति देवीके गर्भमें आया। वह पुरुष होते हुए भी स्त्रीलिंगमें आया। वह हिरण्यवती नामकी कन्याके रूपमें विख्यात हुआ। कर्मका विपाक संसारको बढ़ाता है। रूपसे सुन्दर वह पोदनपुरमें पूर्णचन्द्र नामक नरनाथको दी गयी। जो पहले मधुरा थी वही तुम इस समय रामदत्ता हुई हो, तुम दोनों ही लक्ष्मीकी दूती हो। भद्रमित्र तुम्हारा पुत्र उत्पन्न हुआ और स्नेहसे भिन्न मैं सिंहचन्द्र हूँ।

---

४. A णएप्पिणु । ५. A समहुर° । ६. AP मिगायणु । ७. AP वरिउ ।

१४. १. P मियाणणु । २. AP सुमइदेविहि । ३. A थीलिंगि तहु । ४. P पुण्णइंद° । ५. AP सीहचंदो ।
६. AP खवेज्जसु ।

पुण्णचंदु जो पोयणसामिउ भद्दबाहुगुरुणा उवसामिउ ।
जो तुह जणयु तुज्झु गुरु जायउ अहं वि सो जि सुरपुज्जियपायउ । १०
ताउ महारउ कंतु तुहारउ जायउ वणि वारणु दुव्वारउ ।
कूरतिरियजम्मैं संमोहिउ हणणकामु सो मइं संबोहिउ ।

घत्ता—ओसरु गयवर मयरसभमर मा दूसहु दुक्किउ करहि ।।
किं णिहणहि णंदणु अप्पणउं सीहचंदु णउ संभरहि ।।१४।।

१५

ता जाइंभरु जायउ कुंजरु दुद्धरु गिरिवरगेरुयपिंजरु ।
झायइ इहु रिसि तणुरुहु मेरउ हउं जायउ वणि करि विवरेरउ ।
जो[2] चिरु भुंजंतउ रस णव णव सो एवहिं भक्खमि तरुपल्लव ।
जो चिरु सेवंतउं वरणारिउ तहु एवहिं दुक्कउं गणियारउ ।
जो चिरु चंदणकुंकुमलित्तउ सो एवहिं कद्दमि पंगुत्तउ । ५
जो चिरु सुहुं सोवंतउ तूलिहि सो एवहिं हउं लोलमि धूलिहि ।
जो चिरु दंतउ दाणु सुदीणहं सो एवहिं महुयरसंताणहं ।
जो चिरु जाणंतउ छग्गुण्णउं तें किह पुत्तैं णिहणु पडिवण्णउं ।
डज्झउ देव एव सिरियत्तणु ता मइं भणिउं मुणेप्पिणु तहु मणु ।

वारुणिको तुम पूर्णचन्द्र जानोगी। हे माँ, होते हुए मोहको आप क्षमा कीजिए। पूर्णचन्द्र जो पोदनपुरका स्वामी था, उसे भद्रबाहु गुरुने शान्त कर दिया है। तुम्हारे जो पिता तुम्हारे गुरु हैं देवोंके द्वारा पूज्यपाद वह मेरे भी गुरु हैं। मेरे पिता तुम्हारे स्वामी हैं। वह वनमें दुर्धर वारण हुए हैं। क्रूर तिर्यंच जन्मसे मोहित मारनेकी कामनावाले उसे मैंने सम्बोधित किया है—

घत्ता—जिसके मदमें भ्रमररत हैं, ऐसे हे गजवर, दूर हटो, तुम असह्य पाप मत करो। तुम अपने पुत्रको क्यों मारते हो? क्या तुम सिंहचन्द्रको याद नहीं करते? ।।१४।।

१५

तब गिरिवरको गेरुसे पीले कुंजरको जाति स्मरण हो गया कि यह मेरा पुत्र मुनि होकर ध्यान करता है, मैं वनमें विपरीत गज हुआ हूँ, जो पहले मैं नव-नवका भोग करता था, वह मैं अब इस समय वृक्षके पत्ते खा रहा हूँ। जो पहले उत्तम नारियोंका सेवन करता था, उसके पास इस समय हथिनी पहुँची है। जो पहले चन्दन और कुंकुमसे लिप्त होता था, वह इस समय मैं कीचड़में फँसा हुआ हूँ। जो पहले रुईपर सुखसे सोता था, वह मैं इस समय धूलमें लोटता हूँ। जो पहले अत्यन्त दीनोंको दान देता था, वह मैं इस समय मधुकर सन्तानको दान (मदजल) देता हूँ। जो मैं पहले षड्गुण राजनीति जानता था, हे पुत्र, उसने इस निर्धनत्वको कैसे स्वीकार कर लिया! हे देव, इस स्त्रीत्वमें आग लगे। तब मैंने उसके मनको जानकर कहा—

---

७. AP पुज्जियसुरपायउ। ८. A मयरसभमर।

१५. १. A जाईसउ; P जाएभरु; K जाईसउ but corrects it to जाइंभरु। २. P omits this line. ३. A P भुंजंतउ। ४. A दुक्कहि। ५. A कद्दमहि। ६. A सो एमहि लोलिवि तणु; P सो एमहि लोलेमि तणु। ७. A तं किह णिहणु पुत्त पडि°; P तें किह णिहण पुत्तु पडि°। ८. A डज्झउ देव एहु; P डज्झउ एउ देव।

१० घत्ता—मा णिहणहि पडिकरि गिरितरु वि जीव णिहालिवि पउ धिवहि ॥
गय भक्खहि णिवडियदुमदलइं परकलुसिउ पाणिउ पियहि ॥१५॥

१६

मारंतउ वि अण्णु मा मारहि अप्पउ संसारहु उत्तारहि ।
तो[1] कुंभत्थलणवियमुणिंदें थिरु व्रउ[2] पालिउ तेण गईदें ।
बंभचेरु दिढ्ढ[3] णिच्चलु धरियउं जिणपायारविंदु संभरियउं ।
खविउ कलेवरु कायकिलेसें परियट्टंतें कालविसेसें ।
५ केसरितोरिणितडेंगउ जइयहुं खुत्तउ दुद्दमि कद्दमि तइयहुं ।
णवेरि चमरिजम्मंतरमुक्कें पिसुणें अवरभवंतरदुक्कें ।
कुंभारोहणु करिवि सदप्पें भक्खिउ गयवइ कुक्कुडसप्पें ।
मुउ हुउ उवंसमेण[6] सोक्खावहि सहसारइ सुरभवणि रविप्पहि ।
सिरिहरु देउ काइं वण्णिज्जइ एहउं जाणिवि धम्मु जिं[7] किज्जइ ।
१० हुउ धम्मिल्लु वाणरु रोसुक्कडु मारिउं[8] तेण रणे सो कुक्कडु ।
णियपावें पंकप्पहि पत्तउ अण्णु वि एव जि जाइ पमत्तउ ।

घत्ता—जणु जिणवरवयणु ण पत्तियइ खाइ मासु मारिवि पसु ॥
संतावइ साहु समंजस वि णिवडइ णरइ सकम्मवसु ॥१६॥

घत्ता—तुम प्रतिगजको मत मारो, गिरितरु और जीवको भी देखकर पैर रखो। हे गज, गिरे हुए द्रुमदलोंको खाओ और दूसरोंके द्वारा कलुषित पानी पिओ ॥१५॥

१६

दूसरेके मारनेपर भी तुम मत मारो, संसारसे अपना उद्धार करो। तब जिसने अपने कुम्भस्थलसे मुनीन्द्रको नमस्कार किया है, ऐसे उस गजने स्थिर व्रतका पालन किया। उसने दृढ़ ब्रह्मचर्यको धारण कर लिया और जिनवरके चरणकमलोंका स्मरण किया। कायक्लेशसे अपने शरीरको क्षीण कर डाला। समयविशेष आनेपर जब वह केशरी नदीके तटपर गया तो दुर्दम कीचड़में फँस गया। चमरीमृग जन्मान्तरसे मुक्त, दूसरे जन्ममें पहुँचे हुए दुष्ट कुक्कुट सर्पने कुम्भ-पर चढ़कर गजपतिको काट खाया। मरकर वह उपशम भावसे, जो सुखोंकी सीमा है, रविके समान जिसकी प्रभा है ऐसे सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। उस श्रीधर देवका क्या वर्णन किया जाये, यह जानकर हमें धर्म करना चाहिए। धर्मिल वानर हुआ और उसने युद्धमें क्रोधसे उत्कट उस सर्पको मार डाला। अपने पापसे वह पंकप्रभा नरकमें पहुँचा। दूसरा प्रमत्त जीव भी इसी प्रकार जाता है।

घत्ता—लोग जिनवरके वचनका विश्वास नहीं करते, पशु मारकर मांस खाते हैं। योग्य साधुको सताते हैं और अपने कर्मके वश नरकमें जाते हैं ॥१६॥

---

१६. १. AP तो। २. AP वउ। ३. AP थिरु। ४. P °तडु गउ। ५. AP णवर। ६. A दमसमेण। ७. A पि। ८. A मारिउ रण्णि तेण सो; P °मारिउ तेण रण्णि सो।

१७

गयमोत्तियइं दंतजुयसहियइं वणि सिगालभिल्लें संगहियइं[1] ।
वणिय सत्थवाहहु हिमवण्णइं पुरसेट्ठिहि धणमित्तहु दिण्णइं ।
सीहसेणतणयहु जसधामहु [illegible] ।
कारिय तेण तमीयरकंतिहिं णियमंचयहु पाय गयदंतहिं ।
णियसीमंतिणियेहि[2] रइरिद्धइं मोत्तियाइं कोडेंगि[3] णिबद्धइं । ५
हो केत्तिउ संसारु कहिज्जइ जं चिंतंतहं मइ दुम्मिज्जइ ।
मोहमहंतइ णिद्दइ मुत्तउ अच्छइ सुहि णं मुच्छिएण[4] सुत्तउ ।
जाहि अम्मि तुह वयणें जग्गइ पुण्णेयंदु[5] जिणधम्महु लग्गइ[6] ।
णियणंदणमुणिवरवयणुल्लउ तं आयण्णिवि सवणसुहिल्लउ ।
गय मायरि तहिं जहिं तं पट्टणु जहिं सो राणउ वइरिविहट्टणु[7] । १०

घत्ता—पणवंतहु पुत्तहु परियणहु अज्जेइ सुमहुरु साहियउं ॥
जिह राएं जाएं मयगलिण णिज्जणु गहणु पसाहियउं ॥१७॥

१८

जं धणमित्तें आणिउ आयउ पल्लंकहं पयजोग्गउ जायउ ।
तं दियमुसलजुवलु तहु केरउ मुत्ताहलणिउरुंबउ सारउ ।

१७

वनमें शृगाल नामक भीलने दोनों दाँतोंके साथ गजमोतियोंका संग्रह कर लिया और वणिक् सार्थवाह नगर सेठ धनमित्रको सफेद रंगके मोती और हाथीदाँत दे दिये। धनमित्रने भी वे सिंहचन्द्रके पुत्र यशके घर पूर्णचन्द्रको दे दिये। उसने भी चन्द्रमाके समान कान्तिवाले गजदन्तोंसे अपने पलंगके पाये बनवा लिये तथा कान्तिसे समृद्ध मोतियोंको अपनी पत्नीके गलेमें लगा दिये। अरे संसारका कितना कथन किया जाये? जिसका चिन्तन करते हुए बुद्धि पीड़ित हो उठती है? मोहकी महान् निद्रासे मुक्त सुधीजन स्थित है, मानो मूर्च्छित या सोया हुआ हो। हे माँ, तुम आओ। तुम्हारे वचनोंसे पूर्णचन्द्र जागेगा और जिनधर्मसे लगेगा। अपने पुत्र मुनिवरके कानोंको सुखद लगनेवाले वचन सुनकर वह माता वहाँ गयी जहाँ वह नगर था और जहाँ शत्रुओंका नाश करनेवाला वह राजा था।

घत्ता—प्रणाम करते हुए पुत्र और परिजनसे आर्यिकाने सुमधुर वाणीमें कहा कि किस प्रकार राजाने मैगल गजके रूपमें गहन वनका सेवन किया ॥१७॥

१८

जो धनमित्रने लाकर दिया और जो पलंगके पाये बने वह हाथीके दोनों दाँतरूपी मूसल हैं तथा श्रेष्ठ मुक्ताफल समूह उसका (गजका) है जिसे तुम प्रणयिनीके गलेमें देखते हो। हे पुत्र, तुम श्रावक व्रतोंका पालन करो। हे पुत्र, यह संसार बड़ा विचित्र है। हे पुत्र, राजा भी कर्मरत

---

१७. १. AP सिगालभिल्लें गहियइं। २. A °सीमंतिणिपहरुरिद्धइं। ३. AP कंठेगि। ४. A मुच्छियसुत्तउ। ५. A पुण्णइंदु। ६. A अज्जए। ७. A णिज्जणगहणु।

पणइणिकंठेइ णिहित्त णिहालहि पुत्तय सावयवय परिपालहि ।
पुत्तय णिरु विचित्तु संसारउ पुत्तय पहु वि होइ कम्मारउ ।
ता हियवउ पिउणेहें भिण्णउं दंतिदंतु अवरुंडिवि रुण्णउं ।
पुत्तें परिवारेण वि सोइउ कुसुमहिं अंचिवि हुयवहि ढोइउ ।
उवसमेण हूई पविमलमइ थिउ घरि धम्मणिरउ सो णरवइ ।
रामयत्त सणियाण मरेप्पिणु कप्पु महंतु सुक्कु पावेप्पिणु ।

घत्ता—मंदारदामसोहियमउडु रयणाहरणवियारधरु ।
सा हूई रविसंणिहु णिलइ रविभासुरु सुरपवरु ॥१८॥

१९

पुणु फणिरायहु गुज्झु ण रक्खइ आइक्खइ कहंतरु अक्खइ ।
कालें जंतें सुकियलीलइ वरवेरुलियविमाणि विसालइ ।
पुण्णेयंदु पुण्णें उप्पण्णउ वेरुलियप्पहु तहिं संपण्णउ ।
विसमविसमसरबाण णिवारिवि दंसणणाणचरित्तइं धारिवि ।
संभूयउ संतहि णिरवज्जहि सीहचंदु उवरिमगेवज्जहि ।
इह रययायलि दाहिणसेढिहि धरणितिलयपुरु रूढउ रूढिहि ।
पइ अइवेउ पुरंधि सुलक्खण रामयत्त जो चिरु सेवियवण ।
सा सग्गाउ चलिय पंकयकर सुय उप्पण्णी णामें सिरिहर ।

होता है। तब पूर्णचन्द्रका हृदय अपने पिताके स्नेहसे भर गया। वह उन हाथीदांतोंका आलिंगन कर खूब रोया। पुत्र और परिवारने इस प्रकार शोक मनाया तथा फूलोंसे उनकी पूजा कर उन्हें आगमें डाल दिया। उपशम भावसे उसकी बुद्धि निर्मल हो गयी। राजा अपने ही घरमें धर्ममें स्थित हो गया (धर्मका आचरण करने लगा), रामदत्ता निदानपूर्वक मरकर महान् शुक्र स्वर्गमें गयी।

घत्ता—सूर्यके समान देवविमानमें* जिसका मुकुट मन्दार पुष्पमालासे शोभित है, जो रत्नाभरणोंका विचार करता है, तथा सूर्यकी आभाकी तरह भास्वर है, ऐसा देववर हुई ॥१८॥

१९

वह दिवाकर देव धरणेन्द्रसे फिर भी छिपा नहीं रखता और उससे कथान्तर कहता है—समय बीतनेपर, जिसमें पुण्यलीला है, ऐसे विशाल वैदूर्य विमानमें वह पूर्णचन्द्र अपने पुण्यसे देव उत्पन्न हुआ। कामदेवके विषम बाणोंका निवारण कर तथा दर्शन, ज्ञान और चारित्रको धारण कर, सिंहचन्द्र शान्त निष्पाप उपरि ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ। इस भरतक्षेत्रके विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें परम्परासे धरणीतिलकपुर नगर है। उसका राजा अतिवेग और रानी सुलक्षणा थी। पहले जिसने वनमें साधना की थी, ऐसी जो रामदत्ता थी, वह स्वर्गसे च्युत होकर कोमल

१८. १. A °कंठहो। २. A पियणेहें। ३. A घरधम्मि णिरउ। ४. AP °वियारहरु। ५. A रविभासासुर; P रविभासासुर।

१९. १. A °विमाणविसालइ। २. A पुण्णइंदु। ३. P तहिं वि संपण्णउ। ४. AP °तिलयपुरि। ५. A जा सेविय चिरु वण। * भास्कर विमानमें।

दिण्णी पिउणा दरिसियणामहु अलयाणाहहु वड्ढियकामहु ।
घत्ता—सो पुण्णयंदु दिवि देवसुहुं माणिवि हयविहलत्तणउं ॥ १०
णियकम्मविवाएं णिवडियउ पुणु पत्तउ महिलत्तणउं ॥१९॥

२०

दरिसियराएं हूई दुहहर सिरिहराहि सुय णामें जसहर ।
दिण्णी ताएं कामासत्तहु दिणयराहपुरि सूरावत्तहु ।
सीहसेणु करि सिरिहरु भणियउ जो सो एयहिं दोहिं मि जणियउ ।
रस्सिवेउ णंदणु संमाणिवि सिरि ढोइवि सिरिकलसहिं ण्हाणिवि ।
ओदरिसेण पासि हयदंदहु लइयउ वउ जइयहु मुणियंदहु । ५
तइयहुं सिरिजसहरउ विणीयउ पावइयउ तहिं माथाधीयउ ।
मुणिचरणारविंदरइमइयहि पासु वसंतियाहि गुणमइयहि ।
पवणुद्धूयधवलधयमालउं सिद्धसिहरु णामेण जिणालउं ।
थावरजंगमविरइयमेत्तिइ किरणवेउ गउ वंदणहत्तिइ ।
तहिं हरिचंदु भडारउ पेक्खवि थिउ अप्पउ रिसिदिक्खइ दिक्खवि । १०
घत्ता—सो आयहिं सिरिहरजसहरहिं दोहिं वि गिरिगरयंगु गुणि ॥
गुहकुहरि णिसण्णु णिरिक्खियउ पलियंकेण णिसण्णु मुणि ॥२०॥

करवाली श्रीधरा नामकी कन्या हुई। पिताने उसे, जिसकी कामनाएँ बढ़ी हुई हैं ऐसे अलकापुरीके राजाको दे दिया।

घत्ता—वह पूर्णचन्द्र स्वर्गमें देवसुख मानकर, च्युत होकर अपने कर्मविपाकसे जिसने दारिद्र्यको नष्ट कर दिया है, ऐसे स्त्रीत्वको पुनः प्राप्त हुआ ॥१९॥

२०

वह राजा दर्शकसे श्रीधरा रानीको दुःखहरण करनेवाली यशोधरा नामकी कन्या हुई। वह सूर्याभपुर (पुष्करपुर) के काममें आसक्त राजा सूर्यावर्तको दी गयी। जो सिंहसेन (राजा) श्रीधर कहा गया, वह इन दोनोंसे रश्मिवेग नामका पुत्र हुआ। रश्मिवेगका सम्मान कर, उसे सिरपर उठाकर एवं श्रीकलशोंसे अभिषेक कर राजा दर्शकने द्वन्द्वोंका नाश करनेवाले मुनिचन्द्रके पास जब संन्यास ले लिया, तो माँ और बेटी विनीता श्रीधरा और यशोधराने भी मुनियोंके चरणारविन्दमें जिनकी बुद्धि तीव्र है, ऐसी गुणमती वसन्तिका आर्यिकाके पास प्रव्रज्या ग्रहण कर ली। जिसपर पवनसे धवल ध्वजमालाएँ आन्दोलित हैं ऐसा सिद्ध शिखर नामका जिनालय था। स्थावर और जंगम प्राणियोंके प्रति जिसमें मित्रताका भाव है ऐसी वन्दनाभक्तिके लिए रश्मिवेग वहाँ गया। वहाँ आदरणीय हरिश्चन्दको देखकर वह स्वयं मुनिदीक्षा लेकर स्थित हो गया।

घत्ता—गिरिकी तरह अत्यन्त ऊँचे तथा पर्यंकासनमें आसीन गिरिगुहामें बैठे हुए उन मुनिको इन दोनों श्रीधरा और यशोधराने देखा ॥२०॥

१. A विहवविहत्तणउं ।

२०. १. P सिरहरु । २. A आदरसेण । ३. P हयदंदहु । ४. AP मुणिचंदहु । ५. A °कुहरणिसण्णु ।

२१

वंदिवि खरतवतावें खीणउ ताव तासु णिवइउ आसीणउ ।
खुड्डु कम्मक्खयवयणु पयच्छिउ रयणत्तयहु कुसलु फुडु पुच्छिउ ।
ता सो तंबचूलफणि णारउ णरयहु णीसरेवि हिंसारउ ।
दीहु कालु संसारु सरेप्पिणु अण्णण्णइं अंगाइं धरेप्पिणु ।
५ जायउ अजयरु विसमखयालइ फुल्लियबउलकलंबतमालइ ।
मुहविससिहिमेसिकयसारंगउ मोडियविडवुड्डावियविहंगउ ।
फणिंताडणफोडियधरणीयलु वयणरंधपक्खिवियवणेयगलु ।
वइवसदंडु चंडु अवलोइवि खणि आहारु सरीरु पमाइवि ।
मरणि वि धीरत्तेण ण मुक्कइं तिण्णि वि पावइयइं थिरु थक्कइं ।
१० अट्ठिणा दढदाढहिं णिद्दलियइं कसमसंति चावंतें गिलियइं ।
हेमणिवासविसेसवरिट्ठइ उप्पण्णइं मरेवि कापिट्ठइ ।

घत्ता—तहिं रुयगविमाणि मणोरमणि जायउ अमरु वेरंकपहु ॥
सो अजयरु चोत्थइ णरयबिलि णिवडिउ मुणिवररइयवहु ॥२१॥

२२

चक्कवरइ जयलच्छिसहायहु णयवंतहु अवराइयरायहु ।

२१

तीव्र तपतापसे क्षीण उन मुनिको वन्दना कर वे उसके निकट बैठ गयीं। शीघ्र ही उसने 'कर्मक्षय हो' ये शब्द कहे तथा रत्नत्रयकी कुशलताका प्रश्न पूछा। तब वह हिंसारत नारकी कुक्कुट सर्प नरकसे निकलकर लम्बे समय तक संसारमें परिभ्रमण कर, भिन्न-भिन्न शरीरको धारण करता हुआ, जिसमें बकुल-कदम्ब और तमाल वृक्ष खिले हुए हैं ऐसे विषम क्षयकाल वनमें अजगर हो गया। जिसने अपने मुखकी विषज्वालासे हरिणोंको काला कर दिया है, जिसने वृक्षोंको मोड़ दिया और पक्षियोंको उड़ा दिया है, अपने फनोंकी मारसे धरणीतलको फोड़ दिया है, जिसने अपने मुखरन्ध्रमें वनके मैगल गजोंको डाल लिया है, ऐसे यमके दण्डकी तरह प्रचण्ड उसे देखकर तथा एक क्षणमें शरीरके आहारकी कल्पना कर, परन्तु उन लोगोंने मरणमें भी धीरत्वको नहीं छोड़ा। वे तीनों संन्यास लेकर स्थित हो गये। अजगरने अपनी मजबूत दाढ़ोंसे उन्हें निर्दलित कर दिया और कसमसाते हुए उन्हें चबाकर निगल लिया। वे लोग हेमनिवास विशेषसे वरिष्ठ कापिस्थ स्वर्गमें मरकर उत्पन्न हुए।

घत्ता—वहाँ सुन्दर रुचक विमानमें सूर्यप्रभ देव हुआ। मुनिवरका वध करनेवाला वह अजगर चौथे नरकमें गया ॥२१॥

२२

जिन भगवान्‌के गुणगणका स्मरण करता हुआ वह सिंहचन्द्र श्रेष्ठ उपरिम ग्रैवेयकसे अवतरित

---

२१. १. AP तंबचूलु। २. P संसारि। ३. AP °सिहिसिंहहयसारंगउ। ४. A फलताडणं। ५. P °वणयरपलु। ६. A मुक्कउ। ७. P पव्वइयइं थक्कइं। ८. A थक्कउ। ९. A उप्पण्णाइं। १०. अमरवरंकपहु।

आयउ जिणगुणगणु सुयरंतउ पवरुवरिमगेवज्जहि होंतउ ।
सीहचंदु णं हुउ कुसुमाउहु सुंदरिदेविहि सुउ चक्काउहु ।
चित्तमाल तहु पियराणी णं मयरद्धयबाणणिसेणी ।
ताहं विहिं मि णं पुण्णविहायउ अक्कप्पहु सुउ तणुरुहु जायउ । ५
जो चिरु रस्सिवेउ अजयरहउ एहु जि सो णरजम्मसमागउ ।
णामें वज्जाउहु जयलंपडु समरंगणि पल्हत्थियगयघडु ।
पुहईतिलइ णयरि रवितेयहु पियकारिणिदइयहु मइवेयहु ।
सिरिहर काविट्ठहु पब्भट्ठी रयणमाल सुय हुई दिट्ठी ।
दिण्णी कुलिसाउहहु सणेहें पुणु पवहंतें कालपवाहें । १०

घत्ता—कीलंतहं पेम्मपरव्वसहं ताहं तेत्थु पयंडियपणउ ॥
सा जसहर सग्गहु ओयरिवि रयणाउहु हुई तणउ ॥२२॥

२३

पिहियासउ णवेवि अवराइउ तउ चरंतु संवत्तु पराइउ ।
रज्जु करेवि सुइरु चक्काउहु गउ तायहु जि सरणु विय सियमुहु ।
तेण कयउं भीसणु वम्महरणु चरमदेहु जाणइ विहिविहरणु ।
दूरुज्झियपरमहिलापरधणु सिरि भुंजिवि तेत्तिउ पविपहरणु ।
दंसणणाणचरित्ति अभंतउ वप्पहु पासि पुत्तु णिक्खंतउ । ५

होकर चक्रपुरमें विजयरूपी लक्ष्मीके सहायक न्यायवान् अपराजित राजाकी पत्नी सुन्दरी देवीका चक्रायुध नामका पुत्र हुआ, जो मानो कामदेव था। चित्रमाला उसकी प्रिय रानी थी, जो मानो कामदेवके बाणोंकी सेनी थी। उन दोनोंसे सूर्यप्रभ देव पुण्यविभागकी तरह उत्पन्न हुआ। तथा अजगरसे आहत जो पुराना रश्मिवेग था, वही मनुष्य जन्ममें आया हुआ विजयका लम्पट वज्रायुध है, जो युद्धके प्रांगणमें गजघटाको धराशायी कर देता है। जिसका तेज सूर्यके समान है ऐसे प्रियकारिणीके पति मतिवेगसे पृथ्वीतिलक नगरमें कापिष्ठ स्वर्गसे च्युत होकर श्रीधरा रत्नमाला नामकी कन्या होते हुए देखी गयी। वह वज्रायुधको दी गयी। फिर कालप्रवाहके बहनेपर—

घत्ता—जिसने विनय प्रकट की है, ऐसी वह यशोधरा स्वर्गसे अवतरित होकर क्रीड़ा करते हुए और प्रेमके वशीभूत उन दोनों (वज्रायुध और रत्नमाला) के रत्नायुध नामसे उत्पन्न हुई ॥२२॥

२३

अपराजित पिहितास्रवको नमस्कार कर तपका आचरण करते हुए शान्तिको प्राप्त हुए। चक्रायुध भी बहुत समय तक वहाँ राज्य कर, विकसित मुख वह भी अपने पिताकी शरणमें चला गया। उसने भीषण तप किया। चरम शरीरी वह चारित्रको जानता था। जिसने परस्त्री और परधन छोड़ दिया है ऐसे वज्रायुध भी उतनी ही लक्ष्मीका भोगकर तथा दर्शन-ज्ञान और

२२. १. A गुणगुण। २. A पुण्णणिहायउ। ३. A एहु जो सो। ४. AP णरजम्मि समागउ। ५. AP पियकारणी। ६. P सणाहें। ७. A पयलियपणउ।
२३. १. A तित्तिउ; P तित्तउ। २. P °चरित्तहं भत्तउ।

खवइ पुराइउ कम्मु गयालसु तहु सुउ रयणाउहु रइलालसु ।
माणइ सोक्खु ण तिप्पइ भोएं णं मयरहरु तरंगिणितोएं ।
जायवेउ णं तरुपब्भारें अइरारिउ वित्थरइ वियारें ।

घत्ता—अण्णहिं दिणि पवरुज्जाणहरि गिरिसरिखेत्तविहूसियउ ।
सिरिवज्जदंतमुणिणा जणहु तिहुयणभागु पयासियउ ॥२३॥

२४

विजयगइंदु णामें कुंभीरउ णिम्मेकल्लाणकारि जलहररउ ।
तं णिसुणिवि मुणिभासिउ कंखइ दिण्णु वि मासगासु ण वि भक्खइ ।
मंतिविज्ज आउच्छइ राणउ महु तंबेरमु किं विद्दाणउ ।
ताव तेहिं अवलोइउ जाइवि लक्खिउ तणु गुणदोस पलोइवि ।
जंगलकवलु णिबद्धु ण ढोइउ पयघियकूरपिंडु संजोइउ ।
सो कवलिउ करिणा करु दंतें वज्जदंतु पुच्छिउ महिवंतें ।
मत्थएण वंदिवि मुणिपुंगमु मासु ण खाइ कइं तंबेरमु ।
कहइ महारिसि जियवम्मीसरु एत्थु भरहि छत्तउरि णरेसरु ।
पीयभद्दु णामें णं वम्महु सइदेवीवइ णावइ सयमुहु ।

घत्ता—पीइंकरु पुत्तु पसिद्धु जइ मंतिवि जाणिउ चित्तमइ ॥
कमला इव कमला तासु पिय तणुरुहु ताहं विचित्तमइ ॥२४॥

चारित्रसे अभ्रान्त पुत्र भी पिताके पास दीक्षित हो गया। आलस्यसे रहित पूर्वार्जित कर्मको वह नष्ट करता है, उसका रतिकी लालसा रखनेवाला पुत्र रत्नायुध खूब सुख मानता है, भोगसे तृप्त नहीं होता, जैसे समुद्र नदियोंके जलसे तृप्त नहीं होता, जैसे वृक्षसमूहसे आग अत्यन्त उद्दीप्त होकर फैल जाती है।

घत्ता—एक दूसरे दिन प्रवर उद्यानगृहमें श्री वज्रदन्त मुनिने गिरि, नदी और क्षेत्रसे विभूषित त्रिभुवन-विभाग लोगोंको बताया ॥२३॥

२४

राजाका विजयमेघ नामका जो कल्याणकारी और मेघके समान स्वरवाला गजराज था, यह सुनकर मुनिके कथनको चाहने लगता है और दिये हुए मांसके कौरको नहीं खाता। राजा मन्त्रियों और वैद्योंसे पूछता है कि मेरा हाथी दुबला क्यों हो गया है। तब उन लोगोंने जाकर देखा और गुणदोष देखकर उसकी परीक्षा की। उसे बँधा हुआ मांसका कौर नहीं दिया गया, दूध, घी और भातका आहार दिया गया। सूँड़ देते हुए हाथीने उसे खा लिया। राजाने सिरसे प्रणाम करते हुए मुनिश्रेष्ठ वज्रदन्तसे पूछा कि यह हाथी मांस क्यों नहीं खाता। कामदेवको जीतनेवाले महामुनि कहते हैं, इस भरतक्षेत्रके छत्रपुरमें प्रीतिभद्र नामका राजा था, जो मानो कामदेव था। (वह वैसा ही था) जैसे इन्द्राणीका पति इन्द्र।

घत्ता—जगमें उसका प्रीतिंकर नामका प्रसिद्ध पुत्र था और मन्त्री भी चित्रमति था। उसकी पत्नी कमला कमला (लक्ष्मी) के समान थी। उन दोनोंका पुत्र विचित्रमति था ॥२४॥

---

३. A मयहरु । ४ AP अवरहि दिणि ।

२४. १. A णवकल्लाण° । २. पलोयवि; P पलाइवि । ३. A पीइभद्दु; P पाइभद्दु ।

२५

धीरु धम्मरुइ सिरिगुरु मण्णिवि धम्मु अहिंसिल्लउ आयण्णिवि ।
मणि पडिवज्जिवि गुत्तिउ तिण्णि वि पीइंकरु विचित्तमइ वि[1]ण्णि वि ।
गय रिसिवउ लेप्पिणु साकेयहु सत्तभूमिसउहावलिसेयहु ।
खीरे[2]रिद्धि उप्पण्णी जेट्ठहु णिल्लियणियजीहिंदियचेट्ठहु ।
चंदसूर णावइ गयणंगणि वेण्णि वि चडिय छुडु जि घरं[4]प्रंगणि । ५
बहुइवयासरीणमुणिपंथिय ते घीसेणे[5]इ वेसइ पत्थिय ।
थाहु भणंतियाइ पणवेप्पिणु ण थिय भडारा विगय वलेप्पिणु ।
कामिणीइ अप्पाणउ गरहिउं किं जीविउ मुणिदाणें विरहिउं ।
पुच्छइ लहुयउ साहु ससंसउ कि आया से[6] ण गहियउ गासउ ।

घत्ता—गुरु अक्खइ महुमासासियहं णिप्पिह कयपरलोयकिसि । १०
अविणीयहं रायहं कामिणिहिं दिण्णु वि पिंडु ण लेंति रिसि ॥२५॥

२६

तहि विचित्तमइ सुमरे[1]इ रामहि गीओलंबियमोत्तियदामहि ।
मयणसरोहें हियवउं भिण्णउं[2] जंपंतहं हुंकारइ सुण्णउं ।
गउ सहाउ तें[3]हु मेल्लिवि मंदिरु णं इंदीवरासु इंदिंदिरु ।

२५

धीर-धर्मरुचि श्री गुरुको मानकर तथा अहिंसा लक्षण धर्म सुनकर, मनमें तीन गुप्तियाँ स्वीकार कर, प्रीतिंकर और विचित्रमति दोनों मुनिदीक्षा लेकर, सात भूमिवाले प्रासादोंसे युक्त साकेत नगरके लिए गये। अपनी जिह्वेन्द्रियकी चेष्टाको जीतनेवाले जेठे (प्रीतिंकर) को क्षीणास्रव ऋद्धि उत्पन्न हुई। उन दोनोंने घरके आँगनमें उसी प्रकार प्रवेश किया, जैसे सूर्य-चन्द्रने आकाशमें प्रवेश किया हो। अनेक उपवासोंसे क्षीण उन मुनिमार्गियोंको बुद्धिसेना नामकी वेश्याने, 'ठहरिए' कहते हुए और प्रणाम करते हुए प्रार्थना की। परन्तु आदरणीय वे मुड़कर ठहरे नहीं चले गये। उस वेश्याने अपनी निन्दा की कि मुनिदानके बिना जीवनसे क्या? छोटे साधुसे उसने अपने संशयकी बात पूछी कि वे क्यों आये और आहार नहीं लिया।

घत्ता—गुरु कहते हैं—"मधु-मांस खानेवालोंसे विरक्त तथा परलोककी खेती करनेवाले मुनि अविनीत राजाओंकी स्त्रियोंके द्वारा दिये गये आहारको ग्रहण नहीं करते" ॥२५॥

२६

जिसकी गर्दनपर मोतियोंकी माला अवलम्बित है ऐसी उस रामा (वेश्या) को विचित्रमति याद करता है। कामके तीरोंसे उसका हृदय विदीर्ण हो गया। बोलनेवालोंसे खाली हुंकार कर

---

२५. १. AP समिदिउ पंच धरेप्पिणु विण्णि वि; A adds a new line after this : पीईकरु विचित्तमइ वेण्णि वि in second hand. २. A रिसि गयवउ। ३. A खीणरिद्धि। ४. AP °पंगणि। ५. A ते विसणीयइ; P तेधेसिणीयइ। ६. A कि आयहो घरे गहिउ ण गासउ; P कि आयहे घरे गहिय ण गासउ। T supports the reading of K।

२६. १. सुमरइ। २. AP छिण्णउं। ३. AP मेल्लिवि तहि।

सिसुमृगणयणइ पीवरथणियइ वंदिउ सो पडिगाहिउ गणियइ ।
दिण्णउ तासु भोज्जु जं चंगउं विडसाहुहि संपीणिउ अंगउं ।
सरसवयणु तहिं तेण णिउंजिउं दड्ढउं चरियधणु जं पुंजिउं ।
रत्तु मुणेवि ताइ अवहेरिउ णारिहिं मुयणि को ण किर मारिउ ।
तो गुणवंतु ताम गर्वयत्तणु जाम ण लग्गइ मणसियमग्गणु ।
णिग्गउ गउ परिहेप्पिणु राउलु विसयालुद्धउ जायउ आउलु ।

घत्ता—पलपाएं आएं मिट्ठुएण सूयारउ णिवमणि चडिउ ॥
कइ कामिणि दविणें तेण वस रिसि चारित्तहु परिवडिउ ॥२६॥

२७

मरिवि तुहारउ जायउ कुंजरु महु भासंतहु तिहुयणपंजरु ।
एहु एवहिं जोउ जाइंभरु तुहुं वि बप्प अप्पाणउ संभरु ।
ता रयणाउहेण णियतणयहु रज्जु समप्पिउ पयडियपणयहु ।
तासु जि गुरुहि पासि तउ चिण्णउं तहु माया इ तं जि पडिवण्णउं ।
विण्णि वि संतइं मायापुत्तइं अच्चुइ अणिमिसत्तु संपत्तइं ।
अजयरु पंकप्पहरणयंतहु णीसरियउ कह कह व कयंतहु ।
दारुणभिल्लहु सुउ अइदारुणु मंगिहि सवरिहि हुउ करिमारणु ।
तेण पियंगुदुग्गि अवलोइउ तउ तवंतु वज्जाउहु घाइउ ।

देता। अपने मित्रको छोड़कर वह उसके घर गया, मानो भ्रमर कमलपर गया हो। शिशुमृग-नयनी स्थूल स्तनोंवाली उस वेश्याने उसकी वन्दना की, पड़गाहा और जो अच्छा भोजन था वह उस साधुको दिया। उस कपटी साधुका शरीर पीड़ित हो उठा। उसने उससे सरस शब्दोंमें बात की और जो संचित चारित्र धन था उसे ढाक कर दिया। उसे अनुरक्त देखकर वेश्याने उसकी उपेक्षा की। स्त्रियोंके द्वारा संसारमें कौन नहीं मारा जाता? मनुष्य तभी तक गुणवान् है और उसका बड़प्पन है कि जबतक उसे कामदेवके बाण नहीं लगते। वस्त्र पहनकर वह निकल गया और राजकुलके लिए गया। विषयोंका लोभी वह आकुल हो उठा।

घत्ता—मीठा मांस पकानेके कारण वह रसोइया राजाके मनमें चढ़ गया। धन देकर उस वेश्याको वशमें कर लिया, और वह मुनि चारित्रसे भ्रष्ट हो गया ॥२६॥

२७

वह मर कर तुम्हारा हाथी हुआ। मेरे द्वारा त्रिलोकका ढाँचा बताये जानेपर इसको इस समय जाति स्मरण हुआ है। हे सुभट, तुम भी अपनी याद करो। तब विनय प्रकट करनेवाले अपने पुत्रको रत्नायुधने राज्य सौंप दिया, और उन्हीं गुरुके पास तप ग्रहण कर लिया। उसकी माताने भी तप ग्रहण कर लिया। दोनों शान्त माता और पुत्र अपलकमात्रमें अच्युत स्वर्ग पहुँच गये। अजगर भी पंकप्रभा नरकमें युद्ध करते हुए, नरकभवका अन्त करते हुए दारुण भील और मंगी भीलनीसे हाथियोंको मारनेवाला अत्यन्त भयानक पुत्र हुआ। उसने प्रियंगु द्रुमके नीचे तप

४. AP °मिगणयणइ। ५. AP °थणिइ। ६. A ताइ। ७. AP गुरुयत्तणु। ८. A सिट्ठुएण।
२७. १. APT आईसरु। २. A रयणाहिवेण। ३. AP पासु। ४. AP अजगरु।

मुउ सव्वत्थसिद्धि संपत्तउ सचरु वि पावें णरइ णिहित्तउ ।
सत्तमि तमतमपहि भीसावणि पंचपयारदुक्खदरिसावणि । १०

घत्ता—धादइसंडइ सुरवरदिसहि मेरुहि परविदेहि सरइ ॥
गंधिल्लदेसि उज्झाउरिहि णरवइ अरुहदासु वसइ ॥२७॥

२८

कामहुयासहु णं कालंबिणि सुव्वय णामें तासु णियंबिणि ।
अवरु वि तहु जिणयत्त घरेसरि अमरमहामयरहरहु णं सरि ।
अच्चुयचुय तेएं णं दिणयरु रयणमालु रयणाउहु सुरवरु ।
बिहिं वि वेण्णि संजणिय तणूरुह विजय विहीसण णवपंकयमुह ।
ते वेण्णि मि णं[3] छणससिसायर ते वेण्णि वि बलकेसव भायर । ५
बीयहु णरयहु गयउ विहीसणु दुद्धरु तउ करेवि संकरिसणु ।
लंतवि जायउ देउ महामहु आइच्चाहु हउं जि सो सुहयहु ।
सम्मईसणसासणि लग्गउ गउ लंबोहिल णरयहु णिग्गउ ।
जंबुदीवएरावयउज्झहि सिरिवम्महु सीमहि तणुमज्झहि ।
सो केसवु दुहुं भुंजिवि आयउ लच्छिधामु णामें सुउ जायउ । १०
रिसिहि विणासियवम्महलीलहु चिरु पाविट्ठयउ पासि सुसीलहु ।
पत्तउ बंभकप्पि मेल्लिवि तणु अट्ठगुणट्ठिबंतु देवत्तणु ।

करते हुए वज्रायुधको देखा और उसे मार डाला। वह मरकर सर्वार्थसिद्धि पहुँचे। वह भील भी मरकर, भयंकर पाँच प्रकारके दुःखोंका प्रदर्शन करनेवाले तमतमप्रभा नामक सातवें नरकमें डाल दिया गया।

घत्ता—धातकीखण्डमें पूर्वदिशामें सुमेरुपर्वतके अपर विदेहमें गन्धिल देशकी अयोध्या नगरीमें भोगयुक्त राजा अर्हद्दास रहता था ॥२७॥

२८

कामदेवकी अग्निको शान्त करनेवाली मेघमालाके समान उसकी सुव्रता नामकी पत्नी थी और भी उसकी जिनदत्ता नामकी गृहेश्वरी थी, जो मानो क्षीरसमुद्रके लिए नदी हो। अच्युत स्वर्गसे च्युत होकर और तेजमें मानो दिवाकरके समान रत्नमाल और रत्नायुध सुरवर भाग्यसे दोनोंके पुत्र हुए—नवकमलके समान मुखवाले विजय और विभीषण नामसे। वे दोनों ही पूर्णचन्द्रमा और समुद्र थे, वे दोनों ही बलभद्र और नारायण थे। विभीषण दूसरे नरक गया और बलभद्र दुर्धर तपकर महाआदरणीय लान्तव देव हुआ। सुखावह वही मैं आदित्य नामका देव हूँ। मेरे द्वारा सम्बोधित होनेपर सम्यग्दर्शनके शासनमें लगकर वह नरकसे निकला और जम्बूद्वीपके ऐरावतक्षेत्रकी अयोध्या नगरीमें वह केशव दुःख भोगकर आया और श्रीवर्माकी कृशोदरी पत्नी सीमासे श्रीधर नामका पुत्र हुआ। कामदेवकी लीलाका नाश करनेवाले सुशील मुनिके पास उसने दीक्षा ली। और शरीर छोड़कर ब्रह्म स्वर्गमें आठ गुणोंमें निष्ठा करनेवाले देवत्वको प्राप्त हुआ।

---

२८. १. AP सुव्वइय । २. AP अवरु वि । ३. A णंदण ससिसायर ।

घत्ता—वज्जाउहु सव्वत्थहु चविवि संजयंतु जिणतवि णिरउ ॥
तुहुं हुउ जयंतु बंभाउ चुउ रिसि णियाणसल्लेण मुउ ॥२८॥

२९

णायराउ जाओ सि भयंकरु इयरु वि पाव मुणिंदखयंकरु ।
अहमणिबद्धाउसु अहगारउ अहि हूयउ अंतिममहिणारउ ।
पुणु वालुयपहि वालु णिमण्णउ दुक्खपरंपराइ अइण्णउ ।
तसथावरतिरिक्खभवजालइ णियडिउ हिंडमाणु गयकालइ ।
पविउलअइरावइ णइतीरइ भूयरमणि काणणि गंभीरइ ।
गोसिंगें घरिणिहि संखिणियहि संखुब्भंत समुद्दसंखिणियहि ।
तावसेण संजणियउ तावसु पंचहुयासणु सहइ सतामसु ।
दिव्वतिलेयपुरि खेयरराणउ जोइवि जंतउ सक्कसमाणउ ।
णाम सुमालि णिबंध णिबद्धउ अण्णाणें णियतवहलु लद्धउ ।
खगधरणीहरि उत्तरसेणिहि णहयलवल्लहपुरि सुहजोणिहि ।
विज्जदाढु खगु पिय विज्जुप्पंहु मुहससियरधवलियदसदिसिवहु ।
ताहं बिहिं मि हियइच्छियरूवउ हरिणसिंगु मुउ सुउ संभूयउ ।
विज्जदाढु णामें दढयरभुउ जगदूयाणुरूउ भडसंथुउ ।

घत्ता—इहु भाइ तुहारउ गहयभयरु मेरुधीरु परिचत्तभउ ॥
एवं जम्मंतरवइरिएण हउ परमेसरु मोक्खगउ ॥२९॥

घत्ता—वज्रायुध सर्वार्थसिद्धिसे च्युत होकर जिनतपमें निरत संजयन्त हुआ। और ब्रह्म स्वर्गसे च्युत होकर तुम निदान शल्यसे मरकर जयन्त हुए ॥२८॥

२९

मुनिका घात करनेवाला दूसरा भी भयंकर नागराज हुआ, पापकर्मसे आयु बाँधनेवाला, पाप करनेवाला नाग (सत्यघोष) सातवें नरकमें उत्पन्न हुआ। फिर दुःख परम्परासे विदारित वह मूर्ख बालुकाप्रभ नरकमें निमग्न हुआ। त्रस, स्थावर और तिर्यंचोंकी जन्मपरम्पराके जालमें पड़ा हुआ वह घूमता रहा। समय बीतनेपर विशाल ऐरावती नदीके किनारे भूतरमण नामक गम्भीर जंगलमें गोशृंग तपस्वीकी भाग्यहीन शंखिका पत्नीसे मृगशंख नामका तपस्वी हुआ। सतामस वह पंचाग्नि तप सहन करता है। दिव्य तिलकपुरमें इन्द्रके समान जाते हुए सुमालि नामक विद्याधरको देखकर उसने निदान बाँधा और उस अज्ञानीने अपने तपका फल पा लिया। विजयार्ध पर्वतकी मुखयोनि उत्तर श्रेणीमें विद्युद्दंष्ट्र विद्याधर और उसकी प्रिया विद्युत्प्रभा थी, जो अपने मुखरूपी चन्द्रमासे दसों दिशापथ धवलित करती थी। वह मृगशृंग मरकर उन दोनोंसे मनचाहे रूपवाला पुत्र हुआ। विद्युद्दंष्ट्र नामका दृढ़तर बाहुओंवाला, योद्धाओंके द्वारा संस्तुत और यमदूतके समान—

घत्ता—यह महान् मेरुके समान धीर और परित्यक्त-भय तुम्हारा भाई, पूर्वजन्मके शत्रु इसके द्वारा आहत होकर-परमेश्वर होकर मोक्ष गया है ॥२९॥

---

२९. १. A अहमु । २. P वालय° । ३. A भयजालइ । ४. A हरिणसिंगु हूयउ तवसिणियहि; P संखु व भवसमुद्दसंखिणियहि । ५. A °पुरखेयर । ६. A वज्जदाढु । ७. A विज्जप्पह । ८. P विज्जुदाढु ।

३०

एहउ भवसंबंधु वियारिउ एत्थु केण किर को णउ मारिउ ।
म करहि तुहुं जिणधम्मविरुद्धउं णियमहि हियवउं रोसाइद्धउं ।
तं णिसुणिवि पडिजंपइ उरयरु तुह वयणेण ण मारमि खेयरु ।
पइं जिणमग्गु मज्झु वज्जरियउ भवकद्दमि पडंतु उद्धरियउ ।
तइ वि साहु उवसग्गणिरुंभणु लइ कीरइ खलदप्पणिसुंभणु । ५
एयहु कुलि सिज्झंतु[3] म विज्जउ पुरिसहं दुद्धरविहुरसहेज्जउं ।
णारिहिं सिज्झिहिंति णियमालइ संजयंतपडिमापयमूलइ ।
मागहमंडलकुवलयचंदहु इंदभूइ पुणु कहइ णरिंदहु ।
हिरिबंधेणि पयणियखयरिंदहु णासु करिवि हिरिमंतु गिरिंदहु ।
मुइवि णियद्धवइरबंदिग्गहु लहु णीसल्लु चविवि सपरिग्गहु । १०
गउ फणि संजयंतु मुणि वंदिवि रविआहउ सुरवरु अहिणंदिवि ।
सुरु जाइवि सुहि संठिउ लंतवि आउमाणि वोलीणि सउच्छवि ।

घत्ता—इह भरहखेत्ति उत्तरमहुरि पुरि अणंतवीरिउ णिवइ ॥
लायण्णरूवसोहग्गणिहि णारि मेरुमालिणिय सइ ॥३०॥

३०

यह संसार-सम्बन्ध विदारित हो गया। यहाँ किसके द्वारा कौन नहीं मारा गया ! इसलिए तुम जिनधर्मके विरुद्ध आचरण मत करो, रोषसे भरे हुए अपने मनका नियमन करो। यह सुनकर अजगर उत्तर देता है कि तुम्हारे शब्दोंसे मैं इस विद्याधरको नहीं मारूँगा। तुमने मुझे जिनमार्ग बताया है। संसारकी कीचड़में डूबते हुए मेरा उद्धार किया है। तो भी उपसर्गका रोकना जरूरी है। लो, इस दुष्टके दर्पका विनाश किया जाता है। इसके कुलमें विद्या सिद्ध नहीं होगी। इसके कुलमें लोगोंको कठोर दुःख सहन करना होगा। परन्तु स्त्रियाँ नियमके घर संजयन्त मुनिकी प्रतिमाके चरणोंमें विद्या सिद्ध करेंगी। मागधरूपी मण्डलके कुलचन्द्र इन्द्रभूति गणधर पुनः राजा श्रेणिकसे कहते हैं कि विद्याधरोंको लज्जाके बन्धनमें रखनेके कारण, पहाड़का नाम ह्रीमन्त रखकर तथा बाँधे हुए शत्रुसमूहके बंधनोंको मुक्त कर, तुम निःशल्य रहो—यह कहकर अपने परिग्रहके साथ संजयन्त मुनिकी वन्दना कर, दिवाकर देवका अभिनन्दन कर धरणेन्द्र चला गया। सज्जन देव जाकर लान्तव स्वर्गमें स्थित हो गया। उत्सवोंके साथ आयुका मान समाप्त होनेपर—

घत्ता—इस भरतक्षेत्रकी उत्तर मथुरा नगरीमें अनन्तवीर्य राजा था, उसकी लावण्य-रूप और सौभाग्यकी निधि मेरुमालिनी नामकी सती स्त्री थी ॥३०॥

---

३०. १. AP उवसग्गु । २. AP °दप्पणिसुंभणि । ३. A सिज्झंतु । A ४. दुद्धरु विहुर°; P दुद्धरि विहुरि । ५. A हरिबद्धणि पयलिय°; P हिरिबद्धणि पयलिय° ।

३१

आइच्चाहु मोहमयमद्दणु हूयउ मेरुणामु तहु णंदणु ।
णियकुलसंतइवेल्लिवराहें अमयवईहि तेण धरणाहें ।
हुउ सपुण्णविहवेणुद्दामें धरणु चविवि सुउ मंदरु णामें ।
आयण्णह विरएप्पिणु अंजलि एयहं सयलहं भणमि भवावलि ।
५ सीहसेणु करि सिरिहरु सुरवरु रस्सिवेउ रवितेउ वरामरु ।
वज्जाउहु अहमिंदु वियारउ संजयंतु दय करउ भडारउ ।
महुरु रामदत्त वि जाणिज्जइ भक्खराहु पुणु देउ भणिज्जइ ।
सिरिहरु पुणु वसुसमदिवि अणिमिसु रयणमालु अच्चुयसुरु सहरिसु ।
पुणु विजयंकु वि आइच्चाहउ जाउ मेरु पुणु मुणिगणणाहउ ।
१० वारुणि छणयिंदु वेरुलियप्पहु जसहरु कापिट्ठइ रूयप्पहु ।
रयणाउहु अच्चुयउ विहीसणु सक्करवसुमइणारउ भीसणु ।
सिरिधामउ सुउ बंभणिवासउ णिउ जयंतु फणिवइविवरासउ ।
पुणु मंदरगुणिगणसंजुत्तउ सिरिभूइ वि फणि चमरि पवुत्तउ ।

घत्ता—कुक्कुडफणि चोत्थयणरयरहु अजयरु पंकप्पहदुहिउ ॥
१५ समरुल्लउ सत्तमपुहविभउ अहि पुणु सयलदुक्खगहिउ ॥३१॥

३१

मोहमदका मर्दन करनेवाला दिवाकर नामका देव उसका मेरु नामका पुत्र हुआ। और वह धरणेन्द्र च्युत होकर अमृतवती रानीसे, अपनी कुलसन्ततिरूपी लताके श्रेष्ठ वर तथा सम्पूर्ण वैभवसे उद्दाम उस राजाका मन्दर नामका पुत्र हुआ। (आप लोग) अंजलि जोड़कर इन सबकी भवावलिको सुनिए। सिंहसेन हाथी, श्रीधर सुरवर, रश्मिवेग अर्कप्रभदेव (रवितेज), वज्रायुध सर्वार्थसिद्धिमें प्यारा अहमेन्द्र और संजयन्त आदरणीय (गणधर) दया करें। मधुराको रामदत्ता जाना जाये, फिर उसे भास्कर देव कहा जाता है, फिर श्रीधरा, फिर आठवें स्वर्गमें देव, रत्नमाला सहस्रार स्वर्गमें अच्युतदेव, विजयसे युक्त वीतभय और आदित्यप्रभ देव, तथा मेरु नामका गणधरोंका स्वामी हुआ। वारुणीका जीव, पूर्णचन्द्र वैडूर्यदेव यशोधरा, कापिष्ठ स्वर्गमें रुचकप्रभ रत्नायुध अच्युत विभीषण, दूसरी शर्करा भूमिका भीषण नारकी, श्रीधर्मा, ब्रह्मस्वर्गका देव, जयन्त, विवरोंमें आश्रित रहनेवाला धरणेन्द्र, फिर गुणियोंके गणोंसे संयुक्त मन्दर गणधर हुआ। श्रीभूति भी (सत्यघोष) सर्प चमर कहा गया।

घत्ता—कुक्कुट सर्प, चौथे नरकका नारकी, अजगर, पंकप्रभानरकका नारकी, शबर, सातवें नरकका नारकी, साँप, फिर समस्त दुःखोंको ग्रहण करनेवाला ॥३१॥

३१. १. AP अणमिसु । २. A विजयंतु वि । ३. A वेरुलिय° । ४. A भूयप्पहु । ५. AP सुउ । ६. A मंदरमुणिगण°; P मंदरि मुणिगण° । ७. A चउत्थइ णरइ तुहु । ८. A सव्वदुक्ख° ।

३२

हिंडिवि भवसंसारि परव्वसु पक्कइ हरिणसिंगु हुउ तावसु ।
विज्जुदाढ मुणिमारणदुज्जणु हो डज्झउ दुक्कम्मवियंभणु ।
भद्दमित्तु पुणु केसरिसहरु पुणरवि उवरिमगेवज्जामरु ।
चक्कावहु सासयगइगामिउ देउ समाहि मज्झु रिसिसोमिउ ।
णविवि विमलवाहणु तित्थंकरु तेरहमउ परमेट्ठि सुहंकरु । ५
गणहर गुणु परिपालिवि णीरय मोक्खहु गय वे वि मेरु मंदर गय ।
मह पसियंतु देंतु गुणदित्तइं सुद्धइं दंसणणाणचरित्तइं ।
णिच्चल होउ फुरियणहविमलह भत्ति भवंतयारिकमकमलह ।

घत्ता—कह णिसुणिवि मेरुहि मंदरहु विभियँ भरहणराहिवइ ॥
थिय जिणवरपयसंणिहियमइ पुप्फयंतकरसरिसरुइ ॥३२॥ १०

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महामच्चभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे संजयंतमेरुमंदरकहंतरं णाम सत्तावण्णासमो परिच्छेओ समत्तो ॥५७॥

३२

फिर परवश समस्त संसारमें परिभ्रमण कर बावमें मृगशृंग तापस हुआ। फिर मुनियोंको मारनेवाला दुर्जन विद्युत्दंष्ट्र हुआ। अरे, दुष्कर्मके विस्तारमें आग लगे। भद्रमित्र (सेठ) सिंहचन्द्र, फिर उपरिमग्रैवेयकका देव, फिर शाश्वतगतिगामी चक्रायुध ऋषिस्वामी देव मुझे समाधि प्रदान करें। शुभ करनेवाले परमेष्ठी तेरहवें तीर्थंकर विमलनाथको प्रणाम कर, गणधर गुणका परिपालन कर निष्पाप मेरु और मन्दर दोनों मोक्ष चले गये। वे मुझपर प्रसन्न हों, तथा गुणोंसे प्रदीप्त शुद्ध दर्शन, ज्ञान और चारित्र मुझे दें। स्फुरित आकाशके समान निर्मल तथा संसारका अन्त करनेवाले उनके चरणकमलोंमें मेरी निश्चल भक्ति हो।

घत्ता—मेरु और मन्दरकी कहानी सुनकर भरत राजा विस्मित हुए। नक्षत्रोंकी किरणोंके समान कान्तिवाले तथा जिनवरके चरणकमलोंमें अपनी बुद्धि रखनेवाले वह स्थित रह गये ॥३२॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामन्त्री भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका संजयन्त मेरु मन्दर कथान्तर नामका सत्तावनवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥५७॥

---

३२. १. A °संसारं । २. A °सिंगसुउ । ३. AP विज्जुदाढु मुणिमारणु । ४. A सासयगयं । ५. P °सासिउ । ६. A गुण । ७. A विभिउ । ८. AP पुप्फदंतं । ९. A °कहंतरवण्णणं । १०. AP सत्तावण्णा ।

संधि ५८

जेणेक्कें कम्मविमुक्कें जगु तं तेहउं लक्खिउं ॥
कयदंभहिं हरिहरबंभहिं जं जम्मि वि णं सिक्खिउं ॥ध्रुवकं॥

१

जो ण महइ जीवहं सासणासु
जें होंतें मेल्लइ सासणासु ।
सुज्झइ सम्मत्तें खाइएण
धुव्वइ देवोहें खाइएण ।
णीयंदणमंसियसासणासु
तहु जिणिंदहु भासासणासु ।
जम्मंतरि भावियभावणासु
संखोहियवितरभावणासु ।
समदिट्ठिदिट्ठकंचणतणासु
तवजलणदड्ढदुक्कियतणासु ।
णाणंतणिवेसियतिहुवणासु
दिहिवइपरिरक्खियवयवणासु ।
उब्भियसियायवत्तत्तयासु
एक्काहियवरवत्तत्तयासु ।
पवयणवारियपेसियसुरासु
कमकमलणमियदेवासुरासु ।

सन्धि ५८

कर्मसे विमुक्त जिस एकने उस वैसे संसारको देख लिया कि जिसे (देखना) दम्भ करनेवाले विष्णु, शिव और ब्रह्मा जन्म लेकर भी उसे देखना नहीं सीख सके ।

१

जो जीवोंके प्राणोंका नाश नहीं चाहता, परन्तु जिसके होनेसे जीव लक्ष्मी और चंचलता छोड़ देता है, उसे क्षायिक-सम्यक्त्व दिखाई देने लगता है । आकाशसे आकर देवता जिसकी स्तुति करते हैं, जिनका शासन नागेन्द्रके द्वारा नमनीय है, जिनके शब्द सर्वभाषात्मक होते हैं, जिन्होंने जन्मान्तरमें सोलह भावनाओंका चिन्तन किया है, जिन्होंने व्यन्तर और भवनवासी देवोंको क्षुब्ध किया है, जो अपनी सम्यक् दृष्टिसे स्वर्ण और तृणको समान समझते हैं, जिन्होंने तपकी आगमें दुष्कृतरूपी तृणोंको जला दिया है, जिनके ज्ञानमें तीनों लोक निवेशित हैं, जिन्होंने धैर्यरूपी बागड़से व्रतरूपी वनकी रक्षा की है, जिनके ऊपर श्वेत आतपत्र उठे हुए हैं, जो एकसे अधिक वरवाससि आशाओंको तृप्त करनेवाले हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनोंसे मांस-मदिराके सेवनका निषेध किया है, जिनके चरण-कमलोंमें देव और असुर नमन करते हैं ।

A has, at the beginning of this samdhi, the following stanza:—

संजुडियजाणुकोप्परगीवाकडिबन्धणावयवो ।
अणुहवइ वेरियं तुज्झ जं पावइ लेहुओ दुक्खं ॥ १ ॥

P and K do not give it anywhere.

१. १. P लक्खियउं । २. AP ण वि सिक्खि° । ३ P सिक्खियउं । ४. A देवेहिं; P देवोहिं । ५. AP णाइंद° । ६. A जम्मंतरभमिय° । ७. PT णाणंति णिवे° । ८. PT °पेसीसुरासु । ९. AP °णमिय° ।

घत्ता—[10]हयधंतहु गुणवंतहु अणिमिसकेउकयंतहु ॥
[11]भयवंतहु अरहंतहु पणविवि पयइं अणंतहुं ॥१॥

२

पुणु कहमि कहाणउं कामहारि तहु केरउं सासयसोक्खकारि ।
धादइसंडहु पच्छिमदिसाइ वित्थिण्णें मेरुपुव्विल्लभाइँ ।
परिहापाणियपरिभमियमयरि मणितोरणवंति अरिट्ठणयरि ।
पउमावल्लहु पउमरहु राउ तहु एकु दिवसु जायउ विराउ ।
आणियसंमाणियदुज्जणाइ णीणियअवमाणियसज्जणाइ ।
अविणीयइ धणमयखंभलाइ पवणाहयतणजललवचलाइ ।
बहुकवडणिविडणिवरंजियाइ भंगुरभावें णं लंजियाइ ।
महिवइलच्छिइ एयइ खलाइ मणवारणबंधणसंखलाइ ।
बद्धउ हउं णिवसमि एत्थु काइं अणुसरमि सत्ततच्चाइं ताइं ।
सिरि ढोयमि तणयहु घणरहासु संसारइ सरणु ण को वि कासु ।
इय चिंतिवि पासि सयंपहासु वउ लइयउ छिंदिवि मोहपासु ।

घत्ता—अविहंगइं धरिवि सुयंगइं एयारह जिणदिट्ठइं ॥
कयवसणइं ईदियपिसुणइं जिणिवि पंच दप्पिट्ठइं ॥२॥

घत्ता—ऐसे अन्धकारको नष्ट करनेवाले, गुणवान्, कामके लिए यम, ज्ञानवान् अनन्तनाथ अरहन्तके चरणोंको प्रणाम करता हूँ ॥१॥

२

और फिर कामको नाश करनेवाली उनकी शाश्वत सुख देनेवाली कथाको कहता हूँ। धातकीखण्डकी पश्चिम दिशामें विस्तीर्ण मेरुके पूर्वभागमें अरिष्ट नगर है, जिसके परिखाजलमें मगर परिभ्रमण करते हैं और जो मणितोरणोंसे युक्त है। उसमें पद्मादेवीका प्रिय राजा पद्मरथ था। उसे एक दिन विराग हो गया। जिसमें दुर्जनोंको लाया और सम्मानित किया जाता है, तथा सज्जनोंको निकाला और अपमानित किया जाता है, जो अविनीत और धनके मदसे विह्वल है, जो पवनसे आहत तृण और जलकणोंकी तरह चंचल है, जो अत्यन्त कपटपूर्ण दृढविटोंसे राजाका रंजन करती है, जो अपने कुटिलभावसे दासीके समान है, मनरूपी हाथीको बाँधनेके लिए शृंखलाके समान है, ऐसी इस दुष्ट राज्यलक्ष्मीसे बँधा हुआ मैं यहाँ क्यों निवास करता हूँ। मैं उन सात तत्त्वोंका अनुसरण करता हूँ। अपने पुत्र घनरथको वह लक्ष्मी देता हूँ। संसारमें कोई किसीका शरण नहीं है। यह विचार कर उसने स्वयंप्रभ मुनिके पास जाकर मोहरूपी बन्धनको काटनेके लिए व्रत ग्रहण कर लिया।

घत्ता—जिनके द्वारा उपदिष्ट ग्यारह श्रुतांगोंको धारण कर और दुःख उत्पन्न करनेवाले दर्पिष्ठ इन्द्रियरूपी दुष्टोंको जीतकर—॥२॥

---

१०. A भयवंतहु गुण° । ११. A हयवंतहु अर° ।

२. १. AP पावहारि । २. A वित्थिण्णमेरु° । ३. A भावि । ४. A °पाणिय° । ५. P °परिसमिय° । ६. AP दिवसि । ७. A °कवडणिविडमइरंजियाइ; P कवडणिविडरंजियाइ । ८. P ढोइवि ।

३

बंधिवि तित्थंकरणामगोत्तु संणासें मुउ[2] जइवइ पवित्तु ।
सो पंकयसंदणु णरवरिंदु सोलहमइ दिवि हूयउ सुरिंदु ।
बावीसमहोयहिपरिमियाउ तिकर[3]द्धपाणिपरिमाणु काउ ।
पुप्फंतरपवरविमा[4]णवासि तणुतेओहामियदुद्धरासि ।
५ बावीसहिं पक्खहिं कहिं वि ससइ हियएण देउ आहारु गसइ ।
जाणवि तेत्तियहिं जि वच्छरेहिं सेविज्जइ अमरहिं अच्छरेहिं ।
अवहीइ रूविथित्थारु ताम[8] पेच्छइ छट्ठउं णरयंतु जाम ।
किं वण्णमि सुरवइ सुक्कलेसु तहे[9] जीविउ थिउ छम्माससेसु ।
जइयहुं तइयहुं धम्मोवयारि वज्जरइ कुबेरहु कुलिसधारि ।
१० इह भरहखेत्ति साकेयणाहु पहु सीहसेणु थिरथोरबाहु ।
इक्खाउवंसु[10] कूरारिकालु जयसामासुंदरिसामिसालु ।

घत्ता—लहु एयहुं दिणयरतेयहुं करहि धणय पुरवरु घरु ॥
तं इच्छिवि सिरिणं पडिच्छिवि चलिउ जक्खु पंजलियरु ॥३॥

४

उज्झाउरि कणएं[1] कहिं वि पीय कत्थइ ससियंतजलेहिं सीय ।
कत्थइ हरिणीलमणीहिं काल णं महियलि णिवडिय मेहमाल ।

३

तीर्थंकर नाम-गोत्रका बन्ध कर वह पवित्र मुनिवर मृत्युको प्राप्त हुए । वह पद्मरथ श्रेष्ठ राजा सोलहवें स्वर्गमें राजा हुआ । उसकी आयु बाईस सागर प्रमाण थी । साढ़े तीन हाथ ऊँचा उसका शरीर था । वह पुष्पोत्तर विमानका निवासी था, अपने शरीरके तेजसे दुग्धराशिको तिरस्कृत करनेवाला था । बाईस पक्षमें कभी साँस लेता था और उतने ही वर्षोंमें जानकर मनसे वह देव आहार ग्रहण करता था । वह देवों और अप्सराओंके द्वारा सेवनीय था । अवधिज्ञानके द्वारा छठे नरकके अन्त तक जहाँ तक रूपका विस्तार है, वहाँ तक वह देखता था । शुक्ललेश्यावाले उस देववरका मैं क्या वर्णन करूँ ? जब उसका जीवन छह मास शेष रह गया तो धर्मका उपकार करनेवाला इन्द्र कुबेरसे कहता है कि इस भरतक्षेत्रके अयोध्या नगरमें स्थिर और स्थूल बाहुवाला साकेतका राजा सिंहसेन है । वह इक्ष्वाकुवंशीय क्रूर शत्रुके लिए कालके समान, जयश्यामा सुन्दरीका स्वामी श्रेष्ठ है ।

घत्ता—दिनकरके समान तेजवाले इनके लिए हे कुबेर, तुम पुरवर और घर बनाओ । उसे अपने सिरसे चाहकर और स्वीकार कर कुबेर हाथ जोड़कर चला ॥३॥

४

वह अयोध्या नगरी कहीं स्वर्णसे पीली और कहीं चन्द्रकान्त मणियोंसे शीतल है । कहीं

---

३. १. A °णामु; P °णाउं । २. AP मुयउ । ३. A तिकरद्धपाणिपरिमाणकाउ; P तिकरद्धयणियपरिमाणकाउ । ४. AP पुप्फुत्तर° । ५. AP °विवाण° । ६. A खउ वियाइ । ७. A जाम । ८. ताम । ९. A जीविउ तहु । १०. A °वंसकूरारि° ।

४. १. AP कणयं ।

कत्थइ थिय मरगय पोमराय णं आहंडलधणुदंडछाय ।
कत्थइ हल्लइ चिंधेहिं चलेहिं णं णच्चइ कामिणि करयलेहिं ।
णं गायइ भमरहिं रुणुरुणंति पारावयसद्दें णं कूणंति । ५
पुरि अक्खइ खुत्तउ कामबाणु दरिसइ व कुसुमधूलीवियाणु ।
जा णिम्मिय पालियणिहिघडेण सा मइं वण्णिज्जइ किं जडेण ।
तण्णयरीसहु पियगेहिणीइ सोहग्गमहाजलवाहिणीइ ।
हिमहासकाससंकासवासि णिद्दायंतिइ तलिमप्पएसि ।
घत्ता—सुहुं सुत्तइ पुण्णपवित्तइ रयणिहि पच्छिमजामइ ॥ १०
अवलोइय मणि पोमाइय सिविणावलि जयसामइ ॥४॥

५

करडगलियमयधारओ करि गिरिभित्तिवियारओ ।
वसहो सण्हासोहिओ खुरलंगूलपसाहिओ ।
पविणिहणहरुक्केरओ विसमो सीहकिसोरओ ।
णवपंकयसरसामिणी गयवरएहविया गोमिणी ।
गुंगुगुमंतमहुयरचलं दामजुयं सुहपरिमलं । ५
पुण्णो लच्छिसहोयरो गयणे उइउ दिवायरो ।
कीलाए उड्डीणया सरभमिरा पाढीणया ।
वयणसमप्पियसयदला कलसा दोण्णि समंगला ।

हरे और नीले मणियोंसे काली है, मानो धरतीपर मेघमाला आ पड़ी हो। कहीं मरकत और पद्मरागमणि थे, मानो इन्द्रधनुषके दण्डकी कान्ति हो। कहींपर चंचल ध्वजोंसे आन्दोलित थी, मानो कामिनी अपने चंचल हाथोंसे नाच रही हो, मानो गुनगुनाते हुए भ्रमरोंके बहाने गा रही हो, मानो कबूतरोंके शब्दोंसे शब्द कर रही हो, मानो वह नगरी लगे हुए कामबाणको बता रही हो, मानो कुसुम परागके विज्ञानको दिखा रही हो। जिसका निर्माण निधिकलशोंकी रक्षा करनेवाले कुबेरने किया हो, उसका वर्णन मुझ जैसे जड़ कविके द्वारा कैसे किया जा सकता है? सौभाग्य-महाजलकी नदी, उस नगरीके राजा की प्रिय गृहिणी, हिम हास कांसके समान पलंगपर निद्रामें ऊँघती हुई—

घत्ता—पुण्यसे पवित्र उसने सुखसे सोती हुई रात्रिके अन्तिम प्रहरमें स्वप्नावली देखी और मनमें प्रसन्न हुई ॥४॥

५

गण्डस्थलसे मद झरता हुआ और गिरिभित्तिका विदारण करनेवाला गज, गल कम्बलसे शोभित और खुर तथा पूँछसे प्रसाधित वृषभ, वज्रके समान नखोंके समूहवाला विषम सिंह किशोर, नवकमलोंके सरोवरकी स्वामिनी और गजवरोंके द्वारा अभिषिक्त लक्ष्मी, जो गुनगुन करते भ्रमरोंसे चंचल है ऐसा शुभपरिमलवाला मालायुग्म, पूर्ण लक्ष्मीसहोदर (चन्द्रमा), आकाशमें उगा हुआ सूर्य; क्रीड़ामें उड़ता हुआ और जलमें घूमनेवाला मत्स्ययुगल।

२. A चेंधें । ३. P कुणंति । ४. P णउ । ५. A सुहसुत्तइ ।
५. १. AP विसमउ ।

वियसियतामरसायरो मयरकरिल्लो सायरो ।
गरुयं गयरिउआसणं सुरसउहं तमणासणं ।
णिद्धं[2] णायणिहेलणं काओयरकयकीलणं ।
दिसिवहपत्तमऊहओ चंचिररयणसमूहओ ।
पसरियजालाणियकरो विमलो मारुयसहेयरो[3] ।
घत्ता—फलु बालहि सिविणयमालहि पुच्छंतिहि धवलच्छिहि ॥
पइ भासइ तणुरुहु होसइ तिजगणाहु तुह कुच्छिहि ॥५॥

६

रायहु घरु सयमहपेसणेण कंचीणिबद्धकिंकिणिसणेण ।
आगय सिरि हिरि धिइ कंति बुद्धि गिरइव जयसामहि दक्खबुद्धि[1] ।
माणिक्ककिरणपसरियवियार छम्मास पडिय घरि कणयधार ।
कत्तियपडिवयदिणि चंदसुक्कि रेवइणक्खत्ति मलोहमुक्कि[2] ।
गयरूवें गंगापंडुरेण कयसुकयमहीरुहफलभरेण ।
अवइण्णु सुराहिउ गब्भवासि चउभेयदेवपुज्जाणिवासि[3] ।
अहिसित्तइं मायापियरयाइं मंगलकलसहिं जिणगुणरयाइं ।
तिहुवणवइगुरुहि गुरुत्तणेण समलंकियाइं सुपहुत्तणेण ।
घत्ता—णच्चंतहिं मउ गायंतहिं करहयतूरणिणायहिं ॥
घरपंगणु दिसि गयणंगणु छायउ अमरणिकायहिं ॥६॥

जिनके मुखोंपर कमल समर्पित हैं ऐसे मंगल सहित दो कलश, विकसित कमलवाला सरोवर; मगररूपी हाथियोंसे भरा समुद्र। भारी सिंहासन, अन्धकारको नष्ट करनेवाला सुरविमान, स्निग्ध नागभवन कि जिसमें साँप क्रीड़ा कर रहे हैं, जिसकी किरणें दिशापथोंमें व्याप्त हो रही हैं ऐसा रंग-बिरंगा रत्नसमूह। जिसका ज्वाला समूह फैल रहा है ऐसा विमल अनल।

घत्ता—स्वप्नमालाके फलको पूछनेवाली धवलाक्षिणी बालासे पति कहता है कि तुम्हारी कोखसे त्रिजगस्वामी पुत्र होगा ॥५॥

६

इन्द्र की आज्ञासे करधनीमें बँधे हुए किंकिणियोंके शब्दोंके साथ श्री, ह्री, धृति, कान्ति और बुद्धि देवियाँ आयीं और उन्होंने जयश्यामाकी गर्भशुद्धि की। माणिक्य किरणोंसे जिसका विकार प्रसरित हो रहा है, ऐसी स्वर्णधारा छह माह तक घरमें बरसी। कार्तिक कृष्णा प्रतिपदाके दिन, मल समूहसे मुक्त रेवती नक्षत्रमें गंगाके समान सफेद गजरूपमें, किये गये पुण्यरूपी वृक्षके फलके भारके कारण वह सुरराज, चार प्रकारके देवोंके पूजा-निवास उस गर्भवासमें आया। जिनवरके गुणोंमें रक्त माता-पिताका मंगल कलशोंसे अभिषेक किया गया। तथा त्रिभुवनपतिके पिताको गुरुत्व और सुप्रभुत्वसे अलंकृत किया गया।

घत्ता—नाचते हुए, कोमल गाते हुए, हाथोंसे बजाये गये तूर्योंके निनादोंवाले अमरनिकायोंसे गृह-प्रांगण, दिशाएँ और आकाशरूपी प्रांगण आच्छादित हो गया ॥६॥

---

२. P दिट्ठं णाय° । ३. P सहोयरो ।

६. १. A जयसामहो । २. A चंदसुक्कि । ३. AP °पुज्जाणिवेसे ।

७

पुणु वसुवरिसणविहवें गयाइं सत्तरइं दोण्णि वासरसयाइं ।
गइ विमलरिसीसरि दीहराइं जइयहुं गयाइं णवसायराइं ।
जइयहुं अंतिमपल्लहु तिपाय गय णिहयणासियधम्मछाय ।
तइयहुँ भवभूरुहसत्तहेइ णाणत्तयधारि महाविवेइ ।
जेट्ठहु मासहु तमकसणपक्खि बारहमइ दिणि णासियविवक्खि ५
उप्पण्णउ तिहुयणसामिसालु पुरवरसंछण्णु णहंतरालु ।
दावियसुरकामिणिणट्टलीलु अवयरिवि अमरवइ चडिवि पीलु ।
परियंचिवि तं पुरवरु विसालु जणणिहि करि देप्पिणु कवडबालु ।
घत्ता—उत्तुंगहु रम्मेमयंगहु सूयरखद्धकसेरुहि ।
गउ सुंदरु देउ पुरंदरु णाहु लएप्पिणु मेरुहि ॥७॥ १०

८

भावालउ णच्चंतहिं णडेहिं खीरोयखीरधाराघडेहिं ।
अहिसित्तु भडारउ भावणेहिं वणेसुरवरेहिं जोइसगणेहिं ।
वइमाणिएहिं वीणाहरेहिं गायउ वंदिउ मउलियकरेहिं ।
भूसिउ परिहाविउ अरुहु संतु णाणें अणंतु कोक्किउ अणंतु ।
आणेप्पिणु पुणु पुरवरु पसण्णु देविंदें देविहि देउ दिण्णु । ५
पणविवि सुरवइ गउ णियविमाणु वड्ढइ सिसु णं सिसुसेयभाणु ।

७

पुनः घनको वर्षाके वैभवसे नौ माह बीतनेपर, जब विमल ऋषीश्वरको (निर्वाण प्राप्त हुए) नौ सागर समुद्र समय हो गया और जब अन्तिम पल्यके भी जिसमें निर्दया (हिंसा) के द्वारा धर्मकी छाया नष्ट हो गयी है, ऐसे अन्तिम भागमें संसाररूपी वृक्षके लिए आग, तीन ज्ञानके धारी और महाविवेकशील त्रिभुवन श्रेष्ठ, ज्येष्ठ शुक्लाकी निर्विघ्न द्वादशीके दिन उत्पन्न हुए। आकाशका अन्तराल सुरवरोंसे आच्छन्न हो गया। जिसने देवकामिनियोंको नृत्य-लीलाका प्रदर्शन किया है, ऐसा इन्द्र ऐरावतपर चढ़कर और नीचे आकर उस विशाल पुरवरकी प्रदक्षिणा कर, मायावी बालक माताको देकर—

घत्ता—और स्वामीको लेकर, "जिसमें सुअरों द्वारा अलर्कक (कसेरू) खाया जाता है, ऐसे ऊँचे स्वर्णमय सुमेरु पर्वतपर गया ॥७॥

८

भावपूर्ण नृत्य करते हुए नटों और क्षीरोदकके क्षीरधारा-घटोंके द्वारा भवनवासी देवों, व्यन्तर देवों, ज्योतिषदेवों, वैमानिकदेवों और वीणा धारण करनेवालों (किन्नरों) ने हाथ जोड़े हुए अभिषेक किया, गाया और वन्दना की। शान्त अरहन्तको भूषित किया और वस्त्र पहनाये। ज्ञानसे अनन्त होनेके कारण उनका नाम अनन्त रखा गया। पुनः नगरमें आकर देवेन्द्रने

७. १. P विमलि रिसी°। २. A °भूरुहछेत्तहेउ। ३. A °कसिण°। ४. AP अवयरिउ। ५. A कवडबालु।
६. A भम्ममयंगहु।
८. १. P omits वण°।

जोण्हालउ णिहिलकलाउ लेंतु सुहदंसणु कुवलयदिहि करंतु ।
कामग्गिताववित्थरु हरंतु अकलंकु अखंडु पसण्णकंतु ।
घत्ता—जिणु वरिसहं कयजणहरिसहं माणियइच्छियसोक्खइं ॥
जेहिं कुमरत्तणि थिउ सिसुकीलणि तहिं सत्तद्ध जि लक्खइं ॥८॥

९

पुणु तहु कइ पत्ती मयणताउ सिरि मुच्छिय चमरहिं दिण्णु वाउ ।
सिंचिय अहिसेयघडंबुएहिं सचेयण कय मइवरणएहिं ।
वड्ढिय लहु सत्तंगइं धुणंति अरि सुहि मज्झत्थु वि मणि मुणंति ।
णियपरियणणिवसणु संवरंति मिलियहं मंडलियहं मणु हरंति ।
अवलोइय णाहहु खेउ देंति वच्छयलि विउलि लीलइ वसंति ।
पुज्जिउ सूइउ इंदाइएहिं सीसेण णमंसिउ दाइएहिं ।
भुंजंतहु संपयसुहसयाइं पण्णरहसमाहं लक्खइं गयाइं ।
पण्णाससरासणु देहु तुंगु तवणीयवण्णु णं णवपयंगु ।
णाणामहिवालयकुलसमिद्धि सो रयणिहि थिउ अत्थाणमद्धि ।
घत्ता—तहिं राएं भवियसहाएं सुक्कु पडंतु णिरिक्खिय ॥
गय चंचल जिह सा सयदल तिह णररिद्धि वि लक्खिय ॥९॥

प्रसन्न देवकी माताके लिए दे दिया। इन्द्र प्रणाम करके अपने विमानमें चला गया। बालक इस प्रकार बढ़ने लगा मानो ज्योत्स्नाका घर पूर्ण कलाओंको ग्रहण करता हुआ शुभदर्शन कुवलय (पृथ्वीमण्डल—कुमुद समूह) को सौभाग्य देता हुआ बालचन्द्र हो। कामाग्निके तापका विस्तार करते हुए अकलंक अखण्ड एवं प्रसन्नकान्त—

घत्ता—जिनभगवान् लोगोंको हर्ष प्रदान करते, इच्छित सुखोंको भोगते तथा शिशुक्रीड़ा करते हुए जब कुमारावस्थामें रह रहे थे तो साढ़े सात लाख वर्ष बीत गये ॥८॥

९

फिर उनके लिए प्राप्त राजलक्ष्मी मदनसे तापको प्राप्त हुई। मूर्च्छित उसे चमरोंसे हवा दी गयी, अभिषेकके घटजलोंसे उसे अभिषिक्त किया गया, मन्त्रीवरोंके द्वारा सचेत किया गया। वह शीघ्र उठी (राज्यलक्ष्मी) और अपने सात अंगोंको (स्वामी अमात्यादि) को धुनती है, शत्रु, सुधी और मध्यस्थका अपने मनमें ध्यान करती है, अपने परिजनरूपी वस्त्रका संवरण करती है, मिले हुए माण्डलीक राजाओंका मनहरण करती है, देखनेपर जो खेद देती है, ऐसी वह उन स्वामीके वक्षस्थलपर निवास करती है, उस सुभगकी इन्द्रादिकोंने पूजा की तथा देवोंने नमस्कार किया। इस प्रकार सम्पत्तिके सैकड़ों सुख भोगते हुए उनके पन्द्रह लाख वर्ष बीत गये। उनका शरीर पचास धनुष ऊँचा था। स्वर्णके समान रंगवाले मानो नवसूर्य हों। जो नाना प्रकारके राजाओंके कुलोंसे परिपूर्ण हैं, ऐसे दरबारमें रात्रिके समय वह बैठे हुए थे।

घत्ता—वहाँ भव्यसहाय राजा अनन्तने एक टूटते हुए तारेको देखा। जिस प्रकार वह चंचल तारा सौ टुकड़े होकर चला गया, उसी प्रकार उन्होंने मनुष्यके वैभवको देखा ॥९॥

---

२. P पसण्णु कंतु । ३. A omits जहिं । ४. AP कुमरत्तणि ।

९. १. AP °घडंमएहिं । २. AP °वरणरेहिं । ३. A मज्झत्थइं । ४. P °सरासणु ।

१०

ता तणुरुइरंजियससिसीहिं संबोहिउ दिव्वमहारिसीहिं ।
पहुचणाइउं पोमासंगमेहिं कल्लाणु कयउं सुरपुंगमेहिं ।
अप्पिवि अणंतविजयहु सधामु णीसेसु रज्जु धणु साहिरामु ।
महुरज्जुणिकिंकिणिलंबमाणु आरूढउ सायरदत्तजाणु ।
छट्ठेण जेट्ठमासंतरालि बारसिवासरि णिसारवालि । ५
वरणासाघुंलिइ खरंसुजालि छज्जाणि सहेउइ घणतमालि ।
पहु पंचमुट्ठि सिरि लोउ देवि सहसेण णिवहं सहुं दिक्ख लेवि ।
थीयइ दिणि दिणयरकरफुरंति हिंडंतु देउ उज्झाइ दरंति ।
राएं विसाहभूएं आणंदु जणवयदिणि परिग महीणहंतु ।
दिण्णउं तें तहु आहारवाणु पंचविहु वियंभिउ चोज्जठाणु । १०

घत्ता—णियमत्थहु दसदिसिवत्थहु खरतवचरणसमत्थहु ॥
दुइ अद्दइं दुरियविमद्दइं गयइं तासु छम्मत्थहु ॥१०॥

११

मासम्मि पहिल्लइ महुपमत्ति णिच्चंदइ दिणि मासंतपत्ति ।
पुव्विल्लइ वणि आसत्थमूलि पंचमउ णाणु हयघाइमूलि ।
संभूयउं लोयालोयगामि थिउ अरुहावत्थहिं भुवणसामि ।
आइय बत्तीस वि सुरवरिंद गह तारा रिक्ख खरंसु चंद ।

१०

तब जिन्होंने अपने शरीरकी कान्तियोंसे पूर्णचन्द्रको रंजित किया है ऐसे दिव्य—महाऋषियों (लौकान्तिक देवों) ने उन्हें सम्बोधित किया। लक्ष्मी सहित देवश्रेष्ठोंने अभिषेक कर दीक्षा कल्याणक किया। अनन्तविजयके लिए अपना घर, समस्त राज्य और सुन्दर धन देकर, मधुर ध्वनिवाली किंकिणियोंसे शोभित सागरदत्ता नामकी शिविकामें चढ़कर ज्येष्ठ कृष्णा द्वादशीके दिन (जबकि चन्द्रमा उदित नहीं हुआ था), सूर्यके पश्चिम दिशामें ढलनेपर, सहेतुक उपवनमें पाँच मुट्ठियोंसे केश लोंच कर एक हजार राजाओंके साथ स्वामीने दीक्षा ले ली। दिनकरकी किरणोंसे चमकते हुए दूसरे दिन अयोध्या नगरीमें विहार करते हुए धरतीमें पूज्य अनन्तनाथको राजा विशाखभूतिने जयजयकार कर रोक लिया। उसने उन्हें आहार दान दिया। वहाँ पाँच आश्चर्यके स्थान हुए।

घत्ता—नियमोंमें स्थित दिगम्बर तीव्रतर तप करनेमें समर्थ और छद्मस्थ उनके पापोंको नाश करनेवाले उनके दो वर्ष बीत गये ॥१०॥

११

मधुसे प्रमद चैत्रकृष्ण अमावस्याके (चन्द्रविहीन) दिन पूर्वोक्त वन (सहेतुकवन) में अश्वत्थ वृक्षके नीचे चार घातिया कर्मोंका नाश करनेपर उन्हें पाँचवाँ ज्ञान उत्पन्न हुआ। वह लोकालोकको देखनेवाले हो गये तथा भुवनस्वामी अर्हत्-अवस्थामें स्थित हो गये। बत्तीसों

---

१०. १. AP देसु। २. A धणसाहिरामु। ३. AP सायरदत्तु। ४. AP °फुसिइ। ५. A विसाहभूई; P वसाहभूइ। ६. A तं तहु। ७. AP चोज्जु।

तडि मेह सुवण्ण दिसगिणाय मरु जलणिहि थणियासुरणिहाय ।
किंणर किंपुरिस महोरगाय गंधव्व जक्ख रक्खस पिसाय ।
संपत्त भूय भत्तिल्लभाव सयल वि थुणंति जय देव देव ।
जय जय सामासुय जय अणंत जय सिहिरमहाहिय गुणमहंत ।
जय जणणजिहणभयरहरसेउ जय सिव सासयसिवलच्छिहेउ ।
घत्ता—जिणणामें भत्तिपणामें पावमहातरु भज्जइ ॥
गयगव्वहं सव्वहं भव्वहं भावसुद्धि संपज्जइ ॥११॥

१२

अंतरियउं जं महिसुरहरेहिं जं सुहुमु ण याणिउं जगि परेहिं ।
जं केण वि णउ दिट्ठउं सुदूरु तं पइं पयडियं तुहुं भावसूरु ।
धणपुत्तकलत्तइं अहिलसंति भोयासइ तावस तउ करंति ।
तुहुं पुणु संसारु जि संपुसंतु संचरहि महामुणि चरिउं संतु ।
दिणि अच्छइ घरि वावारलीणु णिसि सोवइ जणु समदुक्खरीणु ।
तुहुं पुणु रिसि अहणिसु जग्गमाणु दीसहि परिमुक्कपमायठाणु ।
बाहिरतवेण पइं अंतरंगु रक्खिउं णीसेसु वि मुइवि संगु ।
तवतावें पइं तावियं णियंगु विद्दवियउ पइं दुद्दमु अणंगु ।

सुरवरेन्द्र उसमें आये। ग्रह, तारा, नक्षत्र, सूर्य और चन्द्रमा भी, विद्युत, मेघ, यक्ष, दिग्गज, पवन, समुद्र, गरजता हुआ असुर-समूह, किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और पिशाच और भक्तिभावसे भरे भूत वहाँ पहुँचे। सभी देव स्तुति करते हैं, 'हे देव! आपकी जय हो। हे श्यामपुत्र, अनन्त, आपकी जय हो। सूर्यसे भी अधिक तेजवाले और गुणोंसे महान् आपकी जय हो। हे जन्म-मृत्युके समुद्रके लिए सेतुके समान आपकी जय हो। हे शाश्वत मोक्षरूपी लक्ष्मीके कारण आपकी जय हो।

घत्ता—भक्तिसे प्रणम्य जिननामके द्वारा पापरूपी वृक्ष खण्डित हो जाता है और गर्वसे रहित समस्त भव्योंकी भावशुद्धि हो जाती है ॥११॥

१२

जो धरती और देव विमानोंसे अन्तर्हित है, जो सूक्ष्म है और जगमें दूसरोंके द्वारा नहीं जाना जाता, जो इतना दूर है कि किसीने नहीं देखा, उसे हे भावसूर्य, तुमने प्रकट कर दिया। तापस लोग धन, पुत्र और कलत्रकी इच्छा करते हैं और भोगकी आशासे तप करते हैं, लेकिन आप संसारका सम्मार्जन करते हुए चलते हैं। हे महामुनि, आप शान्त चारित्रका आचरण करते हैं। जन दिनमें घरमें व्यापारमें लीन रहता है, और रात्रिमें श्रमके कष्टसे थककर सो जाता है। आप ऋषि हैं, आप दिनरात जागते रहते हैं और प्रमादके स्थानसे आप मुक्त दिखाई देते हैं। समस्त परिग्रहको छोड़कर आपने बाह्य तपसे अन्तरंगकी रक्षा की है। तपतापसे आपने अपने शरीरको तपाया है और आपने दुर्दम कामदेवका दमन किया है।

---

११. १. A °भत्तिल्लभाय । २. P °णिहल° । ३. AP °जयलच्छि । ४. P महाभद । ५. A भंजइ । ६. AP भव्वहं सव्वहं ।

१२. १. P सुहमु । २. A सदूउ । ३. A संफुसंतु । ४. AP महामुणि सच्चरित्तु । ५. A अहणिसि ।

घत्ता—अणुसंकुलु हत्थयलाभलु जिह तिह तिहुयणु णिरिक्खिउं ।
मयमत्तउं मयणासत्तउं विहुवणु पहु पइं रक्खिउं ॥१२॥ १०

१३

णिम्मुक्ककसाय जिणेसरासु जाया गणहर पण्णास तासु ।
पुव्वंगधराहं सहासु वुत्तु तं तिउणउं वाइहिं दुसयजुत्तु ।
चालीससहसेंस एक्कूण भणमि पंच जि सयाइं भिक्खुयहं गणमि ।
चत्तारि सहस तिण्णि जि सयाइं अवहीहराहं पालियवयाइं ।
वयसहसई केवलदंसणाहं मणपज्जवणाणमहागुणाहं । ५
तेत्तियइं जि मयविहावणाहं वसुसमयइं सिद्धविउव्वणाहं ।
अट्ठेव सहासइं एक्कु लक्खु संजमधारिहिं सण्णाणचक्खु ।
सावयहं लक्ख दो चउ भणंति सावइहिं महाकइ किर गणंति ।
गयसंख तिरयसगण वंदणिज्ज संखेज्ज तिरिक्ख णमंसणिज्ज ।
संमेयहु सिहरु समारुहेवि छेइल्लु झाणु दढयरु धरेवि । १०
विच्छिण्णउं किरियाजालु सयलु ओसारिवि वेउ तिदेहणियलु ।
गउ मोक्खहु अमवासाणिसियहि गुरुजोयब्भासें तहिं जि दियहि ।
रिदुसमसहसाइं सउत्तराइं सिद्धाइं रिसिहिं पणमामि ताइं ।

घत्ता—अणुओंसे व्याप्त यह समस्त संसार हे प्रभु, आपने जिस प्रकार हाथपर रखा हुआ आँवला, उसी प्रकार समस्त संसारको देखा है और मदमत्त तथा काममें आसक्त त्रिभुवनकी रक्षा की है ॥१२॥

१३

उन जिनेश्वरके कषायसे रहित पचास गणधर थे। पूर्वांगधारी एक हजार कहे गये हैं, तीन हजार दो सौ वादी कहे गये हैं। उनतालीस हजार पाँच सौ भिक्षुक थे, चार हजार तीन सौ व्रतोंका पालन करनेवाले अवधिज्ञानधारी थे। केवलज्ञानी पाँच हजार, मनःपर्ययज्ञानी महागुणसे युक्त पाँच हजार। विक्रियाऋद्धिसे सिद्ध मुनि आठ हजार थे। संयम धारण करनेवाली और ज्ञाननेत्र आर्यिकाएँ एक लाख आठ हजार थीं। महाकवि श्रावक दो लाख गिनते हैं और श्राविकाएँ चार लाख। वन्दनीय देवगण असंख्यात था और नमन करने योग्य तिर्यंच संख्यात थे। सम्मेद शिखरपर आरोहण कर तथा दृढ़तासे अन्तिम ध्यान धारण कर उन्होंने समस्त क्रिया-जालको विच्छिन्न कर दिया। देव तीन शरीरोंकी शृंखलाको हटाकर, चैत्र कृष्णा अमावस्याके दिन, गुरुयोगमें छह हजार एक सौ मुनियोंके साथ सिद्धिको प्राप्त हुए, मैं उन्हें प्रणाम करता हूँ।

---

६. A हत्थयलो° । ७. AP सयलु । ८. AP पइं पहु ।

१३. १. A °सहासेक्कूण । २. AP सिक्खुयहं । ३. A वसुसहस सिद्ध°; P वसुसहसई सिद्ध° । ४. AP °वेउ-व्वणाहं । ५. A सणाणचक्खु । ६. P omits गण । ७. A अमवासहो णिसाहे; P अमवासाणिसीहि । ८. A सहुत्तराइं ।

घत्ता—तमहारहिं जलणकुमारहिं जिणसरीरु संकारिउ[9] ।
१५ णीसल्लहिं घल्लियफुल्लहिं अमरिंदहिं जयकारिउ ॥१३॥

१४

संपुण्णदुवालसतवविहूइ पुणु भासइ गणहरु इंदभूइ ।
अवरु वि समदमसंजमपसत्थि चित्तउ अणंतजिणणाहतित्थि ।
सुप्पहपुरिसुत्तमगुणणिहाणु सुणि मागहेसहरिबलपुराणु ।
पंचसयधणुण्णयमणुयदेहि इह जंबुदीवि सुरदिसिविदेहि ।
५ उत्तुंगु[1] काउ दिण्णायणाउ णंदउरि महाबलु णाम राउ ।
पयपालहु अरिहहु पय णवेवि रिसि जायउ तणयहु रज्जु देवि ।
मइं णउ रुद्धी सल्लें अणेण तणुचाउ करिवि सल्लेहणेण ।
उप्पण्णउ कयदहविहवियप्पि सुर सहसारइ सहसारकप्पि ।
अट्ठारहसायरपरिमियाउ किं वण्णमि सुरवरु सुद्धभाउ ।
१० घत्ता—इह भारहि पयडियसुहपहि पोयणपुरि चिरु होंतउ ॥
वसुसेणउ तियमणथेणउ णरवइ वइरिकयंतउ ॥१४॥

घत्ता—तमका नाश करनेवाले अग्निकुमार देवोंने जिन शरीरका संस्कार किया। निःशल्य तथा पुष्पवर्षा करते हुए देवोंने उनका जय-जयकार किया ॥१३॥

१४

सम्पूर्ण द्वादश प्रकारके तपकी विभूति इन्द्रभूति गणधर कहते हैं, शम-दम और संयमसे प्रशस्त अनन्तनाथ तीर्थंकरके तीर्थमें एक और वृत्तान्त हुआ। सुप्रभ और पुरुषोत्तमके गुणसमूहसे युक्त, नारायण और बलभद्रका पुराण हे मागधेश, सुनो। इस जम्बूद्वीपमें जहाँ मनुष्यके शरीरकी ऊँचाई पाँच सौ धनुष है ऐसे पूर्वविदेहके नन्दपुरमें दिग्गजकी तरह नादवाला उत्तुंग शरीर महाबल नामका राजा था। वह प्रजापाल (नामक) अर्हत्के चरणोंमें प्रणाम कर, अपने पुत्रको राज्य देकर मुनि हो गया। किसी भी प्रकार (किसी भी मूल्यपर) उसने मतिको शल्यसे अवरुद्ध नहीं होने दिया। सल्लेखनाके द्वारा शरीरका त्याग कर, जिसमें दस प्रकारके कल्पवृक्ष हैं, ऐसे सहस्रार स्वर्गमें देव हुआ। उसकी आयु अठारह सागर प्रमाण थी। उस शुद्धभाववाले देवका मैं क्या वर्णन करूँ ?

घत्ता—इस भारतवर्षमें, पहले जिसमें शुभपथ प्रकट है ऐसा पोदनपुर नगर था। उसमें स्त्रीके मनको चुरानेवाला और शत्रुओंके लिए यमके समान राजा था ॥१४॥

---

९. A सक्कारिउ ।

१४. १. P has before this: जिणतणु पणवेप्पिणु गउ सुरिंदु, धरणेंदु णरिंदु खगिंदु चंदु; K gives it in margin in second hand । २. A संपुण्णु । ३. AP उत्तुंग काउ । ४. A1 महु णावरुद्ध । ५. AP दहविहवियप्पि । ६. K तृयमण ।

१५

मुहेंदोहामियसरयचंद महएवि तासु णामेण णंद ।
रइरहसपसाहियजोव्वणाइं अच्छंति जाम विण्णि वि जणाइं ।
तामायउ जियपडिवक्खदंडु णामेण चंडसासणु पयंडु ।
अइरावयकरथिरथोरबाहु राणउ सुहडग्गणि मलयणाहु ।
वसुसेणें माण्णिउ परममित्तु हुउ कंतहि लग्गउ तासु चित्तु । ५
अवलोइवि णंदहि चारु वयणु विहु जूरइ ओहल्लंतवयणु ।
अवलोइवि णंदहि खीणु मज्झु विहु कुप्पइ तप्पइ हियय मज्झु ।
विहु सहुं ण सक्किउ मयणबाणु अवहरिवि णंद गउ णियठाणु ।
वसुसेणें दइयविओइएण असमत्थें विहिणिल्लेइएण ।
वउ लइउ पासि णासियसरासु सेयंसणामजोईसरासु । १०
अप्पणं दंडिउ छंडिउ ण माणु संमोहजणणु बद्धउं णियाणु ।

घत्ता—तवचरणहु खंचियकरणहु हउं फलु एत्तिउं मग्गमि ॥
परयारिउ सो खलु वइरिउ मारिवि परभवि वग्गमि ॥१५॥

१६

तहु रुहिरवारिधाराइ जेव परिहवपडु धोवमि होउ तेव ।
इय बंधिवि दुट्ठु णियाणसल्लु मुउ सो कालें मोहंबुगिल्लु ।
संभूयउ तहिं सहसारसग्गि जिणतवहलेण माणियसमग्गि ।

१५

अपने मुखचन्द्रसे शरद्चन्द्रको पराजित करनेवाली उसकी नन्दा नामकी महादेवी थी। जिनका यौवन रतिरससे प्रसाधित है, ऐसे वे दोनों जबतक वहाँ थे तब जिसने शत्रुपक्षके दण्डको जीत लिया है, ऐसा चण्डशासन नामका राजा आया। ऐरावतकी सूँड़के समान स्थिर और स्थूल हाथोंवाला तथा सुभटोंमें अग्रणी वह मलय देशका राजा था। वसुषेणने उसे अपना मित्र मान लिया। उसकी पत्नीसे उसका चित्त लग गया। नन्दाका सुन्दर मुख देखकर अवनतमुख वह दुष्ट पीड़ित हो उठता है। नन्दाका क्षीण मध्य भाग देखकर, उसके हृदयका मध्यभाग क्रुद्ध और सन्तप्त होता है। वह विट कामबाणको सहन करनेमें समर्थ नहीं हो सका, वह (चण्ड) नन्दाका अपहरण कर अपने स्थानपर चला गया। पत्नीसे वियुक्त, असमर्थ और भाग्यसे निस्तेज वसुषेणने कामदेवका नाश करनेवाले श्रेयांस नामक योगीश्वरके पास व्रत ग्रहण कर लिया। अपनेको दण्डित किया। परन्तु मान नहीं छोड़ा। उसने मोह उत्पन्न करनेवाला निदान बाँधा।

घत्ता—"इन्द्रियोंको दमित करनेवाले तपश्चरणका मैं इतना ही फल माँगता हूँ कि दूसरे जन्ममें परस्त्रीका अपहरण करनेवाले उसे मारकर मैं नृत्य करूँ।" ॥१५॥

१६

जिस प्रकार उसकी रक्तरूपी जलधारामें मैं अपने पराभवके पटको धो सकूँ, वैसे ही वह दुष्ट यह निदान-शल्य बाँधकर और मोहग्रस्त होकर समय आनेपर मर गया। जिन तपके

१५. १. AP मुहयंदों। २. A °पडिवक्खखंडु; P °पडिवक्खदंडु। ३. A चंडसासणपयंडु। ४. A सुहडग्गमि।
५. AP मूरइ। ६. A ओहुल्लंभवयणु; P ओहुल्लुल्लवयणु। ७. A सहिवि। ८. K ब्रउ।
१६. १. A मोहंबगिल्लु but T मोहजलार्द्रः।

तहिं दिट्ठउ तेण महाबलेण देवेण भव्वजणवच्छलेण ।
बद्धउ सणेहु कीलाविसालु सहवासें दोहिं मि गलिउ कालु ।
तहिं कालि सहिवि णाणाकिलेसु परिभमिवि चंडसासणु भवेसु ।
इह भारहि कासीणामदेसि[2] वाणारसिपुरि वरि धरणिवेसि[3] ।
पुहईसरु तहिं णामें विलासु गुणवइणामें महएवि तासु ।
एयहं दोहं मि लक्खणणिउत्तु महुसूयणु णामें जाउ पुत्तु[4] ।

घत्ता—रणि मिलियहं परमंडलियहं भुयबलु पबलु विजित्तउं ।
तें[5] सुहयरु रुप्पयगिरिवरु धरिवि महीयलु भुत्तउं ॥१६॥

१७

जहिं लक्खहं वरिसहं जंति[1] णिहियाइं जहिं वरिससयाइं जि संठियाइं ।
तहु भुंजंतहु लच्छीविलासु तहिं अवसरि सुणि अवरें[2] वि पयासु ।
दारावइपुरि णं दससयक्खु सोमप्पहु पहु णवपउमचक्खु[3] ।
तहु जयवइ अवर वि अत्थि बीय लहुई पणइणि सीमेण सीय ।
कालेण मुवणि किर को ण गसिउ सुरवरु सहसारविमाणलहसिउ ।
पढमाइ महाबलु पुत्तु जणिउ बीयेंह जो चिरु वसुसेणु भणिउ ।
सुप्पहु पुरिसुत्तमु णामधारि ते बेण्णि वि हलहरदाणवारि ।
ते बेण्णि वि पंडुरकसणवण्ण ते बेण्णि वि उण्णयपुण्णधण्ण[4] ।

फलस्वरूप वह मान्य सामग्रीसे युक्त सहस्रार स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। वहाँ उसे भव्यजनोंके लिए वत्सल महाबल देवने देखा। उसका स्नेह हो गया। इस प्रकार साथ-साथ रहते हुए क्रीड़ासे विशाल उनका समय बीत गया। उसी समय नाना क्लेशोंको सहन कर और जन्म-जन्मान्तरोंमें भ्रमण कर चण्डशासन राजा इस भारतके काशी नामक देशके, जिसमें सुन्दर घरोंकी रचना है, ऐसे वाराणसी नगरमें विलास नामका राजा था और उसकी गुणवती नामकी पत्नी थी। इन दोनोंके लक्षणोंसे परिपूर्ण मधुसूदन नामका पुत्र हुआ।

घत्ता—युद्धमें आये हुए शत्रुराजाओंके प्रबल भुजबलको उसने जीत लिया। उसने शुभकर विजयार्ध गिरिवरको अपने अधीन कर धरतीतलका भोग किया ॥१६॥

१७

जहाँ लाखों वर्ष ऐसे बीत जाते हैं कि जैसे सैकड़ों वर्ष बीते हों। वहाँ उसके लक्ष्मी-विलासका भोग करते हुए उस अवसरपर दूसरा प्रकाश (महिमा या प्रसंग) सुनिए। द्वारावती नगरीमें नवकमलके समान आँखोंवाला सोमप्रभ नामका राजा था जो मानो इन्द्र था। उसकी जयावती और दूसरी छोटी सीता नामकी प्रणयिनी थी। इस संसारमें समयके द्वारा कौन नहीं ग्रस्त होता? वह सुरवर सहस्रार विमानसे च्युत होकर पहली रानी (जयावती) से महाबल नामका पुत्र हुआ। दूसरीसे जो वसुषेण नामका राजा था, वह सुप्रभ नामका धीर पुरुषोत्तम

---

२. AP °देसु । ३. A °पुरवरविसेसु; P °पुरिवरवरविसेसु । ४. AP महसूयणु । ५. A तं सुहयरु ।
१७. १. AP तहिं । २. AP अवरु । ३. P णउ पउम° । ४. AP °विवाण । ५. P बीयउ ।
६. AP पुण्णवण्ण ।

ते वेण्णि वि साहियसिद्धविज्ज ते वेण्णि वि खयरामरहं पुज्ज ।
घत्ता—हरिकंधर धवलधुरंधर जोइवि कलहपियारउ ॥ १०
महिरायहु दाविय घायहु जाइवि अक्खइ णारउ ॥१७॥

१८

भो भो महसूयण सुहडसीह समरंगणि को तुह लेहइ लीह ।
सुंदर सोमप्पहदेहजाय मइं दिट्ठा सुणि रायाहिराय ।
दारावइपुरवरि दोण्णि भाय सक्कु वि एउ थामइ ताहं छाय ।
णं तुहिणंजणमहिहर महंत थिर तीसवरिसलक्खाउवंत ।
पण्णाससरासणदेहमाण संगामरंगणिव्वूढमाण । ५
तहिं कालेंसलोणउ भणइ एम्व भो सुप्पह महिवइ तुहुं जि देव ।
को अण्णु राउ मइं जीवमाणि को जीवइ गुणसंणिहियबाणि ।
आरूसेप्पिणु दुम्मियमणेण दा दूउ दिण्णु महसूयणेण ।
पडिवक्खपसंसियविक्कमासु गउ तासु पासि पुरिसुत्तमासु ।
पभणिउं भो भो लहु देहि कप्पु अविणयकखणु किं किर करहि दप्पु । १०
घत्ता—पहु मण्णहि कलि अवगण्णहि करि उत्तउं मइ केरउं ॥
महसूयणि भिडिय महारणि ण रमइ खग्गु तुहारउं ॥१८॥

हुआ। वे दोनों क्रमशः बलभद्र और नारायण थे। वे दोनों ही धवल और कृष्ण वर्णके थे, वे दोनों ही उन्नत पुण्यरूपी धान्यवाले थे। उन दोनोंने विद्याएँ सिद्ध की थीं। वे दोनों ही विद्याधरों और अमरोंके द्वारा पूज्य थे।

घत्ता—वृषभके समान कन्धोंवाले और धवल धुरन्धर उन दोनोंको देखकर कलहप्रिय नारद जाकर आघात करनेवाले धरतीके राजासे कहता है ॥१७॥

१८

"हे सुभटोंमें सिंह मधुसूदन, युद्धके प्रांगणमें तुम्हारी रेखा कौन पोंछ सकता है? हे राजाधिराज, सुनिए—सुन्दर, सोमप्रभके शरीरसे उत्पन्न द्वारापुरीमें मैंने दो भाई देखे हैं। उनकी कान्तिको इन्द्र भी नहीं पा सकता मानो वे महान् हिम और नीलांजनके पहाड़ हैं, स्थिर और तीस लाख वर्षकी आयुवाले हैं, उनके शरीरका प्रमाण पचास धनुष है, दोनों समरके प्रांगणमें निर्वाह करनेवाले हैं।" तब उनमें जो श्याम वर्णका सुप्रभ नामका (पुत्र) राजासे कहता है कि तुम्हीं एकमात्र देव हो, मेरे जीते हुए दूसरा कौन राजा हो सकता है? मेरी प्रत्यंचापर बाण चढ़ानेपर कौन जीवित रह सकता है! तब क्रुद्ध होकर मधुसूदनने पीड़ित मन होकर अपना दूत भेजा। जिसने शत्रुकी विक्रमाशाको संशयमें डाल दिया है, ऐसे उस पुरुषश्रेष्ठके पास गया और बोला, "अरे-अरे, शीघ्र कर दो। हे अज्ञानी, तुम घमण्ड क्यों करते हो।

घत्ता—तुम राजाको मानो, कलहकी उपेक्षा करो, मेरा कहा हुआ करो। मधुसूदनके महायुद्धमें लड़ते समय तुम्हारा खड्ग नहीं ठहरेगा ॥१८॥

---

१८. १. A लहइ। २. AP तीसलक्खवरिसाउअंत। ३. AP काले। ४. AP दूमिय°। ५. A धरइ; K धरइ but corrects it to रमइ।

१९

तं णिसुणिवि भासइ सीरधारि
अम्हारउ करु मग्गइ अयाणु
अम्हारउ करु सहुं धणुहरेण
अम्हारउ करु चक्केण फुरइ
अम्हारउ करु तहु कालवासु
तं सुणिवि महंतउ गउ तुरंतु
ण समिच्छइ संधि ण देइ दव्वु
तं णिसुणिवि मणि उप्पण्ण खेरि
संणद्ध सुहड हणु हणु भणंति
आरोहचरणचोइयमयंग
धाइय रहवर धयधुव्वमाण
णिग्गउ आरूसिवि राउ जाम
आयउ रिउ हय दुंदुहिणिणाउ

भो दूय म कोक्कउ गोत्तमारि।
किं ण मरइ रणि सो हम्ममाणु।
अम्हारउ करु सहुं असिवरेण।
अम्हारउ करु तहु जीउ हरइ।
जिणु मेल्लिवि अम्हइं भिच्च कासु।
विण्णवइ ससामिहि पय णमंतु।
पर चवइ रामु केसउ सगव्वु।
हय रसमसंति संणाहभेरि।
दट्ठोट्ठ रुट्ठ दढदंसुय धुणंति।
धीरासवारवाहियतुरंग।
गयणयलि ण माइय खगविमाण।
चरपुरिसहिं कहियउं हरिहि ताम।
थिउ रणभूमिहि वड्ढियकसाउ।

घत्ता—तं णिसुणिवि णियमुय धुणिवि केसउ जंपइ कुद्धउ।
मरु मारमि पलउ समारमि रिउ बहुकालहुं लद्धउ ॥१९॥

१९

यह सुनकर बलभद्र कहते हैं, "हे दूत, अपने कुलका नाश करनेवाली बात मत करो। हे अजान, जो हमसे कर मांगता है वह मारे जानेपर युद्धमें क्यों नहीं मरता? हमारा 'कर' धनुर्धरके साथ, हमारा कर असिवरके साथ, हमारा हाथ चक्रके साथ स्फुरित होता है, हमारा कर उसके जीवका अपहरण करता है, हमारा हाथ उसके लिए कालपाश है, जिनवरको छोड़कर हम और किसके दास हो सकते हैं?" यह सुनकर दूत तुरन्त गया और अपने स्वामीके चरणोंमें प्रणाम करता हुआ निवेदन करता है—'हे देव, न तो वह सन्धिकी इच्छा करता है और न धन देता है, परन्तु राम, केशव सगर्व केवल बकवास करता है।' यह सुनकर उसके मनमें वैर उत्पन्न हो गया। घोड़े हिनहिना उठे। भेरी बज उठी। सुभट तैयार होने लगे, मारो मारो कहने लगे, ओठ चबाते हुए अपने दृढ़ बाहु धुनने लगे। महावतके पैरोंसे हाथी प्रेरित हो उठे। धीर घुड़सवार घोड़ोंको हाँकने लगे। ध्वजोंसे प्रकम्पित रथ दौड़ने लगे, आकाश-तलमें विद्याधरोंके विमान नहीं समा सके। जबतक राम (बलभद्र महाबल) निकलते हैं तबतक दूत पुरुषोंने नारायणसे कहा कि दुन्दुभि-निनादके साथ शत्रु आया है और बढ़े हुए क्रोधसे युद्धभूमिमें ठहरा है।

घत्ता—यह सुनकर अपने बाहु ठोंकते हुए नारायण क्रुद्ध होकर सुप्रभसे कहता है, लो मारता हूँ, प्रलय मचाता हूँ। बहुत समयके बाद दुश्मन मिला है ॥१९॥

---

१९. १. AP सो रणि। २. AP धणहरेण। ३. AP भुयबलि। ४. P धारासवार। ५. A रह रणिधय°। ६. AP साहिउं। ७. AP विद्धणिवि।

२०

हरिवाहिणिखगवाहिणिसेय णिसायरवेणि वि हिमगिरिलेय ।
रह तुरय दुरय णरेरवरवद्द मज्जायविवज्जिय णं समुद्द ।
चलचमरछत्तधयछण्णसेण्णु उग्गयधूलीरेणुकविलवण्णु ।
दसदिसिवहभरिय ण कहिं मि माइ महि वज्जघडिय विहडिवि ण जाइ ।
फणि तेण भरेण ण केम मरइ धुयफडकडप्पु थरहरइ सरइ । ५
णरभोयणकइ रोमंचियाइं सुपहूयइं भूयइं णच्चियाइं ।
विण्णि मि सेण्णइं समुहागयाइं आलग्गइं तासियदिग्गयाइं ।
जयगोमिणिमेइणिलंपडाइं मुसुमूरियचूरियभडथडाइं ।
घत्ता—दप्पिट्ठइं वेण्णि मि दिट्ठइं सेण्णइं समरि भिडंतइं ।
हलसूलइं[10] असिकरवालहिं[11] पहरंताइं पडंतइं ॥२०॥ १०

२१

पवरासवारवेढियरहोहि रहसंकडि णिवडियविविहजोहि ।
जोहंविदलियमंडलियमउडि मउडुच्छलंतमणिकिरणविहडि ।
वियडियकवालसंदोहणीडि णीडाहिरूढसुरवरसमीडि ।
मीडामहग्घसुज्झंतवीरि वीरंगगलियकीलालणीरि ।

२०

नारायणकी सेना और विद्याधरकी सेनाके साथ धवल और श्याम रंगवाले वे चले। रथ-तुरग-गज-नरवरोंसे भयंकर वह सैन्य ऐसा मालूम होता, मानो मर्यादासे रहित समुद्र हो। चंचल चमर छत्रध्वजसे आच्छन्न तथा उड़ती हुई धूलिरजसे कपिलवर्ण सेना दसों दिशाओंमें फैलती हुई कहीं भी नहीं समा सकी। वज्रसे रचितके समान भूमि किसी प्रकार विघटित नहीं हो रही थी और इसलिए उसके भारसे किसी प्रकार मरता नहीं, कांपते हुए फनोंके समूहसे वह थर-थर कांपता हुआ चलता है। मनुष्योंके भोजनके लिए बहुतसे भूत नाच उठे। दोनों ही सैन्य आमने-सामने आ गये और दिग्गजोंको पीड़ित करते हुए एक दूसरेसे भिड़ गये। दोनों विजयरूपी लक्ष्मी और धरतीके लम्पट थे, दोनों भट समूहको मसलने और चूरित करनेवाले थे।

घत्ता—दोनों सैन्य दर्पसे भरे हुए युद्धमें लड़ते हुए, हल-मूसल-असि और करवालोंसे प्रहार करते और गिरते हुए दिखाई दे रहे थे ॥२०॥

२१

घत्ता—जो परिखा वलयसे अत्यन्त दुर्गम है, जिसमें रत्नद्वीपोंसे अन्धकार नष्ट हो गया है, जो पंचरंगी ध्वजोंसे शोभित है तथा देव और देवियोंका मन मुग्ध कर लेता है ॥३॥

४

उसमें मेघवाहन नामका विद्याधर राजा था। उसकी प्रिय गृहिणी पीन स्तनोंवाली मेघमालिनी थी। उसकी ज्योतिर्माला नामकी प्रिय पुत्री थी, शत्रुओंके लिए दुर्लभ जो अर्ककीर्तिके लिए दी गई। उसने उससे विवाह कर लिया। वहाँ अमिततेज नामका पुत्र हुआ। स्वच्छ और श्रेष्ठ आँखोंवाली सुतार नामक कन्या हुई। वह सुन्दरी मुनियोंको भी कामकुतूहल उत्पन्न करनेवाली थी। प्रौढ़ होनेपर पिताने प्रणय करनेवाले अपनी बहनके लड़के श्रीविजयको उसे दे दिया। अमिततेज बहुत भला था। नारायणने ज्योतिप्रभा उसे ब्याह दी। इस प्रकार उसने अपने बाँधे हुए निदानका भोग किया, और समय आनेपर नरकभूमिमें पहुँचा। कामभोगके परिभारसे विरक्त हृदय विजयने लक्ष्मी श्रीविजयको देकर तप ले लिया है, यह सुनकर धन और

---

३. A देसपुरम्मइ ।

४. १. AP तेण पुत्तु । २. AP णिबद्धु । ३. A अवहियट्ठाणउ; P अवहिट्ठाणिउ । ४. P वत्त । ५. AP तिणसउं ।

अमिततेउ णियरज्जि थवेप्पिणु भत्तिइ तउ तिव्वयरु तवेप्पिणु । १०
अक्ककित्ति जइवइ गउ मोक्खहु मुक्कउ भवसंसरणहु दुक्खहु ।
विजयभद्दु सिरिविजयहु पच्छलु जिह तिह अमिततेउ णिरु णेहलु ।
पाहुडगमणागमणपवाहें जाइ कालु बंधुहुं उच्छाहें ।
घत्ता—ता तावेक्कु सुसोत्तिउ तहिं आयउ णिम्मित्तिउ ॥
सत्तमि दिणि जं होसइ तं सिरिविजयहु घोसइ ॥४॥ १५

५

अरिपुरवरणिवसावयवाहहु तडि णिवडेसइ पोयणणाहहु ।
तडयडंति सिरि दुत्ति भयंकरि सहसा दहविहपाणखयंकरि ।
विजयभद्दु पभणइ रे बंभण णिद्दय सज्जणहियथणिसुंभण ।
जइ रायहु सिरि विज्जु पडेसइ तो तुहुं सिरि भणु किं णिवडेसइ ।
तं आयण्णिवि तणुविच्छायहु दियवरु आहासइ जुवरायहु । ५
पत्थिव महु मत्थइ मलमुक्कइं णिवडिहिंति णाणामाणिक्कइं ।
मरणवयणवाएं विद्दाणउ तहिं अवसरि सइं पुच्छइ राणउ ।
को तुहुं कासु पासि कहिं सिक्खिउ केम भविस्सु अप्प पइं लक्खिउ ।
अक्खइ सुत्तकंठु पुहईसहु हउं पव्वइयउ समचं हलीसहु ।
गउ विहरंतु देसि पुरु कुंडलु णं महिणारिहि परिहिउ कुंडलु । १०

कलत्रको तृणके समान समझकर, अमिततेजको अपने राज्यमें स्थापित कर, भक्तिसे तीव्रतम तप तपकर यतिपति अर्ककीर्ति मोक्ष गया और इस प्रकार संसारके दुःखसे दूर हो गया। जिस प्रकार श्रीविजयका प्रिय विजयभद्र, उसी प्रकार और स्नेही अमिततेज, उपहारोंके आने-जानेके प्रवाह और उत्साहसे दोनों बन्धुओंका जब समय बीतने लगा—

घत्ता—तब एक ज्योतिषी ब्राह्मण वहाँ आया, और सात दिन बाद जो होनेवाला था, वह उसने श्रीविजयको बताया ॥४॥

५

"शत्रुनगरके राजारूपी श्वापदके लिए व्याधा पोदनपुरनरेशके सिरपर तड़तड़ करती हुई शीघ्र और अचानक दसों प्राणोंका अन्त करनेवाली भयंकर बिजली गिरेगी।" इसपर विजयभद्र कहता है—"हे निर्दय, सज्जनोंके हृदयको चूर-चूर करनेवाले ब्राह्मण, यदि राजाके सिरपर वज्र गिरेगा, तो तू बता तेरे सिरपर क्या गिरेगा?" यह सुनकर द्विजवर शरीरसे कान्तिहीन युवराजसे कहता है—'हे राजन्, मेरे सिरपर मलसे रहित नाना मणि गिरेंगे।' उस अवसरपर मरण शब्दकी हवासे शुष्क राजा स्वयं पूछता है—"तुम कौन हो, किसके पास तुमने कहाँ यह सीखा है? हे सुभट, तुमने किस प्रकार भविष्य देख लिया?" ब्राह्मण राजासे कहता है कि "बलभद्रके साथ मैं प्रव्रजित हुआ था। देशमें विहार करते हुए मैं कुण्डलपुर पहुँचा, जो ऐसा लगता था

६. AP णेमित्तिउ ।
५. १. A सिरि दुत्ति; P सिरि दत्ति । २. K °प्राण° । ३. AP °वायहु । ४. AP किर । ५. P केम हु भविस्सु ।

दूसहविसयपरीसहभग्गउ काइं मि जीवियवित्तिहि लग्गउ ।
घत्ता—अंतरिक्खसुणिमित्तइं सिक्खिउ गहणक्खत्तइं ॥
भउमु वि खेत्तपमाणउं अंगउं अंगणिवाणउं ॥५॥

६

सरु गंभीरु इयरु ववलक्खिउ विंजणु पुणु तिलयाइउं सिक्खिउ ।
लक्खणाइं कमलाइं पसत्थइं जाणमि मूसयछिण्णइं वत्थइं ।
वक्खाणमि जं जिह सिविणंतरु पावइ जेण सुहासुहु णरवरु ।
तं हउं सिक्खिवि अट्ठपयारउं इय एहउ णिमित्तु सवियारउं ।
केसरिरहहु पुरोहिउ सुरगुरु तासु वि सीसु विसारउ महुं गुरु ।
वंदिवि आयउ पोमिणिखेडहु फलिहालंकियकुलिसकवाडहु ।
सोमसम्मु णियजणणीभायरु मइं दिट्ठउ तहिं कयपरमायरु ।
मेलाविउ हउं तेण सदुहियहि लोमाजणियहि ससहरमुहियहि ।
ससुरयदिण्णु दव्वु भुंजंतहं दोहं मि गलिउ कालु कीलंतहं ।
हउं पर केवलु पढमि णिमित्तइं किं पि वि णिव ण समज्जमि वित्तइं ।
सासमप्पिउ कंचणु णिट्ठिउ घरि दालिद्दु रउद्दु परिट्ठिउ ।
महुं कडियलि लग्गउं कोवीणउं तो वि ण भासमि कासु वि दीणउं ।

मानो महीरूपी नारीने कुण्डल पहन लिया हो। असह्य विषय-परिषहसे भग्न होकर मैं किसी प्रकार जीविकावृत्तिमें लग गया।

घत्ता—मैंने अन्तरिक्ष-निमित्त विद्या सीखी और ग्रह-नक्षत्रोंकी विद्या सीखी। क्षेत्र प्रमाण सहित भूमिविद्या अंगको रचनासे सम्बन्धित अंग-निमित्त सीखा ॥५॥

६

और दूसरा गम्भीर स्वर निमित्त सीखा, तिल आदिके द्वारा व्यंजन निमित्त सीखा। कमलादि प्रशस्त लक्षण निमित्त सीखा। चूहों आदिके द्वारा काटे गये वस्त्रोंसे सम्बन्धित छिन्न निमित्त मैं जानता हूँ। स्वप्नान्तरमें जो जैसा है उसका व्याख्यान करता हूँ कि जिससे नरवरको शुभाशुभ फल प्राप्त होते हैं। इस प्रकार इन विचारपूर्ण आठ प्रकारके निमित्तोंको सीखकर, सिंहरथके पुरोहित बृहस्पति, उनका शिष्य विशारद मेरा गुरु है। उनकी वन्दना कर, स्फटिक-मणियोंसे अलंकृत वज्र किवाड़वाले पद्मिनीखेट नगरसे आया हूँ। सोमशर्मा मेरी माँका भाई है, अत्यन्त आदर करनेवाले उससे मैं मिला। उसने अपनी कन्या हिरण्यलोमासे मेरा मिलाप करवा दिया (विवाह कर दिया)। ससुरका दिया हुआ धन खाते हुए और क्रीड़ा करते हुए हम दोनोंका समय बीत गया। मैं केवल निमित्तशास्त्रका अध्ययन करता रहता, मैं बिलकुल भी धनका अर्जन नहीं करता। ससुरके द्वारा दिया गया धन नष्ट हो गया और घरमें भयंकर दारिद्र्य प्रवेश कर लिया। मेरी कमरमें केवल लँगोटी बची। तब भी मैं किसीसे दीन वचन नहीं कहता था।

---

६. AP °विसहपरीसह° ।

६. १. A छिण्णइं; P छित्तइं । २. P सुदुहियहि । ३. A लोमंजणियहि । ४. AP ससयर° । ५. A सुसुरय° ।

घत्ता—घरिणिइ पसरियदुक्खइ महुं डज्झंतहु मुक्खइ ॥
भुंजहि भणिवि विसालइ घित्त वराडय थालइ ॥६॥

७

दुहुं महुं दइवें दिण्णउं बंभणु एत्तिउं तेरउं अच्छइ कुलहणु ।
उज्जमु करहि ण भरहि कुडुंबउं लोयणजुयलु करिवि आयंबउं ।
एम जाम घरणीइ पवोल्लिउ ता महुं हियवउ णं झससल्लिउ ।
अहणियडउं जि अलणु पज्जालिउ इंधइ इंधणु केण वि चालिउ ।
तक्खणि सिहिफुलिंगु चच्छलियउ आविवि जलेयरि गरुयइ घिवियउं । ५
हउं थिउ तं जोयंतु सइत्तउ ता कंतइ सिरि सलिलिं सित्तउ ।
उत्तरु महुं ण देहि जंपंतिहि भैइं हर विहसिवि भासिउं पत्तिहि ।
जं इंगालउ पडिउ वरालइ तं तडि पेडिही पोयणपालइ ।
जं पइं पाणिएण अहिसिंचिउ तं जाणहि हउं रयणहिं अंचिउ ।
सा जंपइ पइ बुद्धिहि भुल्लउ चप्फलु हसंवइ चंदगहिल्लउ । १०

घत्ता—डज्झउ णिद्धणजंपिउं महुरु वि कण्णहं विप्पिउं ॥
परु जणवउ किं वुच्चइ कुलघरणिहिं वि ण रुच्चइ ॥७॥

घत्ता—जिसका दुःख बढ़ रहा है ऐसी गृहिणीने भूखसे जलते हुए मुझपर, 'खा लो' कहकर बड़ी-सी थालीमें कौड़ियाँ डाल दीं" ॥६॥

७

दैवने तुम जैसा ब्राह्मण मुझे दिया। तुम्हारा कुल धन इतना ही है, उद्यम कर अपने कुटुम्बका पालन नहीं करते हो—अपनी दोनों आँखें लाल-लाल करते हुए जब इस प्रकार स्त्रीने कहा तो मेरा हृदय प्रज्वलित हो उठा। मेरे अत्यन्त निकट जलती हुई आग थी। किसीने चूल्हेमें आग बला दी। तत्क्षण आगकी चिनगारी उचटी और आकर विशाल कौड़ीपर गिर पड़ी। मैं सावधान होकर उसे देखता हुआ स्थित था। तब पत्नीने सिरपर उसे सींच दिया। (बोली) "बोलते हुए मुझे तुम उत्तर नहीं दोगे।" तब मैंने थोड़ा हँसते हुए पत्नीसे कहा—"कौड़ीपर जो अंगारा पड़ा है वह पोदनपुरके राजापर बिजली गिरेगी और जो तुमने पानीसे उसे सींचा है, उससे तुम यह जानो कि मैं रत्नोंसे अंचित होऊँगा ?" वह बोली—"पति बुद्धिसे भोला है, चन्द्रमासे अभिभूत (पागल) वह मिथ्याभाषासे सन्तप्त होता है।

घत्ता—निर्धन व्यक्तिके द्वारा कहे हुएको आग लग जाये, मधुर होते हुए भी (कथन) कानोंके लिए बुरा लगता है, दूसरे लोग क्या कहेंगे, खुद कुलीन गृहिणीको गरीब (पति) की बात अच्छी नहीं लगती" ॥७॥

---

७. १. AP उज्जमु। २. P झससिल्लिउ। ३. AP पजालिउ। ४. AP गरुयइ अलयरि। ५. AP जं जोयंतु। ६. A omits this foot. ७. P वराडइ। ८. P तडि पडिहीसी। ९. AP जाणमि। १०. A सइ जंपइ; P स वि जंपइ। ११. P चप्पलु। १२. AP रुच्चइ।

८

इय चिंतंतु घरहु णीसरियउ
णाम अमोहजीहु ओहेच्छमि
जइ चुक्कइ तुवं केवलिदिट्ठउं
सवणु भडारा सच्चउं सुच्चइ
तं तहु भणिउ चित्ति संमाइउ
भणइ सुबुद्धि कुलिसमंजूसहि
वसहि णराहिव मज्झि समुद्दहु
चवइ सुमइ पइसहि परदुग्गरि
महसायरु भासइ ण तसिज्जइ
जं लिहियउं तं अग्गइ थक्कइ

घत्ता—सुरमहिहरथिरचित्तें
धरियणराहिवमुद्दें

हउं तुम्हारइ पुरि अवयरियउ ।
पट्टणणाहहु पलउ णियच्छमि ।
तो जाणहि चुक्कइ मइं सिट्ठउं ।
करु पडियारु जेम तुहुं रुच्चइ ।
राएं मंतिहि वयणु पलोइउ ।
आयससंखलवलयविहूसहि ।
जेणुव्वरसि सदेहविमद्दहु ।
रुप्पयगिरिवरगुहविवरंतरि ।
णरवइ जिणवरिंदु सुमरिज्जइ ।
जमकरणहु मरणहु को चुक्कइ ।

कयारक्खपयत्तें
भासिउं बुद्धिसमुद्दें ॥८॥

९

विवरि णिहित्तेउ वित्तु पहाणउ
णेहि जयंतीपंतिहिं वेविइ
अच्छइ तीहिं वि संझहिं ण्हायउ

सुणि महिवइ दिट्ठंतकहाणउ ।
सीहउरइ सिरिरामासेविइ ।
खलु दप्पिट्ठु सोमु परिवाइउ ।

८

यह विचार करते हुए घरसे निकल पड़ा और मैं तुम्हारी नगरीमें आया। मेरा नाम अमोघजिह्व है। मैं यहाँ रहता हूँ और नगरके राजाका नाश (प्रलय) देखता हूँ। हे राजन्, यदि केवलज्ञानीका कहा चूक सकता है, तो समझ लीजिए कि मेरा कहा भी चूक जायेगा। हे आदरणीय, स्वप्न सच्चा कहा जाता है, तुम्हें जैसा ठीक लगे वैसा प्रतिकार कर लीजिए। तब उसका कहा राजाके चित्तमें समा गया। उसने मन्त्रीका मुख देखा। सुबुद्धि मन्त्री कहता है—"हे राजन्, तुम लोहेकी शृंखलाओंके समूहसे अलंकृत वज्रमंजूषामें स्थित होकर समुद्रके भीतर रहो जिससे तुम अपनी देहके विनाशसे बच सको।" सुमति नामका मन्त्री कहता है कि "दूसरोंके लिए दुर्गम विजयार्ध पर्वतकी गुफाके विवरके भीतर प्रवेश करो।" मतिसागर मन्त्री कहता है—"हे राजन्, आपको पीड़ित नहीं होना चाहिए और जिनवरका स्मरण करना चाहिए। जो लिखा हुआ है, वह आगे आयेगा। यमकरण और मरणसे कौन बचता है?"

घत्ता—सुमेरु पर्वतके समान स्थिर चित्त, तथा जिसने प्रभुकी रक्षाका प्रयत्न किया है और जिसने राजा की मुद्राको धारण किया है ऐसे मतिसागर मन्त्रीने कहा—॥८॥

९

"हे राजन्, विवरमें निहित मुख्य वृत्तान्तको दृष्टान्त—कथानकके रूपमें सुनिए—ध्वज-पंक्तियोंसे प्रकम्पित तथा लक्ष्मीरूपी रमणीसे सेवित सिंहपुरमें सोमशर्मा नामका अत्यन्त दुष्ट

---

८. १. AP जा अच्छमि । २. AP णिव । ३. AP करि । ४. AP जेणुव्वरहि ।

९. १. A णिहित्तहु । २. AP सोम्मु परिवायउ ।

समयंतरपवियारणि जाए सो जिणदासें जित्तु विवाए।
दुप्परिणामें मुउ कयमायउ तहिं जि महिसु सविसाणउ जायउ। ५
णासोवंसउ विधिवि साहिउ लोएं लोणु भरेप्पिणु वाहिउ।
कालें जंतें जायउ दुब्बलु एम जीउ भुंजइ दुक्कियफलु।
गलियसत्ति सो णिवडिवि थक्कउ णायरणरणिउरुंबें मुक्कउ।
को वि ण तिणु णउ पाणिउं दावइ रूसिवि सेरिहु णियमणि भावइ।
जइयहुं हउं बलवंतउ होंतउ जइयहुं वलइउ भारु वहंतउ। १०
तइयहुं सयल देंति महुं भोयणु अज्जु ण केण वि किउ अवलोयणु।
कसमसंति दंतेहिं वलेवउं पुरयणु मइं कइयहुं वि गिलिव्वउं।
घत्ता—इय भरंतु माहिंदउ दुग्गइवेल्लीकंदउ॥
मरिवि भरेंग सतामसु हुउ तहिं पिउवणि रक्खसु॥९॥

१०

तेत्थु जि पुरि अण्णायविहूसिउ कुंभु णाम राणउ मंसासिउ।
तेण सयलु काणणमिगु खद्धउ हरिणु ससउ सारंगु ण लद्धउ।
चिंतइ सूयारउ णिरु णिक्किउ विणु मासेण ण भुंजइ घ्रुवु णृवु।
वणयरु णत्थि केत्थु पावमि पलु आहिंडवि मसाणधरणीयलु।
आणिउं बच्छियडिंभयजंगलु जीहालोलहं पेउ जि मंगलु। ५

और घमण्डी परिव्राजक अपने घरमें तीन सन्ध्याओंमें स्नान करता हुआ रहता था। जिसमें शस्त्रान्तरोंपर विचार है, ऐसे विवादमें वह जिनदासके द्वारा जीत लिया गया। वह मायावी दुष्परिणामसे मर गया और वहीं सींगोंवाला भैंसा हुआ। उसकी नाक छेदकर साध लिया (वशमें कर लिया) गया और नमक लादकर उसे चलाया। समय बीतनेपर वह दुर्बल हो गया। जीव इसी प्रकार दुष्कृतका फल भोगता है। शक्ति क्षीण हो जानेपर वह गिरकर थक गया। नागरजन समूहने उसे मुक्त कर दिया। कोई भी उसे न जल देता और न घास। वह भैंसा अपने मनमें क्रुद्ध होकर विचार करता है कि जब मैं बलवान् था और गोनीका भार ढोता था, तबतक सब लोग मुझे भोजन देते थे। परन्तु आज किसीने मेरी ओर देखा तक नहीं। मैं कसमसाकर दाँतोंसे नष्ट कर दूँगा, मैं कब इन पुरजनोंको निगल सकूँगा।

घत्ता—दुर्गतिरूपी बेलका अंकुर वह तामसी भैंसा यह स्मरण करता हुआ बोझसे मरकर वहीं मरघटमें राक्षस हुआ ॥९॥

१०

उसी नगरीमें अज्ञानसे विभूषित कुम्भ नामका मांसभक्षक राजा था। उसने जंगलके सारे पशु खा लिये। जब हरिण, खरगोश और पक्षी नहीं मिले तो निर्दय रसोइया सोचता है कि बिना मांसके राजा निश्चयसे भोजन नहीं करेगा। वनपशु नहीं हैं, मांस कैसे पा सकता हूँ। मरघटकी धरतीपर घूमकर वह पड़े हुए बच्चेके मांसको ले आया। जो लोग जीभके लालची हैं

---

३. A हयमाणउ; K also records: हयमाणउ इति पाठान्तरे। ४. AP णायउ सुविसाणउ।
५. AP णासावंसें। ६. P विधिवि। ७. A तणु। ८. P रुसइ। ९. A कसमसंतदंतेहिं।
१०. १. K मृगु। २. K ध्रुउ णिउ।

पइवि महाणससत्थणिओएं ढोइउ पहुहि रसायणपाएं
सूँसिवि तहु मुहकमलु णिरिक्खउ चारु चारु पभणंते भक्खउ ।
माणुसमासहु राउ पइट्ठउ अवरहिं दिणि सूयारु जि खद्धउ ।
साहियरक्खसविज्जाणियरउ णरवरिंदु हूयउ रयणियरउ ।
१० तहिं अवसरि पुव्विल्लउ णिसियरु तहु सरीरि संठिउ भीसणयरु ।
कुलिसकढिणणक्खेहिं वियारइ णासंतइं जंतइं पच्चारइ ।
वाहिवि वाहिवि पुणु अवहेरिउ चंगउं हुउं चिरु भुक्खइ मारिउ ।
अप्पसयत्थियाइं तमवंतइं एमहिं कहिं महुं जाहु जियंतइं ।
घत्ता—पंडुरमंदिरपयडइ ता पट्टणि कारयडइ ॥
१५ सयलु लोउ थिउ पइसिवि तहु रयणियरहु णासिवि ॥१०॥

११

ता सीहउरु पमेल्लिवि णिग्गउ णिवरक्खसु जणपच्छइ लग्गउ ।
घेंघइड त्ति णरलोहिउ घोट्टइ कडयड त्ति हड्डइं दलवट्टइ ।
चरचरंत तणुचम्मइं फाडइ णाइं णिबद्धणाहं अप्फोडइ ।
रायणिसाहचरणजुयलग्गइ ता वुत्तउ पयाइ भयभग्गइ ।
५ चरुयसयडु मणुएं संजुत्तउ दियहि दियहि लइ तुच्छु णिउत्तउ ।
जइयहुं तं आयउं ण णिरिक्खहि तइयहुं तुहुं पुणु सव्वइं भक्खहि ।
कुंभकारकडु पुरवरु घुट्ठउं णिवमेव दिज्जइ उवइट्ठउं ।

उनके लिए प्रेत-मांस भी मंगल होता है। पाकशास्त्रके विधानके अनुसार पकाकर रसोइयेने उसे दिया। राजाने सन्तुष्ट होकर उसका मुखकमल देखा, और 'बहुत सुन्दर, बहुत सुन्दर' कहकर उसको खा लिया। उसका प्रेम मांसभक्षणमें बढ़ गया और दूसरे दिन उसने रसोइयेको खा लिया। जिसने राक्षस-विद्या-समूह सिद्ध कर लिया है ऐसा वह नरवर राक्षस हो गया। उस अवसरपर पहलेका निशाचर (भैंसेका जीव) उसके शरीरमें प्रविष्ट हो गया। वह अपने कुलिशके समान कठोर नखोंसे विदीर्ण करता और भागते हुए लोगोंको उलाहना देता। बुला-बुलाकर उनका तिरस्कार करता। भला मैं बहुत समयसे भूखसे पीड़ित हूँ, स्वार्थी और अज्ञानसे भरे हुए तुम लोग मुझसे (बचकर) जीते जी कहाँ जाते हो?"

घत्ता—जो सफेद घरोंसे प्रगट है, ऐसे उस कारकट-नगरमें उस राक्षस राजासे भागकर प्रवेश कर रहने लगे ॥१०॥

११

तब वह नृपराक्षस सिंहपुरसे निकला और लोगोंके पीछे लग गया। घड़-घड़ कर लोगोंका खून पीता और कड़कड़ करके हड्डियोंको चूर-चूर कर देता। शरीरके चमड़ेको चर-चर करके फाड़ देता और उसके जोड़ोंको तोड़ डालता। राजाके दोनों पैरोंपर गिरते हुए भयभीत प्रजाने कहा—"तुम प्रतिदिन मनुष्य सहित एक गाड़ी भात निश्चित रूपसे लो, और जब तुम उसे आया हुआ न देखो, तब तुम सब लोगोंको खा डालना।" इस प्रकार वह नगर कुम्भकारकट घोषित

---

३. AP ऊसिवि । ४. AP सूयारु वि ।

११. १. AP चडयडत्ति । २. AP कडयडत्ति । ३. AP चरयरत्ति । ४. AP णिबंधणाहं । ५. AP आयउत्तं ।

तहिं जि चंडकोसिउ दियसारउ सोमसिरीमणणयणपियारउ ।
पउरणिबद्धउ णिरु दुव्वारउ अण्णहिं दिणि तहु आयहु वारउ ।
विप्पेण वि अण्णवरि णिवेसिउ पुत्तु मंडकोसिउ लहु पेसिउ । १०
भूयहिं चालिउ पासि णिसीहहु लललललंतमुहणिग्गयजीहहु ।
घत्ता—दंडपाणि अवराइउ रक्खसु संमुहुं धाइउ ।
ढंढरेहिं महिरंधइ बद्धउ वित्तु तमंधइ ॥११॥

१२

तहिं अच्छिउ अजयरु तें गिलियउ पुणु सो वलिवि ण जणणिहि मिलियउ ।
तेण देव तुहुं विवरि ण घिप्पहि एत्थु जि जीवोवाउ वियप्पहि ।
पभणइ मइसायरु महि दिज्जइ पोयणणाहु अवरु इह किज्जइ ।
ता अहिसिंचिवि मेइणिसासणि कंचणजक्खु णिहिउ सिंहासणि ।
सो किंकरजणेण पणविज्जइ सो चलचामरेहिं विज्जिज्जइ । ५
जीय देव आएसु भणिज्जइ तासु पुरउ णच्चिज्जइ गिज्जइ ।
गयणविलंबमाणधयमालउ णरवइ गंपि पइट्ठु जिणालउ ।
झायइ अधुवु असरणु तिहुवणु जिणपडिबिंबणिहियणिच्चलमणु ।
ता सत्तमउ दियहु संपत्तउ जो जणेण पोयणवइ उत्तउ ।

हुआ। जो कहा गया था, वह प्रतिदिन दिया जाने लगा। वहाँ चण्डकौशिक नामका ब्राह्मण श्रेष्ठ था जो अपनी पत्नी सोमश्रीके मन और नेत्रोंके लिए प्रिय था। एक दिन नगरप्रवरके द्वारा निबद्ध (निश्चित की गयी) दुर्निवार उसकी बारी आ गयी। ब्राह्मणने गाड़ीके ऊपर अपने पुत्र मण्डकौशिकको बैठाया और शीघ्र उसे भेजा। जिसके मुखसे लपलपाती हुई जीभ निकल रही है ऐसे राजाके पास भूत उसे ले गये।

घत्ता—तब दण्डपाणि अपराजित नामका राक्षस सामने दौड़ा। दूसरे राक्षसोंने उस बटुकको एक अन्धे महीरन्ध्रमें फेंक दिया ॥११॥

१२

वहाँ एक अजगर था। उसने उसे खा लिया। वह ब्राह्मण दुबारा आकर अपनी माँसे नहीं मिला। इसलिए हे देव, तुम अपनेको विवरमें मत डालो, यहींपर जीनेके उपायको सोचिए। मतिसागर मन्त्री कहता है—धरती दे दी जाये और पोदनपुरका दूसरा राजा बना दिया जाये। तब स्वर्णयक्षको धरतीके शासकके रूपमें अभिषेक कर सिंहासनपर स्थापित कर दिया गया। उसको किंकरजनोंके द्वारा प्रणाम किया जाता है, चंचल चमरोंके द्वारा उसे हवा की जाती है, "हे देव, आदेश दीजिए" यह कहा जाता है। उसके सम्मुख गाया और नाचा जाता है। जिसकी ध्वजमाला आकाशसे लगी हुई है ऐसे जिनमन्दिरमें जाकर वह राजा बैठ गया। वह अनित्य और अशरण त्रिभुवनका ध्यान करता है। उसका मन जिनप्रतिमामें लीन और निश्चित था। इतनेमें

६. P चंडकासिउ ; ७. AT अणु उवरि । ८. P ढंढुरेहिं । ९. AP बद्धउ ।
१२. १. A वेप्पहि; P घेप्पिहि । २. AP अवर वर । ३. AP सीहासणि । ४. P वज्जिज्जइ । ५. AP अद्धुउ ।

१० असणि पडिय तहु जक्खहु उप्परि णेमित्तियहु दिण्ण रहु हरि करि ।
पउमिणिखेडु गामसयसहियउं णंदणवणमारुयमहिमँहियउं ।

घत्ता—अण्णु वि रयणिहिं संचिउ मोत्तियदामहिं अंचिउ ॥
किउ बंभणु परिपुण्णउ पुणु पहु रज्जि णिसण्णउ ॥१२॥

१३

चंदकुंदणिहदहियहिं खीरहिं गंगासिंधुमहा[1]सरिणीरहिं ।
अट्ठावयकलसहिं जिणु[2] ण्हाणइ करिवि विइण्णइं दीणहं दाणइं ।
अप्पाणहु कुलकुवलयचंदें विहिय संति सिरिविजयणरिंदें ।
कालें जंतें तहिं णिवसंतें पोयणपुरवरु परिपालंतें ।
जणणिपसाएं मंतु लहेप्पिणु पंचपरमपरमेट्ठि णवेप्पिणु ।
सुज्जतेय विज्जाहरसामिणि साहिय विज्ज णहंगणगामिणि ।
जोव्वणभावजणियसिंगारइ एक्कहिं वासरि समउं सुतारइ ।
गउ णहेण वणि दुमदलणीलइ थिउ कामिणिकिलिकिंचियकीलइ ।
तावेत्तहिं विहरणअणुराइउ भामँरिविज्ज लहेवि पराइउ ।

घत्ता—हित्तमहारिसछायं इंदासणि खयरायं ॥
आसुरियहिं उप्पण्णउ लच्छिहि गुणसंपुण्णउ ॥१३॥

सातवाँ दिन आ गया। और ज्योतिषजनने जैसा कुछ पोदनपुरमें कहा था, वह वज्र उस स्वर्ण-यक्षके ऊपर गिर पड़ा। राजा कुम्भने उस नैमित्तिकको रथ, घोड़े और हाथी दिये। एक सौ ग्रामोंके साथ उसे पद्मिनीखेड नगर दिया, जो नन्दनवनकी हवासे महक रहा था।

घत्ता—और भी उसे रत्नोंसे संचित और मोतियोंकी मालासे अंचित किया। उस ब्राह्मण-को परिपूर्ण बना दिया और वह स्वयं पुनः राज्यमें स्थित हुआ ॥१२॥

१३

चन्द्रमा और कुन्दपुष्पोंके समान दही और दूधोंसे, गंगा-सिन्धु महानदियोंके जलोंके एक सौ आठ कलशोंसे जिनका अभिषेक कर उसने दीनजनोंको दान दिया। कुलरूपी कुवलयके चन्द्र श्रीविजय नरेन्द्रने अपने कुलकी शान्ति की। वहीं निवास करते हुए समय बीतनेपर और पोदनपुरका पालन करते हुए, मांके प्रसादसे मन्त्र पाकर, पांच परमेष्ठीको प्रणाम कर, अत्यन्त दीप्त विद्याधरोंकी स्वामिनी आकाशगामिनी विद्या सिद्ध की। एक दिन यौवनके भावसे उत्पन्न शृंगारवाली सुताराके साथ आकाशमार्गसे गया और वनमें वृक्षपत्रोंके घरमें कामिनी सुताराके साथ हँसने-रोनेकी कामक्रीड़ा करने लगा। इतनेमें विहार करनेका अनुरागी, भ्रामरी विद्या प्राप्त करनेके लिए (अशनिघोष) यहाँ आ पहुँचा।

घत्ता—जिसने शत्रुओंके माहात्म्यका अपहरण किया है, ऐसे इन्द्राशनि नामक विद्याधर राजाके द्वारा आसुरी नामकी विद्याधरीसे उत्पन्न तथा लक्ष्मीके गुणोंसे परिपूर्ण—॥१३॥

---

९. AP रहु करि हरि । ७. AP महमहियउं । ८. AP रयणहिं ।
१३. १. AP °महाणइणीरहिं । २. A जिणण्हवणइं । ३. AP भामरि° ।

१४

चमरचंचपुरवइ रइराइउ असणिघोसु णामेण पराइउ ।
तेणासुरिंदसुयसीमंतिणि दिट्ठ सुतार हारभूसियथणि ।
मोहिउ णावइ मोहणवेल्लिइ विद्धउ मयरद्धयभल्लिइ ।
मायाहरिणु तेण दक्खालिउ[1] पइ सइसामीवहु संचालिउ ।
रूवु धरिवि वरइत्तहु केरउ अज्झाहिय आणंदजणेरउ । ५
अप्पणु ह त्ति जाउ तहिं पत्तउ अमुणंतिइ घरिणीइ पवुत्तउ[2] ।
देवसिंगाइं धरंतु ण लज्जहि अज्ज वि बालत्तणु पडिवज्जहि ।
कीलणु तुज्झु तासु भयभंगउं कंपइ मरणविसंठुलु अंगउं ।
तं णिसुणिवि पररमणें भासिउं सुंदरि चारु चारु तवएसिउं ।
हउं परियत्तउ एण जि करुणें आउ जाहुं पुरवरु किं हरिणें । १०
एम भणेवि चडाविय सुरहरि रेहइ चंदरेहें[3] णं जलहरि ।
णहि जंतें दाविउं सइसरीरउं मुद्धइ तं जोइवि विवरेरउं[4] ।
मुक्क घाइ हा णाह भणंतिइ करजुयलेण सीसु पहणंतिइ ।
घत्ता—पुणु परपुरिसु ण जोइउ एण णाहु विच्छोइउ[5] ॥
सुघडिउं विहि विहडावइ एवहिं को मेलावइ ॥१४॥ १५

१४

अशनिघोष नामका रतिशोभित चमरचंचपुरका राजा आया। उसने हारसे भूषित स्तनवाली विद्याधरकी स्त्री सुताराको देखा। मोहिनीलताके समान उससे वह मोहित हो गया। हृदयमें वह कामदेवके भालेकी नोकसे विद्ध हो गया। उसने मायावी हरिण दिखाया और पतिको सतीके पाससे हटा दिया तथा सुताराको आनन्द उत्पन्न करनेवाले वरका रूप बनाकर वह जार स्वयं वहाँ पहुँचा। नहीं जानती हुई पत्नी सुतारा बोली, "मृगोंको पकड़ते हुए आपको शर्म नहीं आती, तुम आज भी बचपनको छोड़ दो। तुम्हारा खेल होता है, उसका भयसे नाश होता है, मरणसे अस्तव्यस्त उसका शरीर काँपता है।" यह सुनकर परम रमण उसने कहा—"हे सुन्दरी, तुमने सुन्दर उपदेश दिया, इस करुणासे मैं सन्तुष्ट हुआ, आओ नगरवरको चलें, हरिणसे क्या ?" यह कहकर उसने उसे सुरविमानमें चढ़ा लिया। वह ऐसी शोभित हो रही थी मानो मेघमें चन्द्ररेखा हो। आकाशमें जाते हुए उसने अपना शरीर दिखाया। वह विपरीत रूप देखकर मुग्धाने दोनों हाथोंसे सिर पीटकर हे स्वामी कहते हुए दहाड़ मारी।

घत्ता—उसने परपुरुषको नहीं देखा। इसने मेरे स्वामीका विछोह किया है। विधि सुघटितको अलग कर रहा है। इस समय कौन मिलाप कराता है ॥१४॥

१४. १. A विक्खालिउ। २. AP घरिणीइ पइ वुत्तउ। ३. K भूगाई। ४. AP चंदलेह। ५. AP °पुल्लु।

१५

एम रुयंति तेण सा णिज्जइ पियविरहिहें तिलु तिलु खिज्जइ ।
एत्तहि पवणु व वेयपयट्टउ गउमिगु पुहइणाहु पल्लट्टउ ।
मत्तमयूरवंदकयतंडवु पडिआयउ सुंदरिलयमंडउ ।
पररमणीहरणेण णिवेसिय रयणसिलायलि तेत्थु जि दरिसिय ।
लोलइ विज्ज सुतारारूवें जाणिवि गहिय कंत जमदूएं ।
वत्तउं भत्तारें किं जायउं दीसइ वयणकमलु विच्छायउं ।
अक्खइ मायाविणि हउं णट्ठी कुक्कुडफणिणा करयलि दट्ठी ।
विसरिसविसरसवियणगुरुक्की इय भणंति पाणेहिं विमुक्की ।
चंदणवंदणइंधणु पुंजिवि सूरकंतमणिजलणु पलंजिवि ।
घत्ता—पियविओयआयंपिय परिसेसियइहपरहिउ ॥
संपत्तउ जि अकंगउ णरवइ सलहि वलग्गउ ॥१५॥

१६

ता संपत्त विण्णि विज्जाहर सयणविहुरहर असिवरफरकर ।
तेहिं तिविट्ठपुत्तु ओलक्खिउ णिज्जणि वणि मरंतु णोवेक्खिउ ।
एक्कें वुज्झियमायामग्गें ताडिय झत्ति वामपायग्गें ।

१५

इस प्रकार विलाप करती हुई वह उसके द्वारा ले जायी गयी। प्रियतमके विरहमें वह तिल-तिल क्षीण हो रही थी। यहाँपर पवनके समान वेगसे भागा हुआ हरिण भाग गया। राजा लौट आया। जिसमें मत्त मयूरवृन्द नृत्य कर रहे हैं, ऐसे सुन्दर लता-मण्डपमें आया। परस्त्रीके हरण करनेवालेके द्वारा स्थापित उसी रत्न-शिलातलपर सुताराके रूपमें हिलती हुई विद्या दिखाई दी। यह जानकर कि वह यमदूत (मृत्यु) के द्वारा ग्रहण कर ली गयी है पतिने पूछा—"क्या हुआ, तुम्हारा मुखकमल कान्तिहीन दिखाई क्यों दे रहा है ?" वह मायाविनी कहती है कि कुक्कुट साँपके द्वारा हथेलीमें काटी गयी मैं नष्ट हो रही हूँ। असामान्य विषरसकी वेदनासे भरी हुई और यह कहती हुई; उसने प्राण छोड़ दिये। लाल चन्दनका ईंधन इकट्ठा कर सूर्यकान्तमणिकी ज्वालासे आग लगाकर—

घत्ता—प्रियाके वियोगसे काँपता हुआ इस लोक और परलोकके हितको छोड़ देनेवाला, कामदेवके वशीभूत होकर वह राजा चितापर चढ़ गया ॥१५॥

१६

इतनेमें दो विद्याधर वहाँ आये, जो स्वजनोंके दुःखको दूर करनेवाले और असिवररूपी अस्त्र हाथमें लिये हुए थे। उन्होंने त्रिपृष्ठके पुत्रको देखा। एकान्त वनमें मरते हुए उसकी उन्होंने उपेक्षा नहीं की। मायाके मार्गको समझनेवाले एकने बायें पैरके अग्रभागसे शीघ्र उस विद्याको

---

१५. १. K मृगु । २. A कमलवयणु; P वयणु कमलु । ३. A °इंधण । ४. A °आयामिउ ।
१६. १. AP ण उवेक्खिउ ।

पायउ करिवि णिवेंहु दक्खालिय विज्ज पणट्ठ भीयवेयालिय।
महिवइ विभैहवसु अवलोइवि खयरें भणिउ णिसुणि मणु ठोइवि। ५
जंबुदीवि भरहखेत्तंतरि चारुधोयकलहोयमहीहरि।
दाहिणसेढिहि जोइप्पहपुरि उज्जाणंतथंतकीलासुरि।
हउं तहिं पहु णामें संभिण्णउ अमिततेयैंकिंकरु माणुण्णउ।
संजय पणइणि सुउ दीवयसिहु महुं ओहच्छइ णं कंतिइ विहु।
अणण तणयें प अम्हइं सुंदर अवलोयंति सिहरिदरिकंदर। १०
चिरु परिभमिवि रमिवि पिउ बोल्लिवि गयणुल्लालिय आम वणु मेल्लिवि।
पइवय परमेसरि अहिमाणिणि ता रुयंति णहि णिसुणिय माणिणि।
घत्ता—णिरु उक्कंठिय अच्छमि वल्लह पेंइं कहिं पेच्छमि॥
हा सिरिविजय पधावहि कुढि लग्गहि म चिरावहि ॥१६॥

१७

हा हा अमियतेय दुंदुहिरव इहु अवसरु तुहु वट्टइ बंधव।
हा हा माम तिविट्ठ महाबल पइं जीवंति णेंति मेइं किं खल।
हा सासुइ देवर साहारहि मइं रोवंति काइं ण णिवारहि।
हा हलहर पइं अप्पउं तारिउ महुं लग्गंतु कुपुरिसु णं णिवारिउ।
हा हे घोर जार जैंगि सारहु मइं लहु णेहि पासि भत्तारहु। ५
जइ वि मईंणु तुहुं तो वि ण इच्छमि पइं हउं अणणसरिच्छु णियच्छमि।

ताड़ित किया और उसे प्रकट कर राजाको बता दिया, वहीं भीम वैतालिक विद्या नष्ट हो गयी। विस्मयके वशीभूत राजाको देखकर विद्याधर बोला—"मन लगाकर सुनो, जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें, जिसके उद्यानोंमें देव क्रीड़ा करते हैं ऐसे ज्योतिप्रभ नगर है। मैं उसका राजा सम्भिन्न हूँ। मानसे उन्नत, अमिततेजका अनुचर। मेरी प्रणयिनीसे दीपशिख नामका पुत्र हुआ, वह मेरे साथ है मानो कान्तिके साथ चन्द्र हो। हे सुन्दर, इस प्रकार हम पिता-पुत्र हैं। पर्वतकी घाटियों और गुफाओंको देखते हुए 'खूब परिभ्रमण कर, रमण कर और प्रिय बोलकर वन छोड़कर जैसे ही आकाशमें उछले, वैसे ही हमने पतिव्रता स्वाभिमानिनी एक मानिनीको आकाशमें रोते हुए (इस प्रकार) सुना।

घत्ता—"मैं अत्यन्त उत्कण्ठित हूँ। हे प्रिय, मैं तुम्हें कहाँ देखूँ? हे श्रीविजय दौड़ो, पीछे लगो, देर मत करो" ॥१६॥

१७

हा-हा! दुन्दुभिके समान शब्दवाले अमिततेज, हे भाई यह तुम्हारा अवसर है। हे ससुर त्रिपृष्ठ और महाबल, तुम्हारे जीवित रहते हुए दुष्ट मुझे क्यों ले जा रहे हैं? हे सास, हे देवर, तुम मुझे सहारा दो।" मुझ रोती हुईको तुम मना क्यों नहीं करते? हे बलभद्र, तुमने अपना उद्धार कर लिया, मेरे पीछे लगे हुए कुपुरुषको तुमने मना नहीं किया। हा हे घोर जार, जगमें श्रेष्ठ मेरे पतिके पास तुम मुझे ले चलो, यदि तुम कामदेव हो तो मैं तुम्हें नहीं चाहती। मैं तुम्हें

२. P णिवहु। ३. AP विभयवसु। ४. P °तेउ। ५. A तणय बे अम्हइं। ६. AP कह पइं।
१७. १. AP किं मइं। २. A ण वारिउ। ३. AP जगसारहु। ४. AP मयणु।

णिसुणिवि णियसामिहि णामक्खरु अम्हइं धाइय गुणि संधिवि सरु ।
भणिउ वइरि भडवाएं भज्जहि अवरकलत्तु हरंतु ण लज्जहि ।
अप्पहि तरुणि घुलियहारावलि दूसह सिरिविजयहु बाणावलि ।
घत्ता—ता देवीइ पवुत्तउं एव्वहिं भिडहुं ण जुत्तउं ॥
काणणि कामसमाणउ जाइवि जोइवि राणउ ॥१७॥

१८

लहु महु तणिय वत्त तहु अक्खहु जीउ जंतु णरणाहहु रक्खहु ।
तं परिहच्छिवि पणवियमत्था चंडकंडकोदंडविहत्था ।
य अम्हइं आइय वेणि वि अण तुहुं मा मरु रामारंजियमण ।
एम भणिवि दीवयसिहु पेसिउ तें पोयणपुरि वइयरु भासिउ ।
जिह हरिसुउ गउ मयणिहेसें जिह णिय घरिणि चमरचंचेसें ।
जिह वेयालियविज्जइ विलसिउ ता पहुजणणिहि वयणु विणीसिउ ।
जइ ण वि सिट्ठउं अण्णें केण वि जयगुत्तें अमोहजीहेण वि ।
तो वि सव्वु सब्भावहु आणिउं सपरोक्खु वि पच्चक्खु वि जाणिउं ।
अम्हहं घरि जायइं दुणिमित्तइं पडियइं णहयलाव णक्खत्तइं ।
पणइणिहरणु जाउ पियणीसहु जायउं विग्घु किं पि धरणीसहु ।
पर किं कुसलु पडीवउं दीसइ को वि कुसलवत्तिउ आवेसइ ।

अपने पिताके समान समझती हूँ। तब अपने स्वामीके नामके अक्षर सुनकर हम प्रत्यंचापर बाण चढ़ाकर दौड़े और शत्रुसे कहा—"भटवचनसे तुम भग्न होते हो, दूसरेकी स्त्रीका अपहरण करते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती। जिसकी हारावलि घूम रही है, ऐसी तरुणीको मुक्त कर दो। श्रीविजयकी बाणावलि तुम्हें असह्य होगी।"

घत्ता—तब उस देवीने कहा कि इस समय लड़ना ठीक नहीं। काननमें जाकर कामके समान मेरे प्रिय राजाको देखकर—॥१७॥

१८

शीघ्र मेरा समाचार उसे दो और नरनाथके जाते हुए जीवको बचाओ। उससे पूछकर प्रणमित मस्तक और हाथमें प्रचण्ड तीर और धनुष लिये हुए हम दोनों यहाँ आये हैं। हे स्त्रियोंके मनका रमण करनेवाले तुम मत मरो। यह कहकर उस विद्याधरने अपने पुत्र दीपशिखको भेजा। उसने पोदनपुरमें यह वृत्तान्त कहा कि किस प्रकार नारायणपुत्र मृगके पीछे गया, किस प्रकार चमरचंचके राजाके द्वारा उसकी गृहिणीका हरण किया गया, किस प्रकार वह वैतालिक विद्यासे विलसित था। प्रभुकी माता (स्वयंप्रभा) का वचन निकला—यद्यपि किसी औरने नहीं जयगुप्त और अमोघजिह्व नैमित्तिकोंने कहा था, तो भी सब बात सद्भावके साथ ठीक हो गयी। और परोक्ष बातको भी मैंने प्रत्यक्षरूपसे जान लिया। हमारे घरमें दुर्निमित्त हो रहे थे, आकाशसे नक्षत्र गिर रहे थे, प्रिय राजाकी प्रणयिनीका हरण होगा, राजाको भी कोई विघ्न होगा। लेकिन उल्टे उसे कोई कुशल दिखाई देगा और कोई कुशल-वार्ता आयेगी।

---

५. AP णियसामियणामक्खरु ।

१८. १. AP परिहच्छिवि । २. A आम ।

घत्ता—इय जिह विप्पहिं सिट्ठउं तिह तुहुं आयउ दिट्ठउं ॥
सुयरिवि सुयहु सयाणउं देविइ दिण्णु पयाणउं ॥१८॥

१९

छत्तछण्णरविकिरणविलासें गय तं वणु ससेण्ण आयासें ।
दिट्ठु पुत्तु आलिंगिउ मायइ भूमिभाउ णं पाउसछायइ ।
पयहिं पवंतु विवाणि चडाविउ बीयउ सिसु पोयणु पेट्ठाविउ ।
पहु रहणेउरु णियउ सहरिसहिं अमियतेयरायहु चरपुरिसहिं ।
कहिउ सो वि सवडंमुहुं णिग्गउ मिलियउ णं दिसदंतिहि दिग्गउ । ५
पायवडणु घरपाहुणयत्तणु किउ महल्लपरिवाडिपवत्तणु ।
मंतिउ मंतु कहिउ मंतीसहिं अमियतेयसिरिविजयमहीसहिं ।
णाम मरीइ वइरिजलसोसहु पेसिउ दूयउ असणिणिघोसहु ।
तेण वि णारीरयणु ण दिण्णउं भंडणु भडखंडणु पडिवण्णउं
घत्ता—आइयं दूय सुहित्तें जलणजडीसुयपुत्तें ॥ १०
हरिकुलहरपायारहु तहु सिरिविजयकुमारहु ॥१९॥

२०

दिण्ण विज्ज वीरियपोरिसखणि पहरणवारणि बंधविमोयणि ।
ओसारियखलखेयरसत्थहं रस्मिसुवेयाइयहं समत्थहं ।

घत्ता—इस प्रकार जैसे विप्रोंने कहा, वैसे ही तुम यहाँ दिखाई दिये। पुत्रकी याद करके माँ (स्वयंप्रभा) ने सैन्यके साथ प्रयाण किया ॥१८॥

१९

छत्रोंसे जिसमें रविकिरणोंका विलास आच्छन्न है, ऐसे आकाशसे वह सेना सहित उस वनमें पहुँचे। पुत्रको देखा। माताने उसका आलिंगन किया मानो भूमिभागने पावस छायाका आलिंगन किया हो। पैरोंमें पड़ते हुए उसे विमानपर चढ़ाया और दूसरे पुत्र (विजयभद्र) को पोदनपुर भेज दिया। प्रभु (श्रीविजय) रथनूपुर नगर ले जाया गया। अमिततेजके हर्षसे भरे हुए चरपुरुषोंने राजासे कहा, वह भी सामने निकला और इस प्रकार मानो दिग्गजसे दिग्गज मिला हो। पैर पड़नेसे लेकर गृहके आतिथ्य तक उसने बड़ोंकी परम्पराका प्रवर्तन किया। (अर्थात् परम्पराके अनुसार उक्त शिष्टाचारका पालन किया) मन्त्रीशोंने अपना विचारित मन्त्र कहा। अमिततेज और श्रीविजय राजाओंने शत्रुरूपी जलको सोखनेवाले मारीच नामक दूतको अशनिघोषके पास भेजा। उसने भी नारीरत्न नहीं दिया, युद्ध और भट-खण्डनको स्वीकार किया।

घत्ता—दूत वापस आ गया। अर्ककीर्तिके पुत्रने मित्रताके कारण हरिकुलगृहके प्राकार उस श्रीविजय कुमारको—॥१९॥

२०

वीर्य पौरुषकी खदान (युद्धवीर्य), प्रहरावरण और बन्ध-विमोचन विद्याएँ दीं। दुष्ट

---

३. AP आइउ । ४. कहाणउं ।
१९. १. P पट्ठविउ । २. AP आइए दूए ।
२०. १. AP परहण° । २. A रस्मिसुवेवाइयहं ।

भीमहाहवभरधुरजुत्तहं पंचसयाइं सहायइं पुत्तहं ।
बहिणीवइदिण्णाइं लएप्पिणु विज्जादेवयाउ सुमरेप्पिणु ।
चमरचंचपुरवइहि ससंदणु उक्खंधें गउ केसवणंदणु ।
णियसोहाणिज्जियहिमवंतहु अमिततेउ सिहरिहि हिरिवंसहु ।
सहसरस्सिपुत्तेण समेयउ गउ मेरुवेएं मारुयवेयउ ।
तहिं आराहियसिग्गसंवग्गहु संजयंतपडिमापायग्गहु ।
णं णिवइहि महिमंडलरिद्धी विज्ज महाजालिणि तहु सिद्धी ।
एत्तहि असणिघोससिरिविजयहं जायल संगरु सरहसहं सगयहं ।
णियसुय असणिसुघोसें पेसिय जे ते जुज्झिवि दिसिहिं पणासिय ।
सहसघोस सयघोस सुघोस वि मेहघोस अरिघोस असेस वि ।
जं गय ते पविहंडियमाणा तं मेल्लेंतु बाण फणिमाणा ।

घत्ता—णिएवि सुतारापहारउ सिरिविजयं दुव्वारउ ।
छाइउ सरवरपंतिहिं णाइ उवद्दउ संतिहिं ॥२०॥

२१

आसुरियहि लच्छिहि सुउ धायउ णाइ कयंतें दंडु णिवेइउ ।
धाराजियखयहुयवहजालें हउ विजएं पइसिवि करवालें ।
रिउ भामरिविज्जामाहप्पें विहिं रूवहिं उत्थरइ सदप्पें ।

विद्याधर समूहको हटानेवाले रश्मिवेगादि, भीम महायुद्धके भारमें जुते हुए पाँच सौ पुत्र सहायकके रूपमें अपने बहनोईको दिये। उन्हें लेकर और विद्यादेवियोंका स्मरण कर केशवनन्दन (श्रीविजय) रथ सहित चमरचंच नगरके राजापर उपस्कन्ध अश्वपर बैठकर आक्रमणके लिए गया। हवाके समान गतिवाला अमिततेज अपने पुत्र सहस्ररश्मिके साथ आकाशमार्गसे अपनी शोभासे चन्द्रमाको जीतनेवाले ह्रीवन्त पर्वतपर गया। वहाँ, जहाँ देवसमूहकी आराधना की जाती है, ऐसे संजयन्त मुनिकी प्रतिमाके आगे उसे महाज्वाला नामकी विद्या सिद्ध हुई, मानो राजाके लिए महिमण्डलकी ऋद्धि सिद्ध हुई हो। यहाँ ध्वजों और गजों सहित अशनिघोष तथा श्रीविजयमें युद्ध हुआ। अशनिघोषके द्वारा भेजे गये जो पुत्र थे वे लड़कर दिशाओंमें भाग गये। सहस्रघोष, शतघोष, सुघोष, मेघघोष और अरिघोष आदि सभी। जब वे खण्डित मान तथा नागके आकारके बाण छोड़कर चले गये—

घत्ता—तब सुताराके अपहरण करनेवालेको दुर्धर समझकर श्रीविजयने तीरोंकी पंक्तिसे उसे इस प्रकार छा लिया मानो शान्तियोंने उपद्रवको छा लिया हो ॥२०॥

२१

आसुरी लक्ष्मीका पुत्र इस प्रकार दौड़ा मानो कृतान्तने अपना दण्ड निवेदित किया हो। विजयने प्रवेश कर धाराप्रलयकी आगकी ज्वालाको जीतनेवाली तलवारसे उसे मार दिया। शत्रु

३. A ओखंधि; P उद्धहें । ४. AP हिरिमंतहु । ५. A मरुमग्गें; T मरुवेगें आकाशेन । ६. K° मृगं° । ७. A मेल्लंति । ८. AP णिएवि ।

हय वेण्णि वि चत्तारि समुग्गय ते वि दुहाइय अट्ठ समुग्गय ।
अट्ठ णिहय सोलह संजाया सोलह तय बत्तीस समाया । ५
बत्तीस वि दोखंडिय जामहिं रिउ चउसट्ठि पराइय तामहिं ।
चउसट्ठि वि विदलिय सरूवउ अट्ठावीसउ सउ संभूयउ ।
एम दुवड्ढिइ वड्ढिउ दुद्धरु हणु भणंतु असिवसुणंदयकरु ।
जलि थलि दसदिसिवहि णहपंगणि दीसइ असणिघोसु समरंगणि ।
वेढिउ पोयणणाहु खगिंदहिं णं विंझइरि महाघणविंदहिं । १०

घत्ता—जरफेरवरवभीमइ तहिं तेहइ संगामइ ॥
पत्तउ सेण्णसणाहउ रहणेउरपुरणाहउ ॥२१॥

२२

राउ सयंपहपुत्तु खलेवउ जाम ण हम्मइ तेहिं असत्तें ।
ताव अमियतेएण पवुत्तउं असणिघोस किं कियउं अजुत्तउं ।
परकलत्तु किं आणिउ गेहहु हक्कारिय भवित्ति णियदेहहु ।
एम भणेवि तेण लहु मुक्की विज्ज महाजालणि रणि दुक्की ।
पवणुद्धूयधिंधु सविमाणउ तं पेक्खवि सहस त्ति पलाणउ । ५
जहिं णाहेयहु सीमागिरिवरु विजउ णामु जहिं अच्छइ जिणवरु ।
परणारीहरु भयवसु तट्ठउ समवसरणि तहिं सुरेणु पइट्ठउ ।

भ्रामरी विद्याके माहात्म्यसे दर्पपूर्वक दो रूपोंमें उछला। दोके मारे जानेपर चार उछले। उनके भी दो भाग होनेपर आठ उत्पन्न हुए। आठके आहत होनेपर सोलह हुए। सोलहके आहत होनेपर बत्तीस हो गये, जबतक बत्तीस खण्डित हुए, तबतक चौंसठ हो गये। चौंसठ भी स्वरूपसे विदलित हो गये, तो एक सौ बीस हो गये। इस प्रकार दो की वृद्धिसे बढ़ता हुआ तथा वसुनन्दक तलवार जिसके हाथमें है ऐसा वह जल, स्थल, दसों दिशाओं और आकाशके प्रांगणमें सब जगह दिखाई देता है। इस प्रकार विद्याधरोंने पोदनपुरराजाको घेर लिया, मानो महाघनसमूहने विन्ध्याचलको घेर लिया हो।

घत्ता—बूढ़े शृगालोंसे भयंकर उस वैसे संग्राममें सेन्यसे सहित रथनूपुरका राजा वहाँ आया ॥२१॥

२२

स्वयंप्रभाका पुत्र राजा श्रीविजय जब उनके द्वारा दुष्टता और अन्यायसे नहीं मारा जा सका तो अमिततेजने कहा—"हे अशनिघोष, तुमने यह अनुचित क्या किया? दूसरेकी स्त्री अपने घरमें क्यों लाये। तुमने अपने शरीरकी होनहारको स्वयं चुनौती दी है।" इस प्रकार कहकर उसके द्वारा फेंकी गयी महाज्वालिनी नामकी विद्या शीघ्र युद्धमें पहुँची। उसे देखकर हवामें जिसका ध्वज उड़ रहा है ऐसा विमान सहित वह सहसा भाग खड़ा हुआ। जहाँ नाभेयसीम नामका गिरिवर था और जहाँ विजय नामके जिनवर थे, भयके वशीभूत होकर परस्त्रीका

---

२१. १. A समागय°। २. AP हय। ३. A जरफेरंकारवभीमइ। ४. P °णाहहु।
२२. १. AP महाजालिणि गहि दुक्की। २. AP सरणि।

सिरिविजयाइय चोइयगयघड अणुमग्गें तहु लग्ग महाभड ।
माणखंभअवलोयणभावें मुक्का पत्थिव मच्छरभावें ।
केवलणाणसमुज्जलदिट्ठिहि मउलियकर णवंति परमेट्ठिहि ।
घत्ता—जसधवलियछणयंदहु पुच्छंतहु खयरिंदहु ।
विद्धंसियवम्मीसरु अक्खइ धम्मु रिसीसरु ॥२२॥

२३

भणइ भडारउ रोसु ण किज्जइ रोसें णरयाविवरि णिवडिज्जइ ।
रोसवंतु णरु कहु व ण रुच्चइ जइ वि सुवल्लहु तो वि पमुच्चइ ।
रोसु करइ बहु आवइ संकडु रोसें पुरिसु थाइ णं कक्कडु ।
रोसु कयंतु व कं णउ तासइ अत्थु धम्मु कामु वि णिण्णासइ ।
जो रोसेण परव्वसु अच्छइ तहु मुहकमलु ण लच्छि णियच्छइ ।
माणपमत्तु ण काइं वि मण्णइ माणें गुरु देव वि अवगण्णइ ।
माणथद्धु बंधुहिं वि ण भावइ णिरु दुणिरिक्खइं दुक्खइं पावइ ।
मायाभावें जो चिम्मकइ तहु संमुहउ ण सज्जणु दुक्कइ ।
णउ वीससइ को वि णिधम्महु णिच्चुप्पंलियमायाकम्महु ।
मायारउ तिरिक्खु उप्पज्जइ लोहें णियजणणी वि विरज्जइ ।

अपहरण करनेवाला वह वहाँ उनके समवसरणकी शरणमें चला गया। श्रीविजय आदि महाभट भी अपनी गजघटाको प्रेरित करते हुए उसके मार्गके पीछे जा लगे। मानस्तम्भको देखनेके भावसे वे राजा ईर्ष्याभावसे मुक्त हो गये। जिनकी दृष्टि केवलज्ञानसे समुज्ज्वल है ऐसे परमेष्ठीको वे हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं।

घत्ता—अपने यशसे चन्द्रमाके धवलित करनेवाले विद्याधर राजाके पूछनेपर कामदेवका नाश करनेवाले ऋषीश्वर धर्मका कथन करते हैं ॥२२॥

२३

आदरणीय वह कहते हैं—'क्रोध नहीं करना चाहिए। क्रोधसे नरकके बिलमें गिरना पड़ता है। क्रोधी व्यक्ति किसीको भी अच्छा नहीं लगता, व्यक्ति कितना ही प्रिय हो (क्रोधी व्यक्ति) छोड़ दिया जाता है। क्रोध कई आपत्तियाँ और संकट उत्पन्न करता है। क्रोधसे व्यक्ति बन्दरकी तरह रहता है। यमकी तरह क्रोध किसे त्रस्त नहीं करता? उससे अर्थ, धर्म और काम नष्ट हो जाता है। जो क्रोधसे परवश हो जाता है, उसके मुखकमलको लक्ष्मी कभी नहीं देखती। मानसे प्रमत्त आदमी किसीको कुछ नहीं गिनता। मानसे गुरु और देवकी भी अवहेलना करता है। मानसे ठस (स्तब्ध) आदमी भाइयोंको भी अच्छा नहीं लगता। वह अत्यन्त दुर्दर्शनीय दुखोंको प्राप्त करता है। मायाभावसे जो व्यक्ति आचरण करता है (चिम्मकइ) उसके पास सज्जन व्यक्ति नहीं जाता। नित्य मायाकर्मका प्रयोग करनेवाले धर्महीन व्यक्तिका कोई विश्वास नहीं करता। मायारत व्यक्ति तिर्यंच गतिमें उत्पन्न होता है। लोभके कारण वह अपनी माँके प्रति विरक्त हो

---

३. AP °लोयणगावें।

२३. १. AP कह वि। २. A मंकडु। ३. A माणवंतु। ४. AP णउ।
५. AP णिद्धम्महु। ६. P विरइज्जइ।

लोहें जणु चामीयरु संचइ लोहें अप्पणु अप्पउं वंचइ ।
खाइ ण देइ धिवइ धणु खोणिहि लुद्धउ णिवडइ दुग्गयजोणिहि ।
घत्ता—एयहं चउहुं कसायहं दावियणरयणिवायहं ॥
जो अप्पाणउं रक्खइ मोक्खसोक्खु सो चक्खइ ॥२३॥

२४

मिच्छत्तें जणवउ छाइज्जइ हिंसइ सग्गगमणु पडिवज्जइ ।
मिच्छत्तें विडगुरुपय पुज्जइ मिच्छत्तें जिणणाहु विवज्जइ ।
मयणमत्तमहिलामहुसेवहं पायहिं पडइ रुद्दहं देवहं ।
मिच्छत्तेण जीउ मोहिज्जइ भवविब्भमि भामिज्जइ छिज्जइ ।
मिच्छत्तेण असंजमु वड्ढइ जीवहं जीविउ मंडेइ कड्ढइ । ५
पोसइ पंचिंदियइं दुरासइं पावइ माणउ विहुरसहासइं ।
परहणपरकलत्तअणुबंधें बज्झइ एम जीउ रयबंधें ।
तहिं अवसरि आसुरियइ लच्छिइ आणिवि सा सुतार धवलच्छिइ ।
अमियतेयसिरिविजयहं ढोइय भायरपइहिं सणेहें जोइय ।
किउ खंतब्बचित्तु णीसल्लउं भव्वहं खम मंडणउ पहिल्लउं । १०
तं रिउजणणिहि वयणु समिच्छिउ पुणु रहणेउरवइणा पुच्छिउ ।

जाता है। लोभसे मनुष्य सोना इकट्ठा करता है। लोभके कारण स्वयंसे स्वयंको ठगता है। न खाता है और न पीता है, धनको जमीनमें गाड़कर रखता है, लोभी व्यक्ति दुर्गतयोनिमें जाता है।

घत्ता—नरकमें पतन दिखानेवाली इन चार कषायोंसे जो अपनी रक्षा करता है, वह मोक्षसुखका आस्वाद लेता है ॥२३॥

२४

मिथ्यात्वसे जनपद आच्छादित होता है, हिंसासे स्वर्गगमनका प्रतिषेध होता है। मिथ्यात्वसे विटगुरु-चरणोंकी पूजा की जाती है। मिथ्यात्वसे मनुष्य जिननाथका त्याग करता है, कामदेवसे मत्त महिला और मधुका सेवन करनेवाला रौद्र देवोंके चरणोंमें गिरता है। मिथ्यात्वसे जीव मोहित होता है। संसारके चक्करोंमें घूमता है और नाशको प्राप्त होता है। मिथ्यात्वसे असंयम बढ़ता है, जीवोंका जीव बड़ी कठिनाईसे निकलता है। खोटे आशयवाली इन्द्रियोंका पोषण करता है और मनुष्य हजारों दुःख उठाता है। दूसरेके धन और स्त्रीके अनुबन्ध तथा रागके बन्धसे इस प्रकार जीव बँध जाता है। उसी अवसरपर धवल आँखोंवाली आसुरी लक्ष्मीने सुतारा लाकर अमिततेज और श्रीविजयको दे दी। भाई और पतिने उसे स्नेहपूर्वक देखा। उसने उनके चित्तको क्षम्य और शल्यहीन बना दिया। क्षमा भव्योंका पहला अलंकार है। शत्रुकी माताके वचनोंका उन्होंने विचार किया, फिर रथनूपुरके पति अमिततेजने तीर्थंकर विजयसे पूछा।

२४. १. AP °गवणु । २. A मड्डइ; P मंडइ । ३. P खंतब्बु चित्तु । ४. A सव्वहं ।

घत्ता—दुहमपावक्खयंकरु कहइ णरोहंसुहंकरु ॥
उग्गयसंसयसंकहु विजय अमियतेयंकहु ॥२४॥

२५

जंबूदीवि भरहवरिसंतरि मागहविसइ सुसासणिरंतरि ।
अचलगामि धरणीजडु बंभणु अग्गिलबंभणिथणरुहसुंभणु ।
तहु इंदग्गिभूइसुय सुहयर सुयसत्थत्थमहत्थ मणोहर ।
कविलु णामु दासेरु अलक्खिउ वेयचउक्कु सडंगइं सिक्खिउ ।
५ कुलविद्धंसणु जाणिउ विप्पें दुज्जसभीएं घाडिउ वप्पें ।
गउ रयणउरहु भज्जउं भाविउं सच्चयदियवरेण परिणाविउ ।
जंबूघरिणिहि हूई सुंदरि सच्चभाम णामेण किसोयरि ।
कुलणिंदिउं करंतु गुणवंतइ वरु कुलहीणु वियाणिउ कंतइ ।
घत्ता—णवर धणोहें चत्तउ आयण्णिवि सुयवत्तउ ।
१० दालिद्दें संतत्तउ तहिं जि ताउ संपत्तउ ॥२५॥

२६

सपराहवभीएण णमंसिउ कविलें पुरयणमज्झि पसंसिउ ।
तहु पयजुवलु तेण ओलग्गिउं दिण्णउं कंचणु जेत्तिउं मग्गिउं ।
कुलदूसणरुहणीसासुण्हइ धणु ढोइवि आवच्छिउ सुण्हइ ।

घत्ता—दुर्दम पापोंका नाश करनेवाला मनुष्योंके लिए शुभंकर श्रीविजय, जिसके मनमें सन्देहकी कील उत्पन्न है, ऐसे अमिततेजसे कहता है ॥२४॥

२५

जम्बूद्वीपमें भारतवर्षके मगध देशमें, जिसमें निरन्तर सुशासन है ऐसे अचलग्राममें धरणीजट नामका ब्राह्मण था जो अपनी अग्निला ब्राह्मणीके स्तनोंका मर्दन करनेवाला था। उसके शुभ करनेवाले इन्द्रभूति और अग्निभूति नामके पुत्र थे, दोनों सुन्दर थे और उन्होंने शास्त्रोंका अर्थ महार्थ सुना था। उसका कपिल नामका अज्ञात दासी पुत्र था। उसने चारों वेदों और छहों अंगोंको सीख लिया। विप्रने उसे कुलका नाश करनेवाला जानकर, अपयशसे डरकर पिताने उसे निकाल दिया। वह रत्नपुर गया। वहाँ सत्यक नामक ब्राह्मणने उसे भला समझा और अपनी अम्बू नामकी स्त्रीसे उत्पन्न हुई कृशोदरी सुन्दर कन्या सत्यभामा ब्याह दी। उस गुणवती कान्ताने कुलनिन्दित कर्म करते हुए उसे जान लिया कि यह कुलहीन वर है।

घत्ता—केवल धनसे रहित होकर पिता धरणीजट अपने पुत्रका समाचार सुनकर दारिद्र्य-से पीड़ित होकर वहीं आया ॥२५॥

२६

अपने पराभवसे डरे हुए (पोल खुलनेके भयसे) कपिलने नगरके लोगोंके बीच उनकी प्रशंसा की। उसने उनके चरण छुए और उसने जितना माँगा, उतना सोना दिया। विकट कर्मके

---

५. A णराह सुहंकरु ।
२५. १. A दप्पें । २. AP सच्चइ° । ३. P सच्चसामि । ४. AP आयण्णिय ।

कहइ जणणु पियवयणहिं तुट्ठउ महुं घरि दासीसुउ णिकिट्ठउ ।
कंतु तुहारउ होइ ण दियवरु एवं भणेप्पिणु गउ सो णियघरु । ५
तहिं सिरिसेणु राउ णरसिरमणि पढम सीहणंदिय तहु पणइणि ।
बीय अणिंदियँ काइं भणिज्जइ जाहि रइ वि दासि व्व गणिज्जइ ।
ताहं बिहिं मि कंतिइ सुच्छाया इंदसेणविंदसेण सुय जाया ।
कुलकलंकणउं धरियमज्जायहु जंबूधूयइ साहिउं रायहु ।
घत्ता—तेणँ खत्तिउ अवमण्णिउ जणि चंडालु व मण्णिउ ॥ १०
ककसदंडें ताडिउ पुरवराउ णिद्धाडिउ ॥२६॥

२७

सच्चभाम सइ सुद्ध हवेप्पिणु थिय उवसमु हियउल्लइ लेप्पिणु ।
सदैम अमियँगइ णामारिंजय आइय भिक्खहिं चारण संजय ।
सिरिसेणें आहारु पयच्छिउ दिज्जंतउ घरिणीहिं समिच्छिउ ।
चउदहमलपरिमुक्कु अकुच्छिउ रिसिहिं पाणिवत्तेण पडिच्छिउ ।
भायणधरणाइयउ सुधम्मउ सच्चयतणयइ किउ सुहकम्मउ । ५
चउहुं वि सुकयबीउ लइ लद्धउं भोयभूमिपरमाउ णिबद्धउं ।
सँमररंगदलवट्टियपरबलु कोसंबीणयरीसु महाबलु ।

कारण उष्ण उच्छ्वासवाली बहूने पूछा। उसके प्रिय वचनोंसे सन्तुष्ट होकर पिता कहता है कि यह मेरे घरमें नीच दासीपुत्र था। तुम्हारा पति ब्राह्मण नहीं है। ऐसा कहकर वह ब्राह्मण अपने घर चला गया। वहाँ नर-शिरोमणि श्रीषेण राजा था। उसकी पहली पत्नी सिंहनन्दिता थी। दूसरी पत्नी आनन्दिता थी, उसके विषयमें क्या कहा जाये? उससे रति भी दासीके समान समझी जाती थी। उन दोनोंके कान्तिसे सुन्दर इन्द्रसेन और उपेन्द्रसेन नामके पुत्र हुए। जम्बूकी कन्याने मर्यादाको धारण करनेवाले राजासे कुलकलंककी बात कही।

घत्ता—राजाने उसका अपमान किया, लोगोंमें वह चण्डालकी तरह समझा गया। कठोर दण्डसे प्रताड़ित उसे उस प्रवरपुरसे निकाल दिया गया ॥२६॥

२७

सती सत्यभामा शुद्ध होकर अपने मनमें शान्तभाव धारण कर रहने लगी। संयमधारी अमितगति और अरिंजय नामके दो चारण मुनि आहारके लिए आये। श्रीषेण राजाने उन्हें आहार दिया, देते हुए उसका दोनों पत्नियोंने समर्थन किया, चौदह प्रकारके मलोंसे मुक्त और अकुत्सित उस आहारको मुनियोंने अपने हाथरूपी पात्रसे स्वीकार कर लिया। बरतन आदि रखनेका जो सुधर्म है, वह सुकर्म सत्यक ब्राह्मणकी कन्याने किया। उन चारोंने पुण्यरूपी बीजको प्राप्त किया और भोगभूमिकी परम-आयुका बन्ध कर लिया। कौशाम्बी नगरीमें, जिसने युद्धके

---

२६. १. AP एम। २. P अणंदिय। ३. P साहियउं। ४. A तेण वि खलु।

२७. १. AP सच्चभाव। २. AP लएप्पिणु। ३. A सदमे but records a *p*: सदमि वा। ४. AP अमियगय। ५. AP समरंगणं।

सिरिमइदेविहि जयरुप्पण्णी तें सिरिकंत णाम सुय दिण्णी ।
दुज्जणमणपइसारियसल्लहु सिरिसेणंगरुहहु पुरिमिल्लहु ।
समउं बहुल्लियाइ गयगामिणि अवर पवर संपेसिय कामिणि ।
सा णंतमइ उविंदहु रत्ती मोहें मयरोहेण व मत्ती ।

घत्ता—णंदणवणि णिवसंतहिं दोसु रोसु चिंतंतहिं ॥
कारणि ताहि अजुत्तउं बिहिं मि जुज्झु आढत्तउं ॥२७॥

२८

धाइय पहरणपाणि ससंदण सिरिसेणें अवलोइय णंदण ।
कह व णिवारहुं बे वि ण सक्किउ णरवइ दूमिउ चित्ति चमक्किउ ।
रज्जु सणेहु सदेहु पमाइवि विससेलिधगंधु अग्घाइवि ।
रायाणीयउ तेण जि मग्गें दियधीय वि तं तिह णासग्गें ।
गरयवेइं महियलि णिवडेप्पिणु मउलियणयणइं तेत्थु मरेप्पिणु ।
धाइसंडि पुव्वभायंतरि उत्तरकुरुहि सुभोयणिरंतरि ।
चत्तारि वि अज्जइं संजायइं छहधणुसहसपमाणियकायइं ।
जायउ णिब्भरु पेमरसिल्लउं रोउ सीहणंदिय मिहुणुल्लउं ।
हुई मुणिवरदाणें णंदिय बंभणि भामिणि पुरिसें अणिंदिय ।

प्रांगणमें शत्रुदलका संहार किया है ऐसा महाबल नामका राजा था। उसके अपनी श्रीमती नामकी देवीके उदरसे उत्पन्न श्रीकान्ता नामकी पुत्री थी। दुर्जनोंके मनमें शल्य उत्पन्न करनेवाले श्रीषेणके पहले पुत्र इन्द्रसेनसे उसका विवाह कर दिया। उस बहूके साथ एक और गजगामिनी (अनन्तमति) स्त्री भेजी गयी। वह अनन्तमती उपेन्द्रसेनमें अनुरक्त हो गयी, मोहके कारण वह मदिरा समूहके समान मतवाली हो उठी।

घत्ता—नन्दनवनमें निवास करते हुए, दोष और क्रोधका विचार करते हुए उन दोनोंके बीच उसके कारण अयुक्त युद्ध प्रारम्भ हो गया ॥२७॥

२८

हाथमें हथियार लेकर रथसहित दोनों भाई दौड़े। श्रीषेणने पुत्रोंको देखा, वह उन दोनोंको किसी भी प्रकार मना नहीं कर सका। राजा मनमें दुःखी हुआ और आश्चर्यमें पड़ गया। राज्य, अपना शरीर और स्नेह छोड़कर तथा विषकमल पुष्पकी गन्धको सूँघकर, रानियाँ भी उसी मार्गसे, और उसी प्रकार ब्राह्मणकन्या भी नाकके अग्रभागसे (सूँघकर) भारी वेदनासे धरतीतलपर गिरकर और बन्द किये हुए नेत्रोंसे मरकर धातकीखण्डकी पूर्वदिशामें सुन्दर भोगोंसे निरन्तर उत्तर कुरुमें श्रेष्ठ लोग उत्पन्न हुए। उनके शरीरका प्रमाण छह हजार धनुष था। राजा श्रीषेण और सिंहनन्दिताका जोड़ा उत्पन्न हुआ जो प्रेमसे रसमय और पूर्ण था। ब्राह्मणी सत्यभामा स्त्री हुई और रानी आनन्दिता पुरुष।

६. AP पुव्विल्लहु ।

२८. १. P °सेलेंध° । २. A रायाणियउ वि तेण जि । ३. A गरउवेय; P गरवेएं । ४. A सुलसियणिरंतरि । ५. A ओयउ णिब्भरपेम्म° । ६. AP राय । ७. A भाविणि । ८. AP पुरिसु ।

घत्ता—जुज्झंतहं दुव्वारहं दोहं मि रायकुमारहं ॥
अंतरि थिउ विज्जाहरु णाइ गिरिंदहं जलहरु ॥२८॥

२९

पभणइ जिणकमकमलेंदिंदिरु जुज्झेवंउं फुल्लहिं वि असुंदरु ।
किं पुणु पहरणेहिं पिहियक्कहिं सत्तिसेल्लहलंगलचलचक्कहिं ।
तं णिसुणिवि भणंति ते भायर के तुम्हइं पडिसेहकयायर ।
अक्खइ खेयरु दिव्वइ वायइ धादईसंडहु सुरदिसिभायइ ।
मंदरपुव्वासइ सुहवासइ खलविरहियपुक्खलवइदेसइ । ५
तहिं रयणायलि दाहिणसेढिहि आइच्चाहणयरि गउ रूढिहि ।
खयरु सुकुंडलि रंभसमाणी अमियसेण णामें तहु राणी ।
मणिकुंडलि हूयउं तहिं संभूयउं अत्थु व सुकइकहाहि जणणुयउ ।
पवरि पुंडरिकिणि गउ तेत्तहि अमियप्पहु जिणपुंगमु जेत्तहि ।
पुच्छिउ सो मइं णियभवावलि कहइ भडारउ समयसमियकलि । १०
पुक्खरदीवि वरुणसुरसिहरिहि पुव्वदिसहि हयसोयहि णयरिहि ।

घत्ता—रूवें णं मयरद्धउ महिवइ तहिं चक्कद्धउ ॥
कणयमाल पीवरथणि तहु वल्लह सीमंतिणि ॥२९॥

घत्ता—लड़ते हुए उन दोनों राजकुमारके बीच एक विद्याधर आकर स्थित हो गया। मानो पहाड़ोंके बीच, आकर मेघ स्थित हो गया हो ॥२८॥

२९

जिनभगवान्‌के चरणकमलोंका भ्रमर वह विद्याधर कहता है कि फूलोंसे लड़ना भी बुरा है। फिर सूर्यको आच्छादित कर देनेवाले शक्ति शेल हल और चलचक्र अस्त्रोंसे लड़नेका तो क्या कहना ? यह सुनकर उन दोनों भाइयोंने कहा कि मना करनेमें आदर रखनेवाले तुम कौन हो ? तब विद्याधर दिव्यवाणीमें कहता है कि धातकीखण्डकी पूर्व दिशामें मन्दराचलकी शुभ पूर्व दिशामें दुष्टोंसे रहित पुष्कलावती देश है। वहाँ विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीमें आदित्य नगरके नामसे प्रसिद्ध नगर है। उसमें सुकुण्डली नामका विद्याधर था और अमृतसेना नामकी रम्भाके समान उसकी रानी थी। उससे उत्पन्न मैं मणिकुण्डल हूँ, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार सुकविकी कथाके लोगोंके द्वारा संस्तुत अर्थ। वहाँसे मैं विशाल पुण्डरीकिणी नगर गया जहाँपर अमृतप्रभ जिनश्रेष्ठ थे। मैंने उनसे अपनी भवावलि पूछी। सिद्धान्तके ज्ञानसे जिन्होंने पापको शान्त कर दिया है ऐसे उन्होंने बताया, "पुष्कर द्वीपमें पश्चिम सुमेरुकी पूर्वदिशामें वीतशोक नामक नगरमें।

घत्ता—रूपमें कामदेवके समान चक्रध्वज नामका राजा था। कनकमाला* नामकी उसकी स्थूल स्तनोंवाली प्रिय पत्नी थी ॥२९॥

---

२९. १. A जुज्झेव्वउं । २. P °सेल्ल° । ३. P वेयरु । ४. A °संडइ । ५. A सुकइकहाहे अणियउ । ६. A पवरपुंडरिगिणि; K प्रवरपुंडरिकिणि । ७. A समपसमिय° । ८. P कणयद्धउ ।

* कनकमालिका ।

३०

कणयलया सरहहत्थ णामें णियंकरभल्लि धित्त णं कामें ।
धीयउ वेण्णि तहि मृगणेत्तउ कयलीकंदलकोमलगत्तउ ।
विज्जुमईदेविहि दयदुम्मइ तासु जि रायहु सुय पोमावइ ।
अमियसेण कंतियहि णवेप्पिणु कणयमाल सावयवउ लेप्पिणु ।
५ सा गय सग्गहु आराईयहु भोयभारसंपीणियजीवहु ।
सुर जोएवि सुरूवें रंजिय पोमावइ हूई सुरलंजिय ।
काले जंतें सुरलोयहु चुउ कणयमालकुंडलि हुउं हुउ ।
कणयलया जलरुहहत्थ सीसउ वेण्णि वि तरिणि सुकलत्तविसीसउ ।
इंदसविंदसेण पंकयमुह जाया रयणउराहिवतणुरुह ।
१० सोक्खु असंखु सुइरु भुंजेप्पिणु सुरलंजिय सग्गाउ चएप्पिणु ।
हूई कहिं मि महाबलकामिणि दिण्ण विवाहि तुज्हु गयगामिणि ।
घत्ता—जं जिणणाहें सिट्ठउं तं पच्चक्खु वि दिट्ठउं ॥
हउं आयउ ओसारहुं दोहिं मि जुज्झु णिवारहुं ॥३०॥

३१

कासु वि को वि ण किं किर जुज्झइ भवसंसरणु ण किं पि वि बुज्झइ ।
हउं मायरि चिरु तुम्हइं तणयउ होंतियाउ परिपालियपणयउ ।

३०

उसकी कनकलता और पद्मलता नामकी सुन्दर कन्याएँ थीं, जो मानो कामदेवके द्वारा फेंकी गयी उसके हाथ की भल्लिकाएँ थीं। उसकी दोनों कन्याएँ मृगनयनी और कदली कन्दलके समान कोमल शरीरवाली थीं। उसी राजा (चक्रध्वज) की विद्युत्मती देवीसे दुर्मतिको नाश करनेवाली पद्मावती नामकी देवी हुई। अमितसेना नामकी आर्यिकाको प्रणाम कर कनकमाला श्रावक व्रत लेकर जिसमें भोगोंके भारसे जीव प्रसन्न रहता है, ऐसे सौधर्म स्वर्गमें गयी। देवको देखकर पद्मावती रूपसे रंजित हो गयी और वह स्वर्गमें दासी हुई। समय बीतनेपर स्वर्गलोकसे च्युत होकर मैं कनककुण्डली देव हुई हूँ। कनकलता और पद्मलता अपने कर्मसे विनीत दोनों पुत्रियाँ मरकर कमलमुख इन्द्रसेन और उपेन्द्रसेनके नामसे रत्नपुरके राजाकी पुत्र हुई हैं। बहुत समय तक असंख्य सुखका भोग कर, वह देवदासी स्वर्गसे च्युत होकर कहीं अनन्तमती नामकी वेश्या हुई। और वह गजगामिनी तुम्हें विवाहमें दी गयी।

घत्ता—जो कुछ जिननाथने कहा था, उसे मैंने आज यहाँ प्रत्यक्ष देख लिया। आज मैं तुम दोनोंको युद्धसे मना करने और अलग करने आया हूँ ॥३०॥

३१

कोई किसीसे कुछ भी युद्ध न करे, संसारके परिभ्रमणको क्या कुछ भी नहीं समझते। मैं

---

३०. १. A णिवकर°। २. A तहो मिग°; P ताहि मिग°। ३. AP विज्जमई। ४. AP जीयहु। ५. AP सक्वें। ६. A चुएप्पिणु।

३१. १. A °पालियविणयउ।

देवत्तणु माणिवि णरजाया किं पहरह उग्गामियघाया ।
तं णिसुणिवि कुमार हयछम्महु तव चरेवि पयमूलि सुधम्महु ।
गय मोक्खहु णिक्खवियरओहहु अट्ठमहागुणविरइयसोहहु । ५
जो सिरिसेणु पुणु वि जो कुरुणरु पढमकप्पि सो जाउ वरामरु ।
सिरिपहु सुरहरि णं ससहरपह हुय हरिणंदियज्ज विज्जुप्पह ।
कुरुमणुयत्तणु माणिवि बहुमंडु देवि अणिंदिय दिवि विमलप्पहु ।
सुरु हूई पुणु बंभणि वयसह सच्चभामं तहु कंत ससिप्पह ।

घत्ता—जो सिरिसेणु महाइउ कुरुणरु सुरु सग्गाइउ ॥ १०
सो एवहिं तुहुं जायउ अमियतेउ खगरायउ ॥३१॥

३२

जा सा सइ पंचाणणणंदिय सा जोइप्पह घरिणि अणिंदिय ।
पुणु हूई सिरिविजउ वियाणहि सोत्तिणि सच्चभाम अहिणाणहि ।
जा सा धुवु सुतार सस तेरी सुरणरविसहरहियवियारी ।
कविलु सुइरु हिंडिवि संसारइ भूयरमणकाणणि भयगारइ ।
पविउलअइरावयणइतीरइ कोसियतावसभुत्तसरीरइ । ५
चवलवेयतवसिणियइ जणियउ सो मयसिंगु णाम सुउ भणियउ ।

पूर्वजन्मकी प्रेमका परिपालन करनेवाली तुम्हारी मां हूँ। तुम देवत्वका भोग कर मनुष्य रूपमें जन्मे हो। घात उठाये हुए प्रहार क्यों करते हो ?" यह सुनकर दोनों कुमार क्रोधका नाश करनेवाले सुधर्मा मुनिके चरणमूलमें तपका आचरण कर, जिसमें पापोंके समूहका क्षय हो गया है और जिसमें आठ महागुणोंकी शोभा है ऐसे मोक्ष चले गये। जो श्रीषेण था और जो कुरुनर हुआ था वह प्रथम स्वर्गमें श्रेष्ठ देव हुआ—श्रीप्रभ नामक विमानमें श्रीप्रभ नामका। सिंहनन्दिता नामकी रानी उसी स्वर्गमें विद्युत्प्रभ देव हुई। कुरु भोगभूमिके सुखोंको मानकर अत्यधिक तेजवाली देवी अनिन्दिता स्वर्गमें विमलप्रभ नामका देव हुई। व्रतोंको सहते हुए ब्राह्मणी सत्यभामा शशिप्रभा (शुक्लप्रभा) नामकी उसकी देवी हुई।

घत्ता—जो आदरणीय श्रीषेण था, कुरुनर और देव, वह स्वर्गसे आकर इस समय तुम अमिततेज नामक विद्याधर राजा हुए हो ॥३१॥

३२

जो सती सिंहनन्दिता थी वह ज्योतिप्रभा नामकी तुम्हारी गृहिणी है। और जो अनिन्दिता थी वह श्रीविजय हुई, यह जानो। और जो सत्यभामा ब्राह्मणी थी, उसे तुम सुर, नर और विषधरोंका हृदय विदारित करनेवाली तुम्हारी बहन सुतारा निश्चित रूपसे पहचानो। वह पुराना कपिल संसारमें लम्बे समय तक परिभ्रमण कर भयंकर भूतरमण काननमें विशाल ऐरावती नदीके किनारे जिसके शरीरका भोग कौशिक तपस्वीने किया है, ऐसी चपलवेगा नामक

---

२. AP माणवि । ३. A कुमारयछम्मह । ४. P विज्जाप्पह । ५. A बहुसुहु । ६. AP बंभणि पुणु । ७. सच्चभाव ।

३२. १. AP सच्चभाव । २. P °रमणि काणणि ।

तेण तवंतें कामविलुद्धउं खयरु णिएवि णियाणु णिबद्धउं ।
जायउ सुउ आसुरियहि[3] तरुणिहि असणिघोसु रत्तउ चिरघरिणिहि[4] ।
पिउ णियविज्जाविहवें मोहिवि[5] णिय कंचणविमाणि आरोहिवि ।
पभणइ तिजगणाहु ण रुसिज्जइ[6] अमियतेय जीवहं खम किज्जइ ।
णिसुणि णिसुणि किं बहुयइ वुत्तइं[7] णवमइ जम्मंतरि संपत्तइ ।

घत्ता—धुउ[8] पंचमु चक्केसरु इह सोलहमु जिणेसरु ॥
भरहि राय तुहुं होसहि पुप्फदंतसिरि लेसहि ॥३२॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे संतिणाहभवावलिवण्णणं णाम सट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६०॥

तपस्विनीसे उत्पन्न हुआ मृगशृंग नामका पुत्र कहा गया। तप करते हुए उसने विद्याधरको देखकर कामसे लुब्ध निदान बाँधा। वह आसुरी नामकी स्त्रीसे उत्पन्न हुआ और अपनी पुरानी स्त्रीमें अनुरक्त हुआ। प्रिय श्रीविजयको अपनी विद्याके विभवसे मोहित कर और स्वर्णविमानमें चढ़ाकर उसे ले गया। त्रिजग स्वामी कहते हैं कि हे अमिततेज, क्रोध नहीं करना चाहिए। जीवोंको क्षमा करना चाहिए। सुनो-सुनो, बहुत कहनेसे क्या? नौवाँ जन्मान्तर प्राप्त करनेपर—

घत्ता—निश्चयसे तुम पाँचवें चक्रवर्ती और यहाँ सोलहवें तीर्थंकर होगे। तुम भरतक्षेत्रके राजा और मोक्षलक्ष्मी प्राप्त करोगे ॥३२॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में शान्तिनाथ भवावलि वर्णन नामका साठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६०॥

---

३. P आसुरिहि। ४. AP चिरु घरिणिहि। ५. A विउ णिय°; P पिउ मयं°। ६. P वुत्तइ।
७. A ध्रुव। ८. A राउ।

संधि ६१

सो असणिघोसु आसुरियदेवि सुतारु सयंपहु वि ॥
पैणवइयइं णिसुणिवि जिणवयणु जिणु पणवेप्पिणु तिजगरवि ॥ध्रुवकं॥

१

सिरिविजयंकें णिग्गयसंकें ।
माणयवेएं अपमियतेएं ।
वउ सज्जालिउ पोसहु पालिउ ।
वरु वेण्णि वि जण गय ते सज्जण ।
सुरकरिकरसुउ रविकित्तीसुउ ।
णिरु णिरवज्जउ साहइ विज्जउ ।
उत्तमसत्ती चलपण्णत्ती ।
णहयलगामिणि इच्छियरूविणि ।
जलसिहिथंभणि वंधणि हंभणि ।
अंधीकरणी पहरावरणी ।
विस्सपवेसिणि अवि आवेसिणि ।
अप्पडिगामिणि विविहपलाविणि ।
पासविमोयणि गहणीरोयणि ।
बलणिक्खेवणि चंडपहावणि ।

सन्धि ६१

वह अशनिघोष, आसुरीदेवी, सुतार और स्वयंप्रभा भी त्रिजग सूर्य जिनवरको प्रणाम कर और जिनवचनोंको सुनकर प्रव्रजित हो गये।

१

शंकाओंसे दूर, वायुके समान वेग और अपरिमित तेजवाले श्रीविजयने व्रतका उद्यापन किया, प्रोषधोपवासका पालन किया। वे दोनों (श्रीविजय और अमिततेज) ही सज्जन घर गये। ऐरावतकी सूँड़के समान हाथोंवाला, अर्ककीर्तिका पुत्र अमिततेज अत्यन्त निरवद्य विद्याएँ सिद्ध करता है। उत्तम शक्ति, चलप्रज्ञप्ति, आकाशगामिनी, कामरूपिणी, जलस्तम्भिनी, अग्निस्तम्भिनी, बन्धिनी, हंभनी, अन्धीकरिणी, प्रहारावरणी, विश्वप्रवेशिनी और आवेशिनी, अप्रतिगामिनी, विविधप्रलापिनी, पाशविमोचिनी, ग्रहनिरोधिनी, बलनिक्षेपिणी, चण्डप्रभाविनी,

१. १. AP पावइयइं। २. P णिसुणवि। ३. AP °धंभिणि। ४. AP °णिहंभणि। ५. A पहरावरणी। ६. K records a fr: चल इति पाठे चपला। ७. AP °पहाविणि।

पहरणि मोहणि जंभणि पाडणि ।
अवर पहावइ सइ पविरलगइ ।
भीमावत्तणि पवरपवत्तणि ।
पुणु लहुकारिणि भूमिविथेरणि ।
रोहिणि मणजव देवि महाजव ।
चंडाणिलजव[10] णिरु चंचलजव ।
बहुलुप्पायणि सत्तुणिवारिणि ।
अक्खरसंकुल खलगलसंखल ।
मायाबहुई[11][12] पण्णलहूइ[13] ।
हिमवेयाली सिहिवेयाली ।
मोक्कलवाली चलचंडाली ।
अलिसामंगी सिरिमायंगी ।
इय वरविज्जहिं णहयरपुज्जहिं ।
उहसेढीसरु हुउ परमेसरु ।
अण्णहि वासरि तेणे[13] सणेसरि ।
दमवरणामहु णिज्जियकामहु ।
पुण्णुप्पायणु दिण्णउ भोयणु ।

घत्ता—तें चारणदिण्णें भोयणेण [14]ईहु रत्ति जि संभविउ फलु ॥
सुरवरु दुंदुहिसरु वसुवरिसु मेहहिं मुक्कउ सुरहिजलु [15]॥१॥

प्रहरिणी, मोहिनी, जम्भनी, पातनी और प्रभावती, प्रविरलगति, भीमावर्तनी, प्रबलप्रवर्तनी, फिर लघुकारिणी, भूमिविदारिणी, रोहिणी मनोवेगा, चण्डवेगा, अग्निवेगा, बहुलोपिनी, शत्रुनिवारिणी, अक्षरसंकुला, दुष्टगलशृंखला, मायाबह्वी, पर्णलघ्वी, हिमवेताली, शिखोवेताली, मुक्त आलापिनी, चलचाण्डाली और भ्रमर-श्यामांगी, इस प्रकार विद्याधरोंके द्वारा पूजित इन वर विद्याओंके द्वारा वह दोनों श्रेणियोंका परमेश्वर हो गया। आदित्य सहित दूसरे दिन (रविवारके दिन) उसने कामको जीतनेवाले दमवर मुनिको पुण्यको उत्पन्न करनेवाला भोजन दिया।

घत्ता—उन चारण मुनिको दिये गये भोजनसे इसी जन्ममें फल प्राप्त हुआ। देवध्वनि, दुन्दुभिस्वर, धनवृष्टि और मेघोंके द्वारा सुरभित जलकी वर्षा ॥१॥

---

८. A भंडणि पाडणि; P बंधणि पाडणि । ९. AP °वियारिणि । १०. A चंडालिनिजव । ११. मायापहुई; K मायबहूइ but corrects it to माया° । १२. P पण्णह लहुई । १३. A तेण णरेसरि । १४. A इहु रत्त जि । १५. A सुहु जलु ।

२

अमरगुरुदेवगुरु णामेण सावसरु ।
हयमोहपासम्मि साहुण पासम्मि ।
तहिं अमियतेएण सिरिविजयराएण ।
णियतायजम्माइं वणहरणकम्माइं ।
सिलखंभदलणाइं दाइज्जमलणाइं । ५
तवचरणकरणाइं सणियाणमरणाइं ।
सुरलोयवासाइं णरभवविलासाइं ।
पडिवक्खमहणाइं हरिगीवणिहणाइं ।
सिरिरमणणिरमणाइं कयणरयगमणाइं ।
जसकंतिफुरणाइं असुरारिचरियाइं । १०
सिसिणाहकहियाइं सोऊण गहियाइं ।
दोहिं पि सुवयाइं अमयाइं सुदयाइं ।
सिरिविजउ तण्हंतु मणि महइ कण्हंतु ।
पुणु कालमाणेण परिवड्ढमाणेण ।
विउलमइ विमलमइ णमिऊण परमजइ । १५
णाऊण मासाउ मोत्तूण मासाउ ।
रवितेय सिरियत्त राईवदलणेत्त ।
णियणियतणुब्भूय कंदप्पसमरूय ।
दोण्हं पि पट्टविऊण कुलमग्गि थविऊण ।

२

किसी एक दिन अवसर पाकर अमरगुरु और देवगुरु नामके मुनियोंके मोहपाशका नाश करनेवाले सामीप्यमें उन अमिततेज और श्रीविजयने अपने पिताके जन्मों, वनहरण कर्मों (शिलास्तम्भको चूर्ण करना, शत्रुओंका मानमर्दन करना, तपश्चरण करना, निदानपूर्वक मरना, सुरलोकमें निवास करना; मनुष्यभवके विलास, प्रतिपक्षोंका मथन, अश्वग्रीवका निधन, श्रीरमणीसे रमण, नरकके लिए गमन करना, यश और कान्तिका स्फुरण, असुर शत्रुके चरित) मुनिनाथके द्वारा कथनको सुनकर सुव्रतों और अमित दयाओंको ग्रहण कर लिया। तृष्णासे आकुल श्रीविजय मनमें कृष्णत्व (नारायणत्व) को महत्त्व देता है। विमलमति और विपुलमति परममुनियोंको नमस्कार कर, अपनी आयु एक माहकी जानकर, लक्ष्मीका आस्वाद (भोग) छोड़कर, कमलदलके नेत्रोंवाले रवितेज और श्रीदत्त नामक अपने कामदेवके समान अपने-अपने पुत्रोंका अभिषेक कर,

२. १. A दिव्वगुरु । २. A णामेण । ३. P adds after this: जसकित्तिपुरियाइ, असुरारिचरियाइ, which in our text is line 10 below । ४. A जसकित्तिफुरियाइं । ५. A सवयाइं; A adds after this: भवभावखमियाइं; K also writes it but scores it off. । ६. A परिवुड्ढमाणेण; P परिवड्ढमाणेण । ७. AP णविऊण । ८. AP दोहिं पि । ९. A णविऊण ।

चंदणवणंतम्मि णंदणमुणी जम्मि । २०
णिम्मुक्कम्मम्मि पेईसरिवि लहु तम्मि ।

घत्ता—अहिसिंचिवि पुज्जिवि परमजिणु वंदिवि भत्तिसमेग्घविउं ॥
आहारु सरीरु वि परिहरिवि बिहि मि परत्तु जि चिंतविउं ॥२॥

३

जं णियपरपेसणसुणिरवेक्खु जं णिण्णासियभवबंधदुक्खु ।
जं घोरसरायकसायसमणु तं कयउं तेहिं पाओवमरणु ।
तेरहमइ कप्पि मणोहिरामि सुरणंदिय णंदावत्तधामि ।
हुउ अमियतेउ रविचूलु देउ सत्थिउ णामें अवरु वि णिकेउ ।
५ मणिचूलु णामु सिरिविजउ तेत्थु सुरवरु जायउ लक्खणपसत्थु ।
को वण्णइ ताहं महापहाउ ते बे वि वीससायरसमाउ ।
कालेण जंबुदीवंतरालि इह पुव्वविदेह रमाविसालि ।
वच्छावइदेसि पहोयरीहि णयरिहि वणकीलियकिंणरीहि ।
णीसेसकलालउ मणुयवंदु णामेण थिमियसायरु णरिंदु ।
१० तहु देविहि देउ वसुंधरीहि रविचूलु गब्भि थिउ सुंदरीहि ।
आवेप्पिणु णंदावत्तणाहु अवराइउ हुउ थिरथोरबाहु ।

कुलमार्गमें (राजगद्दी) पर स्थापित कर, जिस चन्दनवनमें नन्दनमुनि थे उसमें प्रवेश कर, निर्मुक्तकर्म उसके पास शीघ्र—

घत्ता—भक्तिसे प्राप्य जिन भगवान्‌का अभिषेक, पूजा और वन्दना कर, आहार और शरीरका त्याग कर दोनोंने परत्व (श्रेष्ठ तत्त्व) का चिन्तन किया ॥२॥

३

जो अपने पराये प्रयोजनसे निरपेक्ष हैं, जिसने संसारके बन्ध और दुःखका नाश कर दिया है, जिसमें घोर कषायका शमन है, उन्होंने ऐसा प्रायोपमरण किया। सुन्दर तेरहवें स्वर्गमें, देवोंके द्वारा आनन्दित नन्दावर्त विमानमें अमिततेज रविचूलदेव हुआ। वहाँ एक और स्वस्तिक नामक विमान था, श्रीविजय उसमें लक्षणोंसे प्रशस्त मणिचूल देव हुआ। उनके प्रभावका वर्णन कौन कर सकता है। वे दोनों बीस सागरकी आयुवाले थे। समय होनेपर जम्बूद्वीपके लक्ष्मीसे विशाल पूर्व विदेहमें वत्सकावती देशकी जिसके वनमें किन्नरियाँ क्रीड़ा करती हैं, नगरीमें मनुष्य-श्रेष्ठ समस्त कलाओंका घर स्तमितसागर नामका राजा था। उसकी देवी सुन्दरी वसुन्धराके गर्भमें वह देव आकर स्थित हो गया। नन्दावर्त विमानका वह स्वामी अपराजित नामसे स्थिर और स्थूल बाँहोंवाला पुत्र हुआ।

---

१०. पइसरवि । ११. P समुग्घविउ ।

३. १. A पावोगमरणु; P पाओवगमरणु । २. A पहावरीहि । ३. अमियसायरु; P तिमियसायरु ।

घत्ता—मणिचूलु वि सत्थियसुरेहरहु णिवडिवि हुउ अणुमइतणउ ॥
सो सूहउ सोम्मु सुलेक्खणउ वण्णें जियणीलंजणउ ॥३॥

४

परदुज्जउ केसउ मणि गणेवि कोक्किउ अणंतवीरिउ भणेवि ।
पढमहु विरएप्पिणु पट्टबंधु लहुयहु ढोइवि जुवरायचिंधु ।
सिंहासणु छत्तइं परिहरेवि णिम्मोहभावभावणउ लेवि ।
अरहंतहु अविचिंतियपहासु पिउ सरणु पइट्ठु सयंपहासु ।
अवलोइवि कत्थइ णायराउ सिरितणुहइ मरिवि फणिंदु जाउ । ५
पुरि सुहुं वसंति ते वे वि भाइ णडि बब्बरि अण्णेक्क वि किलाइ ।
णच्चंति ताउ ते तहिं जिवंति आ ताम हारहिमहासकंति ।
आयउ णारउ दिग्गयजसेहिं संमाणिउ णउ रसपरवसेहिं ।

घत्ता—मणि रोसु हुयासणु पज्जलिउ सहहुं ण सक्किउ चंलियगहि ॥
सो जंतु ण केण वि दिट्ठु तहिं पवणु चडुलु उल्ललिउ णहि ॥४॥ १०

५

गउ रूसिवि सियमंदिरपुरासु दमियारिहि विज्जाहरणिवासु ।
वज्जरिउ तेण रयणाइं कासु पइं मेल्लिवि को महियलि महीसु ।
बब्बरिकिलाइणामालियाउ णच्चणिउ दोण्णि वरबालियाउ ।

घत्ता—मणिचूल देव भी स्वस्तिक विमानसे च्युत होकर अनुमतिका पुत्र हुआ। वह सुभग सौम्य सुलक्षण रंगमें नील और अंजन पर्वतको जीतनेवाला था ॥३॥

४

मनमें बलभद्रको शत्रुओंके द्वारा अजेय समझकर उसे अनन्तवीर्य कहकर पुकारा गया। पहलेको पट्ट बाँधकर और छोटेको युवराजके चिह्न देकर सिंहासन और छत्र छोड़कर निर्मोह भावनाका चिन्तन करते हुए वह अचिन्तनीय प्रभाववाले स्वयंप्रभ अरहन्त की शरणमें गया। कहींपर नागराजको देखकर लक्ष्मीकी कामनासे मरकर वह धरणेन्द्र हुआ। वे दोनों भाई उस नगरीमें सुखपूर्वक रहने लगे। उनकी बर्बरी और किलाती नामकी दो नर्तकियाँ थीं। जब वे दोनों नाच रही थीं और वे दोनों देख रहे थे तभी हार हिम और हास्यके समान कान्तिवाले श्री नारद मुनि आये। दिग्गजोंके समान यशवाले रसके वशीभूत (नाट्यरस) उन दोनोंके द्वारा उनका सम्मान नहीं किया गया।

घत्ता—उनके मनमें क्रोधकी ज्वाला भड़क उठी। वे उसे सहन नहीं कर सके, आकाशमें जाते हुए उन्हें कोई नहीं देख सका। पवनकी तरह चंचल वे आकाशमें उछल गये ॥४॥

५

वह रूठकर दमितारि राजाके निवास शिवमन्दिरपुर गये। उन्होंने वहाँ कहा, "रत्न किसके पास हैं, आपको छोड़कर धरतीपर और कौन राजा है? बर्बरी और किलात नामकी दो

---

४. A मणिचूलि । ५. A °सुरवरहु णिवडिवि ताहि जि हुउ तणउ । ६. A सलक्खणउ ।
४. १. AP सीहासणु । २. A चलियग्गहि ।

पहयरिपुरि अवराइयहु गेहि णं विज्जुलियउ अच्छंति मेहि ।
थणभारें भग्गियाउ लइ णरवइ तुज्झु जि जोग्गियाउ ।
पट्ठवहि मंति आणवहि तुरिउं राएण वि तं णियचित्ति धरिउं ।
अवलोइय मंतिमहंत संत सहसा संपेसिय बुद्धिवंत ।
गय ते वि पुरिहि पहायरीहि जे वल्लइ तणय वसुंधरीहि ।
लइ तेहिं ताहं वयणट्ठु कज्जु जइ इच्छह संपयविउलु रज्जु ।
सो णियणडिज्जुयलउं देहु ताम दमियारिदेउ रूसइ ण जाम ।
ता पोसहणियमालंकिएण जिणपायपोमसेवापिएण ।

घत्ता—जिणभवणत्थिएण णराहिवेण अवराइएण समंतियणु ।
आउच्छिउ दिज्जउ तियजुयलु किं किज्जउ सहु तेण रणु ॥५॥

६

तं णिसुणिवि मंति भणंति एम्व खयराहिउ दुज्जउ समरि देव ।
णारीदाणेण वि होइ मलिणु तं णिसुणिवि मउलियणयणवयणु ।
थिउ चिंताउरु णरणाहु जाम चिरभवविज्जउ पत्ताउ ताम ।
सव्वउ पण्णत्तिपहूइयाउ रिद्धवहु चवंति वसिहूइयाउ ।

सुन्दर नर्तकी बालाएँ प्रभाकरी नगरीके राजा अपराजितके घरमें इस प्रकार हैं, मानो मेघोंमें बिजलियाँ हों। वे दोनों ही स्तनभारसे भग्न हैं। हे राजा, तुम ले लो, वे दोनों तुम्हारे योग्य हैं। मन्त्री भेज दो, वह शीघ्र ले आये।" राजाने भी यह बात अपने मनमें ठान ली। उसने अपने विद्वान्-मन्त्रणामें महान् मन्त्रियोंकी ओर देखा और बुद्धिमान् मन्त्रियोंको भेजा। वे भी उस प्रभाकरी नगरीके लिये गये, जो वसुन्धरा (धरती) के लिए प्रिय थी। शीघ्र ही उन्होंने उससे अपना काम कहा कि यदि तुम सम्पत्तिसे विपुल राज्य चाहते हो तो अपनी दोनों नर्तकियाँ दो, कि जिससे हे देव, राजा दमितारि नाराज न हो। तब प्रोषधोपवासके नियमसे अलंकृत तथा जिसे जिनवरके चरणकमलोंकी सेवा प्रिय है ऐसे बस—

घत्ता—जिनमन्दिरमें स्थित राजा अपराजितने अपने मन्त्रीगणसे पूछा—"उसे नर्तकीयुगल दे दिया जाये या युद्ध किया जाये ?" ॥५॥

६

यह सुनकर मन्त्रियोंने इस प्रकार कहा—"हे देव, विद्याधर राजा युद्धमें दुर्जेय है, लेकिन नारीदानसे भी कलंक लगेगा ?" यह सुनकर अपना मुख और आँखें बन्द करके राजा जब चिन्तासे व्याकुल बैठा था, तब उसे पूर्व भवकी अर्जित विद्याएँ प्राप्त हुईं। प्रज्ञप्ति प्रभृति सभी

---

५. १. AP जोगियाउ। २. AP आलोइय। ३. A मंतमहंत। ४. A जे पियसुय वसुहवसुंधरीहि; P जे पियसुहवसहि वसुंधरीहि। ५. AP °भवणि थिएण। ६. P तियजमलु।

६. १. AP वि। २. AP मउलियवयणणलिणु। ३. AP चिरभवँ। ४. AP add after this: जंपंति णवंति सदूइयाउ, चिरु सामिहि दासत्तणु गयाउ, को पहणइ को आगइ धरेवि।

वयणेण तेण संतुट्ठ वे वि भायर णियमंतिहि रज्जु देवि ।
गय सिवमंदिरु वित्थारएण कवडें णडिवेसायारएण ।
दरिसिउ रायहु पडिहारएण जं संजुत्तउं सिंगारएण ।
दूएण कहिउ तं एव राय को सहइ तुहारा विसमघाय ।
अवराइएण लइ दिण्णु तुज्झु कामिणिजुयलुल्लउं खीणमज्झु ।

घत्ता—ता कडयमउडमणिकुंडलहिं कंचीदामहिं भूसियउ ।
दमियारें मायामाणिणिउ सुइसुमहुरु संभासियउ ॥६॥

७

करणंगहारबहुरसविसट्टु बीयइ दिणि अवलोएवि णट्टु ।
वीणाझुणि घणथण मज्झखाम अंदुईय धीय कणयसिरिणाम ।
अप्पिय ताएं मायाविणीहिं णाउं सिक्खाविय भाविणीहिं ।
णच्चंतिहि तेहि पुणु कामवेसु गाइउ अणंतवीरिउ णरेसु ।
कण्णाइ भणिउं को सो अणिंदु किं किण्णरु किं सुरु किं फणिंदु ।
तिमिरूवाजीवाइ वुत्तु सो कुमरु थिमियसायरहु पुत्तु ।
परमेसरु पहयरिपुरिणिवासु अवराइउ भायरु होइ जासु ।
उवमिज्जइ सो भुवणयलि कासु ता कण्णहि लग्गउ कामपासु ।
सा भणइ मोरकेक्कारवाइ तहु दंसणु लब्भइ केम माइ ।

वशीभूत विद्याएँ शत्रुवधकी बात कहती हैं। इस वचनसे वे दोनों भाई सन्तुष्ट हुए और अपने मन्त्रियोंको राज्य देकर, कपटसे नर्तकियोंके आकारको बनाकर वे दोनों विस्तारसे शिवमन्दिर नगर गये। प्रतिहारीने उन्हें राजा दमितारिको दिखाया। शृंगारक दूतने जो उपयुक्त था वह कहा कि हे राजन्, तुम्हारा विषम आघात कौन सहन कर सकता है। लो अपराजितने तुम्हें क्षीण मध्यभागवाली दोनों नर्तकियाँ दे दीं।

घत्ता—तब कटक मुकुट और मणिकुण्डलों तथा काँची दामोंसे विभूषित मायाविनी नर्तकियोंसे दमितारिने मधुर वार्तालाप किया ॥६॥

७

दूसरे दिन करणों, अंगहारों तथा अनेक रसोंसे विशिष्ट नृत्यको देखकर फिर अपनी वीणाके समान ध्वनिवाली मध्यक्षीणा और सघन स्तनोंकी अद्वितीय कनकश्री नामकी कन्या उन्हें सौंप दी। उन स्त्रियोंने उसे नाटक सिखाया। उसके नाचते हुए कामरूप अनन्तवीर्य राजा (गीतमें) गाया गया। कन्याने पूछा—यह कौन राजा है—क्या किन्नर है, क्या देव है या नागेन्द्र? वेश्याका कृत्रिम रूप बनानेवाली उन्होंने कहा कि वह स्तिमितसागर राजाका पुत्र है, शत्रुपुरीके निवासी-को आहत करनेवाला परमेश्वर अपराजित जिसका भाई है। धरतीतलपर उसकी उपमा किससे दी जा सकती है। यह सुनकर कन्या कामबाणसे आहत हो गयी। मयूरकी केका वाणीमें वह

---

५. AP add after this : परिमिय (P परमिय) जणेहि णीसरिय वे वि। ६. AP दूयएण।

७. १. A तहि आय धीय। २. AP पुणु तहि। ३. A णरु। ४. तिमिय°। ५. AP कण्हइ। ६. P कि ण माइ।

१० दूसहविरहग्गिझुलक्खभीव दक्खालहि जाम ण जाइ जीव ।
घत्ता—ता कयछणडित्तणु अवहरिवि थिउ हरि पायडु तणु करिवि ॥
जोयंति तरुणि णं सिसुहरिणि विद्धी मयणें हुंकरिवि ॥७॥

८

मणि खुत्तु कुमारिहि कामबाणु आरोहिवि धयचंचलु विमाणु ।
णिय सुंदरि तायहु कहिय वत्त तेण वि पारद्धिय रणजत्त ।
पेसिय मंडलिय अणेयभेय सुर विज्जाहर चंदक्कतेय ।
ते जित्त चित्त रणराइएण हलिणी बलिणा अवराइएण ।
सयमेव पत्तु ता चावपाणि हणु हणु भणंतु अहिमाणि दाणि ।
किर वेण्णि वि सर संधंति जाव अंतरि पइट्ठु दणुयारि ताव ।
जुज्झिय वेण्णि वि बहुपहरणेहिं ते केसव पडिकेसव घणेहिं ।
पच्छइ पुणु कित्तिहरहु सुएण मुक्कउ रहंगु णिट्ठुरभुएण ।
तं लेप्पिणु हरिणा सहु जि दिण्णु विर्यलंतरुहिरु वच्छयलु भिण्णु ।
१० रिउ मारिवि किर चल्लंति जाम पयमेत्तु णें चलइ विमाणु ताम ।
घत्ता—ता पेक्खंतहिं सयलउ दिसउ समवसरणु अवलोइउं ॥
हरिबलहिं विहि मि विभियवसहिं णियविज्जामुहुं जोइउं ॥८॥

बोली, "हे आदरणीय, उसके दर्शन कैसे हो सकते हैं, उसे दिखा दीजिए कि जबतक असह्य विरहाग्निकी ज्वालासे भीत मेरा जीव नहीं जाता।"

घत्ता—तब नारायण अनन्तवीर्य अपना कृत्रिम नटत्व छोड़कर तथा प्राकृत शरीर धारण कर स्थित हो गये। उसे देखकर वह तरुणी हुं करके कामसे इस प्रकार विद्ध हो गयी मानो तरुण हरिणी विद्ध हो गयी हो ॥७॥

८

कुमारीके मनमें कामबाण लग गया। ध्वजोंसे चंचल विमानमें बैठाकर कुमारी सुन्दरी ले जायी गयी। पिताको यह समाचार दिया गया। उसने युद्धयात्रा प्रारम्भ की। उसने अनेक प्रकारके माण्डलीक तथा सूर्य-चन्द्रके समान तेजवाले देव विद्याधर भेजे। उन्हें जीतकर युद्ध-शोभी बलभद्र अपराजित और नारायण अनन्तवीर्यने भगा दिया। तब वह अभिमानी दानी हाथमें धनुष लेकर स्वयं 'मारो-मारो' कहता हुआ पहुँचा। जबतक वे दोनों अपने शरोंका सन्धान करें तबतक दानवोंका शत्रु दमितारि बीचमें आ गया। वे नारायण और प्रतिनारायण सघन प्रचुर शस्त्रोंसे लड़े। परन्तु बादमें कीर्तिधरके पुत्र कठोर भुजाओंवाले दमितारिने चक्र फेंका। उसे झेलकर नारायण अनन्तवीर्यने उसीपर चला दिया। जिससे रक्त गिर रहा है, ऐसा उसका वक्षःस्थल भिन्न हो गया। शत्रुको मारकर जैसे ही वे दोनों चलते हैं, एक पग भी उनका विमान नहीं चल पाता।

घत्ता—तब सब दिशाओंमें देखते हुए उन्होंने समवसरण देखा। विस्मयके वशीभूत होकर नारायण और प्रतिनारायण अपनी विद्याओंके मुख देखने लगे ॥८॥

---

८. १. AP विवाणु। २. AP हरिणा। ३. A अहिमाणदाणि; P अहिमाणखाणि। ४. A णिग्गंतरुहिर। ५. AP पयमेत्तु विवाणु ण चलइ ताम। ६. AP विभय°।

९

सा भणइ महापहु विजयकंखु होंतउ सिवमंदिरि कणयपुंखु ।
तहु तणउ तणउ कित्तिहरु राउ एयहु दमियारिहि होइ ताउ ।
संतियरहु सीसु मुएवि राउ थिउ वरिसमेत्तु परिमुक्कचाउ ।
अच्छइ भो[2] केवलि जाहुं एहु भत्तिइ वंदहुं वोसट्टदेहु ।
ता सव्वइं भव्वइं तहिं गयाइं वंदेप्पिणु परमप्पयपयाइं । ५
लायण्णवण्णणिज्जियसिरीइ आलक्खिउ चामीयरसिरीइ ।
भणु देवदेव णियजणणमरणु मइं दिट्ठउ किं सुहिसोयकरणु ।
तं सुणिवि कहइ समसत्तुमित्तु[3] भुवणत्तयणयराईवमित्तु ।

घत्ता—इह दीवि भरंहि संखउरवरि वणि देविलु चक्कलथणिय ॥
बंधुसिरि वरिणि गुणगणणिलय सुय सिरिदत्त ताइ जणिय ॥९॥ १०

१०

पुणु कुंटि[1] पंगु अण्णेक्क दीण णिल्लक्खण हूई हत्थहीण ।
अण्णेक्क बहिर णउ सुणइ वाय खुज्जी अण्णेक्क विमुक्कछाय ।
अण्णेक्क एकलोयणिय जाय पिउ मुउ कालें गय मरिवि माय ।
लहुबहिणिउ करुणें तोसियाउ छ वि एयउ पइं घरि पोसियाउ ।
वणि संखमहीहरि सीलबाहु अवलोइउ सव्वजसंकु[3] साहु । ५

९

तब विजया कहती है कि शिवमन्दिर नगरकी विजयका अभिलाषी राजा महाप्रभु कनकपुंख था। उसका पुत्र कीर्तिधर राजा है, इस दमितारिका वह पिता है। यह राज्य छोड़कर शान्तिकर मुनिके शिष्य होकर, एक वर्ष तक कायोत्सर्गसे स्थित रहे हैं। अरे कायोत्सर्गमें स्थित वह केवली हैं। जाओ और भक्तिसे इनकी वन्दना करो। तब सब भव्य वहाँ गये। परमात्माके चरणोंकी वन्दना कर सौन्दर्य और रूपमें लक्ष्मीको पराजित करनेवाली स्वर्णश्रीने पूछा—"हे देवदेव बताइए, मैंने सुधीजनोंके शोकका कारण अपने पिताका मरण क्यों देखा।" यह सुनकर शत्रु-मित्रमें समान भाव रखनेवाले बोले—

घत्ता—इस द्वीपके भरत क्षेत्रमें शंखपुर नगरमें देविल नामका वणिक् था। उसकी गोल स्तनोंवाली बन्धुश्री नामकी पत्नी थी। उसने गुणसमूहकी घर श्रीदत्ता नामकी कन्याको जन्म दिया ॥९॥

१०

फिर बौनी लँगड़ी एक और दीन लक्षणशून्य और हाथसे हीन हुई। एक और बहरी थी, जो बात नहीं सुनती थी। एक और कान्तिसे रहित, बात नहीं सुनती थी। एक दूसरी एक आँखवाली कन्या उत्पन्न हुई। पिता मर गया और समय आनेपर माता भी मरकर चली गयी। करुणासे परिपूर्ण होकर तुमने इन छहों कन्याओंका घरपर पालन-पोषण किया। वनमें शंखपर्वत-

९. १. AP दमयारिहि । २. AP केवलि भो । ३. AP भणइ । ४. A भरह ।
१०. १. A कुंट; P कुट्टि । २. AP सव्वविं । ३. A सव्वजसंकं ।

पालिय अहिंस वयणेण तासु अण्णेक्कु धम्मचक्कोववासु ।
दिण्णउं सुव्वयखंतियहि दाणु आहारवमणि विदिगिंछठाणु ।
सम्मत्ताभावें कयउ बालि मोहेण पडइ जणु जम्मजालि ।
सोहम्मसग्गि सामण्णदेवि होइवि मुय माणुसदेहु लेवि ।
१० हूई दमियारिहि तणिय पुत्ति जं दिट्ठी पिउखयदुहपवित्ति ।

घत्ता—तं वयणीवमणविणिंदणहु फलु पइं सुइ अणुहुंजियउं ॥
हियउल्लउं जणणहु रणि वडिउ दिट्ठउं रुहिरें मंडियउं ॥१०॥

११

तं णिसुणिवि हरि बल णियघरासु गय कण्ण लेवि पहयरिपुरासु ।
गोविंदतणउ कइकामधेणु सिवमंदिरु गयउ अणंतसेणु ।
रिउसुय तं तहु पइसहुं ण देंति करवालहिं सूलहिं उत्थरंति ।
कंचणसिरियहि संरंभगाढ भायर सुघोस वर विज्जदाढ ।
५ आवेप्पिणु चवलाउहकरेहिं ते बे वि णिहय हरिहलहरेहिं ।
सोयग्गि दड्ढु सरीररुक्खु असहंति सबंधवपलयदुक्खु ।
बलकेसव पत्थिवि गय कुमारि जिणु णविवि सयंपहु णाणधारि ।
सुप्पहहि पासि थिय संजमेण गणणिहि संतिहि कहिएं कमेण ।

पर शीलबाहु और सर्वयशांक साधुके दर्शन किये। उनके उपदेशसे उसने अहिंसा धर्मका पालन किया। तथा एक और धर्मचक्र उपवास किया। सुव्रता नामक आर्यिकाको दान दिया। उसने आहारको वमन कर दिया (लेकिन) सम्यक्त्वके अभावमें (आर्यिकाके द्वारा) आहारवमनको उस बालाने घृणाका स्थान माना। जन मोहके कारण जन्मजालमें पड़ते हैं। सौधर्म स्वर्गमें सामान्य देवी होकर, वहाँसे मरकर मनुष्य शरीर धारण कर वह दमितारिकी पुत्री हुई और इसलिए पिताके विनाशके कारण दुःख प्रवृत्ति उसने देखी।

घत्ता—उस आर्या सुव्रताके वमनकी निन्दाका फल उसने भोगा। और युद्धमें मारे गये अपने पिताको रक्तसे सना हुआ देखा ॥१०॥

११

यह सुनकर बलभद्र और नारायण कन्याको लेकर अपने घर प्रभाकरीपुरीके लिए चले गये। गोविन्दपुत्र, कवियोंके लिए कामधेनु अनन्तसेन शिवमन्दिरके लिए गया। लेकिन शत्रुपुत्रों (सुघोष और विद्युद्दंष्ट्र) ने उसे नगरमें प्रवेश नहीं करने दिया। वे तलवारों और शूलोंको लेकर उछल पड़े। हिंसाके संकल्पसे दृढ़ वे दोनों कनकश्रीके श्रेष्ठ भाई थे। तब अपने हाथोंमें चंचल आयुध लिये हुए उन दोनों (बलभद्र और नारायण) ने उन दोनोंको मार डाला। उस (कनकश्री) का शरीररूपी वृक्ष शोककी आगसे जलकर खाक हो गया। सम्बन्धियोंके विनाशका दुःख नहीं सह सकनेके कारण बलभद्र और नारायणसे प्रार्थना कर (अनुमति लेकर) कनकश्री ज्ञानधारी स्वयंप्रभ मुनिको प्रणाम कर उपदिष्ट क्रम और संयमके साथ शान्त सुप्रभा आर्यिकाके

---

४. K धम्मु। ५. AP विजिगिछ°। ६. A तें वइणीव°; P तं वइणीव°। ७. AP अणुहुंजिउं। ८. AP रंजियउं।

११. १. AP पहयरपुरासु।

सोहम्मि अमरु हूई मरेवि णत्तहि तहि चलें तसि करेवि ।
खग माणव दाणव जिणिवि समरि णारायणु सीरि पइट्ठ णयरि । १०

घत्ता—बलएवें विजयासुंदरिहि हूई सुय णामें सुमइ ॥
कंकेल्लिपल्लवारत्तकर पाडलपिल्लयमंदगइ ॥११॥

१२

णियमियदुद्दममणवारणासु घरु आयउ दमवरचारणासु ।
संपुण्णु अण्णु दिण्णउं समिद्धु पंचच्छेरउ पत्ती पसिद्धु ।
दिट्ठी पिउणा सुय दिण्णदाण णवजोव्वण रूवें सोहमाण ।
संणिहियसयंवरमंडवंति देसंतरायणररायकंति ।
जोवइ वरु जा किर रहवरत्थ तावच्छर चवइ वरंबरत्थ । ५
हलि दिल्लिदिलिए ण भरहि काइं पइं मइं मि सखि भणियाइं जाइं ।
जा पुव्वमेव ण लहइ णिजम्मु सा इयरहि अक्खइ परमधम्मु ।
सुणि विहिं मि भवंतरु कहमि माइ पुक्खरवरद्धपुव्विल्लभाइ ।
भरहे णंदणपुरइ णं सुरिंदु णामेण अमियविक्कमु णरिंदु ।
तहु अत्थि अणंतमइ त्ति भज्ज वरकइविज्जा इव जणमणोज्ज । १०
धणसिरि अणंतसिरि तहि सुयाउ इटुं तुहुं वेण्णि वि सुललियभुयाउ ।

पास स्थित हो गयी। मरकर वह सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न हुई। यहाँ भरतको चक्रसे जीतकर तथा विद्याधर, मनुष्य और दानवोंको युद्धमें जीतकर बलभद्र और नारायण नगरमें प्रविष्ट हुए।

घत्ता—बलभद्र और विजयासुन्दरीसे सुमती नामकी सुन्दरी हुई। अशोक पल्लवोंके समान आरक्त हाथोंवाली और बालहंसके समान गतिवाली ॥११॥

१२

जिन्होंने मनरूपी दुर्दम गजको वशमें कर लिया है ऐसे घर आये हुए दमवर चारण मुनिको उसने सम्पूर्ण और समृद्ध आहार दिया। वहाँ पांच आश्चर्य प्राप्त हुए। दान देनेवाली कन्याको पिताने देखा कि वह नवयौवनवती और रूपसे शोभित है। जिसमें देशान्तरके राजाओं और मनुष्य राजाओंकी कान्ति है, ऐसे उस नवनिर्मित मण्डपमें रथवरपर बैठी हुई वह वर देखती है तो आकाशमें स्थित एक अप्सरा उससे कहती है—हे कन्ये, यह तुम्हें याद नहीं आ रहा है कि जो मैंने और तुमने स्वर्गमें कहा था कि जो पहले मनुष्य-जन्म नहीं लेगा वह दूसरेसे परमधर्म कहेगा। हे आदरणीय सुनो, दोनोंके जन्मान्तरका कथन करता हूँ। पुष्करार्ध द्वीपके पूर्वभागमें भरतक्षेत्रके नन्दनपुरमें सुरेन्द्रके समान अमितविक्रम नामका राजा था। उसकी अनन्तमती नामकी भार्या थी, जो वरकविकी विद्याकी तरह लोगोंके लिए सुन्दर थी। उसकी मैं और तुम दोनों सुन्दर भुजाओंवाली धनश्री और अनन्तश्री नामकी कन्याएँ थीं।

२. AP दाणव माणव । ३. AP सवरि । ४. AP णाराइण ।
१२. १. AP संपक्कु । २. A समिद्धु । ३. A सिद्धु । ४. A सरहि । ५. A नृजम्मु । ६. P णंदणरिहि ।

घत्ता—वणि सिद्धमहागिरि गंपि हलि णंदणमुणिवरपयजुयलु ॥
वंदेप्पिणु वंदु ववासतउ चिण्णउं दुक्खरु गलियमलु ॥१२॥

१३

वज्जंगउ णामें सस[1]हराहु
कंताइ कुलिसमालिणिइ सहिउ
गउ णियपुरि णियपणइणि थवेवि
वेण्णि वि जणीउ संचालियाउ
आयासि जाम धावइ तुरंतु
भत्तारचित्तगइ संभरंतु
णिक्करुणें दइवुप्पे[2]ल्लियाउ
परिहरियभीमवणयरभयाउ

तहिं आयउ कत्थइ तिउरणाहु ।
अम्हइं णियंतु मारेण महिउ ।
कामाउरु पडियागउ वलेवि ।
णं हंसें कुवलयमालियाउ ।
ता दिट्ठउ तेण कलत्तु एंतु ।
ईसाकसायवसु विप्फुरंतु ।
भीएण वेणुवणि वल्लियाउ ।
तहिं वेण्णि वि संणासें मुयाउ ।

घत्ता—णउ कंदु ण मूलु ण फलु ण दलु अहिलसियउ जइ किं पि वणि ॥
जोईसरु सासयसिद्धियरु परमजिणेसरु धरिवि मणि ॥१३॥

१४

हउं णवमी आइंदलहु देवि
णामें रइ पवर कुबेरणारि
मंदरयलि दिट्ठउ चरियतिक्खु

हूई तुहु माणुसतणु मुएवि ।
णंदीसरजत्तहि दुक्खहारि ।
दिहिसेणु णाम पणवेवि भिक्खु ।

घत्ता—हे सखी, सुनो सिद्धिमहागिरि पर्वतपर जाकर नन्दन नामक मुनिवरके चरण-कमलोंको प्रणाम कर कठोर तथा मलनाशक उपवासतपरूपी व्रत ग्रहण किया ॥१२॥

१३

वहाँ चन्द्रमाके समान कान्तिवाला त्रिपुरका स्वामी वज्रांगद नामका विद्याधर राजा कहींसे आया। हमें देखकर वह कामसे पीड़ित हो उठा। अपनी पत्नीको अपने घर छोड़नेके लिए वह गया और कामातुर वह शीघ्र वापस आ गया। उसने हम दोनोंको इस प्रकार उठा लिया मानो हंसने कुवलयमालाको उठा लिया हो। जैसे ही वह आकाशमें दौड़ा कि उसने तुरन्त अपनी पत्नीको आते हुए देखा। अपने पतिकी गतिको याद करते हुए और ईर्ष्या कषायके कारण तमतमाते हुए। दैवसे प्रेरित निष्करुण उस भयावहने हमें वेणुवनमें फेंक दिया। जिन्होंने भीषण वनचरोंके भयको छोड़ दिया है, ऐसी हम दोनों वहाँ संन्यासपूर्वक मर गयीं।

घत्ता—शाश्वत सिद्धि देनेवाले योगीश्वर परम जिनको अपने मनमें धारण कर हम लोगोंने उस वनमें न कन्द, न मूल, न फल और न दल कुछ भी न चाहा ॥१३॥

१४

मैं नौवें स्वर्गमें देवी हुई। तू मनुष्य शरीर छोड़कर कुबेरकी रति नामकी देवी हुई। दुःखका हरण करनेवाली नन्दीश्वरकी यात्रामें मन्दराचलपर चरित्रमें तीक्ष्ण धृतिसेन नामक मुनिको देखा। उन्हें प्रणाम कर हम लोगोंने पूछा कि सिद्धत्व (मोक्ष) कब प्राप्त होगा। मुनिने

---

७. K ब्रउ।

१३. १. A सहसबाहु। २. P °मालिणए। ३. AP दइउ पेल्लियाउ।

पुच्छिउ सिद्धत्तणु कम्मि कालि होसइ रिसि भणइ भवंतरालि।
चोत्थइ णित्थरह भवद्धिणीरु तं सुणिवि कण्ण विहुणिवि सरीरु। ५
आउच्छिवि हरि बल बे वि ताय वंदिवि सुव्वयसंजइहि पाय।
णिवकुमरिहिं सहुं सत्तहिं सएहिं पावज्ज लइय भूसियवएहिं।
एयारहमइ दिवि सुहणिहाणि सुरवरु हुई पैणावसाणि।
केसवु महि भुंजिवि कम्मणडिउ रयणप्पहवसुहाविवरि पडिउ।
सुउ रज्जि थवेवि अणंतसेणु जसहरगुरुचरणंबुरुहि लीणु। १०
तव चरिवि सीरि विहडियकसाउ सोलहमइ सग्गि सुरिंदु जाउ।

घत्ता—पिउ जायउ जो उरयाहिवइ तासु पासि दंसणरयणु॥
पावेप्पिणु णरयहु णीसरिउ सो अणंतवीरियउ पुणु॥१४॥

१५

भरहम्मि एत्थु विजयाचलिंदि उत्तरसेढिहि धवलहरणंदि।
णहवल्लहपुरि घणवाहु राउ घणमालिणिवरकंतासहाउ।
घणवण्णउ जायउ ताहं पुत्तु घणणाहु णाम णवणलिणणेत्तु।
सो सयलखयरखोणीवईसु मंदरणंदणवणि णमियसीसु।
पण्णत्तिविज्ज संसाहमाणु अच्चुयणाहें बोहिउ सणाणु। ५
सम्मत्तु लएप्पिणु तिमिरणासु णिक्खंतु सुरामरगुरुहि पासु।

बताया कि चौथे जन्मान्तरमें संसाररूपी समुद्रके जलसे तुम लोग तर जाओगी। यह सुनकर कन्या (सुमति) अपना शरीर कँपाती हुई, नारायण और बलभद्र पितासे पूछकर, सुव्रता आर्यिकाके चरणोंको प्रणाम कर व्रतोंसे भूषित सात सौ राजकुमारियोंके साथ प्रव्रजित हो गयी। प्राणोंका अन्त होनेपर वह सुखके निधान ग्यारहवें स्वर्गमें देव हुई। कर्मोंसे प्रतारित केशव, नारायण, रत्नप्रभा नामक नरकमें गया। अपने पुत्र अनन्तसेनको राज्यमें स्थापित कर यशोधर महामुनिके चरणकमलोंमें लीन होकर और तपश्चरण कर विघटित कषाय श्री बलभद्र सोलहवें स्वर्गमें सुरेन्द्र हुए।

घत्ता—उनका पिता स्तिमितसागर धरणेन्द्र हुआ। उसके पाससे सम्यग्दर्शनरूपी रत्न पाकर अनन्तवीर्य नरकसे पुनः निकला॥१४॥

१५

इस भरत क्षेत्रमें विजयार्ध पर्वतकी उत्तरश्रेणीमें धवल गृहोंसे विशाल नभवल्लभ नगरमें मेघमालिनी नामक सुन्दर कान्ता जिसकी सहायक है, ऐसा मेघवाहन नामका विद्याधर राजा था। वह (अनन्तवीर्यका जीव) उन दोनोंका मेघके समान वर्णवाला तथा नवनलिनके समान नेत्रवाला मेघनाद नामका पुत्र हुआ। समस्त विद्याधर भूमिका स्वामी मेघनाद मन्दराचलके नन्दनवनमें सिर झुकाये हुए प्रज्ञप्ति विद्या सिद्ध कर रहा था। अज्ञानी उसे अच्युतेन्द्रने सम्बोधित किया। तिमिरके नाशक सम्यक्त्वको लेकर और देव तथा अमरोंके गुरुके पास संन्यास लेकर,

---

१४. १. A णवकुमरिहिं; P णिवकुमरिहिं। २. K प्राणावसाणि। ३. P असहरचरणंबुरुहे णिलीणु। ४. AP दंसणु रयणु। ५. P °वीरिउ।
१५. १. A °वण्णिउ। २. A पण्णत्त। ३. P अणाणु; K अणाणु but corrects it to सणाणु।

अण्णहिं दिणि गउ णंदणगिरिंदु थिउ पडिमाजोएं मुणिवरिंदु ।
हयकंठभाइ णामें सुकंठु संसारु भमिवि दुक्खाहिदट्ठु ।
जायउ भीमासुरु सरिवि वेरु आढत्तु तेण मुणि मेरुधीरु ।
उवसग्गहु ण चलइ किं पि जाम सइं लज्जिउ गउ रिउ गयणु ताम ।
रिसि साहिवि आराहण अभंगु अच्चुइ इंदहु हूयउ पडिंदु ।
इह दीवंतरि सुरदिसिविदेहि मंगलवइदेसि विचित्तगेहि ।

घत्ता—पुरि रयणसंचि मणिचेंचइइ थिरु आउंचियारिपसरु ॥
राणउ खेमंकरु दीहकरु धीमहंतु उद्धरियधरु ॥१५॥

१६

तहु कणयचित्त णामेण देवि तहि णंदणि इंद पडिंद वे वि ।
जोया हियमाणिणिहिययसार वज्जाउहु सहसाउहु कुमार ।
सिरिसेणहि सुउ सहसाउहेण जणियउ णेहु व कुसुमाउहेण ।
णियसंति णामु सुरणाहमहिउ खेमंकरु पुत्तपउत्तसहिउ ।
जावच्छइ ता दिवि देवसत्थु पभणइ मुणि को सइंसणत्थु ।
अण्णहिं वेण्णिउ कुलिसाउहासु णिम्मलु सम्मत्तु गुणावयासु ।

दूसरे दिन वह नन्दनपर्वत पर गया और वह मुनिवरेन्द्र प्रतिमायोगमें स्थित हो गया। अश्वग्रीवका भाई सुकण्ठ दुःखसे आहत और संसारका परिभ्रमण कर भीम असुर हुआ। पूर्वभवका स्मरण कर मेरुपर्वतके समान धीर उन मुनिसे उसने शत्रुता शुरू कर दी। परन्तु जब वह मुनि उपसर्गसे जरा भी विचलित नहीं हुए तो वह शत्रु स्वयं लज्जित होकर आकाशमें कहीं भी चला गया। मुनि भी अनन्त आराधनाको साधकर अच्युत स्वर्गमें इन्द्रका प्रतीन्द्र हुआ। इसी द्वीप (जम्बूद्वीप) की पूर्वदिशामें गृहोंसे विचित्र मंगलावती देश है।

घत्ता—मणियोंसे शोभित रत्नसंचय नगरमें शत्रुओंके प्रसारको रोकनेवाला बुद्धिमें महान् धरतीका उद्धार करनेवाला क्षेमंकर नामका राजा था ॥१५॥

१६

उसकी कनकचित्रा नामकी देवी थी। उससे इन्द्र और प्रतीन्द्र दोनों मानिनियोंके हृदयसारका अपहरण करनेवाले वज्रायुध और सहस्रायुध कुमार उत्पन्न हुए। सहस्रायुधको श्रीषेणसे इन्द्रसे पूजित कनकशान्त नामका पुत्र, वैसे ही हुआ जैसे कामदेवसे स्नेह उत्पन्न हुआ हो। इस प्रकार जब पुत्र और पौत्रों सहित क्षेमंकर राजा रह रहा था, तब स्वर्गमें देवसमूह कहता है कि पृथ्वीपर सम्यक्दर्शनमें कौन स्थित है ? दूसरे देवोंने कहा कि गुणोंसे युक्त वज्रायुधको निर्मल सम्यक्त्व प्राप्त है। यह सुनकर चित्रचूल नामका सुरवर जिसके शिखर आकाशको चूम रहे हैं

४. AP जयवरिंदु । ५. AP संसारि । ६. P दुक्खेहि दट्ठु ।

१६. १. A तहि णंदणु अच्चुयइंदु ए वि । २. A reads this line and 3 *a* as: वज्जाउहु णामें तिजयसारु, तें परिणिय सिरिमइ णं कुमारु, तोए जणियउ सहसाउहु कुमारु । ३. AP को भुवि । ४. P भण्णिउ । ५. A णिम्मलु ।

तं णिसुणिवि सुरवरु चित्तचूलु आयउ णिवेंघरु णहलग्गचूलु ।
जिणजेट्ठतणुब्भवु भणिउ तेण अण्णण्णु होइ तिहुवणु खणेण ।
घत्ता—णउ अत्थि तो वि दीसइ पयडु जिह सिविणउ तेलोक्कु तिह ॥
लइ सुण्णुं जि णिच्छउ आवडिउं कहिं अच्छइ गय दीवसिह ॥१६॥ १०

१७

तं सुणिवि भणइ पविपहरणक्खु अण्णाणहं दुक्करु णाणचक्खु ।
जइ अवरु जि खणि खणि होइ सव्वु तो किं जाणइ जणु णिहिउ दव्वु ।
पज्जायारूढी सव्वसिट्ठि आउंचिउ हत्थु जि होइ मुट्ठि ।
अण्णयविरहिउं जि जगु भणंति खकुसुमुं ते ससिसिंगें हणंति ।
जइ सिविणु व तच्चु परोवहासि तो सिविणयभोयणि किं ण धासि । ५
जइ सुण्णत्तहु दीवसि जाइ तो खप्परि कज्जलु केम थाइ
तं सुणिवि पबुद्धउ सुरु वयद्धु संसइ तुहुं णरवइ णाणसुद्धु ।
को करइ बप्प पइं सहुं विवाउ अरहंतु भडारउ जासु ताउ ।
घत्ता—गउ चित्तचूलु सणिहेलणहु इंदचंदफणिपरियरिउ ॥
खेमंकरु पढमहु तणुरुहहु अप्पिवि वसुमइ णीसरिउ ॥१७॥ १०

ऐसे राजभवनमें आया। उसने जिनके बड़े लड़के (वज्रायुध) से कहा कि त्रिभुवन एक पलमें कुछका कुछ हो जाता है।

घत्ता—यद्यपि वह नहीं है, तो भी वह प्रत्यक्ष रूपमें दिखाई देता है, जिस प्रकार स्वप्न (दिखाई देता है) उसी प्रकार त्रिलोक। लो शून्यको शून्य ही निश्चय रूपसे ज्ञात हुआ, गयी दीप शिखा कहाँ रहती है ? ॥१६॥

१७

यह सुनकर वज्रायुध कहता है कि अज्ञानियोंके ज्ञानचक्षु कठिन होते हैं। यदि सब कुछ क्षण-क्षणमें कुछका कुछ हो जाता है तो लोग रखे हुए धनको किस प्रकार जान लेते हैं ? समस्त सृष्टि पर्यायोंपर आश्रित है। संकुचित हाथ मुट्ठी बन जाता है। जो विश्वको एक दूसरेसे (द्रव्य पर्याय) रहित कहते हैं वे आकाशके फूलको खरगोशके सींगसे मारते हैं। हे परोपहासी (दूसरोंका उपहास करनेवाले), यदि तत्त्व भी स्वप्नकी तरह है, तो तुम स्वप्नमें किये गये भोजनसे तृप्त क्यों नहीं होते ? यदि दीपकी शिखा शून्यस्थको जाती है तो खप्परमें काजल कैसे पाड़ा जाता है ? यह सुनकर वह क्षणिकवादी बौद्धदेव प्रबुद्ध हो गया और प्रशंसा करने लगा कि हे देव, हे राजन्, तुम ज्ञानसे शुद्ध हो। हे सुभट, तुम्हारे साथ विवाद कौन करे कि जिसके पिता आदरणीय अरहन्त हैं ?

घत्ता—चित्रचूल देव अपने घर चला गया और इन्द्र, चन्द्र और नागोंसे घिरा हुआ क्षेमंकर अपने पहले पुत्रको धरती सौंपकर चला गया ॥१७॥

१६. A णृवघर । ७. AP सुण्णउ णिच्छउ ।
१७. १. AP जइ खणे खणे अवरु जि होइ । २. P खकुसुम । ३. AP कि ण थाइ । ४. A सुरु पबुद्धु; P सुरु वबुद्धु ।

१८

घरु मेल्लिवि वणि थिउ मुक्कगत्तु
रायाहिराउ णिव्वूढमाणु
वज्जाउहु अवइण्णइ वसंति
तडिदाढें चिरभववइरिएण
खयरेण णायपासेण बद्धु
सा तेण णिहय दढकरयलेण
रिउ णासिवि गउ भयभीयजीउ
वसिकयसुरणरविज्जाहरासु
घरु आयउ [illegible] अरु

घत्ता—तहु अणु आगय असियरखयरि चवइ हणमि को मइं धरइ ॥
पहरणकरु थविरु अवरु अइउ णिवहु सवइयरु वज्जरइ ॥१८॥

कालें अरहंतावत्थ पत्तु ।
गोमिणिकामिणि अणुहुंजमाणु ।
जलि रमइ सुदंसणसरवरंति ।
दुक्कम्मभावसंचारिएण ।
विज्जुलइ सिलाइ सहुं संणिरुद्धु ।
गय सयदलु णारि व रयमलेण ।
णियघरि पइट्ठु कुलहरपईउ ।
णवणिहि चउदहरयणाइं तासु ।
भीरु णहयरु एकु पवण्णु सरणु ।

१९

इह चरिसि खगायलि अरिहभत्तु
तहु देवि जसोहर वाउवेउ
तेत्थु जि पुरु किंणरगीउ अत्थि
तहु सुय सुकंत महुं तणिय कंत

सक्कंणहपुरि पहु इंदयत्तु ।
हउं पुत्तु पुण्णसंपुण्णतेउ ।
तहिं चित्तचूलु खगु जसगभत्थि ।
बहुतंतमंतविहिबुद्धिवंत ।

१८

मुक्त शरीर वह घर छोड़कर वनमें स्थित हो गया और समय बीतनेपर वह अरहन्त अवस्थाको प्राप्त हुआ। अपने मानका निर्वाह करनेवाला राजाधिराज धरती और लक्ष्मीको भोगता हुआ वज्रायुध वसन्त ऋतु आनेपर सुदर्शन नामक सरोवरमें जलमें क्रीड़ा कर रहा था। पूर्व-जन्मके शत्रु और दुष्कर्मभावसे संचारित विद्युद्दंष्ट्र विद्याधरने उसे नागपाशसे बाँधा और विशाल चट्टानसे उसे अवरुद्ध कर दिया। उस चट्टानको उसने अपने दृढ़ करतलसे आहत किया, वह उसी प्रकार सौ टुकड़े हो गयी जैसे रजस्वला स्त्री रक्तमलसे लाजके कारण टुकड़े-टुकड़े हो जाती है। भयसे भीत जीव शत्रु नष्ट होकर चला गया। वह कुलगृहका दीपक अपने घर आया। जिसने मनुष्यों और देवोंकी विद्याओंको अपने वशमें कर लिया है, ऐसे उसके घर नौ निधियाँ और चौदह रत्न आये। एक विद्याधर मरणके भयसे उसके घर शरण आया।

घत्ता—उसके पीछे हाथमें तलवार लिये हुए एक विद्याधरी आयी और बोली कि मैं मारूँगी, कौन मुझे पकड़ सकता है? एक और बूढ़ा विद्याधर हाथमें हथियार लेकर आया और राजासे अपना वृत्तान्त कहने लगा ॥१८॥

१९

इस भारतवर्षमें विजयार्ध पर्वतके शुक्लप्रभ नगरमें अर्हद्भक्त राजा इन्द्रदत्त है। उसकी देवी यशोधरा है। उसका मैं पुण्यसे सम्पूर्ण तेजवाला वायुवेग नामका पुत्र हूँ। उसी देशमें किन्नरगीत नगर है। उसमें यशकी किरणोंवाला विद्याधर राजा चित्रचूल है। उसकी कन्या

---

१८. १. AP सहसा णिरुद्धु । २. A सयदण । ३. AP णियपुरि । ४. AP मइं को ।
१९. १. A अरहं ।

ओहच्छइ तुह पयणय विणीय संतिमइ णाम महु तणिय धीय । ५
विज्जासाहणि थियवणयरासु उवगय मुणिसायरगिरिवरासु ।
किर साहइ इच्छियसिद्धि जाव गुरुविग्घु पउंजिउ एण ताव ।
तं अवराणिवि मृगलोयणाइ सिद्धी देवय जाणिवि अणाइ ।
आरूसिवि कड्ढिउ मंडलग्गु एहु वि लंघिय णहमंडलग्गु ।
आवेप्पिणु तुज्झु पइट्ठ गेहि हउं पुज्ज लेवि खे भमियमेहि । १०
आगच्छमि जा महिहरधरित्ति ता पेच्छवि णहि धावंति पुत्ति ।
इह आयउ अक्खिउ तुज्झु राय पेक्खहि परिरक्खहि णायलाय ।
गंभीरघोरवइरायहेण तं सुणिवि वुत्तु वज्जाउहेण ।

घत्ता—इह दीवइरावयविंझउरि विंझसेणु णामें णिवइँ ॥
णामेण सुलक्खणमिगणयण तहु रायाणी हंसगइ ॥१९॥ १५

२०

तहु णंदणु णामें णलिणकेउ णं थिउ णररूवें मयरकेउ ।
तेत्थु जि वणिवरु णामें सुमित्तु सिरिदत्त कंत तणुरुहु सुदत्तु ।
पीयंकरि णामें तासु भज्ज सा हित्ती णिवतणएं मणोज्ज ।
महिलाविरहेण मुणिंदवासि रिसि हुउ सुदत्तु सुव्वयहु पासि ।

सुकान्ता मेरी कान्ता है। बहुतसे तन्त्र-मन्त्रोंको विधि और बुद्धिसे युक्त शान्तिमती नामकी मेरी कन्या जो आपके चरणोंमें विनीत है, विद्या सिद्ध करनेके लिए जहाँ वनचर स्थित हैं ऐसे मुनि-सागर नामक पर्वतपर गयी हुई थी। जबतक यह इच्छित सिद्धिको सिद्ध करती तबतक इसने भारी विघ्न किया। उसकी उपेक्षा करके मृगनयनीने विद्या सिद्ध कर ली। इसने यह जानकर और क्रुद्ध होकर अपनी तलवार निकाल ली। यह भी आकाशमण्डलका अग्रभाग लाँघकर और आकर तुम्हारी शरणमें प्रवेश कर गया। मैं पूजा लेकर, जिसमें बादल घूम रहे हैं, ऐसे आकाशमें जबतक पर्वतकी भूमिपर आता हूँ, तबतक आकाशमें पुत्रीको दौड़ते हुए देखता हूँ। मैं यहाँ आया हूँ और आपसे कहा है। आप इसे देखें और न्यायके प्रभावकी रक्षा करें। गम्भीर घोर शत्रुओंको ललकारनेवाले वज्रायुधने यह सुनकर कहा—

घत्ता—इस जम्बूद्वीपके ऐरावत क्षेत्रमें विन्ध्यनगर है। उसमें विन्ध्यसेन राजा है। उसकी सुलक्षणा नामकी मृगनयनी तथा हंसकी चालवाली रानी है ॥१९॥

२०

उसका नलिनकेतु नामका पुत्र है, जो मानो मनुष्यके रूपमें कामदेव हो। वहींपर सुमित्र नामका बनिया था, उसकी श्रीदत्ता पत्नी थी और सुदत्त पुत्र था। उसकी प्रीतंकरी नामकी भार्या थी। उस सुन्दरीका राजाके पुत्रने अपहरण कर लिया। पत्नीके विरहमें वह जिसमें मुनीन्द्रोंका

---

२. A सुक्क°। ३. P मिग°। ४. AP णहि मंडलग्गु। ५. P णायणाय। ६. AP णिसुणिवि। ७. K नूवइ। ८. A सलक्खण। ९. K मृग°।

२०. १. AP पीईकरि। २. A नृवतणएं।

अंतिहि पुण्णमइ कंदप्पगयवु संणासें गउ ईसाणकप्पु ।
जंबूदीवंतरि कच्छदेसि वेयड्ढइ उत्तरसेढिवासि ।
पुरि कणयतिलइ णं पुण्णयंदु णामें महिंदविक्कमु खगिंदु ।
तहु पणइणि णामें णीलवेय सुरु मेल्लिवि सुरतणु अमियतेय ।
चिरु वणि सुदत्तु जो दुक्खखीणु सो तहि सुउ जायउ अजियसेणु ।
इंदीवरदलसंकासणेत्तु जें हित्तउ वणितणयहु कलत्तु ।
सीमंकरसूरिहि णविवि पाय तउ चरिवि घोरु चूरिवि कसाय ।
णियदुक्किउ णिंदिवि णायतेउ गउ मोक्खहु सोणिवु णलिणकेउ ।

घत्ता—पीइंकरि सुव्वयसंजइहि पासि मुएप्पिणु धरणियलु ॥
चंदायणु चरिवि पसण्णमइ मय पक्खालिवि पावमलु ॥२०॥

२१

ईसाणि देवि तित्थाउ आय संतिमइ तुहारिय धीय जाय ।
इहु अजियसेणु चिरवरु दुलंघु विज्जउ साहंतिहि करइ विग्घु ।
इय णिसुणिवि कण्णइ पुव्वजम्मु खेमंकरणाहहु पासि धम्मु ।
संतिमइ सुगंथवियक्खणाहि हूई सीसिणिय सुलक्खणाहि ।
देवत्तु लहेप्पिणु बीयसग्गि संचरइ जाम गयणयलमग्गि ।
ता पेक्खइ जो णरजम्मि ताउ सो जिणवरु जायउ वाउवेउ ।

वास है, ऐसे सुव्रतके निकट मुनि हो गया। दुर्मद काममदका क्षय कर संन्याससे वह ईशान स्वर्गमें गया। जम्बूद्वीपके अन्तर्गत कच्छ देशमें विजयार्ध पर्वतकी उत्तर श्रेणीमें स्थित कनकतिलक (कांचनतिलक) का विद्याधर राजा महेन्द्रविक्रम था, जो मानो पूर्णचन्द्र था। उसकी प्रणयिनी नीलवेगा थी। अमिततेज देव जो पहले दुखसे क्षीण सुदत्त नामका वणिक् था, वह उसका अजितसेन नामका पुत्र हुआ और जिसने कमलके समान नेत्रोंवाली वणिक्पुत्रकी पत्नीका अपहरण किया था। सीमन्धर स्वामीके चरणोंमें प्रणाम कर तथा घोर तपश्चरण कर, कषायोंको चूर-चूर कर, अपने पापोंकी निन्दा कर तत्त्वोंको जाननेवाला वह राजा नलिनकेतु मोक्ष गया।

घत्ता—प्रसन्नमति और प्रीतंकरी भी सुव्रता आर्यिकाके पास धरिणीतलको छोड़कर चान्द्रायण तपकर तथा पापमलका प्रक्षालन कर मृत्युको प्राप्त हुई ॥२०॥

२१

ईशान स्वर्गकी देवी प्रीतंकरी (प्रीतंकरा) वहाँसे आयी और शान्तिमती नामसे तुम्हारी पुत्री हुई। यह अजितसेन पूर्वजन्मका दुर्लभ वर है जो विद्या सिद्ध करती हुई इसे विघ्न कर रहा है। इस प्रकार अपना पूर्वजन्म सुनकर क्षेमंकरस्वामीके निकट कन्या शान्तिमती सुशास्त्रोंमें पारंगत आर्यिका सुलक्षणा की शिष्य हो गयी। दूसरे स्वर्गमें उत्पन्न होकर जब वह आकाशतलमें विचरण कर रही थी तो वह देखती है कि जो मेरे पूर्वजन्मके पिता वह वायुवेग जिनवर हो

---

३. AP हुउ। ४. A पुण्णिविंदु; P पुण्णियंदु। ५. A अमियसेणु। ६. A गउ; P णिउ। ७. A पोइंकर। ८. AP मुय। ९. A पायमलु।

२१. १. AP तुहारी। २. AP इय णिसुणेप्पिणु अप्पणउ जम्मु। ३. AP गयणमग्गमग्गि।

जिह सो तिह अवरु वि अजियसेणु रयणत्तयजलधुयकम्मरेणु ।
थुइसयहिं पसंसिवि वरगिरेण वेण्णि वि वंदिय पणमियसिरेण ।
देविं चिंतिउ संसारु चित्तु जिणधम्मि ण किज्जइ केम चित्तु ।
काणीणदीणदिज्जंतदाणि चक्केसररज्जि पवड्ढमाणि । १०

घत्ता—खगमहिहरदाहिणसेढियहि सिवमंदिरि घणवाहणहु ॥
विमलादेविहि संभूय सुय कणयमाल संपसाहणहु ॥२१॥

२२

संगरभरमारियखत्तियासु दिण्णी वसुहाहिवणत्तियासु ।
गुणमणिचक्कोइयकुलहरासु सोवण्णसंतिणामहु वरासु ।
वसुसारयणयरि समुद्दसेण रायहु जयसेण वसंतसेण ।
दोहिं मि सहुं गउ गहणंतरालु घोलंतणीलदलवेल्लिजालु ।
विमलप्पहु णामें सेत्थु साहु अवलोइउ णाणजलोहवाहु । ५
णिसुणेवि तच्चु पावज्ज लइय सहुं घरणिहिं तेण विमुक्कदइय ।
णारिहि णं चल भइ जणियसंति आसंचिय विमलमइ त्ति खंति ।
सिद्धायलि काओसग्गु देवि तिण्णि वि थियाइं मणि जोउ लेवि ।
अविचलमइसमचित्तें जडेण विज्जाहरेण वइरुब्भडेण ।

गये हैं। जिस प्रकार वह उसी प्रकार दूसरा अजितसेन भी रत्नत्रयरूपी जलसे कर्मरजको धो चुका है। उसने सैकड़ों स्तुतियों और उत्तम वाणी तथा नम्रशिरसे दोनोंकी वन्दना की। उसने विचार किया कि संसार विचित्र है, जिनधर्ममें चित्तको क्यों न किया जाये? जिसमें कन्यापुत्रों और दीनोंको दान दिया जाता है ऐसे चक्रवर्ती राज्यके बढ़नेपर—

घत्ता—विजयार्ध पर्वतकी दक्षिण श्रेणीके शिवमन्दिर नगरमें सैन्ययुक्त मेघवाहन और विमलादेवीके कनकमाला नामकी पुत्री हुई ॥२१॥

२२

जिसने संग्राम समूहमें क्षत्रियोंको मारा है, जिसने गुणरूपी मणियोंसे कुलगृहोंको आलोकित किया है, ऐसे राजाके नाती कनकशान्ति नामक वरको कन्या दी गयी। वसुसार नगर (वस्त्वोकसार) के समुद्र राजाकी जयसेना और वसन्तसेना स्त्रियां थीं। वह उन दोनोंके साथ गहन वनके भीतर गया कि जहाँ हरे-हरे पत्तोंवाला लताजाल आन्दोलित हो रहा था। वहाँ उसने ज्ञानरूपी जलसमूहको धारण करनेवाले विमलप्रभ नामक मुनिको देखा। उनसे तत्त्व सुनकर उसने अपनी गृहिणियोंके साथ, जिसमें पत्नीका त्याग किया जाता है ऐसी दीक्षा ग्रहण कर ली। स्त्रियोंने भी अविचल मति एवं शान्ति देनेवाली विमलमति नामकी आर्यिकाकी शरण ग्रहण की। सिद्ध-शिलातलपर कायोत्सर्ग करते हुए वे तीनों मनमें योग धारण कर स्थित हो गये। जो

---

४. AP वेण्णि वि पणविवि वंदिवि सिरेण। ५. A देवें; P देविए। ६. AP °दाहिणसेढियहि। ७. AP सुपसाहणहु।

२१. १. A adds after this: तह सुय उप्पण्णी वरभुएण, सा पुणु परिणिय पहसुयसुएण। २. AP णिच्चलमइ।

लहुपणइणिमेहुणएण ताहं उवसग्गु रइउ तीहिं मि जणाहं ।
तज्जिउ खयरिंदें असिगहेण गउ चित्तचूलु णासिवि णहेण ।
घत्ता—णिवसुयसुउ कणयसंति णिवइ कणयमाल परिसेसिवि ॥
आहिंडइ महियलि सुद्धमणु अप्पउ तवेण विहूसिवि ॥२२॥

२३

रयणउरइ राणउ रयणसेणु तें तहु भयवंतहु दिण्णु दाणु ।
अण्णेक्कें वणि अच्छंतु संतु आढत्तु हणहुं कम्मइं खवंतु ।
एयहं दोहं मि मुणिवरु समाणु संजायउ केवलि तिजगभाणु ।
देवागमु पेक्खिवि हीणु दीणु पुणु मुणिवरकमकमलयलि लीणु ।
सो खलु वसंतसेणाहि सयणु पणविउ हिरिभावोणल्लवयणु ।
णियणत्तिउ णिएवि अणंतणाणि णिविण्णउ रइसुहि चक्कपाणि ।
खेमंकरतायहु पासि दिक्ख मणि धरिवि असेस वि समयसिक्ख ।
सिद्धइरिहि लेप्पिणु वरिसजोउ थिउ देहविसग्गें मुक्कभोउ ।
घत्ता—संझायइ पंचमहव्वयइं पंचहिं पंचें जि भावणउ ॥
पंचमगइणिच्चलणिहियमइ परिगयपंचेंदियपणउ ॥२३॥

समचित्तको नहीं पहचानता ऐसे जड़ और वैरसे उद्भट छोटी पत्नी वसन्तसेनाके मामाके लड़के चित्रचूलने उन तीनोंपर उपसर्ग किया। विद्याधर राजाके द्वारा तलवारसे धमकाया गया चित्रचूल आकाशमार्गसे भाग गया।

घत्ता—नृपसुतका मुनि अर्थात् कनकशान्ति कनकमालाको छोड़कर, शुद्धमन तथा स्वयंको तपसे विभूषित कर धरतीतलपर भ्रमण करते हैं ॥२२॥

२३

रत्नपुरमें राजा रत्नसेन था, उसने ज्ञानवान् उनको आहारदान दिया। एक और दिन जब वह वनमें कर्मोंका क्षय करते हुए विद्यमान थे तो उसने (चित्रचूल देव) उपसर्ग करना शुरू किया। लेकिन वह मुनिवर इन दोनों (अर्थात् आहारदान देनेवाले राजा रत्नसेन और उपसर्ग करनेवाले चित्रचूल) में एक समान थे। वह त्रिजगसूर्य केवलज्ञानी हो गये। देवागम देखकर वह देव दीन-हीन हो गया और मुनिवरके चरणकमलोंमें लीन हो गया। वसन्तसेनाके मातुलपुत्र दुष्ट उस चन्द्रचूलने लज्जाभावसे विनत होकर उन्हें प्रणाम किया। वज्रायुध भी अपने नातीको केवलज्ञानी देखकर रतिसुखसे विरक्त हो गया। पिता क्षेमंकरके पास दीक्षा लेकर और मनमें समस्त शास्त्र शिक्षा धारण कर सिद्ध पर्वतपर एक वर्षका योग लेकर मुक्तभोग वह कायोत्सर्गमें स्थित हो गया।

घत्ता—वह पांच महाव्रतों और उनकी भावनाओंकी भावना करता। उसकी मति मोक्षमें अचल थी और पांचों इन्द्रियोंके प्रेमसे वह उन्मुक्त था ॥२३॥

---

२३. १. AP मुणिवरु । २. A हरिवाहोणवल्लवयणु । ३. AP पंच वि ।

२४

चिरु हरिगीवहु सुउ धम्मभट्ठ णामें रयणाउहु रयणकंठ ।
संसारु भमेप्पिणु जाय देव पहरंति पाव तं सावलेव ।
आयइ रंभाइ तिलोत्तिमाइ णिब्भच्छिय वंदियजइकमाइ ।
अइबलु समहाबलु खणि पलाणु पाविट्ठहु कासु ण भग्गु माणु ।
सहसाउहेण सयबलिहि रज्जु डोइवि वयसिउ परलोयकज्जु । ५
तेंउ लइयउं पिहियासवहु पासि मइ रमइ ण संतहु गेहवासि ।
वइभारमहीहरि सिद्धिठाणि रिसि जुयलु मुयसुहि ओरालसाणि ।
तव चरिवि तहिं जि रिसिजुवलु मॅयउं उवरिमगेवज्जहि णवेरि गयउं ।

घत्ता—एक्कूणतीससायरसमइं वेण्णि वि सुहुं भुंजंत थिय ।
भरहुवरिगामि हिमअहिमयंर पुप्फयंतसुरणियर पिय ॥२४॥ १०

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामच्चभरहाणुमण्णिए महाकव्वे वज्जाउहचक्कवट्टिवण्णणं णाम एकसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६१॥

२४

पुराने अश्वग्रीवका धर्मभ्रष्ट पुत्र रत्नायुध और रत्नकण्ठ पुत्र संसारमें परिभ्रमण कर देव उत्पन्न हुए। पाप सहित वे दोनों उसपर प्रहार करते हैं। वहाँ रम्भा और तिलोत्तमा आदि देवियाँ आयीं और यतिवरके चरणोंकी वन्दना करनेवाली उन्होंने उसकी भर्त्सना की। वह अतिबल महाबलके साथ एक क्षणमें भाग गया। किस पापीका मान भंग नहीं हुआ। सहस्रायुधने शतबलीको राज्य देकर वह परलोककाजमें लग गया। उसने पिहितास्रवके पास व्रत ग्रहण कर लिया। सन्तकी मति गृहवासमें नहीं रमती थी। ऋद्धियोंके स्थान वैभार पर्वतपर योगका अन्त होनेपर उसने अपने सुधी पिता सहस्रायुधको देखा। वहाँ तपका आचरण कर वे दोनों ऋषि-युगल मृत्युको प्राप्त हुए और सिर्फ उपरिमग्रैवेयक विमानमें उत्पन्न हुए।

घत्ता—वे दोनों उनतीस सागर प्रमाण समय तक सुखका भोग करते हुए स्थित रहे। वे भरतक्षेत्रके ऊपर चलनेवाले सूर्य-चन्द्र-नक्षत्र और सुरसमूहके लिए प्रिय थे ॥२४॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त, महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा रचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें वज्रायुध चक्रवर्ती-वर्णन नामका इकसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६१॥

---

२४. १. AP संसारि । २. K ब्रउ । ३. AP वइभारि महीहरि सिद्धिठाणि । ४. P मुयउं । ५. AP णवर । ६. A अहिमरय । ७. AP पुप्फदंत° ।

संधि ६२

पढमदीवि थिरमेहइ सुरगिरिपुव्वविदेहइ ॥
पुक्खलवइदेसंकरि पवरपुंडरिंगिणिपुरि ॥ ध्रुवकं ॥

१

तहिं घणरहु पहु सयमहणमिउ तिहुयणसिरिरमणीपाणपिउ ।
तहु देवि मणोहर तुंगथणि गलकंदललंबियहारमणि ।
वज्जाउहु जो अहमिंदु हुउ संभूउ गब्भि सो ताहि सुउ ।
तणुतेओहामियभाणुरहु हक्कारिउ ताएं मेहरहु ।
सहसाउहु अमरु मणोरमइ गेवज्जहि आयउ सुहसमइ ।
णिवकंतइ णंदणु संजणिउ सो सज्जणेहिं दढरहु भणिउ ।
भायरहं बिहिं मि कमभाणियउ पियमित्त सुमइ वररायियउ ।
हुउ एक्कहि णंदिवुड्ढु तणउ अण्णहि वरसेणु वराणणउ ।
अवरेक्कहिं दिणि सुसेण गणिय पियमित्तहि घरु कोड्डावणिय ।
सा घणमुहु कुक्कुडु लेवि गय भासइ देविहि पणमंति पय ।
पडिपक्खि पक्खणक्खहिं हणइ कियवाउ एहु जो रणि जिणइ ।

सन्धि ६२

१

जम्बूद्वीपमें जहाँ मेरु स्थिर हैं ऐसे सुमेरुपर्वतके पूर्वविदेहमें पुष्कलवती देशके पुण्डरीकिणी नगरवरमें घनरथ राजा था जो इन्द्रके द्वारा प्रणम्य और त्रिभुवनकी लक्ष्मीरूपी रमणीका प्राण-प्रिय था। उसकी उन्नत स्तनोंवाली तथा जिसके गलेमें मणियोंका हार लटकता है ऐसी मनोहरा नामकी देवी थी। जो वज्रायुध अहमेन्द्र हुआ था, वह उसके गर्भसे पुत्र उत्पन्न हुआ। अपने शरीरके तेजसे सूर्यरथको तिरस्कृत करनेवाले उसे पिताने मेघरथके नामसे पुकारा। ग्रैवेयक विमानसे शुभ समयमें मनोरमाके गर्भमें आया। उस नृपकान्ताने पुत्रको जन्म दिया। सज्जनोंके द्वारा उसे दृढ़रथ कहा गया। उन दोनों भाइयोंकी क्रमसे कही गयीं प्रियमित्रा और सुमति रानियाँ थीं। एकसे नन्दिवर्धन पुत्र हुआ। दूसरीसे सुन्दर मुखवाला वरसेण। एक और दिन प्रियमित्राकी दासी सुषेणा कुतूहलसे भरी हुई घनतुण्ड मुर्गा लेकर देवीके घर गयी और पैरोंमें प्रणाम कर बोली, "जो प्रतिपक्षी अपने पंखों और नखोंसे इसे आहत करता है और युद्धमें इस मुर्गेको जीतता है—

१. १. AP थिए मेइए। २. K प्राणपिउ। ३. AP णिवकंताणंदणु।

घत्ता—दिज्जइ सालंकारहं ताहं सहस्सु दीणारहं ॥
एह वत्त णिसुणेप्पिणु अवरें वि पक्खि लएप्पिणु ॥ १ ॥ १५

२

कुलिसाणणु कुक्कडु कंचणिय अक्खइ सुमइहि घरेकामिणिय ।
गरुडेण वि जिप्पइ एहु ण वि ता हरिसें वाइय जयपडह ।
खुज्जय णच्चंति लडहमडह । तहिं आया घणरह मेहरह ।
दढरह वरसेण णंदि सुमेह । पियमित्तसुमइकरयलपुसिय ५
चिरजम्मणिबद्धवेइरिवसिय । जुज्झंति पक्खि ते पबलबल
चंचेलचंचुचरणारेचल । उल्ललणवलणपरियत्तणहिं
पेल्हणसिरसिहरवियत्तणहिं । रोसुद्धयकंधरकेसरय
जं केवें वि ण ओसरंति सरय । तं ताएं पुच्छिउ मेहरहु
संबोहहुं भव्वजीवणिवहु । किं तंबचूल जुज्झंति सुय १०
भणु अवहिवंत सग्गग्गचुय । घत्ता—कहइ कुमारु सुहावइ
एत्थु दीवि अइरावइ ॥ सयडजीवि तिहुयणि रयणपुरि गाडावहि दो भायर ॥२॥

घत्ता—उसे अलंकारों सहित एक हजार दीनारें दी जायेंगी।" यह बात सुनकर दूसरी भी (सुमतिकी दासी कांचना) अपना पक्षी (मुर्गा) ॥१॥

२

वज्रतुण्ड लेकर सुमति की गृहदासी बोली कि यह गरुड़के द्वारा भी नहीं जीता जा सकता। उड़ते हुए इससे आकाशमें सूर्य शंकित हो उठता है। तब हर्षसे विजयके नगाड़े बजा दिये गये, सुन्दर वामन कुब्जक नाचने लगे। वहाँपर घनरथ, मेघरथ, दृढ़रथ, वरसेन और तेजस्वी नन्दिवर्धन आये। प्रियमित्रा और सुमतिके हाथोंसे पोसे गये तथा पूर्वजन्ममें बाँधे गये वैरके वशीभूत होकर प्रबल बलवाले तथा अपनी वक्र चोंचों और पैरोंसे चंचल वे दोनों मुर्गे उछलना, मुड़ना, घूमना तथा पूँछसे सिरके शेखरको घुमाना आदिसे युद्ध करने लगे। क्रोधसे काँपते हुए कन्धों और केशरक (सिरके बाल) वाले और चिल्लाते हुए जब वे मुर्गे नहीं हटे तो पिताने मेघरथसे भव्यजीवोंके सम्बोधनके लिए पूछा, "हे पुत्र, ये मुर्गे क्यों लड़ते हैं। हे स्वर्गसे च्युत अवधिज्ञानवाले तुम बताओ।"

घत्ता—कुमार बताता है—यहाँ इस जम्बूद्वीपमें सुखास्पद ऐरावत क्षेत्र है। उसके रत्नपुर नगरमें गाड़ीसे अपनी आजीविका चलानेवाले दो लालची भाई रहते थे ॥२॥

४. A सहासु । ५. AP अवरु ।

२. १. P घरि कामिणिय । २. AP कुज्जय । ३. A णंदिवसुमुह । ४. AP वइररसिम । ५. A चरणा चवल । ६. AP केम वि णोसरंति ।

३

पहरेवि परुप्परु कढिणभुय
णामेण पसिद्धा भद्द धण्णि
बहुपुंडरीयपंचाणणइ
सियकण्ण तंबकण्ण त्ति गय
कोसलणयरिहि गोवलियघरि
एप्पिणु जुज्झेप्पिणु खयहु गय
वरसेणसत्तिसेणहं णिवहं
ए चूलि पहूया संभरमि
दीवाइदीवि खगसिहरि वरि
खगु गरुलवेउ दिहिसेण प्रियँ

बलिवइहु कारणि कोवजुय ।
ते वे वि मरेप्पिणु तेत्थु धणि ।
कंचणसरितीरइ काणणइ ।
संजाया पुणु जुज्झेवि मुय ।
जाया सेरिह णववयहु भरि ।
तेत्थु जि पुरि कुररँ पलद्धजय ।
अग्गइ जुज्झिवि जिणियकिवहं ।
भड पेक्खालुअहं मि वज्जरमि ।
उत्तरसेढिहि कणयाइपुरि ।
सुय चंदविचंदतिलय सुहिय ।

घत्ता—कुसुमालुद्धइंदिंदिरि सिद्धकूडजिणमंदिरि ॥
जइवरु तेहिं णियच्छिउ णियजम्मंतरु पुच्छिउ ॥३॥

४

थिउ लंछणु धाइइविडवि जहिं
सुरदिसि अइरावइ तिलयपुरि
जिह तिह गेहिणि कंचणतिलय

रिसि अक्खइ धाइइसंडि तहिं ।
पइ अभयघोसु सिरि तासु वरि ।
णावइ रइणाहहु रइविलय ।

३

बैलके कारण क्रोधयुक्त होकर कठोर बाहुवाले भद्र और धन्य नामसे प्रसिद्ध वे दोनों मरकर वहीं जिसमें बहुत-से व्याघ्र और सिंह हैं, ऐसे कांचननदीके तटपर वनमें श्वेतकर्ण और ताम्रकर्ण नामक गज हुए और पुनः युद्ध करके मर गये। अयोध्या नगरमें एक ग्वालाके घर नववयसे युक्त भैंसे हुए। आकर और युद्ध कर विनाशको प्राप्त हुए, फिर उसी नगरमें आधे पलमें जीतनेवाले मेढ़े हुए। दया रहित वरषेण राजाके सम्मुख वे दोनों लड़कर ये मुर्गे हुए हैं। मैं याद करता हूँ और देखनेवालोंके पूर्वभव कहता हूँ। जम्बूद्वीपके विजयार्ध पर्वतपर कनकपुर नामका नगर है। उसमें विद्याधर गरुड़वेग और उसकी पत्नी धृतिषेणा थी। उसके दिविततिलक और चन्द्रतिलक नामके अच्छे हृदयके मित्र थे।

घत्ता—जहाँ भ्रमर फूलोंपर लुब्ध हो रहे हैं ऐसे सिद्धकूट जिनवर मन्दिरमें उन्होंने एक मुनिको देखा और उनसे अपने जन्मान्तर पूछे ॥३॥

४

ऋषि कहते हैं—जिसमें धातकी वृक्षका चिह्न है, ऐसे धातकीखण्ड द्वीपकी पूर्वदिशामें ऐरावत क्षेत्र है। उसमें राजा अभयघोष था। जैसे उसके हृदयमें लक्ष्मी थी, वैसे ही उसकी

---

३. १. AP वणि। २. A °तंबकण्णंत गय। ३. A मय। ४. A उररय लद्धजय; P उरर पलद्धजय; T कुररय मेघो, K कुरर मेघो, पलद्धजय प्रलब्धजयौ। ५. AP चूलिय हूया। ६. AP °सिहरिसिरि। ७. AP पिय। ८. A कुसुमलुद्ध।

मयरद्धयबाणेवरोल्लियहि जाया सुय वेण्णि पियल्लियहि ।
णामें जगि जाणिय जय विजय णं कामदेव णिम्मयरधय । ५
विज्जाहरगिरिदाहिणइ तडि मंदरपुरि सरसु णडंतणडि ।
तहिं संखु खयरु तहु जय घरिणि सुय पुहइतिलय ससिमुहि तरुणि ।
विण्णी जयविजयजणेरयहु थहु अमर व सुहइ तहिं रयहु ।
संवच्छरंति कइयवणिलय णामेण विसारि चंदतिलय ।
पभणइ सुवण्णतिलयहि तणउं वणु फुल्लिउं फलियउं घणघणउं । १०
आवेहि जाहुं जोयहि णिवइं ता चवइ सवत्ति विरुद्धमइ ।
मेरउं वणु जोव्वणु किं ण सुहुं जें जोयहि दूयहि तणउं मुहुं ।

घत्ता—ताहि वयणु अवगण्णिवि पडिवक्खु जि बहु मण्णिवि ।
गउ महिवइ वणजत्तहि मलिवि माणुमिगणेत्तहि ॥४॥

५

साहीण काहि भत्तारदय सुमईगणिणिहि सा सरणु गय ।
करपंकयलुहियभालतिलय तवचरणि लग्ग पुहईतिलय ।
रिसिणाहहु संजमवयधरहु पहुणा किउ भोयणु दमधरहु ।
अवलोइवि पंचमहब्भुयइं सुरकिंणरणायरायथुयइं ।

स्वर्णतिलका नामकी गृहिणी थी जो मानो कामदेवकी रतिकामिनी थी। कामदेवके बाणोंकी पंक्ति उस प्रियासे दो पुत्र उत्पन्न हुए जो जगमें जय-विजयके नामसे जाने जाते थे, जो मानो मकरध्वजसे रहित कामदेव थे। विजयार्ध पर्वतके दक्षिण तटपर जिसमें नट मधुर नृत्य करते हैं ऐसे मन्दरपुरमें शंख नामका विद्याधर राजा था। उसकी जया नामकी पत्नी थी और पुत्री पृथ्वीतिलका जो तरुण और चन्द्रमुखी थी। वह जय-विजयके पिता (अभयघोष) को दी गयी। उसमें अनुरक्त उसे कुछ और अच्छा नहीं लगता था। एक वर्ष तक वे कपटगृहमें रहे। तब चन्द्रतिलका नामकी दूती उससे कहती है कि स्वर्णतिलकाके उपवनमें खूब फूल और फल लग गये हैं। आइए और उसे देखने चलिए। तब विरुद्धमति सौत (पृथ्वीतिलका) कहती है, "क्या मेरा यौवनरूपी वन शुभ नहीं है ? जिससे दूती (चन्द्रतिलका) का मुख देखना चाहते हो।"

घत्ता—उसके वचनोंकी उपेक्षा कर प्रतिपक्षको ही मानकर तथा उस मृगनेत्रीके मानको मलिन कर राजा वनयात्राके लिए चला गया ॥४॥

५

प्रिय की दया किसीके लिए भी स्वतन्त्र नहीं होती (अर्थात् पतिकी दयापर किसीका एकाधिकार नहीं होता)। वह (पृथ्वीतिलका) सुमति नामकी आर्यिकाकी शरणमें चली गयी। अपने हाथसे उसने मस्तकका तिलक पोंछ डाला और तपश्चरणमें लग गयी। राजा अभयघोषने संयमधरके धारी मुनिनाथ दमधरको आहारदान दिया। सुरों, किन्नरों और नागराजोंसे संस्तुत

---

४. १. AP °बाणविरोल्लियहि । २. AP णं मयरधय । ३. AP मंदिरपुरि । ४. A णडंति णडि । ५. AP कइयवणिलय । ६. A फलियउं घणउं घणउं; P फलिउं घणघणउं । ७. A नृवइ । ८. A जें जोयहि; P जें जायहि । ९. K मृगणेत्तहि ।

अप्पउं मोहें ण विडंबियउं ससुएण वउ जि अवलंबियउं ।
इंदियपडिबलु रणि णिज्जियउं अरहंतणामु तेणज्जियउं ।
मुउ सब्भावें सम्मयणिरउ हुउ अंतिमकप्पि पुरंदरउ ।
सिसु तासुं वे वि तेत्थु जि अमर जाया अच्छरकरधुयचमर ।
दिवि मरिवि वे वि ते भाइवर तिलयंतिम चंद विचंद णर ।
मुवि जाया गरुलवेयधणहिं जाउंडयडिंडिरंडियथणहिं ।
तं सुणिवि कुमारहिं बोल्लियउं मुणि जम्मंतरु उव्वेल्लियउं ।
भणु अभयघोसु उप्पण्णु कहिं पिउ वसइ जहिं जि गच्छामि तहिं ।
जइ चवइ पुंडरिंकिणिपुरिहि णंदणु घणमालिणिसुंदरिहि ।
घत्ता—तणु मेल्लिवि तियसाहिउ जायउ तेलुक्कोहिउ ॥
जो सक्कें पणविज्जइ सो जिणु किं वण्णिज्जइ ॥५॥

६

तहिं अच्छइ देउ सबंधुयणु जोयंतु कूडकुक्कुडयरणु ।
परिभमणणमणडुाणणिहि चिंतंतु घोरसंसारविहि ।
दिव्वासें एहउ वज्जरिउं तं सुणिवि खयरभायर तुरिउं ।
गय वेण्णि वि चिरजणणासयहु पयडेप्पिणु अग्गइ जणसयहु ।
तायत्तणु तहु ससुयत्तणउं कम्माणुबंधविणियत्तणउं ।

पाँच आश्चर्योंको देखकर उसने अपनेको मोहसे विखण्डित नहीं होने दिया। अपने पुत्रोंके साथ व्रत ग्रहण कर लिये। इन्द्रियरूपी शत्रुओंको उन्होंने जीत लिया। उसने अर्हत् प्रकृतिका बन्ध किया। सम्यग्दर्शनमें निरत वह सद्भावसे मर गया और अन्तिम स्वर्गमें इन्द्र हुआ। उसके वे दोनों पुत्र भी जिनके ऊपर अप्सराओं द्वारा चमर ढोले जाते हैं, ऐसे देव हुए। वे दोनों भाई स्वर्गमें मरकर चन्द्रतिलक और विचन्द्रतिलक नामसे, जिसके स्तन केशरकी जटिलतासे मण्डित हैं, ऐसी गरुड़वेगा धन्यासे उत्पन्न हुए। मुनि द्वारा प्रकट किये गये जन्मान्तरको सुनकर कुमारोंने पूछा—मुनिवर बताइए अभयघोष कहाँ उत्पन्न हुए? जहाँ पिता हैं, हम वहीं जायेंगे? मुनिवर कहते हैं—पुण्डरीकिणी नगरीकी रानी मेघमालिनीका पुत्र—

घत्ता—देवराज शरीर छोड़कर त्रिलोकराज हो गया है। जो इन्द्रके द्वारा प्रणम्य है, उन जिनका वर्णन किस प्रकार किया जाये? ॥५॥

६

घत्ता—इस श्रेष्ठ जम्बूद्वीपके पूर्वविदेहमें लक्षणोंवाली महानदी सीता है। उसका वर्णन करना कौन जानता है ? ॥१॥

२

उसके दक्षिण किनारेपर वत्स देश है, जहाँके निवासगृह फेनसमूहके समान धवल हैं, जो शोभित सीमाओं और नगरोंसे सुन्दर हैं। जहाँ महामुनियों द्वारा अनवरत रूपसे धर्मका कथन किया जाता है। उसमें अपने शत्रुकुलके बलके लिए यमके समान सिंहके समान विक्रमवाला राजा सिंहरथ था। लम्बे समय तक भोगोंको भोग चुकनेके बाद किसी समय आकाशके अन्तरालको देखते हुए उसने एक टूटते हुए तारेको देखा, उसकी संसारमें रति नष्ट हो गयी। जिन्होंने पीड़ाओंको आहत किया है, ऐसे अनेक क्षत्रियोंके साथ यतिवृषभ मुनिके पास वह प्रव्रजित हो गया। ग्यारह अंगोंको धारण करनेवाले शीलवान् वह वनमें वृक्षकी तरह मौन रूपसे निवास करते हैं। संचित कण और तृणपर वह पैर नहीं रखते। दी हुई जो चीज व्रतविधिके अयोग्य है, वे उसे

---

६. A omits this foot. ७. P ण जाणइ। ८. P जंबूदीवि वरि।

२. १. A भोय। २. AP णिवडंति। ३. A तणे। ४. A दिण्णउ ण लेइ।

बंधिवि तित्थंकरणामकम्मु भउ उवरिमिल्लु ससिबिंबसोम्मु ।
पत्तउ पंचाणुत्तरविमाणु भुंजिवि तेत्तीसजलणिहिपमाणु । १०
छम्मास परिट्ठिउ आउ जाम वइसवणहु कहइ सुरिंदु ताम ।
घत्ता—दीवि पहिल्लइ पविउलइ भरहि देसु कुरुजंगलु ॥
गयउरि महिवइ तहिं वसइ सूरसेणु जगमंगलु ॥ २ ॥

३

कुरुकुलरहुं सिरिजयसिरिणिकेउ कासवगोत्तें भूसिउ सुतेउ ।
सिरिकंत कंत कमणीयरूय सुरखयरणियंबिणितिलयभूय ।
णरणाहहु सा वल्लहिय केव सुवियड्ढहु वरकइवाणि जेव ।
पत्तहुं दोहं मि होही ण संति जिणु कुंथु णाम केवलि कहंति ।
करि पुरवरु घरु णंदणवणालु पुज्जिज्जइ भत्तिइ सामिसालु । ५
तं णिसुणिवि धणएं तं विचित्तु किउ णयरु कणयमाणिक्कदित्तु ।
पवणुद्धयपहकप्पूरपंसु सरसरिनीरंतररमियहंसु ।
पासायचूलियालिहियमेहु गयणुग्गयसुरहियधूमरेहु ।
घत्ता—सुहुं सुत्ती रयणिहि सयणि बालहंसगइगामिणि ॥
पच्छिमजामइ सोलह वि पेच्छइ सिविणय सामिणि ॥ ३ ॥ १०

ग्रहण नहीं करते। तीर्थंकर नामक प्रकृतिका बन्ध कर वे मर गये तथा वे ऊपर चन्द्रबिम्बके समान सौम्य पाँचवें अनुत्तर विमानमें पहुँचे। वहाँ तैंतीस सागर प्रमाण आयु भोगते हुए जब छह माह आयु शेष रह गयी, तो इन्द्र कुबेरसे कहता है।

घत्ता—पहले द्वीप जम्बूद्वीपके भरतक्षेत्रमें कुरुजांगल देश है। वहाँ हस्तिनापुरमें जगमंगल राजा सूरसेन राजा है ॥२॥

३

कुरुकुलका अंकुर तथा विजयश्रीका घर तेजस्वी वह काश्यपगोत्रसे विभूषित था। उसकी कान्ता श्रीकान्ता अत्यन्त कमनीय रूपवाली और सुर विद्याधर-स्त्रियोंमें तिलकस्वरूप थी। राजाके लिए वह वैसी ही प्रिया थी जैसे सुविदग्धोंके लिए वरकविकी वाणी प्रिय होती है। इन दोनोंके जिन कुन्थुके नामसे उत्पन्न होंगे, इसमें भ्रान्ति नहीं है; ऐसा केवली कहते हैं। तुम नगर, घर और नन्दनवनकी रचना करो और भक्तिसे स्वामी श्रेष्ठकी पूजा करो। यह सुनकर कुबेरने स्वर्ण और माणिक्योंसे प्रदीप्त विचित्र नगरकी रचना की। जिसमें हवासे पथमें कपूरकी धूल उड़ती है, जिसके सर-नदीके नीरके भीतर हंस रमण करते हैं, जिसके प्रासादोंके शिखर मेघोंको छूते हैं, जहाँ सुरभित धूम्र रेखाएँ आकाश तक उठी हुई हैं।

घत्ता—शय्यातलपर सुखसे सोयी हुई बालहंसगामिनी स्वामिनी श्रीकान्ता रात्रिके अन्तिम प्रहरमें सोलह स्वप्न देखती है ॥३॥

५. AP जयमंगलु ।

३. १. A °कुलरहजयसिरिसिरिं । २. A सुकेउ । ३. AP णरणाहहु तहु वल्लहिय । ४. AP घर । ५. A पवणुद्धयपंकयरयविमीसु; P पवणुद्धयपहकप्पूरपंसु । ६. AP सरिसर° । ७. A गयणग्गय° । ८. P धम्मरेहु । ९. A सुहसुत्ती । १०. P °गइगामिणि ।

४

वारणं मयालीणछप्पयं गोवइं खुरुब्भिण्णवप्पयं ।
केसरिं गलालंबिकेसरं गोमिणी[2] सुमालाजुयं वरं ।
उग्गयं हिमंसुं[3] दिणेसरं रत्तमीणजुम्मं रईसरं ।
सायकुंभकुंभाण संघैडं पंकयायरं लच्छिपायडं ।
५ खीरवारिरासिं महारवं विहुरं सकंठीरवं णवं ।
मंदिरं सुराणं विहाविय णायगेहमहिरायसेवियं ।
मेलैयं मणीणं विचित्तयं झत्ति धूमकेउं पलित्तयं ।
राइछेयए संविउद्धिया सा णिवस्स वज्जरइ मुद्धिया ।
रत्तियाविरामे णियच्छियं दंसणावलिं कयसुहच्छियं ।
१० कहइ तीइ तिस्सा फलं पई होहिही[6] तुहं सुउ महामई ।
इंदचंदणाइंदवंदिओ दिव्वणाणि णिज्जियमणिंदिओ ।
चक्कवट्टि भोत्तूण भूयलं पाविही पयं परमणिक्कलं ।

घत्ता—तं णिसुणिवि संतुट्ठ सइ आइय मंदिरु मीणइ ॥
बुद्धि लच्छि सिरि कंति हिरि दिट्ठि कित्ति वि लीलागइ ॥ ४ ॥

५

कय धणएं दरिसियसुयणतुट्ठि छम्मासु जाम ता रयणवुट्ठि[1] ।
सावणमासंतरि कसणपक्खि दहमइ दिणि माणवजणियसोक्खि ।

४

जिसके मदमें भ्रमर लीन हैं ऐसा गज, अपने खुरोंसे वप्रक्रीड़ा करता हुआ बैल, गले तक लटकती हुई अयालवाला सिंह, लक्ष्मी, सुन्दर मालाका उत्तम युग्म, उगता हुआ चन्द्र और सूर्य, खेलता हुआ रक्त मीनयुगल, स्वर्णकुम्भोंका युग्म, शोभाको प्रकट करता हुआ सरोवर, महाशब्दवाला क्षीरसमुद्र, नव सिंहासन, देवोंका विमान, नागराजोंसे सेवित नागभवन, मणियोंका विचित्र संगम और शीघ्र ही प्रदीप्त अग्निको उसने देखा। रात्रिका अन्त होनेपर जागी हुई वह मुग्धा राजासे कहती है कि रात्रिके अन्तमें मैंने शुभ और इच्छितको करनेवाली स्वप्नावली देखी है। पति उससे उसका फल कहता है कि तुम्हारा महामतिमान् पुत्र होगा। इन्द्र-चन्द्र और नागेन्द्रसे वन्दित दिव्यज्ञानी मन और इन्द्रियोंके विजेता, चक्रवर्ती जो भूतलका भोगकर परम निष्कल पद (मोक्षपद) प्राप्त करेगा।

घत्ता—यह सुनकर वह सती सन्तुष्ट हुई। मेनका उसके घर आयी। बुद्धि-लक्ष्मी-श्री-कान्ति-ह्री-धृति और लीलागति कीर्ति भी ॥४॥

५

कुबेरने सुजनको सन्तुष्ट करनेवाली रत्नवृष्टि छह माह तक की। श्रावण माहके कृष्णपक्षमें

---

४. १. A खुरविभिण्णं । २. AP गोमिणि । ३. A हिमेसुं । ४. P संघणं । ५. A मेलयं विचित्तं मणीणयं ६. AP तुहं सुओ पहोही महामई । ७. A संतुट्ठमइ ।

५. १. A रयणविट्ठि ।

कत्तियेणक्खत्ति णिसाविरामि थिउ गब्भि भडारउ पवरधामि ।
सीहरहु राउ अहमिंदु देउ वण्णिज्जइ किं णिव्वाणहेउ ।
वणवासहिं वज्झियकव्वुरेहिं थुउ इंदपमुहदाइहिं सुरेहिं । ५
गइ संतिणाहि मलदोसहीणि पल्लोवमद्धि सायरि वि खीणि ।
वइसाहमासि पडिवयहि दियहि अग्गेयजोइ णरणाहपियहि ।
जायंउ जिणु कयतइलोक्कखोहु सुरवइ संपत्तु ससुरवरोहु ।
णिउ सुरगिरिसिरु सुरणाहणाहु णाणत्तयसलिलवरंभवाहु ।
घत्ता—सिंचिवि खीरघडेहिं जिणु अंचिउ णवसयवत्तहिं ॥ १०
इंदें रुंदाणंदयरु जोइउ दससयणेत्तहिं ॥ ५ ॥

६

वंदिवि पुणु णामु कहिवि कुंथु लंघेप्पिणु दीहरु पवणपंथु ।
पुरु आविवि जणणिहि दिण्णु बालु गउ सग्गहु हरि सुरचक्कवालु ।
पोढत्तभावि थिउ कणयवण्णु कंतीइ पुण्णचंदु व पसण्णु ।
पहु पंचतीसधणुतुंगकाउ सिरिलंछणु जयदुंदुहिणिणाउ ।
तेवीससहसवरिसहं सयाइं सत्तेव सपण्णासइं गयाइं । ५
चरणंभोरुहणमियामरासु णियबालकलीलाइ तासु ।
पुणु तेत्तिउ मंडलियत्तणेण तेत्तिउ जि चक्कपरियत्तणेण ।

दसमीके दिन मानवोंको सुख देनेवाले कार्तिक नक्षत्रमें निशाके अन्तमें आदरणीय वह सिंहरथ राजा अहमेन्द्र देव प्रवरधाम और गर्भमें आकर स्थित हो गया। उसके निर्वाणके कारणका क्या वर्णन किया जाये ? जिन्होंने स्वर्णकी वर्षा की है ऐसे वनवासियों, इन्द्र-प्रतीन्द्रों आदि देवोंके द्वारा उनकी स्तुति की गयी। मलदोषसे रहित शान्तिनाथ तीर्थंकरके बाद लक्ष्मी उत्पन्न करनेवाला आधा पल्य समय बीतनेपर वैशाख शुक्ल प्रतिपदाके दिन राजाओंको प्रिय आग्नेय योगमें त्रिलोकको क्षोभ उत्पन्न करनेवाले जिनका जन्म हुआ। सुरवर-समूहके साथ इन्द्र भी उपस्थित हुआ। देवेन्द्रोंके नाथ और ज्ञानरूपी सलिलके श्रेष्ठ मेघ उनको सुमेरु पर्वतपर ले जाया गया।

घत्ता—वहीं क्षीरके घड़ोंसे अभिषेक कर फिर उनको नवकमलोंसे अंचित किया। इन्द्रने विशाल आनन्द उत्पन्न करनेवाले उन्हें हजार नेत्रोंसे देखा ॥५॥

६

फिर वन्दना कर, उनका नाम कुन्थु कहकर, लम्बे पवन-पथको पार कर, नगरमें आकर और बालक माँको देकर देवसमूहका पालक इन्द्र चला गया। स्वर्ण रंगवाले वह प्रौढ़ताको प्राप्त हुए। कान्तिमें वह पूर्णचन्द्रके समान प्रसन्न थे। स्वामी पैंतीस धनुष प्रमाण ऊँचे थे। वह श्रीलांछन और जय-जय दुन्दुभि निनादसे युक्त थे। जिनके चरण-कमलोंमें देव नमित हैं, ऐसे उनके नृपबाल क्रीड़ामें तेईस हजार सात सौ पचास वर्ष बीत गये। फिर इतने ही वर्ष अर्थात् तेईस हजार सात सौ पचास वर्ष राज्य करते हुए और इतने ही वर्ष (२३७५०) चक्रवर्तित्वमें,

२. AP कित्तिय° । ३. A बइसाहमासि पडिवयह दियहि; P बइसाहमासि सेयपडिवयहि दियहि । ४. AP जायउ जिणिंदु तेलोक्कखोहु ।

६. १. AP करिवि । २. A सुरु चक्कवालु । ३. AP °णविय° ।

जइयहुं परिछिण्णउ कालु दीहु तइयहुं परमेसरु पुरिससीहु ।
गउ कहिं मि चणंतरु रमणकामु दिट्ठउ रिसि तेण तवेण खामु ।
मत्तंडचंडकिरणइं सहंतु दुंम्मुक्कजम्मचिलसिउ महंतु ।

घत्ता—सो तज्जणियइ दंसियउ मंतिहि तेण णरिंदें ॥
जोयहि दुक्करु तवचरणु चिण्णउ एण रिसिंदें ॥ ६ ॥

७

छड्डिवि कुडंबु कुविडंबु सव्वु छड्डिवि कुलबलु छलमाणगव्वु ।
वणि पइसिवि णिहसिवि इंदियाइं अवगणिवि दुज्जणणिंदियाइं ।
चंगउ ववसिउ जइपुंगमेण लइ हउं मि जामि एण जि कमेण ।
तं णिसुणिवि मंतें वुत्तु एम एयइ णिट्ठुइ तउ करिवि देव ।
जाएसइ कहिं णिम्मुक्कगंथु तं णिसुणिवि भासइ देउ कुंथु ।
जाएसइ तहिं जहिं भूयगामु णउ पहवइ लोहु ण कोहु कामु ।
जाएसइ तहिं जहिं हेमकंति गउ परमप्पउ परमेट्ठि संति ।
हो हउं मि पवज्जमि तेत्थु तेम ण णियत्तमि कालें कहिं मि जेम ।
घरु आवेप्पिणु संसरासईहि ता पडिबोहिउ सुरवरजईहिं ।
अहिसेउ विरइउ पुरंदरेण कुलि णिहिउ सुतणुरुहु जिणवरेण ।

घत्ता—सिवियहि तेणारुहणु किउ विज्जयहि विजयपयासहि ॥
णाणामणिसिहरुज्जलहि लग्गखगाहिवतियसहि ॥ ७ ॥

इस प्रकार जब उनका लम्बा समय निकल गया, तब वह पुरुष श्रेष्ठ परमेश्वर रमण करनेकी इच्छासे कहीं भी वनान्तरमें चले गये। वहाँ उन्होंने तपसे क्षीण एक मुनिको देखा—सूर्यकी प्रचण्ड-किरणोंको सहन करते हुए महान् तथा जन्मकी चेष्टाओंसे मुक्त।

घत्ता—उस राजाने अपनी तर्जनीसे मन्त्रियोंके लिए उन्हें बताया कि देखो इन ऋषीन्द्रने कठोर तपका आचरण किया है ॥६॥

७

कुत्सित विडम्बनावाले सब कुटुम्बको छोड़कर; कुलबल, कपट, मान और गर्वको छोड़कर, वनमें प्रवेश कर, इन्द्रियोंको संयत कर, दुर्जनोंकी निन्दाकी उपेक्षा कर इन यतिश्रेष्ठने बहुत अच्छा किया। लो मैं भी इसी परम्परासे जाता हूँ। यह सुनकर मन्त्रीने इस प्रकार कहा—"हे देव, इस निष्ठासे तपकर परिग्रहसे रहित, यह कहाँ जायेंगे?" यह सुनकर कुन्थु देव कहते हैं—कि वह वहाँ जायेंगे जहाँ प्राणिसमूहको लोभ, क्रोध और काम प्रभावित नहीं करते। वहाँ जायेंगे जहाँ स्वर्णकान्ति शान्तिजिन परमेष्ठी हों, मैं भी उसी प्रकार वहाँ जाऊँगा, जहाँसे समयके साथ वापस नहीं आऊँगा। तब घर आकर लौकान्तिक देवोंने अपनी वाणीमें उन्हें सम्बोधित किया। इन्द्रने अभिषेक किया। जिनवरने अपने पुत्रको कुलपरम्परामें स्थापित किया।

घत्ता—उन्होंने विजयको प्रकाशित करनेवाली, नाना मणिशिखरोंसे उज्ज्वल तथा जिसमें विद्याधर राजा और देव लगे हुए हैं, ऐसी शिविकामें आरोहण किया ॥७॥

---

४. AP दुक्कम्मजम्म° । ५. A दुद्दउ ।

७. १. A कुटुंबु । २. A सुसरासईहि; KT record: सुसुहासईहि इति पाठे अतीव शोभनभाषिभिः ।

८

वणि विउलि सहेउयरुक्खणीलि णियजम्ममासपक्खंतरालि ।
दिणि तम्मि चेय विच्छुलियपंकि कित्तियणक्खत्तासिइ ससंकि ।
छउ लइउ लइवि छट्ठोववासु तें सहुं पव्वइयउं णिव्वसहासु ।
संसारि सणेहु ण किं पि बद्धु मणपज्जउ णाणु जिणेण लद्धु ।
बीयइ दिणि दिणयरकयपयासि परिभमइ णाहु पुरवाडवासि । ५
गयचरि दाविउ आहारु चारु थिउ धम्ममित्तघरि हयविचारु ।
अमरहिं वरिसिय मंदारयाइं विहियइं पंच वि अच्छेरयाइं ।
सोलहवरिसइं तउ तिव्वु चरिवि भवभामिरु दुक्कियभाउ हरिवि ।
दिक्खावणि पत्ति चइत्ति मासि चंदिणि तइयइ दिणि सुहणिवासि ।
कयछट्ठें तिलयतलासिएण खणि खीणकसाएं जसससिएण । १०
अप्पेणप्पाणउं मुणिउं तेण उग्गमिएं णाणें केवलेण ।
परिजाणिउं तिजगु अणंतु गयणु जायउ सजोइजिणु अचलणयणु ।

घत्ता—दिव्वंबरदिव्वाहरणइं सुर णमंति चउपासहिं ॥
पुणु वि पुरंदरु अवयरिउ णाणाजाणसहासहिं ॥ ८ ॥

९

थिओ समवसरणि सया विउससरणि ।
जिणो विहियकरुणो हयावरणमरणो ।

८

सहेतुक वृक्षोंसे हरे विशाल वनमें अपने जन्मके अन्तराल और दिनमें (अर्थात् वैशाख शुक्ला प्रतिपदाके दिन) चन्द्रमाके कृत्तिका नक्षत्रमें स्थित होनेपर छठा उपवास करते हुए उन्होंने व्रत ग्रहण कर लिया। उनके साथ एक हजार लोग और प्रव्रजित हुए। उन्होंने संसारके प्रति कुछ भी स्नेह नहीं रखा, जिननाथने मनःपर्ययज्ञान प्राप्त कर लिया। दूसरे दिन, दिनकर द्वारा जिसमें प्रकाश किया गया है, ऐसे हस्तिनापुरमें स्वामी घर-घर परिभ्रमण करते हैं। हतविकार वह धर्ममित्रके घर ठहर गये। वहाँ उन्हें सुन्दर आहार दिया गया। देवोंने मन्दारपुष्प बरसाये और पाँच आश्चर्य प्रकट किये। सोलह वर्ष तक तीव्र तपका आचरण कर संसारमें परिभ्रमण करानेवाले पापभावको नष्ट कर वह शुभ दिवस दीक्षा वनमें पहुँचे। चैत्रमाहके शुक्ल पक्षकी तृतीयाके दिन तिलक वृक्षके नीचे स्थित यशसे श्वेत छठा उपवास करनेवाले क्षीणकषाय उन्होंने आत्मासे आत्माका ध्यान किया। उत्पन्न हुए केवलज्ञानसे उन्होंने त्रिलोक और अनन्त आकाश जान लिया। अचल नेत्र जिन ज्योति सहित हो गये।

घत्ता—दिव्य वस्त्र और दिव्य आभरण धारण करनेवाले देव चारों ओरसे उन्हें प्रणाम करते हैं। फिर भी अपने नाना यानोंसे पुरन्दर वहाँ आया ॥८॥

९

सदैव विद्वानोंके लिए शरणस्वरूप समवसरणमें वह स्थित हो गये। करुणा करनेवाले,

---

८. १. AP °उक्खमुलि। २. A विच्छलिय°। ३. AP वउ। ४. A णूवसहासु। ५. P पय णाणिउ।

समुद्धरइ समयं णया हरइ कुमयं ।
मुसावयणमुइयं पसूहणणरुइयं ।
जणं करइ विमयं पहे थवइ दुमयं ।
मलं महइ कसणं घणं दमइ वसणं ।
फणीसुरणिभवणं फुडं कहइ भुवणं ।
चलं खलइ कविलं हरं हसणमुहलं ।
तणुणिहियमहिलं महीधरणसबलं ।
बला विणिहयपुरं हरिं भणइ ण वरं ।
मुणिं कणयचरणं ण तं तिमिरहरणं ।
खणाभावविगयं ण पत्तियह सुगयं ।
अयं अमरतरुणी- रयं णमइ ण गुणी ।
परं रिसहचरियं महोपसमभरियं ।
जिणा किमवि गहियं मणे अहव महियं ।
णं सो पडइ गहिरि णरो णरयविवरि ।

घत्ता—पंचतीस गणहर जिणहु जाया हयरयसंगहं ॥
भयसयाइं दिव्वहं रिसिहिं मणमाणियपुव्वंगहं ॥ ९ ॥

१०

चालीस तिण्णि सहसाइं होंति सहुं अद्धसएं सउ तहिं ण भंति ।
एत्तिय सिक्खुय सिक्खाविणीय गुरुभत्तिवंत संसारभीय ।

मरणके आवरणको नष्ट करनेवाले वह जिन जिनशासनका उद्धार करते हैं, नयोंसे कुमतका हरण करते हैं। असत्य भाषणसे मुदित होनेवाले, पशुहत्यामें रुचि रखनेवाले उनको वह मद रहित करते हैं, दुर्मदको पथमें लाते हैं, पाप और मलका नाश करते हैं, सघन दुःखोंका दमन करते हैं, नागेश्वर और नृपभवनवाले विश्वका स्पष्ट कथन करते हैं। चंचल कपिल मतको और हँसीसे मुखर हरको स्खलित करते हैं। शरीरपर महिलाको धारण करनेवाले धरतीको धारण करनेमें समर्थ, बलपूर्वक द्वारिकाका निर्माण करनेवाले हरिको जो वर नहीं कहते, जो अक्षपाद मुनि हैं, वह अन्धकारका नाश करनेवाले नहीं हैं, जो क्षणिकवादको माननेवाले हैं ऐसे उन सुगतका विश्वास मत करो। ब्रह्मा देवस्त्रीमें रत है, उसे गुणी नमस्कार नहीं करते। केवल महान् उपशमसे भरित ऋषभचरितको जिसने स्वीकार किया है, अथवा मनमें उसकी पूजा की है, वह नर गम्भीर नरकविवरमें नहीं पड़ता।

घत्ता—जिनवरके पैंतीस गणधर थे। पापसंग्रहको नष्ट करनेवाले और अपने मनमें पूर्वांगोंको माननेवाले दिव्य ऋषि सात सौ थे ॥९॥

१०

तैंतालीस हजार एक सौ पचास, इतने महान् भक्तिसे पूर्ण, संसारसे भीत और शिक्षामें

---

९. १. K सुरभुभवणं । २. A विणिहयपरं । ३. A महापसमं । ४. P omits ण । ५. AP हयरह-संगहं । ६. AP मणि माणिय ।

दोसहसइं पंचसयाइं ओहि णाणिहिं केवलिहिं ति दोण्णि लेहि ।
पंचेव सहस सउ एकु ताहं महरिसिहिं विउव्वणरिद्धि जाहं ।
दोसहसइं पण्णासाहियाइं गुणवंतहं वाइहिं साहियाइं । ५
सहसाइं तिण्णि तिण्णि जि सयाइं मणपज्जववंतहं गयमयाइं ।
सहसाइं सट्ठि आहुट्ठसयइं अज्जियहं तेत्थु थुयकुंथुपयइं ।
सावयहं लक्ख दो तिण्णि लक्ख सावइहिं ण याणमि देव संख ।
संखेज्ज तिरियगणु णहकरालु जेत्तिउ होइवि थिउ चक्कवालु ।
तेत्तिउ सोलहवरिसूणु कालु माहे विहरिवि हयणरमोहजालु । १०
गउ संमेयहु सम्मयगुणालु तें सुक्कझाणु पूरिउ विसालु ।
पडिमाइ परिट्ठिउ मासमेत्तु रिसिसहसें सहुं णिम्मुक्कगत्तु ।

घत्ता—वइसाहहु सियपडिवइ जामिणिमुहि णिहयक्खहु ।
गउ जिणु सहसक्खें कित्तियउ कित्तियरिक्खे मोक्खहु ॥१०॥

११

कय तियसहिं तासु सरीरपुज्ज सुरकिंकरकरहयविविहवज्ज ।
भंभाभेरीदुंदुहिणिणाय घणथणियामरमुहमुक्कणाय ।
पयपणयपयासियदुरियदलण जय जयहि जिणेसर कम्ममलण ।
उव्वसिरंभाणच्चणरसिल्लु सयमहकरपंजलिविसफुल्लु ।

विनीत शिक्षक थे। दो हजार पाँच सौ अवधिज्ञानी थे। तीन हजार दो सौ केवलज्ञानी, विक्रिया ऋद्धिके धारक महामुनि पाँच हजार एक सौ, गुणवान् वादी मुनि दो हजार पचास थे, तीन हजार तीन सौ मद रहित मनःपर्ययज्ञानी थे। साठ हजार तीन सौ पचास कुन्थु भगवान्के चरणकी स्तुति करनेवाली आर्यिकाएँ थीं। दो लाख श्रावक और तीन लाख श्राविकाएँ थीं। देवोंकी संख्या मैं नहीं जानता। नखोंसे भयंकर जितना संख्यात तिर्यंच समूह था, वह गोलाकार स्थित हो गया। जिन्होंने मनुष्योंके मोहजालको नष्ट किया है, ऐसे सम्यक्त्व गुणोंके घर वह उतने ही सोलह वर्ष तक धरतीपर विहार करते हुए सम्मेदशिखर पहुँचे। वहाँ उन्होंने विशाल शुक्लध्यान पूरा किया। एक माह तक प्रतिमा योगमें स्थित रहे और एक हजार मुनियोंके साथ शरीरसे मुक्त हो गये।

घत्ता—वैशाख शुक्ला प्रतिपदाके दिन रात्रिके पूर्वभागमें कृत्तिका नक्षत्रमें इन्द्रके द्वारा कीर्तित जिन मोक्षके लिए गये ॥१०॥

११

जिसमें देवों और अनुचरोंके हाथोंसे विविध वाद्य बजाये गये हैं, देवोंने उनकी ऐसी शरीर पूजा की। भम्भा, भेरी और दुन्दुभियोंका निनाद और जोर-जोरसे बोलनेवाले देवोंका नाद होने लगा। चरणोंमें प्रणत लोगोंके पापोंका दलन प्रकाशित करनेवाले और कर्मोंका नाश करनेवाले हे देव, आपकी जय हो। जो उर्वशी और रम्भाके नृत्यसे रसमय है, जिसमें इन्द्रके हाथों फूल फेंके जा

---

१०. १. A केवलिहि वि दोण्णि । २. A सावयहं संख दो । ३. A omits this foot.
११. १. AP °दलणु । २. AP वरजलणकुमारणिहित्तजलणु । ३. A °रसिल्ल । ४. A °फुल्ल ।

५ तुंबरुणारयसंगीयगेय विरइय जिणपडिबिंबाहिसेय ।
मालाविज्जाहरपिहियगयण मुणिघोसियणाणाथोत्तवयण ।
णवकमलकलसदप्पणसमेय धवलायवत्तधयसंखसेय ।
दूवंकुरदहिचंदणपसत्थ वंसग्गविलंबियदिव्ववत्थ ।
सण्णाणि सुदंसणि विउलबुद्धि णिव्वाणपुज्ज महुं देउ सुद्धि ।

१० घत्ता—सुहुं कुंथु भडारउ देउ महुं वंदिउ भरहणरिंदहिं ॥
सियपुप्फयंतउज्जलमुहहिं णमिउ फणिंदसुरिंदहिं ॥११॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे कुंथुचक्कहरतित्थयरणिव्वाणगमणं णाम चउसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६४॥

रहे हैं, तुम्बुरु और नारदके द्वारा गीत गाये जा रहे हैं, जिन प्रतिबिम्बोंका ऐसा अभिषेक किया गया। जिसमें विद्याधरोंकी कतारोंने आकाशको ढक लिया है, जिसमें मुनियोंके द्वारा नाना स्तोत्रवचन घोषित किये जा रहे हैं, जो नवकमल-कलश और दर्पणसे युक्त हैं, जो धवल आतपत्र ध्वज और शंखोंसे श्वेत है। दूर्वांकुर, दही और चन्दनसे प्रशस्त है, जिसमें बाँसोंपर दिव्यवस्त्र अवलम्बित हैं, ऐसी निर्वाण पूजा, मुझे ज्ञान और दर्शनसे युक्त विपुल बुद्धि और शुद्धि प्रदान करे।

घत्ता—भरतादि नरेन्द्रोंसे वन्दित, श्वेत नक्षत्रोंके समान उज्ज्वल मुखोंवाले नागेन्द्रों-सुरेन्द्रों द्वारा नमित आदरणीय कुन्थुदेव मुझे सुख प्रदान करें ॥११॥

त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में कुन्थु चक्रवर्ती और तीर्थंकर निर्वाण गमन नामका चौसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६४॥

---

५. AP खेयरविसहरबंदहिं । ६. AP कुंथुचक्कवट्टितित्थयरपुराणं ।

संधि ६५

सुयदेवयहि पसत्थहि पसमियदुम्मइहि ॥
वंदिवि सिरेण सउव्वइं अंगइं भयवइहि ॥ घुवकं ॥

१

जो भयवंतो मुक्कसवासो
जेण कयं उत्तमसंणासं
जिणदिट्ठं पंचिंदियणासं
भीममुहा वग्घाइणवासा
रक्खइ भुवणं जस्स खमा णं
जेणुवइट्ठं धम्मणिहाणं
जो जीवाणं जाओ ताणं
जेत्ताईणं वत्थुपयाणं

जं णीसासो सुरहियवासो ।
जो ण समिच्छइ चउसण्णासं ।
जं पणवंतो पावइ णा सं ।
जस्स गया दूरेण सवासा ।
णाणं जस्साणंतखमाणं ।
संमियं चित्तं भिल्लणिहाणं ।
गुरुयणभत्ती जाणं ताणं ।
जो वत्तारो सव्वपयाणं ।

सन्धि ६५

दुर्मतिको प्रशमित करनेवाली प्रशस्त भगवती श्रुतदेवताके चौदह पूर्वों सहित ग्यारह अंगोंकी मैं वन्दना करता हूँ।

१

जो ज्ञानवान् अपने गृहवाससे मुक्त हैं, जिनसे मनुष्योंको शिक्षा होती है, जो सुरभित गन्धवाले हैं, जिन्होंने उत्तम संन्यास लिया है, जो आहारनिद्रादि संज्ञाओंको नहीं चाहते, बल्कि जिनेन्द्र द्वारा उपदिष्ट पांच इन्द्रियोंका नाश चाहते हैं। जिनको प्रणाम करनेवाला पुरुष सुख प्राप्त करता है। व्याघ्रादि चर्मको धारण करनेवाले पाशयुक्त वेताल आदि देव जिनसे दूर चले गये हैं, जिनकी क्षमा विश्व और मनुष्यकी रक्षा करती है, जिनका ज्ञान अनन्तआकाशके प्रमाणवाला है। जिन्होंने धर्मका उपदेश किया है और भीलके समान लोगोंके चित्तको शान्त किया है, जिन जीवों-में गुरुजनोंके प्रति भक्ति है, वे उनके त्राता हैं। जो आप्त आदिके वस्तुप्रमाण और समस्त पदोंके

All Mss. have, at the beginning of this samdhi, the following stanza:-

आजन्मं (?) कविसारसैकविषणासौभाग्यभाजो गिरां
दृश्यते कवयो विलाससकलग्रन्थानुगा ओघतः ।
किं तु प्रौढनिरूढगूढमतिना श्रीपुष्पदन्तेन भोः
साम्यं बिभ्रति (?) नैव जातु कविता शीघ्रं ततः प्राकृते ॥ १ ॥

AP read विशाल in the second line; A reads प्रौढनिगूढ° in the third line; and AP read कविना, A reads शीघ्रं तत प्राकृतैः, P reads शीघ्रं त्वतः प्राकृतैः in the fourth line.

१. १. A सम्मियचित्तं । २. A संताईणं; P अत्थाईणं ।

दिण्णं जेणं[3] अभयपयाणं सासयसिवणयरस्स पयाणं ।
भवहंतारं धीरं[4] हं तं णमिउं देवं अरमरिहंतं ।
तस्स भणामि चरित्तं चित्तं जणियसुरासुरविसहरचित्तं ।

घत्ता—जंबूदीवइ सुरगिरिपुव्वदिसासियइ ॥
पुव्वविदेहइ पविउलि केवलिभासियइ ॥ १ ॥

२

सीयहि उत्तरकूलि रवण्णइ कच्छाणामदेसि वित्थिण्णइ ।
खेमणयरि धणवइ पुहईसरु रूवें रमणीसरु वम्मीसरु ।
णंदणाहतित्थयरसमीवइ भुंजिवि धम्मु णाणसब्भावइ ।
अप्पउं तेण णिओइउं[5] राएं सवणु[3] हवेप्पिणु सण्णयकाएं ।
चत्तकुपंथें जाणियसत्थें किउ पाओवगमणु[4] परमत्थें ।
जाउ जयंताणुत्तरि सुरवरु कायमाणु तहु एकु जि किर करु ।
आउ तासु तेत्तीसमहोयहि ओहिणाणि सो पेक्खइ सावहि ।
तप्पमाणविक्किरियातेएं वीरिएण संजुत्तु अमेएं ।
भुंजंतहु सुहुं अहमिंदाणउं[6] आउहि थिउ छम्मासपमाणउं[7] ।

घत्ता—सोहम्माहिउ भव्वहु जिणपयरयमइहि ॥
तहिं कालिहिं आहासइ सुरवइ धणवइहि ॥ २ ॥

वक्ता हैं, जिन्होंने अभयको प्रदान और शाश्वत शिवनगरको प्रयाण किया है, ऐसे संसारका नाश करनेवाले धीर अरहनाथ अर्हन्तको नमस्कार कर उनके सुर, असुर और विषधरोंके चित्तको आश्चर्य उत्पन्न करनेवाले विचित्र चरित्रको कहता हूँ ।

घत्ता—जम्बूद्वीपके सुमेरुपर्वतकी पूर्व दिशा केवलीके द्वारा भाषित विशाल पूर्वविदेहमें ॥१॥

२

सीता नदीके उत्तरीतटपर फैले हुए सुन्दर कच्छ नामके देशके क्षेमनगरमें धनपति नामका राजा था । रूपमें जो स्त्रियोंका स्वामी और कामदेव था, वह अर्हन्नन्दन तीर्थंकरके समीप धर्म समझकर उस राजाने ज्ञानके स्वभावमें अपनेको नियोजित कर लिया । मन वचन कायसे श्रमण होकर, खोटे मार्गको छोड़कर और शास्त्रको जानकर उसने परमार्थ भावसे प्रायोपगमन किया । वह जयन्त विमान देव पैदा हुआ । वहाँ उसके शरीरका प्रमाण एक हाथ था । उसकी आयु तैंतीस सागर प्रमाण थी । अवधिज्ञानी वह लोकनाड़ीको देख सकता था । सन्तप्तमान विक्रिया ऋद्धिके तेज और वीर्यसे संयुक्त सुखको बिना किसी मर्यादाके भोगते हुए उस अहमेन्द्रकी आयु छह माह शेष रह गई ।

घत्ता—तो उस अवसरपर सौधर्म इन्द्रने जिनपदमें जिसकी मति अनुरक्त है, ऐसे भव्य कुबेरसे कहा ॥२॥

---

३. A तेणं । ४. AP वीरं ।

२. १. A कुज्जवि णाणु धम्मु । २. AP णिओविउ । ३. AP सवणु । ४. AP पायोगमरणु । ५. AP अहमिंदाणं । ६. A °पवाणं; P °पमाणं । ७. AP तहिं जि कालि आहासइ ।

३

एत्थु भरहि कुरुजंगलि जणवइ कुंजरपुरवरि मारुयधुयधइ ।
राउ सुदंसणु तहु गुणजलसरि मित्तसेण णामेण घरेसरि ।
एयहं दोहं वि होसइ जगगुरु तुहुं करि तोहं तुरिउ कंचणपुरु ।
ता तं जाइवि जक्खें रइयउ पट्टणु रयणकिरणअइसइयउ ।
णिसि सुहुं सुत्तइ पियकमणीयइ सिविणयपंति दिट्ठ रमणीयइ । ५
करि करोडु पंचाणणु गोमिणि मालाजुयलु चंदु णहयलमणि ।
सफरुल्लय दो कलस सुहायर विमलसलिलकमलायर सायर ।
सीहासणु विमाणु णायालउ मणिणिउरुंबु भऊहकरालउ ।
जायवेउ दीहरजालावलि इय जोइवि ताए सिविणावलि ।

घत्ता—देविइ सुत्तविउद्धिइ अक्खिउ णरवइहि ॥ १०
तेण वि फलु विहसेप्पिणु भासिउ तहि सइहि ॥ ३ ॥

४

जो जाणइ तिहुयणि परु अप्पउ सो तुह सुउ होसइ परमप्पउ ।
तं णिसुणिवि हरिसिय सीमंतिणि आइय घरु सिरि दिहि हिरि कामिणि ।
कंति कित्ति सइ बुद्धि भडारी गब्भसुद्धि कय सुहइं जणेरी ।
जा छम्मास ताम घरे चंदिउ वरिसिउ जक्खें लोयाणंदिउ ।
फग्गुणि चंदविसुद्धहि तइयहि णिसिपच्छिमसंझहि रेवइयहि । ५

३

यहाँ भरतक्षेत्रके कुरुजांगल जनपदमें जिसमें हवासे ध्वज हिलते हैं, ऐसा हस्तिनापुर नगर है, उसमें राजा सुदर्शन है। उसकी गुणरूपी जलकी नदी मित्रसेना नामकी गृहेश्वरी थी। इन दोनोंके विश्वगुरु जन्म लेंगे, तुम शीघ्र उनके लिए स्वर्णनगरकी रचना करो। तब कुबेरने आकर रत्नकिरणोंसे अतिशयपूर्ण नगरकी रचना की। प्रिय रमणी कामिनीने रात्रिमें सुखसे सोते हुए स्वप्नमाला देखी। हाथी, बैल, सिंह, लक्ष्मी, मालायुगल, चन्द्रमा, सूर्य, दो मत्स्य, दो शुभाकार कलश, विमल जल और कमलोंका सरोवर, समुद्र, सिंहासन, विमान, नागलोक, किरणोंसे भास्वर मणिसमूह और दीर्घ ज्वालावलीसे युक्त आग। इस प्रकार स्वप्न देखकर उस—

घत्ता—देवीने सोतेसे जागकर, राजासे कहा। उसने भी हँसते हुए उस सतीसे उसका फल बताया ॥३॥

४

जो त्रिभुवनमें स्वपरको जानता है, वह परमात्मा तुम्हारे पुत्र होंगे। यह सुनकर वह सीमन्तिनी हर्षित हो उठी। घरपर श्री, धृति, ह्री, कान्ति, कीर्ति, सती और बुद्धि आदि आदरणीय देवियाँ आयीं और उन्होंने सुखको उत्पन्न करनेवाली गर्भशुद्धि की। जब छह माह बाकी बचे तो कुबेरने लोगोंको आनन्द देनेवाले सोनेकी घरपर वर्षा की। फाल्गुन कृष्णा तृतीयाके दिन, रात्रिके

३. १. AP तुरिउ ताहं। २. A सुहसुत्तइ। ३. AP मयूहं°। ४. A °विउद्धइ।
४. १. AP तिहुवणु। २. P सुणिवि। ३. A खित्तउ; P चित्तउ।

थिउ गब्भंतरालि जो धणवइ सो अहमिंदु चवेप्पिणु सुहमइ ।
थुउ अमरिंदचंदधरणिंदहिं तहु दिवेंसहु लग्गिवि जक्खिंदहिं ।
वुट्ठउं विसरिसेहिं वसुहारहिं अट्ठारहपक्खंतरमेरहिं ।
परिवट्टंतइ[5] तिण्णिपलोवइ परिसकोडिसहसेण विहीणइ ।
१० थक्कइ कुंथुणाहणिव्वाणइ पल्लचउत्थभायपरिमाणइ ।
वरमग्गसिरमासि सिसिरेंहु भरि पूसजोइ चउदहमइ वासरि ।

घत्ता—सग्गमग्गसंखोहणु बुहयणदुरियहरु ।
णाणत्तयसंजुत्तउ णासियजम्मजरु ॥ ४ ॥

५

सत्तमचक्कवट्टि हयपरमउ संभूयउ जिणु अट्ठारहमउ ।
मंदेरसिहरि तूरणिग्घोसहिं णहचित्त पुरंदरेहिं बत्तीसहिं ।
णामु करेप्पिणु परमेसहु अरु णग्गहि करि अप्पिउ आविवि घरु ।
गउ पोलोमीवइ णियमंदिरु वड्ढइ पुण्णवंतु जिणु सुंदरु ।
५ हेमच्छवितणु दहदहधणुतणु गहयारउ गुणगणरंजियजणु ।
एक्कवीसवरिसहं सहसइं सिसु लीलइ थिउ डिंभयकीलावसु ।
एक्कवीससहसइं मंडलवइ एक्कवीससहसइं पुणु महिवइ ।
चउदह रयणइं णव वि णिहाणइं भुंजिवि पीणिवि दविणें दीणइं ।

अन्तिम प्रहरमें रेवती नक्षत्रमें, जो धनपति, अहमेन्द्र था, शुभमति वह, वहाँसे च्युत होकर, गर्भमें आकर स्थित हो गया। अमरेन्द्र चन्द्र और धरणेन्द्रने स्तुति की। उस दिनसे लेकर यक्षेन्द्रने अठारह पक्षों तक असामान्य स्वर्णधाराकी वर्षा की। कुन्थुनाथके निर्वाणके बाद समयकी परम्परा बीतनेपर एक हजार करोड़ वर्ष कम पल्यका चौथाई भाग जब शेष रह गया, तो शिशिरके भारसे भरे मार्गशीर्षके शुक्ल पक्षकी चतुर्दशीको पुष्य नक्षत्रमें—

घत्ता—स्वर्गमार्गको क्षुब्ध करनेवाले, बुधजनोंके पापको हरण करनेवाले तीन ज्ञानोंसे युक्त, जन्म और बुढ़ापेका जिन्होंने नाश कर दिया है ॥४॥

५

ऐसे शत्रुका मद दूर करनेवाले सातवें चक्रवर्ती और अठारहवें जिन उत्पन्न हुए। मन्दराचलके शिखरपर, बत्तीस इन्द्रोंने तूर्योंके निर्घोषके साथ उनका अभिषेक किया। परमेश्वरका 'अर' नाम रखकर और घर आकर माताके हाथमें सौंप दिया। इन्द्र अपने घर चला गया। पुण्यवान् सुन्दर जिन बढ़ने लगे। स्वर्णके समान शरीर कान्तिवाले उनका शरीर बीस धनुष प्रमाण ऊँचा था। और वह अपने गुणगणसे जनोंका रंजन करनेवाले थे। बाल क्रीड़ाके वशीभूत वह शिशु इक्कीस हजार वर्ष तक क्रीड़ामें रहा। फिर इक्कीस हजार वर्षों तक वह मण्डलपति रहे फिर इक्कीस हजार वर्ष तक चक्रवर्ती राजा रहे। चौदह रत्न और नौ निधियोंका भोगकर धनसे

४. A वेवसहु; P दिवहहु । ५. AP परिवट्टंतइ । ६. AP तिणि । ७. P सियमग्गसिर° । ८. A सिसिहरभरि; P सिसिरहे भरि ।

५. १. K मंदिरसिहरि । २. P एक्कवीससहसहसइं ।

सारयब्भु पविलीणु णियच्छिवि लच्छिविहोउ असेसु दुगुंछिवि ।
जीविउ देहु असारु वियप्पिवि अरविंदहु महिरज्जु समप्पिवि १०
घत्ता—खीरवारिपरिपुण्णहिं तारहारसियहिं ॥
ण्हाइवि मंगलकलसहिं सुरपल्हत्थियहिं ॥ ५ ॥

६

णिसुणिवि सारस्सेयसंबोहणु वइजयंतसिबियहि आरोहणु ।
करिवि सहेउयवणु तं जेत्तहि गउ तुरिएण महापहु तेत्तहि ।
मियसिरजुत्तमासि दहमइ दिणि चंदिणि रेवइरिक्खि सुसोहणि ।
अवरण्हइ छट्ठेणुववासें णिक्खंतउ सहुं रायसहासें ।
लुंचिवि कुंतल णिम्मोहालुडं लिंगु असंगु लेवि णिब्भेलडं । ५
मणपज्जयधरु सुद्धिणिरिक्खहि बीयइ दियहि पइट्ठउ भिक्खहि ।
चक्कणयरि अवराइयणरवें पाराविउ अमरासुरसुरवें ।
तहु घरि पंच वि चोज्जइं घडियइं कुसुमइं रयणइं गयणहु पडियइं ।
तवतावें णियतणु तावंतउ सोलहवरिसइं महि विहरंतउ ।
घत्ता—दिक्खावणु आवेप्पिणु कत्तियमासि पुणु ॥ १०
सियबारहमइ वासरि सुरवरणविय गुणु ॥ ६ ॥

दोनोंको प्रसन्न कर शरद्के मेघको लीन होते देखकर, अशेष लक्ष्मी-विभोगको निन्दा कर जीवन और देहको असार समझकर, अरविन्द (पुत्र) को महाराज्य देकर ।

घत्ता—क्षीर समुद्रके जलोंसे परिपूर्ण, तार और हारके समान स्वच्छ मंगलकलशोंसे, देवपंक्तियों द्वारा स्नान कराकर ॥५॥

६

लौकान्तिक देवोंका सम्बोधन सुनकर, वैजयन्त शिविकापर आरोहणकर, जहाँ वह सहेतुकवन था, वहाँ महाप्रभु तुरन्त गये । मार्गशीर्षके शुक्ल पक्षकी दसमीके दिन, सुशोभन रेवती नक्षत्रमें अपराह्नमें वह छठा उपवास कर एक हजार राजाओंके साथ दीक्षित हो गये । केश लोंच कर निर्मोहसे युक्त असंग चिह्न और दिगम्बरत्व लेकर, वह जिसमें शुद्धिका निरीक्षण है, ऐसी भिक्षाके लिए दूसरे दिन प्रविष्ट हुए । चक्रनगरमें अमरों और असुरोंके समान सुन्दर स्वरवाले राजा अपराजितने उन्हें आहार दिया । उसके घरमें पाँच आश्चर्य प्रगट हुए । पुष्पों और रत्नोंकी आकाशसे वर्षा हुई । तपके तापसे अपने शरीरको तपाते हुए तथा सोलह वर्ष तक धरतीपर विहार करते हुए ।

घत्ता—दीक्षावन (सहेतुकवन) में आकर, सुरवरोंसे जिनके गुण प्रणम्य हैं, ऐसे वह कार्तिक शुक्ला द्वादशीके दिन ॥६॥

६. १. A सारयस्स । २. AP तावंतहु । ३. AP विहरंतहु ।

७

अवरण्हइ अंबयतलि थक्कउ छट्ठववासिउ मोहें मुक्कउ ।
जायउ केवलि केवलदंसणि आयउ भेसइ[1] अंगारउ[2] सणि[3] ।
धरणु धरणु ससि तरणि धणेसरु पवणु जलणु भावेण सुरेसरु ।
थुणइ अणेयहिं थोत्तपउत्तिहिं समवसरणु किउ विविहविहत्तिहिं ।
तेत्थु णिसण्णएण तं सिट्ठउ जं अवरेहिं मि देवहिं दिट्ठउ ।
चउ णिरूवि अजीव पयासिय रूविखंधदेसाइ वि भासिय ।
मग्गणगुणठाणाइं समासिय जीव सकाय अकाय वि दरिसिय ।
सत्तपंचणवछव्विहभेयइं एयइं अवरइं कहियइं णेयइं ।
तहु संजाया तहिं मउलियकर गणहर तीस रिद्धिबुद्धीसर ।
गणमि दहुत्तर वम्महदमणहं तिण्णि तिण्णि सय सिक्खुय सैंवणहं[4] ।

घत्ता—पंचैतीससहसइं भणु अट्ठसयइं कियइं ॥
तीसणिउत्तइं जाणसु मुणिहिं वयंकियइं ॥ ७ ॥

८

एत्तिय[1] ओहिणाणि तहु हयकालें दुसहस वसुसय साहिय केवलि ।
जिणवरचरणुण्णामियसीसहं दोसहसइं पणवण्णविमीसइं ।
मणपज्जयधराहं वरचरियहं चउसहसइं तिसयइं विक्किरियहं ।

७

अपराह्नमें आम्रवृक्षके नीचे स्थित हो गये और छठे उपवासके द्वारा मोहसे मुक्त हो गये। केवलदर्शनी वह केवली हो गये। बृहस्पति, मंगल, शनि, धरण (नागकुमारोंका इन्द्र), वरुण, शशि, सूर्य, धनेश्वर (कुबेर), पवन, अग्नि और इन्द्र भावपूर्वक वहाँ आये। वह अनेक स्तोत्र प्रवृत्तियोंसे स्तुति करता है और अनेक विभाजनोंके साथ समवसरणकी रचना करता है। वहाँ विराजमान उन्होंने वह कथन किया जो दूसरे देवोंने भी देख लिया। चार द्रव्यों (धर्म, अधर्म, आकाश और काल) का निरूपण कर उन्होंने अजीव तत्त्वका प्रकाशन किया। उन्होंने द्रव्यके स्कन्ध और देशका भी कथन किया। संक्षेपमें मार्गणा और गुणस्थानोंकी चर्चा की। सकाय-अकाय जीवोंको भी दरसाया। सात, पाँच, नौ और छह भेदवाले इन और दूसरी ज्ञेय वस्तुओंका कथन किया। वहाँ उनके हाथ जोड़े हुए तीस गणधर हुए। कामदेवका दमन करनेवाले ग्यारह अंगों और चौदह पूर्वोंके धारी छह सौ मुनि थे।

घत्ता—व्रतोंसे अंकित शिक्षक मुनि पैंतीस हजार आठ सौ तीस थे, यह जानो ॥७॥

८

पापको नष्ट करनेवाले अवधिज्ञानी अट्ठाईस सौ थे। केवलज्ञानी भी इतने ही अर्थात् अट्ठाईस सौ। जिनवरके चरणोंमें सिर झुकानेवाले मनःपर्ययज्ञानी दो हजार पचपन थे। श्रेष्ठ

७. १. A भेसउ । २. AP अंगारय । ३. AP णोरुवि । ४. AP सवणहं । ५. पंचवीस ।
८. १. AP एत्तिय तीयणाणि; T तइयणाणि ।

सोलहसयइं परमभडारिहिं छट्ठिसहासइं संजमणारिहिं ।
सावयाहं पुणु लक्खु भणिज्जइ सुण्णचउक्क छडक्कगइ दिज्जइ । ५
लक्खइं तिण्णि गेहधम्मत्थहं महिलहं मंगलदव्वविहत्थहं ।
संखावज्जिएहिं गिव्वाणहिं खगमिगेहिं पुव्वुत्तयमाणहिं ।
एक्कवीससहसइं धुवु माणइं वरिसहं सोलहवरिसविहीणइं ।
भूयलि भमिवि भव्व पहि लोइवि मासमेत्तु णियजीविउ जोइवि ।
सहुं रिसिसहसें थिउ संमेयइ मुइवि दिव्वतणु पडिमाजोयइ । १०
फग्गुणपुरिमभासि कसणंतिमि दियहि चंदि कयरेवइसंगमि ।
पुव्वणिसागमि णिक्कलु जायउ गउ तहिं जिणु जहिं गयउ ण आयउ ।

घत्ता—चउविहदेवणिकायहिं जयजयकारियउ ॥
अरु अग्गिंदकुमारहिं तहिं साहुक्कारियउ ॥ ८ ॥

९

अरु अरविंदगब्भकयचारउ अरु अरुहंतु अणंगवियारउ ।
अरु अरमाणिहीहिं णउ रुच्चइ अरु अरहिल्लु तसु जगि सुच्चइ ।
अरु अरसिल्लु अगंधु अरूअउ अरु अरामु अविरामउ हूयउ ।
अरु अरईरईहिं णउ लिप्पइ अरु अरोसु किह पावें लिप्पइ ।

चर्या धारण करनेवाले विक्रियाऋद्धिके धारक चार हजार तीन सौ थे। परमागमको धारण करनेवाले श्रेष्ठ वादी मुनि सोलह सौ थे। संयम धारण करनेवाली आर्यिकाएँ साठ हजार थीं। श्रावक एक लाख साठ हजार थे। गृहस्थ धर्ममें स्थित तथा हाथमें मंगल द्रव्य लिये हुए तीन लाख श्राविकाएँ थीं। देवता संख्या-विहीन थे, खग और मृग पूर्वोक्त मानवाले (संख्यात) थे। सोलह वर्ष कम इक्कीस हजार वर्ष पर्यन्त भूतलपर परिभ्रमण कर, भव्योंको पथपर लाकर, अपना जीवन एक माहका देखकर वह एक हजार मुनियोंके साथ सम्मेद शिखरपर स्थित हो गये एवं शरीरको (मोहको) छोड़कर प्रतिमायोगमें स्थित हो गये। फागुन माहके कृष्ण पक्षकी द्वितीयाके दिन रेवती नक्षत्रमें निशाके पूर्वभागमें वह निष्पाप हो गये, जिन वहाँ चले गये कि जहाँ गया हुआ वापस नहीं आता।

घत्ता—चार प्रकारके निकायोंके देवोंने जय-जयकार किया। तब अग्नीन्द्रकुमार देवोंने अरह तीर्थंकरका दाह संस्कार किया ॥८॥

९

अरु—अरविन्दके गर्भमें उत्पन्न शोभा है, अरु—कामको विदारण करनेवाले जिन हैं, अरु—दरिद्रोंके लिए नहीं रुचते, अरु—अर्हंत्का तत्त्व संसारमें स्पष्ट सूचित होता है। अरु—रसरहित, अगन्ध और अरूप है। अरु—रति-अरतिके द्वारा स्पृश्य नहीं हैं। अरु—क्रोधसे रहित

---

२. K °मृगेहि। ३. AP पुव्वुत्तयमाणहिं। ४. A जुयमाणइ। ५. A °वरिसइं हीणइं। ६. T चोद्दवि। ७. AP कलेवरु। ८. A कसणतमि। ९. AP सक्कारियउ।

९. १. AP अणि। २. A किम।

अरु अरवें[3] गुणेण संजुत्तउ अरु अरुणें[4] पवणें पहु वुत्तउ ।
अरु अरुयाणिवासु अजरामरु अरु अरुद्धु विहुरेण सुहायरु ।
अरु अरहक्खरेहिं जगि भाणिउ अरु अरु वप्पे[6] जेण णउ जाणिउ ।
सो संसारि भमंतु ण थक्कइ अरथुइ करहुं ण सक्कु वि सक्कइ ।
अरु अरिहरु आवरणु महारउ णिहणउ दंसणणाणणिवारउ ।

घत्ता—अरतित्थंकरि णिव्वुइ रंजियविउससहइ ॥
हूई णिसुणि सुभउमहु चक्किहि तणिय कहइ ॥ ९ ॥

१०

एत्थु भरहि लंबियधयमालइ रयणसिहरघरि णयरि विसालइ ।
पहु भूवालु णाम भूमंडणु तहु जायउं परोहिं सहुं भंडणु ।
बहुयहिं आहवि एकु णिरुज्झइ बहुयहिं सुत्तहिं हत्थि वि बज्झइ ।
खज्जइ बहुयहिं भरियभरोलिहिं विसहरु विसदारुणु वि पिपीलिहिं[3] ।
बहुयहिं मिलिवि माणु तहु खंडिउ तेण वि पुरु कलत्तु घरु छंडिउ[3] ।
लोहमोहमयभयजमदूयहु रिसिवउं[4] लइउ णियडि संभूयहु ।
भोयाकंखइ करिवि णियाणउं मुउ लद्धउं महसुक्कविमाणउं[5] ।
सोलहसायराउ सो जइयहुं अच्छइ सुरवर सहुं दिवि तइयहुं ।

हैं, वे पापके द्वारा कैसे लिप्त होते हैं ? अरु—अशब्द-गुणसे युक्त हैं, अरु—सूर्य और पवनके द्वारा प्रभु कहे जाते हैं। अरु—आरोग्यके निवास हैं, अजर-अमर हैं। अरु—कष्टोंसे अरुद्ध हैं और शुभाकर हैं, अरु—अर्हत् अक्षरोंसे जगमें कहे जाते हैं। हे सुभट, जिसने 'अरु अरु' को नहीं जाना, वह संसारमें भ्रमण करता हुआ कभी विश्रान्ति नहीं पाता। अरहन्तकी स्तुति करनेमें इन्द्र भी समर्थ नहीं है। मेरे दर्शनज्ञानका निवारण करनेवाले आवरणको नष्ट करनेके लिए अरु-अरिका नाश करनेवाले हैं।

घत्ता—अर तीर्थंकरके मोक्ष प्राप्त कर लेनेपर विद्वद्सभाको रंजित करनेवाली सुभौम चक्रवर्तीकी कथा हुई, उसे सुनो ॥९॥

१०

इस जम्बूद्वीपमें, जिसमें ध्वजाएँ अवलम्बित हैं और रत्नोंके शिखरवाले घर हैं, ऐसे विशाल नगरमें, पृथ्वीका अलंकार भूपाल नामका राजा है। उसकी शत्रुओंके साथ भिड़न्त हुई। युद्धमें बहुतोंके द्वारा एकको रोक लिया गया। बहुत-से धागोंके द्वारा तो हाथी भी बाँध लिया जाता है। जिन्होंने वल्मीकको भर दिया है ऐसी बहुत सी चींटियों द्वारा विषसे भयंकर विषधर खा लिया जाता है। बहुतोंने मिलकर उसके मानको खण्डित कर दिया। उसने भी पुर, कलत्र और घरको छोड़ दिया। लोभ, मोह, मद और भयके लिए यमदूत सम्भूत मुनिके पास उसने मुनिव्रत ले लिया। भोगकी आकांक्षाका निदान कर मर गया। उसने महाशुक्र विमानको प्राप्त किया। जब-

---

३. A अरएं। ४. AP वरुणें। ५. A अरुवाणिवासु। ६. AP जेण वप्प। ७. P सुभोमहु।
१०. १. AP भूपालु। २. P छड्डिउ। ३. K रिसिव्वउ। ४. AP विमाणउ।

कालें कालु जाम पल्लट्टइ एत्थु कहंतरु अवरु पवट्टइ ।
पवरिक्खाउवंसु सियमंदिरि सहसबाहु णरवइ कोसलपुरि । १०
दुद्धरवइरिवीरसंघारउ कण्णाकुब्जहि राणउ पारउ ।

घत्ता—णाम विचित्तमइ सइ तेण मुणालभुय ।
सहसबाहुणरणाहहु दिण्णी णियय सुय ॥१०॥

११

सुंदरु लक्खणलक्खियकायउ तहि कयवीरु णाम सुउ जायउ ।
वीणालावहि मज्झे खामहि पारयबिहिणिहि सिरिमइणामहि ।
सयबिंदु णरिंदकुलहंसें णियजससंसहरधवलियवंसें ।
सिसु जमयग्गि णाम उप्पण्णउ जणणिमरणसोएं णिविण्णउ ।
बालत्तम्मि तेण सेविउ वणु जगि जायउ तवतिव्वु तवोहणु । ५
अवरु तहिं जि दढगाहिणरेसरु तासु मित्तु हरिसम्मु सुदियवरु ।
वेण्णि मि समउं सोक्खु भुंजेप्पिणु जइ जाया इच्छिउ वउ लेप्पिणु ।
णिउ जिणवरेरिसि सोत्तिउ तावसु हूयउ मोहमंदु मिच्छावसु ।
मित्तें मित्तु वुत्तु णउ जुज्जइ तावसभग्गें जम्मु ण छिज्जइ ।
विप्पें तासु वयणु अवहेरिउ उत्तरु किं पि वि णेय समीरिउ । १०

तक सोलह सागर समय है तबतक वह समर्थ सुरवर स्वर्गमें रहा। तबतक समयके द्वारा समय पलटता है और यहाँ दूसरा कथान्तर प्रारम्भ होता है। सफेद घरोंसे युक्त अयोध्यानगरमें प्रवर इक्ष्वाकुवंशीय राजा सहस्रबाहु था। दुर्धर शत्रुवीरोंको संहार करनेवाला कान्यकुब्जका राजा पारद था।

घत्ता—उसने अपनी मृणालके समान भुजाओंवाली सती कन्या विचित्रमती राजा सहस्रबाहुको दे दी ॥१०॥

११

उसका लक्षणोंसे लक्षित शरीर सुन्दर कृतवीर्य नामका पुत्र हुआ। वीणाके समान बोलनेवाली मध्यमें क्षीण श्रीमती नामकी पारदकी बहनसे, नरेन्द्रकुलके हंस अपने यशरूपी चन्द्रमासे वंशको धवलित करनेवाले शतबिन्दुके जमदग्नि नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। माताकी मृत्युके शोकसे वह विरक्त हो गया। बचपनमें उसने वनमें तपस्या की और जगमें वह तपसे तीव्र तपस्वीके रूपमें प्रसिद्ध हो गया। वहाँपर एक दृढ़ग्राही राजा था। श्रेष्ठ द्विजवर हरिशर्मा उसका मित्र था। साथ-साथ सुखका उपभोग कर दोनों अपना इच्छित व्रत लेकर यति हो गये। राजा (दृढ़ग्राही) जैनमुनि हुआ और मोहसे मूर्ख और मिथ्यात्वके वशीभूत होकर तापस हो गया। मित्रने मित्रसे कहा कि यह ठीक नहीं है, तुम्हें तपस्वी मार्गमें अपना जन्म नष्ट नहीं करना चाहिए। ब्राह्मणने

५. AP °वंसि तहु मंदिरि । ६. AP सहसबाहुं ।
११. १. A सुंदरं । २. AP °वहिणिहि । ३. A बालत्तणि जि । ४. AP तउ तिव्वु । ५. K अउ ।
६. A वरसिरि सोमित्तिउ; P °वररिसि सोमित्तिउ । ७. P मेहमंदु ।

जिणवरहरपयाइं सुमरेप्पिणु वेण्णि मि मुय संण्णासु करेप्पिणु ।
खत्तिउ मरिवि जाउ सोहम्मइ बंभणु पुणु जोइससुरहम्मइ ।

घत्ता—चिंतिउ पत्थिवदेवें सुहि वसुमलमइहि ॥
तउ अण्णाणु चरेप्पिणु हुउ जोइसगइहि ॥११॥

१२

मइं सयणेण वि णउ उत्तारिउ जायउ बंधु दीहसंसारिउ ।
इय णिज्झाइवि दुक्कउ तेत्तहिं अच्छइ सुरवरु जोइस जेत्तहिं ।
णेहपरव्वसेहिं सुयमंडिउ दोहं मि एक्कमेक्कु अवरुंडिउ ।
अवलोइवि जोइसु मउलियकरु आहासइ विहसिवि कप्पामरु ।
५ पइं जिणवयणु अप्प अवगण्णिउ अण्णाणु जि गुरुयारउं मण्णिउ ।
णच्चइ देउ गेयसरु गायइ महिलउ माणइ वज्जउ वायइ ।
डहइ पुरई रिउवग्गु विथारइ एहउ किं संसारहु तारइ ।
णिक्कलु किं सिद्धंतु समासइ विणु वयणेण सद्दु कहिं होसइ ।
सद्दें विणु कहिं सत्थपरिग्गहु पइं कुमग्गि किं किउ णियणिग्गहु ।
१० तं णिसुणिवि इयरेण पवुत्तउं मइं ण सिवागमि इट्ठु तउ तत्तउं ।

घत्ता—गउरीमुहकमलालिहि वरगोवइगइहि ॥
भासिउ किं पि ण बुज्झिउ देवहु पसुवइहि ॥१२॥

उसके वचनोंकी उपेक्षा की। उसने कुछ भी उत्तर देनेकी चेष्टा नहीं की। जिनवर और शिवके चरणोंका स्मरण कर दोनों संन्यासपूर्वक मर गये। क्षत्रिय (राजा) मरकर सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न हुआ और ब्राह्मण ज्योतिषदेवके विमानमें।

घत्ता—राजा देवने विचार किया कि मित्र अज्ञानतपका आचरण कर आठों मलोंसे युक्त मतिवाले ज्योतिषी घरमें उत्पन्न हुआ है ॥११॥

१२

स्वजन मैंने उसका उद्धार नहीं किया और मेरा बन्धु दीर्घ संसारी हो गया। यह सोचकर वह वहाँ पहुँचा, जहाँपर वह ज्योतिष सुरवर था। स्नेहके परवश होकर दोनोंने बाहु फैलाकर एक दूसरेका आलिंगन किया। हाथ जोड़े हुए ज्योतिष देवको देखकर कल्पवासी देव हँसकर कहता है—"हे सुभट, तुमने जिनवचनोंकी उपेक्षा की, अज्ञानको ही तुमने बहुत बड़ा माना। देव (शिव) नृत्य करता है, गीत स्वर गाता है, महिला (पार्वती) को मानता है। वाद्य (डमरू) बजाता है, नगरों (त्रिपुर) को जलाता है, शत्रुवर्गका नाश करता है वह क्या संसारसे तार सकता है? सदाशिव क्या सिद्धान्तका कथन कर सकता है, बिना वचनके क्या शब्द हो सकता है? शब्दके बिना शास्त्रकी रचना कैसे हो सकती है? तुमने कुमार्गमें अपना तप क्यों किया?" यह सुनकर दूसरेने कहा—"मैंने शिवागममें इष्ट तपका आचरण नहीं किया।

घत्ता—पार्वतीके मुखरूपी कमलके भ्रमर, बैलपर (नन्दीपर) चलनेवाले पशुपति देवका कहा हुआ मैंने कुछ भी नहीं समझा" ॥१२॥

---

१२. १. A देह बंधु। २. A जोइससुरवरु। ३. AP गरुयारउ। ४. AP सद्दं।

१३

ता पभणइ सुरु सम्माइट्ठिउ जो तुम्हारइ[1] णिट्ठइ णिट्ठिउ ।
सो दावहि तावसु जो गयमलु आउ आउ धरणीयलु चल्लहुं[2] ।
सुहिणा उत्तउ मयणणिवारउ पेच्छहि[3] रिसि जमयग्गिभडारउ ।
ते वेण्णि वि जेंण[4] गुणगणसिक्खहि सज्जण लग्गा धम्मपरिक्खहि ।
गय कलविंकमिहुणु होएप्पिणु थिउ मुणिमीसियवासु रएप्पिणु[5] । ५
कणु चुणंति कीलंति भमंति वि तावसभासुरवासि रमंति[6] वि ।
अण्णहि दिणि जंपइ चिडचल्लउ कंति कंति हउं भमणपियल्लउ[7] ।
गच्छमि लग्गउ एत्थु जि अच्छहि कल्लइ आयहु महु मुहुं[8] पेच्छहि ।
ता चिडउल्लियाइ पडिबोल्लिउ हियवउ णाह महारउ सल्लिउ[9] ।
पइं विणु एक्कु वि दिवहु ण जीवमि अज्जु वियालइ जमपुरि पावमि[10] । १०
करेहि सवह जइ परइ ण आवहि तो मइं णिच्चलु[11] मुइय विहावहि ।

घत्ता—भणइ पक्खि हलि पक्खिणि परइ ण एसि जइ ।
हउं एयहु जमयग्गिहि दुक्किउ लेमि[1] तइ ॥१३॥

१४

तं णिसुणिवि सयबिंदुहि णंदणु पभणइ रोसजलणजालियतणु ।
अरि अरि पिसुण पक्खि किं बुक्कउं[2] महु गुणवंतहु किं किर दुक्किउं ।

१३

तब वह सम्यग्दृष्टि देव कहता है कि जो तुम्हारी निष्ठा (साधना) में लीन है, और जो गतमल है, ऐसे तापसको बताओ। आओ-आओ, धरणीतलको चलें। सुधिदेवने कहा—कामका निवारण करनेवाले आदरणीय जमदग्नि मुनिको देखिए। वे दोनों ही देव, जिसमें गुणगणकी शिक्षा है, ऐसी धर्म परीक्षामें लग गये। वे दोनों चटक पक्षीका जोड़ा बनकर मुनिकी दाढ़ीमें घोंसला बनाकर रहने लगे। वे दोनों कण चुगते क्रीड़ा करते और भ्रमण करते। तापसके दाढ़ी-रूपी घरमें रहनेवाले वे दोनों शब्द भी करते। एक दूसरे दिन चिड़ा कहता है—'हे प्रिये, प्रिये, मैं भ्रमण-प्रिय हूँ। मैं जाता हूँ। तुम यहाँ लगकर रहो। कल आये हुए मेरा मुँह तुम देखोगी।' तब चिड़ियाने उत्तर दिया कि हे स्वामी, मेरा हृदय पीड़ित है, तुम्हारे बिना मैं एक दिन जीवित नहीं रह सकती, मैं आज ही शाम यमपुर चली जाऊँगी। तुम शपथ लो। यदि तुम कल तक नहीं आओगे तो तुम मुझे निश्चित रूपसे मरा हुआ देखोगे ?

घत्ता—चिड़ा कहता है—"हे चिड़िया रानी, (पक्षिणी) यदि मैं कल तक लौटकर नहीं आया तो मैं इस जमदग्निके पापको ग्रहण करूँ" ॥१३॥

१४

यह सुनकर क्रोधकी ज्वालासे जिसका शरीर जल रहा है, ऐसा शतबिन्दुका पुत्र बोला,

---

१३. १. AP वच्चहं । २. P पच्छहि । ३. A जिण । ४. A तावसभासुर । ५. A रमंति । ६. A भवण°; P भणमि । ७. महुं । ८. A डोल्लिउ । ९. A करहु । १०. A णिच्चउ । ११. A लेवि ।

१४. १. A पक्खि पिसुण । २. AP बुक्किउं ।

जइ दुक्किउ तो पइं संघारमि हत्थें णिहसिवि पेट्टु समारमि ।
एव चवेप्पिणु कयसंकीलणु करहिं णिहिट्ठिउ सउणिणिहेलणु ।
पेहुणिल्ल धिय अंबरि जाइवि पभणिउ तवसि तेण पोमाइवि ।
तवहु ण जुत्तउं जीवविणासणु खमहि ताय खम मुणिहिं विहूसणु ।
ता भासइ छारेणुद्धूलिउ हउं तुम्हहिं किं झाणहु चालिउ ।
किं मइं कियउं पाउ तवचरणें गणवइतिणयणपूयाकरणें ।
ता घरेपक्खि कहइ लहु चंगउं पइं तवताविं तावियं अंगउं ।
परं किं वेयवयण ण वियाणिउं णवउ कलत्तु ण कत्थु वि माणिउं ।
सुयमुहकमलु ण कहिं वि णिहालिउं दुरिएं अप्पाणउं किं मइलिउ ।
णत्थि अपुत्तहु गइ विप्पागमि ता संजाय चिंत जइपुंगमि ।

घत्ता—अण्णाणिउ तवभट्ठउ मायावयणहउ ॥
सो तहु पारयणामहु मामहु पासि गउ ॥१४॥

१५

तणुरुहकारणि मग्गइ कण्णउ कज्जलकंचणमरगयवण्णउ ।
वेयालु व वियरालु जडालउ अवलोएप्पिणु णट्ठउ बालउ ।
थेरु जराजज्जरिउ ण लज्जइ घरघरिणीवाएं किह भज्जइ ।
कीलंती अण्णेक्क पियारी कुयरि रेणुधूसरि लहुयारी ।

"अरे-अरे दुष्ट पक्षी, तूने क्या कहा, मुझ गुणवान्‌में क्या पाप है ? यदि दुष्कृत है तो तुम्हें मारता हूँ। हाथसे रगड़कर चूर्ण-चूर्ण करता हूँ।" यह कहकर, जिसने परिहास किया है, ऐसे पक्षियोंके घोंसलेको वह हाथसे रगड़ता है। दोनों पक्षी जाकर आकाशमें स्थित हो गये—प्रशंसा करते हुए। तापससे कहा कि तपस्वीके लिए जीवका नाश करना ठीक नहीं। हे तात, क्षमा कीजिए, क्षमा मुनियोंका आभूषण है। तब भस्म-विभूषित वह मुनि कहते हैं कि तुम लोगोंने हमें ध्यानसे क्यों विचलित किया ? गणपति और शिवकी पूजा और तपश्चरण करके मैंने क्या पाप किया ? इसपर गृहपक्षी कहता है—"अच्छा लो, तुमने तपतापसे अपने शरीरको सन्तप्त किया। पर क्यों तुमने वेद वचन नहीं जाना। तुमने नवकलत्रको भी नहीं माना। तुमने पुत्रके मुखकमलको कभी भी नहीं देखा। तुमने अपनेको पापसे मलिन क्यों किया ? ब्राह्मणोंके आगमके अनुसार पुत्रहीन व्यक्तिकी कोई गति नहीं है।" (यह सुनकर) यतिवरको चिन्ता पैदा हो गयी।

घत्ता—अज्ञानी तपसे भ्रष्ट और मायावचनोंसे आहत वह अपने पारद्र नामके मामाके पास गया ॥१४॥

१५

पुत्रकी इच्छासे वह कन्या माँगता है। काजल, स्वर्ण और मरकतके रंगका वह वेतालके समान विकराल और जटासे युक्त था। उसे देखकर, कन्याएँ भाग गयीं। बुढ़ापेसे जर्जर वह बूढ़ा जरा भी नहीं लजाया। घर और गृहिणीकी बातसे वह कैसे भग्न होता ? खेलती हुई एक और

---

३. AP पिट्ठु । ४. AP तहि । ५. AP कमठ । ६. A सुरपक्खि; T शरपक्खि । ७. AP पइं ।
१५. १. AP घरि घरिणी° । २. P °धूसरि ।

रेणुय भणिवि तेण हक्कारिवि कयलीहलु दंसेवि पयारिवि ।
वइसारिय अंचोलिहि लुद्धें भणिउं अणंगसरोहणिरुद्धें ।
णिसुणि ससुर एयइ हउं इच्छिउ मुद्धइ एंतु मणेण पडिच्छिउ ।
एह देवि लहुई किं वुच्चइ जाहि महारउ बोल्लिउ रुच्चइ ।
घत्ता—णासउ तणुगरुयत्तणु पत्थिवपुत्तियहं ॥
वड्ढियजोव्वणगव्वहं मज्झु विरत्तियहं ॥१५॥

१६

कण्णउ खुज्जियाउ तहु सावें जायउ तिव्वतवोहपहावें ।
कण्णाकुज्जणयरु तं घोसिउ देवहिं जंडचरित्तु सवहासिउ ।
एयहं पासिउ एह रवण्णी देहि मज्झु ता ताएं दिण्णी ।
गउ वणवासहु महिहरकंदरि तहिं णियसंतइं ताहं सणिज्झरि ।
जाया तणुरुह दोण्णि महाभुय दोण्णि वि चंद सूर णं णहच्चुय ।
दोहिं मि णिहियइं जयजसधामइं इंदसेयरामंतइं णामइं ।
रेणुयभायरु साहु अरिंजउ रिद्धिवंतु तवतत्तु सुसंजउ ।
आउ णिहालिवि ससइ णमंतिइ मग्गिउ किं पि इसंतहसंतिइ ।

धूल-धूसरित छोटी प्रिय कन्याको रेणुका कहकर पुकारा और केलेका फल दिखाकर उसे वंचित कर उस लोभीने उसे गोदमें बैठा लिया। कामदेवके तीरोंसे घायल वह बोला, 'हे ससुर, सुनिए। उसके द्वारा मैं चाहा गया हूँ। आते हुए मुझे मुग्धाने मनसे स्वीकार किया है। यह देवी है, इसे छोटा क्यों कहा जाता है ? कि जिसे हमारा बोलना अच्छा लगता है।

घत्ता—मुझसे विरक्त तथा जिनका यौवनगर्व बढ़ा हुआ है ऐसी पार्थिव कन्याओंके शरीरोंका गौरव नष्ट हो जाये' ॥१५॥

१६

उसके शाप और तीव्र तपके प्रभावसे कन्याएँ कुबड़ी हो गयीं। उसे कन्याकुब्ज (कान्यकुब्ज) नगर घोषित कर दिया गया। देवोंने उसके (जमदग्नि) मूर्खचरितका उपहास किया। इनकी तुलनामें यह सुन्दरी है, यह मुझे दे दो। तब पिताने उसे दे दिया। वनवासके लिए वह झरनोंसे युक्त पर्वतकी कन्दरामें चला गया। वहाँ निवास करते हुए उनके दो महाबाहु पुत्र हुए। दोनों मानो आकाशसे च्युत सूर्यचन्द्र थे। जय और यशके घर दोनोंके नाम इन्द्रराम और श्वेतराम रखे गये। रेणुकाके भाई मुनि अरिजंय ऋद्धिसे युक्त, तपसे सन्तप्त और सुसंयमी थे। वह उसे

२. A वियारिवि; PT पवियारिवि। ४. A अच्चो लिहि। ५. AP देहि। ६. लहुवी; P लहुवी। ७. P वडगरुय°।

१६. १. AP कण्णाखुज्जु। २. A तहु घोसिउ। ३. A कुडचरित्तु। ४. A महब्भुय। ५. A दिण्णइं।

जइयहुं महु विवाहु किउ ताएं तइयहुं धणु ण दिण्णु पई भाएं।
अज्जु देहि बंधव जइ भावइ जेण दुक्खु दालिद्दु वि णावइ।

घत्ता—भणइ मुणीसरु सुंदरि छिंदहि कुमयमइ ॥
दंसणणाणचरित्तइं रयणइं तिण्णि लइ ॥१६॥

१७

ता सम्मत्तु वियारें सहियउ सावयवउ मुद्धेइ संगहियउ।
तुट्ठु भडारउ सुट्ठु वियक्खणु करुणें करेवि सबहिणिणिरिक्खणु।
परसुमंतु परिरक्खणु देतें दिण्णी कामधेणु भयवंतें।
हूई रेणुय ताइ कयत्थी पभणइ भिक्खुहि पंजलिहत्थी।
तुम्हारिसहं सजीउ वि देंतहं दीणुद्धरणु सहाउ महंतहं।
ससहि महंतु हरिसु पयणेप्पिणु गउ रिसि धम्मबिद्धि पभणेप्पिणु।
कामधेणु हियइच्छिउ दुब्भइ तं तावसकुडुंबु तहिं रिज्झइ।
अण्णहि वासरि सुरगिरिधीरें सहसबाहु संजुउ कयवीरें।
गहणणिहेलणु खुडु जि पइट्ठउ राउ तवोहणेण तें दिट्ठउ।

घत्ता—अब्भागयपडिवत्तिइ भोयणु दिण्णु तहु ॥
हिरेंवं भिण्णउं दोहं मि कुअरहु पत्थिवहु ॥१७॥

देखनेके लिए आये। प्रणाम करते हुए बहन ने हँसी-हँसीमें कुछ तो भी माँगा—"जब पिताने मेरा विवाह किया था तो तुम भाईने मुझे कुछ भी धन नहीं दिया था। हे भाई, यदि अच्छा लगे तो मुझे आज दो। जिससे दुख और दारिद्रय न फटके।"

घत्ता—मुनीश्वर कहते हैं—"हे सुन्दरि, अपनी कुमतबुद्धिको दूर करो और सम्यक् दर्शन, ज्ञान और चरित्र ये तीन रत्न स्वीकार करो" ॥१६॥

१७

तब उस मुग्धाने ज्ञानके साथ सम्यक्त्व श्रावक व्रत स्वीकार कर लिये। अत्यन्त विचक्षण अपनी बहनसे भेंट करनेवाले आदरणीय मुनि परम सन्तुष्ट हुए और करुणा कर उसे परिरक्षण मन्त्र सहित फरसा देते हुए उन्होंने ज्ञानवान् एक कामधेनु दी। रेणुका उससे कृतार्थ हो गयी। हाथ जोड़कर उसने महामुनिसे कहा—"अपना जीवन भी देनेवाले आप जैसे महापुरुषोंका स्वभाव ही दोनोंका उद्धार करना है।" इस प्रकार अपनी बहनके लिए महान् हर्ष उत्पन्न कर और धर्मवृद्धि हो—यह कहकर वह मुनि चले गये। वह कामधेनु इच्छानुसार दुही जाती और वह तपस्वी परिवार वहाँ सम्पन्न हो गया। दूसरे दिन सुमेरुपर्वतके समान धीर कृतवीरके साथ सहस्रबाहु आया। वह शीघ्र तापस-गृहमें प्रविष्ट हुआ। तपोवन (जमदग्नि) ने राजाको देखा।

घत्ता—अभ्यागतकी (आतिथ्यकी) परम्पराके अनुसार उसके लिए भोजन दिया गया। राजा और कुमार (कृतवीर) का हृदय आश्चर्यसे चकित हो गया ॥१७॥

---

६. A जं भावइ। ७. A दालिद्दु ण आवइ; P दालिद्दु वि ण आवइ। ८. A छड्डहि।
१७. १. A सुद्धें। २. P पररक्खणु। ३. P तें। ४. P तहिं। ५. AP हियवउं। ६. A कुमरहु।

१८

णियजणणीसस णविवि णियच्छिय
अम्मि अम्मि भोयणु भल्लारउं
एहउं नृवहं मि णउं संपज्जइ
अक्खिउ रेणुयाइ विहसेप्पिणु
ताइ वुत्तु अम्हहं चिंतिउ फलु
जं अंबाइ एम आहासिउं
रयणइं होंति महीयलवालहं
तासु वि तहिं जि चित्तु आसत्तउं
चउरासमगुरु रयणिहिं अंचहि

माउच्छिय कयवीरें पुच्छिय ।
जहिं चक्खिज्जइ तहिं रससारउं ।
तुम्हहं तावसाहं किह जुज्जइ ।
गउ बंधवु सुरधेणुय देप्पिणु ।
णं तो पुणु वणि भुंजहुं दुमफलु ।
तणयं तं णियँपिउहि पयासिउ ।
णउ तवसिहिपसरियजडजालहं ।
कयवीरें कर मल्लिवि वुत्तउं ।
दिज्जवगाइ दिय देहि म वंचहि ।

घत्ता—गाइ ण देमि म पत्थहि अरितरुणियरसिहि ॥
विणु गाइइ अम्हारइ ण सरइ होमविहि ॥१८॥

१९

तो तं सुणिवि तेण महिणाहें
झ त्ति अमरवरसुरहि महद्धिय
मुयहिं धरइ जमयग्गि ण संकइ

गोहणलुद्धें णं वणवाहें ।
कंचणदामइ धरिवि णियद्धिय ।
रेणुय कलयलु करहुं ण थक्कइ ।

१८

अपनी माँको बहनको प्रणाम कर कृतवीरने उसे देखा। मौसीसे उसने पूछा, "हे माँ, हे माँ, भोजन बहुत अच्छा है, जहाँसे भी चखो, वहींसे रसमय है। ऐसा भोजन तो राजाओंके लिए भी सम्भव नहीं है। तुम तपस्वियोंके लिए यह कैसे प्राप्त होता है?" तब रेणुका हँसकर बोली, "मेरा भाई सुरधेनु देकर गया है, हे पुत्र, उसके द्वारा हमारे लिए चिन्तित फल मिलते हैं, नहीं तो वनमें हम वृक्षोंके फल खाते हैं।" जब मौसीने इस प्रकार कहा तो पुत्रने यह अपने पिताके लिए बताया कि रत्न धरतीका पालन करनेवालोंके होते हैं न कि तपस्याकी आगसे जटाजाल बढ़ानेवालोंके। उसका (सहस्रबाहुका) चित्त भी उसमें आसक्त हो गया। कृतवीरने उससे हाथ जोड़कर कहा, "चारों आश्रमोंके गुरु (राजा) की तुम रत्नोंसे अर्चा करो। हे द्विज, तुम दिव्य गाय दो, धोखा मत दो।"

घत्ता—(द्विजने कहा)—शत्रुरूपी वृक्षोंके समूहके लिए आगके समान हे (कृतवीर), मैं राजाके लिए गाय नहीं दूँगा। गायके बिना हमारी यज्ञविधि पूरी नहीं होगी ॥१८॥

१९

तब गोधनके लोभी उस राजाने मानो भोलके समान महा-ऋद्धि सम्पन्न वह सुरधेनु स्वर्णकी शृंखलासे पकड़कर खींच ली। जमदग्नि बाहुओंसे उसे पकड़ता है, शंका नहीं करता,

१८. १. AP णिवहं। २. P ण वि। ३. AP दुमफलु। ४. णियपियहि। ५. A तवसियपसरिय°।
१९. १. P ता तं सुणिवि। २. AP महिद्धिय।

तवसिहि करु करेण आच्छोडिउ णिच्चलु मेइणियलि [3]सो पाडिउ।
णीसारिय णंदिणि मढवासहु णं णियजीयवित्ति तणुदेसहु।
उद्धावद्धणिविडजडमंडलु सवणोलंबियतंबयकुंडलु।
सोत्तरीयउववीयउरयलु धूलिधूसरु अवलोइयभुयबलु।
बद्धतोणु परिवड्ढियअमरिसु धाइउ सरु मुयंतु रणि तावसु।
दोण्णि तिण्णि चउ पिच्छंचिय वरं पंच सत्त णव दह चंचलयर।
बारह तेरह पुणु पण्णारह सोलह बाण मुक्क सत्तारह।
णहयलु सरसंछण्णु ण दीसइ सहसबाहु णियरहियहु भासइ।

घत्ता—[12]वाहि वाहि रहु तुरिएं संघारमि कुमइ॥
एहा महियलि जइ जइ तो केहा णिवइ॥१९॥

२०

बाणहिं बाण हणेप्पिणु विद्धउ णं[1] चंदणतरु णायहिं रुद्धउ।
जइ विचित्तमइदइएं घाइउ सयबिंदुहि तणुरुहु विणिवाइउ।
णाहमरणि दुक्खेण विसट्टइ गाइ ण जाइ हयवि पलट्टइ।
महिपलोट्ट णियसामि णिहालइ पुच्छि विज्जइ जीहइ लालइ।

रेणुका कलकल करते हुए नहीं थकती। तपस्वीके हाथको उसने अपने हाथसे झकझोर दिया और उसे अचेतन धरतीपर गिरा दिया। आश्रमसे नन्दिनी निकाल ली गयी मानो शरीरप्रदेशसे अपनी जीववृत्ति निकाल ली गयी हो। जिसका निविड जटामण्डल ऊपर बँधा हुआ है, जिसके लाल-लाल कुण्डल कानों तक लटक रहे हैं, जो वक्षपर उत्तरीय और यज्ञोपवीत पहने हुए हैं, जो धूलसे धूसरित है और बार-बार अपनी भुजाएँ देख रहा है, जिसने तूणीर (तरकस) बाँध रखा है, जिसका अमर्ष बढ़ रहा है ऐसा वह तपस्वी (जमदग्नि) तीर छोड़ता हुआ युद्धमें दौड़ा। उसने पुंखसे शोभित दो, तीन, चार, पाँच, सात, नौ और दस, बारह, तेरह फिर पन्द्रह, सोलह और सत्तरह चंचल तीर छोड़े। तीरोंसे आच्छन्न आकाश दिखाई नहीं देता। तब सहस्रबाहु अपने सारथिसे कहता है—

घत्ता—अश्वसे शीघ्र-शीघ्र रथ बढ़ाओ, मैं उस कुमतिको मारूँगा। यदि धरतीपर इस प्रकारके यति हैं, तो राजा किस प्रकारके होंगे॥१९॥

२०

तीरोंसे तीरोंको आहत कर उसने उसे विद्ध कर दिया, मानो चन्दनवृक्षको नागोंने अवरुद्ध कर लिया हो। विचित्रमतिके पति (सहस्रबाहु) ने यतिको आहत कर दिया। शतबिन्दुका पुत्र मार डाला गया। अपने स्वामीके मरनेपर गाय दुःखसे आहत हो उठती है, वह आगे

---

३. A तहि पाडिउ। ४. AP adds after this: चलिउ लेवि जाम णियवासहु (A णियदेसहु)। ५. A omits this foot. ६. P तणु देंसहु। ७. A समणोलंबियँ। ८. A सोत्तरीउ। ९. A धवलु। १०. AP सर। ११. A णहयलु संछण्णउ णउ दीसइ; P णहयलु छण्णु ण बाणहि दीसइ। १२. बाहु बाहु।

२०. १. AP चंदणतरु णं।

दुद्धें सिंचइ वयणु समिच्छइ ओरसंति णियदुल्लइ अच्छइ । ५
जाम ताम णियवइरिहिं चप्पिवि रोवइ रेणुय विहुरु वियप्पिवि ।
हा हा कंत कंत किं सुत्तउ किं ण चवहि महु काइं विरत्तउ ।
मुच्छिओ सि किं तवसंतावें किं परवसु थिउ झाणपहावें ।
लइ कुसुमाइं घट्टु लइ चंदणु करहि भडारा संझावंदणु ।
घत्ता—उट्ठि णाह जलु ढोवहि तण्हाणिरसणउं ॥ १०
करि सहवासियहरिणहं करयलफंसणउं ॥२०॥

२१

दावहि एयहु कुवलयकंतिहि जलु होमावसेसु सिसुदंतिहि ।
उट्ठि णाह तुहुं एक्कु जि जाणहि तणयहं वेयपयइं वक्खाणहि ।
तेहिं वि अज्जु काइं सुइरावियं अवरु किं पि किं दुग्गि विहाविउ ।
जहिं गय कंदमूलफलगुंछेहं तहिं किं कमि णिवडिय खलमेच्छहं ।
णउ मुणंति जं जणयहु जायउ ता तहिं सुयजुवलुल्लउं आयउं । ५
आयण्णवि तहिं जणणिहि रुण्णउं विच्चडखल्लउं णाहिणिहिण्णउं ।
जाइवि दोहिं मि थीयणसारी पुच्छी अम्मादेवि भडारी ।
भणु भणु केण ताउ संघारिउ केण सँपाणणासु हक्कारिउ ।
कुलिसिहि कुलिसु केण मुसुमूरिउ सेसफडाकडप्पु किं चूरिउ ।

नहीं जाती, (सींग मारकर) पीछे हट आती है। धरतीपर पड़े हुए अपने स्वामीको देखती है। पूँछसे हवा करती है, जीभसे चाटती है। दूधसे सींचती है, उसका मुख देखती है, चिल्लाती है और जब उसके निकट रहती है, तबतक अपने शत्रुओंके द्वारा घिरी हुई रेणुका दुखका विचार कर रोती है, "हा-हा हे स्वामी, तुम क्यों सो गये ? मुझसे बोलते क्यों नहीं, मुझसे विरक्त क्यों हो ? तपके सन्तापसे मूर्च्छित क्यों हो ? ध्यानके प्रभावसे परवश क्यों हो ? लो ये फूल, लो यह चन्दन घिसा। हे आदरणीय, सन्ध्यावन्दन करिए।

घत्ता—हे स्वामी, उठिए। प्यासको दूर करनेवाला जल ग्रहण करिए और सहवास करनेवाले हरिणोंका करतलसे स्पर्श कीजिए ? ॥२०॥

२१

कुवलयके समान कान्तिवाले बालगजको होमावशेष जल दिखाओ। हे स्वामी, तुम उठो। एक तुम्हीं वेदपदोंको जानते हो और बच्चोंके लिए उनकी व्याख्या करते हो। उन्होंने भी आज क्यों देरी कर दी ? क्या कुछ और वनमें उन्होंने देख लिया है ? जहाँ कन्दमूल और फलके गुच्छोंके लिए गये हुए वे क्या दुष्ट म्लेच्छोंके हाथ पड़ गये हैं कि जो वे पिताकी मृत्युको नहीं जानते ?" इतनेमें वे दोनों पुत्र वहाँ आ गये। वहाँ अपनी माँका रोना सुनकर और पिताके शवको तीरोंसे छिदा हुआ देखकर दोनों, स्त्रीजनमें श्रेष्ठ आदरणीय माता रेणुका देवीसे पूछा—"बताओ-बताओ, किसने पिताको मारा ? किसने अपने प्राणोंके विनाशको ललकारा है ? वज्रसे वज्रको

---

२. A णियदुल्लिय; P णियदुल्लइ । ३. A णियवइउरि ।
२१. १. A A युगु । २. AP °गोंछहं । ३. AP जणणहु । ४. A आयण्णिवि तहिं; P आयण्णंतहिं ।
५. A जोयवि । ६. P ताउ केण । ७. A सुपाणणासु ।

केसरिकेसरग्गु किं छिण्णउं केण गरलु हालाहलु चिण्णउं ।
केण सदेहु हुणिउ कालाणणि को पइट्ठु वइवसमुहघंघलि ।
घत्ता—इच्चइ कहिउ रुयंतिइ भोयणरिद्धि[10]भरि ॥
सहसबाहु कयवीरु वि मुंजिवि मज्झु घरि ॥२१॥

२२

जहिं मुत्तउं तहिं भाणउं भिंदिवि कंतु महारउ कंडहिं छिंदिवि ।
गाय रिच हरिवि महारिय[2] धेणुय ता संथविय सपुत्तिहिं[3] रेणुय ।
गज्जिवि पुणु वि रोसरसभरियउ णयणजुयलजलु जणणिहि पुसियउ ।
ता जेट्ठहु उवइट्ठउ मायइ परसुमंतु दिण्णासीवायइ ।
गय वेण्णि मि जण वीर[4] महाइय तं साकेयणयरु संप्राइय[5] ।
करि तुरंगु रहवरु णरु णावइ दसदिसु चडुलु परसु परिधावइ ।
लंबिरकेसइं भउहाभीसइं पिउपुत्तहं खणि छिण्णइं सीसइं ।
णासंत वि खत्तिय णिक्खत्तिय वइवसमुहकुहरंतरि घत्तिय ।
जो भूवालु णाम चिरु राणउ जो तउ चरिवि मरिवि सणियाणउ ।
देउ महासुक्कंतरि जायउ जो[7] पुणरवि जम्मंतरि आयउ ।
समउं तेण गब्भेण पलाणी सइ विचित्तमइ णामें राणी ।

किसने चूर-चूर किया है ? उसने शेषनागके फनसमूहको क्यों चूर-चूर किया है ? सिंहके अयालके अग्रभागको किसने छुआ ? गरलविषको किसने ग्रहण कर लिया है ? किसने कालाननमें अपने शरीरको होम दिया है ? यमकी मुखरूपी विडम्बनामें कौन पड़ गया है ?"

घत्ता—आदरणीया (माँ) ने रोते हुए कहा, "भोजनकी ऋद्धिसे भरपूर मेरे घरमें भोजन करके सहस्रबाहु और कृतवीर—॥२१॥

२२

जिस पात्रमें उन्होंने खाया, उसीमें छेद कर और मेरे स्वामीको तीरोंसे छेदकर दुश्मन हमारी गायका हरण कर ले गया।" तब पुत्रोंने अपनी माँ रेणुकाको सान्त्वना दी। फिर क्रोधके रससे भरे हुए उन दोनोंने गरजकर माँकी दोनों आँखोंके आँसू पोंछे। जिसने आशीर्वाद दिया है ऐसी माँने, तब बड़े पुत्रके लिए परशुमन्त्रका उपदेश दिया। वीर और महा-आहत वे दोनों गये और उस साकेत नगर पहुँचे। हाथी-घोड़ा, रथवर और मनुष्यकी भाँति वह चंचल फरसा दसों दिशाओंमें दौड़ता है। पिता-पुत्रके लम्बे केशवाले, भौंहोंसे भयंकर सिरोंको उसने क्षण-भरमें काट डाला। भागते हुए क्षत्रियोंको भी उसने धूलमें मिला दिया और उन्हें यमके मुखरूपी कुहरमें डाल दिया। जो पुराना भूपाल नामका राजा था और जो तप कर निदानपूर्वक मरा था, महाशुक्र स्वर्गमें देव हुआ था और पुनः जन्मान्तरमें आया था। उसके साथ गर्भ लेकर (उसे गर्भमें रखकर) विचित्रमती नामकी उस सती रानीने वहाँसे पलायन किया।

---

८. A जि छित्तउ । ९. AP भुत्तउं । १०. AP °हरि ।
२२. १. AP गउ । २. AP महारी । ३. A सपुत्तहि । ४. P वीर । ५. AP संपाइय । ६. AP भूपालु । ७. AP सो ।

घत्ता—णियपइपुत्तहं मरणें सोयविसंठुलिय ॥
सुंदरि भयकंपियतणु कत्थइ संचलिय ॥२२॥

२३

सा गुरुहार दिट्ठ संडिल्लें तावसेण सेसयणवच्छल्लें ।
अप्पिय सो सुबुद्धिणिग्गंथहु सुद्धसहावहु कहियसुपंथहु ।
वसइ जिणालइ गइ रणयालइ फुल्लियकाणणि तहिं मिगमेलइ ।
पुत्तु पसूई देवहिं रक्खिउ माय कुलुद्धरणु णिरिक्खिउ ।
पुच्छिउ साहु समंजसु घोसइ णंदणु छक्खंडाहिउ होसइ । ५
सोलहमइ पत्तइ संवच्छरि तुहुं पेच्छिहिसि चिंधु तणुरुहवरि ।
देवीभायरेण हयसल्लें णिउ णियभवणहु सिसु संडिल्लें ।
पडिभडवरसिरखुडणसमत्थइं परिपालिउ सिक्खिउ सत्थत्थइं ।
एत्तहि रिसिजमयग्गिहि पुत्तें जयसिरिरइरसलंपडचित्तें ।
घत्ता—जणणमरणु सुअरंतें मारिय रायवर ॥ १०
परसुमंतमाहप्पें रणि करवालकर ॥२३॥

२४

एक्कवीसवारउ णिक्खत्तिवि खत्तिय सयलु वि छारुप्परित्तिवि ।
बहुयवेयवयणसाहप्पहं पुहइ असेस वि दिण्णी विप्पहं ।

घत्ता—अपने पति और पुत्रकी मृत्युके कारण शोकसे अस्त-व्यस्त, भयसे जिसका शरीर काँप रहा है ऐसी वह सती सुन्दरी कहीं भी चल दी ॥२२॥

२३

स्वजनोंके प्रति वात्सल्य रखनेवाले तपस्वी शाण्डिल्यने जब उसे गर्भवती देखा तो उसने सन्मार्गका कथन करनेवाले शुद्ध स्वभावसे युक्त सुबुद्धि (सुबन्धु) नामक निर्ग्रन्थ मुनिको उसे सौंप दिया। वह जिनालयमें रहने लगी। रणका समय बीतनेपर जहाँ पशुओंका संगम है, ऐसे खिले हुए जंगलमें उसने पुत्रको जन्म दिया। देवोंने उसकी रक्षा की। माताने अपने कुलके उद्धारकर्ताको देखा। उसने न्यायशील मुनिसे पूछा। उन्होंने बताया, "तुम्हारा पुत्र छह खण्ड धरतीका स्वामी होगा। सोलहवाँ वर्ष प्राप्त होनेपर तुम अपने पुत्रके ऊपर राजचिह्न देखोगी।" जिसका शल्य नष्ट हो गया है ऐसा देवीका भाई शाण्डिल्य बच्चेको अपने घर ले गया। उसने उसका परिपालन किया और शत्रु योद्धाओंके श्रेष्ठ सिरोंको काटनेमें समर्थ शस्त्र-अस्त्रोंकी उसे शिक्षा दी। यहाँ पर जमदग्निके विजयश्रीके रतिरसके लम्पट चित्तवाले पुत्रने—

घत्ता—अपने पिताके मरणकी याद करते हुए रणमें हाथमें तलवार लिये हुए राजाओंको परशुमन्त्रके प्रभावसे मार डाला ॥२३॥

२४

इक्कीस बार मारकर, समस्त क्षत्रियोंको खाकमें मिलाकर जिनके वेदवचनोंका माहात्म्य

---

२३. १. A सिसुजणवच्छल्लें; P ससुयणि वच्छलें । २. AP सह सुबंधुं । ३. A तेत्थु सा वि जा वसइ जिणालइ; P वसइ जिणालइ गय रयणालइ । ४. A सचिंधु तणुं । ५. A सिरिजम° । ६. AP सुमरंतें । ७. A °मंतिमाहप्पें रणं ।

२४. १. A सयल वि । २. AP पवत्तिवि ।

जाया रिद्धिइ सक्कसमाणा जहिं दीसहि तहिं दियवर राणा।
जहिं दीसइ तहिं पसु मारिज्जइ पियरहं ढोएप्पिणु पलु खज्जइ।
सोमपाणु महुमहुरउ पिज्जइ सामवेयपउ मणहरु गिज्जइ।
विउलजण्णमंडवसिरि दावइ होमहुयासधूमु णहि धावइ।
णिच्चमेव संठियपडिहारइ परसुरामदेवेसदुवारइ।
पयडियदंतपंतिविवरालइं खंभि खंभि कीलियइं कवालइं।
तारायिरसिसिरकरधवलइं णं जसवेल्लिहि फुल्लइं विमलइं।
जायउ सव्वभोमभूवालउ किं वण्णिज्जइ तावसबालउ।
गुरुहारहि कह कह व चलंतहि मायहि पसवणवियणकिलंतहि।
उप्पज्जइ सो को वि सुणंदणु किज्जइ जेण वइरिसिरछिंदणु।
जामयग्गिणरणाहें जेहउ अण्णहु जयविलासु कहु एहउ।

घत्ता—भरहु असेसु वि भुत्तउ हय रिउ तायवहि॥
पुप्फदंत तहु तेएं सभय चरंति णहि॥२४॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे अरतित्थंकरणिव्वाणगमणं परसुरामविहवपण्णवं णाम पंचसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो॥६५॥

बढ़ रहा है ऐसे विप्रोंको धरती दे दी। ऋद्धिसे वे इन्द्रके समान दिखाई देने लगे। जहाँ दिखाई देता है वह ब्राह्मण राजा है। जहाँ दिखाई देता है वहाँ पशु मारे जाते हैं, पितरोंको चढ़ाकर मांस खाया जाता है, मधुर-मधुर सोमपान किया जाता है, सामवेदके मधुर पदोंका गान किया जाता है, विपुल यज्ञोंकी मण्डपश्री दिखाई देती है, यज्ञोंकी आगका धुआँ आकाशमें दिखाई देता है। जिसमें प्रतिहार बैठे हुए हैं, ऐसे परशुराम राजाके द्वारपर नित्य ही, जो स्पष्ट दिखाई पड़नेवाली दन्तपंक्तिसे विकराल हैं ऐसे कपाल खम्भे-खम्भेपर ठोक दिये गये हैं, जो ऐसे लगते हैं मानो यश-रूपी लताके तारासमूह और चन्द्रकिरणोंके समान धवल और विमल फूल हों। वह सार्वभौम राजा हो गया। उस तपस्वी राजाका क्या वर्णन किया जाये? गर्भके भारवाली, किसी प्रकार कठिनाईसे चलते हुए प्रसवकी वेदनासे पीड़ित माताका वैसा कोई एक अच्छा बेटा पैदा होता है कि जिसके द्वारा शत्रुका सिर काटा जाता है। जमदग्नि राजाने जैसा (विजयविलास भोगा) ऐसा जयविलास किसका है?

घत्ता—पिताका वध होनेपर उसने शत्रुको मारा और अशेष भारतका भोग किया। उसके तेजसे सूर्य और चन्द्रमा आकाशमें डरसे भ्रमण करते हैं॥२४॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में अरतीर्थंकर निर्वाण गमन एवं परशुराम विभव वर्णन नामका पैंसठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ॥६५॥

---

३. A सुदुवारइ। ४. A सव्वभूमिभूवालउ। ५. A कहि। ६. A सुभूमचक्कवट्टिउप्पत्ती।

संधि ६६

१

एत्तहि गिरिकाणणि गाणत्तरुहि वड्ढइ सुंदरु ॥
लक्खणचंचइउ णंहणिवडिउ णाइ पुरंदरु ॥ ध्रुवकं ॥

करतालियवरफणिफणकडप्पु — डेंढालियवणमायंगदप्पु ।
लीलाइ धरियकेसरिकिसोरु — तरुकीलिरकिंणरिचित्तचोरु ।
दियसिहिं वड्ढिउ णं बालयंदु — णं सो णिववंसहु तणउ कंदु । ५
सत्तुहि छिंदंतहु अमरसेण — उव्वरिउ कहिं मि जो विहिवसेण ।
णं सहसबाहुकुलजसणिहाउ — णं परसुरामसिरकुलिसघाउ ।

सन्धि ६६

यहाँ गहनवनमें तपस्वी शाण्डिल्यके घर वह सुन्दर इस प्रकार बढ़ने लगा जैसे लक्षणोंसे शोभित आकाशसे पतित इन्द्र हो ।

१

जिसने महानागोंके फनसमूहको अपने करतलसे ताड़ित किया है, जिसने वनगजोंके दर्पको उखाड़ दिया है, जिसने खेल-खेलमें किशोरसिंहोंको पकड़ लिया है, जो वृक्षोंपर क्रीड़ा करती हुई किन्नरियोंके चित्तका चुरानेवाला है, ऐसा वह कुमार कुछ ही दिनोंमें इस प्रकार बढ़ने लगा, मानो बालचन्द्र हो, मानो वह राजवंशका मूल हो । देवसेनाको नष्ट करते हुए शत्रुसे जो भाग्यके वशसे किसी प्रकार बच गया हो, जो मानो सहस्रबाहुके कुलका यशसमूह हो, मानो परशुरामके सिरपर

All Mss. have, at the beginning of this sandhi, the following stanza:-

यस्येह कुन्दामलचन्द्ररोचिःक्षमानकीर्तिः ककुभां मुखानि ।
प्रसाधयन्ती ननु वम्भ्रमीति जयस्वसौ श्रीभरतो नितान्तम् ॥ १ ॥

पीयूषसूतिकिरणा हरहासहार-
कुन्दप्रसूनसुरसौरिणिशङ्खनागाः ।
क्षीरोद शेष बल याहि निहंस चैव
किं खण्डकाव्यवचला भरतः स्थ यूयम् ॥ २ ॥

A reads in the third line: बलयासिति हंस चैव; P reads बलसत्तम हंस चैव; AP reads in the fourth line भरतस्तु यूयम् । K has a gloss : या हि त्वं गच्छ; निहंस निश्चरा हंस त्वमपि गच्छ । यूयं किं भरतः अतिशयात् खण्डकाव्यवत् चपला भवतध्वे, अपि तु न । तर्हि गच्छन्तु ।

१. १. AP णहि णिवडिउ । २. P °फणिफड° । ३. P उद्दालिय° । ४. A णिव कीलिरकिंणर । ५. P omits णं । ६. AP °सिरि कुलिस° ।

वज्जकंकियकरयलु पायपडमु हक्कारिउ मामें सो सुभौमु ।
विहवत्तणदुक्खोहरियछाय अप्पणहि दिण्णि पुच्छिय तेण माय ।
संडिल्लु मामु तुहुं जणणि माइ पर ताउ ण पिच्छमि महुरवाइ ।
विणु ताएं पुत्तु ण होइ जेण महु संसउ वड्ढइ कहहि तेण ।

घत्ता—भणु हउं कासु सुय महियलि मंडणउ पहिल्लउं ॥
भणु किं कारणेण तुह हत्थि णत्थि कंकुल्लउं ॥ १ ॥

२

तोवम्महि अंसुजलोल्लियाइं णयणइं णं कमलइं फुल्लियाइं ।
जाणिवि णियतणयहु सणिय सत्ति पडिलवइ सहसबाहुयरायपत्ति ।
सुणि सुय जो सुव्वइ परसुरामु तें मारिउ तुह पिउ अतुलथामु ।
तावट्ठवीसधणुदंडतुंगु वण्णें कणयच्छवि रणि अहंगु ।
तं णिसुणिवि णं जमरायदूउ आरुट्ठ अरिहि सिहिचुरुलिभूउ ।
चूडामणिकिरणालिहियमेहि तावेत्तहि रेणुयतणयगेहि ।
दिउ णारायणकमकमलभसलु संपत्तउ कहिं मि णिमित्तकुसलु ।
सो पुच्छिउ तेण कयायरेण उद्धरियसेलधरधरगुरुभरेण ।
सहसयरसिरुप्पललूरणेण णियजणणिमणोरहपूरणेण ।

वज्रका आघात हो, जिसका हाथ चक्रसे अंकित है, जिसके पैरोंमें कमल है, ऐसे उस कुमारको मामा शाण्डिल्यने सुभौम कहकर पुकारा। वैधव्यके दुःखसे जिसके शरीरकी कान्ति नष्ट हो गयी है ऐसी अपनी माँसे उसने एक दिन पूछा, "हे माँ, शाण्डिल्य मामा है और तुम जननी हो, परन्तु मधुर बोलनेवाले पिताको मैं नहीं देखता हूँ। परन्तु बिना पिताके पुत्र नहीं हो सकता, इसीलिए मेरा सन्देह बढ़ रहा है आप बताइए।

घत्ता—कहो, मैं किसका पुत्र हूँ ? पृथ्वीतलपर मैं किसका पहला मण्डन हूँ ? बताओ किस कारण तुम्हारे हाथमें कड़ा नहीं है" ॥१॥

२

तब माताके नेत्र अश्रुजलसे आर्द्र हो उठे, मानो खिले हुए कमल हों। अपने पुत्रकी शक्तिको जानते हुए सहस्रबाहुकी पत्नी प्रत्युत्तर देती है, "हे पुत्र सुनो, जो परशुराम कहा जाता है उसने अतुलशक्तिवाले तुम्हारे पिताका वध किया है। जो अट्ठाईस धनुष प्रमाण ऊँचे थे, रंगमें स्वर्ण-कान्तिके समान और युद्धमें अभग्न थे।" यह सुनकर आगकी ज्वाला बनकर वह शत्रुपर इस प्रकार क्रुद्ध हो गया, मानो यमराजका दूत हो। जिसके शिखरमणिकी किरणोंसे मेघ अंकित हैं, ऐसे रेणुकाके पुत्रके घर नारायणके चरणकमलोंका भ्रमर एक निमित्तशास्त्री ब्राह्मण आया। जिसने पर्वत सहित धरतीका गुरुभार उठाया है, ऐसे सहस्रबाहुके सिररूपी कमलको काटनेवाले तथा अपनी माँके मनोरथोंको पूरा करनेवाले उसने आदर करते हुए पूछा—

---

७. A सुभूमु । ८. A °दुक्खें हरिय° । ९. A भणु कासु सुउ हउं महिलहि मंडणउ । १०. AP कडउल्लउं ।

२. १. AP ता अम्महि । २. AP रिउहि । ३. A कहइ व । ४. A सयरगुरुभायरेण । ५. A °पूरएण ।

घत्ता—पइं विप्पेण जगि जीवहं भवियव्वु पमाणिउं ॥ १०
महु कहयहुं मरणु भणु भणु जइ पइं फुडु जाणिउं ॥ २ ॥

३

तं णिसुणिवि विप्पें वुत्तु एम राया हिराय भो णिसुणि देव ।
भोयणकालइ रसरसियभावि अग्गइ दक्खालिइ कयसरावि ।
रिउदसण असणभावेण जासु णिव परिणमंति तुहुं वज्जु तासु ।
ता राएं णयरि महाणिवालु कारविय तक्खणि दाणसालु ।
संणिहिय णिओइय दिण्णु दाणु घिउं दुद्धु दहिउं इच्छापमाणु । ५
पीणिवि देसिय तित्तिइ करंत णिच्चं चिय दाविज्जंति दंत ।
दसदिसिवहेहि पसरिय एह वत्त कयवीराणुयसुहसुसिरु पत्त ।
अइदीहरपंथें मंथिएण वेंणि जंतें वुत्तउ पंथिएण ।
भो भो कुमार लहु जाहि जाहि साकेयणयरि भुंजंतु थाहि । १०
घत्ता—किं वणतरुहलेहिं खद्धेहिं मि तित्ति ण पूरइ ॥
पेच्छिवि तुज्झु तणु महुं भायर हियवउं जूरइ ॥ ३ ॥

४

जहिं रायहु केरउं अत्थि दाणु जहिं जणवउ भुंजइ अप्पमाणु ।
भोयणपत्थावइ मुहरुहोहु जहिं दरिसिज्जइ ससिअंतसोहु ।

घत्ता—तुझ विप्रके द्वारा विश्वमें जीवोंका भवितव्य प्रमाणित किया जाता है। "मेरा मरण कब होगा ? कहो-कहो, यदि तुम स्पष्ट जानते हो तो ?"॥२॥

३

यह सुनकर विप्रने इस प्रकार कहा, "हे राजाधिराज देव, सुनिए। जिसमें रसके ज्ञायकका भाव है ऐसे भोजनकालमें, सकोरेमें रखे गये शत्रुके दाँत जिसके आगे दिखाये जानेपर ओदनभावको प्राप्त होते हैं, हे नृप तुम उसके द्वारा वध्य होगे।" तब राजाने नगरमें उसी क्षण एक विशाल दानशाला बनवायी। वहाँ किंकर रख दिये। इच्छाके अनुसार घी, दूध और दहीका दान दिया। तृप्तिसे प्रसन्न कर करते हुए यात्रियोंको नित्य ही दाँत दिखाये जाते। दसों दिशापथोंमें यह बात प्रसारित हो गयी। कृतवीरके अनुज सुभौमके कर्णविवरमें यह बात पहुँची। अत्यन्त लम्बे पथसे श्रान्त वनमें जाते हुए एक पथिकने कहा, "हे कुमार, शीघ्र आओ-आओ और साकेत नगरमें भोजन करते हुए रहो।

घत्ता—खाये गये वन-तरुफलोंसे क्या ? तृप्ति पूरी नहीं होती, तुम्हारा शरीर देखकर हे भाई, मेरा हृदय सन्तप्त होता है ॥३॥

४

जहाँ राजाका दान है, जहाँ अप्रमाण जनता भोजन करती है। भोजनके प्रस्तावके समय

---

६. A विप्पेण वर जगि; P विप्पें वर जगि। ७. AP पमाणिउं। ८. जाणियउं।

३. १. AP पीणिय। २. A फुरंत। ३. A वहदिसिपह°; P दसदिसिपह°। ४. A कुमरहु अक्खिउ ता पंथिएण।

४. १. P °पत्थारइ।

सो जासु कूरु होही सुरामु तहु हत्थें मरिही परसुरामु ।
तहिं गच्छहि पेच्छहि चोज्जु बप्प किं अच्छइ काणणि णिव्विसप्प ।
तं णिसुणिवि मणि चिंतइ कुमारु बहु डहु णरु जंगलपुंजु फारु ।
दुज्जणकरगाहगलत्थियाइं जें दिट्ठइं सयणइं दुत्थियाइं ।
दरिसावियबंधवलोयवसण जेणावण्णिय णंदंत पिसुण ।
सो णिहयजणणिजोव्वणवियारु अम्हारिसु जीवइ भूमिभारु ।
वरिसइं परमाउसु अमदुगेज्झु धुवु सट्ठिसहासइं आउ मज्झु ।
लइ णियइ ण दुक्कइ अंतरालि रिउ चूरमि मारमि कलहकालि ।
अह वा जइ मरमि ण तो वि दोसु लइ अज्जु करमि हउं सहलु रोसु ।

घत्ता—तायवियारणउं जं वइरु रिणु य चिरु दिण्णउं ॥
तं हउं तासु रणि लइ अज्जु देमि उच्छिण्णउं ॥ ४ ॥

५

इय भणेवि वीरो धुरंधरो समरभारवहणेक्ककंधरो ।
कायकंतिधवलियदिसावहो चिक्करंतछक्कण्णुपाणहो ।
धरणिविजयसिरिविजयलंपडो कसणकुडिलधम्मिल्लझंपडो ।
दंडपाणिपोत्थयपरिग्गहो रत्तचीरचंचइयविग्गहो ।

चन्द्रकान्तके समान दाँत दिखाये जाते हैं। जिससे वे दाँत सुन्दर भात हो जायेंगे उसके हाथसे परशुराम मारा जायगा। हे सुभट तुम वहाँ जाओ और उस आश्चर्यको देखो। बिना किसी विकल्पके जंगलमें क्यों पड़े हो।" यह सुनकर कुमार अपने मनमें विचार करता है—प्रचुर मांस-समूह वह मनुष्य खाक हो जाये कि जिसने स्वजनोंको दुर्जनोंके द्वारा हाथ पकड़कर बाहर निकाले जाते हुए और खराब स्थितिमें होते हुए देखा है। जिसने बान्धवलोकको दुख दिखानेवाले दुष्टोंको आनन्दित होते हुए सुना है। अपनी माँके यौवन-विकारको नष्ट करनेवाला (व्यर्थ कर देनेवाला) ऐसा वह मुझ जैसा धरतीका भारस्वरूप व्यक्ति जीवित है। परमायु मैं यमके द्वारा अग्राह्य हूँ, (यम मुझे नहीं पकड़ सकता), निश्चय ही मेरी आयु साठ हजार वर्ष है, लो इस अन्तरालमें (इस बीच) नियति नहीं आ सकती, इसलिए युद्धकालमें शत्रुको चकनाचूर कर मारता हूँ। अथवा यदि मैं मर जाता हूँ तो इसमें दोष नहीं है। लो मैं आज अपना क्रोध सफल करता हूँ।

घत्ता—पिताके मारनेका जो वैर और ऋण पहले दिया गया है, मैं आज उसे युद्धमें दूँगा और उसे उच्छिन्न करूँगा ॥४॥

५

यह कहकर समरभारको अपने एक कन्धेसे उठानेवाला, अपनी शरीर-कान्तिसे दिशाओंको धवलित करनेवाला, चरमराते हुए छह कोनोंवाले जूतोंसे युक्त, पृथ्वीविजय और श्रीविजयका लम्पट, मुक्त खुले काले बालोंवाला, जिसके हाथमें दण्ड और पुस्तकका परिग्रह है, जिसका शरीर

---

२. A मरही । ३. A णरजंगलु । ४. AP भारु । ५. AP णिहियजणणिहि जोव्वण° ।
६. AP समरकालि । ७. A वइरु रिणु चिरु ण दिण्णउं; P वइरु रिणु व चिरु दिण्णउं ।

५. १. AP घोरो । २. AP °कविलिय° । ३. A चिक्करंतु छक्कण्णुवाणहो; P चिक्करंतु छक्कण्णवाणहो ।

कुसपवित्तयंकियकरंगुली कोसलं पुरं पत्तओ बली । ५
सहयरेहिं सह लच्छिमाणणो वेयघोसबहिरियदिसाणणो ।
दाणमंडवं खणि पइट्ठओ तं णिउत्तमणुयहिं दिट्ठओ ।
तेहिं तस्स णंविऊण णीरयं पायपोमपक्खालणं कयं ।
आसणे णिविट्ठस्स णिम्मलं णीलदब्भखंडं पुणो जलं ।

घत्ता—पुणु अहियारिएहिं ढोएप्पिणु मिट्ठउ भोयणु ॥ १०
दसणुकेरउ तहु दक्खालिउ जायउ ओयणु ॥ ५ ॥

६

जं दंत जाय णवकलमसित्थ तं वड्ढिय भड रणभरसमत्थ ।
हणु हणु भणंत करफुरियखग्ग बालहु अक्खत्तधम्मेण लग्ग ।
परमेसरु ते णउ गणइ केव कंठीरउ वणि गोमाउ जेव ।
जो दसणपुंजु तं कूरु जाउ तं जोयइ णं णियजसणिहाउ ।
उट्ठिवि दिट्ठिइ चप्पंरिय सव्व गय णासेप्पिणु भड गलियगव्व । ५
विण्णविउ तेहिं पहु परसुधारि भो पुहइणाह रिउ जीवहारि ।
आएसपुरिसु संपत्तु भीमु तं णिसुणिवि णिग्गउ इंदरामु ।
सपसाहणेण हरिवाहणेण संणज्झिवि लहु सहुं साहणेण ।
आवंतु दिट्ठु बालें अणेण भुयदंडु तुलिय हरिसियमणेण ।

लाल वस्त्रसे शोभित है, जिसकी अँगुलियाँ दर्भमुद्रिकासे अंकित हैं, ऐसा वह वीर धुरन्धर और बलवान् अयोध्या नगरी पहुँचा। लक्ष्मीको माननेवाला वह अपने सहचरोंके साथ वेदोंके घोषसे दिशामुखोंको बहरा बनाता हुआ एक क्षणमें दानमण्डपमें प्रविष्ट हुआ। वहाँ नियुक्त मनुष्योंने उसे देखा। उन्होंने उसे प्रणाम कर उसके चरणकमलोंका धूलरहित प्रक्षालन किया और आसनपर बैठे हुए उसे निर्मल हरा दर्भखण्ड (दूब खण्ड) और जल दिया।

घत्ता—फिर अधिकारियोंने मीठा भोजन देकर उसे दाँतोंका समूह दिखाया, वह भात बन गया ॥५॥

६

जब दाँत नये चावलोंकी तरह सीज गये तो रणभारमें समर्थ योद्धा उठे। जिनके हाथमें तलवारें चमक रही हैं, ऐसे वे मारो-मारो कहते हुए क्षात्रधर्मको ताक पर—रखते हुए वे बालकके पीछे लग गये। लेकिन वह परमेश्वर उन्हें उसी प्रकार कुछ नहीं समझता कि जिस प्रकार सिंह वनमें शृंगालोंको कुछ नहीं समझता। जो वह दाँतसमूह भात हो गया था उसे वह अपने यश-समूहके समान देखता है। उठकर उसने दृष्टिसे उन्हें हटा दिया। गलितगर्व सभी योद्धा भागकर चले गये। उन्होंने फरसा धारण करनेवाले अपने स्वामीसे निवेदन किया, "हे पृथ्वीनाथ, शत्रु जीवका हरण करनेवाला है। भयंकर आवेगपुरुष है।" यह सुनकर इन्द्रराम निकला। अपने प्रसा-

---

४. AP णमिऊण । ५. A आसणोपविट्ठस्स । ६. A णीलदब्भ° ।

६. १. A भड समत्थ । २. P अक्खतधम्मेण । ३. AP तहिं कूरु । ४. A चप्परिवि । ५. A adds after this: बोल्लिउ पडिमडखडभंजणेण ।

जइ अत्थि को वि सुकियपहाउ तइं एउ जि पहरणु मज्झु होउ।
इय चिंतिवि तेण सुकम्मवाउ तं दंतंकूरपूरिउ सराउ।
भामिउ णहि जायउ णिज्जियक्कु आरासहासविप्फुरियउ चक्कु।

घत्ता—रिसिसुउ तेण हउ मारिउ गउ णरयणिवासहु॥
दुग्गइ सावयइ सव्वहु वि लोइ कयहिंसहु॥ ६॥

७

दुइसय कोडिहिं वरिसहं गयहं अरतित्थे
राउ सुभोमउ रामाकामउ हुउं सुत्थे।
माणु मलेप्पिणु दुट्ठहं घिट्ठहं दुज्जणहं
हित्तइं छत्तइं चमरइं चिंधइं बंभणहं।
रहजंपाणइं पिउसंताणइं लद्धाइं
चउदहरयणइं णव वि णिहिउ गइं सिद्धाइं।
छक्खंड वि महि जयलच्छीसहि भुत्त किह
असिणा तासिवि णाएं भूसिवि दासि जिह।
एक्कहिं वासरि उग्गइ दिणयरि उत्तसिउ
विरइयभोयणु अमयरणायणु भाणसिउ।

धन सहित अश्व वाहन और सेनाके साथ शीघ्र सन्नद्ध होकर उसे आते हुए इस बालकने देखा। हर्षित मन होकर उसने अपने बाहु तोले (उठाये)। यदि मेरा कोई पुण्य प्रभाव हो तो मेरा यही एक अस्त्र हो—यह विचारकर उसने सुकर्मके पाककी तरह उस दाँतोंरूपी भातसे भरे सकोरेको घुमा दिया। सूर्यको जीतनेवाला तथा सैकड़ों आराओंसे विस्फुरित चक्र आकाशमें उत्पन्न हो गया।

घत्ता—उससे उसने शत्रुपुत्रका काम तमाम कर दिया। वह नरकनिवासमें गया। हिंसा करनेवाले सभी लोगोंके लिए लोकमें नरकगति मिलती है ॥६॥

७

अरनाथके प्रशस्त तीर्थके दो सौ करोड़ वर्ष बीतनेपर स्त्रियोंको चाहनेवाला सुभौम नामका चक्रवर्ती हुआ। दुष्ट, ढीठ और दुर्जन ब्राह्मणोंका मान मर्दन कर उनके छत्र-चमर और चिह्न छीन लिये गये। उसे रथ जम्पान और पिताकी परम्परा प्राप्त हुई तथा चौदह रत्नों और नव निधियाँ सिद्ध हुईं। विजयलक्ष्मीकी सखी, छह खण्ड धरतीको तलवारसे त्रस्त कर तथा न्यायसे भूषित कर इस प्रकार उपभोग किया जैसे वह दासी हो। एक दिन सूर्योदय होनेपर

---

६. A तइ एउ; P ता एउ। ७. A सकम्मवाउ। ८. A दंतंतकूर। ९. AP °विप्फुरिउ।

७. १. A दुइसय वरिसहं गइयहं कोडिहिं; P दुइसय वरिसहं कोडिहिं गइयहं। २. AP सुभउमउ। ३. A हुवउ गुत्तित्थे; P हुउ सत्थे। ४. AP घिट्ठहं दुट्ठहं। ५. A चमरइं छत्तइं चिंधइं; P चमरइं चिंधइं छत्तइं। ६. जाणइं सयणइं लद्धाइं। ७. P अमिय°।

कयलालाजल णावइ कोमल इंदुलिय
तेण सिरीधरि दिण्णी णिवकरि अंबिलिय ।
सा भेक्खंतें[9] रसु [10]चक्खंतें सिरु धुणिउं
[11]राएं तं रूसिवि तहु गुण दूसिवि जं भणिउं ।
तं खलसंढहिं णिरु दुवियड्ढहिं पोसियउं
जीविउ धीरहु तहु सूवारहु णासियउं ।
मरिवि खतामसु जायउ जोइसु दुक्कु तहिं
छण्णें रोसें वणिवरवेसें राउ जहिं ।
तें महिवालहु जीहालोलहु ढोइयेंइं[12]
फलइं अणेयइं बहुरसभेयइं जोइयेंइं[13] ।
गोइं[14] पक्खंतरि अहु मासंतरि रहइ खलु
वणिउ सराएं मग्गिउ राएं देहि फलु ।
तेण पवुत्तउं देव णिरुत्तें णिट्ठियइं
णिरु दूरंतरि परदीवंतरि संठियइं ।

घत्ता—फलसंदोहु मइं सुरवरहु पसाएं लद्धउ ॥ २५
णिच्छउ णिट्ठियउ लइ पइं जि भडारा खद्धउ ॥७॥

८

सुणउं वसुहाहिव कहमि तुज्झु एवहिं ते देव ण देंति मज्झु ।
तुह पुणु पहु अवलोयणि तसंति इयरहं कह महिमंडलि वसंति ।

उसका भोजन बनानेवाला अमृतरसायन नामका रसोइया त्रस्त हो उठा। उसने लक्ष्मी धारण करनेवाले राजाके हाथमें कढ़ी दी जो लारजल उत्पन्न करनेवाली कोमल इमलीके समान थी। उसे खाते हुए और रस चखते हुए राजाने अपना माथा ठोका तथा उसके गुणोंको दोष लगाते हुए क्रुद्ध होकर जो कुछ कहा उसका मूर्ख दुष्ट खलसमूहने समर्थन किया। उस धीर रसोइएका जीवन नष्ट हो गया। क्रोधपूर्वक मरकर वह ज्योतिष देव हुआ और वह प्रच्छन्नक्रोधसे सेठका रूप बनाकर वहाँ पहुँचा जहाँ राजा था। उसने जीभके लालची राजाको बहुरस भेदवाले अनेक योग्य फल दिये। एक पक्ष अथवा माह व्यतीत होनेपर एकान्तमें राजाने रागपूर्वक उस दुष्ट बनिये-से याचना की—"फल दो।" उसने कहा—हे देव, निश्चित रूपसे फल समाप्त हो गये हैं और वे अत्यन्त दूर द्वीपान्तरमें हैं।

घत्ता—वह फलसमूह मैंने सुरवरके प्रसादसे प्राप्त किया था, वह अब खत्म हो गया है। हे आदरणीय, वह आपने खा लिया है ॥७॥

८

हे वसुधाधिप, मैं तुमसे सच कहता हूँ। इस समय वे देव मुझे फल नहीं देते। हे स्वामी,

---

८. A झिदुलिय। ९. A भक्खंतइं। १०. A चक्खंतइं। ११. A राएं रूसिवि। १२. P ढोइयइं। १३. AP बहुविहभेयइं। १४. P ढोइयइं। १५. P गहुपक्खंतरि। १६. A णिउत्तउ।

राएं पडिवण्णउं वयणु तासु भणु भुवणि ण दुक्कइ णियइ कासु ।
णिउ णरपरमेसरु तेण तेत्थु करिमयरभयंकरु जलहि जेत्थु ।
जीहिंदियविसयविसेण खविउ तहिं सिहरि सिलायलि णिवइ थविउ ।
चट्टयविहत्थु रोसेण फुरिउ सूयारवेसु देवेण धरिउ ।
पभणिउ मई जाणहि किं ण पाव खलवयणणडिय रे कूरभाव ।
चिंचिणिहलत्थि दप्पिट्ठ दुट्ठ हउं पइं जम्मंतरि णिहउ कट्ठ ।
इय कहिवि तेण सयखंडु करिवि मारिउ गउ णरयहु भउमु मरिवि ।

घत्ता—गोत्तमु वज्जरइ मगहाहिव चारु चिराणउं ॥
अण्णु वि णिसुणि तुहुं बलणारायणहं कहाणउं ! ८॥

९

इह खेत्ति णिसेविवि जइणमग्गु दो पत्थिव गय सोहम्मसग्गु ।
तहिं एक्कु सुकेउ सेहुं ससल्लु किं वण्णमि मूढउ मोहगिल्लु ।
इह भारहंति संपुण्णकामु चक्कउरि णाहु वरसेणु णामु ।
इक्खाउवंसगयणयलि चंदु दाणोल्लियकरु णं सुरकरिंदु ।
तहु देवि पढम पिय वइजयंति लच्छिमइ बीय णं ससिहि कंति ।
जइयहुं सुभउमि मुइ जाणियाहं छहसयसमकोडिहिं झीणियाहं ।

तुम्हारे देखनेसे वे त्रस्त हो उठते हैं। नहीं तो वे दूसरे धरतीपरके कर्मों विलास करते ? राजाने उसका कहा स्वीकार कर लिया। बताओ संसारमें किसकी नियति (अन्त) नहीं आती ? उसके द्वारा वह नरपरमेश्वर वहाँ ले जाया गया कि जहाँ हाथियों और मगरोंसे भयंकर समुद्र था। जिह्वा इन्द्रियके विषयरूपी विषसे नष्ट वह राजा पहाड़की एक चट्टानपर स्थापित कर दिया गया। देवने जिसके हाथमें करछुली है ऐसा रसोइयेका रूप धारण कर लिया और क्रोधसे तमतमाया। वह बोला—"हे पाप, तू मुझे नहीं जानता। दुष्टोंके वचनोंसे प्रतारित हे दुष्टभाव, चिचणी फल (इमली) के अर्थी दर्पिष्ठ और दुष्ट कठोर जन्मान्तरमें मैं तेरे द्वारा मारा गया।" यह कहकर उसने सौ टुकड़े कर उसे मार डाला। सुभौम मरकर नरकमें गया।

घत्ता—गौतम कहते हैं—हे मगधराज, एक और सुन्दर और पुराना बल तथा नारायणका कथानक है, उसे सुनो ॥८॥

९

इस भरत क्षेत्रमें जैनमार्गका पालन कर दो राजा सौधर्म स्वर्ग गये। उनमें एक सुकेतु था जो शल्य सहित था। मोहग्रस्त उस मूर्खका क्या वर्णन करूँ ? इस भारतमें चक्रपुरमें सम्पूर्णकाम वरषेण नामका राजा था। वह इक्ष्वाकुवंशरूपी आकाशतलका चन्द्र था, दान (जल और दान) से आर्द्रकर (हाथ और सूँड़) वाला जो मानो ऐरावत गज था। उसकी पहली प्रिय पत्नी वैजयन्ती थी तथा दूसरी चन्द्रमाकी कान्तिके समान मानो लक्ष्मीवती थी। सुभौमके मरनेपर जब

८. १. A वडिवण्णउं। २. AP °विसयविसेण। ३. A चहुवविहत्थु; P चट्टअविहत्थु। ४. A दुट्ठ। ५. A कट्ठु।
९. १. A मुउ। २. A मोहें मूढगिल्लु। ३. A चक्कउरणाहु।

तइयहुं संचुउ सोहम्मदेउ हुउ पुत्तु जयंतिहि सोक्खहेउ ।
अण्णेक्कु लच्छिमइयहि ससल्लु किं वण्णमि अप्पडिमल्लमल्लु ।
तहिं एक्कु पकोक्किउ णंदिसेणु अण्णेक्कु वि दुत्थियकामधेणु ।
णामइं हक्कारिउ पुंडरीउ किं थुणमि वइरिमृगपुंडरीउ । १०
ते[8] वेण्णि वि णीलसुपीयवसण ते वेण्णि वि भायर धवलकसण ।
दोहं मि विच्छिण्णउ आवयाउ दोहं मि संसिद्धउ देवयाउ ।

घत्ता—सीरिहि साहियइं छप्पण्णसहासइं वरिसहं ॥
चक्किहि णाहियइं परमाउसु एंवइ सुपुरिसहं ॥९॥

१०

छव्वीसचाव देहहु पमाणु तहिं ताहं पहुत्तणु जाणमाणु ।
इंदपुरि णरिंदु उविंदसेणु जो देवहिं गेज्जइ धरिवि वेणु ।
तहु तेण धीय दामोयरासु पोमावइ दिण्ण कयायरासु ।
तं हरहुं पराइव पहु णिसुंभु चिरभवि सुकेउ सो रिउणिसुंभु ।
जायइं रणु विज्जहिं लग्ग वे वि अवरोप्परु णउ सक्किय हणेवि । ५
पडिहरिणा घल्लिउ धगधगंतु धरियउं कण्हेण रहंगु एंतु ।
तेणाहउ उरयलि पडिउ वेरि अइभीसणु कयधम्मावहेरि ।

छह सौ करोड़ वर्ष बीत गये तो सौधर्म स्वर्ग से देव च्युत होकर वैजयन्तीका पुत्र हुआ जो सुखका कारण था। दूसरा जो सशल्य था, वह लक्ष्मीमतीसे जन्मा। अप्रतिम मल्लोंके मल्ल उसका मैं क्या वर्णन करूँ उनमेंसे एकको नन्दिषेण कहा गया और दूसरेको जो दुःस्थितों (विपत्तिग्रस्तों) के लिए कामधेनु था, पुण्डरीक नामसे पुकारा गया। शत्रुरूपी हरिणोंके लिए पुण्डरीक (व्याघ्र) के समान था उसकी मैं क्या स्तुति करूँ ? वे दोनों ही नील और पीत वस्त्रवाले थे। वे दोनों ही भाई गोरे और काले थे। दोनोंने आपत्तियोंको तहस-नहस कर दिया था। दोनोंको विद्याएँ सिद्ध थीं।

घत्ता—श्री बलभद्र नन्दिषेणकी आयु छप्पन हजार वर्ष कही गयी है। चक्रवर्ती पुण्डरीककी आयु भी इससे अधिक नहीं थी, इस प्रकार दोनों सुपुरुषोंकी यह परमायु थी ॥९॥

१०

दोनोंके शरीरका प्रमाण छब्बीस धनुष था। वहाँ उनका प्रभुत्व भी ज्ञातमान था। इन्द्रपुरीका राजा उपेन्द्रसेन था, जिसका देवों द्वारा वेणु लेकर गान किया जाता था। किया गया है आदर जिसका ऐसे उग्र दामोदर (पुण्डरीक) को उसने अपनी कन्या पद्मावती दे दी। पूर्वभवमें शत्रुओंका नाश करनेवाला जो सुकेतु राजा था, ऐसा निशुम्भ राजा (चक्रपुरका) उसका अपहरण करनेके लिए आया। दोनोंमें युद्ध हुआ। वे विद्याओंसे लड़े। वे एक-दूसरेको मारनेमें समर्थ नहीं हो सके। प्रतिनारायण निशुम्भने धकधक करता हुआ चक्र चलाया। आते हुए उसे नारायण पुण्डरीकने पकड़ लिया। उससे शत्रु का वक्षःस्थल आहत होकर अत्यन्त भयंकर और धर्मकी

४. AP अण्णेक्कु वि लच्छिमइहि। ५. AP अप्पडिमल्लु। ६. AP मिग°। ७. AP read *a* as *b* and *b* as *a*. ८. P संछिण्णउ। ९. AP एउ।

गउ णरयहु णियमणगहियखेरि महि सोहिवि पहयाणंदभेरि ।
हरि हलहर रज्जु करंत थक्क ता कालें अणुयहु दिट्ठि मुक्क ।
सब्भंतरि णिवडिउ चक्कपाणि हलिणा विरइय कम्मावहाणि ।
सिवघोसगुरुहि उवएसएण सिद्धउ मुक्कउ मोहें मएण ।

घत्ता—भरहणराहिवहिं मणभरियभत्तिपब्भारिक्कहिं ॥
वंदिउ विसहरेहिं खगपुप्फयंतगहचक्कहिं ॥१०॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महामव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे सुभउमचक्कवट्टिबलएववासुएवपडिवासुएवकहंतरं णाम छसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६६॥

अवहेलना करनेवाला वह शत्रु गिर पड़ा। अपने मनमें कलहका भाव धारण करनेवाला वह नरकमें गया। जिसमें आनन्दकी भेरी बजायी गयी है, ऐसी धरतीको सिद्ध कर जब बलभद्र और नारायण राज्य करते हुए रह रहे थे, तो कालने अनुज (पुण्डरीक) पर अपनी दृष्टि छोड़ी। चक्रवर्ती नरकके मध्य गया। बलभद्रने शिवघोष गुरुके उपदेशसे कर्मोंका नाश किया तथा मोह और मदसे मुक्त होकर वह सिद्ध हो गये।

घत्ता—जिनके मनमें भक्तिकी प्रचुरता भरी हुई है, ऐसे भरतक्षेत्रके राजाओं, विद्याधरों, सूर्य-चन्द्र आदि गृहचक्रोंने उनकी वन्दना की ॥१०॥

इस प्रकार श्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महामव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य में सुभौम चक्रवर्ती बलदेव वासुदेव प्रतिवासुदेव कथान्तर नामका छियासठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६६॥

---

१०. १. AP सहिवि। २. AP हलिणा पुणु विरइय कम्महाणि। ३. A °रिसिहि। ४. AP omit पडिवासुएव°। ५. P adds सत्तमचक्कवट्टि अरु स एव तित्थयर अट्ठमचक्कवट्टि सुभौम छट्ठबलएव णंदिसेण, वासुदेव पुंडरीय, पडिवासुएव णिसुंभ एत्तव्वरियं सम्मत्तं; K gives this in margin।

संधि ६७

तिहुवणसिरिधेरो सल्लविवज्जिओ ॥
जो परमेसरो सयमहपुज्जिओ ॥ ध्रुवकं ॥

१

जेण हओ णीहारओ रइणिज्जियणीहारओ ।
सुजसोधवलियहंसओ जस्स भुवणसरहंसओ ।
जा कंती मयलंछणे संपुण्णा जाय छणे ।
सा वि जस्स मुहपंकए[1] हर मज्जइ णिप्पंकए ।
मोत्तूणं महिवइचलं[2] चित्तं सोदामणिचलं ।
गाढं जेण वसं कयं मुणिमग्गे णीसंकयं ।
हिंसायारो वारिओ जो कोवाणलवारिओ ।
कामभोयआसी[3] हया णट्ठा जस्स विवाइणो[4] सरहस्स व वणसीहया ।

सन्धि ६७

जो त्रिभुवनकी लक्ष्मीको धारण करनेवाले और शल्यसे रहित हैं, जो परमेश्वर इन्द्रके द्वारा पूज्य हैं।

१

जिन्होंने मनुष्यको मिथ्या चेष्टासे उत्पन्न कर्मको नष्ट कर दिया है, जिन्होंने कान्तिसे चन्द्रमाको जीत लिया है, जिन्होंने अपने सुयशसे सूर्यको धवलित किया है, जिनका यश भुवनरूपी सरोवरमें हंसकी तरह क्रीड़ा करता है। पूर्णिमाकी रात्रिमें चन्द्रमाकी जो सम्पूर्ण कान्ति होती है, वह भी जिसके निष्पंक (कलंकरहित) मुखरूपी कमलमें डूब जाती है। राज्यलक्ष्मीको छोड़कर जिन्होंने सौदामिनीकी तरह चंचल मनको अच्छी तरह वशमें किया है और मुनिमार्गमें निःशंक-भावसे लगाया है। जिन्होंने हिंसामय आचारका निवारण किया है, जो क्रोधरूपी आगका निवारण करनेवाले हैं, जिन्होंने कामभोगरूपी सर्पकी दाढ़को नष्ट कर दिया है, उसी प्रकार जिस प्रकार अष्टापद वनसिंहको नष्ट कर देता है। अत्यन्त अधिक कर्मविपाकवाले विवादी जिनसे नष्ट हो गये

All Mss. have, at the beginning of this sandhi, the following stanza:-

इह पठितमुदारं वाचकैर्गीयमानं
इह लिखितमजस्रं लेखकैश्चारु काव्यम् ।
गतवति कविमित्रे मित्रतां पुष्पदन्ते
भरत तव गृहेऽस्मिन्भाति विद्याविनोदः ॥ १ ॥

१. १. A सिरिवरो । २. K reads a *p* : सिज्जइ इति पाठे भोयते । ३. A महिवइचलं । ४. T reads a *p* : कामभोइआसी इति पाठे काम एव भोगी सर्पस्तस्य आसी दंष्ट्रा ।

सोउं जस्स सुआमयं हंतूणं मोहामयं ।
पुरिसा णिक्कलधामयं पत्ता णाणसुधामयं ।
आयंबुज्जलकरणहं भयवंसं णियकरणहं ।
१५ णिम्मलत्तणिरसियणहं तं मल्लिं णमिऊण हं ।
वोच्छं तस्सेव य कहं इयरह मोक्खविही कहं ।

घत्ता—पढमइ दीवइ सुरगिरिपुव्वइ ॥
अच्छाएसइ सोहदिव्वइ ॥१॥

२

वीयसोयणयरेसरो रायो रूवी विव सरो ।
धीरो[2] जियपरमंडलो विहवेणं आहंडलो ।
कोसेणं वइसवणओ णामेणं वइस्सवणओ ।
अण्णस्सि[3] दियहे घणं गंतूणं कीलावणं ।
५ पंकेरुहरयधूसरो रमइ जाम पुहईसरो ।
ताम पवासियविहिहिरो सुरधणुमंडियजलहरो ।
थोरथंभेथिप्पिरणहो अच्छाइयदसदिसिवहो ।
फुल्लियकुडयकयंबओ वियसाविय[4]वालिबओ ।
णीरपूरपूरियधरो किडिकरडीण सुहंकरो ।
१० पत्तो वासारत्तओ दूरं कंको मत्तओ ।
णच्चावियसिहिउलणडो विज्जुजलणजलिओ वडो ।

हैं, जिनके श्रुतरूपी अमृतको सुनकर, मोहरूपी व्याधिको नष्ट कर लोग ज्ञानरूपी सुधासे युक्त निष्कलधाम (मोक्ष) को प्राप्त हुए हैं, जिनके हाथोंके नख लाल और उज्ज्वल हैं, जो ज्ञानवान् और अपनी इन्द्रियोंका घात करनेवाले हैं, जिन्होंने निर्मलतामें आकाशको तिरस्कृत कर दिया है ऐसे उन मल्लिनाथको मैं नमस्कार करता हूँ और उन्हींकी कथाको कहता हूँ।

घत्ता—प्रथम जम्बूद्वीपके सुमेरुपर्वतकी पूर्व दिशामें शोभासे दिव्य वत्सदेशमें—॥१॥

२

वीतशोक नगरका स्वामी राजा (वैश्रवण) कामदेवके समान सुन्दर था। धीर और शत्रुमण्डलको जीतनेवाला जो वैभवमें इन्द्र, धनमें कुबेर और नामसे वैश्रवण था। दूसरे दिन सघन क्रीड़ावनमें जाकर कमलपरागसे धूसरित वह राजा क्रीड़ा करता है तो इतनेमें प्रवासियोंके धैर्यका हरण करनेवाला जिसमें इन्द्रधनुषसे मेघ मण्डित हैं, आकाशसे बड़ी-बड़ी बूँदें गिर रही हैं, दसों दिशापथ आच्छादित हैं, जिसमें कदम्ब वृक्ष विकसित और पुष्पित हैं, जिसने कुकुरमुत्तोंको विकसित कर दिया है, जलोंसे धरती प्लावित है, जो सुअरों और गजोंसे सुन्दर है ऐसी वर्षाऋतु आ गयी, बगुले दूर हो गये हैं। जिसने मयूरकुलरूपी नटोंको नचाया है ऐसा वटवृक्ष

---

५. A णविऊण ।

२. १. A रायं रूवें जियसरो । २. AP वीरो । ३. AP अण्णेसं । ४. AP °जलहरो । ५. AP °विभं ।

पयेलियपल्लवराहयं
दट्ठूणं तं पायवं
होइ जयं पुणु णासए

हुयवहपज्जलियसाहयं ।
चिंतइ णिवेंइ णवं णयं ।
णिच्चं चिय ण हु दीसए ।

१५

घत्ता—जिह णग्गोहओ दाणिं दिट्ठओ ॥
तडिदंडाहओ सहसा णट्ठओ ॥२॥

३

णासिहिंति तिह हय गया
देहो जो रसपोसिओ
सिंभवसापित्तासओ
इय भणिउं दाउं सिरिं
सिरिणायं सिहरुण्णयं
संबोहियबहुवणयरं
णंविऊणं जाओ जई
एयारह वि सुयंगइं
धरिऊणं हिययं दढं
इंदचंदकयकित्तणं
अहमिंदेहिं विराइए
तेत्तीसंबुहिकालए

चिंधछत्तचामरचया ।
रयणाहरणविहूसिओ ।
सो वि ण होही सासओ ।
णियतणयस्स गओ गिरिं ।
दरितरुकीलियपण्णयं ।
सिरिणायंकं मुणिवरं ।
सामंतेहिं समं वइं ।
पढिऊणं अविहंगइं ।
चिण्णं चरियं णीसढं ।
बद्धं तित्थयरत्तणं ।
संभूयउ अवराइए ।
गइ थिइ छम्मासालए ।

५

१०

बिजलीकी आगमें जलकर भस्म हो गया। उस वृक्षको देखकर राजा अपने मनमें सोचता है कि यह विश्व नया-नया होता है, फिर नाशको प्राप्त होता है।

घत्ता—जिस प्रकार इस समय वटवृक्ष विद्युत्-दण्डसे आहत सहसा नष्ट होता हुआ दिखाई दिया— ॥२॥

३

उसी प्रकार हाथी और घोड़े, चिह्न, छत्र और चामर-समूह नाशको प्राप्त होगा। रससे पोषित, रत्नाभरणोंसे विभूषित, श्लेष्मा (कफ), मज्जा और पित्तसे आश्रित यह शरीर भी शाश्वत नहीं होता। उसने यह विचार किया और लक्ष्मी अपने पुत्रको देकर राजा श्रीनाग पर्वतके लिए चल दिया कि जो पर्वतोंसे उन्नत था और जिसकी घाटियोंमें साँप क्रीड़ा कर रहे थे। जिन्होंने बहुतसे अनेक वनचरोंको सम्बोधित किया है, ऐसे श्रीनायक मुनिवरको प्रणाम कर वह सामन्तोंके साथ मुनि हो गया। अविभंग ग्यारह श्रुतांगोंको पढ़कर उसने निष्कपट चारित्र्य ग्रहण कर लिया। जिसका कीर्तन इन्द्र और चन्द्रमा करते हैं ऐसे तीर्थंकरत्वका उसने बन्ध कर लिया। वह अमरेन्द्रोंसे विराजित अपराजित विमानमें उत्पन्न हुआ। वहाँ उसके तैंतीस सागर आयु बीतने और छह माह शेष रहनेपर—

६. A पयडिय° । ७. A णरवइ ।
३. १. A °चामरधया । २. A णमिऊणं । ३. P पढिऊणं ।

घत्ता—तम्मि कालए सयलिणेसड्ढो ॥
सोहम्माहिवो कहइ धणेसहो ॥३॥

४

सुणि इह भरहे अंगए विसए धम्मवसंगए।
मिहिलोडरणयराहिवो दीणेसु[1] य पसरियकिवो।
रिसहगोत्तवंसुब्भवो कुंभो णाम महाणिवो[2]।
किं किर कहमि महासई देवी तस्स पयावई[3]।
५ णिक्कंदप्पो णिब्भओ होही ताणं अब्भओ।
भुवि हिरण्णगब्भो गुणी जं थुणंति देवा मुणी।
कुणसु तस्सं णयरं तुमं ता धणएण अणोवमं।
सहसा रइयं तं पुरं रयणजालफुरियंबरं।
पुण्णाणं पिव संचए पासाए मणिमंचए।
१० राइविरामे सुत्तिया पेच्छइ पंकयणेत्तिया।
साहियसिरियणुभवणए एए सोलह सिविणए।

घत्ता—पूणं मत्तयं धोरेयं सियं ॥
सारंगाहिवं गोवद्धणपियं ॥४॥

घत्ता—उस समय स्वच्छ वेशवाला सौधर्म इन्द्र कुबेरसे कहता है ॥३॥

४

"सुनो, भरतक्षेत्रके धर्मके वशीभूत अंगदेशमें मिथिलापुर नामके नगरका राजा है, जो दीनों-के प्रति कृपाका विस्तार करनेवाला है। जो ऋषभके गोत्र और वंशमें उत्पन्न हुआ है, ऐसा कुम्भ नामका महान् राजा है। उसकी देवी महासती प्रजावती है। उसका मैं क्या वर्णन करूँ ? उससे कामदेवका नाश करनेवाला निष्कलंक बालक उत्पन्न होगा, जो संसारमें हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) होगा, और जिसकी देव और मुनि स्तुति करते हैं, उसके लिए तुम सुन्दर नगर बनाओ।" तब कुबेरने सहसा अनुपम, जिसके रत्नजालसे आकाश स्फुरित है ऐसा मिथिलापुर नगर बनाया। पुण्योंके समूहके समान प्रासादमें मणिमय मंचपर सोते हुए रात्रिके अन्तमें वह कमलनयनी, जिसमें लक्ष्मीके भोगको कहा गया है, ऐसे स्वप्नमें ये सोलह (चीजें) देखती है।

घत्ता—मतवाला गज, सफेद बैल, सिंह, लक्ष्मी ॥४॥

---

४. १. A महिलावर°। २. A दीणेसुं; P दीणेसु पसरिय°। ३. AP महाहिवो। ४. AP पहावई। ५. A तासु।

५

मालाओ कयजणदिहिं अमयरुहं सरुहसुहिं ।
भावभरियकम्महरसं अणिमिसमिहुणं रइवसं ।
धवलघडाणं जुयलयं हंसीचुंबियकुवलयं ।
पुलिणणिलीणबेलायर्यं सजलं कमलसलोययं ।
सरिरायं रसणारवं भणिवीढं हरिभइरवं । ५
अच्छरणाइणिगेयए इंदफणिंदणिकेयए ।
हरियं पीयं तंबयं रयणाणं णिउरुंबयं ।
दट्ठूणं मरुजालियं अरिंग जालामालियं ।
पडिबुद्धा परमेसरी कहइ सपइणो सुंदरी ।
मइं विइण्णलोयणरई दिट्ठा सिविणयसंतई । १०

घत्ता—तिस्सा तं फलं कहइ नृसारेओ ।
तुह होही सुओ देवि भडारओ ॥५॥

६

धरिही जो रयणत्तयं णविही जस्स जयत्तयं ।
लहिही जो छत्तत्तयं जाइजरामरणत्तयं ।
लहिही जो णिब्भंतयं जाही मोक्खमणंतयं ।
सो ते होही डिंभओ सुहिजणलग्गणखंभओ ।
अमरविलासणिसत्थओ पत्तो मंगलहत्थओ । ५

५

मालाएँ, जनोंका भाग्यविधाता चन्द्रमा और सूर्य जिसमें भावोंसे—।

कामदेवका रस भरा हुआ है ऐसा रतिवश मत्स्ययुगल धवल घड़ोंका युग्म, जिसमें कमल हंसिनियोंके द्वारा चुम्बित हैं, जिसके तटोंपर बगुले बैठे हुए हैं, ऐसा सजल सरोवर। गर्जनासे भयंकर समुद्र, सिंहासन (सिंहोंसे भयंकर मणिपीठ), अप्सराओं और नागिनोंके द्वारा गाये गये स्वर्गलोक और नागलोक, रत्नोंका हरा-पीला और लाल समूह तथा पवनसे प्रज्वलित ज्वालाओंसे सहित आगको देखकर वह परमेश्वरी जाग गयी। वह सुन्दरी अपने पतिसे कहती है कि मैंने आंखोंमें रति उत्पन्न करनेवाले स्वप्नोंको देखा।

घत्ता—तब उसके लिए राजा उनका फल कहता है कि हे देवी, तुम्हारे आदरणीय पुत्र होगा। ॥५॥

६

जो रत्नत्रयको धारण करेगा, जिसे तीनों जगत् प्रणाम करेंगे। जो तीन छत्र प्राप्त करेगा, जन्म-जरा और मरण तीनोंका नाश करेगा, जो बिना किसी भ्रान्तिके अनन्त मोक्षको प्राप्त होगा। सुधीजनोंका आधारस्तम्भ वह तुम्हारा पुत्र होगा। मंगलद्रव्य हाथमें लिये हुए अमर

५. १. A °वलालयं। २. A तडालयं। ३. A तस्सा। ४. AP णिसारओ।
६. १. A सो तव होही।

सुविसुद्धे गब्भासए घणधारावरिसे कए ।
पढममासि पढमे दिणे ओसिणिगइ हरिणंकणे ।
राणंउ जो रईकंदओ वइसवणो अहमिंदओ ।
गयरूवेणवइण्णओ राणीगब्भि णिसण्णओ ।
सो सुरेहिं अहिणंदिओ फणिकिंणरणरवंदिओ ।
णिव्वाणं पत्ते अरे वरिसकोडिसहसंतरे ।
मग्गसिरे तुहिणायरे सियएयारसिवासरे ।
ओसिणिरिक्खे जायओ तित्थयरो हयरायओ ।
एक्कुणवीसमओ इमो णररूवेण व संजमो ।
अहिसित्तो अमरायले हरिणा पंडुसिलायले ।

घत्ता—मल्लियमालागंधो जाणिओ ॥
इंदेण जिणो मल्ली भाणिओ ॥६॥

७

अणुअत्थं पवियप्पिओ जणणीहत्थे अप्पिओ ।
घणडंबरघल्लियपया देवा णियवासं गया ।
मुहमुहपोमाणं इणो वड्ढइ कालेणं जिणो ।
जाओ जायरूवाहओ पंचवीसधणुदीहओ ।
आउसु तस्स सहासइं वरिसहं पणपण्णासइं ।
वरिससए वोलीणए आरूढो सुरपूणए ।

विलासिनियोंका समूह आ गया। घनधाराकी वर्षा होनेपर सुविशुद्ध गर्भाशयमें चैत्र शुक्ला प्रतिपदाके दिन प्रातःकाल चन्द्रमासे युक्त अश्विनी नक्षत्रमें रतिका अंकुर वह राजा वैश्रवण अहमेन्द्र गजरूपमें अवतीर्ण होकर रानीके गर्भमें स्थित हो गया। नाग, किन्नर और मनुष्योंके द्वारा वन्दनीय वह देवोंके द्वारा अभिनन्दित किया गया। अरनाथके निर्वाण प्राप्त करनेके बाद एक हजार करोड़ वर्ष बीतनेपर मार्गशीर्ष सुदी एकादशीके दिन अश्विनी नक्षत्रमें कामदेवका नाश करनेवाले तीर्थंकरका जन्म हुआ। उन्नीसवें तीर्थंकर यह जैसे मनुष्यके रूपमें मूर्त संयम थे। इन्द्रके द्वारा सुमेरुपर्वतपर पाण्डुकशिलाके ऊपर वह अभिषिक्त हुए।

घत्ता—मल्लिकाकी मालाके गन्धसे युक्त जानकर इन्द्रने उन जिनको मल्लि कहा ॥६॥

७

उसने सार्थक नाम समझा और माताके हाथमें उन्हें दे दिया। मेघोंके आडम्बर (घटा) में पैर रखते हुए देवता अपने निवासगृह चले गये। जो सुधीजनोंके मुखरूपी कमलोंके लिए सूर्य हैं, ऐसे जिन भगवान् समयके साथ बढ़ने लगे। वह स्वर्णरूप हो गये एवं वह पच्चीस धनुष ऊँचे थे। उनकी आयु पचपन हजार वर्ष थी। सौ वर्ष आयु पूरी होनेपर वह ऐरावतपर आरूढ़ हुए। वह

२. A अस्सिणि°। ३. A राजो जो। ४. AP सहस्सेदओ। ५. A अस्सिणि°।
७. १. A अणुअक्खं and glory आश्चर्यम्; T अणुअत्थं आश्चर्यम्। २. A °धणुदेहओ। ३. A सुरथूणए।

कुणइ विवाहपवट्टणं पेच्छइ कुंअरो पट्टणं ।
परिहापाणियदुग्गमं बहुदुवारकयणिग्गमं ।
हेमघडियपायारयं पवरट्टालयसारयं ।
पोमरायकयभारुणं उब्भियधुयधयतोरणं । १०
हसियणिसावइकंतियं पेच्छंतो घरपंतियं ।
सरइ पहू अवराइयं सुकयं मज्झु पुराइयं ।
खीणं तेण विमाणयं मुक्कं अहमिंदाणयं ।
एण्हि होही किं थिरं णरजम्मे णयरं घरं ।

घत्ता—छत्तायारयं सिवमहिमंडलं ॥ १५
करमि तवं परं लहमि धुवं फलं ॥७॥

८

ता सारस्सयभासियं सोऊणं सुइसीसियं ।
कुंभणिवस्स य तणुरुहो तरुणीणं विवरंमुहो ।
इंदेणं ससहरमुहो पहसिओ दिग्गइरंमुहो ।
जयणे जाणे थक्कओ कुवलयकुमुयमियंकओ ।
कामेसुं सुविरत्तओ सरयवणं संपत्तओ । ५
जम्मदिणे णक्खत्तए पक्खे तम्मि पसत्थए ।
णिवसयरंतिसएहिं जुओ मोहणिबंधाओ चुओ ।
सायण्हे सुतवे थिओ णाणचउक्केणंकिओ ।

विवाहके लिए प्रवर्तन करते हैं। कुमार नगरको देखते हैं कि जो परिखा और पानीसे दुर्गम है, जिसमें बाहर जानेके अनेक द्वार हैं, जिसके परकोटे स्वर्णरचित हैं, जिसमें श्रेष्ठ और विशाल अट्टालिकाएँ हैं, जो पद्मराग मणियोंकी आभासे युक्त हैं, जिसमें हिलती हुई ऊँची पताकाओंके तोरण हैं। गृह-पंक्तियोंको देखते हुए कुमार मल्लि अपराजित विमानको याद करता है। मेरा पुरातन पुण्य क्षीण हो गया है उसीसे अहमेन्द्र विमानसे मैं मुक्त हूँ। इस मनुष्य जन्मके नगर और घर क्या स्थिर रहते हैं?

घत्ता—मैं केवल तप करूँगा और छत्राकार शिवमहीमण्डलके शाश्वत फलका भोग करूँगा ॥७॥

८

तब लौकान्तिक देवोंका आगमयुक्त कथन सुनकर स्त्रियोंसे पराङ्मुख दीक्षाके लिए उद्यत चन्द्रमाके समान मुखवाले कुम्भराजाके पुत्र वैश्रवणका इन्द्रने अभिषेक किया। 'जयन' यानमें बैठकर कुवलय (पृथ्वीरूपी) कुमुदके लिए चन्द्रमाके समान कामोंसे अत्यन्त विरक्त वह शरद्वनमें पहुँचे। जन्मके दिन अर्थात् अगहन सुदी एकादशीके दिन अश्विनी नक्षत्रमें तीन सौ राजाओंके साथ वह मोह बन्धनोंसे छूट गये। सायंकाल सुतपमें स्थित हो गये और चार ज्ञानोंसे अंकित

---

४. AP कुमरो। ५. AP पोमरायकिरणारुणं।
८. १. A सुयसोसियं। २. A °तिसईए; P °तिसइएण।

घित्तं[3] पवक्खाणयं मोत्तुं[4] भत्तं पाणयं ।
१० दिहिं दिवसेहिं गएहिं सो दसदिसिवहपसरियजसो ।
णिण्णेहो णीसंगओ मिहिलाए भिक्खं गओ ।
णंदिसेणवररा[5]इणा दिण्णं भत्तं जोइ[6]णा ।
सुत्तं तणुणिव्वाहणं संजमजत्तासाहणं ।

घत्ता—पुणु दिक्खावणे सुरहियपरिमले ॥
१५ थक्कु असोयहो तलि धरणीयले ॥८॥

९

दिणि छ्ठे विच्छिण्णए भिण्णे मिच्छत्तुण्णए ।
हुउ देवाण वि देवओ लद्धो खाइयभाव[1]ओ ।
रिसिविज्जाइरसंसिओ इंदपडिंदणमंसिओ ।
समवसरणि [illegible]सीणओ [illegible] सि [illegible]
५ जीवमजीवं आसवं संवरणिज्जरणं तवं ।
बंधं मोक्खं भासए लोयं धम्मविसेसए ।
अट्ठ तस्स णिसुणियसुणी अट्ठवीस जाया गणी ।
सयइं पंचपण्णासइं पुव्वधराहं णिरासइं ।
एक्कुणतीससहासइं सिक्खु[3]याहं मलणासइं ।

हो गये । प्रत्याख्यानावरण आदि छोड़नेके लिए भात और पानी छोड़ दिया । दो दिन हो जानेपर दसों दिशाओंमें जिनका यश फैला हुआ है ऐसे निर्नेह और अनासंग वह मिथिला नगरीमें भिक्षाके लिए गये । नन्दिषेण श्रेष्ठ राजाने योगीको आहार दिया । शरीरका निर्वाह करनेवाला और संयमयात्राका साधक आहार उन्होंने ग्रहण कर लिया ।

घत्ता—फिर सुरभित परागवाले दीक्षावनमें वह अशोक वृक्षके नीचे धरणीतलपर स्थित हो गये ॥८॥

९

छठा (पंचभक्त) दिन बीतनेपर (पारणाके बाद) मिथ्या दुर्नय नष्ट होनेपर वह देवोंके देव हो गये । उन्होंने क्षायिकभाव प्राप्त कर लिया । ऋषि विद्याधरों द्वारा प्रशंसित इन्द्र और प्रतीन्द्रके द्वारा प्रणम्य समवसरणमें बैठे हुए शत्रु और स्वजनमें समान वह जीव-अजीव-आस्रव-संवर-निर्जरा-तप-बन्ध और मोक्षका कथन करते हैं, लोकको धर्मविशेषमें स्थापित करते हैं । जिन्होंने दिव्यध्वनि सुनी है ऐसे उनके अट्ठाईस गणधर हुए । आशारहित पूर्वांगके धारी पाँच सौ पचास थे । मानका नाश करनेवाले शिक्षक उनतीस हजार थे ।

---

३. P घेत्तुं । ४. A मोत्तं । ५. P राइणो । ६. A भिक्खं; P भक्खं । ७. A जोइणो ।

९. १. P add after this: पूसकिण्हदीयए तओ, पंचमु णाणुप्पण्णओ । २. A अरिसयणे; P अरिसयणा । ३ A सिक्खुवाह; P भिक्खुपाह ।

घत्ता—दुमहसदुसयइं सावहि इयकलि ॥ १०
तेहिं जेत्तिय ते तेत्तिय केवलि ॥९॥

१०

चउदहसय वाईसहं विक्किरियह वि रिसीसहं ।
णवसय दोण्णि सहासइं कुच्छियणयविद्धंसइं ।
मणजाणहं सत्तारह सयपण्णास समीरह ।
पंचोवण्णसहासइं विरइहिं मुक्कसवासइं ।
सावयलक्खु अहीणउं सावईहिं तं तिगुणउं । ५
सुर असंख तेम्मोहिवि पसु संखेव संबोहिवि ।
भवसमुद्दतडपाविए मासंसेसथियजीविए ।
पंचसहासहिं जुत्तओ रिसिहिं णाहु तमचत्तओ ।
संमेए सिरहयणहे फग्गुणि सियपंचमियहे ।
भरणीरिक्खे मुक्कओ अट्ठमपुहइहि थक्कओ । १०

घत्ता—हरउ भयंकरं भवविब्भमदुहं ॥
मल्लिमुणीसरो देउ सुहं महं ॥१०॥

११

मल्लितित्थसंताणे कयपडिवक्खवहं
बुहयणसुहसुहेयरणं णिसुणह चक्किहं ।

घत्ता—पापका नाश करनेवाले अवधिज्ञानी दो हजार दो सौ थे। वहाँ जितने थे उतने ही केवलज्ञानी थे ॥९॥

१०

वादी मुनि चौदह सौ थे। कुत्सित नयोंका ध्वंस करनेवाले विक्रिया-ऋद्धिके धारक मुनि दो हजार नौ सौ थे। तुम मनःपर्ययज्ञानी एक हजार सात सौ कहो। अपना गृहवास छोड़नेवाली पचपन हजार आर्यिकाएँ थीं, श्रावक एक लाख थे और श्राविकाएँ तिगुनी अर्थात् तीन लाख थीं। असंख्य देवोंको मोहमुक्त कर संख्यात तिर्यंचोंको सम्बोधित कर संसाररूपी समुद्रका तट प्राप्त कर जीवनका एक माह शेष रहनेपर पाँच हजार मुनियोंके साथ अन्धकार रहित स्वामी शिखरसे आकाशको छूनेवाले सम्मेद शिखरपर फागुन शुक्ला सप्तमीके दिन भरणी नक्षत्रमें मुक्त हुए। वे आठवीं धरतीपर पहुँच गये।

घत्ता—हे मल्लि जिनेश्वर, तुम भयंकर भवविभ्रमके दुखको दूर करो और मुझे सुख दो ॥१०॥

११

मल्लिनाथकी तीर्थपरम्परामें जिसमें शत्रुपक्षका वध किया गया है, जो बुधजनोंके कानोंके

---

४. AP तहिं इय जेत्तिय तेत्तिय ।

१०. १. A पण्णावण्ण° । २. A मुक्कसवासई; P मुक्कभयासइं । ३. A संमोहिवि । ४. AP मासंसेसि थिइ जीविए । ५. AP °पुहविहि । ६. AP महं सुहं ।

११. १. A °सुहवणणी; P °सुहआवण ।

जंबूदीवसुरायलि पुव्वविदेहवरे
विउलि सुकच्छावइणवइ सिरिहरि सिरिणयरे।
तडिकरालअसिधारातासियसयलखलो
पयपालो पुहईसो पोसियपुहइयलो।
णिसिसमए दट्ठूणं उक्कं णंहएहसियं
सिवगुत्तस्स समीवे सुकियं तेण कियं।
बारहविहतवचरणं इंदियमयहरणं
मुक्काहारसरीरं सल्लेहणमरणं।
जायउ अच्चुयकप्पे अमरो मरिऊणं
सग्गसिहरभवणाओ पुणु ओयरिऊणं।
इह भरहे कासीए वाणारसिणाहो
आइच्चकुलतिलओ पहु पंकयणाहो।
मज्झे खामा सामा रामा तस्स सई
जाओ देवो पोमो ताणं सुद्धमई।
तीसवरिससहासउ धणुबावीसतणु
णयसंणिहियणरोहो पहु णं चरमभणु।
गंगासिंधूणविओ साहियमहियमरो
णिहिरयणालंकारो णवमो चक्कहरो।

घत्ता—पुहईसुंदरीपमुहउ धीयउ॥
अट्ठ वि सिद्धउ सुट्ठु विणीयउ॥११॥

लिए शुभकर है ऐसी चक्रवर्ती-कथाको सुनो। जम्बूद्वीपके सुमेरुपर्वतके श्रेष्ठ पूर्वविदेहमें अत्यन्त विशाल कच्छावती देशमें लक्ष्मीको धारण करनेवाले श्रीनगरमें प्रजापाल नामका पृथ्वीश्वर है जो बिजलीके समान भयंकर असिधारासे समस्त शत्रुओंको त्रस्त करनेवाला है और पृथ्वीतलका पालन करनेवाला है। रात्रिके समय आकाशसे गिरते हुए तारेको देखकर उसने शिवगुप्त मुनिके समीप बारह प्रकारके तपके आचरणके द्वारा इन्द्रियोंके मदका हरण करनेवाला पुण्य किया तथा छोड़ दिया है आहार और शरीर जिसमें ऐसा सल्लेखना-मरण किया। मृत्युको प्राप्त होकर वह अच्युत स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। स्वर्गके विमान शिखरसे अवतरित होकर वह पुनः इस भारतवर्षके काशीदेशमें वाराणसीका राजा हुआ—इक्ष्वाकुकुलका तिलक स्वामी पद्मनाभ। उसकी सती स्त्री सुन्दरी मध्यमें क्षीण थी। उनका शुद्धमति पद्म नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। तीस हजार वर्ष उसकी आयु थी। बाईस धनुष उसका ऊँचा शरीर था। वह लोगोंको न्यायमें स्थापित करनेवाला मानो अन्तिम मनु था। जिसने गंगा और सिन्धु नदियोंको सिद्ध किया है, धरती और देवोंको सिद्ध किया है, जो निधियों—रत्नों और अलंकारोंसे युक्त है, ऐसा वह नौवाँ चक्रवर्ती था।

घत्ता—उसकी पृथ्वीसुन्दरी प्रभृति कन्याएँ थीं जो आठों ही अत्यन्त विनीत कही गयी हैं॥११॥

---

२. A सुरालए। ३. A विदेहि वरे। ४. A उक्कं उल्हसियं। ५. A रामा खामा तस्स। ६. A °सहसाउ। ७. A सिद्धउ।

१२

णेहे णिचत्ताण विण्णाणजुत्ताण दिण्णोउ ताओ सुकेयस्स पुत्ताण ।
णिच्छिज्जमाणेण दीहेण कालेण रज्जं करंतेण भूचक्कवालेण ।
देवेण सव्वावणीरिद्धिरिद्धेण दिट्ठो घणो खे पणट्ठो खणद्धेण ।
कम्मारिचारित्ततत्ती कया जाम दुब्भंतिणा भंतिणा जंपियं ताम ।
जायंति भूयाण संजोयभावेण जीवा ण बज्झंति पुण्णेण पावेण । ५
दिक्खाइ भिक्खाइ किं होउ हे राय णाहेण सो उत्तु भो बुद्ध णिण्णाय ।
जं णत्थि णो तस्स उप्पत्तिसंताणु णो जम्मु णो कम्मु णो कस्सु णिव्वाणु ।
कूराण कवलाण कंकालचिंधाण कीलालमत्ताण कंतारअंधाण ।
सुत्तेण किं मज्झु किं बंधुणेहेण सार्हामि सोक्खं धुवं एण देहेण ।
एवं पवोत्तूण तच्चाइं णाऊण पुत्तस्स भूमिं असेसं पि दाऊण । १०
सूरिस्स तिव्वं समाहीइ गुत्तस्स काउं तवं पायमूले सुजुत्तस्स ।
सोमो व्व सोमेण णिम्मुक्कपोमेण राया सुकेऊ वि अण्णे वि पोमेण ।
सद्धं इसी जायया णिक्कसाएण णिल्लोहणिम्मोहिणा णिव्विसाएण ।
खीणा तवेणं खरं णिक्कलत्तेण मोक्खं गया संठिया णिक्कलत्तेण ।

घत्ता—एत्थइ तित्थइ ते हयवइरिणो ॥ १५
जाया भाणिमो ते हरिसीरिणो ॥१२॥

१२

वे आठों राजा सुकेतुके स्नेहसे परिपूर्ण विज्ञानसे युक्त पुत्रोंको दी गयीं। लम्बा समय निकल जानेके बाद राज्य करते हुए भूपाल चक्रवर्ती समस्त धराऋद्धियोंसे समृद्ध देवने आकाशमें आधे ही पलमें बादलको नष्ट होते हुए देखा। जब उसने कर्मोंके शत्रु जिनके चरित्रकी चिन्ता की तो दुर्भ्रान्ति मन्त्रीने कहा—"प्राणी संयोगभावसे जन्म लेते हैं, जीव पुण्य या पापसे बन्धनको प्राप्त नहीं होते। इसलिए हे राजन्, दीक्षा और भिक्षासे क्या होता है?" तब राजाने कहा—"हे न्याय-हीन वृद्ध मन्त्री, जो बीज नहीं है उसकी उत्पत्ति या परम्परा नहीं हो सकती है। जब जन्म नहीं है, कर्म नहीं है, तो निर्वाण क्या है? कंकाल चिह्नवाले क्रूर कौल मद्यसे मस्त कान्तारतिमें अन्धे चार्वाकोंके सिद्धान्तसे मुझे क्या, बन्धुस्नेहसे क्या? इस शरीरसे मैं शाश्वत सुखकी सिद्धि करूँगा?" यह कहकर, तत्त्वोंको जानकर, पुत्रको समस्त धरती देकर सुयुक्त समाधिगुप्त मुनिके पादमूलमें तीव्र तप कर लक्ष्मीसे मुक्त चन्द्रमाके समान सौम्य राजा पद्मके साथ राजा सुकेतु तथा दूसरे राजा मुनि हो गये। निष्कषाय, निर्लोभ, निर्मोह और निर्विषाद तथा स्त्रीशून्य तपसे क्षीण वे मोक्ष गये और वहाँ अशरीरभावसे स्थित हो गये।

घत्ता—इसी तीर्थमें जो शत्रुओंको मारनेवाले बलभद्र और नारायण हुए उनका कथन करता हूँ ॥१२॥

---

१२. १. A विण्णाउ ता ताउ। २. AP सुकेतस्स। ३. A पिच्छिज्जमाणेण। ४. A खं पणट्ठो। ५. A अत्थि। ६. P कम्मणिव्वाणु। ७. A कंकालगिद्धाण। ८. AP साहम्मि। ९. P सोमो ण। १०. A सुकेउविइण्णेण। ११. A सुद्धं इसी णायवो; P सक्कं इसी जायया। १२. A खीणं खवेणं।

१३

ससहरधवलहरे धणरिद्धे इह भरहे साकेयपसिद्धे ।
मंदरधीरो वीरो राया पुत्ता रामविरामा जाया ।
एए किर दुम्मइपइरिक्का पिसुणमंतिवयणेण विमुक्का ।
लग्गा ते ण हु पिउणो चित्ते भाउँ वि णिहियउ जुवराइत्ते ।
लक्खियतच्चे रक्खियजीवे गुरुणो सिरिसिवगुत्तसमीवे ।
धम्मणाहतित्थे हयमारा ते पावइया रायकुमारा ।
णो समियं णियचित्तं कुद्धं अणुजाएण णियाणं बद्धं ।
जइ वयवेल्लिहलं पावामो तो तं खलमंतिं णिहणामो ।
एम मरंतो णिग्गयपाणो अणसणेण जाओ णिव्वाणो ।
पढमे कप्पे पिहुलविमाणे जेट्ठो वि हु तत्थेव विमाणे ।
पिसुणमहंतो ता संसारे अणुहविऊणं दुक्खपयारे ।
उत्तरसेढीमंदिरणामे णयरे कामिणिकामियकामे ।
जाओ धरणीवइ खयरिंदो बलिबलणासो णाम बलिंदो ।

घत्ता—चंडा राइणो असिणा दंडिया ॥
तेण तिखंडिया मेइणि मंडिया ॥१३॥

१३

इस भारतवर्षमें धनसे समृद्ध चन्द्रमाके समान धवल गृहवाले अयोध्या नगरमें मन्दराचलके समान धीर वीर नामका राजा था। उसके राम-विराम नामके पुत्र थे। वे दुर्मतिसे प्रचुर थे। दुष्ट मन्त्रीके कहनेमें आकर आजाद हो गये। वे दोनों पिताके चित्तको अच्छे नहीं लगे, इसलिए उसने छोटे भाईको युवराजपदपर स्थापित कर दिया। कामदेवको नष्ट करनेवाले वे राजकुमार, धर्मनाथके तीर्थकालमें जिन्होंने तत्त्वोंको जान लिया है, जीवोंकी रक्षा की है ऐसे श्री शिवगुप्त मुनिके पास प्रव्रजित हो गये। छोटे भाई (विराम) ने अपने क्रुद्ध चित्तको शान्त नहीं किया और निदान बाँध लिया कि यदि मैं व्रतरूपी लताका फल प्राप्त करता हूँ तो मैं उस दुष्ट मन्त्रीको मारूँगा। इस प्रकार स्मरण करता हुआ वह अनशनसे मृत्युको प्राप्त हुआ और प्रथम स्वर्गके विशाल विमानमें देव हुआ। बड़ा भाई भी वहीं उत्पन्न हुआ। वह दुष्ट मन्त्री भी संसारमें तरह-तरहके दुःखोंका अनुभव कर विजयार्ध पर्वतकी उत्तर श्रेणीमें जिसमें कामिनियोंके द्वारा काम चाहा जाता है, ऐसे मन्दरपुर नगरमें बलवानोंके बलका नाश करनेवाला बलीन्द्र नामका विद्याधर राजा हुआ।

घत्ता—प्रचण्ड राजाओंको उसने तलवारसे दण्डित किया। उसने तीन खण्ड धरतीको अलंकृत किया ॥१३॥

---

१३. १. P साकेयए पसिद्धे । २. A रामविराम विजाया । ३. A भाऊ णिहिओ । ४. A लक्खियचित्ते । ५. A तो । ६. AP °पाणो । ७. AP °विमाणे । ८. P तत्थेव समाणे; K records: तत्थेव समाणे इति ताडे पुनर्लिखिते । ९. P पिसुणु । १०. A °णरिंदो ।

१४

एत्थंतरए सिरिसुंदरेए।
[2]सेसविसिट्ठे भारहखेत्ते।
कासीदेसे सज्जणवासे।
बहुगुणरासी[3] वाणारासी।
उण्णयहम्मा णयरी रम्मा। ५
पडिभडमल्लो अग्गिसिहिल्लो।
सत्तिसहाओ तस्सि राओ।
सिसुहंसगई अवराइय ई।
णं पत्तवक्खा कयरयसोक्खा।
अलिकेसवई थी केसवई। १०
बीया सरसा पियघरसरसा।
विस्सुयणामो जो चिररामो।
कयजिणसेवो औयउ देवो।
थक्को गब्भे रवि व सियब्भे।
जाओ पढमु [illegible]। १५
रमियरईए केसवईए।
अवरो हूओ वम्महरूओ।

घत्ता—लीलागामिणो णाइ मरालया॥
णवजोवणसिरिं पत्ता बालया॥१४॥

१४

इसी बीच श्रीसे सुन्दर तथा क्षेत्रोंसे विशिष्ट भारत क्षेत्रके सज्जनोंसे बसे हुए काशी देशमें अनेक गुणोंकी खान वाराणसी नगरी है जो उन्नत प्रासादोंवाली और सुन्दर है। उसमें शत्रु-योद्धाओंके लिए मल्ल तथा जिसकी सहायक शक्ति है ऐसा अग्निशिख नामका राजा था। उसकी शिशुहंसके समान गमनवाली अपराजिता नामकी पत्नी थी जो प्रत्यक्ष रतिसुख करनेवाली थी। दूसरी भ्रमरके समान बालोंवाली केशवती नामकी पत्नी थी। दूसरी अत्यन्त सरस और पतिघर-रूपी सरोवरकी लक्ष्मी थी। जो पहला विश्रुतनाम राम था और जिसने जिनकी सेवा की है ऐसा वह देव आया तथा गर्भमें उसी प्रकार स्थित हो गया जिस प्रकार श्वेतकमलमें सूर्य। वह प्रथम सती अपराजिता स्त्रीसे उत्पन्न हुआ। जिसने रतिकी तरह रमण किया है ऐसी केशवतीसे दूसरा (विराम) कामदेवके रूपमें उत्पन्न हुआ।

घत्ता—हंसोंके समान लीलापूर्वक चलनेवाले वे दोनों बालक यौवनश्रीको प्राप्त हुए॥१४॥

---

१४. १. A गिरिसुंदरए। २. P सेसि विसिट्ठे। ३. A °गुणवासी। ४. उग्गयहामा। ५. AP आओ।

१५

तहिं पहिल्लओ णंदिमित्तओ दीयओ वि णामेण दत्तओ ।
खरपयावभरतसियवासवा वे वि ते णिवा सीरिकेसवा ।
वे वि सिद्धहरिरहविहंगया वे वि कासकज्जलणिहंगया ।
तिहिं मि अत्थि महिपंसुपिंजरो खीरसायरो णाम कुंजरो ।
५ मग्गिओ यै सो रायराइणा धीरवइरिसंतावदाइणा ।
अट्टहासहिमरासिवण्णओ तेहिं तस्स सो णेय दिण्णओ ।
दूयवयणविहिवड्ढिओ कली सह चमूइ आयेंउ णिवो बली ।
पाउ अमरकंतारवासिणा दाहिणिल्लसेढीखगीसिणा ।
बद्धणेहरसमुणियसाहणा भाइलेण केसवइभाइणा ।
१० सहिय वे वि बंधू वि णिग्गया सह बलेण समराइरं गया ।
जाययं रणं बलियसंमुहा सीरिणा हया वइरितणुरुहा ।
चूरिया रहा दारिया हरी छूरिया धया मारिया करी ।
णच्चिया णहे अमरसुंदरी बद्धमच्छरो धाइओ अरी ।
अंतरे भडो संठिओ हरी तेण धोंछिओ[1] खयरकेसरी ।
१५ घत्ता—दोहिं मि जं कयं विज्जापहरणं ॥
को तं वण्णए बहुरूवं रणं ॥१५॥

१५

उनमें पहला नन्दिमित्र था दूसरा भी नामसे दत्त था। अपने प्रखर प्रतापके भारसे इन्द्रको सन्त्रस्त करनेवाले वे दोनों राजा बलदेव और नारायण थे। उन दोनोंको क्रमशः सिद्ध रथ वाहिनी और गरुड़ विद्याएँ सिद्ध थीं। दोनोंके शरीर कास और काजलके रंगके समान थे। दोनोंके पास धरतीकी धूलसे धूसरित क्षीरसागर नामका हाथी था। उसे धीर वैरियोंको सन्ताप देनेवाले राजराजा (बलीन्द्र) ने माँगा। अट्टहास और हिमराशिके रंगका वह गज उन लोगोंने उसे नहीं दिया। दूतके शब्दोंसे कलह बढ़ गयी। सेनाके साथ वह बलि राजा वहाँ आया। अमरकान्तार नगरके निवासी दक्षिण श्रेणीके विद्याधर स्वामी बद्धस्नेहके स्वादको जाननेवाले भामा केशवतीके भाईके साथ वे दोनों भाई भी निकल पड़े। सेनाके साथ दोनों समरांगणमें गये। उनमें रण हुआ। बलि (बलीन्द्र राजा) के सम्मुख बलभद्रने शत्रुके पुत्रका काम तमाम कर दिया, रथको चूर-चूर कर दिया। घोड़ेको फाड़ डाला। ध्वज फाड़ डाले। हाथीको मार डाला। अमरसुन्दरी आकाशमें नाच उठी। तब मत्सर बाँधता हुआ शत्रु दौड़ा। वह योद्धा और हरिके बीच स्थित हो गया। उसने विद्याधर राजाकी भर्त्सना की।

घत्ता—दोनोंके द्वारा जो विद्याओंका अपहरण किया गया है, ऐसे उस बहुरूपी रणका कौन वर्णन कर सकता है ? ॥१५॥

१५. १. A हुवा। २. AP वि। ३. AP धोर°। ४. AP आइओ। ५. A दाहिणल्ल°। ६. A दुच्छिओ।

१६

जं दिणयरबिंबु व विप्फुरिउ पडिवेक्खें चक्कु मुक्कु तुरिउ ।
सुहडत्तदीउ णं संचरिउ तं दत्तएण हत्थें धरिउ ।
हय वइरि तेण मारिउ तुमुलि गउ णिवडिउ सत्तमधरणियलि ।
ईहु एव पहु थिउ गंपि जहिं महि भुंजिवि कण्हु वि गयउ तहिं ।
तहिं अवसरि सीलु परिग्गहिउं हलिणा हियवल्लउं णिग्गहिउं । ५
संभूयजिणेसरु सेवियउ तवतावें अप्पउ तावियउ ।
सहियइं बावीसपरीसहइं महियइं चउकम्मइं दुम्महइं ।
अणयारु महाकेवलिपवरु जायउ कालेण अजरु अमरु ।
ससहावें तिहुवणसिहरु णिउ बीयउ परमेट्ठि हवेवि ठिउ ।
सो बुद्धु सिद्धु णिद्धूयरउ धुंवकेवलदंसणणाणमउ । १०
मयरद्धयचावसमुल्लसियं णिसियं संछिंदउ आवलियं ।

घत्ता—भरहणमंसिउ महु देहाणियं ॥
कुसुमसरायंतउ कुसुमसराणियं ॥१६॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे मल्लिणाहपंचमचक्कवट्टिदेवसेणदत्तबलिपुराणं णाम सत्तसट्ठिमो परिच्छेओ समत्तो ॥६७॥

१६

जो दिनकरके बिम्बके समान चमक रहा है ऐसे उस चक्रको तुरन्त चलाया गया मानो सुभटत्वका द्वीप ही संचरित कर दिया गया हो। दत्तने उसे अपने हाथमें ले लिया। वैरी नष्ट हो गया। उसके द्वारा मारा गया वह भयंकर सातवें नरक में गया। इस प्रकार यह जहाँ जाकर स्थित रहा धरतीका भोग कर नारायण भी वहीं गया। उस अवसरपर बलभद्रने शील ग्रहण कर लिया और अपने हृदयका निग्रह किया। उसने सम्भूत जिनेश्वरकी सेवा की और तपके तापसे स्वयंको सन्तप्त किया। उसने बाईस परीषहोंको सहन किया। दुर्मद चार घातिया कर्मोंका नाश कर दिया। अनश्वर महाकेवली प्रवर समयके साथ अजर-अमर हो गये। अपने स्वभावसे वह त्रिभुवनके शिखरपर विराजगये और दूसरे परमेष्ठी (सिद्ध) होकर स्थित हो गये। पापको नष्ट करनेवाले वह बुद्ध सिद्ध शाश्वतरूपसे केवलदर्शन ज्ञानमय हो गये। कामदेवके धनुषसे उल्लसित—

घत्ता—कुसुमबाणमयी मेरे शरीरमें लगी हुई पैनी तीरपंक्तिको हे कुन्दकुसुमके समान कान्तिवाले भरतके द्वारा नमनीय मल्लिनाथ काट दो ॥१६॥

त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें मल्लिनाथ, पद्म चक्रवर्ती, नन्दीमित्र दत्तबलि पुराण नामका सड़सठवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥६७॥

---

१६. १. A पडिवक्खें । २. AP तेण वइरि । ३. A इहु एम गंपि थिउ एहु जहिं । ४. A जाम तहिं; P तेम तहिं । ५. AP तवभावें । ६. A दुम्मयइं । ७. AP धूउ । ८. A णिसि पासिउ छिंदिउ आवलियं । ९. A महुं । १०. A मल्लिणाहणिव्वाणगयमणं णाम ससत्तसट्ठिमो ।

अँगरेजी टिप्पणियोंका हिन्दी अनुवाद

सन्धियोंकी टिप्पणियोंके सन्दर्भ रोमन अंकोंमें हैं, अब कि कड़वकों और पंक्तियोंके अरबी अंकोंमें। वर्ण्यविषयका संक्षिप्त सार प्रारम्भिक परिचयमें दिया गया है, जिससे पाठक मूलपाठको समझ सकें। ये टिप्पणियाँ उन संस्कृत टिप्पणियोंकी पूरक हैं जो पृष्ठके नीचे पाद टिप्पणके रूपमें दिये गये हैं। टी—प्रभाचन्द्रके टिप्पणके लिए है।

XXXVIII

1. 12*b* भवहजसोहो—सूर्यसे उत्पन्न किरणोंकी शोभा धारण करनेवाले, 26 प्रकाशयामि—प्रकाशित करता हूँ या व्यक्त करता हूँ। पयासयामि = इसे समझना आसान है—परन्तु 'के' प्रति कभी-कभी ऐसे रूपोंको वरीयता देती है। तुलना कीजिए—बादकी पंक्तिसे (समासवि) साथ ही इच्छवि और अच्छवि। पाँचवेंकी 10–11 पंक्ति या तीसरी पंक्तिमें पडिच्छवि और ओहच्छवि, तीसरे कड़वककी आठवीं पंक्ति।

2. 1*b* कइवयदियहइं—कुछ दिनोंके लिए। 2*a* णिव्विण्णउ निर्विण्ण—उदास। णिव्विणोउ अर्थात् निर्विनोद। 'क' प्रतिका यह पाठ पढ़नेमें समान रूपसे ठीक है और इसका अर्थ हो सकता है काव्य-रचनाके विनोदसे रहित। परंतु मैंने णिव्विण्णउ पाठको उपयुक्त कि विस्तरह णिरारिउ पाठके दृष्टिकोणसे ठीक समझा है, जो 4 के 9*a* में है, और टिप्पणके विचारसे भी। 9–10 खलसंकुलि कालि—इत्यादि, भरत जिसने सरस्वती (विद्याकी देवी) का उद्धार किया, जो स्वित अत्यन्त, या खतरनाक रास्तेपर आ रही थी। (शून्य सुशून्य पथमें) अथवा बुरे समयमें, (खाली आसमानमें) जो दुर्जनोंसे व्याप्त है (खल संकुलि)। और खोटे चरित्रवाले लोगोंसे भरा है (कुसीलमइ)। खसे विनय करके। Modesty विनय।

3. अइयणदेवियव्वतणुजाएं—भरतके द्वारा जो अइवण (एयण) और देवि अम्बाका पुत्र था। 2*b* दुत्थियमित्तें—भरतके द्वारा, जो उन लोगोंका मित्र था, जो संकटमें थे। 3*a* महं उवयारभावु णिव्वहणें—भरतके द्वारा, जिसने मुझपर उपकारोंकी वर्षा की। [कवि पुष्पदन्तपर], भरतने पुष्पदन्तको किस प्रकार उपकृत किया, यह, महापुराणके I. 3–10 कड़वकोंमें देखा जा सकता है, और जिल्द एक की भूमिकामें देखा जा सकता है। pp–XXVIII। 10 तुह सिद्धहि इत्यादि। तुम नवरसोंका दोहन क्यों नहीं करते, अपनी वाणीरूपी कामधेनुसे। अथवा काव्यात्मक शक्तिसे जो तुम्हें सिद्ध है, या जिसपर तुम्हारा अधिकार है।

4. 7*a* राउ राउ णं संझहि केरउ—राजा, सन्ध्याके अरुण रागकी तरह है, अर्थात् थोड़े समय ठहरनेवाला है, 8*b* एक्कु वि पउ वि रएवउ भारउ—एक पदकी रचना करना भी बहुत बड़ा कार्य है। 10 जगु एउ इत्यादि—संसार गुणोंके साथ वक्र है जिस प्रकार कि धनुष जब डोरीपर खींचा जाता है।

5. 9*b*–3*a* कविके अनुसार भरत सालवाहन (सातवाहन) से बढ़कर है, इस बातमें कि भरत कवियोंका लगातार मित्र रहा है (अणवरयरइयकइमेत्तिइ) 4 *a*,*b*—यहाँ कवि उस किस्सेका सन्दर्भ दे रहा है कि राजा श्रीहर्षने कालिदासको अपने कन्धोंपर उठा लिया था। ऐतिहासिक दृष्टिसे यह सन्दर्भ दूसरोंसे भी समानता रखता है, जिनका कि भोजप्रबन्धमें उल्लेख है। श्रीहर्षकी जो बाणभट्टका आश्रयदाता है राजगद्दी-

पर बैठनेकी तारीख 620 ईसवी है, बाणकी (620) की तुलनामें, और वत्सभट्टिकी प्रशस्ति (473 ई. सं.) से। 8 *a-b*—पुष्पदन्त जो अपनेको काव्यपिसल्ल कहते हैं, कुछ लोगोंके द्वारा सम्मानित हुए, और कुछ लोगों द्वारा असम्मानित हुए, यह कहते हुए कि वह बुद्ध हैं। 11 देवीसुय—देवीका पुत्र, अथवा देवियव्वा of 3,1*a* ऊपर—अर्थात् भरत।

6. 3*a-b* यहाँ कवि अपने आश्रयदाता भरतको विश्वास दिलाता है कि उसकी काव्य-प्रतिभाकी अभिव्यक्ति जिनवरके चरणकमलोंकी भक्तिके कारण है, आजीविकाके लिए धन कमानेकी इच्छासे नहीं। (णउ णियजीवियवित्तहि), 10 करहु कण्णि कहकोंडलु—अजितनाथके कथाके कर्णकुण्डलको तुम अपने कानोंमें धारण करो।

7. दूसरे तीर्थंकर अजितनाथकी कथा इस कडवकसे शुरू होती है; मैं पहले ही उस ऊराऊ शैली-का सन्दर्भ दे चुका हूँ जिसमें बड़े लोगोंकी जीवनियोंका जैन साहित्यमें वर्णन किया जाता है (म. पु. जिल्द I पृ. 599)। सबसे पहले हम तीर्थंकरों या महापुरुषोंके बारेमें सूचनाएँ पाते हैं जिनमें वे कुछ विशेष योग्यताएँ हैं, जिनके कारण अगले भवमें तीर्थंकरोंका जन्म होता है। अजितनाथके मामलेमें विमलवाहन एक राजा था जो वत्स देशका शासक था जो कि पूर्व विदेहमें सीता नदीके दक्षिण किनारेपर स्थित था। वहाँ एक दिन उसे सांसारिक जीवनसे विरक्ति हो जाती है, वह तप करता है, सोलह कारण भावनाओंका ध्यान करता है, (जैसे तीर्थंकर नाम गोत्र इत्यादि)। उपवासपूर्वक उसकी मृत्यु होती है, और वह विजय अनुत्तर विमानमें उत्पन्न होता है। वहाँ उसकी तेंतीस सागर प्रमाण आयु थी। जब उसके लम्बे जीवनके छह माह बाकी बचते हैं, तो सौधर्म इन्द्र जान लेता है कि यह अहमेन्द्र अयोध्यामें जन्म लेनेवाले हैं, भारतवर्षमें राजा जितशत्रु और रानी विजयाके पुत्रके रूपमें। वह कुबेरको अयोध्यापर स्वर्णकी वर्षा करनेका आदेश देता है। श्री, ह्री, धृति, मति, कान्ति और कीर्ति ये छह देवियाँ विजयाकी देखभाल करनेके लिए आती हैं। रानी विजया सोलह सपने देखती है। नींद खुलनेपर वह राजासे उनका वर्णन करती है, जो उसे बताते हैं कि वह जिनको जन्म देगी। जब विमलवाहन अपने जीवनके समयको समाप्त करता है तो वह विजयाके गर्भमें हाथीके रूपमें जन्म लेते हैं। उस अवसरपर देव आते हैं और राजाको बधाई देते हैं। तीन ज्ञानोंके साथ जिनवर जन्म लेते हैं, अर्थात् उन्हें मति, श्रुति और अवधिज्ञान प्राप्त थे। माघ शुक्ला दशवींके दिन इन्द्रके नेतृत्वमें देवता वहाँ पहुँचते हैं और जिनवरकी तीन बार प्रदक्षिणा करते हैं, माता-पिताको प्रणाम करते हैं। माताको मायावी बालक देते हुए वे जिनबालकको मन्दराचलपर ले जाते हैं, जहाँ उनका अभिषेक करते हैं। उनका अजित नामकरण करते हैं, और उनकी स्तुति करते हैं। उसे अयोध्या वापस लाकर माताको सौंप देते हैं। जब अजितनाथ युवा हुए, तो उनका एक हजार राजकुमारियोंसे विवाह हुआ। उनका युवराजके रूपमें अभिषेक हुआ। उन्होंने 19 लाख पूर्व धरतीका उपभोग किया। एक रात युवराज अजितने उल्कापात देखा और उससे यह सोचते हुए कि भाग्य उसी प्रकार क्षणभंगुर है, जिस प्रकार यह उल्का। एक बार फिर देवता आये और निष्क्रमणके लिए भगवान्‌की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पुत्र अजितसेनको गद्दीपर बैठाया। देवोंने उनका अभिषेक किया और माघ शुक्ल नवमीको दोपहर बाद उन्होंने केशलोंच कर दीक्षा ग्रहण की। मुनि अजितके बालोंको देवेन्द्रने इकट्ठा किया स्वर्णपात्रमें, और उन्हें क्षीरसमुद्रमें फेंक दिया। उनके साथ एक हजार राजकुमारोंने दीक्षा ग्रहण की। थोड़े ही समयमें उन्हें चौथा मनःपर्ययज्ञान उत्पन्न हो गया। उन्होंने आठ दिनका उपवास ग्रहण किया और दूसरे दिन अयोध्यामें राजा ब्रह्माके घर उपवास तोड़ा। उसे पाँच आश्चर्य प्राप्त हुए। अजितने बारह वर्ष तक तप किया, और पौष शुक्ला ग्यारहवीं के दिन सप्तच्छद वृक्षके नीचे उन्होंने केवलज्ञान प्राप्त किया। इस अवसरपर इन्द्र और दूसरे देव आये। उन्होंने स्तुति की और समव-सरणकी रचना की। उसमें अजितनाथ सर्वभद्र सिंहासनपर बैठे। उनके साथ आठ प्रातिहार्य थे। उन्होंने धर्म प्रवचन किया। उनके अनुयायी बारह गणोंमें विभक्त थे—गणधर, पूर्वधारिन, शिक्षक, अवधिज्ञानी, केवली,

विक्रियाधारीऋद्धिमत, मनःपर्ययज्ञानी, अनुत्तरवादी, आर्यिका, श्रावक, श्राविका और देव, देवी तिर्यंच इत्यादि। इस संघके साथ भगवान् अजितनाथने 53 लाख पूर्व तक धरतीपर भ्रमण किया (बारह वर्ष कम), तब वह सम्मेदशिखरपर गये और 72 लाख पूर्वका जीवन पूरा कर उन्होंने नौ महीनों तक प्रतिमाओंका अभ्यास किया और चैत्र शुक्ला पंचमीको उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। इस अवसरपर देवोंने भगवान्‌की पूजा की। अग्निकुमारने उनके शरीरका दाह-संस्कार किया। देवेन्द्रने आदरपूर्वक भस्मको इकट्ठा किया और उसे समुद्रमें फेंक दिया।

मैंने यहाँ अजितके जीवनका समूचा जीवन विस्तार दे दिया है। यही चीजें प्रायः प्रत्येक तीर्थंकरके जीवनमें दुहरायी जायेंगी। केवल समय, नामों, तिथियों में कुछ परिवर्तनके साथ। इस जिल्दमें वर्णित सभी तीर्थंकरोंके जीवनके वर्णनमें इन बातोंको नहीं दुहराया जायेगा। इन विस्तारोंको हम चित्र रूपमें दे रहे हैं जिससे पाठक उन्हें समझ सकें।

7. 2*a*—सीयहि दाहिणकूलि—'के' प्रतिमें उत्तर पाठ है, परन्तु हमने उसे सुधार दिया है। और उत्तर कर दिया है। गुणभद्रके उत्तरपुराणके प्रमाणपर, जिसमें पाठ इस प्रकारका है—सीतासरिदपाग्भागे वत्साख्यो विषयो महान्। वहाँ अपाग्भागका अर्थ है दक्षिण। 8*b* हलियहिं—किसानोंके द्वारा।

8. 8*a b* जसु सोहग्गें—प्रेमके देवता (कामदेव) राजा विमलवाहनके सौन्दर्यके कारण पृष्ठभूमिमें चला गया इसलिए उसने शरीरको छोड़ दिया और वह अनंग हो गया।

9. 2*b* पंचमहव्वयमायउ—पाँच महाव्रतोंकी माता। अर्थात् पच्चीस भावनाएँ, एक-एक व्रत की पाँच भावनाएँ। 8*a* दंसणसुद्धिविणउ—[illegible]भावनाएँ जो दर्शन-विशुद्धिसे शुरू होती हैं। विस्तारके लिए तत्त्वार्थ सूत्र देखिए VI. 24। इन भावनाओंसे व्यक्तिको तीर्थंकर गोत्रका बन्ध होता है।

10. 9*a* सो अहमिंदराहिउ—वह अहमिन्द्र जो पूर्वजन्ममें विमलवाहन था। 11*b* कणयमयणिलयण—(अयोध्या) जिसके स्वर्णप्रासाद हैं।

11. 1*b* माणवमाणिणिवेसें—धरतीकी स्त्रियोंका वेश धारण किये हुए। 4*a* गब्भि ण संतहु—जिनके गर्भमें स्थित होनेके पूर्व इन्द्रने स्वर्णकी वर्षा की। जिनेन्द्र अजितके विजयाके गर्भमें आनेके पूर्व।

12. सोलह स्वप्नोंके लिए म. पु. प्रथम जिल्द, पृ. 600–601 देखिए।

13. 4*a-b* कुंजरवेसें—अहमिन्द्र अपने जीवनकी अवधि समाप्त कर (विजय विमानमें) रानी विजयाके मुखमें, एक हाथीके रूपमें इस प्रकार प्रविष्ट हुए जिस प्रकार सूर्य बादलोंमें प्रवेश करता है। 9–10 ये पंक्तियाँ ऋषभके निर्वाण, अजितनाथके विजयाके गर्भमें अवतरणके बीचकी अवधिका वर्णन करती हैं जो पचास करोड़ सागर प्रमाण है।

14. 4–5 दसणकमलसरणच्चियसुरवरि—इन्द्र अपने ऐरावत हाथीपर आरूढ़ हुआ। जिसकी कमलसरोवरके समान सूँड़पर देवता नृत्य कर रहे थे। 8*b* सरसरसिर—भक्तिसे परिपूर्ण बातें करते हुए।

15. 6*b* मन्तु पणवसाहा संजोइवि—'ओं स्वाहा' मन्त्रका प्रयोग करते हुए।

16. 9*a*. वसुवइवसुमइकंताकंतें—अजितके द्वारा, जिनकी दो पत्नियाँ थीं। अर्थात् धरती और लक्ष्मी।

19. 1*b* ईसमणीस समासमलोणी—स्वामी अजितका मस्तिष्क पूर्णतः मानसिक शान्तिमें निमग्न था। (सम, उपशम, वैराग्य)। 4*b* आउ वरिसवरिसेण वि खिज्जइ—मनुष्यकी आयु वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जाती है।

20. 4*a-b* गहदुच्चरित्तकम्मसंताणइ—अपनी जातिको जारी रखनेके लिए, जिसका अर्थ है कर्मोंकी परम्परा, जैसे—गति (देवमनुष्यादिगति) खोटे कार्य (दुश्चरित्र)। जातिको जारी रखनेके कर्ममें

जन्म और मृत्युकी शृंखला संलग्न रहती है। और भी दूसरे कर्म होते हैं जो बुरे कार्य हैं।

21, 6a-b कुसुमवरिसु—पाँच आश्चर्योंकी वर्षा कुसुमवर्षा है। स्वर्गके फूलोंका बरसना, सुरपटह-निनाद, स्वर्गके नगाड़ोंका शब्द, वसुहारा—स्वर्गसे स्वर्णकी वर्षा, चेलुक्खेव—झण्डे ऊँचे करना, अहोदाणं—दानकी शालीनतामें किये गये प्रशंसाके स्वर्गीय शब्द। तुलना कीजिए विवागसुयसे, पृष्ठ 78।

23. समवसरणका वर्णन।

24. आठ प्रातिहार्योंका वर्णन—अशोकवृक्ष, पुष्पवृष्टि, दिव्यध्वनि, चामर, सिंहासन, भामण्डल, देवदुन्दुभि और छत्र। 10-12 और बादका कड़वक अपने गणोंका वर्णन करता है इसके लिए चित्रफलक देखिए।

26. 1a सिहरिहि—सुमेरु पर्वतपर। 5b = दण्डकवाडुरुजगजगपूरणु—उस प्रक्रियाका वर्णन करता है जिससे जिनेन्द्रकी आत्मा सिद्धशिलापर आरोहण करती है।

XXXIX

यह सन्धि सगरकी कहानी बताती है, जो जैनोंके दूसरे चक्रवर्ती हैं।

1. 2 णामेहिं=नेमिनाथ, मगध देशका राजा, जिसने गणधर गौतम इन्द्रभूतिसे त्रेसठ शलाका पुरुषोंके जीवनके बारेमें कहनेके लिए कहा था। 4a दाहिणयलि के लिए-'ए' और 'के' प्रतियोंमें सामान्यतः उत्तरयलि 'पाठ' है, परन्तु 'के' प्रति इसकी जगह शुद्ध पाठ दाहिणयलि मानती है। गुणभद्रके उत्तरपुराणमें

द्वीपेऽत्र प्राग्विदेहस्य सीताप्राग्भागभूषणे।
विषये वत्सकावत्यां पृथिवीनगराधिपः॥ 48-58

12 धरचूलाहयणहयल—राजधानी पृथ्वीपुर जो अपने प्रासादोंके शिखरोंसे आकाशको छूती थी।

2. 9b सिसुमोहणीउ मुणिहिं वि दुवारु—बच्चोंके प्रति प्रेमको रोकना मुनियोंके लिए भी कठिन है। 10 जिणवरवयणु रसायणु—राजाके मन्त्रियोंने उस दुःखको सहनेके लिए जिनवरका वचनामृत दिया।

4. 3a इयरु वि—अर्थात् महाबल मन्त्री। 5b किउ दोहिं मि पडिबोहणणिबंधु—देव महाबल, (पूर्वजन्मका राजा जयसेन) और देव मणिकेतु (पूर्वजन्मका महाबल मन्त्री), दोनोंने यह समझौता किया कि जो पहले मनुष्य होगा, उसे दूसरा इस तथ्यका स्मरण करायेगा जो स्वर्गमें देर तक देव रहता है।

5. 9-10 सार्वभौम राजाके ये चौदह रत्न हैं।

6. 3a जितनी सम्पत्ति भरतकी थी, उतनी ही सगरकी भी हुई, चक्रवर्तीके रूपमें।

7. 1a मयमउलवियणयण—हाथी मदके कारण आँखें बन्द किये हुए था। 10a रयणकेउ अर्थात् मणिकेतु।

8. 9b तरुणिहिं कोक्किज्जइ हसिवि ताव—जवान औरतें उसपर हँसीं और उसे पापा कहकर पुकारा।

10. 2a देवसाहु—मणिकेतुने देव होनेके कारण साधुका रूप धारण कर लिया।

12. गंगाके अवतरणका वर्णन।

14. 2a किंहि ऊणी तट्ठी—साठ हजार पुत्रोंमें-से दोको छोड़कर, (भीम और भागीरथ), जो अपनेको मौतसे बचा सके। 9b गय आवइ णउ सरिसरतरंगु—नदीके जलकी तरंगें, जब एक बार जाती हैं तब दुबारा नहीं आतीं।

16. 11a दढधम्महु पायंतिह—दृढ़ धर्मके पैरोंके नीचे।

17. 6b गउ जेण महाजणु सो जि पन्थु—तुलना करिए महाजनो येन गतः स पन्थाः।

XL

1. सासयसंभवु—शाश्वत आशीर्वाद, (शाश्वत + शं + भव) संभवणासणु—वह जो जन्म (संसार) का अन्त कर देता है। पुसियबंभहरिहरणयं—वह जिसने ब्रह्मा, विष्णु और शिवके सिद्धान्तोंका खण्डन कर दिया है। 20b असिआउसं—इस अभिव्यक्तिपर टिप्पणके लिए म. पु. की जिल्द एक, पृष्ठ 653 पर देखिए। 23 अमिउं पियहि कण्णंजलिहिं—अमृतका पान करिए, अर्थात् अपने कानोंकी अंजलिसे मेरे काव्यका पान करिए। तुलना कीजिए—कर्णाञ्जलिपुटपेयं विरचितवान् भारताख्यममृतं यः। तमहम-रागमकृष्णं कृष्णद्वैपायनं वन्दे।

4. 10b सत्था—स्वस्थ। अत्यन्त शान्त और प्रसन्न।

5. 14a जियसत्तुसुए—जितशत्रुके पुत्रने, अजित, दूसरे तीर्थंकर। 18b अंभारिणा—इन्द्र।

6. 4a सईइ सइं धारियउ—इन्द्राणीने स्वयं धारण किया।

8. 12 किं जाणिहुं सोसिउ वयहिं—क्या तुम सोचते हो कि समुद्र सूख गया, क्योंकि देवता सम्भव-जिनके अभिषेकके लिए पानी ले जा रहे हैं।

9. 13 पइं मुइवि—तुम्हें छोड़कर।

11. 7a कत्तियसियपक्खि—कार्तिक कृष्ण पक्षमें। गुणभद्रके 49से तुलना कीजिए। 41 जन्मर्क्षे कार्तिके कृष्णचतुर्थ्यामपराह्णगः, 11 णाणें णेयपमाणें—उनका ज्ञान जो ज्ञेयके साथ विस्तृत है—अर्थात् केवलज्ञान।

13. 5a जक्खिंदमउडसिहरुद्धरिउ—यक्षेन्द्रके मुकुटके अग्रभागसे आता हुआ। यक्षेन्द्र यानी कुबेर।

14. 10b दहगुणिय तिण्णि सहस—तीस हजार, यद्यपि गुणभद्र बीस हजारका उल्लेख करते हैं।

15. 1a भवियतिमिरु—भव्य जीवोंके अन्धकारको। 14 सिंगारंगहु = शृंगारके अंगका। शृंगार-भूमिका।

XLI

1. णिंदियइं णिवारउ—जिन्होंने निन्द्य इन्द्रियोंका निवारण कर दिया है, अर्थात् तीर्थंकर, यहाँ-पर अभिनन्दन। 18 जीहासहसेण विणु—हजार जीभवालेके बिना। फणीश्वरकी एक हजार जीभ हैं, इस-लिए वह तीर्थंकरकी सभी विशेषताओंका वर्णन करनेमें समर्थ है, परन्तु कवि पुष्पदन्तकी एक ही जीभ है इसलिए वह तीर्थंकरोंके गुणोंके साथ न्याय नहीं कर सकता।

3. 1b मणियउं वियरइ—धीरे चलते हैं इसलिए प्राणियोंको चोट नहीं पहुँचती। 5b तिण्णि तिउत्तरसय—अभिव्यक्तिमें न्यूनपद है, परन्तु वह स्पष्टतः वंशपरम्पराके 363 सिद्धान्तको सम्बन्धित करता है। जैसा कि अपभ्रंशमें पाठोंकी सरलता सूचित करती है।

5. 7b सुव्वु सवारिउ—उसने इसे पूरा सम्पादित किया।

6. 12 आसणचलणहरणि—आसनके कम्पनके द्वारा इन्द्र जानता है; आसनके कम्पायमान होनेके कारण इन्द्र जानता है कि जिनका जन्म हुआ है।

8. इस कडवकमें उन दस लोकपालोंकी सूची है। जिनवरके जन्माभिषेकके समय जिनका आह्वान किया जाता है। ये देव या लोकपाल हैं—इन्द्र, अग्नि, यम, नैर्ऋत, वरुण, वायु, कुबेर, रुद्र, चन्द्र और फणीश्वर। यहाँ वाहनों, प्रहरणों, पत्नियों, और चिह्नोंके साथ उनका विशेष वर्णन किया गया है। जैसा कि २३वीं पंक्ति बताती है।

12-13 भयलज्जामाणमयवज्जियउं जिणवरु पेम्मसमाणउं—जिनवरके प्रति व्रतप्रेमके अथवा चरित्रके प्रेमके व्रतके समान उतना ही जितना यह भय, लज्जा, मान और मदका परित्याग करता है, उसी प्रकार जिस प्रकार प्रेममें पड़कर आदमी—भय आदिकी अनुभूतिकी उपेक्षा करता है।

17. जीवपक्खिबंदिग्गहपंजरु—(मृत शरीर) पक्षी (आत्मा) को पकड़नेका पिंजरा है।

XLII

1. 18 समासइ वइयरु—व्यतिकर। कहानी या कथानकको संक्षेपमें कहता हूँ।

2. 4b पोमरयरोलिंजरियकुंजरघडे (देशमें)—हाथियोंके शुण्ड कमलपुष्पोंके परागसे रंजित हैं। 5a दुक्खणिग्गमण इत्यादि—पुक्कलावतीका क्षेत्र इतना आकर्षक था कि वह वनश्रीसे समानता रखता था जो प्रेमकी देवी है। रइरमण—रतिका स्वामी—कामदेव, कठिनाईसे अलग होगा। 10b रमइ वइसमणओ आवणे आवणे—धनका देवता—कुबेर प्रत्येक दुकानमें प्रसन्न होता है, क्योंकि उसमें धनकी प्रचुरता है। 15 उवसमवाणिएण—मनकी शान्तिके जलसे। 16 भोयतणेण—भोगरूपी तृण।

3. 17b हरिसुद्धदेहेण—अपने रोमांचित शरीरसे। आनन्दके कारण।

4. 15a हुए हरिभणणे—जब कि हरिके आदेशसे, इन्द्रकी आज्ञाओंको माना गया, जब कि नगर आदिको सजाया गया इन्द्रके आदेशसे। 17 अणवद्दिण अरुहे—अर्हत्के जन्मके होनेके पूर्व ही।

5. 21 झुल्लंतवडायहिं—झण्डोंसे झूलते हुए।

7. 6b णिव्विघकामावहो—जिनेन्द्रका, जो लगातार या बिना किसी बाधाके, प्रेम अथवा वासनाके देवताका अन्त कर देते हैं। 10b अडकारदुग्गेण—जड़ और धूर्तके लिए जिसका आचरण दुस्साध्य है। कसरका शाब्दिक अर्थ है दुष्ट बैल। गिरिकक्करि पडइ—दुष्ट ऊँट अपने-आपको फेंक देता है या घूमता है, जंगलके रेतीले क्षेत्रमें। मीठी घासके लिए, वहाँ जिसे वे नहीं पा सकते।

9. 5b इणे पच्छिमत्थे—जब कि सूर्य पश्चिम दिशामें पहुँच गया, अस्त होनेको था।

12. 15b घडिमालाइयहं—पूर्वसमय उन घटिकाओंसे मापा जाता है, जो समाप्त हो जाता है। हयदियहपाडीहि से तुलना कीजिए 5. 14a में।

XLIII

1. 5a णियायममग्गणिओइयसीसु—जिसने शिष्योंको आगमके पवित्र मार्गपर निर्देशित किया है। 7b गलकंदलु—बल्बके समान गलेवाला।

2. 6a णीड—घोंसला या घर। 10a भाविणि—(भामिनी) औरत। 13 होउ पहुच्चइ—पूर्ण हो। सामान्यतः अर्थ है समर्थ होना। परन्तु शब्दकोश पूर्ण अर्थ करता है। 14. जं पुरउ इत्यादि—यदि

नगर या राजधानी छोड़ दी जाती है तो व्यक्ति शीघ्र तपस्या ग्रहण कर सकता है। यदि राजा अपना राज्य छोड़ता है, तो वह संसारसे मुक्ति पा सकता है।

4. 1*a-b* तिहोगुणठाणवएहिं तिंसेस—अहमिन्द्र जीवनकी आयु बीस सागर प्रमाण थी, उसमें 99 (प्रतिमाओंकी संख्या) मिलानेसे कुल इकतीस सागर प्रमाण आयु थी।

8. 10*b* हुमाणवु—नीच व्यक्ति।

10. 4*b* पंक्ति इस प्रकार पढ़ी जानी चाहिए—सबंधुसु वेरिसु णिच्चसमाणु—जो अपने परिवार-जनों और शत्रुओंसे समान भाव रखते थे।

XLIV

3. 8*a* परमारिसरिसहण्णवजायउ—ऋषभके वंशमें उत्पन्न। प्रथम तीर्थंकर जो परमर्षि हैं।

6. 11 परिमाणु—यहाँ परमाणुका रूप है—अणु। संसारमें जितने परमाणु प्राप्त हैं उनसे सुपार्श्वका शरीर बनाया गया।

7. 5*a* उडुपल्लट्टउ—नक्षत्रोंका पतन, या उल्काओंका पतन। जो संसारकी क्षणभंगुरताकी सूचक थीं।

9. 5*b* जलहिमाणि किं आणिज्जइ घडु—क्या हम मिट्टीके घड़ेसे समुद्रका पानी माप सकते हैं।

XLV

1. 17*b* णयणणवुप्पलमालइ—नये कमलोंकी मालाके द्वारा अर्थात् काव्यात्मक रूपसे रचित शब्दोंके द्वारा।

2. 16*b* कलहोयमइयाउ—स्वर्ण (कलधौत) से निर्मित।

3. 12*a-b* तूररवें दिस इम्मइ = नगाड़ोंके शब्दोंसे दिशाएँ निनादित थीं। कण्णि वि पडिउ ण सुम्मइ- -यदि ध्वनि कानोंमें भी पहुँचती थी तो सुनाई नहीं देती थी, या समझी जाती थी—विजयके सघन नादोंके कारण।

6. 9*b* सरसेणा—कामदेवकी सेना।

13. 13-14 इन पंक्तियोंका अर्थ पद्मप्रभ हैं, जो वैजयन्त स्वर्गमें उत्पन्न हुए। और उनका शरीर गौरवर्ण था, तथा अत्यन्त चमकीली कान्ति थी। पद्मप्रभकी इस कान्तिको देखकर पुष्पदन्त (चन्द्र और सूर्य) की पत्नियोंने अनुभव किया कि उनकी कान्ति कुछ भी नहीं है —पद्मप्रभुके शरीरकी कान्तिकी तुलनामें।

XLVI

5. 9*b* सासेहिं व चासपइण्णएहिं—धान्यके समान जो हलके द्वारा की गयी रेखा (चास) में बोये गये हैं। चास देशी शब्द है जिसका अर्थ है हलके फलकसे खींची गयी रेखा, हलविदारित भूमिरेखा। और तासके रूपमें अब भी मराठीमें सुरक्षित है।

6. 12 जिणतणुहि कंतिइ पयडु ण होंतउ—जिस दूधका जिनवरके अभिषेकके लिए उपयोग किया जाता था, वह जिनवरके शरीरकी कान्तिसे साफ दिखाई नहीं देता था, क्योंकि दूधकी कान्ति जिनवरके शरीरकी कान्तिसे मिलती-जुलती थी। मीलित अलंकारका उदाहरण।

11. 5a बलदेवहं अगइ देहि तिण्णि—तीनके आगे 9का अंक दीजिए, जो बलदेवोंकी संख्या है। पूरा अंक 93 होगा, जो चन्द्रप्रभुके गणधरोंकी संख्या है। 10-11 इन पंक्तियोंमें आठ प्रातिहार्योंका वर्णन है। जैसे पिंडीद्रुम—अर्थात् अशोक वृक्ष। इन प्रातिहार्योंकी स्थिति सूचीके मध्यमें चन्द्रप्रभुके अनुयायियोंमें अस्वाभाविक है।

XLVII

4. 9a वच्छु जहि रोसहुं—वह उन स्थानोंको छोड़ देते हैं जहाँ क्रोधका वृक्ष है। 'पी' में 'वासु' भिन्न रूप स्पष्ट रूपसे वच्छका सरल रूप है।

6. 9a-b अथवा अपनी माँ और उसकी प्रतिच्छायाको देखता हुआ भ्रान्तिमें पड़ जाता है और समझता है कि उसकी दो माताएँ हैं और इसलिए वह यह निर्णय करनेमें असमर्थ था कि उसकी वास्तविक माँ कौन थी।

XLVIII

1. 1a गुणभद्दगुणोहिं जो संथुउ—अर्थात् दसवें तीर्थंकर, जो गुणभद्रसे गौरवान्वित हैं। हम जानते हैं कि गुणभद्र जिनसेनके शिष्य हैं, जो संस्कृत आदिपुराणके रचयिता हैं। उनकी मृत्युके बाद उनके कार्यको गुणभद्रने जारी रखा, जो उत्तरपुराण कहलाता है। गुणभद्दगुणोहिं—इस अभिव्यक्तिका यह अर्थ भी किया जा सकता है, विशिष्ट गुणोंको धारण करनेवाले पवित्रजनोंके द्वारा।

4. 1a तं पट्टणु कंचणु घडिउं—वह नगर स्वर्णसे निर्मित था। यहाँ कंचनका प्रयोग कांचनके लिए हुआ है—अर्थात् कांचनमय। 'ए-पी' में कंचणघडिउ पाठ है, क्योंकि प्रतिलिपिकार कंचणका अर्थ नहीं समझ सका।

9. 1a b तं सइं पंक्तिका अर्थ है, यद्यपि शीतलनाथके अभिषेकमें प्रयुक्त जल नीचेकी ओर बह रहा था, परन्तु वह पवित्र लोगोंको ऊपरकी दिशामें ले जा रहा था अर्थात् स्वर्ग।

10. 5b उत्ताणाणणु गव्वेण जाइ—गर्वसे आदमी अपना सिर तानकर या ऊँचा उठाकर चलता है। घमण्डी आदमी अपना सिर अकड़ाकर और ऊँचा करके चलता है।

13. 1b संभरइ विरुद्धउ जिणवरित्तु—देवोंने उसके दिमागमें जिनवरके जीवनको परस्परविरोधी बातें ला दीं। बादकी पंक्तिमें उक्त परस्परविरोधी बातोंका सन्दर्भ है। उदाहरणके लिए जिन गोपाल कहे जाते हैं (ग्वाला—पृथ्वीका पालन करनेवाले) लेकिन अपने ही शत्रुओंके लिए वे अत्यन्त भयंकर हैं।

18. 5a-b जो गायका दान करता है, वह विष्णुलोक जाता है, स्वर्णविमानमें। और स्वर्गीय आनन्द मनाता है। 11 सुज्जइ पिप्पलफंसणिण—पीपलका वृक्ष छूनेसे शुद्ध होता है।

20. 14 सइं विरइवि कव्वु, मुण्डसालायण—मुण्डसालायणने स्वयं गौ आदिके दानके महत्त्वको बतानेके लिए छन्दोंकी रचना की और उन्हें वह राजाके सामने लाया। राजाने अनुभव किया कि वे उतने ही प्रामाणिक हैं जितने कि वेद।

IL

1. 1b कित्ति वियंभउ महुं जगेहि—मेरी कीर्ति समूचे विश्वरूपी घरमें फैल जाये। कवि अपनी काव्यशक्तिके प्रति सचेतन है, जैसा कि वह कहता है कि वह उसे विश्वविख्यात यश दिलवायेगी।

3. 3*b* गुणदेवइं भवदेवइं ईसर—अनन्त जिनवर गणधरों और जन्मसे देव होनेवाले इन्द्रादिकके ईश्वर हैं।

5. 9 ता णज्जइ इत्यादि—शहरमें स्वर्णवर्षा होनेके कारण लोगोंको रात और दिनके बीच भेद करना कठिन था। इसलिए लोग उस समयको दिनका समय मानते थे जब सरोवरमें कमल खिलते थे।

L

यह और इसके बादकी दो सन्धियाँ प्रथम वासुदेव त्रिपृष्ठ, प्रथम बलदेव (विजय) और प्रथम वासुदेव अश्वग्रीवकी कहानीका वर्णन करती हैं, जो जैन पौराणिक परम्पराके अनुसार हैं। पाठक त्रिपृष्ठ और विजयकी मित्रता और त्रिपृष्ठ तथा अश्वग्रीवकी शत्रुताकी पृष्ठभूमि समझ सकें, इसके लिए कवि तीनोंके दो पूर्वभवोंके जीवनका वर्णन करता है।

1. 5*a* गोउलपयधाराधायपहिट्ठ—जहाँपर यात्री गायोंके दूधको जी-भर पी सकते हैं। 11*a* जइणी—जैनी, जो यहाँ व्यक्तिवाचक संज्ञा है। 15 खलमित्तसणेहु—दुष्ट आदमीके साथ मित्रता थोड़े समयके लिए रहती है।

2. 5*a* णिग्गेसइ ण वाय—शब्द बाहर नहीं निकलेंगे। यहाँ णिग्ग शब्द तथा 7*b* में मराठीके निघर्णके समतुल्य है जिसकी व्युत्पत्ति निर्गमसे की जा सकती है।

3. 5*b* तरइ Swims—मूल 'तर' तैरना मराठीमें सुरक्षित है, इसी अर्थमें प्राकृतमें एक और मूल शब्द तर् है जिसका अर्थ समर्थ या योग्य होता है।

4. 1*b* वणुस्साहिलासं—होना चाहिए वणस्साहिलासं, उद्यान रखनेकी अभिलाषा। वणुस्स सभी पाण्डुलिपियोंमें मिलता है इसलिए इसे रहने दिया है अथवा क्या हम वण + उरसुक + अभिलासं ले सकते हैं, जिसका अर्थ होगा वन रखनेकी तीव्र इच्छा। 12*b* तायाउ आराहणिज्जो—आदरमें आदर करने योग्य। (पिताकी मृत्युके बाद), तुम भी मेरे पिताकी तरह समान आदर पाने योग्य हो।

5. 13 दुग्गु भणेवि—यह कहते हुए या सोचते हुए कि वृक्ष दुर्गके समान है (दुग्ग)। वइरिउ—शत्रु।

8. 6*a* छइउ (छादितः)—पराजित किया।

9. 10 तुज्झु हसियहु करमि समाणउं—मैं बराबर कर दूँगा। मैं उस हँसीका बदला दूँगा जो मेरा मजाक उड़ाती है और अपमान करती है।

10. 8*b* अवरु—विशाखनन्दी।

LI

1. 6*a* जायासीयणुतणु—वे दोनों (विजय और त्रिपृष्ठ) 80 धनुष बराबर ऊँचे हो गये। 9*b* जिहि पक्खहिं णं पुण्णिमवासरु—पूर्णिमाके दिनके समान जिसके एक ओर आधा उजला पक्ष है और दूसरी ओर अँधेरा पक्ष है। जो विजय बलदेवके समान हैं, जो गोरे हैं, और त्रिपृष्ठ वासुदेव जो श्याम वर्णके हैं।

2. 11*a-b* हलहरु दामोयरु—यहाँ कृपया याद रखिए कि बलदेव और वासुदेवका उल्लेख उनके विभिन्न पर्यायवाची नामोंसे होगा। जैसे सीरि, हली, संगलहर, सीराउह, बलदेवके नाम हैं। दामोदर, माधव, श्रीवत्स, अनन्त, सिरिरमणीस, लच्छीवइ (लक्ष्मीपति), दानवारि, दानववैरिन्, विट्टरसव, विस्ससेण वासुदेवका; इसी प्रकार अश्वग्रीवका उल्लेख हयग्गीव, हयकण्ठ, तुरंगगलके रूपमें होगा।

5. 4b पृथ्वयणहि—ऋ पृथ में है जो प्रियके रूपमें आनी चाहिए, सम्भवतः यह हेमचन्द्रके नियम अभूतोऽपि क्वचित्, (399) का बढ़ाव है।

6. 13 जसु जसु—यस्य यशः—जिसका यश।

7. 8b मिगवइयहि जाएं—मृगावतीके पुत्रके द्वारा। यानी त्रिपृष्ठके द्वारा। 9a संचालेवी—कर्मवाच्यका सम्भाव्य कृदन्त रूप है, तुलना कीजिए—पालेवी जणेवी, परिणेवी इत्यादिसे। हेमचन्द्र 438 नियममें इसके लिए एवा रूप देते हैं जो तव्यका स्थानापन्न है। वे एवीका उल्लेख नहीं करते।

9. 13-14 णियजणणविहण्णु—पंक्तियोंका अर्थ है कि अर्ककीर्ति अपने पिताकी भौंहोंके संकेतोंको समझते हुए राजा प्रजापतिके पास गया और इस प्रकार उसने प्रणाम किया।

10. 1a हरिबलेहि—त्रिपृष्ठ और बलके द्वारा; ससुरउ (श्वसुर), त्रिपृष्ठका होनेवाला ससुर।

11. 12-13 पुणु एंवहु—उन्होंने फिर अश्वग्रीव (त्रिपृष्ठ) से कहा—हम देखें और पत्थरके गोल खम्भे उठायें और मुझे बतायें कि क्या तुम अश्वग्रीवकी हत्या कर सकते हो।

15. 14 अहु सो सामण्णु भणहुं ण जाइ—उसे सामान्य व्यक्ति नहीं कहा जा सकता।

LII

1. 2 चिरभवबइरवसु—पूर्वजन्मके वैरके प्रभावसे कि जब वे विश्वनन्दी और विशाखनन्दी थे। 4 तिखंडखोणिपरमेसर—तीन खण्ड धरतीके चक्रवर्ती। अश्वग्रीव अर्धचक्रवर्ती था।

5. 4b विज्जाहरभूयरभूमिणाहु—विद्याधरभूमि और मनुष्यभूमिके स्वामी। अर्धचक्रवर्ती अश्वग्रीव।

7. 3a मा रसउ काउ चप्पिसि कवालु—आदमीके सिरपर कौएका बैठना और कांव-कांव करना आनेवाली मौतका संकेत है।

8. 2 करगय—स्वर्णका हार देखनेके लिए तुम्हें दर्पण क्यों चाहिए कि जो तुम्हारे हाथमें है। यह प्रसिद्ध लोकोक्ति है, 5a भरहहु लग्गिवि—भरत चक्रवर्तीके समयसे लेकर, प्रथम चक्रवर्ती। 11 रणु बोल्लंतहु चंगउं—युद्धकी बात करना आनन्ददायक है। तुलना कीजिए कि युद्धस्य कथा रम्या।

3. किंकर णिहणंतहं णत्थि छाय—अनुचरोंको मारनेमें कोई आकर्षण या आनन्द नहीं है। अश्वग्रीव त्रिपृष्ठसे लड़नेमें प्रसन्न था, उसने सोचा कि छोटे व्यक्ति या अनुचरसे लड़नेमें कोई मजा नहीं है। 15 सारंगु का 'टी' में बलदान् अर्थ किया गया है। परन्तु लगता है कि त्रिपृष्ठको वासुदेव होनेके कारण शृंगका बना धनुष रखना चाहिए, विष्णुको शार्ङ्गधर कहा जाता है—हिन्दू-पुराण विद्यामें। हिन्दू-पुराण विद्यामें विष्णुके दूसरे प्रतीक हैं पांचजन्य, कौस्तुभमणि, असि, कौमोदकी गदा, गरुडध्वज और लक्ष्मी। जैनपुराण विद्यामें ये प्रतीक वासुदेवके भी माने जाते हैं और इसलिए मैं सोचता हूँ कि सारंगधनुका अर्थ शार्ङ्गधनु होगा।

10. 4a-b यह पंक्ति बलदेवके हथियारोंका वर्णन करती है, ये हैं हलधर, मुसल और गदा जो चन्द्रिमा कहा जाता है।

11. 2 खगाहिवो—गरुड़, जो वासुदेव या विष्णुके ध्वजका प्रतीक है। 8a णिच्चिच्चुंचे—मोटा और ऊँचा। 'टी' के अनुसार यह मुहावरा निस् + उच्च से बना। सम्भवतः कि नित्य + उच्च से बना हो, उच्च उंच होता है, अथवा उच्च + उच्च; इसका अर्थ है अन्त तक खड़े बाल, जो हमेशा खड़े रहते हैं।

12. 8a-b भड्डु इत्यादि—योद्धा कहता है यदि मेरा मस्तक भी गिर जाता है तो भी मेरा धड़ शत्रुका वध करेगा और नाचेगा।

15. 2 कण्णाहरणकरणरणलग्गइं—सेना उस युद्धमें व्यस्त थी, जो विवाहमें दी गयी कन्या स्वयंप्रभाके अपहरणके लिए हो रहा था। 12-13 ये दो पंक्तियाँ, दो सेनाओंकी तुलना प्रेम करते हुए जोड़ेसे करती हैं। मिहुणइं—मिथुनानि—प्रेमक्रीड़ामें लगे हुए।

16. 2 सिरिहरिमस्सु—जो कि ऊपर वर्णित है LI में। 16-9*b*, प्रजापति राजाके मन्त्रीके रूपमें। 25 माहवबलवद्दणा अर्थात् हरिमस्सु।

17. 14*b* णं अट्ठमउ चंदु—चन्द्रमा आठवें स्थानपर हो तो ज्योतिषशास्त्रमें मृत्युकी सूचना देता है।

19. 3*b* णीलंजणपहदेवीसुएण—अश्वग्रीवके द्वारा। दूसरे दृष्टिकोणके लिए देखिए मृच्छकटिक VI. 9. "कस्सट्ठमो दिणअरो कस्स चउत्थो आ वट्टए चेदो" इसमें चतुर्थ स्थानका चन्द्रमा मृत्युका सूचक है।

20. 21*b* भीमुह-उज्झिउ—भयसे मुक्त।

21. 14*b* सिवकामिणीइ—प्रेमिकाके द्वारा अर्थात् स्त्रीशृगाल शिवा। 16 मोल्लवणु—मूल्य या बापसी।

24. 15*b* कुलालचक्कु—कुम्हारका चक्र। जब अश्वग्रीवका चक्र त्रिपृष्ठको आहत नहीं कर सका, और वह उसके हाथमें ठहर गया। अश्वग्रीव बोला—यह कुम्हारके चक्रके समान है जो युद्धमें व्यर्थ है। यद्यपि त्रिपृष्ठ और उसके पक्षने इसका बहुत कुछ मूल्य आँका। अश्वग्रीवने त्रिपृष्ठकी यह कहकर निन्दा की कि भिखारी तिलतुष खण्डको भूख मिटानेवाला कीमती खाद्य पदार्थ समझकर महत्त्व दे सकता है, परन्तु दूसरे लोग ऐसा नहीं सोचते।

25. 9 कामिणिकारणि कलहसमत्तो—कामिनीके लिए युद्धमें व्यस्त।

LIII

5. 5*b* कंजबंधवो सरम्मि दिण्णपोमिणीरई—सूर्य जो कि कमलका मित्र है और झीलमें कमलके पौधोंको आनन्द देता है।

6. 8*b* तित्थणाहसंखम्मि रिक्खए—चौबीसवें नक्षत्रपर अर्थात् शततारिका।

8. 5*a* अण्णहु पासि ण सत्थविही करयइ सुणइ—वह शास्त्रका अध्ययन नहीं करता, मेरे अध्यापकसे वह स्वयं अध्ययन करता है। तीर्थंकर स्वयं प्रकाशित हैं, और उन्हें किसी दूसरे गुरुकी आवश्यकता नहीं।

13. 1*a* ससयभिसहइ—शततारिकाके साथ।

LIV

1. 14-15 पंक्तियोंका अर्थ है—यदि मैं (कवि) गुणमंजरीके मुखकी तुलना चन्द्रमासे करता हूँ तो इसमें मेरी कवित्व शक्तिका प्रदर्शन नहीं होगा। मुझे कवि नहीं कहा जाना चाहिए। क्योंकि गुणमंजरीका मुख गन्दा या काला नहीं है, जैसा कि मृगचिह्न चन्द्रमण्डलपर है। उसकी आकृतिमें चन्द्रमाकी तरह घटत और बढ़ता है।

3. 2 इहु कल्लोलणिवहु—कवि कहता है कि विन्ध्यशक्ति और सुषेणकी मित्रता इतनी घनिष्ठ और पक्की थी कि उनमें मेरा भेद करना असम्भव है। क्योंकि समुद्रसे उसकी लहरोंको दूर कौन कर सकता है? दार्शनिकों द्वारा समुद्र और उनकी लहरोंका एकात्म्य, एक स्वीकृत सत्य है।

8. 7b बलदेव और वासुदेवका जन्म माताओंके द्वारा स्वप्नमें देखे गये सूर्य और चन्द्रने पहलेसे सूचित कर दिया ;

8. 9b दीयउ उवयादेविइ दहमुउ—द्विपृष्ठ वासुदेवकी माताका नाम उदयादेवी है—जैसा कि यहाँ दिया गया है। यद्यपि गुणभद्रने उसका नाम सुषा दिया है : तुलना कीजिए :—

तस्यैवामौ सुषेणाख्योऽभूषायामात्मजोऽजनि ।
द्विपृष्ठाख्यस्तनुस्तस्य चापसप्ततिसंमिता ॥ 58।84

9. 10b गलियंसुयइं मुहत्थहि णयणइं—मैं अचलको मारूँगा और उसकी सुभद्राको बात-बातमें आँसू बहानेके लिए विवश करूँगा।

12. 10-12 रायत्तणु इत्यादि—रायमें श्लेष है, जिसका अर्थ है राजन् और राग।

17. 8a रासहु होइवि—तारक द्विपृष्ठकी तुलना गधेसे और अपने हाथीसे करता है। 10a गोवालबाल—ग्वालेका पुत्र, बालक। वासुदेवका एक विशेषण है, जो कि हिन्दू पुराण विद्याके अनुसार ग्वालोंमें रहे और वहीं बड़े हुए।

LV

3. 6b तहु गुण कि वण्णइ खंडकइ—खण्डकवि (पुष्पदन्त) उसके गुणोंका वर्णन किस प्रकार कर सकता है। खण्डका अर्थ है-टूटा हुआ, अधूरा जो पुष्पदन्तका एक उपनाम है।

7. 8b णायभव, नाकभवा—देवता। 16 गिम्भें जित्तु सियालउ—ग्रीष्मऋतुने शीतको पराजित कर दिया। यह एक निमित्त था कि जिससे विमलनाथ विश्वकी अपूर्णताका अहसास कर सकें।

LVI

1. 6a धणु सुरचणु जिह तिह थिरु ण ठाइ—इन्द्रधनुषकी तरह धन व्यक्तिके पास स्थायी रूपसे नहीं रहता। 7a भायर णियभायहु अवयरंति—भाई भाईके साथ बुरा बर्ताव करते हैं।

2. 8a-b चर इत्यादि—चर, गमण, छेज्ज और कड्डण—पाँसेके खेलके विभिन्न प्रकार हैं जो विरोधीपर आक्रमण करने और उसके अधिकारको चालमें लेनेमें है। 9b एक्कें उट्ठिउ णियरज्जु ताम—उनमें-से एकने (सुकेतु) अपनी राजधानी खो दी। ध्यान दीजिए कि उट्ठिउका प्रयोग आधुनिक मराठीमें उड्डवर्णके रूपमें सुरक्षित है।

6. 4a महुराउ भणहि महुघोट्टु काइं—तुम मधुको राजा कैसे कहते हो कि वह मधुसे भरा मुख-वाला है ? मधु राजाके सम्बन्धमें इतने ओछे शब्दोंमें तुम कैसे बोल सकते हो ? 7a णीलणियासणेण—धर्मबलदेवके द्वारा जो कि नीले वस्त्र धारण करता है। बलदेवको नीलाम्बर कहा जाता है। तुलना कीजिए : नीलाम्बरो रौहिणेयः कालांको मुसली हली—अमरकोश।

7. 10a उविंदुप्पणरोसु—उविंदु + उप्पणरोसु, उपेन्द्र अर्थात्। स्वयंभू—वासुदेव क्रुद्ध हो गये। 11a-b जइ लोहिउ—मैं अपने भाईके चरणोंकी शपथ खाता हूँ यदि मैंने बेताल को मधु रक्त नहीं पिलाया। पायमि पायया मिका रूप है। 'पा' धातुका प्रेरणार्थक रूप।

8. 1 वसुहामुउ—वसुधाका पुत्र—अर्थात् स्वयंभू। स्वयंभूकी माताका नाम। इस पर्यायवाची शब्दका उपयोग कविने पृथ्वीके अर्थमें किया है, जैसा कि हम 4 और 7b के रूपोंसे देखते हैं।

9. 4b, 6b सुंदरिहि तणुएण—मधुके द्वारा। 5a-b-6a विउससयणकयवयणविणुएण—मधुके द्वारा जो सैकड़ों विज्ञानोंके समान काव्य रचनामें प्रशंसित है। 36 महुमहणुक्कें चक्कें—चक्रके द्वारा, जो मधुके शत्रु द्वारा प्रक्षिप्त था। महुमह—मधुमथन विष्णुका एक नाम है, हिन्दूपुराण विद्यामें।

LVII

इस सन्धिमें तीन व्यक्तियोंकी कथा है। ये हैं—संजयन्त, मेरु और मन्दर; और उनके पूर्वभवोंकी जीवनियोंकी भी कथा है। इनमें मेरु और मन्दरकी जीवनियाँ प्रमुख हैं जो विमलनाथके गणधर हैं। नीचे दी गयी सूचीमें इन दोनोंके पूर्वभव कालक्रमानुसार इस प्रकार हैं—

(a) संजयन्त—1. सिंहसेन, 2. अशनिघोष हस्ती, 3. श्रीधरदेव, 4. रविमवेग, 5. अर्कप्रभ, 6. वज्रायुध, 7. सर्वार्थसिद्धि अहमिन्द्र, 8. संजयन्त, इस जीवनमें उसने तपस्या ग्रहण की।

(b) मेरु—1. मधुरा, 2. रामदत्ता, 3. भास्करदेव, 4. श्रीधरा, 5. रत्नमाला, 6. वीतभय, 7. आदित्यप्रभ, 8. मेरु, जो विमलनाथके गणधर हैं।

(c) मन्दर—1. वारुणी, 2. पूर्णचन्द्र, 3. वैडूर्यदेव, 4. यशोधरा, 5. रुचकप्रभ, 6. रत्नायुध, 7. विभीषण, 8. द्वितीय नारकी, 9. श्रीवर्मा, 10. ब्रह्मस्वर्गस्थित देव, 11. जयन्तधरणेन्द्र, 12. मन्दर, जो विमलके गणधर हैं।

इस वर्णनात्मक वृत्तान्तमें दो और प्रमुख व्यक्तियोंका वर्णन है। वे हैं (1) सत्यघोष या श्रीभूति, सिंहसेनका मन्त्री, जो अगन्धनसर्प, चमरमृग, कुक्कुटसर्प, तृतीयनारक, अजगर, चतुर्थनारक, त्रसादिभव, सप्तमनारक, सर्प, नारकी, मृगशृंग और विद्युद्दंष्ट्र। (2) भद्रमित्र व्यापारी जो सिंहचन्द्र, प्रीतिकरदेव और चक्रायुध।

1. 5b चिज्जइ—चि से विकसित है तोड़ने और तब खानेके लिए। 'टो' में इसका अर्थ खाना दिया है, जो दूसरा अर्थ है।

6. 10 देवदिवायरहु—आदित्यप्रभ देवका जो परवर्ती दूसरे भवमें मेरु बना।

9. 11a णिण्णि वि एयइं—यज्ञोपवीत और मुद्रिका।

14. 1a णावइ वारणि—सुराके समान।

15. 6a तूलिहि—सूतसे बना गद्दा।

18. 4b कम्मारउ—श्रमिक।

LVIII

9. 1a पुणु तहु कइ—पंक्तिका अर्थ है अनन्तके लिए (तहु कइ = उसके पूर्व) राज्यश्री प्रेमकी कसकसे पीड़ित हो उठी और मूर्छित हो गयी। परन्तु उसे सचेतन किया गया, लँबरों से।

11. 8b सिहिरमहाहिय—कान्तिमें श्रेष्ठ। सूर्यसे श्रेष्ठ।

13. 12a अमवासाणिसियहि—अमावस्यावाली रातमें। सुणयउ और एयारस माहका उल्लेख नहीं करते जो चैत्रमास है। हमें माहका नाम 11. 1a से लेना पड़ा है।

16. 9b महसूयणु—मधुसूदन विष्णुका नाम है। हिन्दूपुराण विद्यामें यह विष्णुका नाम है। क्या मधुसूदनको उस मधुसूदनके समकक्ष माना जाये जो मधुसूदनसे समता रखता है।

21. दामयमक अथवा शृंखलायमकपर ध्यान दीजिए जो पूरे कडवकमें है।

22. 5b रहचरणु—चक्र। 13a. सरसलिलि रहंगसयाइं अत्थि—यहाँ झीलमें सैकड़ों चक्रवाक हैं परन्तु क्या वे पागल हाथीको पकड़ सकते हैं।

LIX

4. 7 सिविणय वेंतु सुहुं—उस आदमीको सुख देता हुआ जो धनिक होते हुए भी नम्र और सदय है। ध्यान दीजिए कि शब्द सिविणयमें कारक चिह्न नहीं है।

6. 3a पूसरिक्खि छणससिदिवसि—इसमें भी माहके नामका उल्लेख नहीं है। गुणभद्रमें मात्र माहका उल्लेख है, परन्तु माघकी पूर्णिमाको हम पुष्यनक्षत्र नहीं पा सकते इसलिए पौष माह होना चाहिए। क्या यह उत्तर और दक्षिणमें माह गिननेके अलग-अलग प्रकारोंके सन्देहके कारण ऐसा हुआ?

14. 1a सयडंग (शकटांग)—चक्र; चक्रवर्तीका शस्त्र।

19. 10 विसरिसजलझलझलंतं—वर्षाके गन्दे पानीका टपकना।

LX

2. 5b जहिं मणियरहिं ण दिट्ठु पयंगउ—जहाँ रत्नोंकी किरणोंके कारण सूर्य दिखाई नहीं पड़ता था, रत्न इतने अधिक और विशाल थे कि उन्होंने सूर्यको आच्छादित कर लिया।

3. 5b कोडिसिलासंचालणधवलहु—यह पंक्ति प्रथम वासुदेव त्रिपृष्ठके कार्यको सम्दर्भित करती है कि जिसने कोटिशिलाको उठाया।

4. 13b पाहुडगमणागमणपवाहें—भेंटकी वस्तुओंके आने-जानेके प्रकारमें—विजयभद्र और अमिततेजस् के बीच। नैमित्तिक—ज्योतिषी।

5. 9b इउं पव्वइउ समउं हलीसहु—हलीस अर्थात् विजय बलदेव, जिन्होंने संसारका परित्याग कर दिया। मैं (ब्राह्मण ज्योतिषी भी) उसके साथ साधु हो गया।

6. 11a मामसमप्पिउ—मेरे ससुरके द्वारा दिया गया। यहाँ तक आधुनिक मराठीमें ससुरको मामा कहते हैं।

8. 2a अमोहजीहु—ज्योतिषीका नाम। 7b जेणुव्वरसि—जिससे तुम आपत्तिमें सुरक्षित रह सकोगे (जीवित रह सकोगे)।

11. 3b णिबद्धणाइं—'ए' 'पी' में पाठ है णिबंधणाइं, जो सरल है। मुहावरेका अर्थ है वस्तुओंको बाँधनेवाले। 9b वारउ—पारी। वार शब्दका पारी अर्थ मराठीमें सुरक्षित है।

18. 5a हरिसुउ—श्रीविजय, त्रिपृष्ठ वासुदेवका पुत्र।

29. 10b समयसमियकलि—जिसने समता या अपनी मतिसे कलहको शान्त कर दिया है।

LXI

1. 9a-28b इन पंक्तियोंमें अमिततेज द्वारा अर्जित विद्याओंकी सूची है।

12. 6a दिल्लिदिलिए, हे बाले—कन्या, देशी नाममाला देखिए।

15. 13 आउंधियारिपसरु—जिसने शत्रुओंकी प्रगति रोक दी है।

21. 11 घणवाहणहु—मेघरथका।

LXII

2. 2*a* गरुडेण वि जिप्पइ एहु ण वि—यह रसोइया गरुड़के द्वारा भी नहीं जीता जा सकता।

5. 10*b* जाउअयजडिलमंडियथणिहि—जिसके स्तन केशरसे सघन रँगे हुए हैं।

7. 9*a* to 10. 2*b*—यहाँ पूरी धरती और उसके खण्डोंका वर्णन है जो आकाशसे दिखाई देते हैं।

17. 12*b* पक्खें—पक्षीके द्वारा। इस शब्दको क्या पक्षिके रूपमें लिया जा सकता है, जो वाद्यात्मक संगीतका एक अंग है।

LXIII

2. 7*a* एरादेविहि—दूसरी जगह शान्तिकी माताका नाम अहरा दिया गया है, उदाहरण के लिए 1.16 और 11*b* में।

5. 5-6—इन पंक्तियोंमें उन रत्नोंकी सूची है, जो चक्रवर्ती शान्तिनाथको प्राप्त थे।

11. 1–7—इन पंक्तियोंमें शान्तिनाथ और चक्रायुधके पूर्वभवोंका वर्णन है। शान्तिनाथके कुल 12 भव हैं—श्रीषेण, कुरुनरदेव, विद्याधर, देव, बलदेव, देव, वज्रायुध, चक्रवर्ती, देव, मेघरथ, सर्वार्थसिद्धिदेव, शान्ति। चक्रायुधके ये नव भव हैं—अनिन्दिता, कुरुवर, त्रिनलप्रभदेव, श्रीविजय, देव, अनन्तवीर्य, वासुदेव, नारक, मेघनाद, प्रतीन्द्र, सहस्रायुध, अहमिन्द्र, दृढ़रथ (मेघरथभ्राता), सर्वार्थसिद्धिदेव, चक्रायुध।

LXIV

1. 7*b* जो ण करइ करि कत्तिय कवालु—कुन्थु या तीर्थंकर, जो अपने हाथमें मानवीकपाल नहीं रखते, और बाघका चमड़ा जैसा कि शिव रखते हैं, इसलिए तीर्थंकर शिवसे बहुत ऊँचे हैं।

2 8*b* वयविहिअजोग्गु विण्णु वि ण लेइ—हाथ पसारे हुए, वह ऐसी चीजें स्वीकार नहीं करते, जो अपनी व्रतनिष्ठाके कारण, वे ग्रहण नहीं कर सकते।

8. 1*b* णियजम्ममासपक्खंतरालि—उसी दिन माह और पक्षमें, कि जब उनका जन्म हुआ। अर्थात् वैशाख शुक्ल प्रतिपदाके दिन। 2*b* कित्तियणक्खत्तासिइ ससंकि—जबकि चन्द्रमा कृत्तिका नक्षत्रके संगममें था।

LXV

3. 4*b* पट्टणु रयणकिरणअइसहयउ—रत्नोंकी किरणोंके कारण नगर अत्यन्त चमकदार था।

4. 9*b*–10*b* वरिसकोडि सहसेण विहीणइ—जबकि कुन्थुके निर्वाणके एक हजार करोड़ वर्ष बीत गये।

5. 5*b* बहुदेहधणुतणु—शरीर बीस धनुष ऊँचा था, यद्यपि गुणभद्र तीस धनुष ऊँचा शरीर बताते हैं; जो अरहकी ऊँचाईसे तुलनीय है। तुलना कीजिए = त्रिंशच्चापतनूत्सेधः चारुचामीकरच्छविः —65. 26 जो अधिक सम्भवनीय है।

9. 1–8 ध्यान दीजिए—अर शब्दपर अलंकारिता है।

11. 8a णिउ जिणवररिसि सोत्तिउ तावसु—राजा जिन साधु बना अब कि ब्राह्मण तपस्वी। अर्थात् वैदिकधर्मका अनुयायी साधक बना। विशेष रूपसे वह शिवकी भक्तिके सिद्धान्तोंका अनुयायी बना।

12. 6–7 णच्चइ देउ—इन पंक्तियोंमें शिवके चरित्र की विशेषताओंका वर्णन है कि जो ताण्डव नृत्य करते हैं, और जो पार्वतीको रखते हैं। डमरु बजाते हैं, त्रिपुर को जलाते हैं, और राक्षसोंका संहार करते हैं। जिनवर कहते हैं कि ऐसी ईश्वरता संसारसे नहीं बचा सकती।

13. 6b तावसमासुरवासि रसंति—चिड़ा-चिड़ियाके जोड़ेने दाढ़ीमें घोंसला बना लिया साधुकी और वे उसमें गाते हैं।

16. 1–2 इन पंक्तियोंमें काव्यकुब्ज नगरका नाम है। क्योंकि उसमें साधुसे विवाह नहीं करनेपर कन्याओंको शापके कारण 'दोनी' बनना पड़ा।

24. 1b सत्तिय सयलु वि छारु परत्तिवि—सभी शक्तियोंको जलाकर खाक कर देनेवाले। परत्तिवि परत्तसे बना है जो देशी है, और जो आधुनिक मराठीमें सुरक्षित है।

LXVI

1. 9a विहवत्तणदुक्खोहरियछाय—वैधव्यके कारण उत्पन्न दुखसे उसके शरीरकी कान्ति चली गयी। 10b पर ताउ ण पिच्छमि—परन्तु मैं अपने पितासे (सहस्रबाहुसे) नहीं मिलती।

5. 5b कोसलं पुरं—कोसलपुर अर्थात् साकेत, जो कोसल राज्यकी राजधानी है।

6. 3a परमेसरु—अर्थात् सुभौम, जो बाद में चक्रवर्ती होनेवाले थे। 10b एउ जि—पिताके दाँतोंसे पकड़ा हुआ मिट्टीका ढेला इस प्रकार चक्रमें बदल गया।

10. 10a सक्कंतरि—(स्वभ्रान्तरमें) नरकमें।

LXVII

4. 6a हिरण्णगब्भो—a जिन—हिरण्यगर्भ शब्द हिन्दूपुराण विद्यामें ब्रह्मासे भेद बतानेके लिए है परन्तु जैनपुराण विद्यामें यह तीर्थंकरका वाचक है।

9. 1a दिणि छक्के विच्छिण्णए—दीक्षाके छह दिन बाद। अर्थात् पौष कृष्ण द्वितीयाके दिन मल्लिने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया। गुणभद्र भी इस तिथिको इस रूपमें देते हैं।

13. 11a पिसुणमहंतो—पिशुन नामका मन्त्री, जिसने राम-विरामके बारेमें उनके पिता 'वीर' को गलत सूचना दी; वह बलि हुआ।

14. 4b वाणारासि—वाराणसी, छन्दके कारण तीसरे अक्षरको दीर्घ किया गया।